Research & Compilation : 5
Panch Mahabhoot : 2

# PRITHVIVIDYA

Encyclopaedia of Spiritual, Divine and Material Knowledge

# पृथिवीविद्या



Research & Compilation

**RAM SHASTRI**

Guidance

Jagadguru Shankaracharyapeethpandit

**Aacharya Ravishankar Shastri**

**Rashtriya Adhyatmik Punarjagran Abhiyan, India**

**Pusblisher :**
**Rashtriya Adhyatmik Punarjagran Abhiyan,**
National Spiritual Rejuvenation Abhiyan,
Charitable Trust,
**71, Arya Nagar, Alwar 301001, NCR, Rajasthan, India**
#0144-2334439, +91-9810267700
adhyatmikpunarjagran@gmail.com
Photo - Paintings : All Courtesy
English Bhavanuvad Advisor : Shri Atul Cowshish

**Sincere Thanks for research and reference :**
HH Jagadguru Shankracharya Swami Swaroopnand Saraswati (96 years old), Swami Brahmavidyanand, Sadhvi Guruchhaya, Mahant Kailas Nath Yogi, Mahant Ghanshyam Das (Parashar), Rajguru Pandit Vidyanath Ojha (Jaipur), Prof. Bharat Bhusan Vidyalankar, Dr. Wagish Shukla, Dr. Shyam Sharma, Dr. Narain Behari Sharma, Shri Tipoo Joshi (Jaipur), Acharya Jaiprakash Shastri, Shri Vikram Bhardwaj, Dr. Sarvesh Sharma, Shri Dharma Veer Panchal Kailasi, Ms Anamika Acharyji, Smt. Sakila Bijoy
Shri Kishor Lal, Shri Tej Karan Jain
Smt. Sudha Shastri, Smt. Shubhra Surolia Kalasi, Khushi

Vikram Samvat 2078

**Printer :**
**The Gondals Press Inc.**
**P-12, Connaught Place, New Delhi 110001 India**
**+91-9811093024, acgondal@gmail.com**

An Offering To

Maharudra Sadashiv

Kailaspati

महारुद्र


सदाशिव कैलासपति को

सादर समर्पित



**Goddess Earth : Painting**

पृथिवी देवी : चित्रकृति



**Terra : Goddess Earth (Roman)**

टेरा : पृथिवी देवी (रोम)



**Birth of Goddess Earth**

पृथिवी देवी उत्पत्ति



**Gaia : Goddess Earth (Greek)**

गईया : पृथिवी देवी (ग्रीक)



**Ancient Idol of Goddess Earth**

पृथिवी देवी की प्राचीन प्रतिमा



**Ibu Pertiwi : Goddess Earth (Indonesia)**

पृथिवी देवी : इण्डोनेशिया



**Goddess Earth : Inca Culture**

पृथिवी देवी : इंका संस्कृति



**Goddess Earth**

पृथिवी देवी



**Goddess Earth : Ancient Idol**

पृथिवी देवी : प्राचीन प्रतिमा



**Varah Avatar & Goddess Earth**

वराह देव एवं पृथिवी देवी



**Temple of Goddess Earth : South India**

पृथिवी देवी मन्दिर : दक्षिण भारत




**Goddess Earth : South East Asia**

पृथिवी देवी : दक्षिण पूर्व एशिया



**Temple of Goddess Earth : South India**

पृथिवी देवी मन्दिर : दक्षिण भारत



**Idol of Goddess Earth**

पृथिवी देवी प्रतिमा



**Varah Dev : Salvation of Goddess Earth**

वराह देव पृथिवी उद्धार



**Geb : Goddess Earth (Egyptian)**

गेब : पृथिवी देवी (मिश्र)



**Ancient Idol of Goddess Earth**

पृथिवी देवी : प्राचीन मूर्ति



**Earth Goddess** : पृथिवी देवी



**Pacha Kamaq : Earth Maker (Inca)**

पचा कमाक् : पृथिवी रचियता (इंका)



**Temple of  Goddess Earth : South India**

पृथिवी देवी मन्दिर : दक्षिण भारत



**Brass Idol of Goddess Earth**

पृथिवी देवी ताम्र प्रतिमा



**Phra Mae Thorani : Goddess Earth**

फेरा मा थोरानी : पृथिवी देवी





**Satyabhama : Prithvi Devi Avtar (Mahabharat)**

सत्यभामा : पृथिवी देवी अवतार (महाभारत)



**Goddess Earth**

पृथिवी देवी



**Egypt : Goddess Earth**

मिश्र : पृथिवी देवी




**Varah Dev : Salvation of Goddess Earth**

वराह देव पृथिवी उद्धार



**Varah Dev : Salvation of Goddess Earth**

वराह देव पृथिवी उद्धार




**Phra Mae Thorani : Goddess Earth**

फेरा मा थोरानी : उत्कीर्ण पृथिवी देवी प्रतिमा



**Varah Dev : Salvation of Goddess Earth**

वराह देव पृथिवी उद्धार




**Vasudhara : Goddess Earth**

वसुधारा : पृथिवी देवी



**Buddhist Vasudhara : Goddess Earth**

बौद्ध धर्म वसुधारा : पृथिवी देवी



**Buddhist Vasudhara : Goddess Earth**

बौद्ध धर्म वसुधारा : पृथिवी देवी




**Ji Ten : Earth God (Japan)**

जी टेन : पृथिवी देवता (जापान)



**Incarnation of Prithivi- Satyabhama Narakasur War**

पृथिवी अवतार–सत्यभामा एवं नरकासुर युद्ध




**Prithivi Returning Aditi Kundal's**

पृथिवी अदिति के कुण्डल लौटाते हुए



**Incarnation of Prithivi- Satyabhama Narakasur War**

पृथिवी अवतार–सत्यभामा एवं नरकासुर युद्ध



**Incarnation of Prithivi- Satyabhama and Shri Krishna**

पृथिवी अवतार–सत्यभामा एवं श्री कृष्ण

Research & Compilation : 5
Panch Mahabhoot : 2



# Guhya Prithvividya

## Encyclopaedia of Spiritual, Divine and Material Knowledge

An impervious magic surrounds our earth despite all that we can see around it. There are endless series of mysteries surrounding it. The 39 lakh years old ancient wisdom in the Srashtividya, Atmavidya, Brahmvidya with their secrets are

contained in the Richas of the Vedas. The Richas of the Vedas have beautifully coordinated knowledge and words. The Richas are rich in knowledge, spirituality, philosophy and language. What appears as a gross difference between words and knowledge disappears with the feeling of the sound. The Ved is Nitya because of the knowledge and words that it incorporates. The vast canopy of Vaidic ideas can be understood with the coordination of Atmavidya and Shrishtividya. According to the Vedas, Rit is the regulatory element of the earth. The three aspects of an element are Rit, Satya and Devta. Rit is the basis of Vaidic Shristi. Rit Lok is above this Lok. Rit is designated as Paramvyom.

It may be remembered that the Sanskrit in Rigveda's Prithivi Sukta, Dyavaprithvi Sukta and Dyavaprithvi Richas is different from today's Sanskrit. To understand the real meaning of the Richas relating to Dyaulok and Prithvi (earth) it will be necessary to penetrate the cobweb of Vaidic old Sanskrit. The language of the Vedas is ornamental, expressive, phonological, diplomatic, symbolic, suggestive, compounding, codified, evocative of sound, multi-meaning and philosophical. This is the main reason why the Rigveda language appears different. It is also amazing that what one Richa says is contradicted by another Richa. The most important thing is to grasp the underlying idea of the Rishi of the Sukta. "It is surprising that there is only one full Sukta for the visible Devta Prithvi. One Prithvi Sukta in the Rigveda has a total of three Richas. Only one independent Prithvi Sukta in the Rigveda is a puzzle. The Mantra Drashtas of Rigveda have written six independent Suktas on the duo of Dyava Prithvi." It remains unanswered why the independent form of the pain inducing Savita Devta has been eulogized in 11 Suktas in the

Rigveda. It is also a mystery why the Suktas of Indra Devta, Agni Devta etc outnumber the Suktas of Savita Devta, Rudra Devta, Varun Devta, Prithvi Devta, Akash (Dyau) Devta, Vayu Devta in the Rigveda. Similarly, Brahaspati Stutis are restricted to a mere 11 complete Suktas. On the other hand, the ninth chapter of Rigveda, Som Stuti is found in 120 Suktas.

In the concept of five matters the last one is Prithvi (earth) and the first one is Akash (sky) or Jal (water). According to one section of the thoughtful Rishis the word (shabd) rich Akash is the first matter while another section believes that the world was created out of water. Hence, water is the first matter. It is another question as to what is Apah-Jal of Dev Samrat Varun of Rigveda. Apah is a minute form of the imperceptible. Akash and Agni Tatvas are also matters of mind. Prithvi is an element of mind. According to Vaidic science the five matters are the creation of Paramvyom.

The philosophy of Sankhya Shastra enumerates five states of every basic matter. The Vyas Bhasya of Yog philosophy has given a clear indication of this. These are collections of the core entities of Gun, Anu and Renu. Gun is the first pure state of the matter. Sankhya and Yog Darshan have called it Tanmatra. The Tanmatras are: words, touch, form, essence and smell (Sparsh, Roop, Ras, Gandh, Shabd). It is a coordination of senses. In Agam Shastra they are called Kalatatva and Bhuvan. The arts-kalayain are pure matters. The atom matter is created by them. Keeping this in mind, the five matters on earth have been called the five elements-panch mahabhoot.

The earth has been called Roop Jyoti in Vaidic science while Surya is Swajyoti- Atmajyoti. The earth has been called Bhuh.

The earth is totally connected to Suryamandal (solar system). Suryamandal has been described as Swa or Heaven. Avkash is situated between Suryamandal and Prithvimandal. This Avkash is called Bhuvah or space. One Triloki is formed by the combination of Bhuh, Swah and Bhuvah. Suryamandal is linked to other main Mandals. This Parmesthi Mandal is Janah or Janlok. Between Parmesthi Mandal and Surya Mandal is situated Avkash Antirishk Maha. The second Triloki is made of Swah, Janah and Maha. It is a surprise that Parmesthi Mandal is tied to higher Mandal. The name of the highest Mandal is Satya-Satyam. Between the self-existing Mandal and Parmesthi Mandal exists Tapah in the Space. The third Triloki contains Janah, Tapah and Satyam. In total there are seven Mandals (systems): Bhuh, Bhuvah, Swah, Mahah, Janah, Tapah and Satyam. These are seven Vyahritis. Rigveda (1.164.10) (2.27.8) has revealed three earths of three Trilokis and three Dyaulok. According to the Vaidic science the entire universe is filled with Som Tatva and Indra Tatva. Surya Mandal radiates three elements—Jyoti, Go and Ayu, to the entire universe.

The four Lokas mentioned in the Aghamrshan Sukta (10.190) of Rigveda are Prithvi Bhulok, Antariksh Bhuvahlok and Swalok (milky-way, nebulae and self-illuminated stars) and Dyaulok (Mahalok or the Lok in the outer nebulae). There is nothing beyond these Lokas. 'Divanch Prithvimchantriksh mathosway)'. The riddle of the universe Sukta in Rigveda (1.164.1-52) has made it clear that Devta Aditi Mata helps in the delivery of entire universe with Akshya Brhamandiya Urja Tatva. The Tap Swarup on earth is Chetan Tatva. Innumerable Anus and Parmanus (atoms) were instrumental in creating the universe. It led to the growth of living beings. The Sukta on the riddle of the

universe is a rare work of spiritualism and the highest form of physical science. Dr. C. Kunhan Raja who has lived in the Brahmavidya Samaj has presented the riddle of the universe in a succinct form. The mystery of the creation of the universe in the Paramvyom has been presented in Rigveda through Nasdiya Sukta, Purush Sukta, Hiranyagarbh Sukta, Vishvakarma Sukta, Prithvi Sukta, Ahoratra Sukta etc. Also helpful in the understanding are the Antyeshti Sukta, Prajapati Sukta etc.

Rigveda has presented the spiritual, divine, Adhidaivik, Adhibhautik, Bhautik aspects of the earth in very secretive ways. The physical form of the earth and descriptions of humanization is mesmerizing. Under its spell, remembering the philosophical, spiritual and divine aspects of the earth becomes difficult. Research scholars of Vaidic Dev Shastra have remained mired in the dark tunnel of humanization of the earth. They remained ignorant of the divine, spiritual and the philosophical power of the Chetan Tatva of the earth. The Devtattva of the earth described in the Vedas comes as a surprise. The nearly 500 names of Prithvi Devta fascinate. These 500 names of the earth confront us with its immense size and the divine, spiritual and physical powers. One meaning of Prithivi suggests its dimensions. Maitrenibrahman has said that the earth is the honey-madhu extracted out of all basic elements. All the specters are its madhu-honey. Water-Jal, Fire-agni, Air-vayu, Aditya (deity), directions, moon, electricity, Stanyitnu, sky, religion and truth are all forms of its madhu-honey. Rigveda has projected the divine form of Aditi Anant Akash and Prithvi.

Ved is the first ancient Dharmashashtra of the world which has systematically described the growth of the earth from a fireball. Educated and informed commentaries on the creation of the

earth are detailed in Brahman texts. Shatpath Brahman has written about nine stages of formation of wet earth—Fen, Mrita, Sushkapam, Ush, Sikta, Sharkara, Ashma, Ayah, and medicinal plants which have enveloped the earth. This is the systematic story of the transformation of floating earth to its present form. Previous centuries accepted without questioning the description of the creation of the earth in the Vedas written 39 lakh years ago. It proves that Ved is the science of the universe. The Vedas say that fire exists in the womb of the earth. The Ved science also gives elaborate description of the existence of hydrocarbons (petroleum, inflammatory liquid and gas) in the womb of the earth. Modern science recognized its presence only 100-200 years ago.

The Mantras of the Drasta Rishis had declared the earth to be parimanadala-circular. According to Jaimini Brahman the earth is the circular form of Aditya, Moon, Dyau, Antariksha etc. The Puranas have variously described the circular earth as Padmakar, Andakar, Chhatrakar and Katahakar. These names represent the circular shape of the earth. The Vaidic science has said that the earth is Asmayee or full of iron. It also says that the earth is the Aayatan or abode of all gods. It has also been clarified that the earth has holes and hollowness and is divided into upper and lower halves.

The Vaidic science on the solidification of the water rich earth is unique. It has been described layer by layer in the Vedas. The earth has been called Varun Tatva because of preponderance of water on it. It may be recalled that Varun is the emperor of the Devas in Rigveda. Varun Devta has both Sun Swaroop and Rudra Swaroop. Varun Devta is the creator of the universe. He rears it and also destroys it.

According to the Vedas, sunrays reach us in the form of electric waves. These waves are produced by Marut Gans. Yajurveda has clearly stated that the earth goes round the sun and the sun revolves on its axis. The northward and southward movement of the sun has also been loudly proclaimed. The first chapter of Rigveda has revealed that fire was not born, it already existed. Fire is self-existing. Thi AdiAgni-Vaishvanar was known to the pre-Vaidic Rishis. According to Rigveda, water has Vadavagni. Hydro electricity is transformation of fire into water. The riddle of the universe Sukta explains that this Vedi is the last frontier of the earth or the extended sky. Yajna Vedi constantly burning with sun rays is mysterious as well as spiritual. It also means that moving in any direction on the earth will end in returning to the original place. The earth is round. Rigveda spells that Vaishvanar is the navel of the world. According to the Atharvaveda fire is the maker of the earth seasons. Rigveda outlines 12 months of the year, 24 Krishna and Shukla Paksha, 360 days etc. Rigveda has defined the importance of the days and nights. The introduction of the Richas of the Vedas to the night in the life cycle is beautiful. Rigveda has outlined in details the origin of the medicines for the remedy of short term and long term illnesses. Also enlisted are the methods of cure with earth soil, water, sunrays. The process of curing with sun, water, soil, air and sky (surya, jal, mitti, vayu, akash) is captivating.

It needs to be reminded that the Vedas description of the different kinds of water found on the earth and their advantages is excellent. Rigveda also describes what existed before the creation of the earth. Mantra Drashta Rishis have said that Dyava Prithvi was one consolidated unit. The sun has been called the soul of the universe. Rigveda has called Rudra

the father of Prithvilok, Dyaulok and Antarishk Lok. Rudra god is the controller of Vaidic gods as well as the earth. Vaidic Rudra is Pashupatinath, which is to say he is the master of the human beings. Social science also accepts mankind as social animal. Shrimadadishankaracharya has said that humans are the best species among all living beings.

From the time of Rigveda earth has been at the centre of protection of environment, trees, water, air etc. For the protection of the tree Rudra and Prajapati are considered tree-like. The Shanti Sukta of Rigveda is filled with the desire for peace on earth and everywhere else. Rigveda has clearly warned that the glitter of extreme materialism will lead to catastrophe on earth. In such a situation the Rishisgans, Muni, Gyani should come together for the welfare of all. The sixth chapter of Rigveda has cautioned that when the earth is without fire it will be the end of the earth itself.

Rigveda has given the title 'Melody-madhaurya-sweetness for Prithvi Tatva'. It may be repeated that the explanation about it in Shrutis is that the earth is the madhu-honey of all the five elements. It is possible to obtain Savitavidya-Suryavidya from Madhuvidya. Rigveda has a message on fire delivered through the earth. Rigveda says that Devattva is achieved through Prithvividya.

Vaidic Richas have warned against the far reaching consequences of the horrors of war on the earth. Rigveda has held the earth Matrasattatmak. Rigveda has eulogised "universal brotherhood". It has also declared Gyanmarg on the earth as the best. The Vedas present a preface for the earthly human beings. The Vedas describe all that gives knowledge,

spiritual and physical prosperity, protects against all troubles, inspires, brings prosperity, acts as deterrent against all sorrows and pain, nurtures like parents, removes illness, makes one powerful and Mahagyani. The Rigveda Sukta on the forest goddess Aranyani is wrapped in deep mystery. Prithvi Tatva has been called Svasamvedan and Chetnavan.

Rigveda surprises when it says that Dev Samrat Varun had inflicted Suryadand on the earth (The sun is the basis for Kaal Ganana in the Suryasidhanta of Vedang.) Aitreya Brahman named the earth as Raja Janusham. There is a Stuti on the earth in Brahmavaivartt Puran. Basically, it is an extension of Vaidic Naman Richas. Shri Vishnu's Prithvi Stotra while giving details of actions that harm the earth calls them irreligious and sinful (Shribrahmavaivarttpurana). The description of the divinely grand form of earth in Shrivishnudharmottar Puran is seductive. The Stuti of Prithvi Devta in Chaturvargachintamani portrays him as a god. Matsya Puran Bhumidan (donating land) has been termed most important. Ancient India of Jambodweep had a rich cultural tradition of donating land. Matsya Puran mentions Bhumyarthashanti. The "Prithvi Gita" of Shrivishnu Puran reveals the spiritual and philosophical aspects of the earth. The manuscript of the rare Prithvi Gita is a fit subject for research. The message from Prithvi Gita is to be free of infatuation. The Puranas have defined Prithvi as Aditi, Rudrani of Rudra, Lakshmi of Vishnu and Brahmani of Brahma. The Prithvi Mantra, Prithvi Gayatri, Prithvivyadivyomattatvantpanchak and Prithvi Yantra etc are a marvel. The Purakatha of Satyabhama is basically an extension of Vaidic Richa. The foundation of the universe is Satya, say the Vedas. According to the Puranas, Varah Dev helped in the reclamation of the inundated earth. Bhaumdev

(Bhaumasur-Narkasur) was born out of union of Varah and Bhumadevi Prithvi. Bhaumdev, the son of Punyatma Bhumadevi Prithvi had the Vardan (blessing) that his death would be possible only at the hands of his mother. Because of the blessing he had, Bhaumdev gradually became autocratic. He took away the Kundal of Devmata Aditi, Chhattra of Dev Samrat Varun Devta. He made Pragjyotishpur (Assam) his capital and terrorized all the three Lokas. Thus, Bhaumdev came to be called Narkasur; some ancient accounts have called him Bhaumasur. Bhaumadevi was stricken with the thought of the death of Narkasur at her hands. She took birth again as Satyabhama who was married to Krishna. According to folklores, Narkasur proposed marriage before Kamakhya Devi. These ancient tales end with the mention of Veerangana Satyabhama attacking Narkasur and killing him. Thus Satyabhama established Satya (truth).

There are beautiful Suktas on the earth in Atharvaveda. Mainly, these are Bhoomi Suktas. They describe the various scenes from the earth. The Rishis made the physical form of the earth the subject of the Suktas. The Suktas have in very cheerful words called Prithvi as the mother of the Rishis. 'Earth is my mother and I am her dearest son.' The Antyesthi Sukta in Rigveda has described the earth as very generous and a compassionate mother. The sky being regarded in the Vedas as the father. It is an old belief that the earth is the mother of the universe. Some Richas in the Vedas have addressed Dyavaprithvi as sister. In a different way, as companion of the mother-like form of the earth Dyau-Akash was perceived to be the father. It may be mentioned that the Mantra Drashta Rishis of the Vedas wrote the names of female Risihikayas in golden letters. During the

Vaidic era, the practice of women performing the Yagyopaveet (sacred thread) ceremony, conducting and facilitating Yajnas, study of the Vedas was common.

In due course, Prithvi Devta of the Vaidic era expanded into many ancient civilizations of the world—Maya, Inca, Gaval, Misri-Egypt, Hitti, Roman, Greek, Assyrian-Greek, Mittanni, Slovak, Sumerian, Babylonian, Tao, Shanto, Jain, Buddhist etc. In all these Prithvi is the embodied god. Following the pattern in the Vedas, in Babylonia the birth of all gods is attributed to the union of Akash-Auranas and Prithvi-Goeya. In each civilization the earth manifests itself in a new attractive form.

In the Ved shastras mother Prithvi-Dharti-Bhoomi is the harbinger of happiness and food and also a goddess of horrible death. In the form of death, Dharati Devi is the originator of all life and plants. Its womb has only Bhoot. That is why the earth is respected by human beings. The Vaidic science introduces us to the greatness of Prithvi; the physical, Adhibhautik, Adhidaivik, Daivik and Spiritual powers; qualities of religion and the story behind its origin etc.

Keeping in mind world-wide pandemic, Mantra Drashta Rishis had written 39 lakh years ago Rakshohan verses in Rigveda, Yajurveda and Atharvaveda. The ways of eradicating the effects of pandemic can be found in the Puranas.


The Vedas have written about the miraculous powers of the soil of the earth and Vibhuti. Soil is a uniquely divine medicine. It is a Chetan element. The Mitti-Vibhuti treatment as described in the Vedas spread in due course to all the seven continents. The qualities of the soil as mentioned in the Vaidic science have

puzzled the present day scientists. It is also a mystery how the Sadhus nearly naked in lion cloth and their bodies smeared with Vibhuti-Bhasm manage to roam in snow-clad mountains.

Among the five Mahabhoots, the fifth element of Prithvividya is an infinite storehouse of spiritual, Adhidaivik, Daivik, Adhibhautik and physical qualities. To understand the deepest mysteries of Sanatan Mahagyan it is very necessary to conduct research, analysis, persuasion, exploration, disquisition on the implied rather than the worldly meanings of its inner mysteries. The magical miracles of the Vaidic Devta Prithvi come as a surprise. The Gyanmahakosh of Chaitanya Prithvi Tatva is spread everywhere, from Brahmavidya, Shristividya, Atmavidya Ved to Brahmangranths, Aaranyaks, Upnishads, Agam, Puranas, historical Ramayana and Mahabharata. That which begets perfection with prosperity and wellbeing is called Dharma.

It is after centuries that an effort has been made to make public the mysteries and knowledge of the innermost secrets of the five elements—sky, water, fire, wind, earth (Akash, Jal, Agni, Vayu, Prithvi). Prithvividya is a sequel to the anthology of Varunvidyarahasyam research. The forgotten pages of Aarshgranths in Prithvividya have to be compiled. Prithvividya contains the Vidyadan tradition of the spiritual guru of the world Jambodweep Bharatvarsha. Enjoy the infinite treasure of knowledge that Prithvidya is.

Yatoabhudayanih Shreyas Siddhi Sa Dharma.



गुह्य पृथिवीविद्या :

अध्यात्मिक, दैविक, भौतिक महाज्ञानकोष



भगवान विष्णु पृथिवी एवं लक्ष्मी

पृथिवी प्रत्यक्ष सामने होते हुए भी अनन्त रहस्यों के अभेद्य तिलिस्म के घेरे में है। उसके रहस्यों की शृंखला अन्तहीन है। विश्व की उनतालीस लाख प्राचीन सृष्टिविद्या, आत्मविद्या, ब्रह्मविद्या वेद में पृथिवी देवता के गोपनीय से गोपनीय रहस्यों को ऋचाओं में प्रस्तुत किया गया है। ''वेद की ऋचाओं में ज्ञान एवं वाक् दोनों का बहुत ही सुन्दर समन्वय है। ऋचा ज्ञानात्मक–अध्यात्मपरक–चरमदार्शनिकता पूर्ण भी हैं और शब्दात्मक भी हैं।'' यह शब्द और ज्ञान का स्थूल भेद दिखाई देता है, वह मूलतः पश्यन्ती के स्तर पर तिरोहित अर्थात लुप्त हो जाता है। वेद ज्ञानात्मक एवं शब्दात्मक होने से ''नित्य'' है। वैदिक विचार वितान का निर्माण आत्मविद्या एवं सृष्टिविद्या के ताने–बाने से आत्मसात किया जा सकता है। वेद में ''सृष्टि का नियामक तत्त्व ऋत है।'' वैसे एक ही तत्त्व के तीन आयाम–ऋत, सत्य एवं देवता हैं। ऋत वैदिक सृष्टि का

मूलाधार है। ऋत का लोक इस लोक के अतीत है। ऋत परमव्योम के नाम से अभिहित है।

यह स्मरण रहे कि ''ऋग्वेद के पृथिवी सूक्त, द्यावापृथिवी सूक्त एवं द्यौ–पृथिवी विषयक ऋचाओं की संस्कृत वर्तमान लौकिक संस्कृत से अलग है।'' द्युलोक एवं पृथिवी विषयक वैदिक ऋचाओं के मूल अर्थ भाव को समझने के लिए वैदिक संस्कृत के मकड़जाल अथवा इसका भेदन आवश्यक है। वेद की भाषा अलंकारपूर्ण, अभिव्यंजनात्मक, स्वानिकी, कूटात्मक, प्रतीकात्मक, संकेतात्मक, सुसम्बद्ध, संहति, ध्वनिमूलक, अनेक अर्थोंवाली, दार्शनिक आदि है। यही मूलभूत कारण है कि ऋग्वेद के भाष्यों में अलगाव दिखाई देता है। यह भी अभूतपूर्व है कि वेद की एक ऋचा के कथन के विपरीत अन्य ऋचा में कहा गया है। वास्तव में सूक्त के ऋषि का अन्तर्निहित भाव समझना सबसे महत्वपूर्ण है। ऋग्वेद में प्रत्यक्ष देवता पृथिवी का मात्र एक सम्पूर्ण सूक्त होना आश्चर्यचकित करता है। ऋग्वेद के इकलौते पृथिवी सूक्त में भी कुल मिलाकर केवल और केवल तीन ऋचाऐं हैं। ऋग्वेद में पृथिवी का एक स्वतन्त्र सूक्त होना स्वयं में पहेली है। ऋग्वेद के मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने द्यौ एवं पृथिवी युगल के स्वतन्त्र छह सूक्त लिखे हैं। यह प्रश्न अनुत्तरित है कि ऋग्वेद में सभी को प्रसव देनेवाला सविता देवता का स्वतन्त्र रूप से ग्यारह सूक्तों में स्तवन क्यों है? यह भी पहेली है कि ऋग्वेद में सविता देवता, रुद्र देवता, वरुण देवता, पृथिवी देवता, आकाश देवता, वायु देवता के स्थान पर इन्द्र देवता, अग्नि देवता आदि के सूक्त सर्वाधिक क्यों हैं? इसी कड़ी में बृहस्पति (ब्रह्मणस्पति) के भी मात्र ग्यारह सम्पूर्ण सूक्तों में स्तुति दी गई है। वहीं ऋग्वेद के नवम मण्डल के 120 सूक्तों में सोम की स्तुति मिलती है।

''पंच महाभूतों की अवधारणा में अन्तिम महाभूत पृथिवी और प्रथम महाभूत आकाश अथवा जल है'' (मननशील ऋषिगण के एक वर्ग के अनुसार शब्द गुणवाला आकाश प्रथम तत्त्व है, वहीं दूसरे वर्ग का मानना है कि सृष्टि की उत्पत्ति जल में हुई। अतः प्रथम महाभूत जल है। यह बात अलग है कि ऋग्वेद में देव सम्राट वरुण का आपः–जल क्या है ? ''आपः अव्यक्त व्यापकतम सूक्ष्म प्रकृति तत्त्व है। आकाश,

अग्नि तत्त्व भी चित तत्त्व है। पृथिवी चेतन तत्त्व है।)।'' वैदिक विज्ञान के अनुसार परमव्योम में पंच महाभूतों की उत्पत्ति हुई।

सांख्य शास्त्र में प्रत्येक भूत (मूल तत्त्व) की पाँच–पाँच अवस्थाओं का उल्लेख है। योग दर्शन के व्यास भाष्य में इनका स्पष्ट उल्लेख है, ये गुण, अणु, रेणु, स्कन्ध, सत्त्व हैं। महाभूतों की पहली शुद्ध अवस्था गुण है। सांख्य एवं योग दर्शन में इसे तन्मात्रा का नाम दिया गया। ये पाँच तन्मात्राऐं–शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध हैं। ये महाभूत के अनन्तर इन्द्रिय संयोग है। आगम शास्त्र में इनका नाम ''कलातत्त्व एवं भुवन'' है। कलाएँ विशुद्ध तत्त्व है। इसके संयोग से अणु तत्त्व उत्पन्न होते हैं। इस दृष्टि से ''पृथिवी में गन्ध तन्मात्रा होने से महाभूतों में पाँचवा तत्त्व कहा गया है।''

वैदिक विज्ञान में ''पृथिवी को रूप ज्योति'' कहा गया है। जबकि सूर्य स्वज्योति–आत्मज्योति है। साथ ही पृथिवी मण्डल को ''भूः'' कहा गया है। पृथिवी मण्डल सम्पूर्ण रूप से सूर्य मण्डल से सम्बद्ध है। सूर्यमण्डल ''स्वः'' अथवा स्वर्ग कहा जाता है। सूर्य मण्डल एवं पृथिवी मण्डल के मध्य अवकाश है। यह अवकाश ''भुवः'' अर्थात् अन्तरिक्ष कहलाता है। एक त्रिलोकी भूः, स्वः, भुवः तीनों के मिलने से निर्मित होती है। सूर्य मण्डल दूसरे प्रधान मण्डल से सम्बद्ध है। यह परमेष्ठि मण्डल ''जनः'' अथवा जन लोक है। परमेष्ठी मण्डल एवं सूर्य मण्डल के बीच अवकाश अन्तरिक्ष ''महः'' है। इस प्रकार दूसरी त्रिलोकी में स्वः, जनः, महः हैं। यह आश्चर्य है कि परमेष्ठी मण्डल भी उच्च मण्डल से बँधा है। इस सर्वोच्च मण्डल का नाम ''सत्य–सत्यम्'' है। यह ''स्वयम्भू मण्डल–रुद्र मण्डल'' कहाता है। स्वयम्भू मण्डल एवं परमेष्ठी मण्डल के बीच अवकाश का अन्तरिक्ष ''तपः'' के नाम से प्रसिद्ध है। इससे तीसरी त्रिलोकी में जनः, तपः, सत्यम् हैं। ये कुल मिलाकर सात लोक– भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यम् हुए। ये ही सात व्याहृतियाँ हैं। ऋग्वेद (1.164.10) (2.27.8) में तीन त्रिलोकियों का तीन पृथिवी एवं तीन द्युलोकों का रहस्योद्घाटन किया गया है। वैदिक विज्ञान के अनुसार समूचे ब्रह्माण्ड में, आकाश में सोम तत्त्व और इन्द्र तत्त्व भरा है। सूर्य मण्डल से ब्रह्माण्ड में तीन तत्त्व–ज्योतिः, गोः, आयुः फैलते हैं।

ऋग्वेद के अघमर्षण सूक्त (10.190) में चार लोकों के नाम हैं–पृथिवी भूःलोक, अन्तरिक्ष भुवःलोक, स्वःलोक (आकाशगंगाओं नीहारिकाओं–स्वप्रकाशित तारों का लोक) और द्यौलोक (महर्लोक अथवा बाह्य नीहारिकाओं का लोक।) (इनके आगे पदार्थ सृष्टि नहीं है।)। ''दिवंच पृथ्वींचान्तरिक्षमथोस्वः।'' ऋग्वेद का अस्य वामस्य सूक्त (1.164. 1–52) में स्पष्ट किया है सविता देवता अदिति माता–अक्षय ब्रह्माण्डीय ऊर्जा तत्त्व से समूची सृष्टि का प्रसव कराता है। पृथिवी में तप स्वरूप चेतन तत्त्व है। सृष्टि के प्रारम्भ में अनन्त मूलकणों (अणु, परमाणु) से सृष्टि हुई। उसी क्रम में अनन्त जीवात्मा भी उत्पन्न हुए। अस्य वामस्य सूक्त अध्यात्मिकता और सर्वोत्कृष्ट भौतिक विज्ञान की दुर्लभ कृति है। ब्रह्मविद्या समाज में रहे डॉ. कुन्हन राजा ने भी अस्य वामस्य सूक्त को बहुत ही सारगर्भित तरीके से प्रस्तुत किया है। परमव्योम में सृष्टि उत्पत्ति के रहस्य को ऋग्वेद के नासदीय सूक्त, पुरुष सूक्त, हिरण्यगर्भ सूक्त, विश्वकर्मा सूक्त, पृथिवी सूक्त, अहोरात्र सूक्त, मार्तण्ड उत्पत्ति सूक्त आदि में उद्घाटित किया गया है। अन्त्येष्टि सूक्त, प्रजापति सूक्त, रात्रि सूक्त, आरण्यनी सूक्त आदि भी इस रहस्य को समझने में सहायक हैं।

ऋग्वेद में पृथिवी के अध्यात्मिक, दैविक, आधिदैविक, आधिभौतिक, भौतिक पक्ष को बहुत गोपन से गोपन तरीके से प्रस्तुत किया गया है। पृथिवी का भौतिक स्वरूप, मानवीकरण का वर्णन वशीकरण करता है। इसके मन्त्रमुग्ध करनेवाले इन्द्रजाल में खोकर पृथिवी के दार्शनिक, अध्यात्मिक, दैविक आदि का स्मरण नहीं रहता है। वैदिक देवशास्त्र के अधिकांश अध्येता पृथिवी मानवीकरण इन्द्रजाल स्वरूपी के पक्ष अंधी सुरंग में फंस कर रह गये। पृथिवी चेतन तत्त्व की दैवी, अध्यात्मिक, दार्शनिक शक्ति से अनभिज्ञ रहे। वेद में वर्णित पृथिवी का देवत्व चकित करता है। वेद और श्रुतियों में ''पृथिवी देवता की लगभग पाँच शती (500) नामावली रोमांचित करती है।'' पृथिवी के ये पाँच सौ नाम उनके भव्य विराट् स्वरूप, देवत्व, अध्यात्मिकता, दार्शनिकता, भौतिक शक्तियों से साक्षात्कार करवाते हैं। पृथिवी का एक अर्थ पप्रथत्–विस्तृत करना भी है। मैत्रेण्यीब्राह्मण में कहा गया है कि

''यह पृथिवी समस्त भूतों (मूल तत्त्वों) का मधु है। साथ ही सभी भूत उसके मधु हैं। जल, अग्नि, वायु, आदित्य, दिशाएँ, चन्द्रमा, विद्युत्, स्तनयित्नु, आकाश, धर्म, सत्य सभी मधु हैं।'' ऋग्वेद में अदिति अनन्त आकाश और पृथिवी के रूप में दिव्य प्रकृति है।

वेद विश्व का पहला प्राचीनतम धर्मशास्त्र है जिसमें अग्नि गोले से पृथिवी संरचना की सात अवस्थाओं का सिलसिलेवार ब्योरा है। पृथिवी संरचना के विशेष ज्ञान–विज्ञान की व्याख्या ब्राह्मण ग्रन्थों में विस्तृत रूप से लिखी गई है। शतपथ ब्राह्मण में अल्पा आर्द्रा शिथिला पृथिवी की क्रमशः नौ सृष्टियाँ–फेन, मृत्, शुष्कापम्, ऊष, सिकता, शर्करा, अश्मा, अयः एवं ओषधि वनस्पति लिखी हैं। इन्होनें पृथिवी को ढक लिया। यह जलमय पृथिवी से वर्तमान स्वरूप ही चरणबद्ध गाथा है। वेद के उनतालीस लाख वर्ष पहले का पृथिवी रचना का वर्णन भौतिक विज्ञान ने पिछली शताब्दियों में ज्यों का त्यों स्वीकारा। इससे सिद्ध होता है कि वेद सृष्टि विज्ञान है। वेद कहता हैं कि पृथिवी के गर्भ में अग्नि है। वेद विज्ञान में पृथिवी के गर्भ में पुरीष्य अग्नि–हाइड्रोकार्बन (पैट्रोलियम, ज्वलनशील वायुवत द्रव–धूम या ध्रूम, गैस) का भी सूक्ष्मतम वर्णन दिया गया है। इसके ठीक विपरीत आधुनिक विज्ञान ने विगत दो सौ वर्षों में इसको पहचाना।

''परिमण्डला पृथिवी सम्बोधन से वैदिक मन्त्र द्रष्टा ऋषियों द्वारा पृथिवी को वृत्ताकार (गोल) घोषित किया गया है।'' जैमिनीय ब्राह्मण के अनुसार यह पृथिवी, आदित्य, चन्द्रमा, द्यौ, अन्तरिक्ष आदि परिमण्डल रूप हैं। पुराणों में पृथिवी को पद्माकार, अण्डकार, छत्राकार एवं कटाहाकार लिखा है। ये सभी नामरूप गोलाकार रूप के द्योतक हैं। वैदिक विज्ञान में पृथिवी को अस्यमयी (लौहे धातु परिपूर्ण) बताया गया है। साथ ही यह भी लिखा है कि पृथिवी, अन्तरिक्ष एवं द्यौ सभी देवों के आयतन (निवास) हैं। पृथिवी और आदित्य लगभग समान रूप से समस्त देवों के आयतन अर्थात् देवायतन हैं। यह भी स्पष्ट किया है कि पृथिवी में छिद्र, खोखलापन, ऊपर संहत भाग एवं नीचे अल्प संहत और आर्द्र भाग रहता है।

जलमयी पृथिवी के सुदृढीकरण का वैदिक विज्ञान अभूतपूर्व है। "वेद विज्ञान में जलमयी विश्व भुवनसंस्था की परत दर परत व्याख्या की गई है।" पृथिवी में जल तत्त्व की प्रधानता के कारण "पृथिवी को वरुण तत्त्व" की भी संज्ञा दी गई है। यह स्मरण रहे कि ऋग्वेद में वरुण देवों के सम्राट हैं। वरुण देवता ही सूर्य स्वरूप एवं रुद्र स्वरूप हैं। वरुण देवता सृष्टि रचनाकार, पालनहार और संहारकर्ता हैं।

वेद के अनुसार पृथिवी पर "सूर्य की किरणें विद्युत चुम्बकीय तरंगों के रूप में आती हैं।" साथ ही मरुत् गण विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न करनेवाले हैं। यजुर्वेद में स्पष्ट घोषणा की गई है कि "पृथिवी सूर्य की परिक्रमा करती है और सूर्य अपनी धुरी पर घूमता है। सूर्य के उत्तरायन एवं दक्षिणायन होने की सिंहगर्जना की गई।" ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में स्पष्ट रहस्योद्घाटन किया गया कि अग्नि की उत्पत्ति नहीं हुई, यह पूर्व में भी विद्यमान रही। अग्नि स्वयंभू है। इसे "आदि अग्नि–वैश्वानर" को पूर्ववैदिक काल के ऋषि जानते थे। ऋग्वेद के अनुसार जल में वाडवाग्नि–वडवानल है। जल की अग्नि का रूपानन्तरण जलविद्युत है। अस्य वामस्य सूक्त कहा गया है कि यह वेदी पृथिवी अथवा विस्तृत आकाश तत्त्व का अन्तिम छोर है। पृथिवी की यज्ञ वेदी पर सूर्य किरणों से निरन्तर यज्ञ होना कथन बहुत ही रहस्यात्मक एवं अध्यात्मिक है। इसका एक अर्थ यह भी है कि पृथिवी तत्त्व में किसी भी दिशा से चलते रहो तो अन्त में इसी स्थान पर वापस आना निश्चित है। पृथिवी गोलाकार है। ऋग्वेद में लिखा है कि वैश्वानर विश्व की नाभि है। अथर्ववेदानुसार अग्नि पृथिवी पर ऋतुओं का निर्माता है। "ऋग्वेद में वर्ष में बारह महिने, चौबीस कृष्ण–शुक्ल पक्ष, 360 दिन आदि का ब्योरा चित्रलिखित करता है।" ऋग्वेद में दिन और रात्रि के महत्व को परिभाषित किया गया। जीवनचक्र में रात्रि की नाभकीय भूमिका की ऋचाएँ बहुत ही सुन्दर है। "ऋग्वेद में पृथिवी पर दीर्घकालीन कालापेक्षी एवं अल्पकालीन रोगों की उत्पत्ति (आधि व्याधि) और उनके निदान करनेवाली ओषधियों का वर्णन सविस्तार दिया गया है। साथ ही महाभूतों पृथिवी मिट्टी, जल, सूर्य, किरण से उपचार को रेखांकित किया गया है।"

सूर्य–जल–पृथिवी–आकाश चिकित्सा से असाध्य रोगों को दूर करने का विधान बहुत ही सुन्दर है।

यह पुनः स्मरण करवाना चाहेंगे कि वेद में पृथिवी पर उपलब्ध जल के प्रकार और उनके गुण–धर्म की व्याख्या सर्वोत्कृष्ट है। ऋग्वेद में पृथिवी की रचना से पूर्व की स्थिति का भी व्याख्यान है। मन्त्र द्रष्टा ऋषि ने कहा कि द्यावापृथिवी एक साथ ही थी अथवा मिली हुई थी। ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद में सूर्य को जगत की आत्मा घोषित किया गया है। ऋग्वेद में रुद्र को पृथिवीलोक, द्युलोक, अन्तरिक्षलोक का पिता कहा गया है। रुद्र देवता वैदिक देवों से पृथिवी तक के शास्ता (नैतिक मर्यादाओं के नियन्ता) हैं। वैदिक रुद्र पशुपतिनाथ हैं, अर्थात् पृथिवी के प्राणी मात्र के नाथ है। सामाजिक विज्ञान भी मनुष्य को सामाजिक प्राणी मानता है। श्रीमद्आदिशंकराचार्य ने कहा कि जन्तुओं (प्राणियों) में मनुष्य श्रेष्ठ है।

''ऋग्वेद से ही पृथिवी, पर्यावरण, वृक्ष, जल, वायु आदि संरक्षण के विचार के केन्द्र में रखा गया है।'' वृक्ष संरक्षण के केन्द्रीय उद्देश्य से रुद्र एवं प्रजापति को वृक्षस्वरूप कहा गया है। ''ऋग्वेद का शान्ति सूक्त पृथिवी सहित सभी में शान्ति की कामना से ओतप्रोत है।'' ऋग्वेद में स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई है : ''चरम भौतिकवाद की चमक दमक से (पृथिवी पर) महासंकट उत्पन्न होंगे। ऐसे में ऋषिगण, मुनि, ज्ञानी, विद्वान एकत्र होकर लोकसंग्रह करें।'' ऋग्वेद के छठे मण्डल में सावधान किया है कि ''पृथिवी में अग्नि समापन का अर्थ पृथिवी समापन है।''

''माधुर्य को पृथिवी तत्त्व'' की संज्ञा ऋग्वेद में दी गई है। यह दोहराना चाहेंगे कि श्रुतियों में इसकी व्याख्या करते हुए कहा गया है कि पृथिवी सभी महाभूतों का मधु है। मधुविद्या से सविताविद्या–सूर्यविद्या निश्चित रूप से प्राप्त करना सम्भव है। ऋग्वेद में ''पृथिवी के माध्यम से अग्नि का संदेश'' भी दिया गया है। ऋग्वेद का कथन है कि ''पृथिवीविद्या से देवत्व प्राप्त होता है।''

वैदिक ऋचा में ''युद्ध की विभिषिका के पृथिवी पर दूरगामी एवं तात्कालिक दुष्परिणामों'' से सावधान किया गया है। ऋग्वेद में ''पृथिवी मातृसत्तात्मक'' है। ऋग्वेद में ''विश्वबन्धुत्व'' का सिंहनाद किया गया है। साथ ही ''पृथिवी पर ज्ञानमार्ग को सर्वश्रेष्ठ'' घोषित कहा गया है। वेद पृथिवी की प्राणीमात्र के लिए कल्याणकारी भूमिका को प्रस्तुत करता है। पृथिवी वेद में ज्ञान देनेवाली, अध्यात्मिक भौतिक ऐश्वर्य देनेवाली, सभी प्रकार के संकटों में महारक्षक, प्रेरणा देनेवाली, कामधेनु, दुःख शोक निवारक, माता की तरह लालनपालन करने वाली, रोग हरने वाली, क्षात्रबलदाता, सरस्वान (महाज्ञानी) बनानेवाली आदि वर्णित है। ऋग्वेद में भूलोक के अरण्यों (वनों) की अधिष्ठात्री देवी अरण्यानी का सूक्त महारहस्य समेटे है। ''पृथिवी तत्त्व को स्वसंवेदना एवं चेतनावान'' की संज्ञा दी गयी है।

यह चौंकाता है कि ऋग्वेद में लिखा है—देव सम्राट वरुण ने पृथिवी को सूर्यदण्ड सेनापा (वेदांग के सूर्यसिद्धान्त में काल गणना का आधार सूर्य है।)। ''ऐतरेय ब्राह्मण में पृथिवी को राजा जनुषाम लिखा है।'' ब्रह्मवैवर्त्त पुराण में पृथिवी की स्तुति गई है। यह मूलभूत रूप से वैदिक नमन् ऋचाओं का विस्तार है। श्रीविष्णुकृत पृथिवी स्तोत्र में ''पृथिवी को हानि पहुंचानेवाले कार्यों का विवरण देते हुए उन्हें अधार्मिक—पापकर्म घोषित किया गया है (श्रीब्रह्मवैवर्त्तपुराण)।'' श्रीविष्णुधर्मोत्तर पुराण में पृथिवी के दिव्य भव्य स्वरूप का वर्णन मोहक है। चतुवर्गचिन्तामणि में पृथिवी देवता की स्तुति से उनके देव स्वरूप को प्रकट किया गया है। मत्स्य पुराण में भूमिदान को सर्वोपरि लिखा है। प्राचीन भारतवर्ष, जम्बूद्वीप में भूमिदान की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा रही। मत्स्य पुराण में ही ''भूम्यर्थशान्ति'' है। श्रीविष्णु पुराण की ''पृथिवी गीता'' पृथिवी के अध्यात्मिक, दार्शनिक पक्ष को उजागर करती है। इस दुर्लभ पृथिवी गीता की पाण्डुलिपि शोध का विषय है। पृथिवी गीता मोह से मुक्त करने का संदेश देती है। ''पुराण में पृथिवी को अदिति, रुद्र की रुद्राणी, विष्णु की लक्ष्मी और ब्रह्मा की ब्रह्माणी परिभाषित किया है।'' पृथिवी देवता के मन्त्र, पृथिवी गायत्री, पृथिवीव्यादिव्योमतत्त्वान्तपंचक, पृथिवी यन्त्र आदि चमत्कारिक हैं।

सत्यभामा की पुराकथा मूलतः वैदिक ऋचा का विस्तार है। वेद में ''सृष्टि का आधार सत्य लिखा है।'' पुराणों के अनुसार वराह देव ने जलमग्न पृथिवी का उद्धार किया। वराह और भूमादेवी पृथिवी के संयोग से भौमदेव (भौमासुर या नरकासुर) की उत्पत्ति हुई। पुण्यात्मा भूमादेवी पृथिवी के पुत्र भौमदेव को वरदान था कि उसकी मृत्यु केवल माता के द्वारा सम्भव है। वरदान के फलस्वररूप धीरे–धीरे भौमदेव निरंकुश होता चला गया। भौमदेव ने देवमाता अदिति के कुण्डल, देव सम्राट वरुण देवता के छत्र आदि छीन लिए। भौमदेव ने प्रागज्योतिषपुर (असम) को राजधानी बनाकर तीनों लोकों को आक्रान्त किया। इस प्रकार भौमदेव का नाम नरकासुर हो गया (कुछ पुराकथाओं में भूमा देवी पृथिवी के पुत्र को भौमासुर भी कहा गया है।)। भूमादेवी नरकासुर के भार से त्रस्त हुई। उसने सत्यभामा के रूप में जन्म लिया। सत्यभामा का श्रीकृष्ण से विवाह हुआ। लोककथाओं के अनुसार नरकासुर ने कामख्या देवी के सामने विवाह की पेशकश की। इस पुराकथा के अन्त में वीरांगना सत्यभामा ने नरकासुर पर चढ़ाई की ओर वध किया। इस प्रकार ''सत्यभामा ने सत्य को स्थापित किया।''

अथर्ववेद में पृथिवी के विषय में सुन्दर सूक्त है। ''अथर्ववेद का पृथिवी सूक्त मूलतः भूमि सूक्त है।'' इसमें पृथिवी के ऊपर घटित होनेवाले विभिन्न दृश्यों की परिगणना है। ऋषि गण ने भूमि के भौतिक स्वरूप को सूक्त का विषय बनाया है। सूक्त में अत्यन्त स्नेहसिक्त शब्दों में पृथिवी को अपनी माता कहा है। ''भूमि मेरी माता और मैं उसका प्रियतम पुत्र हूँ।'' ऋग्वेद के अन्त्येष्टि सूक्त में पृथिवी को उदारशील, करूणामय माता लिखा है। ''वेद में आकाश के पितृत्व की धारणा से पृथिवी के जगत् माता की धारणा समान रूप से पुरानी है।'' वेद की कुछ ऋचाओं में द्यावापृथिवी को बहिन नाम से भी सम्बोधित किया है। प्रकारान्तर में पृथिवी के मातृसत्तात्मक रूप के साथी के रूप में द्यौ–आकाश को पिता के रूप मे कल्पित किया। यहाँ उल्लेखनीय है कि वेद की मन्त्र द्रष्टा ऋषियों में नारी ऋषिकाओं का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा है। वेदकाल में नारियों द्वारा यज्ञोपवीत पहनना, यज्ञ करना–करवाना, वेद अध्ययन–अध्यापन आदि प्रचलन में रहा।

प्रकारान्तर से वेद काल की पृथिवी देवता का मायावी विस्तार विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों—माया, इंका, गवल, मिस्री, हित्ति, रोम, ग्रीक, असीरीयायी, यूनानी, मितन्नी, स्लोवाक, सुमेरीयायी, बैबीलोन, ताओ, शिन्तो, जैन, बौद्ध आदि में हुआ। सभी में पृथिवी साकार देव है। वेद की तर्ज पर ही बैबीलोन में आकाश—ओउरनस एवं पृथिवी—गेइया के मैथुन से सभी देवों की उत्पत्ति मानी जाती है। प्रत्येक संस्कृति में पृथिवी नये मोहिनी स्वरूप में प्रकट होती है।

देवशास्त्रों में ''पृथिवी—धरती—भूमि, सौख्यदायिनी अन्नपूर्णा माता स्वरूपा है एवं दूसरी ओर पृथिवी भयावह मृत्यु की देवी भी है।'' धरती देवी मृत्यु रूप में भूत (प्राणी, वनस्पति) जात की जन्मदात्री है। उसके गर्भ में भूत मात्र है। इसी कारण धरती मानवों में पूजनीय है। वैदिक विज्ञान पृथिवी की महानता; भौतिक, आधिभौतिक, आधिदैविक, दैविक, अध्यात्मिक शक्तियों; गुण धर्म; उसकी उत्पत्ति की गाथा आदि से परिचय करवाता है।

''मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने 39 लाख पूर्व वैश्विक महासंकट (महामारी) आदि को ध्यान में रखकर ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद में रक्षोहण अनुवाक लिखे। पुराणों में वैश्विक महामारी महासंकट निवारण विधि मिलती है।''

धरती की मिट्टी एवं विभूति की चमत्कारिक ओषधिय शक्ति का गूढ़वाचन उद्वाचन वेद में किया गया है। मिट्टी एक अद्भुत दिव्य ओषधि है। यह चेतन तत्त्व है। वेद वर्णित मिट्टी—विभूति चिकित्सा प्रकारान्तर में सातों द्वीपों में रच बस गई। वैदिक विज्ञान में वर्णित मिट्टी के गुण धर्म वर्तमान वैज्ञानिकों को घनचक्कर करते हैं। यह भी गोपन रहस्य है कि बर्फ से ढके पर्वतों में शरीर पर मात्र लंगोटी धारण किये और नंगे बदन पर विभूति—भस्म लगाये साधु कैसे घूमते हैं?

पंच महाभूतों में पांचवे तत्त्व पृथिवीविद्या अध्यात्मिक, दार्शनिक, आधिदैविक, दैविक, आधिभौतिक एवं भौतिक का अनन्त भण्डार है। पृथिवी विद्या के गोपनीय से गोपनीय सनातन महाज्ञान के लिए वैदिक ऋचाओं के शाब्दिक अर्थ के स्थान पर अन्तर निहित रहस्यों का

अनुशीलन, अन्वेषण, गवेषणा, शोध, अनुसंधान आवश्यक है। वैदिक देवता पृथिवी की जादुई चमत्कारिक दिव्य शक्तियाँ चकित करती हैं। चैतन्य पृथिवी तत्त्व का ज्ञानमहाकोष ब्रह्मविद्या सृष्टिविद्या आत्मविद्या वेद से लेकर ब्राह्मणग्रन्थों, आरण्यकों, उपनिषदों, आगम, पुराण और इतिहास रामायण, महाभारत आदि में यत्र–तत्र–सर्वत्र फैला हुआ हैं।)। विगत शतकों में यह पहला अवसर है कि पंच भूतों–आकाश, जल, अग्नि, वायु, पृथिवी की रहस्यपूर्ण गुह्यविद्याओं को सार्वजनिक करने का क्षुद्र प्रयास किया जा रहा है। पंच महाभूतों में प्रमुख जल तत्त्व पर वरुणविद्या रहस्यम् शोध संकलन के बाद पृथिवीविद्या उसकी कड़ी है। पृथिवीविद्या में आर्षग्रन्थों के विस्मृत पन्नों से सामग्री शोध संकलन भर है। विश्व के अध्यात्मिक गुरू भारतवर्ष, जम्बूद्वीप की ''विद्यादान परम्परा में पृथिवीविद्या प्रस्तुत है। पृथिवीविद्या के अनन्त ज्ञानकोष में लीन होकर आनन्द लें।''

यतोऽभुदयनिःश्रेयसः सिद्धिः स धर्मः।

जिससे अभ्युदय–उन्नति एवं निःश्रेयस् कल्याण की सिद्धि हो, उसे धर्म कहते हैं।



# विषय सूची

## पृथिवी महारक्षणम् खण्ड



## पृथिवी तन्त्रम् : पृथिवी गीता खण्ड



## पृथिव्योपचार खण्ड





**शोध संग्रह : 5**
**पंच महाभूत : 2**

# ज्ञान खण्ड : पृथिवी विद्या

## तत्त्व ज्ञान





# पृथिवी विद्या रहस्य :

## तत्त्वज्ञान

ऋग्वेद में पृथिवी की संरचना, परिभ्रमण; गुरूत्वाकर्षण; चुम्बकीय क्षेत्र; आकर्षणशक्ति; सर्वव्यापी तत्त्व सोम; वैश्वानर अग्नि द्यावापृथिवी पोषक; वैश्वानर विश्व नाभि; पृथिवी में पुरीष्य अग्नि (खनिज तेल,

प्राकृतिक गैस); भूमि मे विभिन्न अग्नियाँ, ''पृथिवी वरुण तत्त्व''; सोम से भूलोक; अग्नि तीनों लोक धारक, पृथिवी गो (गो का अर्थ चलना है।); सृष्टि रचना में एक वस्तु–स्वधा सलिलम्; आपः प्राकृतिक नियम पालन; अग्नि उत्पन्न नहीं पहले से विद्यमान; वैश्वानराग्नि अनादि; आकाशीय विद्युत् धाराएँ कल्याणप्रद; पृथिवी में अश्विनौ द्वारा तीन धातु स्थापित करना; सूर्य की रश्मियाँ पृथिवी पर आवें; सूर्य से पृथिवी प्रकाशमान; हिरण्यगर्भ से (सूर्य) सृष्टि; सूर्य पृथिवी को ऋजु गति से चलाता है; वनस्पतियों के बीज अन्तरिक्ष में बनकर पृथिवी पर आए; सूर्य जगत् की आत्मा; सूर्य किरणें द्युलोक से पृथिवी पर आती हैं; पृथिवी के गर्भ में अग्नि; अदिति ही पृथिवी पर जल के प्रकार; पृथिवी सर्वरोग निवारक आदि विषयों के विज्ञान–विशेष ज्ञान को उद्घाटित किया गया है।

वेदों में ऋचा : तीन प्रकार–प्रत्यक्ष पदार्थों के विषय में, अप्रत्यक्ष पदार्थों के विषय में और अध्यात्म विषय की हैं। महर्षि शौनक ने 25 वैदिक देवताओं के नाम गिनाए हैंः अग्निः, इन्द्रः, सोम, वायु, सूर्य, बृहस्पति, चन्द्र, पर्जन्य, पूषन, अश्विनौ, आकाश–पाताल, दिव्य मरुत, आपः, प्रजापति, मित्र, वरुण, विश्वदेवाः, सविता, त्वष्टाः, अश्व, ऋत्विज्, वज्र, विष्णु, ग्रावाणः एवं ''पृथिवी।'' यहाँ ''विष्णु का अर्थ सर्व व्याप्त है : वेवेष्टि व्याप्नोति इति विष्णु।'' अर्थात् सूक्ष्मतम दिव्य सत्ता (माइक्रोकोस्म अथवा परमाणु) (यही ब्रह्माण्ड है।)(अणुरूप–अणिमा, वामन रूप)(वामनो ह विष्णुरास। शतपथ ब्राह्मण 1.2.5.5)(पांसरे यानी धनात्मक विद्युत, इलेक्ट्रान ऋणात्मक विद्युत एवं न्यूट्रान उदासीन तीनों तेजोमय कण। गणित की दृष्टि से धन, ऋण एवं शून्य कह सकते हैं।)।

वेद के मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने पृथिवी की आन्तरिक संरचना का सटीक वर्णन किया है। इसे ही ब्राह्मण ग्रन्थों में विस्तार से कहा गया। वैदिक विज्ञान का उनतालीस लाख वर्ष पहले पृथिवी निमार्ण प्रक्रिया का ब्योरा आधुनिक भौतिक विज्ञान को हाल ही समझ में आया। ऋग्वेद की ऋचा में लिखा है : ''पृथिवी के सात धाम हैं। उनके आधार पर विष्णु अपना पराक्रम करता है। वहाँ से समस्त देव हमारी रक्षा करें।''

अतो देवा अवन्तु नो, यतो विष्णुर्विचक्रमे।

पृथिव्याः सप्त धामभिः।।ऋग्वेद 1.22.16।।

वैदिक ऋचाओं की भाषा शैली अभिव्यंजनात्मक, कूटात्मक, संकेतात्मक, बहुअर्थी, प्रतीकात्मक, रहस्यवादी आदि है। वैदिक सूक्तों में देवता को जानना आवश्यक है। देवता का अर्थ वर्णित विषय है। मन्त्र के देवता को जानने से मन्त्र का अर्थ एवं उद्देश्य समझा जा सकता है। महर्षि शौनक ने बृहद्देवता में स्पष्ट लिखा है कि जिसको मन्त्र के देवता का ज्ञान नहीं है, वह मन्त्र के अर्थ को नही समझ सकता है, उसमें कहे कर्म को करने में सफल नहीं होता है। मन्त्र में देवता की स्तुति में उसके गुण, कर्म, स्वभाव, शक्ति, दिव्यता आदि का वर्णन किया जाता है। मन्त्रों के देवताओं का ज्ञान मन्त्र के भाव से भी पता चल जाता है।

पृथिवी के सात धाम कौन से हैं ? जहाँ से विष्णु पराक्रम करता है। पृथिवी के सात धाम का वैदिक विज्ञान में अभिप्राय–पृथिवी की सात परत या तह हैं। पृथिवी की पहली परत बहुत मोटी है। इसके ठीक नीचे चट्टानों, पत्थरों की तह है। उसके बाद जल, अग्नि, धूम–गैस आदि की परते हैं। अन्त में सातवीं परत में, अक्षय, अनन्त, अविनाशी नाभिकीय ऊर्जा (परमाणु ऊर्जा) है। यह नाभिकीय ऊर्जा ही पृथिवी को लगातार चक्रित कर रही है। नाभिकीय ऊर्जा सहित सातों तह विष्णु के स्थान है, अतः वह सर्वत्र व्याप्त दैवी शक्ति है। इसी से पृथिवी का रक्षण, संरक्षण एवं भरण पोषण होता है। इस समूची ऊर्जा का श्रेय सर्वत्र व्याप्त दैवी शक्ति को जाता है। अगर यह नाभिकीय ऊर्जा का संरक्षण नहीं हो तो पृथिवी रेगिस्तान में बदल जाएगी। यजुर्वेद में लिखा है कि वरुण आदि के प्रताप से सारे लोक रूके हुए हैं। ये समस्त लोकों के धारक हैं। इसका ब्राह्मणग्रन्थों में विस्तार से वर्णन है।

ययोरोजसा स्कभिता रजांसि वीर्येभिर्वीरतमा शविष्ठा।

या पत्येते अप्रतीता सहोभिर्विष्णू अगन् वरुणा पूर्वहूतौ।।

।।यजुर्वेद 8.59।।

वेद में मरुत् विद्युत् चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न करनेवाले वर्णित हैं : आ विद्युन्मद्भिर मरुतः स्वर्का:।।ऋग्वेद 1.88।। । वैदिक ऋचा में ''अयोदंष्ट्र'' शब्द मरुतों की ''चुम्बकीय शक्ति'' के लिए एवं ''विधावत्तः'' विकिरण के लिए प्रयोग में लिया गया है। मरुतों का विद्युत् चुम्बकीय विकिरण पृथिवी, वर्षा, सूर्य का नियामक है। समु त्ये महतीरपः सं क्षोणी सं सूर्यम्। सं वज्रं पर्वशो दधुः।। ऋग्वेद 8.7.22।।

यजुर्वेद में घोषणा की गई है कि संसार में सभी कुछ गतिशील है : यत् किं च जगत्यां जगत्।। यजुर्वेद 40.1।। ''समाववर्ति पृथिवी समुषाः समु सूर्यः। समु विश्वमिदं जगत्।।'' यजुर्वेद 20.23।। यजुर्वेद के मन्त्रानुसार पृथिवी, सूर्य, उषा एवं समूचा जगत् हमेशा चक्कर लगाते हैं। पृथिवी सूर्य की परिक्रमा करती है और सूर्य अपनी धुरी पर घूमता है। अर्थात् वैदिक मन्त्र द्रष्टा ऋषियों का विशेष ज्ञान वर्तमान भौतिक विज्ञान से मीलों–मीलों आगे रहा, वैदिक विशेषज्ञान अति–अति उन्नत रहा।

वेद में ''पृथिवी को वरुण तत्त्व'' की संज्ञा दी गई है। ऋग्वेद की ऋचा है : ''वि यो ममे पृथिवी सूर्येण।'' ऋग्वेद 5.85.5।। वरुण ने सूर्य से पृथिवी को निर्मित किया। ऋग्वेद में लिखा है कि सरस्वती पृथिवी, द्युलोक एवं अन्तरिक्ष तीनों स्थानों (त्रिषधस्था) को पुष्ट करती है। वेद में मानवीय शरीर में भी ब्रह्माण्ड कहा गया है। मानवीय शरीर में द्युलोक शिरोभाग शिरोमेरुद्रव है। शिर में दोनों अर्ध भागों में एक–एक बृहद् अमृत कलश हैं। मानवीय अन्तरिक्ष लोक शिर के नीचेवाला मध्यभाग है। पीनियल एवं पिट्यूटरी ग्रन्थियों के मध्य में थेलमस में तीसरा अमृत कलश है। मानवीय शरीर का भूलोक कबन्धवाला भाग (नीचे मूलबन्ध तक) है। मैडुला में चतुर्थ अमृत कलश स्थित है। ''आपप्रुषी पार्थिवानि उरू रजो अन्तरिक्षम्। सरस्वती निदस्पातु।''

त्रिषधस्था सप्तधातुः पंच जाता।। ऋग्वेद 6.61.11–12।।''

पृथिवी पर सूर्य की किरणें विद्युत चुम्बकीय तरंगों (वरुण ऋणात्मक आवेश, मित्र चुम्बकीय तत्त्व) के रूप में आती हैं। वह वरुण एवं मित्र किरणों के रथ पर सवार होकर आती हैं। वरुण ऋणात्मक शक्ति के कारण विद्युतीय शक्ति हैं। ''मित्रावरुणौ......ता बाहुता न दंसना

रथर्यतः साकं सूर्यस्य रश्मिभिः।।'' ऋग्वेद 8.101.1–2।। यजुर्वेद में लिखा है कि पृथिवी एवं द्युलोक को सोम ने फैलाया। सोम इलेक्ट्रान पृथिवी एवं द्युलोक के विभिन्न संघाटकों को इधर उधर फैलता है। ''त्वं.... द्यावापृथिवी आ ततन्थ।। यजुर्वेद 19.54।। अध्यात्मविद् स्वामी प्रत्यगात्मानन्द सरस्वती के अनुसार सोम सर्वव्यापी तेजोमय वस्तु विज्ञान का इलेक्ट्रान एवं सोमरस विश्वव्यापी प्रकाश विकिरण धारा है। यह विद्युत चुम्बकीय विकिरण के द्वारा सारे संसार को प्रकाश दे रहा है एवं समूचे संसार की रचना का आधार है। सोम के कारण ही द्यावापृथिवी में वृद्धि है। सोम पृथिवी का शक्ति स्रोत है।

त्वमिमा ओषधीः सोम विश्वास्त्वमो अजनयस्त्वं गाः।

त्वामततन्थोर्वन्तरिक्षं।।ऋग्वेद 1.91.22।।

यं सोममिन्द्र पृथिवीद्यावा गर्भं माता बिभृतस्त्वाया।। ।।ऋग्वेद 3.46.5।।

यत ते सोम दिवि ज्योतिर्यत् पृथिव्यां यदुरावन्तरिक्षे।। ।।यजुर्वेद 6.33।।

या ते धामानि दिवि या पृथिव्यां या पर्वतेष्वोषधीष्वप्सु।।

।।ऋग्वेद 1.91.4।।

सोमेन पृथिव्या मही।।ऋग्वेद 10.85.2।। अथर्ववेद 14.1.2।।

वेद में इन्द्र को द्यावा–पृथिवी का स्थापक लिखा गया है। ''उदस्तम्नाः पृथिवीं द्यामभीके।।''ऋग्वेद 10.55.1।। इस ऋचा का भावार्थ यह है कि पृथिवी, द्युलोक, सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र आदि अनन्त आकाश में ऊर्जा–आकषर्णशक्तिवान इन्द्र के कारण रूके हुए हैं। इन्द्र ईश्वरीय देन अथवा ऊर्जा की देन है। इन्द्र ऊर्जा के साथ मरुत् विद्युत चुम्बकीय विकिरण चलते हैं। इन्हे तैजस कण–कार्पसल भी कण हैं। अतः ये तेजोमय पदार्थ के आधारभूत तत्त्व हैं। ये ही परमाणु की संरचना का विज्ञान है।

''वैदिक संस्कृत के सूक्तों–ऋचाओं के भावार्थ समझने में मूलभूत समस्या लौकिक संस्कृत के अर्थों का प्रयोग है।'' निरूक्तशास्त्र में वेद के नामों के यौगिक अर्थ प्रयोग में लेने का निर्देश है। वैदिक सिद्धान्त में

भू–आकर्षण एवं चुम्बकीयता तन्मात्रा है। तन्मात्रा, जब परिमण्डल (परमाणु) बन जाता है और तेजस अहंकार (तडित्कणरूप–इलेक्ट्रान) वैकारिक एवं भूतादि अहंकारों के चारों ओर घूमने लगते हैं, तब धनात्मक और ऋणात्मक शक्तियों के निरन्तर एक दूसरे पर से गुजरने से पाँच प्रकार की शक्तियाँ उत्पन्न होती हैं। जहाँ–जहाँ परिमण्डल परमाणु होंगे, वहाँ–वहाँ भू–आकर्षण होना निश्चित है। वह निकटवर्ती परिमण्डलों को आकर्षित करेगा। वैदिक निबन्धन तीन प्रकार के हैं– सत्त्व गुण प्रधान, रजस् गुण प्रधान, तमस् गुण प्रधान। आधुनिक विज्ञान में तीन निबन्धन–परमाणु अंश कहे जाते हैं। उनमें सत्त्वगुणवाले–प्रोटोन, रजस् गुणवाले–इलेक्ट्रान तडित्कण रूप, तमस् गुणवाले न्यूट्रोन हैं। साख्यदर्शन में वैकारिक–प्रोटोन, तेजस्–इलेक्ट्रान एवं भूतादि–न्यूट्रोन कहे गये हैं। ऋग्वेद में अभिव्यंजनात्मक रूप में कहा गया कि तीन निबन्धन द्युलोक में, वही तीन आपः में एवं वही तीन अन्तरिक्ष में हैं। हे अर्वन! आप वरुण द्वारा छन्द मेरे लिए कहते हो। जहाँ वे कहते हैं परम का जन्म हुआ। परम का अभिप्राय ब्रह्माण्ड से है। पूर्ण जगत परमाणु अंशों–आपः से ही उत्पन्न हुआ है।

त्रीणि त आहुर्दिवि बन्धनानि त्रीण्यप्सु त्रीण्यन्तः समुद्रे।

उतेव मे वरुणश्छन्त्स्यर्वन् यत्रा त आहुः परमं जनित्रम्।।

।।ऋग्वेद 1.163.4।।

यह अभूतपूर्व है कि ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के प्रथम सूक्त के अध्ययन से रहस्योद्घाटन होता है कि "अग्नि की उत्पत्ति नहीं हुई; यह पहले से विद्यमान रही। यह स्वयम्भू अर्थात् हमेशा से है। परमात्मा की भी उत्पत्ति नहीं, वे स्वयम्भू हैं।" वैदिक मन्त्र द्रष्टा ऋषि लिखते हैं कि पूर्व के ऋषिः यह जानते थे। आदि–अग्नि ही वैश्वानर है। यह प्रलयकाल में अवातम अवस्था में होती है। यह परमात्मा का लिंग स्वरूप है। वैश्वानर अग्नि हिरण्यगर्भ में काम कर रही होती है। वह हिरण्यगर्भ से उत्पन्नों की नेता अग्रणी कही जाती है। ऋग्वेद के दशम् मण्डल के अट्ठासीवें सूक्त की प्रथम ऋचा का भावार्थ यह है कि द्युलोक को स्पर्श कर रही अग्नि, रचना यज्ञ में आहुति बनने योग्य है। प्रकृति अग्नि में

ऐसे जाती है जैसे हवन–यज्ञ में आहुति दी जाती है। इसी सूक्त की दूसरी ऋचा का अर्थ है कि अन्धकार में आकण्ठ डूबे भुवन सूर्यमण्डल में सूर्य अग्नि को प्राप्त होने पर प्रकाशित हो गया। उसकी सहायता से पृथिवी, द्युलोक, देवता, आपः एवं ओषधियाँ प्रकाशमान होने पर प्रसन्नता से रमण करने लगीं। ऋचा का भावार्थ है कि सूर्य में अग्नि के सहयोग से सौरमण्डल प्रकाशित हुआ। अग्नि परमात्मा का तेज है। अट्ठासीवें सूक्त की तीसरी ऋचा में लिखा है कि यज्ञ के योग्य देवताओं–आपः के द्वारा शीघ्र इच्छा करता हुआ बहुत विशाल अजर अग्नि की स्तुति करता हूँ। यह अपने तेज से पृथिवी, द्यु लोकों और अन्तरिक्ष को विस्तृत करती है। इसका अभिप्राय है कि परमात्मा का तेज हिरण्यगर्भ में वैश्वानर अग्नि बन जाता है। वह अग्नि अजर है। वह यज्ञ करनेवाले देवताओं द्वारा प्रयुक्त होती है। यज्ञ–सृष्टि रचना का कार्य है। इसको करनेवाले देवता आपः असाम्यावस्था परमाणुओं से बने हैं। वे ही सृष्टि रचना कर रहे हैं। ऋचा के ऋषि ने अग्नि की स्तुति अर्थात् गुण–कर्म–स्वभाव–शक्ति–दिव्यता का चिन्तन एवं वर्णन किया है। यह अग्नि अपने तेज–शक्ति से आकाश, पृथिवी एवं अन्तरिक्ष को व्यापक स्वरूप देता है (ऋग्वेद 10.88.1–3)।

यजुर्वेद के चौदहवें अध्याय की ऋचाओं (6,15,16) में घोषणा की गई है कि ''पृथिवी, द्युलोक एवं अन्तरिक्ष के मध्य अनेक अग्नियाँ हैं।'' ये सभी अग्नियाँ समनसः–परस्पर मिलकर काम करती हैं। ये अग्नियाँ ही पृथिवी पर ग्रीष्म, वर्षा एवं शरद आदि ऋतुओं का नियन्त्रण करती हैं। परिणामतः वर्षचक्र विधिवत् चलता है। वैसे अग्नि का सर्वव्यापक रूप (व्यापक, अक्षय, अविनाशी ऊर्जा) और व्यक्त–अव्यक्त, स्थूल एवं सूक्ष्म है। अग्नि मेघों में विद्युत्, गर्जन एवं वन में दावाग्नि आदि के रूप में प्रकट होती है। यजुर्वेद में अग्नि के विराट् रूप (सहस्र आँखे, सहस्रों शिर, सैकड़ों प्राण एवं व्यान) का वर्णन है।

शुक्रश्च शुचिश्च ग्रैष्मावृतू अग्नेरन्तः श्लेषोऽसि.।

ये अग्नयः समनसोऽत्तरा द्यावापृथिवी इमे।।यजुर्वेद 14.6।।

नभश्च नभश्यश्च वार्षिकावृतू.।

ये अग्नयः समनसोऽन्तरा द्यावापृथिवी इमे।।यजुर्वेद 14.15।।

इषश्चोर्जश्च शारदावृतू.

ये अग्नयः समनसोऽन्तरा.।।यजुर्वेद 14.16।।

अग्ने सहस्राक्ष शतमूर्धन्

शतं ते प्राणाः सहस्रं व्यानाः।।यजुर्वेद 17.71।।

पृष्टो दिवि, पृष्टो अग्निः पृथिव्याम्।

पृष्टो विश्वा ओषधीरा विवेश।।यजुर्वेद 18.73।।

''पृथिवी—भूगर्भ में पुरीष्य अग्नि का वर्णन'' यजुर्वेद के ग्यारहवें अध्याय की 11 से 32 वीं ऋचा तक है। ''पुरीष्य अग्नि भूगर्भीय अग्नि है। पुरीष्य अग्नि से ही पृथिवी के अन्दर हाइड्रोकार्बन अर्थात् पैट्रोलियम, प्राकृतिक—धूम वायुवत द्रव्य गैस है।'' यजुर्वेद के अनुसार पुरीष्य अग्नि मूल रूप से सौर ऊर्जा है। यह मूलतः सूर्य में विद्यमान है। यह सौर ऊर्जा अन्तरिक्ष में तडित् (विद्युत) के रूप में है। वेद में लिखा है कि अग्नि का मूल जन्मस्थान सूर्य अथवा द्युलोक है। अन्त में लिखा है कि पुरीष्य अग्नि से पत्थर, चट्टानें आदि पिघल जाती है। यजुर्वेद में उल्लेख आता है कि पुरीष्य अग्नि तेजोमय एवं अत्यन्त प्रज्ज्वलनशील भयंकर है। इसका पृथिवी गर्भ से सावधानी से दोहन करना चाहिए। यजुर्वेद में यह भी लिखा है कि यह भूगर्भ एवं समुद्र में चारों ओर फैली हुई है। यानी भूगर्भीय अग्निमय धूम गैस एक स्थान पर नहीं होकर चौरतफा फैली है। ऋग्वेद की तीन ऋचाओं में समुद्र में वास करनेवाली अग्नि एवं ज्वलनशील धूम गैस का उल्लेख है (8.102.4—6)। यजुर्वेद (11.32) में पुरीष्य अग्नि को विश्वभराः (संसार का पालन पोषण करनेवाली ऊर्जा) कहा गया है।

सविता....अग्नेर्ज्योतिर्निचाप्य,

पृथिव्या अध्याभरत्।।यजुर्वेद 11.11।।

दिवि ते जन्म परमम्, अन्तरिक्षे तव नाभिः,

पृथिव्यामधि योनिरित्।।यजुर्वेद 11.12।।

ज्योतिष्मन्तं त्वाग्ने सुप्रतीकम्, अजस्रेण भानुना दीद्यतम्।

शिव प्रजाभ्योऽहिंसन्तम्....अग्निं पुरीष्यमंगिस्वत् खनाम्।।

।।यजुर्वेद 11.28।।

अपां पृष्ठमसि योनिरग्नेः,

समुद्रमभितः पिन्वमानम्।।यजुर्वेद 11.29।।

अग्निं समुद्रवाससम्।।ऋग्वेद 8.102.4–6।।

पुरीष्योऽसि विश्वभराः।।यजुर्वेद 11.32।।

यजुर्वेद में लिखा है कि ''अथर्वा ऋषि ने सर्वप्रथम पुरीष्य अग्नि (प्राकृतिक ज्वलनशील धूम गैस, खनिज पैट्रोलियम) का आविष्कार किया। अथर्वा ऋषि ने पृथिवी को खोदकर (खनित्र कर) पुरीष्य अग्नि को निकाला।'' ऋग्वेद, तैत्तिरीय संहिता आदि में भी उत्खनन से पुरीष्य अग्नि (ऋग्वेद : पुरीष्यासो अग्नि) निकालने का वर्णन है। ऋग्वेद में जल मन्थन से जल अग्नि (जल विद्युत्) का ब्योरा चौंकाता है।

पुरीष्योऽसि....अथर्वा त्वा प्रथमो निरमन्थदग्ने।।यजुर्वेद 11.32।।

तमु त्वा दध्यङ् ऋषिः पुत्र इधे अथर्वणः।।यजुर्वेद 11.33।।

त्वामग्ने पुष्करादधि अथर्वा निरमन्थत।।ऋग्वेद 6.16.13।।

ऋग्वेद में कहा है कि ''वैश्वानर विश्व की नाभि है। वैश्वानर सभी लोकों की ऊर्जा का केन्द्र है।'' अतएव उसे क्षिति की नाभि नाम दिया गया। वैश्वानर अग्नि ही समस्त संसार में आकर्षण शक्ति के रूप में व्याप्त है। समूचे लोकों को वैश्वानर नियन्त्रण में रखने से ''विश्वकृष्टि'' कहलाया। अथर्ववेद के अनुसार वैश्वानर अग्नि विश्व में प्रकाश का आधार है। यह विश्वव्यापी नियमों का नियन्ता–ऋत तत्त्व है। यह ज्योति स्वरूप है। वह तडित्कण–इलेक्ट्रान के रूप में कण–कण में व्याप्त है। अतः वैश्वानर संसार में ज्योति का आधार है।

वैश्वानर नाभिरसि क्षितिनाम्।।ऋग्वेद 1.59.1।।

वैश्वानरो महिम्ना विश्वकृष्टिः।।ऋग्वेद 1.59.7।।

ऋतावानं वैश्वानरमृतस्य ज्योतिषष्पतिम्।।अथर्ववेद 6.36.1।।

अथर्ववेद में कहा है कि वैश्वानर अग्नि पृथिवी पर ऋतुओं का निर्माता है : ''स विश्वा प्रति चाक्लृप ऋतेन् उत् सृजते वशी।।'' (6.36. 2)।। पृथिवी के समुद्रों के अन्दर की अग्नि को ''वाडवाग्नि'' कहा गया है। बृहत् जाबाल उपनिषद् में सीधे–सीधे लिखा है कि यह समस्त संसार अग्नि सोम से निर्मित है : ''अग्नीषोमात्मकं विश्वम्।।2.1।।'' पृथिवी को अग्नि से दो धन–सौर ऊर्जा एवं भूगर्भ रत्न आदि और खनिज तेल, प्राकृतिक गैस धूम–वायुवत द्रव प्राप्त होते हैं। अतः पृथिवी के सन्दर्भ में अग्नि धनपति, रथिपति कहा है : ''त्वं ह्य रथिपति रयीणाम्.।।ऋग्वेद 2.9.4।।'' पृथिवी पर अग्नि पर्वतों, समुद्रों के हितकारक है। पृथिवी पर स्थित पर्वतों के गर्भ में अग्नि से खनिज रूप लेते हैं। समुद्र में अग्नि से रत्न एवं पैट्रोलियम आदि तैयार होते हैं :''मित्रः सिन्धूनामूत पर्वतानाम्.।। ऋग्वेद3.5.4।।'' यह अभूतपूर्व है कि ऋग्वेद का कथन है कि पृथिवी के ऊपर आकाश में अग्नि की शक्ति से ताडित होकर मेघ गरजता है। उसमें विद्युत् उत्पन्न होती है और विद्युत संचार से पृथिवी पर वर्षा होती हैः ''आ ते सुपर्णा अमिनन्त एवै....पतन्ति मिहः स्तनयन्ति–अभ्राः।। ऋग्वेद 1.79.2।।'' यजुर्वेद की दो ऋचाओं में ''अग्नि को संसार का अमरदूत कहा है।'' अर्थात् अग्नि में सम्प्रेषण शक्ति है। यह तीव्र से तीव्र–दुद्रवत् है। ''विश्वस्य दूतम् अमृतम्। स दुद्रवत स्वाहुतः।। यजुर्वेद 15.33–34।।'' यजुर्वेद में घोषणा की गई है कि ''अग्नि से कठोरतम पर्वत, चट्टानों को बहुत आसानी से तोड़ा जा सकता है।'' भौतिक रूप से विस्फोटक डाइनामाइट अग्नि का ज्वलनशील रूप हैः '' वीडुं चिदद्रिम अभिनत् परायन....अग्निम्....।।यजुर्वेद 12.13।।'' ऋग्वेद में उल्लेख मिलता है कि अंगिरा ऋषि ने शब्दशक्ति (नादब्रह्म, तीव्रतम ध्वनि) से दृढ़ पर्वत को खण्डित किया : ''वीडुं चिद् दृढा....अद्रिं रूजन् अङ्.गिरसो रवेण।।ऋग्वेद 1.71.2।।''

नादब्रह्म की शक्ति से सृष्टि रचना के सन्दर्भ में अग्नि की वैदिक ऋचाएँ तिलिस्म की कुंजी है। ऋचा का अभिप्राय है : हे अर्वन्! आप आरम्भ में अत्यन्त शोर करते हुए अन्तरिक्ष में और आदिकारण प्रकृति पर ऊपर को उठाते हुए अत्यन्त वेग से फैल गये। यहाँ इस सूक्त में ''जगत् के आरम्भ का वर्णन किया जा रहा है।'' वैदिक दृष्टिकोण से परमात्मा एवं आदि ओज एक ही है। परमात्मा चेतन तत्त्व है। अर्वा अश्व को कहते हैं। ''जगत् रचना में अग्नि अश्व है।'' अर्वा शब्द का तात्पर्य अश्वः अग्नि से है। वैसे वेद के अग्नि शब्द के अनेक अर्थ हैं। ''जब रचनाकाल आया तो परमात्मा की करनी से अग्नि की एक तरंग (या अग्निपुँज) घोर नाद करती हुई उत्पन्न हुई और अन्तरिक्ष में फैल गई (ऋग्वेद 1.163.1)।'' दूसरे शब्दों में अग्नि पुँज के महानाद–नादब्रह्म से जगत् रचना हुई। यह स्मरण रहे कि भौतिक विज्ञान भी पृथिवी की उत्पत्ति आकाश में महानाद से होना कहता है।

ऋग्वेद के दूसरे मण्डल के बारहवें सूक्त की दूसरी ऋचा में इन्द्र देवता के सन्दर्भ में लिखा है कि जो चलायमान पृथिवी को सुदृढ़ करता है, जो प्रकुपित पर्वतों को स्थिर, शान्त करता है। जो विशाल अन्तरिक्ष को रचता है और द्यु स्थान को स्थापित करता है, उस इन्द्र को जानो। अर्थात् पृथिवी की अनेक गतियाँ रही। इन्द्र ने पृथिवी को स्थिर किया। पर्वतों को अपने स्थान पर स्थिर करने का अर्थ ज्वालामुखियों को शान्त करता है। पंच तन्मात्राओं में भू–आकर्षण एक प्रकार की तन्मात्रा है। यही वेद की ऋचा में कहा है कि भू–आकषर्ण से पृथिवी अपने मार्ग पर स्थिर है और अन्तरिक्ष में सभी ग्रह, नक्षत्रों, तारों के मध्य दूरी निश्चित है। विभिन्न वैदिक भाष्यकारों ने इन्द्र शब्द के अनेक अर्थ किये हैं। इन्द्र का अध्यात्मिक अर्थ–परमात्मा, जीवात्मा, अन्तःकरण, प्राण; आधिभौतिक अर्थ–सूर्य, विद्युत्, वायु, इन्द्र और आधिभौतिक राजा, सेनापति है। इन्द्र के ऋग्वेद में 2844 मन्त्र, यजुर्वेद में 193 मन्त्र, सामवेद में 531 मन्त्र और अथर्ववेद में 810 मन्त्र (कुल 4418 मन्त्र) हैं (चारों वेदों में कुल मन्त्र 20389 हैं।)। इस प्रकार चारों वेदों में इन्द्र विषयक मन्त्रों की संख्या पाँचवे हिस्से से अधिक है। श्री रुद्रष्टाध्यायी के चमक प्रश्न में इन्द्र नये अवतार में अवतरित होते हैं। यजुर्वेद में लिखा

है कि इन्द्र सूर्य, वायु अग्नि का कर्ता एवं षोड़शिन सोलह कलाओं से पूर्ण है (यजुर्वेद 8.36)। ऋग्वेद में इन्द्र को अपरिमित शक्तिवान, पुरों को नष्ट करनेवाला, सभी कर्मों का प्रेरक, विद्वानों को ज्ञान देनेवाला, द्यावापृथिवी का शासक, पुरुषार्थियों को संरक्षण देनेवाला, साधकों के मनोरथ पूर्ण करनेवाला, प्राणतत्त्व, आत्मा, शरीररथ नियन्ता, मनस्तत्त्व, ब्रह्मरूप, ज्योतिर्मय, ब्रह्मरसरूप, साधना से आत्मज्ञान प्रदाता, उत्कट अभिलाषा से आत्मज्ञान प्रदाता आदि बताया गया है। आचार्य यास्क ने निरूक्त में इन्द्र देवता का स्वरूप शक्ति लिखा है। इसका अर्थ यह है कि इन्द्र ऊर्जा शक्ति है। ऋग्वेद में सीधे–सीधे लिखा है कि मूल रूप से एक ही देवता है। देवता–शक्ति या दैवी ऊर्जा है। उसको ही विभिन्न कार्यों के आधार पर अनेक नाम (ब्रह्म, ईश्वर, अग्नि, वरुण, मित्र, वरुण आदि) दिये गए हैं। ये मूलरूप से एक ही तत्त्व हैं।

इन्द्रं मित्रं वरुणम् अग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गुरुत्मान्।

एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति अग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः।।

।।ऋग्वेद 1.164.46।।

ऋग्वेद की ऋचा इन्द्र का नया रहस्य उपजाती है। इसमें कहा गया है कि इन्द्र की महिमा का अन्त कोई प्राचीन ऋषि–मुनि नहीं पा सके हैं। यह इन्द्र का चमत्कारिक कार्य है कि उसने अपने शरीर से माता–पिता को उत्पन्न किया। ऋचा का अन्तर–निहित अर्थ है कि ऊर्जा (इन्द्र) का महत्व एक रहस्य है। समूचा संसार ऊर्जा का खेल है। सृष्टि में प्रकाश, आकर्षण, विकर्षण, संचार, जीवन–मृत्यु, गति–आगति, समूचा विकास, ह्रास, स्थिति–प्रगति आदि ऊर्जा पर आधारित है। इसलिए सभी में अन्तर्निहित मूलशक्ति ऊर्जा है। इन्द्र द्वारा अपने शरीर से माता–पिता को उत्पन्न करने का अर्थ ''द्यावापृथिवी'' की उत्पत्ति अक्षय, अनन्त ऊर्जा से होना है। ऊर्जा की सन्तान द्यु एवं भू है। ऋग्वेद में पृथिवी को माता और द्युलोक को पिता कहा गया है।''

क उ नु ते महिमनः समस्य–अस्मत् पूर्व ऋषयोऽन्तमापुः।

यन्मातरं च पितरं च साकम्–अजनयास्तन्वः स्वायाः।।

।।ऋग्वेद 10.54.3।।

ऋग्वेद में इन्द्र एवं अग्नि के द्युलोक और पृथिवी लोक में सर्वत्र व्याप्त होने का उल्लेख है।

यदिन्द्राग्नी दिविष्ठो यत् पृथिव्यां यत् पर्वतेषु ओषधीषु अप्सु।।

यदिन्द्राग्नी परमस्यां पृथिव्यां मध्यमस्याम् अवमस्यामुत स्थः।।

।।ऋग्वेद 1.108.11–10।।

वैदिक वरुण देवता सम्राट हैं। वे ब्रह्माण्डों के दिव्य जल (आपः) में रहते हैं (यह आपः अव्यक्त व्यापक सूक्ष्म प्रकृति तत्त्व है।)। सम्राट वरुण द्युलोक एवं पृथिवी का शासक है : ''ता साम्राजा घृतासुती...... अथैनोः क्षत्रं न कुतश्चन आधृषे।।ऋग्वेद 1.136.1।।'' वरुण एवं मित्र नीर–क्षीर–विवेक से कार्य करते हैं। वरुण देवता पृथिवी पर ऋत–सत्य के रक्षक हैं। अनृत–असत्य के नाशक हैं। सम्राट वरुण अपने क्रोध से असत्य को नष्ट करते हैं। वे सद्गुणों के रक्षक हैं। वरुण एवं मित्र शक्ति के संचालक–घृतसुती हैं। शतपथ–ब्राह्मण, तांड्य ब्राह्मण एवं तैत्तिरीय ब्रह्मण में वरुण–मित्र का अध्यात्मिक अर्थ अपान एवं प्राण है।

ऋग्वेद में वरुण एवं मित्र को ज्योति (प्रकाश) का स्वामी बताया गया है। ''ऋतेन यावृतावृधौ ऋतस्य ज्योतिषष्पती ता मित्रावरुणा हुवे।। ऋग्वेद 1.23.5।। '' पृथिवी पर सूर्य किरणों को वरुण एवं मित्र लाते हैं। ''यो वां मित्रावरुणाऽजिरो दूतो अद्रवत्। अयः शीर्षा मदेरघुः।। ऋग्वेद 8.101.3।।'' वरुण देवता के दूत आकाश एवं पृथिवी पर चारों तरफ फैले हैं। ये दूत सम्राट वरुण को पृथिवी –द्युलोक की एक–एक घटना की सूचना पलक झपकते देते हैं। वरुण देवता से संसार की कोई भी घटना छिपी हुई नहीं है। उनके पास यहाँ तक सूचना है मानव किस समय क्या कर रहा है। इसका भौतिक अर्थ यह है कि सम्राट वरुण के यहाँ ''महासंगणक (सुपर कम्प्यूटर)'' सरीखा दिव्य यन्त्र एवं तृतीय नेत्र (सर्वशक्तिमान निगरानी उपग्रह) है। जिसमें समूचे विश्व की पल–पल की घटना दर्ज होती है।

दिव स्पशः प्रं चरन्तीदमस्य

सहस्राक्षा अति पश्यन्ति भूमिम्।।अर्थववेद 4.16.4।।

सर्वं तद् राजा वरुणो वि चष्टे, यदन्तरा रोदसी यत् परस्तात्।

संख्याता अस्य निमिषो जनानाम्....।।अथर्ववेद 4.16.5।।

यस्तिष्ठति चरति यश्च वंचति, यो निलायं चरति यः प्रतंकम्।

द्वौ संनिषद्य यन्मन्त्रयेते, राजा तद् वेद वरुणस्तृतीयः।।

।।अथर्ववेद 4.16.2।।

वेद में ''वरुण को सर्वज्ञ'' घोषित किया गया है। वे मानवों–प्राणियों के अलावा आकाश में उड़नेवाले पक्षियों की गतिविधि की और समुद्र के अन्दर जल में चलनेवालों की भी सूचना रखते हैं। वे पृथिवी पर आंधी–तूफान, वायु आदि की भी गतिविधियाँ जानते हैं। ''पृथिवी अधिकांश जल तत्त्व होने से पृथिवी को वरुण तत्त्व'' कहा जाता है।

वेदा यो वीनां पदम्, अन्तरिक्षेण पतताम्।

वेद नावः समुद्रियः।।ऋग्वेद 1.25.7।।

वेद वातस्य वर्तनिम्, उरोर्ऋष्वस्य बृहतः।।ऋग्वेद 1.25.9।।

न यं दिप्सन्ति दिप्सव....।।ऋग्वेद 1.25.14।।

ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद में कहा गया है कि जगत् की आत्मा सूर्य है। सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च।। ऋग्वेद 1.115.1।। ऋग्वेद एवं यजुर्वेद में लिखा है कि उषा, सूर्य, पृथिवी एवं समूचा विश्व हमेशा घूमता हैं।

स सूर्य....ववृत्याद् रथ्येव चक्र।।ऋग्वेद 10.82.2।।

समाववर्ति पृथिवी समुषाः समु सूर्यः।

''समु विश्वमिदं जगत्।।यजुर्वेद 20.23।।

सावित्री उपनिषद् में पृथिवी को सावित्री कहा गया है।'' उपनिषद् में लिखा है कि सविता और सावित्री एक युगल हैं। ऋग्वेद में सविता एवं सूर्य के अलग–अलग सूक्त और ऋचाएँ हैं। सविता सृष्टि के प्रसविता हैं। अर्थात् विश्व की प्रेरक शक्ति, प्रेरक, उद्‌बोधक, उत्तेजक, गति–तेज प्रदाता, प्राणशक्ति है। प्राण तैजस तत्त्व है। तेज गति सम्बद्ध है। गति से प्रकाश है। गतितत्त्व–प्रकाशतत्त्व का देवत्व है। इसीकारण देवों को ज्योतिस्वरूप कहा गया है। विश्व का अमृतरूप, प्रेरक, धर्ता गति है। गति का समापन मृत्यु, विनाश, प्रलय है। अध्यात्मिविद् सविता को बीज शक्ति केन्द्रीय शक्ति, उक्थ कहते हैं। यह उद्‌भूत व्यक्त होने पर शक्ति का स्रोत प्रवाहित होता है। केन्द्रीय अक्षय, अनन्त, अविनाशी ऊर्जा सविता की शक्ति को सावित्री कहा जाता है। सविता एवं सावित्री एक ही तत्त्व के दो रूप हैं (अमूर्त एवं मूर्त, अव्यक्त एवं व्यक्त, अनुद्‌बुद्ध एवं उद्‌बुद्ध)। सावित्री उपनिषद् में यही कहा गया है कि विश्व युग्म की ही सृष्टि है। इस युगल से की विश्व की गतिविधि है। जहाँ अग्नि है, वहाँ पृथिवी है। मानव में सवितृशक्ति का अक्षय स्रोत है। यह मानव में अमृत तत्त्व है। इसका ज्ञान सावित्री विद्या है।

मधुकशा–मधुविद्या द्युलोक, पृथिवीलोक, अन्तरिक्ष, अग्नि, वायु, समुद्र की शक्ति को लेकर उत्पन्न हुई (अथर्ववेद)। यह आदित्यों की माता है एवं अमृत का स्रोत है।

दिवस्पृथिव्या अन्तरिक्षात् समुद्राद्–

अग्नेर्वातान्मधुकशा हि जज्ञे।। अथर्ववेद 9.1.1।।

मातादित्यानाम्....प्राणः प्रजाना् अमृतस्य नाभिः।।

।।अथर्ववेद 9.1.4।।

वेद में पृथिवी पर वृक्ष को रुद्र, प्रजापति आदि कहा गया है। ऋग्वेद में रुद्र को पृथिवीलोक, द्युलोक, अन्तरिक्षलोक का पिता कहा गया है। रुद्र विश्व के लिए कल्याणकारी हैं। रुद्र त्र्यम्बक होने से संसार के कर्ता (कर्तृत्व), संसार पालक (भर्तृत्व) एवं हर्तृत्व–संसार संहारक हैं।।।ऊँ।।

# पृथिवी तत्त्व

ब्रह्मविद्या–दैवीविद्या में सभी लोकों में पाँचों अव्यय–कलाएँ एवं पाँचों क्षर–कलाएँ व्याप्त कही गई हैं। सभी षोडशी प्रजापति के रूप हैं। तीनों ही शुक्रों के संयोग से मण्डल निर्मित होता है। एक–एक मण्डल में एक–एक अक्षर कला, एक–एक क्षर कला और एक–एक शुक्र की प्रधानता का उल्लेख है।

स्वयम्भू मण्डल, परमेष्ठी मण्डल एवं सूर्य मण्डल का विवरण मिलता है। तृतीय सूर्य मण्डल में इन्द्र अक्षर पुरुष, वाक् क्षरपुरुष एवं अग्नि शुक्र प्रधान है। अग्नि–शुक्र प्रधानता के कारण सूर्य मण्डल अत्यन्त क्रम परिवर्तित होता है। सूर्य मण्डल में क्रम अग्नि, अप्, वाक् होता है। चन्द्र मण्डल में (चतुर्थ मण्डल) सोम अक्षर पुरुष, अन्न क्षरपुरुष एवं अप्प्रधानता हैः ''सोमो राजा अन्नम्, सोम राजानं देवा भयक्षन्ति।''

पृथिवी पिण्ड पाँचवें मण्डल में है। ''पृथिवी पिण्ड में अग्नि अक्षरपुरुष, अन्नादि क्षरपुरुष एवं वाक् शुक्र प्रधान है।'' स्वयम्भू–मण्डल वाक् शुक्र प्रधानता से ''आकाश का गुण शब्द'' है। स्मरण रहे कि वेद वाक् का ही रूप है। अतः स्वयम्भू मण्डल को ब्रह्मा वेदमयः कहा गया है। तीनों वेद ऋग्यजुःसाम समूचे ब्रह्माण्ड में व्याप्त हैं (आधुनिक भौतिक विज्ञान ने स्वीकारा कि वेद की ऋचाएँ आकाश में उपलब्ध हैं।)। दूसरे ''परमेष्ठी मण्डल में पंचभूत–क्रम में वायु व्याप्त है।'' परमेष्ठी मण्डल को आपोमय (सोममय) कहते हैं। इसी का सोम तत्त्व (एवं इन्द्र तत्त्व ) समस्त ब्रह्माण्ड में है। ब्रह्माण्ड का कोई स्थान रिक्त नहीं है। त्वमाततन्थोर्वन्तरिक्षम्। यह सोम सूर्य किरणों से आकर्षित होकर सूर्यमण्डल में गिरता है। ब्रह्मविद्या में हमारी त्रिलोकी का सर्वस्व सूर्य है। अर्थात सूर्यमण्डल अधिष्ठाता ईश्वर है। सूर्य मण्डल के तीन तत्त्व–ज्योतिः, गोः, वायुः, ब्रह्माण्ड में फैलते हैं। समस्त ब्रह्माण्ड के प्रकाश का केन्द्र सूर्य है। प्रकाश एवं रूप के लिए ज्योति शब्द प्रयोग में

आता है। रूप ही तेज है। ''गो तत्त्व'' रसों का अधिष्ठाता है। सूर्य किरणों को रस प्रदाता होने से ''गो'' नाम मिला। वेद में गो शब्द सूर्य किरण, ज्ञान, पृथिवी, वाणी, तारे, आकाश, दिशा, बुद्धि, माता, जल, गाय आदि के लिए प्रयुक्त है। गो का शाब्दिक अर्थ गाय नहीं लिया जा सकता है, वैसे गाय भी गोरस प्रदान करती है। वैदिक विचार में सूर्य किरणें प्रधान रूप से गाय में रहने से गो नामकरण मिला। सूर्य मण्डल में प्राण तत्त्व है।

''पंचम मण्डल पृथिवी को वेद में अग्निगर्भा, रूप ज्योति, अग्नि सोम संयोग आदि कहा गया।'' पृथिवी गर्भ में अग्नि प्राण व्याप्त है। अन्नाद उसी की क्षरपुरुष की अवस्था है। यह चन्द्र मण्डल के सोम को निवाला बनाता है। पृथिवी प्राणभूत अग्नि से अपने तत्त्वों को उर्ध्वलोकों को भेजती है। ये वाकः, गोः, द्यौ हैं। वेद विज्ञान में पृथिवी के पंचम मण्डल होने से पंचभूत संज्ञा मिली।

वैदिक विज्ञान का पंच महाभूत सिद्धान्त न्याय दर्शन–वैशेषिक दर्शन से आया। सांख्य दर्शन में भूतों में प्रत्येक की पाँच–पाँच अवस्थाएँ स्वीकार की गई। योग दर्शन के व्यास भाष्य में उनके नाम–अणु, रेणु, सत्त्व, स्कन्ध एवं गुण हैं। महाभूतों की प्रथम विशुद्ध अवस्था गुण है। ये ही तन्मात्रा हैं। ये पाँच तन्मात्राएँ–शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध महाभूतों के शुद्ध रूप हैं। ''आगम में इन्हें नया नाम कला तत्त्व एवं भुवन मिला।'' पंचमहाभूत सिद्धान्त के अन्तर्गत पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ–श्रौत, त्वक्, चक्षुरसना एवं घ्राण हैं। वहीं पाँच ही कर्मेन्द्रियाँ–वाक्, पाद, पाणि, पायु, उपस्थ का काम करती हैं। ''पृथिवी को तन्मात्रा में गन्ध'' माना गया।

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के एक सौ चौसठवें सूक्त में पृथिवी की नाभि कहाँ है और समाप्ति कहाँ होती है, प्रश्न किया गया।

पृच्छामि त्वा परमन्तं पृथिव्याः पृच्छामि यत्र भुवनस्य नाभि।

(ऋग्वेद 1.164.34)

इसका उत्तर कहा गया कि (यज्ञ) वेदी ही पृथिवी का सबसे अन्तिम स्थान है। अर्थात् पृथिवी का अन्त वेदी है और समस्त भुवनों की

नाभि यज्ञ है। श्रीमाधवाचार्य ने ऋग्वेद–भाष्य में लिखा हैः एतावती वै पृथिवी यावती वेदिरिति श्रुतेः। इसका भावार्थ यह है कि समूची वेदी रूपी पृथिवी पर सूर्य किरणों के सम्बन्ध से निरन्तर यज्ञ सम्पन्न हो रहा है। पृथिवी में अग्नि अभिव्याप्त होने से आहुति ग्रहण हो रही हैं।

वेद में पृथिवी को कृष्णा कहा गया है। ''पृथिवी काली किरणों का समूह है।'' शतपथ ब्राह्मण (131.2.1.7) में लिखा है : चन्द्रमा वै ब्रह्मा कृष्णः। चन्द्रमा भी कृष्ण है। श्रुतियों में पृथिवी को सर्वत्रकृष्णा और सूर्य का ऊपरी कवच हिरण्यावर्णा वर्णित है। हिरण्य में लाल एवं पीत रंग का योग होता है। पृथिवी के कृष्ण रंग के संयोग से हरित (हरा) रंग हुआ। सप्त लोकों में परमेष्ठी मण्डल भी कृष्ण है। परमेष्ठी मण्डल से आगे प्रकाशमय श्वेतवर्ण स्वयम्भू मण्डल है। इसको आग्नेयमण्डल होने के कारण उसे ''रुद्र मण्डल'' कहा जाता है। यही मण्डल सर्वव्यापक होने के कारण ईश्वर रूप है। श्वेत वर्ण युक्त ''रुद्रमूर्त्ति'' का सर्वांग विभूति से आच्छन्न है। यह ''विभूति चैतन्य स्वरूप'' है। यह उल्लेखनीय है कि पाँचों मण्डलों के प्राण समस्त पार्थिव पदार्थों में व्याप्त हैं। उनमें से सौर जगत् में सूर्य प्राण आच्छन्न होकर गुप्त रहते हैं। उसी का भाव श्वेत विभूति है। दूसरे शब्दों में पार्थिव तत्त्व, पदार्थ, देह दहन के बाद विभूति शेष रहती है। विभूति–भस्म में परमेष्ठी मण्डल का अंश है। विभूति में प्राणमय, अन्नमय, मनोमय कोष है। यह दिव्य चैतन्य तत्त्व है। रुद्र मण्डल ही विभूति से समूचे ब्रह्माण्ड का सृजन करते हैं। अथवा सृष्टि की उत्पत्ति होती है। बृहज्जावालोपनिषद् के द्वितीय ब्राह्मण में रहस्योद्घाटन किया है : ''इस विश्व के आत्मा अग्नि एवं सोम हैं। रुद्र का शरीर घोर तेज अग्नि है। सोम अमृतमयी शक्ति रूप है। अमृत–रूप सोम सबकी प्रतिष्ठा है। तेज (अग्नि) विद्या एवं कला में व्याप्त है। समस्त सूक्ष्म भूतों में सोम (रस) एवं अग्नि (तेज) है। सूर्य एवं अग्नि तेज के दो रूप हैं। रस–अप्–आपः और अनिल–वायु सोम के दो रूप हैं। प्रकारान्तर में तेज के विद्युत् आदि एवं तेज के मधुर आदि विभाग हैं। यह चराचर जगत् रस एवं तेज से है। अग्नि से ही सोम अमृत होता है और सोम से अग्नि में वृद्धि हाती है। अतः अग्नि और सोम के परस्पर हविर्यज्ञ से समस्त जगत् उत्पन्न है (ब्रह्मज्ञानी अग्नि, सोम को एक ही

तत्त्व भी कहते हैं।)।'' रुद्र एवं रुद्राणी को अभेद कहा गया है। यह व्याख्या की गई कि अग्नि पुरुष एवं सोम स्त्री है। रुद्र शिव ज्ञान स्वरूप–रस स्वरूप एवं शक्ति रुद्राणी उमा क्रिया रूपा हैं। अथवा विश्वरूप–विराट् रूप रुद्र शिव है और उस पर ज्ञानरूपा–ज्ञानशक्तिरूप–चित्कलारूपा भगवती रुद्राणी उमा खड़ी है।

पृथिवी तत्त्व में अग्नि, सोम की दिव्य चेतनायुक्त शक्ति का होना स्वाभाविक परिणति है। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के नवासीवें सूक्त की दशम् ऋचा में विश्व की देवता अदिति है। महर्षि पाणिनी के अनुसार ''अदिति सृष्टि का अक्षय अखण्डनीय अधिकरण'' है। ब्रह्मविद्याविद ''अदिति को अनन्त अखण्ड ऊर्जा स्रोत अथवा शक्ति'' कहते हैं। परिणामतः पृथिवी तत्त्व में अदिति की दिव्य अखण्ड ऊर्जा का अंश होना स्वभाविक है।

पश्चिमी अध्येता (श्री ए.ए. मैकडौनल) अदिति को बन्धन से मुक्ति की धारणा का मूर्त्तीकरण कहते हैं। यद्यपि कुछ पश्चिमी अध्येता अदिति की अनुल्लंघनीयता, अक्षयता की अनन्त देवी के मूर्त्तीकरण का द्योतक कहते हैं। प्रकारान्तर में प्रकाश को धारण करनेवाले चिरन्तन सिद्धान्त में अदिति की व्याख्या की गई। सेन्ट पीटर्सबर्ग कोश में ''अदिति आकाश की असीमता के मूर्त्तीकरण'' रूप में है। ''वेदिशे स्टूडियन'' में घोषणा की गई कि अदिति पृथिवी का प्रतिनिधित्व करती है। निघण्टु में अदिति को पृथिवी, वाच्, गो और द्विवाचक द्यावापृथिवी समानार्थी के रूप में रखा है। ''पृथिवी में सभी दैवी गुण हैं, अर्थात भौतिक (मिट्टी) पृथिवी में समस्त दैवी शक्ति के अंश हैं।'' यह महान पृथिवी धरती– क्षमा, मही– महान, दृलृहा– दृढ़, आर्जुनी– प्रदीप्त, विस्तृत–पप्रथत्, दयालु–करूणामयी माता, भृमी–भूमि, क्षम्, ग्मा, उर्वी–चौड़ी, उत्ताना–विस्तृत, असीम–अपारा, इदम, उर्ध्वलोक, सर्पराज्ञी, कृष्णा, धरणी, मातृ, अदिति आदि पंच शती नाम प्राप्त हुए। ये ''पंच शती नाम पृथिवी के दिव्य तत्त्व का गोपनीय से गोपनीय रहस्य परत दर परत उद्घाटित करते हैं।'' वेद में पृथिवी तत्त्व के अखण्ड अनन्त अक्षय ऊर्जा अदिति से सम्बन्ध को ध्यान में रखकर इसे गुह्य से गुह्यतम रखने की अघोषित परम्परा रही। पवित्रतम् कैलास के समीप हिमनदों में स्थित

अदृश्य सिद्धाश्रमों में ''पृथिवीविद्या, सूर्यविद्या, वरुणविद्या, आकाशविद्या, वायुविद्या, नक्षत्रविद्या, स्वरविद्या, शब्दविद्या आदि कठोरतम परीक्षा के बाद ही चयनितों को उनतालीस लाख वर्षों से दी जा रही है।'' इन सिद्धाश्रमों की ''गुप्तब्रह्मविद्या संसद'' भी एक पहेली है (कैलास महारहस्यम्)।

श्रुतियों में आठ अवस्थाओं के संघात को पृथिवी की संज्ञा दी है। यह पृथिवी संरचना का गुह्यज्ञान है। इसको ब्राह्मण ग्रन्थों में विस्तार से समझाया गया है। यह भौतिक विज्ञान के धरातल पर भी खरा उतरता है।

''सोऽकामयत।भूय एव स्यात्प्रजायेतेति, सोऽश्राम्यत्

स तपोऽतप्यत्, स श्रान्तस्तेपानः फेनमसृजत।

सोऽवेदन्याद्वा एतद्रूंपम्। भूयौ वै भवति श्राम्याण्येवेति।

स श्रान्तस्तोपानो मृदं शुष्कापमूष सिकतं शर्करामश्मानमयो

हिरण्यमोषधिवनरूपत्यसृजत् तेनेमां पृथिवीं प्राच्छादयत्।''

वैदिक विज्ञान के अध्येताओं ने इसी आधार पर पृथिवी तत्त्व की व्याख्या की है। पृथिवी की अबूझ पहेली यह है कि सुवर्ण को अग्नि का रेत (वीर्य) कहा गया है। देवकथाओं में महारुद्र के रेत को पारद की संज्ञा दी गई है। जम्बूद्वीप में रसज्ञ पारद का स्वर्ण में रूपानान्तरण करने की गुप्तविद्या जानते रहे (बीसवीं शती के अन्तिम दशक तक कविराज नानक चन्द्र शर्मा ने पारद से स्वर्ण निमार्ण की रससिद्धि का प्रयोग किया। वैदिक काल से रससिद्ध आवश्यकतानुसार स्वर्ण का सृजन करते रहे। नाईन अननोन में भूगर्भ में स्वर्ण के कारूँ के खजाने का उल्लेख है। त्रेतायुग में महारुद्र के महान भक्त लंकेश्वर दशानन रावण रससिद्धि से स्वर्ण उत्पादित करते रहे।)। इन आठ अवस्थाओं के प्रारम्भ में जल के ऊपर वायु के प्रचण्ड प्रवाह भ्रमण करते हैं। वायु प्रवाह के दौरान कुछ वायु जल के अन्दर प्रवेश करती है। फलरूवरूप जल में बुदबुदे बनते हैं। इस निरन्तर प्रक्रिया से कभी कभार वायु का कुछ अंश बाहर नहीं निकल पाता और घनीभूत होने लगता है। वायु की रूक्षता

एवं जल की स्निग्धता परस्पर विरूद्ध धर्मा होने से संघर्ष होता है। दोनों तत्त्वों के मैथुन धर्म से तीसरे तत्त्व की सृष्टि होती है। दोनों तत्त्व तिरोहित हो जाते हैं। जल–वायु की मैथुन धर्म सृष्टि से फेन की उत्पत्ति होती है।

सूर्य रश्मियों का प्रतपन फेन पर होता है। उसमें वायु में संक्रान्त चिक्कण तत्त्व भी प्रविष्ट होता है। यह आवागमन–रूप यानी यज्ञ–प्रक्रिया से फेन का रूपानान्तरण मृत्स्ना अथवा पॉक में होता है। मृत्स्ना–पॉक पर सूर्य किरणों एवं वायु के संघर्ष से सिकता का निमार्ण हो जाता है। सिकता आमतौर पर नदियों के मुहानों पर मिलती है। सिकता संवेदनशील संगणक–इलक्ट्रोनिक प्रौद्योगिकी की आधारशिला बनी है (पश्चिमी सिलीकॉन घाटी इस प्रौद्योगिकी की काशी बनी है।)। सूर्य देवता की प्रखरता से सिकता कठोरतम शर्करा का नवरूप ग्रहण करता है। शर्करा एक तरह से कठोर मृत्तिका या कंकड़ है। शर्करा प्रकारान्तर में पाषाण–पत्थर का रूपाकार लेता है। इसी पाषाण को सूर्य की मारक रश्मियाँ लोहा और दूसरी धातुओं–खनिजों का रूप प्रदान करती हैं।

यह स्मरण रहे कि सूर्य किरणें धातुओं में अधिक प्रवेश करती हैं। वैदिक विज्ञान के अनुसार भिन्न–भिन्न धातुओं की उत्पत्ति के अन्त में सुवर्ण–सोना बनता है। ''सुवर्ण सभी धातुओं का गुरूभूत है। सूर्य की रश्मियाँ तैजस तत्त्व है। इसी आधार पर सोना तैजस या अग्नि का रेत है।'' अध्यात्मिकों का एक वर्ग ''हीरा'' को वज्र कहता है। भौतिक विज्ञान के लिए इस वैदिक विज्ञान एवं पृथिवी तत्त्व को स्वीकारना आसान नहीं है। बीसवीं शती में ज्ञानगंज दीक्षित स्वामी विशुद्धानन्द परमहंस ने सूर्यविद्या से हीरा रचना का चमत्कार दिखाया। श्रुति में पृथिवी को जल से उत्पन्न होने के कारण पुष्करपर्ण की संज्ञा मिली।

वेद विज्ञान कहता है कि समुद्र जल में ये आठों तत्त्व प्लावित होते हैं। सृष्टि रचियता की इच्छा से ये तत्त्व एकत्रित हो जाते हैं। विशेष प्रकार की वायु के दबाव में ये तत्त्व विदीर्ण नहीं होते हैं। श्रुतियों में इसी ''विशेष वायु का नाम वराह'' है। वह वायु पृथिवी पर चारों ओर से संघात रूप बना देती है।।।ऊँ।।

# वैदिक विज्ञान एवं पृथिवी तत्त्व

स्योना पृथिवी भवानृक्षरा निवेशनी।

यच्छा नः शर्म सप्रथः।। ऋग्वेद 1.22.15।।

सृष्टिविद्या ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के बाइसवें सूक्त के पन्द्रहवें मन्त्र का विषय पृथिवी है और ऋषि मेधातिथि काण्व हैं। मन्त्र द्रष्टा ऋषि ने कहा है कि हे पृथिवी! आप सुखदायिनी, कण्टकरहित और हमारा निवास करनेवाली बनें एवं हमें विस्तृत सुख प्रदान करें। सोलहवीं ऋचा में कहा कि समूचे विश्व को व्यापने वाला देव विष्णु कहलाता है। वह व्यापक देव सात धामों से पृथिवी पर विक्रम करता है। ये "सात धाम पृथिवी, आपः, तेज, वायु, आकाश, तन्मात्रा एवं महत्तत्व" हैं। इनमें व्यापक परमेष्ठी अपना विक्रम दिखाता है। यहाँ इसका पराक्रम सतत निर्बाध चल रहा है। इस व्यापक परमेश्वर की महिमा से समस्त नक्षत्रादि तेजोलोक और अग्न्यदि देव अपना कार्य करने में समर्थ हुए हैं। उस व्यापक देव का सामर्थ्य लेकर ये सभी देव हमारी सुरक्षा करें (ऋग्वेद 1. 22.16)।

मा नो रक्षो अभि नट्यातुभावतमपोच्छत मिथुना या किमीदिना।

पृथिवी नः पार्थिवात् पात्वंहसो ऽन्तरिक्षं दिव्यात् पात्वस्मान्।।

।।ऋग्वेद 7.104.2।।

इस 104 वें सूक्त (मण्डल 7) की तेइसवीं ऋचा में पृथिवी से प्रार्थना की है कि हमें पार्थिव पापों से बचाये। अन्तरिक्ष आकाश में होने वाले पापों से रक्षा करें। हमसे यातना देनेवाले नर नारी दूर रहें और हमें राक्षस विनष्ट नहीं करें। यह ऋचा पृथिवी देवता की दिव्य शक्ति, तेज का संकेत देता है।

पुनर्नो असुं पृथिवी ददातु पुनर्द्यौदेवी पुनरन्तरिक्षम्।

पुनर्नः सोमस्तन्वं ददातु पुनः पूषा पथ्यां 3 या स्वस्तिः।।

।।ऋग्वेद 10.59.1।।

इस ऋचा में पृथिवी देवता से पुनः जीवन–प्राणदान करें की प्रार्थना की गई है। यह भी कहा है कि अन्तरिक्ष देवता एवं द्युलोक पुनः प्राण प्रदान करें। सोम हमें शरीर दे, और सर्वपोषक पूषा हितकर वाणी प्रदान करने की कृपा करे। हमें स्वस्ति वचन प्रदान करें, जिससे हमारा कल्याण हो।

## रुद्र की माया

स हि क्षयेण क्षम्यस्य जन्मन् साम्राज्येन दिव्यस्य चेतति।

अवन्नवन्तीरूप नो दुरश्चराऽनमीवो रुद्र जासु नो भव।।

या ते विद्युदवसृष्टा दिवस्परि क्ष्मया चरति परि सा वृणक्तु नः

सहस्रं ते स्वपिवात भेषणा मा नस्तोकेषु तनयेषु रीरिषः।।

।।ऋग्वेद 7.46.2–3।।

वह रुद्र पृथिवी के ऊपर जन्मे मनुष्यों के निवास हेतु रूपी धन से जाना जाता है (धन का अर्थ अलग है।) और दिव्य जीवन वाले मनुष्य के साम्राज्य ऐश्वर्य से जाना जाता है। हे वैदिक देवों के शास्ता रुद्र! आप हमारी अपनी प्रजा का संरक्षण करके हमारे यहाँ पधारो। प्राणीमात्र (पृथिवी पर) को निरोग करो। इसका भावार्थ यह है कि शास्ता रुद्र शासक पृथिवी पर मनुष्यों का निवास सुखपूर्ण करें। सर्वत्र दिव्य जीवन का साम्राज्य हो। सभी दिव्य जीवन व्यतीत करें। प्रजाजन की सुरक्षा हो। पृथिवी पर आकाशस्थ मेघों से गिरने वाली विद्यत् किसी प्राणी पर नहीं गिरे। इस पृथिवी पर हजारों ओषधियाँ हैं, उनसे प्राणीमात्र आरोग्य रहे। पृथिवी की सन्तान पुष्ट हों। यह पृथिवी और रुद्र के अन्तर्सम्बन्धों की कुंजी है।

प्र वो महिमरमतिं कृणुध्वं प्र पूषणं विदथ्यं 1 न वीरम्।

भर्ग धियोऽवितारं नो अस्याः सातौ वाजे रातिषाचं पुरैधिम्।।

।।ऋग्वेद 7.36.8।।

इस पृथिवी पर मनुष्य अपने लिए विस्तृत कार्यक्षेत्र का निमार्ण करे। (जीवन के) युद्ध में जाकर विजय प्राप्त करनेवाले एवं वीरों का पोषण करनेवाली सन्तान उत्पत्ति करे। वह बुद्धिपूर्वक किए गए उत्तम कर्मों की रक्षा करे और युद्ध (जीवन संघर्ष में भी) पुर का संरक्षण, दानशील एवं बलवान हो (ऋग्वेद 7.36.8)। इस ऋचा में पृथिवी के लिए ''मही'' शब्द प्रयोग में लिया गया है।

## पृथिवी स्थरीकरणकर्ता : सविता

सविता यन्त्रैः पृथिवीमरम्णादस्कम्भने सविता द्यामदृंहत।

अश्वमिवाघुक्षद्धुनिमन्तरिक्षमूतर्ते बद्धं सविता समुद्रम।।1।।

यत्रा समुद्रः स्कभितो व्यौनदपां नपात् सविता तस्य वेद।

अतो भूरत आ उत्थितं रजो ऽतो द्यावापृथिवी अप्रथेताम्।।2।।

।।ऋग्वेद 10.149.1–2।।

सृष्टि को प्रसव देनेवाला सविता देव अपने (वृष्टि) दान आदि नियंत्रण साधनों से पृथिवी को सुस्थिर करता है, अर्थात रमणीय करता है। सविता देवता बिना अवलम्बन के आकाश में द्यु को दृढ़ रूप से स्थापित करता है। अश्व (सूर्य, ब्रह्म आदि) के समान गात्र कम्पित करनेवाले मेघ (अध्यात्मिक अर्थ इतर) को जो निराधार आकाश में स्थितबद्ध है; उससे सविता जल दोहन कर पृथिवी पर वृष्टि करता है। जिस स्थान पर रहकर समुद्र के समान महान स्तम्भित मेघ विशेष रूप से पृथिवी को आर्द्र करता है। हे अपां नपात् (जलों को थामनेवाली अग्नि) उस प्रेरक स्थान को सर्वप्रेरक सविता देवता जानता है। इससे ही भूमि (पृथिवी) उत्पन्न हुई, अन्तरिक्ष का निमार्ण हुआ। साथ ही द्यावापृथिवी विस्तीर्ण हुई। इन दो ऋचाओं में मन्त्र द्रष्टा ऋषि ने सविता द्वारा पृथिवी, अन्तरिक्ष और द्यु की उत्पत्ति और पृथिवी के अन्तरिक्ष में स्थिर होने का गुप्तब्रह्मज्ञान प्रतीकों आदि से दिया है (10.149.1–2)।

उभे यत्त्वा भवतो रोदसी अनु रेजते शुष्मात् पृथिवी चिदद्रिवाः।।

।।ऋग्वेद 10.147.1।।

(हे इन्द्र!) द्यावापृथिवी दोनों आपके अधीन है। आपके बल से यह विशाल अन्तरिक्ष कांपता है। (10.147.1)।

ईळे द्यावापृथिवी पूर्वचित्तये ऽग्निं धर्मं सुरूचं यामन्निष्टये।

यभिर्मरे कारमंशाय जिन्वथस्ताभिरू षिऊतिभिरश्विना गतम्।।1।।

मैं पृथिवीलोक, द्युलोक और उसमें रहनेवाली अग्नि की सर्वप्रथम स्तुति करता हूँ, ताकि मेरा यह यज्ञ सफल हो एवं उसमें मेरा चित्त लगा रहे। अश्विदेवो! आप दोनों कुशल शूर पुरुष को युद्ध में अपना भाग प्राप्त कर लेने के लिये रक्षक शक्तियों के साथ प्रेरित हो। हमारे पास उन संरक्षक शक्तियों के साथ पधारकर सुरक्षा करें। देवता से मानव अपना सत्कर्म सफल बनाने की भावना से प्रार्थना उपासना करता है। शूर को अपना न्याय्य भाग प्राप्त करने के लिए आवश्यक संघर्ष, युद्ध के लिए प्रेरणा दें। नियंता शूर मानव की हर प्रकार की सुरक्षा सहायता का प्रबन्ध करे (ऋग्वेद 1.112.1)।

## सृष्टि : हिरण्यगर्भ

हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः परितेक आसीत्।

स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमा कस्मै देवाय हविषा विधेम।।1।।

।।ऋग्वेद 10.121.1।।

इस सृष्टि के निमार्ण होने से पहले हिरण्यगर्भ परमात्मा विद्यमान रह। वही उत्पन्न समस्त जगत् एकमात्र अद्वितीय स्वामी है। वह पृथिवी एवं अन्तरिक्ष को भी धारण करता है। हम सुख प्रदाता परमात्मा की हवि के साथ उपासना–पूजा करते हैं। इस ऋचा का विषय ''कः'' अर्थात् प्रजापति–आकाश–ब्रह्म है। ऋचा के अनुसार परमेष्ठी पृथिवी एवं अन्तरिक्ष का सृजन करता है और धारण करता है (ऋग्वेद 10.121.1) ।

आ यस्ततन्थ रोदसी वि भासा श्रणोभिश्च 1 स्तरूत्रः।

बृहद्‌भिर्वाजैः स्थविरेभिरस्मे रेवद्‌भिरग्न वितरं वि भाहि।।

।।ऋग्वेद 6.1.11।।

इस द्युलोक में सूर्य के रूप में और पृथिवी लोक में पार्थिव अग्नि के रूप में उसी अग्निका प्रकाश फैल रहा है। वही महातेजस्वी परमात्मा सभीको संकटों से तारनेवाला होने के कारण यशों में यशस्वी है। वह सर्वशक्तिमान होने के कारण समस्त शक्तियों से सम्पन्न है और सभी ऐश्वर्यों से परिपूर्ण है(ऋग्वेद 6.1.11)।

## सविता : पृथिवी पर सप्त समुद्र

अष्टौ व्यख्यत् ककुभः पृथिव्यास् त्री धन्व योजना सप्त सिन्धून्।

हिरण्याक्षः सविता देव आगाद् दधद्रत्ना दाशुषे वार्याणि।।8।।

हिरण्यपाणिः सविता विचर्षणिरूभे द्यावा पृथिवी अन्तरीक्षयते।

अपामीवां बाधते वेति सूर्यमभि कृष्णेन रजसा द्यामृणोति।।9।।

।।ऋग्वेद 1.35.8–9।।

पृथ्वी की आठों दिशाओं को सूर्य प्रकाशित करता है। यह सातों सिन्धुओं को प्रकाशित करता है। यह तेजस्वी स्वर्ण सरीखी आभावाला सविता देव द्यावापृथिवी के बीच में संचार करता है। इसे रोग निवारण होने से सूर्य कहते हैं। यह रोग बीजों को दूर करता है। नहीं पचे हुए अन्न को आम कहते हैं। इस आम से रोग की उत्पत्ति होती है। सूर्य से पाचनशक्ति है और रोगबीज नष्ट होते हैं। मन्त्र द्रष्टा ऋषि हिरण्यस्तूप आङ्.गिरस ने सविता देवता का उल्लेख करते हुए पृथिवी पर सूर्यरूपी सविता के कार्यों को चिन्हिता किया है (1.35.8–9)।

## पृथिवी : मानवीय सद् आकांक्षाएँ

सुक्षेत्रिया सुगातुया वसूया च यजामहे।

अप नः शोशुचदघम्।।ऋग्वेद 1.97.2।।

इस ऋचा में पृथिवी पर परमेष्ठी की सर्वोत्कृष्ट कृति मानव की तीन शुभेच्छायें स्थिर रहने की प्रार्थना की है। प्रथम–उत्तम देश में रहना, द्वितीय–उत्तम मार्ग (अध्यात्मिक, आधिदैविक, सार्वलौकिक, सार्वकालिक, सार्वजनिन, आधिभौतिक, भौतिक) से जाना और तृतीय–उत्तम धन(नैतिक कार्यों, सुपरिश्रम) प्राप्त करना। ये तीनों इच्छायें भूलोक निवासी के मन में रहें। इनके अलावा यज्ञ(सुकार्य, परमेष्ठी को आत्म समर्पण, त्याग, परमार्थ) करने की इच्छा भी रहे, क्योंकि यज्ञ मनुष्य का हृदय निर्मल बनाता है, अभ्योद्‌य, उन्नति करनेवाला है (ऋग्वेद 1.97.2)।।

त्रिविष्टिधातुं प्रतिमानमोजसस्तिस्रो भूमिर्नृपते त्रीणि रोचना।

अतीदं विश्वं भुवनं ववक्षिथाशत्रुरिन्द्र जनुषा सनादसि।।8।।

।।ऋग्वेद 1.102.8।।

हे मनुष्यों के पालक इन्द्र! आपके बल का परिमाण तीन गुना है। आप ही तीन भूमियों (तीन लोकों) और तीन तेजों को एवं इस सारे भुवनों को संचालित कर रहे हैं। आप जन्म से ही शत्रुरहित हैं (1.102. 8)।

## समूचा विश्व कुटुम्ब : विश्व बन्धुभाव : विश्वनीडम्

अमी ये सप्त रश्मयस्तत्रा मे नाभिरातता।

त्रितस्तद् वेदाप्त्यः स जामित्वाय रेभति वित्तं मे अस्य रोदसी।।

।।ऋग्वेद 1.105.9।।

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 105 वें सूक्त में ''समूचा विश्व कुटुम्ब'' है का सार्वजनिन, सार्वकालिक, सार्वलौकिक विचार की सिंहगर्जना की गई है। यानी वेदकाल 39 लाख वर्ष पूर्व समूचा विश्व मनुष्य का कुटुम्ब है कि अवधारणा केन्द्र में रही। उस समय जम्बूद्वीप के अलावा कहीं उन्नत सभ्यता संस्कृति नहीं रही। इस ऋचा के अनुसार जहाँ तक सूर्य की किरणें प्रकाशवान हैं, वहाँ तक मनुष्य का परिवार हो और सम्पूर्ण विश्व मनुष्य का कुटुम्ब–परिवार हो। आप्त पुरुषों की यही इच्छा होती है कि सर्वत्र बन्धुभाव की स्थापना हो। सभी मनुष्य सम्पूर्ण

बन्धुभाव स्थापित करने का प्रयास करें। विश्वभर में प्रेम का प्रसार करें (ऋग्वेद 1.105.9)।

## अन्तरिक्ष में विमानन

यदिन्द्राग्नि परमस्यां पृथिव्यां मध्यमस्यामवमस्यामुत स्थ।

अतः परि वृषणावा हि यातमथा सोमस्य पिबतं सुतस्य।।11।।

पृथिवी, पर्वत, ओषधि, जलस्थान, आकाश आदि में इन्द्र एवं अग्नि आते हैं। आकाश, द्युलोक में विमानों से संचार होता है। बलवान देव वहाँ से आकर सभी स्थानों की रक्षा करते हैं (ऋग्वेद 1.108.11)।।

एषा दिवो दुहिता प्रत्यदर्शि व्युच्छन्ती युवतिः शुक्रवासाः।

विश्वस्येशाना पार्थिवस्य वस्व उषो अद्येह सुभगे व्युच्छ।।7।।

यह द्युलोक की सुपुत्री उषा अन्धकार को दूर करती है। मन्त्र द्रष्टा कवि ने काव्यात्मक उपमा में कहा है कि यह चिरयुवॉ उषा शुभ्रवस्त्र पहननेवाली और सम्पूर्ण पृथिवी के धन की स्वामिनी है। कवि ने अन्त में उषा से सर्वत्र प्रकाशित होकर अन्धकार दूर करने की प्रार्थना की है (ऋग्वेद 1.113.7)।

## सावित्री उपासना तत्त्व

अद्या देवा उदिता सूर्यस्य निरंहसः पिपृता निरवद्यात्।

तन्नो मित्रो वरुणो मामहन्तामदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः।।6।।

।।ऋग्वेद 1.115.6।।

(पृथिवी के) मानवों का संरक्षक है। वह सूर्य संकटों आपत्तियों एवं रोगों से पृथिवीलोक के मानवों की सुरक्षा करता है। अतः सूर्य सभी का उपास्य है। सूर्य जैसे सभी को मार्ग (सद्) दिखाता है, उसी तरह विद्वान् समस्त जन को सच्ची उन्नति का मार्ग दिखावें। वेद ने मानव के सामने सूर्य का आदर्श रखा है। यह सावित्री उपासना का तत्त्व है।

अनु त्वा मही पाजसी अचक्रे द्यावाक्षमा मदतामिन्द्र कर्मन्।

त्वं वृत्रमाशयानं सिरासु महो वज्रेण सिष्वपो वराहुम्।।11।।

।।ऋग्वेद 1.121.11।।

पृथिवी एवं द्युलोक अवर्षण के कारण सन्तप्त रहा, उन्होंने सूर्य को चमकते देखा तो बहुत उत्साहित हुए। उस समय सूर्य ने पानी को रोककर सोनेवाले बादलों को अपनी किरणों से शिथिलकर जल में सुला दिया अर्थात् जब बादल समूचा पानी रोककर बैठ गया, जब सूर्य किरणों से तप्त होकर मेघ जल बनकर पृथिवी पर बरसाया। ग्रीष्म ऋतु में सूर्य बहुत ही तापता है। उसी के साथ सूर्य वर्षा ऋतु में अपनी किरणों से जल बरसाता है। परिणामतः पृथिवी एवं द्युलोक दोनों प्रसन्न होते हैं। इस ऋचा में सूर्य और पृथिवी पर वर्षा के अन्तर्संबन्ध को परिभाषित किया गया है (ऋग्वेद 1.121.11)।।

## पृथिवी पर ग्यारह देव का मर्म

ये देवासो दिव्येकादश स्थ पृथिव्यामध्येकादश स्थ।

अप्सुक्षितो महिनैकादश स्थ ते देवासो यज्ञमिमं जुषध्वं।।

।।ऋग्वेद 1.139.11।।

पृथिवी, द्युलोक एवं अन्तरिक्ष तीनों लोकों में ग्यारह–ग्यारह देव रहते हैं। अतः तीनों लोकों में कुल तैंतीस देव रहते हैं। ये देव अपनी शक्ति से इन स्थानों पर रहते हैं। दूसरे शब्दों में उन देवों को रहने के लिए किसी दूसरी शक्ति की आवश्यकता नहीं है। "इसका वैदिक सन्देश है कि मनुष्य को चाहिए कि वह अपने ही सामर्थ्य से स्थिर रहे। दूसरे की शक्ति के आधार पर प्राप्त की गई स्थिरता अधिक समय तक नहीं टिकती है (ऋग्वेद 1.139.11)

## द्यावापृथिवी : स्वामी अग्नि

त्वं ह्यग्ने दिव्यस्त राजसी त्वं पार्थिवस्य पशुपा इव त्मना।

एनी त एते बृहती अभिश्रिया हिरण्यमयी वक्करी बर्हिराशाते।।6।।

।।ऋग्वेद 1.144.6।।

इस सूक्त के ऋषि दीर्घतमा औचथ्य है और विषय अग्नि है। दीर्घतमा का शाब्दिक अर्थ महाअन्धकार है। ऋचा में कहा है : हे अग्नि! आपा द्यावापृथिवी के स्वामी हैं। इसलिए इस अग्नि का प्रकाश दोनों लोकों में फैलता है (ऋग्वेद 1.144.6)।

अभि द्विजन्मा त्री रोचनानि विश्वा रजांसि शुशुचानो अस्थात्।

होता यजिष्ठो अपां सधस्थे।।ऋग्वेद 1.149.4।।

समस्त विश्व एवं तीनों लोक अग्नि के कारण प्रकाशित होते हैं वह पृथिवी पर अग्नि के रूप में, अन्तरिक्ष में विद्युत् के रूप में, द्युलोक में सूर्य के रूप में और जल में जलग्नि (वडवाग्नि) के रूप में रहता है (ऋग्वेद 1.149.4)।

## सूर्य के तीन पाद एवं पृथिवी

प्र तद विष्णुः स्तवते वीर्येण मृगो न भीमः कुचरो गिरिष्ठाः।

यस्योरूषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा।।2।।

।।ऋग्वेद 1.154.2।।

व्यापक देव सूर्य अत्यन्त विस्तृत तीन पादों (कदमों, चरणों) से सभी भुवनों को नापता है। अर्थात् सूर्य अपनी किरणों से द्यु, अन्तरिक्ष एवं पृथिवी तीनों लोकों को व्याप लेता है, प्रकाशित करता है। सूर्य के आधार पर सम्पूर्ण विश्व है। समस्त विश्व सूर्य से ही प्राणशक्ति प्राप्त करता है। परिणामतः सूर्य को विश्व की आत्मा कहा जाता है। सूर्य अपने पराक्रम से सर्वत्र प्रशंसित होता है। मन्त्र द्रष्टा कवि ने सूर्य की तुलना वनराज सिंह से की है। पुराकथाओं में वेद की ऋचा के आधार पर ही वामन अवतार कथा सामने आयी। जिसमें महादानी दानवराज बलि ने वामन को दान में तीन पाद भूमि देने का वचन दिया। वामन अवतार ने दो पदों में तीनों लोकों को व्याप लेने पर दानवराज बलि से तीसरे पाद का स्थान मांगा। बलिराजा ने अपने मस्तक पर वामन अवतार का पाद रखवाया। परिणामतः दानसम्राट बलिराज सप्त चिरंजीवियों में सम्मिलित हैं (ऋग्वेद 1.154.2)।

## पृथिवी पर काल के चौरानवे अवयव

चतुर्भिः साकं नवतिं च नामभिश्चक्रं न वृत्तं व्यतीँखीविपत्।

बुहच्छरीरो विमिमान ऋक्कभिर्युवाकुमारः प्रत्येत्याहवम्।।6।।

।।ऋग्वेद 1.155.6।।

काल के चौरानवे (94) अवयव होते हैं। वे इस प्रकार हैं— 1 संवत्सर, 2 अयन (उत्तरायण—दक्षिणायन), 5 ऋतु, 12 मास, 24 पक्ष (शुक्ल एवं कृष्ण), 30 दिनरात, 8 याम, 12 मेषवृश्चिकादि राशियाँ (कुल चौरानवे)। सूर्य इन सभी अवयवों को गोल चक्र में घूमाता है। अथवा सभी—कालावयव सूर्य की प्रेरणा से स्वयं घूमते रहते हैं। अतः सूर्य पृथिवी का काल नियामक है। सूर्य सभी समय का नियन्ता है, पर समय का—कालका सूर्य पर कोई प्रभाव नहीं होता है। सूर्य की शक्ति न कभी क्षीण थी न ही कभी होगी। सूर्य देवता ऋचाओं द्वारा स्तुत होकर यज्ञ को प्रेरित करता है। यह सदैव सुकुमार है (ऋग्वेद 1.155.6)।

## पृथिवी : गृहस्थ नियम

एकं चमसं चतुरः कृणोतन तद् वो देवा अब्रुवन तद् व आगमम्।

सौधन्वना यद्येवा करिष्यथ साकं देवैर्यज्ञियासो भविष्यथ।।2।।

।।ऋग्वेद 1.161.2।।

पृथिवी पर गृहस्थियों को चाहिए कि वे अपने अन्न के चार भाग करें, (1) परिवार के लिए, (2) अतिथियों के लिए, (3) पशु पक्षियों के लिए, (4) सेवकों के लिए। यह देवों की आज्ञा है। इस क्रम नियम को माननेवाला सभी की प्रशंसा प्राप्त करता है। इस ऋचा में मनुष्य के कर्तव्य और मानवीय करूणा को सर्वोपरि कहा गया है। प्रकारान्तर में वैदिक सनातन धर्म के बाद के सभी प्राचीन, अर्वाचीन धर्मों में इसी अवधारणा को लिया गया (ऋग्वेद 1.161.2)।

## पृथिवी संवत्सर, कालखण्ड व्याख्या

तिस्रो मातृस्त्रीन् पितृन बिभ्रदेक उर्ध्वस्तस्थौ नेमव ग्लापयन्ति।

मन्त्रयन्ते दिवो अमुष्य पृष्ठे विश्वविदं वाचमविश्वमिन्वाम्।।10।।

द्वादशारं नहि तज्जराय वर्वर्ति चक्रं परि द्यामृतस्य।

अ पुत्रा अग्ने मिथुनासो अत्र सप्त शतानि विंशत्तिश्च तस्थुः।।11।।

पंचपादं पितरं द्वादशाकृतिं दिव आहुः पर अर्धे पुरीषिणम्।

अथभे अन्य उपरे विचक्षणं सप्त चक्रे षळर आहुरिर्पितम्।।12।।

पंचरि चक्रे परिवर्तमाने तस्मिन्ना तस्थुर्भुवनानि विश्वा।

तस्य नाक्षस्तप्यते भूरिभारः सनादेव न शीर्यते सनाभिः।।13।।

सनेमि चक्र मजरं वि वावृत उत्तानायां दश युक्ता वहन्ति।

सूर्यस्य चक्षू रजसैत्यावृतं तस्मिन्नार्पिता भुवनानि विश्वा।।14।।

साकंजानां सप्तथमाहुरेकजं षळद् यमा ऋषयो देवता इति।

तेषामिष्टानी विहितानि धामशः स्थात्रे रेजन्त विकृतानि रूपश।।15।।

यस्मिन् वृक्षे मध्वदः सुपर्णा निविशन्ते सुवते चाधि विश्वे।

तस्येदाहुः पिप्पलं स्वाद्वग्रे तन्नोन्नशद्यः पितरं न वेद।।22।।

।।ऋग्वेद 1.164 : 10,11,12,13,14,15,22।।

यह प्रजापति (अथवा ब्रह्म) अकेला ही तीन माताओं (पृथिवी, अन्तरिक्ष, द्युलोक) और तीन पिताओं (अग्नि, वायु, द्यु रूपी) को धारण करता है, भरणपोषण करता है। परन्तु इनमें लिप्त नहीं होता है। वह इन सभी में रहता हुआ, सबसे परे रहता है, निर्लिप्त रहता है। वह निर्लिप्त होने से दुःख नहीं होता है। ''आकाश का गुण शब्द होने से वाणी आकाश का रूप है। आकाश ब्रह्म का रूप है।'' अतः वाक् भी ब्रह्म का रूप है। यह ब्रह्म सारे विश्व को जानता है और विश्व से परे है। इस ब्रह्म की शक्ति का विचार सभी देव करते हैं(10)।

इस पृथिवी के चारों ओर सूर्य का बारह मासवाला चक्र निरन्तर निर्बाध घूमता है। इसकी प्रचण्ड गति के बावजूद यह चक्र कभी शिथिल अथवा टूटता नहीं है। हमेशा बारह माहों का चक्र चलता रहता है।

अग्निरूप सूर्य के दिनरातरूपी सात सौ बीस जोड़े पुत्र अर्थात् 360 दिन एवं 360 रात्रि हमेशा काम करता है (11)।

अयन, माह, ऋतु, पक्ष, दिन और रात्रि पाँच पैरोंवाला एवं बारह महीने रूप बारह आकृतिवाला, और जल को वर्षा करनेवाला सूर्य द्यूलोक के आधे भाग में रहता है। इसका तात्पर्य यह है कि सूर्य पृथिवी की अपेक्षा से अन्तरिक्ष से परे रहता है। ''यह सूर्य संवत्सर रूपी रथ पर आरूढ़ है।'' इस संवत्सर रूपी रथ के छह ऋतुरूपी छह आरे हैं और अयन, माह, ऋतु, पक्ष, दिन, रात्रि एवं मुहूर्त इन सात चक्रोंवाला है। सूर्य अयन ही माह आदि काल विभागों अथवा एक वर्ष में पूरा करता है(12)।

अयनमास आदि पांच अरोंवाली रथरूपी इस संवत्सर अर्थात ''काल में सभी लोक हैं।'' इस काल से बाहर या इससे परे कोई लोक नहीं है। यह अभूतपूर्व है कि इन लोकों का महाभार सहते रहने पर भी सूर्य के रथ का अक्ष न गरम होता है एवं न ही टूटता है। यह काल अनन्त काल से चलता आ रहा है, पर इस काल की समाप्ति कभी होने नहीं आती (13)।

हमेशा जगत्रूपी चक्र चलता रहता है। इसकी नेमि निरन्तर चलने रहने पर अजेय रहती है, कभी टूटती नहीं है। वह सृष्टा अविनाशी है। जब प्रकृति में गति उत्पन्न होती है, तब प्रकृति में क्रिया उत्पन्न होने से नौ तत्त्व अस्तित्व में आते हैं। आत्मा अविनाशी होने से पूर्व से विद्यमान है। इन्ही दस तत्त्वों से सारा जगत् निर्मित होता है। सूर्य का प्रकाश द्युलोक में घूमता है, और उसी सूर्य के आधार पर सभी लोक स्थित है (14)।

एक ही सृष्टा के विश्व में सात लोक—भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यं हैं। इनमें जुड़वाँ—भूः—भुवः ; स्वः—महः एवं जनः—तपः हैं। सत्य अकेला है। ये सभी ऋषि है एवं देवों से उत्पन्न होनेवाले हैं। इनका अपने—अपने स्थान पर यज्ञ चल रहा है (वेद ने सात व्याहृतियों—भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यं को ऋषि की संज्ञा दी है।)। इनके अलग—अलग रूप होते हुए भी सभी एक प्रजापति के आधार से रहते हैं। इसी क्रम में शरीर की इन्द्रियाँ 2 आँख, 2 नाक, 2 कान और एक

जिव्हा रसना सात हैं। इनमें तीन जुड़वा हैं और रसना ये शरीरस्थ सात ऋषि हैं : सप्त ऋषयः प्रतिहिताः शरीरे। ये देवों से उत्पन्न हुए हैं। सूर्यदेव से आँख, दिशाओं से कान, अश्विनौ देवों से नाक, और जल से रसना पैदा हुई है। ये सभी इन्द्रियाँ अपनी–अपनी जगह मानव जीवनरूपी यज्ञ रचा रही हैं। ये इन्द्रियाँ रूपों में पृथक्–पृथक् हैं, पर सभी एक आत्मा के आश्रय से इस शरीर में रह रहीं हैं (15)।

ऋग्वैदिक ऋषि ने सोलहवीं ऋचा में उद्घोषणा की है कि प्रत्येक स्त्री में आधा पुरुषत्व और प्रत्येक पुरुष में आधा स्त्रीत्व होता है। यह वैदिक अर्धनारीश्वर की घोषणा है। वर्तमान शरीरशास्त्र ने इस मत पर मोहर लगाई है (16)।

इस पृथिवी–संसाररूपी वृक्ष पर मधु अर्थात् प्राण रस को पीनेवाले पक्षी–जीवात्मायें रहती हैं। ये आत्मायें शरीर के साथ संयुक्त होकर जीवात्मायें बनकर प्राणरूपी मधुर रस का पान करती हैं (शतपथ ब्राह्मण 14.1.3.30–प्राणो वै मधुः)। इस संसार वृक्ष में सबसे ऊपर मधुर–मधुर फल लगे हुए हैं। संसार में सर्वश्रेष्ठ बननेवाला ही इन मधुर–मधुर फलों को खा सकता है। सर्वपालक परमात्मा को नहीं जाननेवाला इन फलों को नहीं खा सकता है। परमात्मा ज्ञान से ही श्रेष्ठ बनते हैं। श्रेष्ठ बनकर ही मधुर फलों को पाना निश्चित है (22)।

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 164 वे सूक्त की ऋचाओं में पृथिवी के वर्ष के संवत्सर, बारह माहों, 360 दिन–360 रात्रि, ऋतु, पक्ष (शुक्ल, कृष्ण), अयन एवं सूर्य के परिभ्रमण का सूक्ष्म से सूक्ष्म वर्णन है। सात व्याहृतियाँ, प्रकृति, अर्धनारीश्वर और पृथिवी पर जीवात्माओं की गति का सार है (ऋग्वेद 1.164.10, 11, 12, 13, 14, 15, 22)।

मही द्यौः पृथिवी च न इमं यज्ञं मिमिक्षताम्।

पिपृतां नो भरीमभि।।ऋग्वेद 1.22.13।।

जिस यज्ञ में ये पत्नियाँ (इन्द्रपत्नी, वरुणपत्नी, अग्निपत्नी) (ये सभी उपासक की रक्षा करती हैं।) आती हैं ; वहाँ द्युलोक एवं पृथिवीलोक उत्तम रस सींचते हैं और पोषण युक्त पदार्थ देते हैं।

स त्वमग्ने सौभत्वस्य विद्वानस्माकमायुः प्र तिरेह देव।

तन्नो मित्रो वरुणो मामहन्तामदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः।।

।।ऋग्वेद 1.94.16।।

यह अग्नि ऐश्वर्य प्राप्ति के (अध्यात्मिक, भौतिक, दैविक, आधिदैविक) मार्गों का ज्ञाता है। वह हमारी आयु में वृद्धि करे। हमारी उस आयु की पृथिवी, सिन्धु, आकाश, मित्र, वरुण, अदिति देवता रक्षा करें (ऋग्वेद 3.38.3)।

## द्युलोक पृथिवीलोक एक रहे :

## पृथिवी स्वर्ग एकाकार रहे

नि षीमिदत्र गुह्या दधाना उत क्षत्राय रोदसी समंजन्।

सं मात्रभिर्मभिर येमुरूर्वी अन्तर्मही समृमे घायसे धुः।।3।।

।।ऋग्वेद 3.38.3।।

इस ऋचा के ऋषि प्रजापति आदि हैं। इस ऋचा में रहस्योद्घाटन किया गया है कि द्युलोक (स्वर्ग) और पृथिवी संयुक्त रूप से रहे। यह काल पृथिवी के स्वतन्त्र सृजन के पूर्व का ही रहा होगा। ऋचा का भावार्थ है कि विद्वान देवों के कर्म बहुत ही गोपनीय एवं रहस्यमय होते हैं। उन देवों ने आदि में द्युलोक एवं पृथिवी की संयुक्ताकार रचना की। प्रकारान्तर में उन्होंने इसे नापा एवं दोनों को विस्तृतकर अलग–अलग किया। अर्थात् द्युलोक एवं पृथिवी में कोई अन्तर नहीं था, दोनों पृथक्–पृथक् लोक नहीं थे। देवों ने दोनों को नियन्त्रित कर विभाजित किया। उन दोनों के मध्य में अन्तरिक्ष लोक सृजित किया गया। इस प्रकार दोनों लोकों को विस्तीर्ण बनाया (ऋग्वेद 3.38.3)।

## अनेक रंगवाले अग्नि से पृथिवी प्रकाशित

आ यः स्व 1 र्ण भानुना चित्रो विभात्यर्चिषा।

अंजानो अजरैराभि ।।ऋग्वेद 2.8.4।।

द्युलोक को जिस प्रकार सूर्य प्रकाशित करता है, उसी प्रकार अनेक रंगवाला अग्नि इस पृथिवी को अपनी ज्वाला से प्रकाशित करता है (ऋग्वेद 2.8.4)।

## पृथिवी रचना वर्णन

यः पृथिवीं व्यथमानामदृहद् यः पर्वतान प्रकुपिताँ अरम्णात्।

यो अन्तरिक्षं विममे वरीयो यो द्यामस्तम्नात् स जनास इन्द्रः।

।।ऋग्वेद 2.12.2।।

इस ऋचा में "शिथिला आर्द्रा पृथिवी के कँपित" होने और दृढ़ होने की प्रक्रिया का संकेत है। प्रचण्ड वायु के कारण मृद्, सिकता, पाषाण आदि चलायमान रहे। जैसे मरूस्थल में मिट्टी के टीले वायु प्रवाह से रातों रात स्थान बदलते हैं, चलते हैं। इसी कारण पुराकथाओं–देवकथाओं में पर्वतों के पंख होने का उल्लेख आया है। समुद्र मंथन कथा में महारुद्र सदाशिव के निवास कैलास महापर्वत ने इन्द्र से पंख काटने की शिकायत की। पृथिवी पर पर्वत तक अस्थिर थे। यह पृथिवी संरचना की प्रक्रिया की अहम् घटना रही। मन्त्र द्रष्टा कवि ने काव्य शैली में कहा कि इन्द्र ने काँपनेवाली पृथिवी एवं क्रोधित पर्वतों को स्थिर किया। दूसरे शब्दों में पृथिवी को आवास योग्य किया एवं पर्वतों को रमणीय रूप दिया। उस (परमशक्ति) ने विस्तृत आकाश को भी नाप दिया और द्यौ को व्यवस्थित किया (ऋग्वेद 2.12.2)।

द्यावा चिदस्मै पृथिवी नेमते शुष्माच्चिदम्य पर्वता भयन्ते।

यः सोमपा निचितो वज्रबाहुर्यो वज्रहस्तः स जनास इन्द्रः।।

।।ऋग्वेद 2.12.13।।

पृथिवी, पर्वत, द्यौ का स्वामी इन्द्र है। इसकी शक्ति को देखकर सभी लोक डरकर उनके सामने झुक जाते हैं। वह हमेशा हाथ में वज्र रखता है (ऋग्वेद 2.12.13)।

अस्य मे द्यावापृथिवी ऋतायतो भूतमवित्री वर्चसः सिषासतः।

ययोरायुः प्रतरं ते इदं पुर उपस्तुते वसूयुर्वां महो दधे।।

।।ऋग्वेद 2.32.1।।

पृथिवी एवं द्यु बहुत ही श्रेष्ठ हैं। वे सत्यधर्म के अनुसार चलनेवाली हमारी वाणी की रक्षा करें। उनका बल सर्वोत्तम है। उनसे प्रार्थना है कि हमें धन (अध्यात्मिक, भौतिक) प्रदान करें (ऋग्वेद 2.32.1)।

## पृथिवी गर्भ में अग्नि प्रवाह

उरौ महाँ अनिबाधे ववर्धऽऽपो अग्निं यशसः सं हि पूर्वीः।

ऋतस्य योनावशय् दमूना जामीनाग्निरपसि स्वसृणाम्।।1।।

।।ऋग्वेद 3.1.11।।

यह महान अग्नि, बाधारहित विस्तारवाली पृथिवी में बहता है, अर्थात् पृथिवी गर्भ में अग्नि है। वहाँ बहुत यशवाले घृत अग्नि को भली प्रकार बढ़ाते हैं। यज्ञ के गर्भ स्थान में वास करनेवाला अग्नि परस्पर बहनरूप अंगुलियों द्वारा किए जाने वाले कार्य में शान्तिपूर्वक रहता है (ऋग्वेद 3.1.11)।

पाति प्रियं रिपो अग्रं पदं वे पाति यव्हश्चरणं सूर्यस्य।

पाति नाभा सप्तशीर्षामग्निः पाति देवानामुपमादमृष्वः।।5।।

।।ऋग्वेद 3.3.5।।

दर्शनीय अग्नि सर्वव्याप्त पृथिवी के प्रिय और श्रेष्ठ स्थानों की रक्षा करता है। महान् सूर्य के घूमने के स्थान की रक्षा करता है एवं अन्तरिक्ष के मध्य में मरुत्गणों का पालन करता है। साथ ही देवों को प्रसन्न करनेवाले यज्ञ को पुष्ट करता है (ऋग्वेद 3.5.5)।

प्र य आरूः शितिपृष्ठस्य धासेरा मातरा विविशुः सप्त वाणीः।

परिक्षिता पितरा सं चरेते प्र सर्स्राते दीर्घमायुः प्रयक्षे।।1।।

।।ऋग्वेद 3.7.1।।

## द्यावापृथिवी : माता पिता अवधारणा

उज्ज्वल पीठवाले, सबके धारक अग्नि की जो लपटें ऊपर की ओर फैल जाती हैं वे आकाश–पृथिवी रूपा माता–पिता एवं सात वाणियों में फैल जाती है। पृथिवी–आकाश इस अग्नि के साथ सर्वत्र संचरण करते हैं। वे दोनों अग्नि को उत्तम यज्ञ से दीर्घजीवन प्रदान करते हैं। इस ऋचा के ऋषि गाथिनोविश्वामित्र ने ''पृथिवी एवं आकाश को माता–पिता'' नाम से सम्बोधित किया है। ऋग्वेद से ही पृथिवी, मही, भूमि को माता कहने की अवधारणा प्रारम्भ हुई (ऋग्वेद 3.7.1)।

ज्योतिर्यज्ञाय रोदसी अनु ष्यादारे स्याम दुरितस्य भूरेः।

भूरि चिद्धि तुजसो मर्त्यस्य सुपारासो सववो बर्हणावत्।।8।।

।।ऋग्वेद 3.39.8।।

द्यावापृथिवी के पीछे से सूर्य यज्ञ सम्पन्नता के लिए उदय होता है। हम पापों से दूर रहें। वसु दुःखों से अच्छी पार लगाते हैं। वसुगण भक्ति करनेवालों को समृद्ध बनाते हैं (ऋग्वेद 3.39.8)।

## द्यावापृथिवी के नियम : सत्य

युवोर्ऋतं रोदसी सत्यमस्तु महे षु णः सुविताय प्र भूतम्।

इदं दिवे नमो अग्ने पृथिव्यै सपर्यामि प्रयसा यामि रत्नम्।।3।।

द्यावा पृथिवी के नियम सत्य होते हैं। ये हमेशा अपने नियम में चलते रहते हैं। इसका आशय यह है कि मनुष्य भी नियमों का पालन करते हुए सामर्थ्यवान होता है, उन्नतिशील होता है। इन देवों की कृपा से वह रत्न भी प्राप्त करता है (ऋग्वेद 3.54.3)।

## द्यावापृथिवी जुडवा नामकरण

सामान्या वियते दुरेअन्ते ध्रुवे पदे तस्थतुर्जागरूके।

उत स्वसारा युवती भवन्ती आदु ब्रुवाते मिथुनानि नाम।।7।।

।।ऋग्वेद 3.54.7।।

ये दोनों द्यावापृथिवी संसार के पालन–पोषण रूप कर्म को एक समान करने पर भी एक दूसरे से अलग हैं। इनके छोर भी एक दूसरे से बहुत दूर हैं। ये दोनों अविनाशी स्थान में रहते हैं। ये दोनों चिरयुवाँ बहनें जब अस्तित्व में आती है, तभी से रोदसी, द्यावापृथिवी आदि युग्ल नाम से सम्बोधित किया जाने लगा है (ऋग्वेद 3.54.7)।

## ब्रह्माण्डीय नियम अ–उल्लंघनीय

न तो मिनन्ति मायिनो न धीरा व्रता देवानां प्रथमा ध्रुवाणि।

न रोदसी अद्रुहा वेद्याभिर्न पर्वता निनमे तस्थिवांसः।।1।।

।।ऋग्वेद 3.56.1।।

देवों के नियम श्रेष्ठ एवं शाश्वत हैं। उसका उल्लंघन मायावी शत्रु भी नहीं कर सकता है। कोई बुद्धिमान भी उनका उल्लंघन नहीं करता है। पृथिवीलोक एवं द्युलोक भी इन श्रेष्ठ एवं शाश्वत नियमों का उल्लंघन नहीं कर सकते हैं। (जैसे) जब एक बार पर्वतों को स्थिर कर दिया गया तब वे आज तक यथावत स्थिर हैं (ऋग्वेद 3.56.1)।

## पृथिवी स्थानीय देव : मानवीय प्रकाश केन्द्र

त्री षधस्था सिन्धवस्त्रिः कवीनामुत त्रिमाता विदयेषु सम्राट्।

ऋतावरीर्योषणास्तिस्त्रो अप्याखिरा दिवो विदये पत्यमानाः।।5।।

तिरूत्तमा दूणशा रोचनानि त्रयो राजन्त्यसुरस्य वीराः।

ऋतावान इषिरा दूळभास खिरा दिवो विदथे सन्तु देवोः।।8।।

।।ऋग्वेद 3.36.5,8।।

पृथिवी, अन्तरिक्ष एवं द्यु तीनों लोकों में पृथिवी स्थानीय, अन्तरिक्ष स्थानीय और द्यु स्थानीय देवगण रहते हैं। इन तीनों लोकों का निर्माता सूर्य यज्ञ के तीन सवनों में प्रकाशित होता है। इन यज्ञों में इळा, सरस्वती एवं भारती तीन देवियाँ उपस्थित होती हैं (5)। मानवीय शरीर

में तीन प्रकाश केन्द्र मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक (कार्यक्षेत्रानुसार) हैं। सबको जीवने देनेवाले परमेश्वर पर निष्ठा रखकर कार्य करने वाले इन तीन दिव्य तेजों से युक्त होकर सत्यनिष्ठ बनते हैं। ऐसे अपने कार्य को यथाशीघ्र समाप्त करते हैं। उन्हें कोई नहीं दबा सकता है। अतः ये तीनों क्षेत्रों में तेजस्वी एवं यशस्वी होते हैं। ये दिव्यगण हमारे धर्मयुद्ध में हमारी सहायता करें (ऋग्वेद 3.56.5,8)।

## पृथिवी पर मनुष्यों द्वारा अग्नि प्राप्ति(आविष्कार)

अस्माकमत्र पितरो मनुष्या अभि प्र सेदुर्ऋतमाशुषाणाः।

अश्मव्रजाः सदुधा वव्रे अन्तरुदुस्रा आजन्नुषसो हुवानाः।।13।।

।।ऋग्वेद 4.1.13।।

इस मर्त्यलोक पृथिवी के सर्व प्रथम प्राचीन मनुष्यों ने यज्ञ की इच्छा से अग्नि को प्राप्त किया, फिर उन्होंने उषा की स्तुति करते हुए पर्वतों की गुहाओं में बंद, अन्धकार से त्रस्त दुधारू गायों (ज्ञान) को बाहर निकाला (ऋग्वेद 4.1.13)।

## विश्वका रक्षक : विश्वाधार

वैश्वानराय मीळहुषे सजोषाः कथा दाशेमाग्नये बुहद् भाः।

अनूनेन बृहता वक्षथेनोप स्तभायदुपमिन्न रोधः।।ऋग्वेद 4.5.1।।

विश्व का रक्षक होने से इस अग्नि का नाम वैश्वानर है। इस वैश्वानर ने अपने विशाल शरीर से समूचे विश्व को आधार दिया हुआ है। जैसे विशाल भवन को स्तम्भ आधार देते हैं (ऋग्वेद 4.5.1)।

## ब्रह्मरन्ध्र साधना : अमृततत्त्व प्राप्ति

भरद् यदि विरतो वेविजानः पथोरूणा मनोजवा असर्जि।

तूये ययौ मधुना सोम्येनोत श्रवो विविदे श्येनो अत्र।।

।।ऋग्वेद 4.26.5।।

इस सूक्त के ऋषि वामदेव गौतम ने अलंकारात्मक, अभिव्यंजनात्मक, प्रतीकात्मक, संकेतात्मक, कूटात्मक शैली में ''ब्रह्मरन्ध्र एवं अमृततत्त्व के अन्तर्सम्बन्ध को उद्घाटित'' किया है। जब यह जीवात्मा द्युलोक रूपी ब्रह्मरन्ध्र में प्रविष्ट होकर अमृततत्त्व प्राप्त कर लेता है। उस समय उसके लिए कोई भी पदार्थ असाध्य नहीं रहती है। इस अमृततत्त्व से उसका जीवन शान्त एवं मधुर हो जाता है। उसे महान यश मिलता है। उपासना, साधना, तप, जप एवं योग में ब्रह्मरन्ध्र बारहवाँ चक्र बताया गया है (ऋग्वेद 4.26.5)।

## वायु : पृथिवी की जीवन शक्ति

अनु कृष्णे वसुधिती येमाते विश्वपेशसा।

वायवा चन्द्रेण रथेन याहि सुतस्य पीये।।ऋग्वेद 4.49.3।।

अनके रूपोंवाली ये द्यावापृथिवी आकर्षण शक्ति से युक्त धनों को धारण करती है। द्यावापृथिवी वायु रूपी प्राण से वीवित रहती है। प्राण के कारण ही इन लोकों में शक्ति है (ऋग्वेद 4.49.3)।

## सविताका तेज त्रिलोक में

अदाभ्यो भुवनानि प्रचाकशद् व्रतानि देवः सविताभि रक्षते।

प्रास्राग्बाहू भुवनस्य प्रजाभ्यो धृतव्रतो महो अज्मस्य राजति।।

।।ऋग्वेद 4.53.4।।

किसी से नहीं दबनेवाला सविता देवता अपने तेज से त्रिलोक अर्थात् सभी लोकों को प्रकाशित करता है। वह सभी व्रतों की रक्षा करता है। सभी लोकों की प्रजाओं के हित के लिए अपनी बाहों–भुजाओं को फैलाता है। महान सविता देवता व्रतों की रक्षा करनेवाला होने से जगत् का राजा है (ऋग्वेद 4.53.4)।

## पृथिवी : नदियों की मुक्ति प्रार्थना

नू रोदसी अहिना बुध्न्येन स्तुवीत देवी अप्येभिरिष्टैः।

समुद्रं न संचरणे सनिष्यवो धर्मस्वरसो नद्यो 3 अप व्रन।।1।।

।।ऋग्वेद 4.55.6।।

हे द्यावापृथिवी! हम आपकी उत्तम द्रव्यों से पूजा अर्चना करते हैं। आप दोनों प्रसन्न होकर कलकल मधुर ध्वनि करते बहनेवाली नदियों को बहने के लिए मुक्त करने की कृपा करें। यह स्मरण रहे कि व्यापार वाणिज्य के लिए समुद्री यात्रा से पहले समुद्रदेव एवं वरुणदेव की स्तुति की जाती रही है (ऋग्वेद 4.55.6)।

अधा ह्यग्न एषां सुवीर्यस्य मंहना।

तमिद् यव्हं न रोदसी परि श्रवो बभूवतुः।।ऋग्वेद 5.16.4।।

सूर्य के आकर्षण से पृथिवी एवं द्युलोक अपने–अपने स्थान पर स्थित हैं। उसी क्रम में अग्नि के सहारे अन्न है। यह अन्न इसी अग्नि के कारण पैदा होता है। अन्न से मनुष्य शक्तिमान होते हैं (ऋग्वेद 5.16. 4)।

## परमव्योमीय ब्रह्माण्डीय महासागर में

## छिपी पृथिवी : सृष्टिविद्या

यादृगेव ददृशे तादृगुच्यते सं छायया दधिरे सिध्रयाप्सवा।

महीमस्मभ्यमुरूषामुरू ज्रयो बुहत् सुवीरमनपच्युतं सहः।।6।।

।।ऋग्वेद 5.44.6।।

इस ऋचा में सृष्टिविद्या का सूक्ष्म कूट संकेत है। वेदविद्या के अनुसार सृष्टि की रचना से पहले परमव्योम में ब्रह्माण्डों की उत्पत्ति से पूर्व चारों ओर दिव्य आपः विद्यमान था। यह आपः अव्यक्त सूक्ष्म व्यापक सूक्ष्म प्रकृति तत्त्व रहा। इस ऋचा में बताया है कि सृष्टि पूर्व के जल में विशाल पृथिवी छिपी हुई थी। इस आपः, आप्, जल के लिए कोहरे (धूम्र–धूम) शब्द का प्रयोग किया गया है। यह विशाल पृथिवी कोहरे रूपी अध्यात्मिक रहस्यमय जल से ढकी हुई थी। प्रजापति ने सृष्टिकाल में पृथिवी को प्रकट किया (ऋग्वेद 5.44.6)।

## पृथिवीय समुद्र : जल वर्षा

उदीरयथा मरुतः समुद्रतो यूयं वृष्टिं वर्षयथा पुरीषिणः।

न वो दस्रा उप दस्यन्ति धेनवः शुभं यातामनु रथा अवृत्सत।।5।।

।।ऋग्वेद 5.55.5।।

मरुत समुद्र में विद्यमान जल को ऊपर आकाश में ले जाते हैं। यहाँ से पुनः वर्षा के द्वारा इस जल को पृथिवी पर पहुचाँ देते हैं। वर्षा के कारण गो आदि का पोषण होता है (ऋग्वेद 5.55.5)।

## वनस्पते अश्विनौ प्रार्थना

वि जिहीष्व वनस्पते योनिः सूष्यन्त्या इव।

श्रुतं में आश्विना हवं सप्तवध्रिं च मुंचतम्।।ऋग्वेद 5.78.5।।

ब्रह्मविद्या वेद में वृक्ष प्रजापति हैं, रुद्र वृक्ष हैं, वहीं दोनों अश्विनी कुमार दिव्य चिकित्सक हैं। वेद में अश्विनौ की ऋचायें आधुनिक आयुर्विज्ञान–चरमोत्कर्ष की शल्य चिकित्सा को दांतों तले उंगुली दबाने को विवश करती हैं। देव चिकित्सक अश्विनी कुमारों ने शरीर के सभी अंगों के प्रत्यारोपण, पशु सिर प्रत्यारोपण, वृद्धतम अंधे ऋषि का कायाकल्प–नव नेत्र प्रदान करने आदि का चमत्कृत कार्य किया। अश्विनौविद्या के मूल ग्रन्थ विस्मृति के गर्भ में हैं। इस ऋचा में वन के अधिपति वृक्ष से सहायता की प्रार्थना की गई है। साथ ही अश्विनौ से पंच तन्मात्रा, अंहकार एवं महत् सात बन्धनों से मुक्ति की प्रार्थना है (ऋग्वेद 5.78.5)।

यस्य व्रते पृथिवी नंनमीति यस्य व्रते शफवज्जर्भुरीति।

यस्य व्रत ओषधीर्विश्वरूपाः स नः पर्जन्य महि शर्म यच्छ।।

।।ऋग्वेद 5.83.5।।

पृथिवी मेघ की कृपा से उपजाऊ बनती है। वृक्ष, वनस्पति आदि भी मेघ के कारण वृद्धि को प्राप्त होते हैं एवं अनेक रूप धारण करते हैं। पृथिवी से पैदा पदार्थों को खाकर प्राणी पुष्ट होते हैं (ऋग्वेद 5.83.5)।

## पृथिवी : जल भेद

या आपो दिव्या उत वा स्रवन्ति खनित्रिमा उत वा याः स्वयंजाः।

समुद्रार्था याः शुचयः पावकस्ता आपो देवीरिह मामवन्तु।।

।।ऋग्वेद 7.49.2।।

जल के चार प्राकर हैं—(1) वृष्टि के द्वारा द्यु या आकाश से प्राप्त होता है, वह ''दिव्य जल'' कहलाता है, (2) झरनों से स्रवत होता है, उन्हे ''प्रस्रवण'' कहते हैं, (3) भूमि को खोदकर कुवे एवं बावडियों से निकालते है, वह खनित्रिम है, (4) स्वयं स्रोत के द्वारा फूट कर निकलता है। वर्षा का जल नदियों में बहता है। ये जल शुद्धता और पवित्रता प्रदाता है। ये सभी जल समुद्र की ओर जानेवाले हैं (ऋग्वेद 7.49.2)।

## ऋग्वेद : पृथिवी के इक्कीस नाम

उवाच मे वरुणो मेधिराय त्रिः सप्त नामाध्न्या विभर्ति।

विद्वान पदस्य गुह्या न वोचद् युगाय विप्र उपराय शिक्षन्।।

।।ऋग्वेद 7.87.4।।

देव सम्राट ब्रह्माण्डीय महासागर के असुर (प्रज्ञावान, महाशक्तिवान, ज्ञानवान, सामर्थ्यवान) वरुण देवता ने अपने प्रिय भक्त को गोपनीय से गोपनीय रहस्यमय ज्ञान दिया। पृथिवी, वाणी एवं गो के इक्कीस नाम हैं। गो शब्द का भौतिक अर्थ नहीं लें। गो ज्ञानवाचक, सूर्यकिरणवाचक, पृथिवीवाचक भी है। सम्भवतः मन्त्र द्रष्टा ऋषिगण ज्ञान की धारा की व्याख्या कर रहा हो। परमेष्ठी ने ज्ञानियों के हृदय में मन्त्रों के गुप्त पदों से रहस्य को स्पष्ट किया। वेद की ऋचाएँ लौकिक वृष्टि से रहस्याच्छन्न हैं। ऋग्वेद की ऋचा से ही ब्राह्मण ग्रन्थों, आरण्यकों, स्मृति, संहिता, इतिहास ग्रन्थों, शब्द कोशों आदि में पृथिवी के अनेक

नाम सामने आये। शब्द कल्पद्रुम में पृथिवी वाचक 80 शब्द मिलते हैं। प्रकारान्तर में पृथिवी सूचक नामों की संख्या सैकड़ों में पहुँची है (ऋग्वेद 7.87.4)।

## सरस्वान् : समुद्र नहीं महाज्ञानी

वैदिक शब्द सरस्वान, सरस्वती शब्द का अर्थ भूलभुलैय्या है। कहीं सरस्वान का अर्थ समुद्र एवं सरस्वती का तात्पर्य पवित्र नदी से लिया गया है। मन्त्र द्रष्टा ऋषि ने दोनों शब्दों का प्रयोग इनसे इतर, अलग अर्थों में किया है।

ये ते सरस्व ऊर्मयो मधुमन्तो घृतश्च्युतः।

तेभिर्नोऽविता भवः।। ऋग्वेद 7.96.5।।

सरस्वान् का अर्थ महाज्ञानी एवं समुद्र दोनों ही हैं। महाज्ञानी के हृदय (सागर) में विद्या की नदियाँ आकर मिलती हैं। ज्ञानी के हृदय में ऊर्मियाँ है। ये ऊर्मियाँ मधुरिमा को प्रकट करनेवाली और घी के समान स्नेह को फैलानेवाली होती हैं। यही विद्या के समुद्र महाज्ञानी के कर्तव्य हैं (ऋग्वेद 7.96.5)।

## यज्ञ से पृथिवी में शक्ति

आ सुते सिंचत प्रियं रोदस्योभिश्रियम्।

रसा दधीत वृषभम्।।13।।

ते जानत स्वमोक्यं 1 सं वत्सासो न मातृभिः।

मिथो नसन्त जामिभि।। ऋग्वेद 8.72.13,14।।

यज्ञविद्या पर प्रश्नचिन्हों का सटीक एवं वैज्ञानिक उत्तर वेदविज्ञान ब्रह्मविद्या–सृष्टिविद्या–आत्मविद्या में मिलता है। मन्त्र द्रष्टा हर्यत प्रागाथ ऋषि ने स्पष्ट किया है कि यज्ञों के करने से पृथिवी में अधिक शक्ति उत्पन्न होती है, और वह वर्षा के जल को सोखकर भूमि बहुत उपजाऊ बनाती है। जितने अधिक यज्ञ किए जाएंगे, उतनी ही अधिक भूमि में जल सोखने की शक्ति में वृद्धि होगी। इस प्रकार भूमि के

उपजाऊ होने पर अत्याधिक धान्य पैदा होगा एवं मनुष्यों, पशुओं, पक्षियों को खाद्यान्न मिलेगा। यज्ञ में वनोषधियों को अर्पित करने से कालापेक्षी एवं अल्पकालिक व्याधियाँ दूर होती हैं। वनोषधियों–घृत–सुगन्ध आदि के धूम से वातावरण के रोग उत्पन्न करनेवाले मारक जीवाणु (सूक्ष्मतम भी) नष्ट होते हैं। भौतिक् अध्यात्मिक–दैविक, दिव्य जल के अधिपति, देव सम्राट वरुण देवता के यज्ञ से वर्षा सुनिश्चित रूप से होती है (प्रधानमन्त्री के पूर्व मीडिया सलाहकार, आईएएस अधिकारी रहे श्री पी. वी.आर.के. प्रसाद की ''व्हेन आई मीट बालाजी'' देखें।)। यज्ञ विधान के अनुसार वरुण यज्ञ की काष्ठ, सांकल्य, समिधा, वनोषधि आदि आम यज्ञ से अलग वर्णित है। प्राचीन काल में यज्ञ की भस्मी–विभूति खेत खलिहानों में डालने का प्रचलन रहा। यह उर्वरक एवं फसल नाशक का काम करती रही (ऋग्वेद 8.72.13,14)।

## अग्नि उत्पन्नकर्ता अरणियाँ

मूर्धानं दिवो अरतिं पृथिव्या वैश्वानरमृत आ जातमग्निम्।

कविं सम्राजमतिथिं जनानामासन्ना पात्रं जनयन्त देवाः।।

।।ऋग्वेद 6.7.1।।

मन्त्र द्रष्टा ऋषि बार्हस्पत्य भारद्वाज ने इस ऋचा में स्पष्ट किया है कि देवों ने अथवा प्रज्ञावानों ने अरणि से अग्नि को पैदा किया। अग्नि सूर्यरूप में द्युलोक के ऊपर विराजमान है। भूमि के ऊपर जानेवाले वैश्वानर सभी मनुष्यों के संचालक एवं सत्य के प्रचार के लिए ही उत्पन्न हुए। ज्ञानी एवं तेजस्वी, लोगों में सतत जानेवाला, सभी में मुख्य, समस्त प्राणियों का संरक्षक अग्नि है। यहाँ यह स्मरण रहे कि वैदिक क्रान्तवान, प्रज्ञावान, चैतन्य ऋषियों को वनोषधि के काष्ठ के गुणधर्म के आधार पर चार वर्णों– ब्राह्मण, क्षात्र, वैश्य, सूत में वर्गीकृत किया गया। कुछ वृक्षों की काष्ठ का यज्ञ में प्रयोग निषेध किया गया। अट्ठारहवीं शती तक परम्परागत यज्ञों में अरणि घर्षण से अग्नि उत्पन्न करने के साक्ष्य मिलते हैं। नाथ महागुरू गोरक्षनाथ की कथाओं में अग्नि के शमी, खेजड़ी वृक्ष में शरण लेने का वृत्तान्त है। वैदिक साहित्य में अग्नि के जल में छिपने का वर्णन आता है (ऋग्वेद 6.7.1)।

## अग्नि की पृथिवी माता : मूल आग्नेय तत्त्व

गर्भे मातुः पितुष्पिता विदिद्युतानों अक्षरे।

सीदन्नृतस्य योनिमा।।ऋग्वेद 6.16.35।।

अग्नि पुत्र है, उसकी माता पृथिवी है। अतः पृथिवी की संतान अग्नि है। द्युलोक पृथिवी का पति है। ये दोनों द्यावापृथिवी परस्पर माता–पिता है। इसके विपरीत यह अभूतपूर्व है कि मन्त्र द्रष्टा ऋषि का कहना है : अग्नि पिता का भी पिता है। द्युलोक का भी पिता मूल अग्नि तत्त्व है। सूर्य मूल आग्नेय तत्त्व का केन्द्र है। सूर्य से पृथिवी पर अग्नि का जन्म हुआ है। इससे यज्ञ होता है। यह ऋचा गोरखवाणी की ही तरह उलटबांसी है। वास्तव में ऋचा में मूलभूत आग्नेय तत्त्व की उत्पत्ति को बहुत ही उलझी हुई पहेलीनुमा प्रस्तुत किया गया है। इसके तत्त्व ज्ञान के लिए ऋषि के मानस में जाना आवश्यक है (ऋग्वेद 6.16.35)।

## अग्नि प्रकार : अग्नि समापन, पृथिवी समापन

यमापो अद्रयो वना गर्भभूतस्य पिप्रति।

सहसा यो मथितो जायते नृभिः पृथिव्या अधि सानंवि।।5।।

त्वं नश्चित्र ऊत्या वसो राधांसि चोदय।

अस्य रायस्त्वमग्ने रथीरसि विदा गाधं तुचे तु नः।।9।।

।।ऋग्वेद 6.48.5,9।।

जल में अग्नि है, इसे ''वाड़वाग्नि वाड़वानल–वड़वाग्नि कहते हैं''। ''अद्रि'' पहाड़ में एवं मेघ में ''वैद्युतग्नि'' रहता है। वनों में ''दावाग्नि'' उत्पन्न होती है। यज्ञ के मध्य रहनेवाली अग्नि को ''यज्ञाग्नि'' कहा जाता है। मनुष्यों के द्वारा बल से मन्थन करके यज्ञाग्नि का निर्माण करते हैं। पृथिवी के उत्तम स्थान में–यज्ञशाला में यज्ञाग्नि का निर्माण किया जाता एवं यज्ञ के लिए रखा जाता है। इसमें यजन होता है। पाँच यज्ञाग्नियों का समूह है–अन्वाहार्थ–पचन अथवा दक्षिण, गार्हपत्य, आहवनीय, सभ्य एवं आवसथ्य।

अग्नि सभी में निवास करता है। अग्नि शरीर में रहता है तब तक मानव जीवित रहता है। इसी प्रकार पृथिवी में अग्नि का वास है तब तक प्राणियों का निवास होता है। आधुनिक विज्ञान के अनुसार शरीर ठंडा पड़ते ही व्यक्ति मर्त्य गति को प्राप्त करता है। ऐसा अग्नि देवता विलक्षण सामर्थ्यवान है, दर्शनीय है। वैसे ही मानवीय शरीर भी उष्णता रहने तक ही दर्शनीय रहता है। वह अध्यात्मिक अग्नि संरक्षण साधनों के साथ सिद्धि देनेवाला धन हमारे पास भेजे। धन, यश देनेवाले एवं संरक्षक साधनों से युक्त चाहिए। हमें दुष्कीर्ति एवं दुर्बलता देनेवाला धन, ऐश्वर्य नहीं चाहिये (ऋग्वेद 6.48.5, 8)।

## ब्रह्माण्ड : एक पृथिवी, एक द्युलोक

सकृद्ध द्यौरजायत सकृद् भूमिरजायत।

पृश्न्या दुग्धं सकृत पयस्तदन्यो नानु जायते।।ऋग्वेद 6.48.22।।

वैदिक मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने स्पष्ट घोषित किया कि (हमारे ब्रह्माण्ड, जहाँ तक हमारे सूर्य का प्रकाश है।) एक ही द्युलोक उत्पन्न हुआ है (स्वर्ग है), और एक ही पृथिवी की उत्पत्ति हुई। प्रकृति रूपी गो का एक ही प्रकार का दूध होता है। इसके समान कोई दूसरा पदार्थ पैदा नहीं हुआ। मन्त्र द्रष्टा ऋषि ने ऋचा में प्रतीक रूप में कहा है कि हमारे सौर मण्डल में पृथिवी इकलौती है (ऋग्वेद 6.48.22)।

## क्षात्रबल प्रदाता : द्यावापृथिवी

उत द्यावापृथिवी क्षत्रमुरू बृहद् रोदसी शरणं सुषुम्ने।

महस्करथो वरिवो यथा नो ऽस्मे क्षयाय धिषणे अनेहः।।

।।ऋग्वेद 6.50.3।।

इस ऋचा में द्युलोक एवं पृथिवी से क्षात्रबल सम्पन्न करने की प्रार्थना मिलती है। साथ ही दोनों से सुखप्रद रहने के लिए शरणस्थल घर, ऐश्वर्य चाहा है। ऋचा में द्यावापृथिवी को धारण करनेवाला कहा गया है। इस प्रार्थना के अन्त में निवेदन किया है कि हमें निष्पाप आवास मिले, यह कृपा रहे (ऋग्वेद 6.50.3)।

## पृथिवी द्युलोक नमन मन्त्र

नम इदुग्रं नम आ विवासे नमो दाधार पृथिवीमुत द्याम्।

नमो देवेभ्यो नम ईश एषां कृतं चिदेनो नमसा विवासे ।।

।।ऋग्वेद 6.51.8।।

वैदिक काल से वन्दना और नमस्कार को सर्वोत्तम रीति घोषित किया गया है। इसी परम्परा में कहा गया है कि हम सभी को नमस्कार करते हैं। नमस्कार ही पृथिवी एवं द्युलोक को धारण करता है। इसी नमस्कार से सभी देवता भक्त के वश में आते हैं। नमस्कार देवों का अभीष्ट है। हम दिव्य शक्तिवान देवों की भक्ति, उपासना, नमस्कार से अपने सभी पापों का नाश करते हैं। आर्षग्रन्थों के अनुसार नमस्कार से अहंकार, दर्प का नाश होता है (ऋग्वेद 6.51.8)।

यस्ते गन्धः पृथिवी संबभूव वं बिभ्रत्योषधयो यमापः।

यं गन्धर्वा अप्सरश्च भेजिरे तेन मा सुरभिं कृणु मा नो द्विक्षत कश्चन।।

।।अथर्ववेद 12.1.23।।

## पृथिवी नमन पौराणिक मन्त्र

समुद्रवसने देवि! पर्वतस्तनमण्डले।

विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्श क्षमस्व मे।।

जम्बूद्वीप में वैदिक सनातन धर्मी प्रातःकाल उठते ही पृथिवी का स्पर्श कर इस मन्त्र से नमस्कार करता है।

## मन में सुविचार हो

विश्वदानीं सुमनसः स्याम पश्येम नु सूर्यमुंचरन्तम्।

तथा करद् वसुपतिर्वसूनां देवाँ ओहानोऽवसागमिष्ठः।।

।।ऋग्वेद 6.52.5।।

हम सदैव मन में उत्तम विचार रखें। मन में कुविचार से हानि होती है। अतः हमेशा हमारे मन में उत्तम ओजस्वी विचार ही रहें। हम ऐसा देखें कि सूर्य ऊपर आकाश से आया है। इसका अर्थ यह है कि हम प्रकाश में–ज्ञान सम्पन्न रहें एवं दीर्घ जीवन प्राप्त करें। प्रकाश से यहाँ आशय ज्ञानवान विद्यावान से है। अन्धकार अज्ञान, अविद्या एवं तमोगुण को द्योतक है। दिव्यता को अपने पास लानेवाला धनपति संरक्षक शक्ति के साथ हमारे पास आवे और हमें धन देकर संरक्षण करे (ऋग्वेद 6.52.5)।

## पृथिवी : भरणपोषणकर्ता पूषा

पूषा सुबन्धर्दिव आ पृथिव्या इळस्पतिर्मघवा दस्मवर्चाः।
यं देवासो अददुः सूर्याये कामेन कृतं तवसं स्वंचम्।।

।।ऋग्वेद 6.58.4।।

सभी भुवनों (लोकों) में व्याप्त पूषा को (पृथिवी पर) अन्न देनेवाला, पशुओं का पालक एवं बुद्धि को स्फूर्ति देनेवाला कहा गया है। पूषा को सूर्य का एक रूप भी कहा गया है। इस ऋचा में पूषा को पृथिवीलोक से द्युलोक तक समस्त प्राणियों का भरणपोषण करनेवाला भाई (बन्धु) कहा गया है। पूषा पृथिवी पर वर्षा के द्वारा भूमि का पालन करता है। वही उषा को प्रकट करता है और समूचे विश्व को प्रकाशित करता है (ऋग्वेद 6.58.4)।

## पृथिवी रूपी धेनु–कामदुघा

वपुर्नु तंचिकितुपे समानं नाम धेनु पत्यमानम्।

मर्तेष्वन्यद् दोहसे पीपाय सकृच्छुकं दुदहे पृश्निरूधः।।

।।ऋग्वेद 6.66.1।।

ऋग्वेद (1.32.9) में धेनु का अर्थ सहवत्सा एवं परवर्त्ती साहित्य (अथर्ववेद, मैत्रायणी संहिता, शतपथ ब्राह्मण, तैत्तिरीय संहिता आदि) में दुधारू गाय भी है। पृथिवी का एक पर्याय धेनु है। ज्ञानीजन के लिए धेनु करके एक ही नाम धारण करनेवाला शरीर परिचित है। उनमें से

एक मानवों में दूध का दोहन करने के लिए पुष्ट हो रहा है। तेजस्वी द्वितीय रूप अन्तरिक्ष में मेघरूपी दुग्धाशय से दुहा जाता है। इसका आशय यह है कि धेनु नामक दो माताएँ हैं। एक धेनु पृथिवी मानवों का पोषण करती है और दूसरी अन्तरिक्ष में मेघरूप से जल की वर्षा करके सबको तृप्त करती है (ऋग्वेद 6.66.1)।

## पृथिवी : वरुण के नियम अटल

घृतवती भुवनानामभिश्रियोर्वी पृथिवी मधुदुधे सुपेशसा।

द्यावापृथिवी वरुणस्य धर्मणा विष्कभिते अजरे भूरिरेतसा।।

।।ऋग्वेद 6.70.1।।

वरुण के नियमों से पृथिवीलोक एवं द्युलोक संचालित हैं। वरुण नियमों को तोड़नेवालों को दण्डित करता है। यद्यपि द्युलोक एवं पृथिवीलोक जल से युक्त, सभी भुवनों को आश्रय देनेवाले, बहुत विस्तीर्ण, मधुर रस देनेवाले, अन्न देनेवाला, अविनाशी और बहुत शक्ति से युक्त है। वेद में देव सम्राट वरुण है। वरुण की ही परिक्रमा सूर्य करता है। वरुण के दूत पृथिवी पर सूक्ष्मतम घटना, कार्य की जानकारी एकत्रकर हर पल पहुँचाते हैं। इतना ही नहीं सूर्य भी प्रत्येक सांझ सम्राट वरुण को अपनी दिनभर की रपट प्रस्तुत करता है (ऋग्वेद 6.70.1)।

## पृथिवी तत्त्व : माधुर्य

मधु नो द्यावापृथिवी मिमिक्षतां मधुश्चुता मधुदुघे मधुव्रते।

दधाने यज्ञं द्रविणं च देवता महि श्रवो वाजमस्मे सुवीर्यम्।।

।।ऋग्वेद 6.70.5।।

हे द्यावापृथिवी! हमें माधुर्य प्राप्त कराओ। मधुर व्रत धारण करनेवाले, मधुरता का व्यवहार करनेवाले एवं मधुरता का स्राव करनेवाले हों। मनुष्य का व्रत मधुरता की वृद्धि करे। हमें उत्तम वीर बल एवं अनन्त यश मिले। मनुष्य अपना आचरण मधुर रखे और बल, वीर्य वृद्धिकर यशस्वी हो (ऋग्वेद 6.70.5)।

## पृथिवी : अहिंसा संदेश

महाँ अस्यध्वरस्य प्रकेतो न ऋते त्वदमृता मादयन्ते।

आ विश्वेभिः सरथं याहि देवैर्न्यग्ने होता प्रथमः सदेह।।

।।ऋग्वेद 7.11.1।।

वेद ने पृथिवी पर अंहिसा, सरल व्यवहार का संदेश दिया। इस ऋचा के ऋषि मैत्रावरूणिर्वसिष्ठ हैं। मनुष्य अंहिसा और सद्कर्मों (कुटिलता रहित) का सर्वत्र प्रचार करे। सरल व्यवहार एवं अहिंसा से जगत् में हिंसा एवं कुटिलता का सही प्रतिकार किया जा सकता है। जिस देश मे अहिंसा एवं सरलता का प्रचार करनेवाले नहीं होंगे, वहाँ श्रेष्ठजन प्रसन्नतापूर्वक नहीं रह सकते हैं। अतः मानव पृथिवी पर अहिंसा एवं सरलता युक्त कर्मों का प्रचार प्रसार करे। वेद काल के बाद की सभ्यता, संस्कृतियों की अध्यात्मिक, धार्मिक धारा में अहिंसा सरलता ही मूलाधार रहा। आर्षग्रन्थों के अनुसार सरल मानव को कोई छल नहीं सकता है (ऋग्वेद 7.11.1)।

## दुःख शोक निवारक : पृथिवी

आयामि घोष इन्द्र देवजामिरिरज्यन्त यच्छुरूघो विवाचि।

नहि स्वमायुश्चिकिते जनेषु तानीदंहांस्यति पर्ष्यस्मान्।।

।।ऋग्वेद 7.23.2।।

पृथिवी पर मानव जीवन में दुःख–सुख, हर्ष–शोक का क्रम निरन्तर चलता है। मानवीय जीवन में दुःख एवं शोक के क्षण नितान्त अकेले ही व्यतीत करने होते हैं। ऋग्वेद के सप्तम् मण्डल के तेइसवें सूक्त में दुःख एवं शोक निवारण का मूल मन्त्र दिया है। मन्त्र द्रष्टा ऋषि ने ऋचा में कहा है कि शोक या दुःख दूर करने के उपाय करने चाहिए। शोक को रोकनेवाली कृतियाँ बढ़ती है। परमेष्ठी की स्तुति दुःख, शोक को दूर करने में एकमात्र समर्थ है। इसलिए परमेष्ठी की स्तुति करनी चाहिए। यह शोक को दूर करने का उपाय है। यह कोई नहीं जानता है कि आयु कितनी है। परन्तु यह अवश्य जान सकते हैं कि

पाप से आयु क्षीण होती है। अतः मनुष्य स्वयं को पाप से बचाए। यही वैदिक विचार शाश्वत है। क्योंकि दुःख, शोक है, तो उसका कारण भी है और निवारण है। योग वासिष्ठ में इसे नये कलेवर में पेश किया गया : अपना नया सुभाग्य लिख सकते हैं, सद्कर्मों से (ऋग्वेद 7.23.2)।

## पृथिवी पर ज्ञानी का कार्य

स प्रकेत उभयस्य प्रविद्वान त्सहस्रदान उत वा सदानः।

यमेन ततं परिधिं वयिष्यन्नप्सरसः परि जज्ञे वसिष्ठः।।

।।ऋग्वेद 7.33.12।।

भूलोक एवं द्युलोक के मध्य अर्थात् ज्ञानी समस्त विश्व के ज्ञान से सम्पन्न, उदार, विश्वकल्याण, लोकसंग्रह आदि के लिए सर्वस्व को प्रदान करनेवाला और परमेष्ठी की विश्व रचना के कार्य को करने के लिए उत्पन्न होता है। विश्व के ज्ञानीजन का कर्तव्य ज्ञान प्रसार, उदारता, लोककल्याण,–लोकपरमार्थ आदि के लिए समूचा जीवन अर्पित करना है (ऋग्वेद 7.33.12)।

## रहस्यमय पृथिवी : देवत्व की प्राप्ति–देवयन्, कर्मयोग

इमे दिवो अनिमिषा पृथिव्याश्चिकित्वासो अचेतसं नयन्ति।

प्रवाजे चिन्नद्यो गाघमस्ति पारं नो अस्य विष्पितस्य पर्षन्।।7।।

प्र वो यज्ञेषु देवयन्तो अर्चन द्यावा नमोभिः पृथिवी इषध्यै।

येषां ब्रह्माण्यसमानि विप्रा विष्पग्वियन्ति वनिनो न शाखाः।।1।।

युवोः श्रियं परि योषावृणीत मूरो दुहिता परिवक्म्यायाम।

यद् देवयन्तमवथः शचीभिः परि घ्रंसमोमना वां वयो गात्।।

।।ऋग्वेद 7.60.7; ऋग्वेद 7.43.1; ऋग्वेद 7.69.4।।

पृथिवीलोक एवं द्युलोक के ज्ञानों से परिचित वीर होते हैं। वे ''पृथिवीविद्या'' का रहस्य जानते हैं। वे ही ज्ञानहीनों को ज्ञानी बना सकते हैं एवं शुभ मार्गों पर ले जाते हैं। जिससे द्युलोक, अन्तरिक्षलोक

एवं पृथिवीलोक के अन्दर स्थित पदार्थों की विद्या जानी जाती है। कर्ममार्ग के अधिभूत एवं अधिदैवत सम्बन्धी कर्म करने होते हैं। कर्ममार्ग में ज्ञान से प्रवृत्ति होती है। यह कर्ममार्ग अनेक प्रकार के संकटों से भरा है, लेकिन कर्ममार्ग पर अधिभूत एवं अधिदैवत सम्बन्धी कर्मों को छोड़ना नहीं चाहिए। इस ऋचा में ''पृथिवीविद्या के रहस्यमय ज्ञान के लिए अधिभूत, अधिदैवत सम्बन्धी एवं शुभ कर्मों का कर्ममार्ग–कर्मयोग बताया गया'' है (ऋग्वेद 7.60.7)।

देवत्व की प्राप्ति करने की इच्छावाले ज्ञानीजन देवों की स्तुति करते हैं। वे द्युलोक एवं पृथिवीलोक का यश गाते हैं। उनके असीम स्तोत्र वृक्षों की शाखाओं की तरह चारों ओर फैलते हैं (ऋग्वेद 7.43.1)। स्वयं देव बनने की इच्छा रखनेवाले को ''देवयन'' कहते हैं। उनकी देव के गुणों को धारण करने की इच्छा रहती है। वे नर से नारायण बनने की इच्छावाले हैं। इस तरह अपनी उन्नति, अभ्योदय चाहने वाले की अग्निदेव अनेक शक्तियों से रक्षा करते हैं। सार्वकालिक, सार्वदेशिक, सार्वलौकिक, सार्वजनिन उन्नति, अभ्योदय के लिए प्रयत्न करनेवाले की सुरक्षा जिस तरह होती है, उस तरह सुरक्षा अपनी उन्नति के लिए प्रयत्न करनेवाले की नहीं होती है (ऋग्वेद 7.69.4)। इस ऋचा के अनुसार लोकसंग्रह (लोक को उन्मानी प्रवृत्ति से रोककर शुभमार्ग पर लाना), लोकपरमार्थ, लोककल्याण, सार्वजनिन–सार्वकालिक–सार्वलौकिक चिन्तन आदि देवत्व मार्ग के लिए आवश्यक है। इससे पूर्व की ऋचा में अक्षरब्रह्म–नादब्रह्म की साधना को चमत्कारी कहा है। आर्षग्रन्थों में यह उल्लेख अनेक स्थानों पर आया है कि मनुष्य बन देवत्व को प्राप्त कर। इसके पीछे मानवीय सद्गुणों को विकसित कर जीवन सागर में उतारना है। इसी कर्ममार्ग के सिद्धान्त को योग वासिष्ठ एवं अनेक गीताओं में पुनः नये कलेवर में प्रस्तुत किया गया है।

## पृथिवी : सत्य असत्य निरीक्षक सूर्य

एषा स्य मित्रावरुणा नृचक्षा उभे उदेति सूर्यो अभि ज्मन्।

विश्वस्य स्थातुर्जगतश्च गोपा ऋजु मर्तेषु वृजिना च पश्यन्।।

।।ऋग्वेद 7.60.2।।

सूर्य देवता मनुष्य के सत्य–असत्य व्यवहार का निरीक्षण करनेवाला है। सूर्य द्युलोक एवं पृथिवी के बीच में चलता हुआ सबके व्यवहार को देखता है। वह सबका संरक्षक है। वह "सूर्य महापश्यक" होने से मनुष्यों में कौन सरल एवं कौन कुटिल है, इसका सूक्ष्मतम निरीक्षण करता है। सूर्य का अनुकरण करते हुए पृथिवी के शासक अपने लोकजन के व्यवहार का निरीक्षण करें, ताकि लोकजन का कल्याण हो (ऋग्वदे 7.60.2)।

## पृथिवी : युद्ध से उध्वस्त

सं भूम्या अन्ता ध्वसिरा अदृक्षतेन्द्रावरुणा दिवि घोष आरूहत्।

अस्थुर्जनानामप मामरातयो ऽवार्गवसा हवनश्रुता गतम्।।

।।ऋग्वेद 7.83.3।।

वैदिक ऋचा में पृथिवी पर युद्ध की विभिषिका के भयावह दूरगामी दुष्प्रमाणों से सावधान किया गया है। यह भी कहा है कि जहाँ तक सम्भव हो युद्ध नहीं हो। यदि युद्ध करना ही पड़े तो संरक्षण शक्ति का प्रयोग करें। युद्ध होने से भूमि के ऊपर के प्रदेश उध्वस्त हो जाते हैं। पुर (नगर), खेत, उद्यान आदि सभी नष्ट हो जाते हैं। दोनों ओर के सैनिकों एवं घायलों का आर्तनाद आकाश में भर जाता है। परन्तु यदि मानवता के शत्रु युद्ध के लिए सामने आकर खड़े ही हो जाएं, तो फिर संरक्षण शक्ति से युद्ध होकर शत्रु का सामना करें (ऋग्वेद 7.83.3)

## पृथिवी : सृष्टा ने मानवों को दी

वि चक्रमे पृथिवीमेष एतां क्षेत्राय विष्णुर्मनुषे दशस्यन्।

ध्रुवासो अस्य कीरयो जनास उरूक्षितिं सुजनिमा चकार।।

।।ऋग्वेद 7.100.4।।

सर्वव्याप्त शक्ति, सृष्टा, ब्रह्म ने सर्वप्रथम सैकड़ों तेजवाली पृथिवी को अपनी महिमा से तीन बार पराक्रम किया। सृष्टा ने पृथिवीलोक को मनुष्यों के निवास के लिए इच्छा से पराक्रम किया।

इसलिये उसने असुरों के साथ युद्ध किया और उनसे लेकर भूमि मानवों को दी। इस प्रकार ब्रह्म ने पृथिवी को मनुष्यों के उत्तम निवास के लिए बनाया। मन्त्र द्रष्टा ऋषि इस रूपक के माध्यम से कहना चाहता है कि पृथिवी सृजन के बाद मनुष्य के निवास के योग्य नहीं थी। पृथिवी लम्बी सतत, जटिल प्रक्रिया से पृथिवी मानवों के लायक हुई (ऋग्वेद 7.100. 4)।

## पृथिवी : मातृरूप घोषणा

इमां मे मरुतो गिरमिमं स्तोमृभुक्षणः।

इमं मे वनता हवम्।।9।।

ग्रीणि सरांसि पृश्नयो दुदुह्नं वज्रिणे मधु।

उत्सं कवन्धमुद्रिणम्।।10।।ऋग्वेद 8.7.9,10।।

पृथिवी को वेद में ''मातृरूपा'' कहा गया है। वेद के बाद ब्राह्मणग्रन्थों, आरण्यकों, स्मृति, संहिता, पुराण, इतिहास (रामायण, महाभारत), धर्मशास्त्र आदि में पृथिवी को माता स्वरूप घोषित किया गया। इस ऋचा में भूमि गो एवं मरुतों की माताएँ हैं। भूमि से अन्न एवं जल, गो से दुग्ध और वाणी से ज्ञान की प्राप्ति होती है। तीनों की तीन सेवनीय एवं उपादेय वस्तुएँ हैं। मरुतों की माताओं ने त्रिविध दुग्ध से तीन झीलें भरकर तैयार कर रखी हैं ताकि वीर मरुतों का भरणपोषण सुचारू रूप से भली भाँति हो जाए (ऋग्वेद 8.7.9,10)।

## विश्वबन्धुत्व का सिंहनाद

ये चिद्धि मृत्युबन्धव आदित्या मनवः स्मसि। ऋग्वेद 8.18.22।।

सभी मनुष्य मरणधर्मा बन्धु हैं (ऋग्वेद 8.18.22)। यह ऋचा 39 लाख वर्ष पूर्व ''विश्वबन्धुत्व'' का आधार प्रदर्शित करती है।

## पृथिवीवासियों के रहस्य का ज्ञाता अग्नि

अग्निर्जाता देवानामग्निर्वेद मर्तानामपीच्यम्।

अग्निः स द्रविणोदा अग्निर्द्वारा व्यूर्णुते

स्वाहुतो नवीयसा नमन्तामन्येके समे।। ऋग्वेद 8.39.6।।

यह अग्नि मनुष्यों एवं देवों के सभी जन्मों को और उनके रहस्यों को जानता है। अग्नि से छिपकर कोई भी कर्म करना सम्भव नहीं है। वह मन के विचार, सोच और बुरी योजना को भी जान लेता है। यही कारण है कि उनके भय से उसको आहुति प्रदान करते हैं। उसके लिए वह (अग्नि) धन के द्वार खोलता है। अग्नि सभी शत्रुओं को नष्ट कर देता है (ऋग्वेद 8.39.6)।

## पृथिवी : परमेष्ठी वरुण

अस्तभ्नाद् द्यामसुरो विश्ववेदा अमिमीत वरिमाणं पृथिव्याः।

असीदद् विश्वा भुवनानि सम्राड् विश्वेत तानि वरुणस्य व्रतानि।।1।।
।।ऋग्वेद 8.42.1।।

वेद का परमेष्ठी तत्त्व गोप्यं गोप्यं परम् गोप्यं है। वेद में परमेष्ठी तत्त्व के गूढ़ रहस्य को ऋग्वेद के अष्टम् मण्डल के बयालीसवें सूक्त में सांकेतिक रूप में प्रकट किया है। सर्वज्ञ एवं प्राणस्वरूप परमेश्वर ने द्युलोक को स्थिर किया। वह सर्वज्ञ प्राणस्वरूप परमेश्वर देव सम्राट वरुण है। वरुण देव ने ही पृथिवी को नापा। वह ही सभी भुवनों का स्वामी है। यह स्मरण रहे कि सृष्टि रचना के वैदिक सूक्तों में परमव्योम का उल्लेख है। परमव्योम में सत्, असत्, अन्धकार अथवा प्रकाश कुछ भी नहीं था। केवल आपः, सलिल रहा। इस आपः का अधिपति वरुण देव है। वरुण अथवा आपः अव्यक्त व्यापक सूक्ष्म प्रकृति तत्त्व–अर्थात् परमेष्ठी है। इस ऋचा में (वैदिक) देवों के सम्राट वरुण के परमेष्ठी तत्त्व होने को व्यक्त किया गया है (ऋग्वेद 8.42.1)।

## पृथिवी पर रक्षा कवच : दुःष्वप्नघ्नं

यद्देवाः शर्म शरणं यद्भद्रं यदनातुरम्।

त्रिधातु यव्दरूथ्यं 1 तदस्मासु वि यन्तनानेहसो

व ऊतयः सुऊतयो व ऊतयः।। ऋग्वेद 8.47.10।।

इस ऋचा का सूक्त दुःष्वप्नघ्नं कहलाता है। हे देवो! हमें कल्याणकारी, सुखप्रद एवं निरोगता देनेवाला कवच प्रदान करो। फलस्वरूप हमें अध्यात्मिक, दैविक, आधिभौतिक, आधिदैविक एवं भौतिक शान्ति मिले और हमारी हर तरह से सुरक्षा हो (ऋग्वेद 8.47.10)।

## पृथिवी पर वेद से अज्ञानी का ज्ञानी रूपान्तरण

वेद को लेकर पश्चिमी विद्वानों ने सतत दुष्प्रचार किया। वेद को आदमकाल का प्रलाप करार दिया। वास्तव में वैदिक संस्कृत के प्रति अज्ञानता और वेद शैली का अभिव्यंजनात्मक आदि होना पाश्चात्य विद्वानों के लिए चक्रव्यूह भेदन के समान असम्भव है। यह भी अवधारणा प्रचारित की कि आर्य उत्तरी ध्रुव से आये। जिसके परिणामस्वरूप अनावश्यक आर्य–द्राविड वितण्डा उत्पन्न किया गया। ओरायण सिद्धान्त की कुछ भारतीय विद्वानों ने पुष्टि की। क्षमा करें! इन्ही में से एक ने वैदिक देव इन्द्र को साइबेरिया से आया प्रमाणित किया। परमेष्ठी! इन्हें क्षमा करें। ऋग्वेद के अष्टम् मण्डल का सौ वाँ सूक्त वेद के सम्बन्ध में नवप्रकाश डालता है।

यद्वाग्वदन्त्यविचेतनानि राष्ट्रीं देवानां निषसाद् मन्द्रा।

चतस्र ऊर्जं दुदुहे पयांसि क्क स्विदस्याः परमं जगाम्।।10।।

यह वेदवाणी ''अज्ञानियों को ज्ञान युक्त'' करती है। दिव्य शक्तिमान देवों एवं विद्वानों को प्रसन्न करती है। यह वेदवाणी स्वयं दिव्य तेजमय होने से इसका पाठ करनेवाले को तेजयुक्त करती है। यज्ञ में वेदपाठ होने से यज्ञ सभी प्रकार से समृद्ध होता है। वेदवाणी के अनन्त कार्य प्रत्यक्ष होने पर भी वेद कैसे प्रकट हुआ यह अज्ञात है (ऋग्वेद 8.100.10)।

## अग्नि के तीन लोक

उप त्वा जामयो गिरो देदिशतीर्हविष्कृतः।

वायोरनीके अस्थिरन्।।ऋग्वेद 8.102.13।।

पृथिवी, अन्तरिक्ष एवं द्युलोक तीनों इस अग्नि के हैं। तीनों लोक खुले हुए, स्वतन्त्र हैं, पर तीनों में अग्नि व्याप्त है। यह कथन वेद में बारम्बार दोहराया गया है। अग्नि की वैदिक ऋचाओं का चकाचौंध करनेवाला इन्द्रधनुष है। महर्षि अरविन्द ने अग्नि के वैदिक मन्त्रों का संग्रह सानुवाद किया है (ऋग्वेद 8.102.13)।

## सूर्यस्वरूप वरुण

यह बहुत ही आश्चर्यजनक है कि ब्रह्माण्डीय दिव्य ब्रह्माण्डीय महासागर के अधिष्ठाता वरुण देवता की विशेषताएँ, कार्य, नियम, दिव्य चमत्कारिक शक्तियाँ और रुद्र देवता, सूर्य देवता में साम्यता है (वैदिक काल में देव सम्राट वरुण परमेष्ठी तत्त्व हैं)। यद्यपि ऋग्वेद में वरुण देवता के स्वतन्त्र सूक्त बहुत ही कम हैं, किन्तु महत्वपूर्ण हैं। यह सूक्त देव सम्राट वरुण के सूर्य स्वरूप होने पर मोहर लगाता है।

तमु पु समना गिरा पितृणां च मन्मभिः।

नाभाकस्य प्रशस्तिभिर्यः सिन्धूनामुपोदये

सप्तस्वसा स मध्यमो नभन्तामन्यके समे।।ऋग्वेद 8.41.2।।

देव सम्राट वरुण ''सात किरणों से युक्त हैं एवं अन्तरिक्ष में रहता है। सात किरणें वरुण की बहिनें हैं'' (ऋग्वेद 8.41.2)।

## पृथिवी : देव इच्छा

यथा वशन्ति देवास्तथेरसत् तदेषां नकिरा मिनत्।

अशवा चन मर्त्यः।।ऋग्वेद 8.28.4।।

ऋग्वेद में मानव से देवत्व प्राप्ति का रहस्य उद्‌घाटित किया गया। उसके बाद ''मानव को सफलता, भौतिक ऐश्वर्य आदि की प्राप्ति से अहंकार, दंभ से मुक्ति का भी मूलमन्त्र दिया है''। इसमें सभी उपलब्धि देव कृपा को घोषित किया गया है। जिससे कर्म कर्ता का भाव नहीं हो, निष्काम कर्मयोग करें (फल की इच्छा नहीं करें)। इस सूक्त के ऋषि मनुर्वैवस्वत हैं। ''ऋचा के अनुसार देव जैसा चाहते हैं, वैसा ही

होता है। उसकी इच्छा को शत्रु भी अन्यथा नहीं कर सकते, फिर मित्र की तो बात क्या है'' ? त्रेतायुग के योग वासिष्ठ में और दो शतक से अधिक गीताओं में निष्काम कर्म का सन्देश दिया गया। यही विचार वेद के परवर्त्ती प्राचीन मिश्र, ज़रूथुस्त्र–जुवान पंथ–पारसी, हित्ति, असीरियायी, रोम, ग्रीक, गवल, इंका, माया, लाओत्से, शिन्तो, जैन, बौद्ध आदि धर्म संस्कृतियों में आया। ताओ के सूत्रों में एक का भावार्थ है : जो है, सो गुजर जायेगा (ऋग्वेद 8.28.4)।

## पृथिवी पर ज्ञान मार्ग ही श्रेष्ठ

प्रथमं जातवेदसमग्निं यज्ञेषु पूर्व्यम्।

प्रति स्रुगेति नमसा हविष्मती।। ऋग्वेद 8.23.22।।

ऋग्वेद में विश्वमना वैयश्व ऋषि ने घोषित किया कि पृथिवी पर ज्ञान मार्ग ही श्रेष्ठ है। ऋचा में स्पष्ट किया है कि जो मानव हर तरह के ज्ञान से युक्त होता है, वह सभी मानवों में श्रेष्ठ होता है। इसी प्रकार जिस भूभाग में समस्त प्रजा में शिक्षा होती है, वह राष्ट्र विश्व के सभी राष्ट्रों में सर्वोत्तम एवं सर्वश्रेष्ठ होता है। ज्ञान से ही अज्ञान का अन्धकार दूर किया जा सकता है। देव गुरू बृहस्पति, असुर गुरू शुक्राचार्य आदि सहित सभी ऋषियों के नीति ग्रन्थों का सारतत्त्व ईसा पूर्व तक्षशिला विश्वविद्यालय के विश्वविख्यात आचार्य विष्णु गुप्त कौटल्य चाणक्य के सूत्राणि में मिलता है। आचार्य चाणक्य के अनुसार शासक केवल अपने देश में सम्मान प्राप्त होता है, लेकिन ज्ञानवान विद्वान की सर्वत्र पूजा होती है। रोम के विश्वविजेता एलक्जेण्डर (सिकन्दर) के गुरू ने उनसे जम्बूद्वीप भारतवर्ष–ज्ञान के महासागर से प्राचीन विद्या के ग्रन्थ एवं विद्वान लाने को कहा। सिकन्दर की सेना ने तक्षशिला के ग्रन्थागार के ग्रन्थों को लगभग छह माह जलाया। प्रकारान्तर में नालान्दा विश्वविद्यालय का ग्रन्थागार छह माह अग्नि में जला। चौंकें नहीं! ईसा पूर्व चाणक्य सूत्राणि ग्रीक भाषा में प्रकाशित हुए। भारद्वाज महर्षि के सूर्यविज्ञान के ग्रन्थ अंशु बोधिनी शास्त्र का रहस्य उद्घाटित करने में वर्षों से लगे हैं (ऋग्वेद 8.23.22)।

## ऋतु देवता

तुभ्यै हिन्वाना वसिष्ट गा अपो ऽधुक्षन् त्सीमविभिरद्रिभिर्नरः।

पिवेन्द्र स्वाहा प्रहुतं वषट्कृतं होत्रादा सोमं प्रथमो य ईशिषे।।

।।ऋग्वेद 2.36.1।।

ऋग्वेद के दूसरे मण्डल के छत्तीसवें सूक्त की प्रथम ऋचा का विषय ''ऋतुदेवता'' और ऋषि गृत्समद (आंगिरस, शैनहोत्र पश्चाद्) हैं। ऋचा बहुत ही संकेतात्मक एवं भावपूर्ण है। ये महान् जल इस देव के लिए हमेशा जलरूपी भोजन प्रदान करते हैं और उत्तम स्थान में स्थित एवं तेजों से युक्त ये इस देव के चारों ओर बहते रहते हैं (ऋग्वेद 2.36. 1)। इसी क्रम में दूसरे मण्डल के सैंतीसवे सूक्त की प्रथम ऋचा का विषय ऋतुदेवता है।

## द्यु, पृथिवी, अग्नि : कल्याणकारी

प्रेतां यज्ञस्य शंभुवा युवामिद वृणीमहे।

अग्निं च हव्यवाहनम्।।19।।

द्यावा नः पृथिवी इमं सिध्रमद्य दिविस्पृशम्।

यज्ञं देवेषु यच्छताम्।।20।। ऋग्वेद2.41.19,20।।

द्यु, पृथिवी एवं अग्नि सभी का कल्याण करनेवाले हों। इनको सभी चाहते हैं। ये हमारे आमन्त्रण पर यज्ञ में पधारें। द्यु एवं पृथिवी दोनों देवियाँ सुख के साधक एवं आकाश को छूनेवाले हैं। हमारे इस यज्ञ को देवों तक पहुँचायें (ऋग्वेद 2.41.19,20)।

## द्यावापृथिवी स्तुति

उतो हि वां दात्रा सन्ति पूर्वा या पुरुम्यस्त्रसदस्युर्नितोशे।

क्षेत्रासां ददथुरूर्वरासां धनं दस्युभ्यो अभिभूतिमुग्रम्।।

।।ऋग्वेद 4.38.1।।

हे द्यावापृथिवी! दानशील त्रसदस्यु ने जो कुछ भी मानवों को प्रदान किया, वह समूचा धन आपका ही है। ऋग्वेद में सूर्य के तीन पाद एवं पृथिवी की ऋचा प्रथम मण्डल के 154 वें सूक्त में है। सूर्य देवता, वरुण देवता, इन्द्र देवता आदि को ''असुर'' से सम्बोधन मिलता है। असुर का अर्थ दैत्य, दानव नहीं है। प्रज्ञावान, सामर्थ्यवान, महाशक्तिवान को असुर कहते हैं। इस ऋचा में ''दस्यु'' ''त्रसदस्यु'' शब्द उसकी पुनर्–आवृत्ति है। हे द्यावापृथिवी! आपने हमें जोतने के लिए भूमि, विजय के लिए अश्व (शक्ति, बल, तेज) प्रदान किया। साथ ही भूमि को उपजाऊ बनानेवाला पुत्र दिया, और दुष्टों का पराभव करनेवाला तीक्ष्ण अस्त्र प्रदान किया है (ऋग्वेद 2.38.1)। यहाँ शत्रु भौतिक एवं अध्यात्मिक दोनों हैं।

## पृथिवी : वरुण मित्र से सुख प्राप्ति, दुःखनिवृत्ति

तदस्तु मित्रावरुणा तदग्ने शं योरस्मभ्यमिदमस्तु शस्तम्।

अशीमहि गाधमुत प्रतिष्ठां नमो दिव बृहते सादनाय।।7।।

।।ऋग्वेद 5.47.7।।

हे मित्र एवं वरुण! हम सुखप्राप्ति एवं दुःख निवृत्ति के लिए आपकी स्तुति करते हैं। हे अग्नि! यह स्तुति आपके लिए भी हो। हमें इस स्तुति से उत्तम प्रतिष्ठा एवं उत्तम स्थान प्राप्त हो। द्युलोक संसार का सबसे बृहद् आश्रय स्थल है, उसे नमस्कार करते हैं (ऋग्वेद 5.47. 7)।

## पृथिवी : रक्षा स्तुति

दध्रिकां व प्रथममश्विनोषसमग्निं समिद्धं भगमूतये हुवे।

इन्द्रं विष्णुं पूषणं ब्रह्मणस्पतिमादित्यान् द्यावापृथिवी अपः स्वः।।

।।ऋग्वेद 7.44.1।।

हम (पृथिवी पर) रक्षा के लिए पृथिवी, द्यु, वरुण जल, आदित्य, ब्रह्मणस्पति, दोनों आश्विनी कुमार, उषा, अग्नि, भग, इन्द्र, सर्वव्याप्त दैवी

शक्ति अश्व आदि की स्तुति करते हैं (बृह्मणस्पति के लिए आचार्य भगवद्दत्त की बृहस्पति देवता देखें।) अश्व का एक अर्थ ब्रह्म भी है (ऋग्वेद 7.44.1)।

## द्यावापृथिवी : विश्वके माता पिता

प्र पूर्वजे पितरा नव्यसीभिर्गीर्भिः कृणुध्वं सदने ऋतस्य।

आ नो द्यावापृथिवी दैव्येन जनेन यात महि वां वरूथम्।।2।।

।।ऋग्वेद 7.53.2।।

इस विश्व के पूज्य माता पिता द्यु एवं पृथिवी हैं। अतः इन दोनों की पूजा करनी चाहिए (ऋग्वेद 7.53.2)।

## वृत्र हिमनद्

अयोद्धेव दुर्मद आ हि जुव्हे महावीरं तुविवाधमृजीषम्।

नातारीदस्य समृतिं वधानां सं रूजानाः पिपिष इन्द्रशत्रुः।।6।।

।।ऋग्वेद 1.32.6।।

घमण्डी एवं स्वयं को अजिंक्य समझनेवाले वृत्र ने सेनानी इन्द्र को युद्ध का आव्हान किया। सम्भवतः वृत्र स्वयं को इन्द्र से अधिक शक्तिशाली समझता था। परन्तु इन्द्र ने वृत्र पर मारकतम प्रहार किया। वृत्र उस महा आघात को सह नहीं सका एवं पृथिवी पर गिर कर मर गया। इन्द्र का शत्रु वृत्र मर कर भी नदियों को हिमनद में परिवर्तित कर जल प्रवाह को रोक देता है। उस विकट परिस्थिति में सूर्यरूपी इन्द्र ने अपनी किरणों से उस हिम (बर्फ) को पिघला दिया। पृथिवी पर हिमरूप में जमा नदियों का जल प्रवाह कलकल बह निकलता है (ऋग्वेद 1.32. 6)।

## वर्षा ऋतु में अस्वस्थता

आ कृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च ।

हिरण्येन सविता रथेनऽऽ देवो याति भुवनानि पश्यन्।।2।।

।।ऋग्वेद 1.35.2।।

इस पृथिवी पर मर्त्य एवं अमर दो सत्य हैं। इन दोनों का निवास सूर्यदेव की किरणों में है। ''वर्षा के दिनों में दो माह तक सूर्य नहीं निकलने से प्राणियों (मानवों) का पूरा स्वास्थ्य बिगड़ जाता है।'' यद्यपि ऋचा में सूर्य के स्थान पर सविता सम्बोधन का प्रयोग किया गया है। इस प्रकार सूर्य अपने तेजस्वी रथ से प्रतिदिन आरोग्य प्रदान करता जाता है (ऋग्वेद 1.35.2)।

## उन्नति के साथ विनम्रता

ऊर्ध्व ऊ षु णं ऊतये तिष्ठा देवो न सविता।

ऊर्ध्वो वाजस्य सनिता यदंजिभिर्वाधद्भिविव्हयामहे।।13।।

।।ऋग्वेद 1.36.13।।

हमें दिव्य सविता की तरह सर्वप्रथम उच्च बनकर दूसरों को उन्नत करने का प्रयास करना चाहिए। यही आदर्श हमारे समक्ष हो। उन्नत होकर घमण्डी (दंभी, अहंकारी) नहीं होना चाहिए, अपितु दानी, सज्जन, सहृदय बनना चाहिए (ऋग्वेद 1.36.13)।

## पृथिवी : निष्कण्टकर्ता इन्द्र

इत्था हि सोम इन्मदे ब्रह्मा चकार वर्धनम्।

शविष्ठ वजिन्नोजसा पृथिव्या निः शशा अहिमर्चन्ननु स्वराज्यम्।।

।।ऋग्वेद 1.80.1।।

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के अस्सीवें सूक्त की प्रथम ऋचा में मन्त्र द्रष्टा ऋषि गोतमो राहूगणः ने कहा है : ज्ञानियों ने देव सेनानी इन्द्र के बल में वृद्धि की और इन्द्र ने पृथिवी को संकट में डालनेवाले शत्रु (अहि) को नष्टकर स्वराज्य को सुदृढ़ बनाया। इसी तरह विश्व में ज्ञानीजन नाना साधनों से पृथिवी की रक्षा के लिए (राष्ट्र की भी रक्षा के लिए।) क्षात्रशक्ति का संवर्धन करें। पृथिवी (राष्ट्र भी) की स्वतन्त्र सत्ता को अक्षुण्ण बनाने का प्रयत्न करें। यह वैदिक ऋचा ज्ञानीजनों से

स्वतन्त्रसत्ता को अक्षुण्ण रखने एवं स्वराज्य का शंखनाद का उपदेश देता है(ऋग्वेद 1.80.1)।

## पृथिवी, द्यौ, अदिति, इन्द्र प्रेरणा दें

विश्वाहेन्द्रो अधिवक्ता नो अस्त्वपरिव्हृताः सनुयाम वाजम्।

तन्नो मित्रो वरुणो मामहन्तामदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः।।

।।ऋग्वेद 1.100.19।।

इस ऋचा में ''अधिवक्ता'' शब्द का अर्थ उत्तम सलाह देनेवाला एवं ''अपरिव्हृताः'' का अर्थ कुटिलता त्यागना है (आमतौर पर वकील के लिए अधिवक्ता सम्बोधन किया जाता है।)। ''इन्द्र हमें हर समय उत्तम सलाह देनेवाले हो। हम भी समस्त कुटिलता त्यागकर अन्न दें। पृथिवी, मित्र, वरुण, अदिति, सिन्धु, द्यौ आदि हमारे इस कथन को महती प्रेरणा दें (ऋग्वेद 1.100.19)।

## ब्रह्माण्ड के ग्रहों, नक्षत्रों की नियत गति

अस्य श्रवो नद्यः सप्त बिभ्रति द्यावाक्षमा पृथिवी दर्शतं वपुः।

अस्मे सूर्याचन्द्रमसाभिचक्षे श्रद्धे कविन्द्र चरतो वितर्तुरम्।।

।।ऋग्वेद 1.102.2।।

यहाँ मन्त्र द्रष्टा कुत्स आंगिरस ऋषि ने खगोल विज्ञान का रहस्य उजागर किया। ''हमारे ब्रह्माण्ड के सभी ग्रह, नक्षत्र, तारों आदि की निश्चित गति नियमपूर्वक है। इसी कारण अनन्त ब्रह्माण्डों में ग्रह, नक्षत्र, तारे आदि आपस में नही टकराते हैं।'' अर्थात् वेद के मन्त्र द्रष्टा ऋषिगण को ब्रह्माण्ड के शाश्वत नियमों का गहन ज्ञान रहा। यद्यपि आधुनिक खगोल विज्ञान ने पिछले सौ वर्षों में इसे स्वीकारा। ''इन्द्र (ब्रह्म) के यश को सात नद (नदियाँ या समुद्र) धारण करते हैं। तीनों लोक इसके तेज को धारण करते हैं (द्युलोक, पृथिवीलोक एवं अन्तरिक्ष)। ब्रह्म के तेज से प्रकाशित होकर सूर्य एवं चन्द्रमा प्राणिमात्र को ज्ञान एवं प्रकाश देने के लिए नियमपूर्वक गति से चलते हैं। इनकी गति नियमित

होने से अत्यन्त वेग से चलने पर भी कभी भी आपस में नहीं टकराते हैं। इसका पृथिवी के मानवों को सन्देश है कि वे शाश्वत सनातन नियमों का पालन करते हुए सुख से रहें (ऋग्वेद 1.102.2)।

## द्यावापृथिवी रोदसी की सत्य वाणी : एकमात्र ज्ञाता ऋषि

उतो हि वां पूर्व्या आविविद्र ऋतावरी रोदसी सत्यवाचः।

नरश्चिद् वां समिथे शूरसातौ ववन्दिरे पृथिवी वेविदानाः।।4।।

।।ऋग्वेद 3.54.4।।

यह ऋचा घोषणा करती है कि द्यु एवं पृथिवी की ''वाणी–सत्य'' है। अतः द्युलोक एवं पृथिवी तत्त्व को सत्य वाणीवाला मन्त्र द्रष्टा ही समझने में सक्षम है। ऋचा में लिखा है कि द्यावापृथिवी सत्य के नियमों के अनुसार चलनेवाला है। दोनों को पूर्व ऋषियों की सत्य वाणियाँ अथवा सत्यज्ञान जानता रहा। हे पृथिवी! आज भी युद्ध में संघर्षरत वीर भी आप दोनों की वन्दना करते हैं (ऋग्वेद 3.54.4)। यहाँ संघर्ष एवं युद्ध का अर्थ अध्यात्मिक, दार्शनिक भी है।

## सविता त्वष्टा : पृथिवी का रचनाकार

देवस्त्वष्टा सविता विश्वरूपः पुपोष प्रजाः पुरूधा जजान।

इमा च विश्वा भुवान्यस्य महद् देवानामसुरत्वमेकम्।।19।।

।।ऋग्वेद 3.54.19।।

सविता का अर्थ सभी को प्रसव देनेवाला है। इसका प्रयोग इस ऋचा त्वष्टा के साथ किया गया है। सविता त्वष्टा अनेक तरह के प्राणी आदि उत्पन्न कर उन्हें पुष्ट करता है। इसी त्वष्टा देव के सभी भुवन हैं (सभी लोक सृजित किए हैं।) (ऋग्वेद 3.55.19)।

## पाप की क्षमा

कथा ह तद् वरुणाय त्वमग्ने कथा दिवे गर्हसे कन्न आगः।

कथा मित्राय मीळ्हुषे पृथिव्ये ब्रवः कदर्यम्णे कद् भगाय।।5।।

।।ऋग्वेद 4.3.5।।

ज्ञानवान अग्नि अपने भक्त के पापों को क्षमा कर देता है। वह सूर्य, मित्र, वरुण, भग, अर्यमा, पृथिवी आदि से उसकी निन्दा के स्थान पर उसके पापों का प्रायश्चित्त करवाकर सुधारकर उसे तेज प्रदान करता है (ऋग्वेद 4.3.5)।

## द्युलोक पृथिवी बल ब्रह्म से

दिवस्पृथिव्याः पर्योज उदभृतं वनस्पतिभ्यः पर्याभृतं सहः।

अपामोज्मानं परि गोभिरावृतमिन्द्रस्य वज्रं हविषां रथं यज्र।।

।।ऋग्वेद 6.47.27।।

द्युलोक एवं पृथिवी से उद्भृत किया बल इन्द्र (ब्रह्म) को प्राप्त है। उसमें पानी का तेज एवं वनस्पतियों का सामर्थ्य भी है। इन्द्र का रथ सामर्थ्य युक्त, वज्र युक्त और तांतो से अच्छी तरह बंधा हुआ है (ऋग्वेद 6.47.27)।।ऊँ।।

# पृथिवी मापन दिव्य यन्त्र : सूर्य

ऋग्वेद के मन्त्र द्रष्टा कविगणों ने जगत्सृष्टि रचना के वर्णन में काव्यात्मक रूपकों, अभिव्यंजना, प्रतीकशास्त्र, कूटात्मक शब्दों, बहुअर्थी शब्दों, अलंकारात्मक शैली, ध्वनिमूलकता, गूढ़ रहस्यपूर्ण शब्दों आदि के प्रतीकजाल का इन्द्रजाल प्रस्तुत किया है। वैदिक ऋचाओं में भौतिक जगत्–पृथिवी के लिए पंच शती के आसपास शब्दों की आकाश गंगा सम्मोहित करती है।

ऋग्वेद की ऋचाओं में पृथिवी के मापन का अभूतपूर्व अप्रत्याशित उल्लेख है। उनमें कहा गया है कि इन्द्र ने छह प्रदेशों को मापा और पृथिवी के विस्तृत भूभाग एवं स्वर्ग के सर्वोच्च शिखर की रचना की। सर्वव्याप्त दैवी शक्ति ने पार्थिव स्थानों को मापा। उसके बाद ऊँचाई पर आवास दृढ़ किया।

अयं षळुर्वीरमिमीत धीरो न याभ्यो भुवनं कच्चनारे।।3।।

अयं स यो वरिमाणं पृथिव्या वर्ष्मा णं दिवो अकृणोदयं सः।।4।।

।।ऋग्वेद 6.47.3,4।।

वेद में पृथिवी मापने के अद्‌भुत यन्त्र का उल्लेख है। वेद में कहा है कि इन्द्र ने माप–तोल के अनुसार नदियों को गृह के समान पूर्व की ओर चलनेवाली बनाया। पूर्व दिशा को मुख्य कहा गया है। सभी नदियाँ पूर्व की तरफ प्रवाहित होती हैं। इन्द्र ने अपने वज्र से नदियों के मार्ग को खोदा। पुराकथाओं के अनुसार महाराज भगीरथ की घोरतम तपस्या से प्रसन्न होकर महारुद्र सदाशिव ने अपनी जटाओं के संजाल से देव नदी गंगा को "बिन्दुसार" (गोमुख, गंगोत्री के समीप स्थल) पर अवतरित किया। किन्तु चार धामों के दिव्य पर्वतों–वनों से गंगा बाहर नहीं आ सकी। ब्रह्माण्ड के दिव्य आपः गंगा को कपिल मुनि आश्रम गंगासागर तक प्रवाह के लिए इन्द्र आगे आये। इन्द्र ने गंगा को चारधाम के संजाल से बाहर निकलने के लिए वज्र से पर्वतों को काटकर मार्ग निर्मित किया। श्रीविद्या के महान आचार्य परशुराम ने महारुद्र शिव के निवास कैलास से ब्रह्मपुत्र महानद को गौडप्रदेश असम लाने के लिए फरसे से काटकर मार्ग निर्मित किया। इस तरह इन्द्र ने दूर तक जाने योग्य मार्गों से नदों को सहज ही बहा दिया (ऋग्वेद 2. 15.3)।

सद्येव प्राचो वि मिमाय मानेर्वज्रेण खान्यतृणन्नदीनाम्।

वृथासृजत् पथिभिदीर्घयाथैः सोमस्य ता मद इन्द्रश्चकार।।3।।

।।ऋग्वेद 2.15.3।।

नि षीमि दत्र गुह्य दधाना उत्र क्षत्राय रोदसी समंजन्।

सं मात्राभिर्ममिरे येमुरूर्वी अन्तर्मही समृते घायसे धुः।।

।।ऋग्वेद 3.38.3।।

यह ऋचा पृथिवी निमार्ण एवं माप के सन्दर्भ में नये गुप्त रहस्यों को परिभाषित करती है। विद्वान देवों के कर्म बहुत ही गोपनीय एवं रहस्यपूर्ण होते हैं। उन देवों ने गूढ़ कर्मों का सम्पादन करते हुए (सबसे पहले) द्यावापृथिवी की संयुक्त रचना की। फिर उन्होंने नापकर इन दोनों को विस्तृत करने के लिए पृथक्–पृथक् कर दिया। सृष्टि के आदि में द्युलोक एवं पृथिवीलोक में कोई अन्तर नहीं रहा (परमव्योम में अलग–अलग लोक नहीं रहे।)। देवों ने संयुक्त द्युलोक–पृथिवीलोक विस्तीर्ण को नियन्त्रित किया और दोनों के बीच में उन्हें धारण करने के लिए अन्तरिक्ष (द्युः) की संरचना की (ऋग्वेद 3.83.3)।

## सम्राट वरुण : सूर्य से पृथिवी मापन

इमामू ष्वासुरस्य श्रुतस्य महीं मायां वरुणस्य प्र वोचम्।

मानेनेव तस्थिवाँ अन्तरिक्षे वि यो ममे पृथिवीं सूर्येण।।

।।ऋग्वेद 5.85.5।।

जिस सम्राट वरुण ने अन्तरिक्ष में रहकर ही दण्ड के समान सूर्य के द्वारा पृथिवी को मापा, उस प्राणदाता प्रसिद्ध वरुण की इस बृहद मेघा की प्रशंसा करनी चाहिए। अर्थात् देव सम्राट वरुण ने सूर्य दण्ड से पृथिवी को नापा (ऋग्वेद 5.85.5)। वेदांग में सूर्य सिद्धान्त के आधार पर खगोल गणना है। सूर्य सिद्धान्त में हजारों–हजारों वर्षों के पंचांग में सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण की घोषणा मिलती है। यह अभूतपूर्व है कि सैकड़ों–सैकड़ों वर्ष पूर्व की सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण की तिथि सटीक निकलती है। पृथिवी के पूर्वापर–वृत्त के द्वारा पांच भाग किये जाते हैं। सम्पूर्ण खगोल के मध्य का पूर्वापर –वृत्त ''विषुवत्–वृत्त'' कहलाता है। विषुवत–वृत्त के दोनों ओर चौबीस–चौबीस अक्ष पर दक्षिण एवं उत्तर में कर्क और मकर–वृत्त है। उन दोनों के बीच में उष्ण कटिबन्ध है। सूर्य

की किरणों का दबाव ग्रहों के संचार के कारण अधिक रहता है। इसी के अनुरूप दोनों ध्रुवों से चौबीस–चौबीस अंश पर शीत कटिबन्ध हैं। अगत्या उष्ण कटिबन्ध एवं शीत कटिबन्ध के मध्य कटिबन्ध से आत्मा जा सकता है। ये उत्तर मध्य कटिबन्ध एवं दक्षिण मध्य कटिबन्ध में विभाजित है। शुक्ल मार्ग का आत्मा उत्तर मार्ग से एवं कृष्ण मार्ग का आत्मा दक्षिण मार्ग से जाता है। यही दिक् का नियम है। विषुवत–वृत्त के दोनों ओर चौबीस–चौबीस अंश के प्रकाश मण्डल में नक्षत्र–मण्डल (27 या 28 नक्षत्र) विद्यमान हैं। उनमें नौ–नौ नक्षत्रों की गणना से अड़तालीस (48) अंश का पूर्वोक्त आकाश–मण्डल तीन भागों बाँटा गया है। उत्तरवाले तृतीयांश को ऐरावत मार्ग एवं मध्यवाले तृतीयांश को जरद्गवमार्ग और दक्षिण तृतीयांश को वैश्वानर मार्ग कहते हैं। इन तीनों मार्गों के तीन उप मार्ग हैं। ऐरावत मार्ग में उत्तर से दक्षिण की ओर क्रमशः नाग वीथी, गज वीथी, ऐरावत वीथी और मध्य के जरद्गव मार्ग में ऋषभ वीथी, गो वीथी, जरद्गव वीथी है। वैश्वानर मार्ग में अज वीथी प्रमुख है। उत्तर नाग वीथी में उत्तर देवयान एवं दक्षिण में पितृयान कहा गया है। सूर्य की ओर जाने को उर्ध्वगति उत्तम मार्ग और उसके विपरीत को अधमगति की संज्ञा दी गई है।

द्वे सती अश्रृणवं, पितृणामहं देवानामुत मर्त्त्यानाम्।

ताभ्यामिदं विश्वमेजत् समेति यदन्तरा पितरं मातरं च।।

वेद में कहा है कि सूर्य पिता और माता पृथिवी के मध्य जहाँ जो कुछ है, वह सारा विश्व पृथिवी को छोड़कर जाए, तो उसके लिए दो ही मार्ग चुने हैं। एक पितरों का (पितृयान) और दूसरा देवों का (देवयान) मरणधर्मा जीवों के लिए निश्चित है।

तमृत्विया उप वाचः सयन्ते सर्गो न यो देवयतामसर्जि।

बृहस्पतिः स ह्यंजो वरांसि विभ्वाभवत् समृते मातरिश्वा।।2।।

।।ऋग्वेद 1.190.2।।

ऋतु अनुकूल कही गई वाणियाँ उनकी सेवा एवं स्तुति करती हैं। जिसने नवरचना के समान देव बनने की इच्छा करनेवालों को

(पृथिवी पर) उत्पन्न किया। प्रगति करनेवाले वायु के समान बृहस्पति यज्ञ में श्रेष्ठ वस्तुओं के साथ अपनी व्यापक शक्ति से अवतरित हुआ (ऋग्वेद 1.190.2)।

ऋग्वेद की ऋचाओं से स्पष्ट है कि पृथिवी मापना पूर्व दिशा से आरम्भ होता है। पृथिवी के विस्तारण का श्रेय मरुद्गण, अग्नि, इन्द्र आदि को जाता है। पृथिवी के सुदृढ़ीकरण, स्तम्भीकरण आदि का वैदिक वर्णन बहुत ही अद्भुत है।

सविता यन्त्रैः पृथिवीमरम्णादस्कम्भने सविता द्यामदृंहत्।

अश्वमिवाधुक्षद्धुनिमन्तरिक्षमतूर्ते बद्धं सविता समुद्रम्।।1।।

।।ऋग्वेद 10.149.1।।

यस्तस्तम्भ सहसा वि ज्यो अन्तान् बृहस्पतिस्त्रिषधस्थे रवेण।

तं प्रत्नास ऋषयो दध्यानाः पुरो विप्रा दधिरे मन्द्रजिव्हम्।।1।।

।।ऋग्वेद 4.50.1।।

इरावती धेनुमती हि भूतं सूयवसिनी मनुषे दशस्या।

व्यस्तम्ना रोदसी विष्णवेते दाधर्थं पृथिवीमभितो मयूखैः।।3।।

।।ऋग्वेद 7.99.3।।

जगत् (पृथिवी) निर्माता सविता देवता ने अपने वृष्टि दान आदि नियंत्रण साधनों से पृथिवी को स्थिर एवं रमणीय किया। सविता ब्रह्म ने विना अवलम्बन के आकाश में द्युलोक दृढ़ रूप दिया। घोड़े के समान गात्र कम्पित करनेवाले मेघ का सविता जल दोहन करता है। मेघ निराधार आकाश में स्थितिबद्ध है। अर्थात सवितृ ने पृथिवी को अपने बन्धनों से दृढ़ किया (ऋग्वेद 10.149.1)। तीनों लोकों में रहनेवाले बृहस्पति ने अपने शब्द और बल से पृथिवी के अन्तिम प्रदेशों को आधार दिया। वाणी के अधिपति बृहस्पति ने अपनी शक्ति एवं आज्ञा से दशों दिशाओं को आधार देकर स्थिरता प्रदान की। वाणी के स्वामी की सभी प्राचीन मन्त्र द्रष्टा ऋषि एवं तेजस्वी ज्ञानी स्तुति करते हैं। उन्हें प्रत्येक

काम में आगे स्थापित करते हैं। अर्थात् बृहस्पति पृथिवी के किनारों को आश्रय देकर स्तम्भित किये हुये हैं (ऋग्वेद 4.50.1)। सर्वव्याप्त दैवी शक्ति (विष्णु) ने पृथिवी को पर्वत रूपी खूँटों से दृढ़ किया। ये द्युलोक एवं पृथिवीलोक मानवों के लिए हितकारी अन्न, वनस्पति एवं पशुओं से भरपूर हैं। ये दोनों लोक सर्वव्याप्त दैवी शक्ति के कारण ही स्थिर हैं। पृथिवी पर्वतमालाओं के कारण स्थिर है (ऋग्वेद 7.99.3)। वैदिक ऋचाओं में दिव्य काष्ठ तक्षक ''खष्ट्'' ऋभु के सृजनशील हाथों का उल्लेख है।

ब्रह्मणस्पतिरेता सं कर्मार इवाधमत्।

देवानां पूर्व्ये युगे ऽसतः सदजायत्।। ऋग्वेद 10.72.2।।

ब्रह्मणस्पति द्वारा महारथी दिव्य शिल्पिक के रूप जगत् को गढ़ने का उल्लेख है। जगत्सृष्टिमीमांसा सम्बधी इस सूक्त में असत् से सत् की उत्पत्ति के रूप में विश्व सृष्टि का वर्णन है। अस्तित्वरहित असत् से अस्तित्वयुक्त सत् की उत्पत्ति हुई। ऋचा के अनुसार बृह्मणस्पति ने कुशलतम शिल्पी की भांति देवों आदि को उत्पन्न किया। देवों के युग में ''आदि सृष्टि'' में असत् से सत् की उत्पत्ति हुई थी (ऋग्वेद 10.72.2)।।।ऊँ।।

## पृथिवी चैतन्य तत्त्व

पृथिवी–पृथ्वी तत्त्व को सांख्य दर्शन ने पांच स्थूल महाभूतों–जल, तेज–अग्नि, वायु, आकाश और पृथिवी में से एक घोषित किया है। मूलतः पंच महाभूत सभी तत्त्वों में विद्यमान रहते हैं, किन्तु जिस महाभूत की अधिकता रहती है, वहीं महाभूत कहलाता है। प्रथम वेद–ऋग्वेद में पृथिवी को लेकर एक सम्पूर्ण सूक्त और द्यावापृथिवी के छह सूक्त मिलते हैं।

निरूक्त पृथिवी तत्त्व के रहस्य को उद्घाटित करने में सहायक है। वैसे ऋषियुग से सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और वर्तमान कलयुग में अनेक निरूक्त रहे। विद्वान श्रीयुत जी. ओपर्ट के सूचीपत्र में दक्षिण में ''उपमन्युकृत निरूक्त'' के अस्तित्व का उल्लेख मिलता है। आचार्य भगवाद्दत्त ने कौसव्य प्रणीत निरूक्त निघण्टु को प्राचीन निरूक्त ग्रन्थों में से एक कहा। निरूक्त निघण्टु के रचनाकार महर्षि यास्क ने स्वयं अनेक निरूक्तों को स्वीकारा है। आथर्वण निघुण्टु और महर्षि यास्क के निघण्टु के परिशीलन से यह निश्चित होता है कि प्राचीन निघण्टु ग्रन्थों का आधार मुख्यतया ब्राह्मण ग्रन्थ रहे। महर्षि यास्क ने कहा : ''कई एक आचार्य ऐसा समाम्नाय करते है जिसमें देवता के विशेषण एकत्र किए जाएं। परन्तु जो प्रधान स्तुतिवाला देवता नाम है, उसका मैं समाम्नाय करता हूँ।''

अथोताभिधानैः संयुज्य हविश्चोदयति—इन्द्राय वृत्रघ्ने।

इन्द्राय वृत्रतुरे। इन्द्रायाँहोमुचे, इति। तान्यप्येके समामनन्ति।

भूयांसितु समाम्नानात्। यत्तु संविज्ञानभूतं स्यात्

प्राधान्यस्तुति तत् समामने।

महर्षि यास्क का निरूक्त वेदार्थ का विस्तृत निदर्शन करता है। यह ऋग्वेदियों के पठितव्य दश ग्रन्थों में से एक है। यास्कीय निरूक्त से पूर्व के ग्रन्थ विस्मृति के गर्भ में हैं। यास्कीय निरूक्त ''पृथिवी'' शब्द के रहस्य परत दर परत खोलता है। शब्द की धातु, प्रत्यय उसका शरीर और अर्थ आत्मा है। वेद में स्वयं विशेष्य विशेषण की रीति से पृथिवी के गुण विभाग के करने का प्रकार आरम्भ किया। ऋग्वेद में ग्यारह शब्दों में पृथिवी का बोधक नहीं होते हुए भी उसके भाव को प्रमाणित किया : ''मही, अवनि, उर्वी, पृथिवी, गो, भूमि, अदिति, क्षिति, क्षमा, क्षा।''

| | |
|---|---|
| त्वं महीमवनिम्। | ऋग्वेद 4.19.9 |
| उर्वी पृथ्वी। | ऋग्वेद 1.185.7 |
| उर्वी पृथिवी। | ऋग्वेद 6.1.7 |

| | |
|---|---|
| उर्वी....भूमिः। | ऋग्वेद 6.47.20 |
| मही गोः। | ऋग्वेद 10.133.7 |
| उर्वी पृथ्वीम्। | ऋग्वेद 7.38.2 |
| क्षां...उर्वीम्। | ऋग्वेद 6.17.7 |
| पृथिवी भूतभुर्वी। | ऋग्वेद 6.68.4 |
| उनत्ति भूमिं पृथिवीमुत द्यां। | ऋग्वेद 5.84.4 |
| भूमिं पृथिवीम्। | ऋग्वेद 12.1.7 |
| यथेयं पृथिवी मही दाधार। | ऋग्वेद 10.60.9 |
| क्षामत्येति पृथ्वीम्। | ऋग्वेद 10.31.9 |
| क्षमां भूमिम्। | ऋग्वेद 12.1.29 |
| उर्वी अन्तर्मही। | ऋग्वेद 3.38.3 |
| भूमि महीमपाराम्। | ऋग्वेद 3.30.9 |
| अदिति धारयत क्षितिम्। | ऋग्वेद 1.136.3 |
| क्षितिर्न पृथ्वी। | ऋग्वेद |

इन मन्त्रों के शब्द विशेषण के रूप में प्रयुक्त किये गये हैं। सभी विशेषण यौगिक हैं। ये सभी शब्द यौगिक ही सिद्ध होते हैं। योगारूढ़ बनते समय ही इन सभी शब्दों का अर्थ विशेषण एवं प्रकरण बल पृथिवी हो सका। ब्राह्मण ग्रन्थों ने इन शब्दों को पृथिवी का पर्यायवाची स्वीकारा और महषि यास्क ने ब्राह्मण ग्रन्थों और मन्त्रों के आधार पर निघण्टु में इन शब्दों को पृथिवी के नामों में लिया। ऋग्वेद में इसके पोषक और प्रमाण मिलते हैं। यहाँ सूर्य, द्यावापृथिवी, अश्व, इन्द्रादि के पर्यायवाची शब्द प्रदर्शित हैंः

| | |
|---|---|
| शुक्राय भानवे। | ऋग्वेद 7.4.1 |
| भानुना सं सूर्येण रोचसे। | ऋग्वेद 8.9.18 |

| | |
|---|---|
| सूर्यो नः शुक्रः। | ऋग्वेद 6.4.3 |
| सूर्यस्य हरितः। | ऋग्वेद 5.29.5 |
| इन्द्रं मघवानमेनम्। | ऋग्वेद 7.28.5 |
| इन्द्र शक्र। | ऋग्वेद 1.62.4 |
| इन्द्र वज्रिन्। | ऋग्वेद 4.19.1 |
| पुरूहूत इन्द्रः। | ऋग्वेद 4.17.5 |
| तोकाय तनयाय। | ऋग्वेद 6.1.12 |
| येन तोकं च तनयं च। | ऋग्वेद 1.92.13 |
| अद्भिरर्कैः। | ऋग्वेद 6.4.6 |
| आ महि रोदसी पृण। | ऋग्वेद 9.4.5 |
| मही आपरे रजसी। | ऋग्वेद 9.68.3 |
| रोदसी मही। | ऋग्वेद 9.18.5 |
| बृहती मही। | ऋग्वेद 9.5.6 |
| द्यावाभूमि श्रृणतं रोदसी मे। | ऋग्वेद 10.12.4 |
| आ रोदसी बृहती | ऋग्वेद 1.72.4 |
| रोदसी चिदुर्वी। | ऋग्वेद 3.56.7 |
| रोदसी बृहती। | ऋग्वेद 19.10.3 |
| वाजी अरूषः। | ऋग्वेद 5.56.7 |
| वाजिनो अर्वतः। | ऋग्वेद 9.6.2 |
| आशुमश्वम् | ऋग्वेद 7.71.5 |
| सप्ती हरी। | ऋग्वेद 3.35.2 |
| वाज्यर्वा। | ऋग्वेद 1.163.12 |

| | |
|---|---|
| पैद्वो वाजी। | ऋग्वेद 1.116.6 |
| अत्यं न वाजिनम्। | ऋग्वेद 1.135.5 |
| अत्यो न वाजी। | ऋग्वेद 9.96.15 |
| अश्वं न वाजिनम्। | ऋग्वेद 7.7.1 |
| अश्वं न त्वा वाजिनम्। | ऋग्वेद 9.87.1 |
| अत्यं न सप्तिम्। | ऋग्वेद 3.22.1 |
| तरये बलाय। | ऋग्वेद 3.18.3 |
| सहः ओजः। | ऋग्वेद 5.57.6 |
| अघ्न्याया....धेनोः। | ऋग्वेद 4.1.6 |
| बृबूकं वहतः पुरीषम्। | ऋग्वेद 10.27.23 |
| वाजिनीवती.... चित्रामघा। | ऋग्वेद 7.75.5 |
| गल्दया....गिरा। | ऋग्वेद 8.1.20 |
| धृतेन त्वा.... आज्येन वर्धयत्। | ऋग्वेद 19.27.5 |
| अध्वनः पथरव। | ऋग्वेद 6.16.3 |
| स्तोमेभिरूक्थैश्च। | ऋग्वेद 6.24.7 |
| वत्सं गावो न धेनवः। | ऋग्वेद 6.45.28 |
| राधसा श्रवसा च। | ऋग्वेद 6.10.5 |
| नरः मर्याः। | ऋग्वेद 5.53.3 |
| वाजिनमाशुमत्यं न वाजिनम्। | ऋग्वेद 1.35.5 |

वेद में पृथिवी बोधक शब्दों में ''विस्तार, महत्ता, अविनाश, रक्षा, निवास, रचना आदि का भाव पाया जाता है।''।।ऊँ।।

# पृथिवी शब्द आख्यान

पृथिवी शब्द की व्युत्पत्ति की कुंजी ऋग्वेद की ऋचा है। मन्त्र द्रष्टा ऋषि के अनुसार इन्द्र ने पृथिवी का प्रथन अथवा प्रमथत् किया। अतः ब्राह्मण ग्रन्थों मे पृथिवी शब्द की व्युत्पत्ति प्रथ्–विस्तार, संप्रसारण स्वीकारी गई : साऽप्रथत सा पृथिव्यभवत्तत्पृथिव्यै पृथिवित्वम् (तैत्तरेय ब्राह्मण 7.1.5.1)।

अंवशे द्यामस्तभायद् बृहन्तमा रोदसी अपृणदन्तरिक्षम्।

स धारयत्पृथिवीं पप्रथच्च सोमस्य ता मद इन्द्रश्चकार।।

।।ऋग्वेद 2.15.2।।

यहाँ पृथु शब्द (प्रथ्+कु) को संप्रसारण, विस्तृत, प्रशस्त, फैलावदार कहा गया है। यह अलग बात है कि परमव्योम में अनेक पृथिवी होना भी कहा गया है। वेद में भूमिएवं विस्तीर्ण के अर्थ में पृथिवी शब्द प्रयुक्त है। जिन तत्त्वों से ''स्थूल सृष्टि की रचना हुई, उन्हें महाभूत कहा गया है।'' इन महाभूतों के दो विभाजनों द्वारा उसका और भी सूक्ष्म विकास किया गया है। वे विभाजन प्रथम, तन्मात्रा–सूक्ष्मभूत एवं द्वितीय, महाभूत–स्थूल भूत हैं। स्थूल पाँच महाभूत–पृथिवी, जल, तेज (अग्नि), वायु और आकाश हैं।

ऋग्वेद में ''भृमि'' शब्द की व्याख्या चकित करती हैः भृमिरस्यृषिकृन्मर्त्यानाम् (ऋग्वेद 1.31.16) इत्यापि निगमो भवति। भृमणशील होने के कारण भ्रमण करने वाले को भृमि कहा जाता है अथवा भ्रमण करानेवाला होने के कारण भृमि कहलाता है। भृमि शब्द ''भ्रमु'' धातु से सम्प्रसारण रूप ''भृम'' से ''इक'' प्रत्यय करके निष्पन्न होता है। यही प्रकारान्तर में पृथिवी का पर्याय बना। पृथिवी भ्रमणशील है। ऋग्वेद में अदिति देवता परक ऋचा है : ''भूर्जज्ञ उत्तानपदो भुव आशा अजायन्त (10.72.4)।'' भूः व्याहृति से अन्तरिक्ष उत्पन्न हुआ।

ऋग्वेद के अन्त्येष्टि सूक्त (10.18) में पृथिवी को करूणामय पृथ्वीमाता कहा गया है। पृथिवी से मृतकों को अपने पास रखने का निवेदन–अनुनय विनय किया गया है।

महर्षि यास्क के निरूक्त में पृथिवी शब्द की व्याख्या की गई है। श्रीस्कन्दस्वामिमहेश्वरविरचिता निरूक्तभाष्य टीका में पृथिवी व्याख्याता प्रमंगेन। प्रथनात् इति। में लिखा हैः ''स्योना पृथिवी भवानृक्षरा निवेशनी। यच्छा नः शर्म सप्रथः।'' (हे पृथिवी! आप कष्टहीन सुख से बैठने योग्य सभी ओर से पृथुं हमें सुख रूप हो, हमारा कल्याण हो।)। ''प्राचीनं बर्हि प्रदिशा पृथिव्या वस्तोरस्या वृज्यते अग्र अह्नाम्। व्यु प्रथते वितरं वरीयो देवेभ्यो अदितये स्नोनम्।'' (अत्यन्त श्रेष्ठ देवताओं और अदिति के निमित्त सुखरूप प्राग अग्रसर कुशा दिन के पूर्व में पूर्वाह्न में इस वेदी के आच्छादन करने को ही फैलाई जाती है। विविध प्रकार से विस्तीर्ण होती है।)(कुशकाण्डिका के रूप में बिछी हुई कुशाएँ बहुत उत्तम हैं। यह देवों एवं अदिति के निमित्त सूखपूर्ण आसन होने के योग्य है। यह यज्ञ वेदी को ढकने के लिए फैलाई जाती है।)(यज्ञवेदी का अर्थ पृथिवी भी है।)। '' य इमे द्यावापृथिवी जनित्री स्पैरपिशद् भुवनानि विश्वां। तमद्य होतारिषितो यजीयानं देवं स्वष्टारमिह दाक्षि विद्वान।।'' (हे यजमान! अत्यन्त यज्ञ करनेवाले विद्वान अपने अधिकार के ज्ञाता प्रेषित या ईप्सित आप इस परमात्मा देव का इस यज्ञ में यजन करो। जो इस विश्व भुवनानि की जननी इस अनेक रूप से प्रसन्न करते हैं।)। इन व्याख्याओं में पृथिवी और आकाश के संयुक्त होने को ''रोदसी'' की संज्ञा दी गई है। यज्ञ देवता को अभिष्ट वस्तु देता है। यज्ञ हमारा कल्याण करे (यज्ञ का अध्यात्मिक अर्थ लें।)। अमृत्व को धारण करनेवाली पृथिवी अविनाशी एवं कल्याणकारी है। जगत् को राग द्वेष क्लेश युक्त कहा गया है।

निरूक्त में द्यावापृथिवी की व्याख्या में उसके चौबीस नाम अथवा पर्याय कहे गए हैं : ''द्यावापृथिवीनामान्युत्तराणि चतुर्विंशतिः।'' ऋग्वेद (1. 185.1) की ऋचा में स्पष्ट किया है कि द्युलोक एवं पृथिवीलोक में कौन पूर्ववती है, कौन परवर्ती है, कैसे उत्पन्न हुए, इसको कौन जानता है ? सभी स्वयं को घोषित करते हैं। इन दोनों का कर्म है, दिन और रात्रि

चक्रयुक्त के समान इनके द्वारा परिवर्तित होते रहते हैं। द्यावापृथिवी की महत्ता को आचष्टे कहा गया है।

कतरा पूर्वा कतरापरायोः कथा जाते कवयः को विवेद।

विश्वं त्मना विभृतो यद्ध नाम विवर्तेते अहनी चक्रियेव।।

।।ऋग्वेद 1.185.1।।

यह अवश्य है कि पृथिवी के इन चौबीस नामों का विवरण निरूक्त में नहीं दिया गया है। निरूक्त शब्द व्याख्या भी अद्‌भुत है।

काशिर्मुष्टि प्रकाशनात् मुष्टिर्मोचनाद्वा मोषणाद्वा मोहनाद्वा।

इमे चिदिन्द्र रोदसी अपारे यत्संगृभ्णा मधवन् काशिरित्ते।।

।।ऋग्वेद 3.30.5।।

इमे चिदिन्द्र रोदसी रोधसी द्यावापृथिव्यौ विरोधनात्।

हे इन्द्र! इन असीमित, रोदसी अर्थात द्युलोक एवं पृथिवीलोक को आपने मुट्ठी में कर लिए हैं। विविध प्राणियों को रोकने के कारण दोदसी (रोदसी) रोधसी कहलाती है। रोधसी द्यावापृथिव्यौ विरोधनात् का भावार्थ यह है कि द्युलोक एवं पृथिवी लोक में सभी पदार्थ रूके हुए हैं, इसलिए ये रोधसी कहे जाते हैं (रोध नदी के किनारे को कहा जाता है क्योंकि वह सोते को रोके रहता है।)। अदिति शब्द की व्याख्या में द्युलोक, अन्तरिक्ष और सभी लोक (पृथिवी) समाये हैं। ऋग्वेद की ऋचा में कहा है कि अदिति द्युलोक है, अदिति ही अन्तरिक्ष लोक है, अदिति सभी भूतों (पंच महाभूत) की जननी, पिता एवं पुत्र है। अदिति पंचजन है। अदिति भूत और भविष्य भी है।

अदितिर्द्यौरदितिरन्तरिक्षमदितिर्माता स पिता स पुत्रः।

विश्वे देवा अदितिः पंचजना अदितिर्जातमदीतिर्जनित्वम्।।

।।ऋग्वेद 1.89.10।।

ऋग्वेद में अदिति और पृथिवी के तादात्म्य का पोषक मन्त्र मिलता हैः

महना महद्भिः पृथिवी वितस्थे माता पुत्रैरदितिर्धायसे वेः।

।।ऋग्वेद 1.72.9.।।

अथर्ववेद में अदिति को ''पप्रथाना'' अर्थात विस्तृत (पृथिवी का वाची), ''आवपनी''—सम्पूर्ण वस्तुओं को धारण करने वाली और कामदुघा कहा गया (12.1.61)।

भूमिर्माता अदितिर्नो जनित्रम्। अथर्ववेद 6.120.2

यशाः पृथिव्या अदित्या उपस्थे। अथर्ववेद 13.1.38

वाजसनेयिसंहिता में अदिति को पृथिवी वाची ''मही'' और ''बृहती'' विशेषण से सम्बोधित किया है। वहीं अथर्ववेद में अदिति के लिए ''उरूची— विस्तृत'' एवं ''अजरन्ती— कभी वृद्ध नहीं होनेवाला'' सम्बोधन मिला। शतपथ ब्राह्मण में स्पष्ट रूप से अदिति के पृथिवी होने की सिंहगर्जना की गई : ''इयं वै पृथ्वी अदितिः।'' ऐतरेय ब्राह्मण में ऋग्वैदिक मन्त्र ''अदितिद्यौर दितिरन्तरिक्षम् ...(1.89.10) की व्याख्या में कहा कि पृथिवी ही अदिति है। इसे ही द्यौ और अन्तरिक्ष कहते हैं। ऋग्वेद में पृथिवी को सामान्यतः द्यौस के साथ सम्मिलित किया गया। वास्तव में वैदिक देवशास्त्र में (ऋग्वेद के लगभग साठ सूक्तों में) अनेक देवों की संयुक्त रूप से प्रख्याति मिलती है। इनमें छह सूक्त ''द्यावापृथिवी'' को, तेइस सूक्त ''मित्रावरुण'' को, ग्यारह ''इन्द्राग्नी'' को, नौ ''इन्द्रावरुण'' को, सात ''इन्द्रवायु को, दो—दो ''इन्द्रासोम'' एवं ''इन्द्राबृहस्पति को और एक—एक ''इन्द्राविष्णु'', ''इन्द्रापूषणा,'' ''सोमारुद्र'', ''अग्निसोम'' को समर्पित हैं। यह बहुत ही उल्लेखनीय है कि ऋग्वेद में एक भी स्वतन्त्र सूक्त ''द्यौस्'' को समर्पित नहीं किया गया है (पृथिवी को समर्पित ऋग्वैदिक एक सूक्त है।)। ऋग्वेद में आकाश और पृथिवी दोनों को अधिकतर ''विश्व माता पिता'' युगल के रूप में ही प्रस्तुत किया गया है।

पृथिवी के कंपन का भी स्पष्ट उल्लेख वेद में मिलता है : ''भ्यसते रेजते इति भयवेपनयोः। यस्य शुष्माद्रोदसी अभ्यसेताम्।।(ऋग्वेद 2.12.1)। रेजते अग्ने पृथिवी मखेभ्यः।। (ऋग्वेद 6.66.9)।'' इस ऋचा में

भ्यसते रेजते इति दोनों भय एवं कम्पन के वाचक हैं। जिस (इन्द्र) के बल से द्युलोक और पृथिवीलोक भयभीत रहते हैं। हे अग्ने! जिनके सुकृत्यों यानी यज्ञों से पृथिवी काँपती है। इसका भावार्थ अलग है।

सम्वत 1969 (109 वर्ष) पूर्व श्रीवेंकटेश्वर स्टीम प्रेस, मुम्बयां प्रकाशित ''वाजसनेयिश्रीशुक्लयजुर्वेदसंहिता (भाष्यकार महोपदेशक पंडितवर्य ज्वालाप्रसादमिश्र) पृथिवी शब्द के सम्बन्ध में नवप्रकाश डालते हैं।

पृथिविदेवयजन्योषद्धयास्तेमूलम्माहिं सिषंव्रज

गंच्छगोष्ठानंव्वर्षतुतेद्यौर्ब्बधानदेवसवितः परमस्य।

म्पृथिव्याँ शतेन पाशैर्य्योस्म्मान्द्द्वेष्टियंच्चव्वय

न्द्विष्म्मस्त्तमतोमामौक्।। कण्डिका 25, मन्त्र 4।।यजुर्वेद।।

इसका आशय है कि पृथिवी की अन्त सीमा में विशेष अन्धकार रहता है। महात्माओं को उचित है कि, जो उनके निमित्त उपकार करे वे उसके निमित्त प्रत्युपकार करें और जो असुरादि हों एवं खल कुटिल हों उनके दमन की परमेश्वर से प्रार्थना करें।

पृथिव्याः सधस्त्थादग्गिनम्पुरीष्यमंगिरस्स्व

दाभराग्गिनम्पुरीष्यमंगिरस्स्वदच्छेमोग्गिनम्प

रीष्यमंगिरस्स्वद्भरिष्यामः।। कण्डिका 16, मन्त्र 3, यजुर्वेद

हे अग्ने! पृथिव्याः–भूमि के स्थान से पशुसम्बन्धी अग्नि को अंगिरा के समान आहरण कर। पशुसम्बन्धी अग्नि को अंगिरा के समान प्राप्त होने पर अभिमुख प्राप्त होते हैं। पशुसम्बन्धी अग्नि को अंगिराकी समान सम्पादन करेंगे।

यजुर्वेद का ''पृथिवी छन्द'' आश्चर्यचकित करता है। इसमें कहा है : ''पृथिवी देवतावाले छन्द को मनन करते यह इष्टका सादन करता हूँ। द्युदेवता छन्द को मनन करते हुए यह इष्टका सादन करता हूँ। वर्षदेवता छन्द को मनन करते हुए इष्टका सादन करता हूँ। वाग्देवता

छन्दको मनन करते हुए इष्टका सादन करता हूँ। कृषि देवता छन्दको मनन करते हुए यह इष्टका सादन करता हूँ। गो देवता छन्दको मनन करते हुए यह इष्ट का सादन करता हूँ। अजा देवतावाले छन्द को मनन करते हुए यह इष्ट का सादन करता हूँ। अश्व देवतावाले छन्द को मनन करते हुए यह इष्ट का सादन करता हूँ। ''यह छन्द पृथिवी आदि देवताओं की उपासना में विशेष प्रसिद्ध है। इस छन्द को पृथिवी देवता छन्द कहा जाता है।''

पृथिवीच्छन्दोन्तरिक्षंछन्दोद्यौश्च्छन्दः समा

श्च्छन्दोनक्षत्राणिच्छन्दोव्वाक्क्छन्दोमनश्च्छन्दः

कृषि श्च्छन्दोहिरण्यंछन्दोगौश्च्छन्दोजाच्छन्दोश्शवश्च्छन्दः।।

कण्डिका 19, मन्त्र 12 यजुर्वेद

यजुर्वेद की 67 कण्डिका का प्रथम मन्त्र पृथिवी से आदिव्यमण्डल में स्थापित होने की कुंजी है। मन्त्रार्थ हैः (यजमान कहता है) मैं पृथिवी से उन्नत होकर अन्तरिक्ष में आरूढ़ हुआ हूँ। अन्तरिक्ष से स्वर्गलोक में आरूढ़ हुआ हूँ।

पृथिव्व्याऽअहमुदन्तरिछमारूहमन्तरिक्षादि्दवमारूह म्।

दिवोनाकस्यपृष्ठात्त्स्वज्ज्योतिरगामहम् ।।यजुर्वेद 67.1।।

यजुर्वेद के ''चमक प्रकरण'' के मन्त्र (श्रीरुद्राष्टाध्यायी : नमकम् चमकम्) कहा गया है : ''मेरे निमित्त पृथिवी भूमि और मेरे निमित्त इन्द्र प्राप्त हो। मेरे निमित्त अन्तरिक्ष लोक, एवं इन्द्र, द्यौः (स्वर्ग) एवं इन्द्र, वर्षा के अधिष्ठानी देवता एवं इन्द्र, आश्विनौ आदि नक्षत्र एवं इन्द्र, दिशा एवं इन्द्र की अनुकूलता सुकार्यों–यज्ञ के फल से कल्पन्ताम् तक प्राप्त हो।

पृथिवीचमऽइन्द्रश्च्चमेन्तरिक्षंचमऽइन्द्रश्च्चमेद्यौश्च्च–

मऽइन्द्रश्च्चमेसमाश्च्चमऽइन्द्रश्च्चमेनक्षत्राणिचमऽइन्द्र–

श्च्चमेदिशश्च्चमऽइन्द्रश्च्चमेयज्ञेनकल्प्पन्ताम्।।

कण्डिका 18, मन्त्र 1, यजुर्वेद

इसी चमक प्रकरण में आगे पृथिवी, दिति, अदिति, द्युलोक, विराट् पुरुष के अवयव आदि की प्राप्ति की कामना की गई है। मन्त्र भावार्थ है : मेरे निमित्त चीयमान अग्नि वा अग्निष्टोम और निमित्त प्रवर्ग्य यज्ञ से कल्प के समापन तक प्राप्त हो। मेरे निमित्त पुरोडाशसम्बन्धी यज्ञ, सूर्य सम्बन्धी चरू, गवायमान सत्र और अश्वमेध (अश्व का अध्यात्मिक अर्थ) यज्ञ, पृथिवी, दिति देवता, अदिति देवता, द्युलोक, विराट् पुरुष के अवयव, शक्तियाँ, प्राची आदि दिशा की अनुकूलता यज्ञ के फलस्वरूप अनन्तकाल तक प्राप्त हो।

अग्निश्च्चमेघर्म्मश्च्चमेक्र्कमेसूरूर्यश्च्चमेप्राणश्च्च–

मेश्श्वमेधश्च्चमेपृथिवीचमेदितिश्च्चमेदितिश्च्चमे–

द्यौश्च्चमेंगुलयःशक्कवरयोदिशश्च्चमेयज्ञेनकल्प्पन्ताम्।।

कण्डिका 22, मन्त्र 1, यजुर्वेद

यजुर्वेद में पृथिवी को रस (ओषध) धारण करनेवाले की संज्ञा दी गई है। हे अग्ने! आप पृथिवी में रस को धारण करो। ओषधियों में रस को स्थापित करो। द्युलोक में रस को स्थापित करो, अन्तरिक्ष में रस स्थापित करो। मेरे निमित्त दिशा विदिशा आहुतिपरिणाम से रससंयुक्त हो।

पयः पृथिव्याम्पयऽओषधीषुपयोदिव्यन्तरिक्षेप योधाः।

पयस्वतीःप्रदिशःसन्तुमह्यम।। कण्डिका 36,मन्त्र 1, यजुर्वेद

''अग्नियोजनम्'' के मन्त्र में कहा गया हैः ''हे अग्ने, आप दिवलोक (स्वर्ग) के मस्तक स्वरूप हो। पृथिवी के नाभिस्वरूप हो। आप सभी में जीते हो। आप ओषधियों एवं जलों के सार हो। आप समस्त प्राणियों के जीवन हो। सभी के शरणदाता हो। आप स्वर्गमार्ग रूप हो। आपको नमस्कार है। अग्नि! आप हमें दीर्घजीवन और अन्त में स्वर्गगमनपथ प्रदान करो।'' यानी पृथिवी ओषध प्रदाता है।

दिवोमूर्द्धासिपृथिव्यानाभिरूर्ग्गमापोषधीनाम्।

विश्श्वायुः शर्म्मसप्प्रथानमस्प्पथे। कण्डिका 54, मन्त्र 1, यजुर्वेद

यजुर्वेद में पृथिवी को प्रथम चिति–वेदी घोषित किया गया है (पृथिवी वै प्रथमा चितिस्तस्या एतत्पुरीषमिव यत् द्वितीया।)। हे इष्टके! आप पृथिवी अर्थात् पहली चिति के पूर्ण करनेवाली अप्सं नाम अर्थात् जल के कारणी भूत रसरूप अथवा जिसका कारण जल या जल से निर्मित हो। उस प्रथम चिति की पूरक जल की रसभूत आपको सम्पूर्ण देवता सभी ओर से स्तुति करते हैं। जिसमें त्रिवृत् आदि स्तोम रथन्तरादि पृष्ठ पाठ होता है। ऐसी घृतवती हवन करने योग्य घृत से युक्त आप इस दूसरी चिति में स्थित हो। प्रजायुक्त द्रविणम् धन हमारे निमित्त चारों ओर से प्रदान करो। आप इस स्थान में अध्वर्य अश्विनी कुमार स्थापित करो।

पृथिव्याः पुरीषमस्यप्सोनामतान्त्वाविश्वऽअमि

गृणन्तुदेवाः। स्तोमपृष्ठ्याघृतवतीहसीदप्रजाव

दस्म्मेद्द्रविणायजस्वाश्श्वाद्ध्वर्य्यूसादयतामि हत्त्वा।।

कण्डिका 4, मन्त्र 1, यजुर्वेद

इस प्रकार यजुर्वेद में पृथिवी की परिभाषा को नया अनन्त आयाम दिया। पृथिवी की नाभि में अग्नि होने को उद्घाटित किया। पृथिवी द्वारा ओषधि धारण करने, पृथिवी पर सुकृत्यों–यज्ञ से सूर्यमण्डल में स्थापित होने, पृथिवी के घृतवती होने, पृथिवी से लोककल्याण लोकपरमार्थ आदि की व्याख्या की। पृथिवी को संप्रसारण, महत्ता, रचनाशीलता–सृजनशीलता, अविनाशी, उरूची, भृमि, कल्याणमयी, सुकृत्यों की यज्ञवेदी, करूणामय, भ्रमणशील, अदिति, दिति, भूः व्याहृति, सभी भुवनों–देवों की जननी, अग्निगर्भा, ओषधि प्रदाता, जल से निर्मित, द्रविणा प्रदाता, प्रजायुक्त आदि का भी नामकरण मिला।

उणादि कोश, हलायुध कोश, शब्दार्णव, शब्दकल्पद्रुम, सायणाचार्य व्याख्या, शब्दस्तोम महानिधि, संस्कृति हिन्दी कोश, धर्म कोश, धर्मशास्त्र आदि पृथिवी शब्द में अन्तर्निहित अर्थ–पृथिवी तत्त्व को रहस्यमयलोक में ले जाते हैं। शब्दस्तोम महानिधि में पृथिवी की व्याख्या : ''प्रथते विस्तारमेति प्रथ–षिवन् वा। संप्रसारणं षित्त्वात् ङीष्। धारायाम्

क्षितो (निः)'' लिखी है। हलायुध कोश में भी इसे लगभग दोहराते हुए लिखा हैः ''प्रथते विस्तारं यातीति। प्रथ् + ''प्रथेः षिवन् सम्प्रसारणं च'' इति षिवन् सम्प्रसारणं च, ङीष्।'' उणादि कोश (1.150) की व्याख्या को ही हलायुध कोश, शब्दकल्पद्रुम और संस्कृत हिन्दी शब्द कोश में लिया गया, यानी अधिकांश संस्कृत शब्द कोशों का पृथिवी शब्द व्याख्या का आधार उणादि कोश रहा। शब्दरत्नावली शब्दार्णव, राजनिघण्टु, भरतधृतवाचस्पति आदि में पृथिवी को नवव्याख्या देने का सफल प्रयास किया ''पृथवी पृथिवी पृथ्वी धरा सर्व्वसहा रसा।'' यहाँ यक्षप्रश्न यह है कि आचार्य बृहस्पति कृत वाचस्पत्य और आचार्य शुक्राचार्य कृत उणादि कोश की सम्पूर्ण पाण्डुलिपियाँ कहाँ हैं ? प्राचीन सभ्यता संस्कृति के प्रकाण्ड विद्वान दामोदार धर्मानन्द कौशम्बी ने गहन शोध के बाद वाक्यपदी के रचियता भर्तृहरि को तीसरी शती का घोषित किया। भर्तृहरि ने संस्कृत व्याकरण में पाणिनी के बाद महत्वपूर्ण योगदान किया है। पृथिवी गीता में कहा है कि पृथिवी अन्तरिक्ष का नाम हैः ''पृथिवीत्यन्तरिक्षनाम।'' मेदिनी में भी पृथु शब्द का उणादि कोश वाला अर्थ लिखा है।।।ऊँ।।

## पृथिवीकोश : अनन्तरूपा

## अनन्तनामा पृथिवी

आर्षग्रन्थों में कहा गया हैः ''यथा दृष्टि, तथा सृष्टि।'' जैसी दृष्टि, वैसी सृष्टि दिखाई देती है। निरूक्त में द्यावापृथिवी के चौबीस नाम होने का उल्लेख किया है। यद्यपि ऋग्वेद से यजुर्वेद और अथर्ववेद में पृथिवी बोधक शब्दों और पृथिवी के गुणों, विशेषताओं, शक्ति आदि दर्शानेवाली अनेक ऋचायें मिलती हैं। पृथिवी देवता के चकाचौंध करनेवाले रूपरंग की तरह उसके नामों की भी लम्बी श्रृंखला है।

पृथिवी देवता वैदिक है। यह स्मरण रहे कि वैदिक देवताओं का कोई लिंग नहीं होता है। वे निराकार, निर्गुण, निष्काम, निष्चल, निर्विकार, निर्मल हैं। इसके ठीक विपरीत सूर्य देवता, वरुण देवता एवं पृथिवी देवता अनेक नामों का वर्णन विभिन्न कोश करते हैं।

शब्दार्णव में पृथिवी के 81 पयार्य दिये गये हैंः मर्त्याद्यधिष्ठानभूता; भूः ; भूमिः ; अचला; अनन्ता; रसा; विश्वम्भरा; स्थिरा; धरा; धरित्री; धरणी; क्षौणी; ज्या; काश्यपी; क्षितिः ; सर्व्वसहा ; वसुमति; वसुधा; उर्व्वी; वसुन्धरा; गोत्रा; कुः ; पृथिवी ; क्ष्मा; अवनिः ; मेदिनी ; मही; भूर ; भूमी ; धरणिः ; क्षोणि ; क्षोणी; क्षौणीः ; क्षमा ; अवनी; महिः ; रत्नगर्भा; सागराम्बरा; अब्धिमेखला; भूतधात्री; रत्नावती; देहिनी; पारा; विपुला; मध्यलोकवर्त्मा; धरणीधरा; धारणी; महाकान्ता; जगद्वहा; गन्धवती; खण्डनी; गिरिकर्णिका; धारयित्री; घात्री; सागरमेखला; सहा; अचलकीला; गो; अब्धिद्वीपा; हिरा; इड़ा; इड़िका ; इला, इलिका; उदधिवस्त्रा; इरा; आदिमा; ईला; वरा; उर्व्वरा; आद्या; जगती; पृथुः ; श्यामा; क्रोड़कान्ता ; खगवती ; अदिति ; जटाधर। शब्दार्णव में स्पष्ट किया कि पृथिवी के पर्याय शब्दरत्नावली, भरतधृतवाचस्पति आदि से संग्रहित किये गये हैं।

ऋग्वेद के दशम अध्याय के 121 वें सूक्त को आधार बनाकर पृथिवी के पयार्य का विवरण हलायुध कोश में मिलता है (इसके और शब्दार्णव, शब्दकल्पद्रुम के अधिकांश नामों में साम्यता है।): ''मर्त्याद्यधिष्ठानभूता ; भूः भूमिः ; अचला; अनन्ता; रसा; विश्वम्भरा; स्थिरा; धरा; धरित्री; धरणी; क्षौणी; ज्या; काश्यपी; क्षितिः ; सर्व्वसहा ; वसुमति; वसुधा; उर्वी; वसुन्धरा; गोत्रा; कुः ; पृथ्वी ; क्ष्मा; अवनिः ; मेदिनी ; मही; भू ; भूमि ; धरणिः ; क्षोणि ; क्षोणी; क्षौणीः ; क्षमा ; अवनी; महिः ; रत्नगर्भा; सागराम्बरा; अब्धिमेखला; भूतधात्री ; रत्नावती ; देहिनी ; पारा; विपुला; मध्यमलोकवर्त्मा; धरणीधरा ; धारणी; महाकान्ता; जगद्वहा; गन्धवती; खण्डनी; गिरिकर्णिका; धारयित्री; धात्री; सागरमेखला; सहा; अचलकीला; गो; अब्धिद्वीपा; द्विरा; इड़ा; इड़िका; इला; इलिका; उधिवस्त्रा; इरा; आदिमा; ईला; वरा; उर्वरा; आद्या; जगती; पृथुः; भुवनमाता; निश्चला; बीजमसूः; श्यामा; क्रोडकान्ता; खगवती; अदिति; पृथिवी अन्तरिक्षम्; स दाधार पृथिवीं द्यातुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम।'' सायणाचार्य के भाष्य

में पृथिवी को अन्तरिक्ष सम्बोधित किया गया। हलायुध कोश के पृथिवी के 82 पर्यायों में कुछ ही नाम नये सम्मिलित किये गए हैं।

अमरकोष में पृथिवी के 27 या अठतीस नाम दिये गये हैं। यह अलग है कि अमरकोष के पृथिवीनामों में कुछ ही नये हैं। अमरकोष के पृथिवी के नामों में : ''भूरिति या भूः ; भूमि; अचला; अनन्ता; रसा; विश्वम्भरा; धरा; धरणी; ज्या; काश्यप; क्षितिः ; सर्वंसहा ; वसुमति; वसुधा; उर्वी; वसुन्धरा; गोत्रा; कुः ; पृथिवी ; क्ष्मा; अवनिः ; मेदिनी ; मही; स्थिरा; धरित्री; पृथ्वी भूमौ महत्यां च त्वक्पत्र्यां कृष्णजरिके; क्षोणी; ''मृदिति; मृत्तिका; मृत्स्ना; उर्वरेति; ऊषः ; क्षारमृत्तिका; क्षारमृदः ; ऊषेति; क्षारमृत्तिकावत्प्रदेशस्य। स्थलमिति; मरूना; धन्वा ; निर्जलदेशस्य।'' पृथ्वीजगतोर्भेदः को स्पष्ट करते हुए लिखा गया हैः ''एकं महाभूतं पृथ्वी, पंचमहाभूतेन्द्रियविषयात्मकं तु जगत्।''

शपतथ ब्राह्मण में आश्चर्यरूप से ''आर्द्रा पृथिवी'' का उल्लेख है। यहाँ आर्द्रा का अर्थ ''शिथिला'' है। शतपथ ब्राह्मण में ''आर्द्रा पृथिवी पर क्रमशः नौ सृष्टियाँ'' होने का रहस्योद्घाटन किया है। शतपथ ब्राह्मण, ताण्डय ब्राह्मण एवं जैमिनीय ब्राह्मण में महाभूतों द्वारा अण्ड सृजन के अनन्तर एवं आपः के प्रधान होने पर ''हिरण्यगर्भ'' हुआ। इस ''हिरण्यगर्भ की तीन गतियाँ—प्रर्यप्लवन, प्रसर्पण, समेषण है (प्रर्यप्लव—चारों ओर चक्कर काटना रूपी क्रिया अथवा धुरी पर चारों ओर घूमना ; प्रसर्पण—आगे बढ़ना रूपी क्रिया)''। हिरण्यगर्भ से पृथिवी बनी। अतः पृथिवी को भृमि (घूमनेवाली) और संप्रसारण करनेवाली कहा गया। दूसरे शब्दों में पृथिवी, ग्रह, नक्षत्र की आदिगति का मूलकारण हिरण्यगर्भ रहा।

आर्षग्रन्थों में पृथिवी की नई नामावली में प्रमुख : ''भूगोलः ; भूमण्डल ; भूलोक ; निश्चला ; मर्त्य ; भुरिक् ; भुवनम् ; विष्टपः ; विष्टभम् ; इलिका ; अल्पा पृथिवी ; इलागोलम् ; खस्तनी; वीजसूः ; दैत्यमेदजा ; विश्वगन्धा ; नृत् ; एधिनी ; अर्धकिला ; अन्ना ; वैश्वानर अग्नि रेत ; अविसि ; आपः ; अर्क ; अव्यथिसि ; बलजा ; भारंदा ; भूतधरा ; भूतल ; भूतमातृका ; बिजासु ; दक्ष ; धराधरा ; धृतवरी ; द्वीपवत् ; गह्वारा ; गन्धमातृ ; घोर ; ग्लाउ ; ग्मा ; गोत्राकिला ; हाला ; हरिप्रिया ; हविर्धना ; हेमा ; हिरण्यदा ; इदायस्पदे ; इडिका ; इलागोला;

इलिका ; इन्द्रसभा ; जगत्वह ; जगत्योनि ; जगत् ; जीवा ; जीवाधानी; कान्ता ; केलि; केलिसुसि ; खल ; कलिनि ; कृषि ; शान्ता ; शुनि ; क्षितिमण्डला ; श्योनि ; कुम्भिनि ; आई ; माधवी ; मध्यमलोका ; महाकान्ता ; महास्थली ; मनुजलोक ; मातृ ; काल्वाली ; आग्नेयी पृथिवी; त्रिवृद् पृथिवी ; अयस्मयी पृथिवी ; आयसी पृथिवी ; पुष्करर्क्ण ; वसुधनी; भास्वती ; पृथुसुखदात्री विद्या ; भूगभ्रविद्यया ; सेनाध्यक्ष अन्तरिक्ष ; क्षमाशील राज्ञि ; मौलि ; मर्वद्रीकर्णिका ; मृद् ; मृदा ; नरधरा ; नरलोक; कूर्मपृष्ठनिभा ;  नृलोक ; पद्रा ; पद्वा ; पंक्ति ; पर्वतधरा ; पर्वतकिला; पृश्निनिप्रेषिता ; पुरिषा ; पुरिष्यिा ; पूषन ; रक्तधातु ; रसातल ; रत्नकर्मेखला ; रत्नप्रभा ; रत्नासु ; रत्नसुति ; रत्नवती ; रिप् ; रोदसी ; सागरम्बरा ; सागरनेमि ; सहा ; सहुरी ; सलिलधरा ; समुद्रनेमि ; समुद्ररसना ; समुद्रवसना ; शुष्कापम् ; सारपभर्ता ; सारवंसहा ; शर्करा ; सिकता ; फेन ; स्थग्ना ; स्थिति ; सुधा ; सुरभि ; स्वासु ; श्यामा ; त्ा ; तावसी ; त्रिपथगा ; उदाधिमेखला ; उदाधिवस्त्रा ; वल्लि ; वाराही ; वसुधरनि ; वसुधतला ; विपुला ; विश्व ; विश्वधारिणी ; विश्वम्भरी ; अय; विश्वसहा ; व्योमस्थली ; योग्या ; अबला ; अभिपिता ; भूमिधरा ; अग्निदग्धा ; अग्निस्वत्ता ; अकम्प ; अकृष्तापच्या ; अलंजरा ; अम्बुवची ; अनन्तवत ; अंजलिकारिका ; अन्तरभूमा ; अन्तरभूमि ; अपरा ; बिसरूपा पृथिवा ; अपरावेद ; उर्वा ; अवन्या(पृथिवीपुत्र–मंगल) ; भावित्रा ; भूबिम्ब ; भूचक्र ; भूकर्णा (पृथिवी का व्यास) ; भूरलोक ; सुरनायक (पृथिवी का इन्द्र) ; भूमिभूत ; भूमिदेव (ब्रह्म) ; भूमिसाम्राज्य ; भूमित्र (पृथिवी मित्रदेव); भूशक्र (इन्द्र) ; भूसुरा (ब्रह्म) ; भूस्वर्ग (महापवित्र सुमेरू कैलास) ; भुवनत्र (तीन लोक) ; ब्रह्माण्डकपाल ; ब्रह्मपुर (पृथिवी का पवित्रम स्थल); करमभाविका (पृथिवी की अन्तिम स्थिति) ; धरणीधृत (शेषनाग) ; धवलमृत्तिका (श्वेत भूमि) ; धेनु ; इवा ; गोधूली (सांयकाल) ; गोमण्डल ; गोपाल (ब्रह्म) ; हिरण्यवक्षस ; इदम् ; इहस्थाना ; जगतपाल (ब्रह्म) ; जगतत्रय (तीन लोक) ;कालकुस्था ; कालपालक (ब्रह्म) ; कालवला ; कंकुस्था (ओषधिपूर्ण मिट्टी) ; खनित्रि ; किंपुरुष (पृथिवी खण्ड) ; कृष्णमृद (काली धरती) ; श्याममण्डल ; क्षारश्रेष्ठा (लवणीय धरा) ; श्योनीमण्डला ; लोहितमृत्तिका (लाल धरा) ; लोकधारणी ; लोकधात्री ; महापृथिवी ; महिया ; महिधरा (ब्रह्म) ; महिमण्डला ; महिपाल (ब्रह्म) ; महिप्रावरा ;

दधिरूपा पृथिवी ; अग्निगर्भा पृथिवी ; आग्नेयी पृथिवी ; शिथिला पृथिवी ; आपः पुरीष ; पृथिव्यामिमे लोकाः प्रतिष्ठा ; अन्नानां शमयित्री ; भूमिरव क्षमा ; शैलाशिला ; स्थिरा ; रमा ; जगत्प्रतिष्ठा ; जनात्प्रसूतेति ; अक्षयेति; वैष्णवी ; महिवल्लभा (पृथिवी प्रेमी देव) ; मृणमय (पृथिवी तत्त्व निर्मित) ; पार्श्व (स्वर्ग एवं पृथिवी) ; पावस्ता (स्वर्ग एवं पृथिवी) ; प्रियादत्ता ; पृश्निभद्रा ; पृथिवमण्डला ; पृथिवीत्वा (पृथिवी की स्थिति) ; रामा (लाल धरा) ; रंगदायका ; अलोमिका ; रंगनामका ; रंगनायका ; रचका ; रचना ; सप्तद्वीपवती ; सप्तसागरमेखला ; सर्वभूमा; सर्वभूमि ; सर्वमहि ; सरयमालिन ; सर्वपृथिवीमया ; श्मशानलोष्टा ; सोसा (लवणीय धरा) ; शोधका ; सूक्ष्मा ; सुरवानी ; सुवर्णमेदिनी ; उषा (क्षारीय धरा) ; वज्रक्षार (क्षारीय धरा) ; याव्ही (पृथिवी एवं स्वर्ग) ; अनन्तवत् ; अपार ; उखरम् (सांगरलोण) ; अयस्मयी पृथिवी ; सर्पराज्ञी पृथिवी ; परिमण्डलापृथिवी और्व ; का ; काक्षी (पृथिवी भाग) ; क्षम् ; क्षा ; क्षामम् ; क्षिता ; खण्डिन् ; खिल्य (पर्वतीय अथवा मरूक्षेत्र) ; गन्धवत् ; लक्ष्मी रूपा ; गविष्ठ ; गात्रम् ; ग्मा ; ग्लौ ; चातुरन्त ; छयु ; जन्तुमति ; ज्मन्; सावित्री रूपा ; तलः ; तावीषः ; देहिन् ; द्वीपवत् ; धृत्वरी ; नर्य (पृथिवी एवं सूर्य) ; नृतुः ; पद्वः ; प्रथिविः ; भावित्रम् (त्रिलोक) ; भूमत् ; भूर् ; भूर्णिः ; भौम ; भौम्य ; मर्तः ; मरः ; महत् ; महिका ; मर्त्तिक ; मृदिनी (अच्छी भूमि) ; वासुरा ; शरणी ; शास्वती ; ऋक्षा ; शिलीन्ध्री ; सार्वभौम; स्तम्भिनी ; स्थगणा ; स्थाली ; स्थायः ; पार्वती रूपा ; भूमिराज्याय ; भूमितलम् ; प्रथनात पृथिवी त्याहु ; समुद्रो हीमा अमित पिन्वते ; सभाध्यक्ष; इयम् ; तेनायं आदि हैं।

विश्व में जम्बूद्वीप के प्राचीनतम वैदिक सनातन धर्म और बौद्ध, जैन धर्म में पृथिवी शब्द की अट्ठाइस व्याख्यायें मिलती हैं। ''रसशास्त्र में पृथिवी 67 महोषधियों में'' सम्मिलित है। ''योग में पृथिवी पंचतत्त्वों में'' है। शिवपुराण ; भगवतीसूत्र ; त्रिशतीशलाकापुरुष ; स्कन्दपुराण ; मनुस्मृति ; ब्रह्मवैवर्त पुराण ; कालिका पुराण ; विष्णु पुराण ; मत्स्य पुराण ; वायु पुराण ; मार्कण्डेय पुराण ; अग्न्पुराण ; पृथिवी गीता–धरणी गीता, ब्रह्माण्ड पुराण ; निघण्टु आदि में सविस्तार पृथिवी व्याख्या है। 'शिल्पशास्त्र में पृथिवी अधिष्ठान'' (काश्यपशिल्पशास्त्र) का रूप है।

''वैशेषिक में पृथिवी नौ द्रव्यों में से एक है।'' ''न्यायदर्शन में पृथिवी स्थूल पंच महाभूतों'' में है। ''नाट्यशास्त्र (भरत कोश) में पृथिवी विलम्बितगति'' है। ''संस्कृत छन्द परम्परा में सत्ताइस छन्दों में पृथिवी छन्द मिलता है।'' यह स्मरण रहे कि शुक्ल यजुर्वेद में पृथिवी छन्द है। क्षेमेन्द्र (ग्यारहवी शती) और हेमेन्द्र(ग्यारहवीं–बारहवीं शती) ने भी पृथिवी छन्द की पुष्टि की है। ''आयुर्वेद ग्रन्थ राजनिघण्टु में धारणयादी वर्ग में पृथिवी को लिया गया है।'' ''श्रीमद्भागवद्'' में पृथिवी देवी रूपा है।

जैन आगम के प्राकृत लिपि ग्रन्थों में पृथिवी नये रूप में प्रस्तुत होती है। श्वेताम्बर एवं दिगम्बर जैन मत में चौबीस तीर्थंकरों में से सातवें तीर्थंकर सुपार्श्व की माता पृथिवी रही। इसका उल्लेख चौदहवीं शती के आचार्य दीनकर ने किया है। आचार्य वर्धमान सूरी ने सातवें तीर्थंकर के सन्दर्भ में लिखा है कि उन्होंने संसार को विजित किया। जैन मत में तृतीय वासुदेव स्वयंभू की माताश्री पृथिवी रही। वे अर्धचक्रवर्ती सम्राट रहे। त्रिशतीशलाकापुरुषचरित में (श्री हेमचन्द्रकृत) इसका विवरण है। हेमचन्द्रकृत त्रिशतीशलाकापुरुषचरित में वाराणसी के राजा प्रतिष्ठा की रानी पृथिवी रही। राजा प्रतिष्ठा सुपार्श्व के पिता थे। जैन आगमों के अनुसार तीर्थंकर महावीर के ग्यारह गन्धर्वों में से तीन इन्द्रभूति, अग्निभूमि, वायुभूमि की माता पृथिवी रही। इन्द्रभूति, अग्निभूति एवं वायुभूति वेदशास्त्रों के प्रकाण्ड विद्वान थे। उन्होंने दीक्षा के बाद ग्यारह आगमों का अध्ययन किया।

बौद्धधर्म संग्रह में चौदह लोकपालों में पृथिवी वर्णित है। प्राचीन मिश्र में पाँच हजार वर्ष पूर्व सूर्य और पृथिवी देवता अर्चना की समृद्ध परम्परा रही। पार्थिया साम्राज्य (पारस) के रसज्ञ जाबिर इब्न हय्यान और यूनान के आचार्य अरस्तू भी पृथिवी तत्त्व के व्याख्याकार रहे। यह समझा जाता है कि वेदांग के सांख्यदर्शन, न्यायदर्शन, प्राचीन मिश्र, असीरिया, सुमेरिया, बैबीलोन, हित्ति, पारसी, ग्रीक, यूनान, रोम, गवल, इंका, माया, मितन्नी, ताओ, शिन्तों आदि सभ्यता संस्कृतियों की अध्यात्मिक धार्मिक महाधारा में पृथिवी देवता की पाताली जड़ें जमाने में सफल रहे। पारसी जरूथुस्त्र धर्म में पृथिवी का नामकरण ''ज़्मा'' हुआ। वहीं ''स्लेव भाषा में

जेम्ल्ज़ा'', ''लेटिन में हूमॅस'' और ''लिथुआनियायी में ज़ेमे'' पृथिवी के नाम हैं।

तत्त्वानुषेण में पृथिवी की प्रकृति–भारी ; गुण–भार, एकजुटता ; वर्ण–पीला ; आकार–वृत्ताकार ; शरीर में चक्र–मूलाधार ; बीज मन्त्र–लँ; तन्मात्रा – गन्ध; शरीर में कार्य–त्वचा, रक्त ; शरीर में स्थिति–जंघा ; मानसिक–अंहकार ; कोश–अन्नमय ; प्राणवायु–अपान ; ग्रह–बुध एवं दिशा–पूर्व है।

बीजाक्षर ''लँ'' पृथिवी को प्रदर्शित करता है। ''लँ'' (यानी पृथिवी) अक्षर की व्याख्या ''एकाक्षरनामकोषसंग्रह'' (सम्पादक मुनि जिनाविजय) में मिलती है।

''लकारं शक्रबीजं स्यात् पीतं सर्वफलप्रदम्।

अग्निस्तम्भं जलस्तम्भं स्वेच्छास्तम्भं विशेषताः।।''

पृथिवी का बीजाक्षर ''लँ'' शक्र (इन्द्र अथवा ब्रह्म) का बीज है। इसका वर्ण पीत (पीला) है एवं सर्वफल प्रदाता है। इसकी विशेषता अथवा दिव्य शक्ति अग्नि–जल–स्वेच्छा स्तम्भन् की है। दूसरे शब्दों में पीत वर्ण ज्ञान का और विद्या का है। इसकी साधना से परमेष्ठी तत्त्व सधता है और दूसरे पंचमहाभूतों की शक्ति प्राप्त होती है।

ऊकारं पृथिवीबीजं शामरक्षाकरं परम्।

भूत–प्रेत–पिशाचानां नाशनं रिपुनाशनम्।।

एकाक्षरनामकोषसंग्रह में ''ऊ'' को भी पृथिवीबीज घोषित किया गया है। आगम एवं निगम में ऊ अक्षर का प्रयोग बहुत ही कम अथवा विरले किया गया है। यह श्याम वर्ण परम रक्षा कारक है। यह भूत–प्रेत–पिशाच आदि का नाश करता है और शत्रुओं का संहारक है। इसके विपरीत ''उ'' अक्षर कालदैत्व है। दुलर्भ तन्त्रों में ''ऊ'' की साधना का विधान है।।ऊँ।।

# सृष्टियाँ : रूपज्योति पृथिवी

# वैदिक पृथिवी संरचना विज्ञान

सूर्यचन्द्रपृथिव्यो ब्रह्मजातयः।

स्वयंज्योतिः सूर्योनाम, परज्योतिश्चन्द्रोनाम,

रूपज्योतिः पृथ्वीनाम।

आर्षग्रन्थ में सूर्य, चन्द्र, पृथिवी को ब्रह्मजातय अथवा ब्रह्मस्वरूप कहा गया है। कार्य ब्रह्म के उक्थ, प्रतिष्ठा, साम लक्षण बताये गये हैं। यह कार्य ब्रह्म उक्थ–प्रतिष्ठा–सामात्मक तीन जातियों में विभक्त उपलब्ध होता है। इनमें स्वयंज्योति (स्वयं दीप्त रखनेवाले ) सूर्य, दूसरा परज्योति (दूसरे से प्रकाश लेकर प्रकाश करनेवाला) चन्द्रमा और तीसरा रूपज्योति (ज्योति अथवा प्रकाश नहीं फैलाते हुए भी रूपवान्) पृथिवी है। यहाँ पृथिवी को रूपज्योति सम्बोधन अध्यात्मिक रहस्यपूर्ण है। अज्योति–रूपज्योति कार्य ब्रह्म में पृथिवी, वायु आदि आते हैं। रूपज्योति पृथिवी का साम है। यह साम सूर्य, चन्द्रमा दीप आदि तैजस द्रव्यों में पूर्णतया स्पष्ट दिखाई देता है। सूर्य के उस प्रकाशमण्डल को ही ''लोकालोक'' कहा है। लोकालोक का अर्थ है : ''जहाँ प्रकाश और अन्धकार मिल से जाते हैं। एक बिन्दु पर प्रकाश और उससे आगे के बिन्दु पर ही अन्धकार।'' पृथिवी पिण्ड में उक्थ, प्रतिष्ठा एवं साम तीनों ही साथ रहते हैं। यह स्मरण रहे कि किसी एक के अभाव से ही वह पिण्ड नष्ट हो जायगा। श्रुतियों में पृथिवी का ''रथन्तर'' साम स्पष्ट कहा गया है। सृष्टि से पहले और सृष्टि के अनन्तर–सृष्टि के स्थितिकाल में उक्थ, प्रतिष्ठा एवं साम इन तीन लक्षणवाले, ब्रह्मरूप आत्मा की व्यापकता कही गई।

श्रुतियों में सृष्टि संरचना का वर्णन है। सृष्टि से पूर्व अव्याकृत (भेद रहित–एक रूप में रहनेवाला) ब्रह्म, सृष्टि के आरम्भ में तीन रूपों

में व्याकृत (विभक्त अर्थात् फैलता) होता है। वे तीन रूप–मनोमय, वाड्.मय एवं प्राणमय हैं। श्रुतियों में कहा हैः ''प्रजापति रकामयता'' वाजिश्रुति शतपथ ब्राह्मण में जल से पृथिवी संरचना का सूक्ष्मतम वर्णन भौतिक वैज्ञानिक अवधारणाओं पर सटीक उतरता है। यह स्मरण रहे कि वेद का रचना काल 39 लाख वर्ष पूर्व रहा (डॉ. सम्पूर्णानन्द कृत–आर्यों का आदिदेश, डॉ. रामविलास शर्मा कृत–पश्चिमी एशिया और ऋग्वेद, श्री गुरुदत्तकृत–वेद परिचय आदि)। वेदकाल की श्रुतियों में लाखों वर्ष पूर्व पृथिवी निमार्ण की व्याख्या वेद को देववाणी सिद्ध करते हैं।

माध्यन्दिन शतपथ ब्राह्मण में पृथिवी के इतिहास के गोपनीय पृष्ठों के रहस्य को स्पष्ट किया : ''इवं वै पृथिवी भूतस्य प्रथमजा ।।14. 1.2.10।। यह पृथिवी भुवनों में प्रथम उत्पन्न हुई। वाजुश्रुति में ही लिखा हैः ''इयमु (भूमिः) वा एषां लोकानां प्रथमा ऽसृज्यत ।।6.5.3.1।।'' इन लोकों में यह भूमि ही प्रथम उत्पन्न हुई। तैत्तिरीय ब्राह्मण में स्पष्ट किया : ''स भूरिति व्याहरत। स भूमिमसृजत्।।2.2.4.2।।'' प्रजापति ने भूः शब्द उच्चारा। उस ने भूमि उत्पन्न की। जैमिनीय ब्राह्मण के अनुसार : ''प्रजापतिर्यदग्रे व्याहरत् स भूरित्येव व्याहरत्। स इमाम असृजत्।।1. 101।।'' प्रजापति ने सर्वप्रथम भूः उच्चारित किया। उससे इस पृथिवी की रचना हुई। ऋग्वेद की ऋचा है : ''भूर्जज्ञ उत्तानपदो भुव आशा अजायन्त।।10.72.4।।'' भूमि अथवा भूः व्याहृति उत्पन्न हुई, प्रजापति रूपी वृक्ष से। भुवः व्याहृति से आशाएँ अथवा अन्तरिक्ष उत्पन्न हुई।

पृथिवी संरचना के सन्दर्भ में शतपथ ब्राह्मण में आश्चर्योत्पादक वर्णन है : ''अथ शर्कराः सम्भरति। देवाश्च वा असुराश्चोभये प्रजापत्याः पस्पृधिरे। सा हेयं पृथिवी अलेलायद्यथा तां ह स्म वात संवहति। सोपैव देवान् जगाम। उपासुरान। स यत्र देवान उपा जगाम।।8।। तद्धोचुः हन्तेमां प्रतिष्ठां दृं हामहै। तस्यां ध्रुवायाम्। अशिथिलायाम् अग्नि आदधामहै। ततोऽस्य सपत्नान् निर्भक्ष्याम इति।।9।। तद् यथा शंकुभिः चर्म विहन्यात्। एवमिमां प्रतिष्ठां शर्कराभिः पर्यबृहंन्त।''

हिरण्यगर्भ प्रजापति की संतान सुर–देव और असुर–दैत्य दोनों स्पर्धा करने लगे। उस समय कंकरों को एकत्र किया जाता है। निश्चय ही पृथिवी कमलपत्र सरीखी लहलहाती रही। उस पृथिवी को वात ले

जाती था। पृथिवी कभी देवों के कभी दैत्यों के समीप जाती थी। देवों के निकट जाने पर निश्चिय ही उन्होंने कहा कि इस ठहरने के स्थान के दृढ़ करते हैं। उस प्रक्रिया में पृथिवी स्थिर हुई और ठोस रूपाकार को प्राप्त हुई। दो अग्नियों का आधान किया गया। उसके उपरान्त इसके शत्रुओं को भाग रहित करते हैं। इस प्रतिष्ठा को कंकरों से चारों ओर बृंहण किया। मन्त्र द्रष्टा कवि ने इसे बहुत ही सृजनधर्मी उपमा दी है। जैसे चमड़े को कीलों से ठोककर दृढ़ किया जाता है। शतपथ ब्राह्मण के मन्त्र द्रष्टा कवि गण का भावार्थ यह है कि सृष्टि रचना के समय ''पृथिवी आर्द्रा या शिथिला रही। इस तरल रूप को वात इधर और उधर (ऊपर, नीचे) ले जाता रहा। ब्रह्मशक्ति ने शिथिला पृथिवी को कंकरों से दृढ़ (ठोस) किया गया।'' श्रुति में इन्द्र का रहस्यमय कथन आता है कि पृथिवी को ऊपर रखें अथवा नीचें रखें। यह भी पृथिवी की प्रारम्भिक अवस्था आर्द्रा होने की पुष्टि करता है।

## नौ सृष्टियाँ रहस्य

श्रुतियों में उल्लेख आया है : ''प्रजापतेर्दश व्यूहाः।'' सृष्टि रचना आदि में अनेक स्थानों पर प्रजापति शब्द का प्रयोग किया गया है। इस भ्रान्ति के निवारण के लिए यह स्पष्ट किया गया है कि दश (दस) प्रकार का प्रजापति होता है। : अनिरूक्त प्रजापति (इन्द्र प्राण एवं नभ्य); प्राण प्रजापति (अमृत भाग अंगरूप एवं आत्म को कहा गया है। जिसमें देवों की स्थिति बताई है। वह शिरस्थ अग्नि है। इसे ''चितेनिधेयाग्नि कहते हैं।); भूत प्रजापति (आत्मा एवं अंरूगरूप जो मर्त्यभाग शरीर में विद्यमान कहा गया है। इसे ''चित्याग्नि'' नामकरण मिला।); पशु प्रजापति (पिण्ड के बाहरी एवं सम्बद्ध ओषधि वनस्पति चेतन कृमिकीट पशु मनुष्यादि जितने प्राणी हैं।); सहस्र प्रजापति (त्रयी विद्या—त्रयी वेद, ब्रह्म, यज्ञ, वा सहस्र शब्द से प्रसिद्ध); अथर्वा प्रजापति (त्रयी विद्या के बाहर व्याप्त सोम भाग। इसे अथर्ववेद कहा जाता है।); छन्द प्रजापति (चारों वेदों के अन्त तक व्याप्त आत्मा को छन्दन अर्थात् परिच्छिन्न करनेवाला); शिपिविष्ट प्रजापति (पशुभाव से आत्मा तक व्याप्त। यह विराट् या यज्ञ कहाती है।) और सर्व प्रजापति (आत्मा से अथर्वापर्यन्त भाग को संगृहीत करनेवाला। सभी कुछ सर्व प्रजापति के अन्तर्गत आता है।)। इन दश

भेद में तीन प्रमुख–मध्यवर्ती अनिरूक्त प्रजापति (इन्द्र या प्रतिष्ठा), विराट् प्रजापति (आत्मा, मर्त्य एवं अमृत तीनों समुदाय तक संघटित स्थिति। यह यज्ञ, प्रतिष्ठा कहलाता है); सवंत्सर प्रजापति (सभी वेदों, समस्त लोकों व्याप्त साम मण्डल); मध्यवर्ती अनिरूक्त प्रजापति (इन्द्र या प्रतिष्ठा); शिपिविष्ट (पिण्ड, विराट् प्रजापति, उक्थ), संवत्सर प्रजापति (सभी वेदों समस्त लोकों में व्याप्त, साम मण्डल) (सार संक्षेप में प्रतिष्ठा–उक्थ –साम त्रिरूप एक आत्मा)। आर्षग्रन्थों से संवत्सर को वैश्वानर हिरण्यगर्भ, सर्वज्ञ, पुरुष कहा गया है। द्युलोक, अन्तरिक्षलोक एवं पृथिवीलोक ''मर्त्य''–महान पिण्ड के रूप में हैं और विनाशी हैं।

त्रिलोकी में ऊपर दिव्–द्यौ लोक, नीचे का मण्डल पृथिवी और दोनों के मध्य अन्तरिक्ष है। शतपथ ब्राह्मण में ''नौ सृष्टियों'' का विवरण मिलता हैः ''स श्रान्तस्तेपानः ''फेनमसृजत।...स श्रान्तस्तेपानो मृदं शुष्कामभूष सिकतं शर्कराम् अश्मानम् अयो हिरण्यम्–ओषधि–वनस्पति असृजत। तेनेमां पृथिवीं प्राच्छादयत।।13।। ता वा एता नव सृष्टयः।।14।।(6.1.1)

यहाँ ''आर्द्रा–शिथिला पृथिवी से वर्तमान स्वरूप में प्रस्तुत होना नौ संरचना सृष्टिक्रम कहा गया है।'' प्रजापति ने श्रान्त एवं तप करते हुए ''फेन को उत्पन्न किया। प्रकारान्तर में मृत्(मिट्टी), शुष्कापम्, ऊष् सिकता, शर्करा, अश्मा, अयः और ओषधि वनस्पति को उत्पन्न किया। इन नौ ने पृथिवी को ढक लिया।

## आपः का अर्क फेन

ताऽतप्यन्त। ताः फेनमसृजन्त।।'' शतपथ ब्राह्मण ।।6.1.3.2।। वह आपः श्रमयुक्त (तपे–अग्नि युक्त) हुए। परिणामतः ''फेन'' की उत्पत्ति हुई। फेन अग्नि और आपः के सम्मिलन का फल रहा। शतपथ ब्राह्मण में यह भी लिखा है : ''तस्माद् अपां तप्तानां फेनो जायते।।'' तैत्तिरीय ब्राह्मण ने फेन का स्वरूप स्पष्ट किया कि यह निश्चय ही न ही शुष्क रहा न ही गीला रहा : ''न वा एष शुष्को नार्द्रो व्युष्टासीत (1.7.1.6.7)।।'' ऋग्वेद के मन्त्र द्रष्टा कवि ने फेन के बारे में कहा कि आपः के फेन से दानव नमुचि के सिर को काटा गया : ''अपां फेनेन–नमुचेः शिरः।'' आपः

दिव्य जल के फेन को ''आपः का अर्क''— अपां अर्कः'' नामकरण दिया गया। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार आपः निश्चय ही अर्क रहे। आपः का शर (मलाई सरीखा झाग) घना होकर पृथिवी हुआ।

आपो वा अर्कः। तद् यद् अपां शर आसीत् तत्।

समहन्यत् सा पृथिवी अभवत्।। शतपथ ब्राह्मण 10.6.5.2।।

शतपथ ब्राह्मण में ''घनत्व'' का वर्णन फेन (झाग) के घने होने की व्याख्या है। साथ ही कहा है कि ''आपः एक रूप था और फेन उसका दूसरा रूप है। ''यदेव तत् फेनो द्वितीयं रूपम् असृज्यत।'' आपः के तप्त होने पर वायु स्पर्श से उस पर फेन निर्मित हुआ। इतिहास महाभारत में आपः से फेन और घनत्व का बहुत ही सुन्दर वर्णन है। ''अग्नि पवन से युक्त होकर आकाश से जल को उत्पन्न करता है। वह आपः —जल अग्नि और मारूत के संयोग से घनत्व को प्राप्त होता है। उस आकाश से गिरते हुए जल में स्नेह रूपी गुण होता है। वह संघात को प्राप्त होकर पृथिवी भाव को प्राप्त होता है (181.15.16)।'' ''आकाश में वारि उत्पन्न हुए, सलिल (वारि) से अग्नि और मरुत। अग्नि और मरुत (मारूत) के संयोग से पृथिवी हुई।''

आग्निः पवनसंयुवतः खात् समुत्क्षिपते जलम्।

सोऽनिग्नमारूतसंयोगाद् घनत्वमुपपद्यते।।181.15।।

तस्याकाशान्निपततः स्नेहस्तिष्ठति यो ऽपरः।

स संघातत्त्वमापान्नो भूमित्वमनुगच्छति।।181.16।।

आकाशदभवद् वारि सलिलादग्निमारूतौ।।

अग्निमारूतसंयोगात्ततः सम्भवन्मही।।181.16।। महाभारत

## मिट्टी मृद् संरचना : अल्पा पृथिवी

हिरण्यगर्भ से पृथिवी पृथक् होने पर सलिल रूपा रही। पृथिवी के पार्थिव परमाणु जल लीन थे। अग्नि के कारण सलिलमयी पृथिवी भूमि में फेन अथवा शर की उत्पत्ति हुई। कपाल के बाह्य भाग से और

शर–फेन के कारण मृत्तिका की उत्पत्ति हुई। यह अनुवेषण का विषय है कि पृथिवी के परमाणु रूप क्या रहा ? क्या पृथिवी रूपी मूल तत्त्व मृत्तिका रही ? ''अन्तरिक्ष में शिथिला आर्द्रा सलिलमयी पृथिवी के सलिल को संरक्षण देनेवाला परमेष्ठी तत्त्व है'' ? तैत्तिरीय संहिता, मैत्रायणी संहिता, काण्व संहिता आदि श्रुतियों में रहस्योद्घाटन किया है कि पार्थिव परमाणुओं से आरम्भ में सृजित मृत्तिका का विस्तार बहुत ही अल्प रहा। पृथिवी अति अल्पा थी। पृथिवी का आरम्भ में परिणाम वराहचषाल, उत्तरवेदी प्रादेशमात्र रहा।

अथ वै तर्हि अल्पा पृथिव्यासीद्, अजाता ओषधयः।। तै.स.2.1.2।।

यावद् वै वराहस्य चषालं तावीतीयमग्र आसीत्

।।मैत्रायणी संहिता1.6.3।।

ए तावती वा इयं पृथिव्यासीद् यावती उत्तरवेदि।

।।काण्व संहिता 25.6।।

इयती ह वा इयमग्रे पृथिवीव्यास प्रादेशमात्री, तामेमूष

वराह उज्जघान।। ।।शतपथ ब्राह्मण 14.1.2.11।।

शतपथ ब्राह्मण के अनुसार फेन कठोर होकर मृत् हो जाता है। ''पृथिवी पर दो रूप प्रधान हैं। पृथिवी के दो ही रूप मृत एवं आपः हैं। यहीं वह मिट्टी वह कपाल रहा। यह स्पष्ट है कि अण्ड के अधोभाग की त्वक् मृत् का रूप ले चुकी थी। पृथिवी वही मृत्–मिट्टी रूप है।''

स(फेनः) यदोपहन्यते मृदेव भवति।।शतपथ ब्राह्मण 6.1.3.3।।

अथो द्वयं ह्येव एतद् रूपं मृच्च आपश्च।।6.4.1.3।।

अथ यत्तत् कपालमासीद् एषा सा मृत्।।6.3.1.28।।

यन्मृद् इयं तत् (पृथिवी)।।14.1.2.9।।

## ऊष–ऊसर : पशु

द्यौ ने निश्चित रूप से इस पृथिवी को इन पशुओं को दिया (पशु का आधिदैविक, अध्यात्मिक अर्थ अलग है। पशु का अर्थ नेत्रेन्द्रिय से देखे जानेवाला चतुष्पाद माना गया। इसके इतर द्युलोक और अन्तरिक्षलोक के पांसु या कण अथवा रेणु है। पशु अन्धकारमय रात्रि के समय अन्य किसी प्रकार से देखे गए हैं।)। इसका सम्बन्ध ऊसर (बंजर भूमि) तत्त्व से है। प्रजापति ने अग्नि को इन पशुओं में देखा, अतः ये पशु हैं: (प्रजापतिः) तेषु (पशुषु) एतम् (अग्निम्) अपश्यत्, तस्माद्वैवैते पशवः।। (शतपथ ब्राह्मण 6.2.1.4.)। शतपथ ब्राह्मण में उल्लेख है कि ''पशव ऊषाः''(7.1.1.6)।। पशु ही ऊष है। यह पशु शब्द के भेद को खोलता है। पशु पार्थिव पशु नहीं है। यह द्युलोक से आया हुआ कहा गया है। पार्थिव पशुओं के लिए ऊसर भूमि हितकारी नहीं है (रुद्र भी पशु के पति पशुपतिनाथ हैं। आदि शंकराचार्य ने भी यही कहा है कि जन्तुओं– पशुओं में मानुष श्रेष्ठ है। वर्तमान सामाजिक विज्ञान में मनुष्य को सामाजिक जन्तु की संज्ञा दी है। यह वैदिक अवधारण का विस्तार अथवा पुनरावृत्ति है।)। श्रुति में पशु शब्द बंजर भूमि के लिए प्रयोग किया गया है। शतपथ ब्राह्मण में लिखा है: ''उस द्यौ ने निश्चय ही पृथिवी के लिए इन पशुओं को दिया। अतः ऊषर भाग पशव्य कहलाता है। पशव्य पशुओं के लिए हितप्रद कहाता है। द्युलोक से आये पशु पृथिवी पर ठहरे हैं। द्युलोक एवं पृथिवीलोक का रस ऊसर को माना गया है।''

असौ ह वै द्यौरस्यै पृथिव्या एतान् पशून् प्रददौ।

तस्मान् पशव्यमूषरमाहूः।...

त ऽमुत आगता अस्यां पृथिव्या प्रतिष्ठिताः।

तमनयोद्यौवापृथिव्यो रसं मन्यते।।शतपथ ब्राह्मण।।

यह भी सम्भव है कि इनमें (पशु) भौतिक अग्नि एवं सौर अग्नि का योग है। इसी दृष्टि से अग्नियोग विषय बने। ऐतरेय ब्राह्मण में एवं तैत्तिरीय ब्राह्मण में सिंहगर्जना की कि पशुओं (भौतिक अर्थ नहीं लें) में

अग्नि का योग है। शतपथ ब्राह्मण में इसी क्रम में कहा गया : ''पृथिवी के उपस्थ से पशुओं के लिए हितकारी अग्नि को.....।'' कपिष्ठल कठ संहिता में कहा हैः '' पशु ही अग्नि है। प्रजापति ने अग्निप्रधान मुख से पशुओं की उत्पत्ति की।'' शतपथ ब्राह्मण में निरन्तर दोहराया कि समस्त पशु अग्नि हैं। अतः पशु अग्नि में रमण करते हैं। श्रुतियों का भावार्थ यह है कि अन्तरिक्ष स्थानीय पशु, मरुत् और वयांसि आदि का पशुओं से सम्बन्ध है। यह स्मरण रहे कि वैदिक देवों के शास्ता रुद्र अन्तरिक्ष स्थानीय है। रुद्र का विद्युत् से सम्बन्ध है। रुद्र से आग्नेय योग अन्तरिक्षस्थ पशु प्राप्त करते हैं। परिणामतः रुद्र पशुपति कहलाये। रुद्र वाहन आखु है (आखस्ते रुद्रस्य पशुः।। शतपथ ब्राह्मण 2.6.2.10।।)। यह आखु अन्तरिक्ष स्थित पशु है। श्रुति ने स्पष्ट किया कि पृथिवी के ऊषर भाग (लवणीय मृद्, लवण में आग्नेयता है।) पार्थिव परिणाम नहीं है। इसमें अन्तरिक्ष स्थित पशुओं एवं प्रत्युत् द्यु का योग है। वैसे समुद्रीय जल में प्रचुर मात्रा में लवण होता है।

श्रुति यह उद्घाटित करती है कि पृथिवी के विस्तार के समय ऊषर स्थान रहा। अतः मूल पृथिवी के सृजन के समय ऊष विद्यमान रहा। वर्तमान में भी पृथिवी पर लवणीय मृद् ऊष् है। यह कहा गया है कि द्युलोक की प्रजाएँ पशु हैं।

आग्नेयो वाव सर्वः पशु।। ऐतरेय ब्राह्मण 2.6।।

आग्नेयाः पशवः।। तैत्तिरीय ब्राह्मण 1.1.4.3।।

पृथिव्या उपस्थाद अग्निं पशव्यम् ।। शतपथ ब्राह्मण 6.4.1.2।।

वायुप्रणेत्रा वै पशवः ।। शतपथ ब्राह्मण 4.4.1.15।।

अन्तरिक्षदेवत्याः खलु वै पशवः ।। तैत्तिरीय ब्राह्मण 3.2.1.3।।

पशवा वै मरुतः।। ऐतरेय ब्राह्मण 3.19।।

पशवो वै वयांसि ।।शतपथ ब्राह्मण 9.3.3.7।।

समूढमस्य पांसुरे।। ऋग्वेद1.22.17।।

दैव्या वा एता विशो यत पशवः।। शतपथ ब्राह्मण 3.7.3.9।।

## रज कण : सिकता

पृथिवी संरचना के प्रारम्भिक काल में रजकण–रेतकण–सिकता (बज़री सरीखा) प्रचुर मात्रा में रहा। यह भी चकित करता है कि संस्कृत शब्द सिकता को ''अंग्रेजी में सिलिका'' कहा गया। संगणक (कम्प्यूटर) प्रौद्योगिकी में सिकता ने अभूतपूर्व क्रान्ति की है। वेदकाल अर्थात 39 लाख वर्ष पहले वैदिक मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने सिकता के महत्व को प्रतिपादित किया। ''सिकता में सिलिकोन और प्राणवायु आक्सीजन'' होता है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि क्रान्ति द्रष्टा ऋषियों ने दो तरह की शुक्ल और कृष्ण (श्वेत एवं श्याम) सिकता होने का उल्लेख किया (द्वे हि सिकते, शुक्ला च कृष्णा व।। शतपथ ब्राह्मण 7.3.1.43।।)।

वैदिक ग्रन्थों में ऊष के बाद सिकता के उत्पन्न होने का उल्लेख किया है। पृथिवी की सतह पर और भूगर्भ में नीचे स्तरों पर सिकता बहुतायत में मिलती है। भूगर्भ की गहराई में सिकता की पट्टी चौंकाती है। श्रुतियों में यह कहा है : ''सिकता प्रकाशमान के समान है। ये रज कण चमकते हैं। रेत के कणों की चमक से सभी परिचित हैं।'' ''श्रुति सिकता को वैश्वानर अग्नि की भस्म कहती है। वैश्वानर अग्नि का रेत सिकता है।'' यह स्वयं में शोध का विषय है कि आदित्य की प्रचण्ड अग्निमय किरणें पृथिवी की सतह के भीतर ऊष को रेत कण में परिवर्तित करने में कैसे, कब सफल हुई ? कठ संहिता में स्पष्ट रूप से कहा है कि आदित्य की भस्म निश्चित रूप से सिकता है। इसके मूल में वैश्वानर अग्नि रही।

स मृत् अतप्यत् सा सिकता असृज्यत।। शतपथ ब्राह्मण 6.1.3.4।।

(मिट्टी तप्त हुई और सिकता में रूपान्तरित हुई।)

अग्नेर्वा एपद्वैश्वानरस्य भस्म यत् सिकताः।। कठ संहिता 31.9।।

(यह वैश्वानर अग्नि है। जो आदित्य यहाँ समीप था उसकी भस्म सिकता है।)

कटु अम्ल लवणा आग्नेय ।।सुश्रुत संहिता।।

(तीव्र अम्ल लवण अग्निमय होता है।)

भ्राजन्त इव हि सिकता। अग्नेर्वा एनद् वैश्वानर भस्म यत् सिकता ।। शतपथ ब्राह्मण 3.5.1.3 ।।

(सिकता के कण प्रकाशमान हैं, चमकते हैं। यह सिकता निश्चित रूप से वैश्वानर अग्नि की भस्म है।)

सिकता वा अपां पुरीषम् ।। शतपथ ब्राह्मण 7.5.2.59 ।।

(सिकता में आपः का पुरीष है।)

अग्नेरेतद् वैश्वानरस्य रेतो यत् सिकता ।।शतपथ ब्राह्मण 7.1.1 ।।

(वैश्वानर अग्नि का ''रेत'' सिकता है।)

श्रुति में सिकता को आपः (दिव्य जल) का पुरीष और अग्नि वैश्वानर का ''रेत'' नामकरण रहस्यमय है। वहीं ''रुद्र रेत पारा'' स्वीकारा गया है।

## वज्र शर्करा कंकर : पृथिवी सुदृढ़ीकरण

मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने आर्द्रा शिथिला पृथिवी के ठोस बनने की प्रक्रिया के छठे चरण में शर्करा–कंकर–वज्र की अहम् भूमिका चिन्हित की है। यह स्पष्ट है कि पृथिवी प्रारम्भिक अवस्था में कठोर नहीं थी। पृथिवी की ऊपरी सतह पर ऊष और सिकता की उत्पत्ति होने पर आन्तरिक भाग अकठोर रहा। आन्तरिक भाग के कठोर होने की प्रक्रिया शर्करा–कंकर–वज्र की उत्पत्ति से तीव्र हुई। कौषीतकी ब्राह्मण में आपः के हिमवत कंकर को वज्र की संज्ञा दी हैः आपः इति। तत् प्रथमं वज्ररूपम्। हिमालय क्षेत्र में हिमपात के समय ओला वृष्टि को वज्र कहा जाता है। शतपथ ब्राह्मण में भी यही दोहराया गया है : वज्रो वा आपः ।।1.7.1.20 ।। ऋषियों ने इसे पृथिवी का दृंहण कहा।

शतपथ ब्राह्मण में स्पष्ट किया गया है कि सिकता के एकत्रीकरण ने शर्करा को जन्म दिया। संस्कृत शब्द शर्करा कंकर, वज्र के लिए प्रयोग किया गया है। वर्तमान भौतिक विज्ञान की कसौटी पर

भी यह सिद्धान्त खरा उतरता है। मैत्रायणी संहिता के अनुसार इन्द्र ने वृत्र के संहार के लिए वज्र का भीषणतम प्रहार किया। वृत्र के छींटे अथवा वज्र के छींटे शर्करा हुए।

इन्द्रो वै वृत्राय वज्रं प्राहरत।

तस्य या विप्रुषा आसंस्ताः शर्करा अभवन्।।मैत्रायणी संहिता 1.6.3।।

तैत्तिरीय संहिता (5.2.6) में पुनः कहा है कि इन्द्र ने वृत्र पर वज्र का मारक प्रहार किया। "फलस्वरूप दिव्यास्त्र वज्र तीन प्रकार का हो गया–स्फय्, रथ एवं यूप। वज्र के अन्दर से शर बिखरे। यही शर शर्करा हुए।" काठक संहिता (8.2) के अनुसार "तेज अग्नि में रखा सिकता शर्करा हो गए।"

इन्द्रो वृत्राय वज्रं प्राहरत्। स त्रेधा व्यभवत्, स्फ्यस्तृतीयं

रथस्तृतीयं यूपस्यतृतीयम्, ये ऽन्तः शरा अशीर्यन्त

ताः शर्करा अभवन्।। तैत्तिरीय संहिता।।

तेजो वा अग्ना अदधुर्यच्छर्करा।। काठक संहिता 8.2।।

शिथिरा वा इयमग्र आसीत्। तां प्रजापतिः शर्कराभिरदृंहत्।।

।।मैत्रायणी संहिता।।

आर्द्रेव हीयमासीत्। तां देवाः शर्कराभिरदृंहत्।।काण्व संहिता।।

एवमिमां प्रतिष्ठा शर्कराभिः पर्यबृंहन्त।।

## पाषाण अश्मा

शिथिला आर्द्रा पृथिवी अथवा अल्पा पृथिवी से झाग–फेन, मृत् (मिट्टी), शुष्कापम्, ऊष, सिकता, शर्करा का सातवाँ चरण अश्मा–पाषाण उत्पत्ति का रहा। शर्करा–कंकरों–वज्र कणों के एकत्रीकरण–जमाव ने ठोस पाषाण–पत्थर का रूप लिया। यानी अग्नि का रेत सिकता के जमाव से शर्करा कंकर और कंकरों के एकीकरण से पाषाण, प्रस्तर, चट्टान्न और पर्वतों की उत्पत्ति हुई। आधुनिक विज्ञान ने भी इस प्रक्रिया

को शिरोधार्य किया है। यह अलग बात है कि इसमें कितने मन्वन्तर गुजरे? कितने करोड़ वर्ष व्यतीत हुए? शतपथ ब्राह्मण में सीधे रहस्य उद्घाटित किया : शर्करा ने अश्मा को उत्पन्न किया। अथवा अन्त में शर्करा ही अश्मा के रूप में परिवर्तित हुआ। शर्करा के छोटे छोटे कण, कंकण एकत्र हुए, और संपीडन से अश्मा स्वरूप में आये। वैदिक कवि ने इसे काव्यात्मक रूप में कहा कि वृत्र का शरीर ही अश्मा एवं गिरि है।

शर्कराया  अश्मानम् (असृजत)

तस्मात् शर्कराश्मैव अन्ततो भवती।।शतपथ ब्राह्मण 6.1.3.3।।

तस्य(वृत्रस्य) एतच्छरीरं यद् गिरयो यदश्मानः।।

।।शतपथ ब्राह्मण 3.4.3.13।।

## हिरण्यम् (स्वर्ण) एवं अयः (लोह)

श्रुतियों में पृथिवी की आन्तरिक संरचना में फेन, मृद्, शुष्कापम्, ऊष, सिकता, शर्करा, अश्मा की क्रमिक उत्पत्ति में आगामी पड़ाव खनिज धातुओं का रहा। श्रुतियों के अनुसार सर्वप्रथम अयः(लोह) धातु उत्पन्न हुई। लोह के बाद सभी धातुओं का प्रादुभाव हुआ। वैदिक मनीषियों ने स्वीकारा कि अन्त में ''हिरण्यम्'' स्वर्ण धातु उत्पन्न हुई। पंचमहाभूतों की अवधारणा के अनुसार सभी धातुओं में सभी के परमाणु विद्यमान रहते हैं और जिसका आधिक्य होता है, वही गुण प्रदर्शित होते हैं। कैलास के हिमनद स्थित अदृश्य सिद्धाश्रम ज्ञानगंज में सूर्यविज्ञान दीक्षित स्वामी विशुद्धानन्द परमहंस के अनुसार भी सूर्य की किरणों में सभी धातु–पदार्थ के परमाणु रहते हैं। उसमें सूर्य रश्मि विभाजन में वांछित पदार्थ परमाणुओं को आरोपित कर वांछित पदार्थ की उत्पत्ति करना सम्भव है। स्वामी विशुद्धानन्द परमहंस ;जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी ब्रह्मानन्द सरस्वती (अथर्ववेदीय ज्योतिर्मठ); जयपुर के राजगुरू पण्डित विद्यानाथ ओझा बीसवीं शती में ज्ञानगंज के ध्वजवाहक रहे। जम्बूद्वीप में अयः लोह, पारद् आदि से हिरण्यम्–स्वर्ण निमार्ण की समृद्ध परम्परा रही।

# दिव्य सोम प्रधान औषधि

श्रुति में उल्लेख है कि अन्ततः दिव्य सोम पृथिवी पर अवतरित होता है। मैत्रायणी संहिता के अनुसार दिव्य सोम एवं पृथिवी के संयोग ने चमत्कार किया। सर्वप्रथम बीज उत्पन्न हुआ, (बीज से) ओषधि और वनस्पति की उत्पत्तियाँ हुई। मूलभूत रूप से सोम तत्त्व ओषधियों के मूल में है और शीर्ष भाग अग्नि प्रधान है। परिणामतः शीर्ष भाग नष्ट होता है, परन्तु मूल सदैव हरा रहता है, नहीं सूखता है। वैदिक ग्रन्थों में सिंहगर्जना की गई कि सोम का स्थान द्युलोक है। सोम के पृथिवी पर अवतरण में आदित्य सूर्यरश्मियाँ एवं वृत्र सहायक रही। जैमिनीय ब्राह्मण (1.355) में रहस्योद्घाटन किया कि राजा सोम का निश्चय ही सुपर्ण ने आहरण किया। उस समय सोम की बूंदें पृथिवी पर गिरी। वही ओषधियाँ हैं। सोम के कारण ओषधियाँ सौम्य हैं। "सोम ओषधियों का अधिपति है।"

> प्राचीनं वै सोमीरोषधयः। प्रतीचीनं रौद्रीः। न हि प्राचीनं
> शुष्यन्ति। शुष्यन्ति प्रतिचीनम्।। मैत्रायणी संहिता 3.1.5।।
>
> सोमं वै राजान् यत् सुपर्ण आहरत् समभिनत् तस्य वा
> विप्रषो अपतंस्ता एवेमा ओषधयोऽभवन्। सर्वा उ ह वै
> सौम्या ओषधयः।। जैमिनीय ब्राह्मण 1.35.55।।
>
> सोम ओषधीनामधिपतिः।।अथर्ववेद।।

श्रुति हमें पृथिवी पर ओषधि एवं वनस्पति नहीं होने से पहले की स्थिति चित्रलिखित प्रस्तुत करती है। यह बताता है कि "ऋषि सृष्टि की रचना से पहले भी विद्यमान रहे। इसीलिए ऋषि को प्राण कहा गया है।" माध्यन्दिन शतपथ ब्राह्मण, काण्व संहिता, ऐतरेय ब्राह्मण, जैमिनीय ब्राह्मण, मैत्रायाणी संहिता, ताण्डय ब्राह्मण आदि में दृढ़तापूर्वक उद्घोषण की है कि "ओषधि वनस्पति रहित होने के समय पृथिवी लोमरहित गंजी (घटोत्कच) रही। अल्पा पृथिवी थी, ऋक्षा थी, अलोमिका थी।" लोक में ऋक्ष अनुपजीवनीय प्राणी, प्राण धारण करने के अयोग्य थे। पृथिवी

कूर्मपृष्ठनिभा रही। कछुए की पीठ के समान कठोरतम और लोमरहित रही। मैत्रायणी संहिता में लिखा है कि देवों ने रोहिणी में वीरूत् रोपण किया। रोहिणी नक्षत्र में पृथिवी पर वनस्पतियों का प्रादुर्भाव प्रारम्भ हुआ। यहाँ रोहिणी का अन्तर–निहित अर्थ समझना आवश्यक है। रोहिः (रूह्+इन्) शब्द वृक्ष अथवा बीज को प्रदर्शित करता है। रोहिणी चौथा नक्षत्रपुँज है। जिसमें पाँच तारे हैं। दक्ष की पुत्री का नाम रोहिणी है। रोहिणी शब्द का अभिप्राय विद्युत्, नववर्षा भी है। लोमरहित ऋक्षा को देखकर देवों ने कहा कि ओषधियाँ, वनस्पतियाँ उत्पन्न करने के लिए पृथिवी का आलंभन करते है। पृथिवी के लोम ओषधियाँ–वनस्पतियाँ हैं।

काल्वाली कृता हेयं तर्हि पृथिव्यास।।माध्यन्दिन शतपथ2.2.4.3।।

अथ वै तर्हि अल्पा पृथिव्यासीद् अजाता ओषधयः।

ऋक्षा ह वा इयमग्र आसीत्।

तस्यां देवा रोहिण्यां वीरूधोऽरोहयन्।।।मैत्रायणी संहिता 1.6.9.2।।

अथा वा इयं तर्हि ऋक्षासीद्। तेऽब्रुवन तस्मै कामायालभामहै

यथास्यामोषधयश्च वनस्पतयश्च जायन्ता इति।।मैत्रायणी संहिता 2.5.2।।

त इमे लोका अभवनृ ऋक्षा अनुपजीवनीयाः।

कथमिमे लोका लोम गृहणीयुः।।जैमिनीय ब्राह्मण 2.244।।

इयं वा अलोमिकेवाग्र आसीत्।। ऐतरेय ब्राह्मण 24.22।।

ओषधिवनस्पतयौ वै लोमानी।। जैमिनीय ब्राह्मण 2.54।।

यह स्मरणीय है कि सोम और चन्द्रमा का गहरा सम्बन्ध है। चन्द्रमा की पत्नी एवं दक्ष कन्या रोहिणी का उल्लेख उचित ही है। ओषधि–वनस्पति अधिपति सोम के अवतरण ने पृथिवी की रूपज्योति उपमा को साकार किया (चन्द्रमा को ओषधिनाथ कहा गया है। चन्द्रमा वनस्पतियों का अधिदेवता और पोषक है।)। वैदिक परम्परा में पौधे के फल पकने के बाद स्वतः नष्ट होनेवाला खाद्यान्न भी ओषधी है। दूसरा, (सोम) रस परिपूर्ण ओषधि आधि व्याधि नष्ट करती है। ऋग्वेद से लेकर

अथर्ववेद में दिव्य सोम का यशोगान किया है। ऋग्वेद के सूक्त में सोम लता की रात्रि में प्रकाशवान होने की विशेषता का वर्णन मिलता है। इतिहास रामायण (त्रेतायुग) में सम्राट दशरथ के युवराज राम और लंकेश्वर दशानन रावण के मध्य महासंग्राम में लक्ष्मण को इन्द्रजीत मेघनाद की शक्ति लगती है। वे गहन मूर्छा में चले जाते है। लंकेश्वर का महावैद्य उपचार के लिए हिमालय से ''सोम'' लाने को कहता है और उसकी पहचान रात्रि की घोर काली चादर में प्रकाशित होना बताता है। पवन पुत्र हनुमान इसी से हिमालय के पर्वत की पहचान करता है। युगों युगों से जम्बूद्वीप में सोम से संजीवनी निमार्ण की समृद्ध परम्परा रही। ऋग्वेद में देव क्षेत्र हिमालय में सोम लता के क्षेत्रों का विवरण उपलब्ध है। शतपथ ब्राह्मण में ओषधि का अर्थ दाह शक्ति को धारण करना हैः ''ओषं धय इति'' (2.2.4.5)। पृथिवीगत आग्नेय परमाणुओं को ओषधियाँ ग्रहण करती है। पृथिवी के अन्दर अत्यधिक आग्नेय परमाणु समाविष्ट नहीं रहते हैं। कपिष्ठलकठ में कहा है : ''तस्मादग्निर्मध्यत ओषधीः प्रविष्टः।।41.7।। वनस्पतियों में अग्नि के छिपे होने का उल्लेख तैत्तिरीय ब्राह्मण में है। प्रजापति ने अग्नि को उत्पन्न किया। अग्नि के महाविकराल स्वरूप से भयभीत हुए। उस अग्नि को शमी ने शान्त किया। परिणामतः कुछ वृक्षों में आग्नेय परमाणु बहुत अधिक होते हैं। जैसे शमी की अरणियों को रगड़कर अग्नि पैदा की जाती है। ''प्रजापतिः अग्निमसृजत। साऽबिभेत। प्र मा धक्ष्यतीति। तं शम्या अशमयत्।। तैत्तिरीय ब्राह्मण 1.1.3.11।।

## आग्नेयोऽयं लोकः अग्निप्रधान पृथिवी

कपिष्ठल कठ संहिता के अनुसार पृथिवी में पीछे से अग्नियाँ पुरीषी–अन्दर प्रविष्ट हुई। महर्षि यास्क के निघण्टु में ''पुरीष जल नामों में है।'' वेद में अग्नि का सृजन जल से कहा गया है।

ये अग्नयः पुरीषण आविष्टा पृथिवीमनु।। कठ संहिता 35.3।।

तैत्तिरीय ब्राह्मण कहता है : ''आप अग्नि है और पृथिवी में रखा हुआ है।'' ''अग्नि देवों से छिपा। आखू रूप करके अग्नि पृथिवी में प्रविष्ट हुआ। आखू अन्तरिक्ष स्थानीय पशु–अग्नि, आपः आदि की विशेष

अवस्था है।'' पूर्व में अन्तरिक्षस्थ आग्नेय परमाणु पृथिवी के अन्दर गहरे धंसते गए बताया गया है।

अग्निरसि पथिव्यां श्रितः।। तैत्तिरीय ब्राह्मण 3.11.1.7।।

अग्निर्देवेभ्यो निलायत। आखूरूपं कृत्वा।

स पृथिवीं प्राविशित।। कपिष्ठल कठ संहिता 40.4

त्रयोदशाग्ने चितिपुरीषाणि।। शतपथ ब्राह्मण 9.3.3.9।।

अग्निं पुरीष्यम् अंगिरस्वदाभरा।। मैत्रायणी संहिता 2.7.2।।

ताण्डय ब्राह्मण में पृथिवी आग्नेय परमाणुओं से ओतप्रोत लिखा है। आग्नेयी पृथिवी है। जैमिनीय उपनिषद् के अनुसार यह पृथिवी लोक अग्नि से युक्त है। अन्य लोकों को छोड़कर पृथिवी लोक में अग्नि प्रधानता स्वयं में रहस्यपूर्ण है। यह स्मरण रहे कि अनेक पदार्थों में आग्नेय योग बहुत ही अधिक है और अनेक में न्यूनतम है। शतपथ ब्राह्मण में लिखा है कि गन्ध युक्त पदार्थों में आग्नेय योग होता है। गन्धक में गन्ध का यही कारण है। यह आश्चर्यजनक है कि कठ संहिता में सुवर्ण को आग्नेय घोषित किया है।

आग्नेयी पृथिवी।। ताण्डव ब्राह्मण 15.4.8।।

आग्नेयोऽयं लोकः।। जैमिनीय उपनिषद् 1.37.2।।

## त्रिवृद् पृथिवी : अग्निगर्भा पृथिवी

पश्चिमी विज्ञानदां मानते हैं कि पृथिवी का 87 प्रतिशत अंश तरल (पिघला, आर्द्रा, शिथिला) दशा में है। वर्तमान वैज्ञानिक अवधारणा को श्री जी. गामोव की बायोग्राफी ऑफ अर्थ में स्पष्ट किया गयाः ''कभी पृथिवी त्वक् ठोस रूप में नहीं था, वरन् पिघली चट्टानों का अग्निमय गोला था। पृथिवी के भीतर के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि वर्तमान में भी पृथिवी का अधिकांश भाग पिघली तरल अवस्था में है। पृथिवी की सुदृढ़ ठोस भूमि की परत पतली सी है। यह ठोस सतह पिघले तरल द्रव्यों पर तैरती है। पृथिवी के गर्भ में सहस्र फुट नीचे तापमान 16 डिग्री

फारेनहाईट के गणित से बढ़ता है। दक्षिणी अफ्रिका की सोने की खदानों के नीचे का तापमान मानवीय शरीर को जलाने के समान है।'' ''पृथिवी के गर्भ में जितनी गहराई पर जाते हैं क्रमशः तापमान निरन्तर विकराल रूप से बढ़ता है।'' ''पृथिवी का ताप 200 अरब वर्षों से (आन्तरिक) समान रहा। शीत प्रभाव पृथिवी सतह तक ही सीमित है।''

वेदकाल 39 लाख वर्ष पूर्व मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने घोषणा की : ''पृथिवी अग्निगर्भा है।'' यह स्वयं प्रमाणित करता है कि वेद–सृष्टिविद्या है। यजुर्वेद में घोषणा की कि माता जैसे पुत्र को गर्भ में धारण करती है वैसे ही पृथिवी अग्नि को गर्भ में धारण करती है। शतपथ ब्राह्मण में इसे दोहराते हुए कहा गया है कि पृथिवी के गर्भ में अग्नि है आदि।

माता पुत्रं यथोपस्थे साग्निं बिभर्तु गर्भ आ इति।।यजुर्वेद 11.57।।

अग्निगर्भा पृथिवी।। शतपथ ब्राह्मण 14.9.4.21।।

यथा मात्रा पुत्रमुपस्थे बिभृयादेवमग्निं गर्भ बिभर्त्विति।।

।।शतपथ ब्राह्मण 6.3.1.11।।

ताण्डय ब्राह्मण (10.1.1) में लिखा है कि यह लोक अग्नि से, पृथिवी से, ओषधियों से त्रिवृत है। यह उल्लेखनीय है कि पंचमहाभूतों में अग्नि की भूमिका को स्वीकारने पर ही जीवनचक्र के रहस्य को समझ सकते हैं।

अग्निना पृथिव्या ओषधिभिः तेनायं(पृथिवी) लोकः त्रिवृत्।

शतपथ ब्राह्मण में अग्नि के वास को काव्यात्मक रूप में प्रस्तुत किया है। यह पृथिवी तीन वृतों वाली हैः ''त्रिवृद् हि इयम्(पृथिवी)।।'' 6. 5.5.2।। इतिहास महाकाव्य महाभारत में अग्नि को ओषधियों, वनस्पतियों का गर्भ कहा है। पृथिवी की अग्नि के अतिदाह से रक्षा ओषधियाँ–वनस्पतियाँ करती हैं। मैत्रायणी संहिता श्रुति के कथन को ही महाभारत में दोहराया गया है।

अग्निर्दारूगतो यद्वद् भिन्ने दारौ न दृश्यते।

तथैवात्मा शरीरस्थ ऋते योगान्न दृश्यते।। महाभारत शान्तिपर्व।।

गर्भो तस्योषधीनां गर्भो वनस्पतीनाम्।

गर्भो विश्वस्य भूतस्याग्ने गर्भो अपामसि।। मैत्रायणी ब्राह्मण।।

वेद विज्ञान में पृथिवी के गर्भ में अग्नि होने के सूक्ष्म विज्ञान को सविस्तार समझाया गया है।

## वृत्ताकार पृथिवी

सृष्टि विद्या वैदिक विज्ञान में ''पृथिवी का रूपाकार सीधे–सीधे वृत्ताकार–गोल–परिमण्डला होने की घोषणा की गई।'' यह दोहराना चाहेंगे कि यह वेद काल 39 लाख वर्ष पूर्व रहा। इसके ठीक विपरीत अति उन्नत का कथित दावा करनेवाले पश्चिमी विद्वानों ने मात्र लगभग कुछ सौ वर्ष पूर्व पृथिवी के गोल होने का विचार दिया। यद्यपि पश्चिम के प्राचीन नक्शों में पृथिवी गोल नहीं मिलती है। जैमिनीय ब्राह्मण, शतपथ ब्राह्मण, तैत्तिरीय ब्राह्मण, काठक संकलन, वैशैषिक दर्शन में पृथिवी लोक को गोल घेरे में–गोल आवृत–परिमण्डला के घोषित किया गया है। जैमिनीय ब्राह्मण के अनुसार : ''वह प्रजापति अग्निष्टोम परिमण्डल रूप होकर अनन्त गोल होकर ठहरा। उसी का अनुकरण रूप अन्य देवता भी परिमण्डल हैं। आदित्य, चन्द्रमा, द्यौ अन्तरिक्ष और यह पृथिवी परिमण्डल रूप है। परिमण्डल शब्द का अर्थ गोलाकार, गोल, वर्तुलाकार, वृत्त आदि है। परिमण्डल का एक अर्थ–''जिसके चारों और घेरा'' है। श्रुति में घोषण की गई कि द्युलोक परिमण्डल है। श्रुति पृथिवी, चन्द्रमा, सूर्य आदि को सुनिश्चित रूप से वर्तुलाकार गोल कहती है।

स एष प्रजापतिः अग्निष्टोमः परिमण्डलो भूत्वा अनन्तो भूत्वा शये।

तदनुकृतीदम् अपि अन्या देवताः परिमण्डलाः।

परिमण्डल आदित्यः, परिमण्डलः चन्द्रमाः, परिमण्डलाः द्यौः,

परिमण्डलमन्तरिक्षम्, परिमण्डला इयं पृथिवी।। जैमिनीय ब्राह्मण।।

परिमण्डल उ वा अयं (पृथिवी) लोकः।।शतपथ ब्राह्मण 7.1.1.37।।

मण्डलो ह्ययं लोकं।।काठक संकलन।।

## लोहमय अयस्मयी पृथिवी : आयसी पृथिवी

पृथिवीगत लोह अन्तरिक्षस्थ मरुतों के वैद्युत प्रभाव के कारण सूचियों में बद्ध हो गया। यही चुम्बक प्रभाव प्रकट करता है। वैदिक ग्रन्थों के अनुसार पृथिवी में लोह धातु की प्रचुरता है। ऐतरेय ब्राह्मण, कौषितकी ब्राह्मण, तैत्तिरीय ब्राह्मण, जैमिनीय ब्राह्मण, ऋग्वेद आदि में पृथिवी को आयसी–लोहयुक्ता कहा है (ऋग्वेद का मन्त्र 7.16.14)। कौषितकी ब्राह्मण (8.8) में घोषणा की है कि असुरों ने लोहमयपुरी पृथिवी को निर्मित किया। ऋग्वेद में वैदिक देवों के सम्राट वरुण, इन्द्र, सूर्य आदि को भी असुर नाम से सम्बोधित किया है। असुर का अर्थ दैत्य अथवा दानव नहीं होकर परमसामर्थ्यवान, प्रज्ञावान, महाशक्तिवान है। तैत्तिरीय संहिता में इसे विस्तार देते हुए लिखा है कि उन (परमसामर्थ्यवान, प्रज्ञावान, महाशक्तिवान) असुरों के तीन पुर थे–अयस्मयी, रजता (रजतमयी, चांदी सरीखी), हरिणी (सुवर्णमयी, सोने जैसी)। अयस्मयी लोहमयी रही। रजत चांदी श्वेत, शभ्र होता है। सुवर्ण रूप आपः और आग्नेय योग से मरुत, वयांसि, पशु एवं रश्मियों के प्रभाव से उत्पन्न होता है। ऐतरेय ब्राह्मण में लिखा है कि असुर शक्तियों ने लोहयुक्ता पृथिवी का सृजन किया। तैत्तिरीय ब्राह्मण में भूलोक का रूप लोहमयी सूचियाँ बताया है। सुश्रुत संहिता (अध्याय 8.16) अयस्कान्त के चार भेद कहती है। अयस्कान्त पाषाण–अश्मा में लोह मात्रा अत्याधिक रहती है।

ते (असुरा) वा अयस्मयीम् ऐवमां (पृथिवीम्) अकुर्वत।

।।ऐतरेय ब्राह्मण 1.23।।

(असुराः) अयस्मयीं (पुरीम्) अस्मिन् (अकुर्वत)।। कौषितकि ब्राह्मण 8.8।।

अस्य वै (भू) लोकस्य रूपम् अयस्मय्यः (सूच्यः)।।

।। तैत्तिरीय ब्राह्मण 3.9.6.5।।

तेषामसुराणां तिस्रः पुरः आसन्, अयस्मय्यवमा, ऽथ रजता, ऽथ हरिणी
।। तैत्तिरीय संहिता 6.2.3।।

अयस्कान्तः पाषाणविशेषः।

आकर्षक द्रावक चुम्बक भ्रामकभेदाच्चतुर्विधः।। सुश्रुत संहिता।।

## सर्पराज्ञी पृथिवी

पृथिवी का ''सर्पराज्ञी'' सम्बोधन बहुत ही रहस्यमय है। यह सर्प शब्द साँप के बोध से विभ्रम उत्पन्न कर रहा है। ''सर्प (सृप्+घञ्) का अर्थ गमन करना, चलना, खिसकना, रेंगना, अनुसरण आदि भी है।'' इस तरह पृथिवी पर सर्पण करनेवालों के कारण ''सर्पराज्ञी'' कहलाई। पृथिवी को नागों के ऊपर महीधर होने से कहा गया। यहीं से पृथ्वी को शेषनाग द्वारा धारण करने की पुराकथा सामने आई। यह अवश्य है कि आधुनिक विज्ञान की शोध से राज खुला कि पृथिवी के अन्दर की पट्टियाँ शेषनाग के फन के रूपाकार की हैं।

ऐतरेय ब्राह्मण में लिखा है कि पृथिवी निश्चय ही सर्पराज्ञी है। यह पृथिवी सर्पण करनेवालों की रानी है (5.23)। तैत्तिरीय ब्राह्मण में पृथिवी पर सर्पण करनेवालों का वर्णन करते हुए कहा है कि देव (मित्र, इन्द्र, बृहस्पति, सूर्य आदि) ही सर्प हैं अर्थात् पृथ्वी पर गमन करते हैं। उन देवों की रानी पृथिवी है (2.2.6.2)। शतपथ ब्राह्मण में स्पष्ट किया है कि देवों में इन्द्र, मित्र आदि प्राण हैं (6.1.1.2)। बृहस्पति आदि लोक अथवा ग्रह हैं। ये सभी गमन करते हैं, रेंगते हैं। इनकी गति अलग अलग है। ब्रह्मिष्ठ महर्षि याज्ञवल्क्य ने शतपथ ब्राह्मण में अध्यात्मिक रहस्यमय भाषा में कहा कि यह लोकसर्प हैं। पृथिवी पर प्राण आदि और अन्तरिक्ष में पशु, वयांसि आदि सभी के साथ सर्पण करते हैं। महर्षि का कथन अभूतपूर्व है। पृथिवी के साथ उसका समूचा मण्डल भी सर्पण करता है। इसका तात्पर्य है कि द्युलोक एवं अन्तरिक्ष वायुसूत्र में बंधे अपने मण्डलों के साथ सपर्ण करते हैं। वैदिक मान्यता है कि ब्रह्माण्ड के सभी ग्रह, नक्षत्र आदि सर्पण करते है।

ऋग्वेद का 10.189 सूक्त सर्पराज्ञी का है : ''आयं गो पृश्निः।''

इयं (पृथिवी) वै सर्पराज्ञी

इयं हि सर्वतो राज्ञी।। ऐतरेय ब्राह्मण 5.23।।

देवा वै सर्पाः।

तेषामियं(पृथिवी)राज्ञी।। तैत्तिरीय ब्राह्मण 2.2.6.2।।

इमे वै लोकाः सर्पा।

तेन हानेन सर्वेण सर्पन्ति यदिदं किं च।। शतपथ ब्राह्मण 7.4.1.25।।

स यो ऽयं मध्ये प्राणः। एष एवेन्द्रः।। शतपथ ब्राह्मण 6.1.1.2।।

इमे वै लोकाः सर्पा यद्धि किं च सर्पत्येष्वेव

तल्लोकेषु सर्पति।। शतपथ ब्राह्मण 7.4.1.27।।

## दधिरूपा एवं बिसरूपा पृथिवी

वैदिक मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने सृष्टिविद्या में निश्चित रूप से घोषणा की पृथिवी छिद्रयुक्त है और दही की मलाई की तरह ऊपरी सतह कठोर है। शतपथ ब्राह्मण में लिखा है कि पृथिवी बिस रूपा है। बिसों में छिद्र एवं खोखलापन रहता है। पृथिवी की अन्तर की सतह में मृत्तिका एवं रेत आदि के बीच–बीच में छिद्र हैं। चट्टानी परतों के बीच भी खोखलापन एवं छिद्र हैं। इन्हीं खोखले गलियारों में जल, अनेक प्रकार का धूम(वायु) और प्राकृतिक खनिज तेल एवं धूम विचरता है। यही सिद्धान्त कुए, बावड़ी आदि में भूगर्भीय स्रोतों से जल आने पर लागू होता है।

यानि बिसानि तान्यस्यै पृथिव्यै रूपम्।।शतपथ ब्राह्मण 5.4.5.1।।

महर्षि याज्ञवल्क्य शिष्य माध्यन्दिन ने लिखा कि यह भूलोक दधि के समान है। पृथिवी के ऊपर एक संहत भाग रहता है। इस संहत भाग के नीचे आद्रभाग, कम संहत भाग है। इसमें कुछ जल रहता है।

दधि हैवास्य (भू) लोकस्य रूपम्।।7.5.1.3।।

## पृथिवी देवायतन : देवों का निवास

श्रुति के अनुसार पृथिवी और सूर्य समान रूप से सभी देवों के आयतन (देवायतन) हैं। अर्थात पृथिवी, द्यौ एवं अन्तरिक्ष के आयतन हैं। सभी देवों की आत्मा सूर्य है। भूत चतुष्टय और सभी प्राण देव हैं। ये पृथिवी पर हैं। इनका सम्बन्ध सूर्य से है।

पृथिवी वै सर्वेषां देवानाम् आयतनम्।।14.3.2.4।।

अन्तरिक्षं वै सर्वेषां देवानाम् आयतनम्।।6।।

द्यौर्वे सर्वेषां देवानाम् आयतनम्।।8।।

सूर्यो वै सर्वेषां देवानाम् आत्मा।।9।। शतपथ ब्राह्मण

वैदिक कवि आयतनम् शब्द स्थान, आश्रय, आवास, विश्रामस्थल, पुण्यभूमि, यज्ञ का स्थान वेदी के अर्थों में प्रयोग किया है। पुण्यभूमि, यज्ञस्थान पृथिवी पर सभी देवों का आवास घोषित किया है। आर्ष ग्रन्थों के अनुसार सभी देवता पृथिवी पर मानवीय रूप में जन्म लेने के लिए उत्सुक रहते हैं। पुण्यभूमि पृथिवी पर ही दिव्यशक्ति सम्पन्न ऋषि महर्षि गहन तपस्या में लीन हैं। पुराकथाओं देवकथाओं के अनुसार देवभूमि हिमालय के सर्वोत्कृष्ट कैलास महापर्वत पर वैदिक देवों के शास्ता महारुद्र सदाशिव का निवास और सप्त समुद्रों में देवों के सम्राट वरुण का आवास है। यह स्मरण रहे कि सम्राट वरुण को प्रतिदिन सूर्य देवता सायंकाल अपनी रपट प्रस्तुत करते हैं।

## पृथिवी पर वायु की तिर्यक् गति

जैमिनीय ब्राह्मण में पृथिवी पर वायु की तिर्यक्–तिरछी गति का सूक्ष्मतम् वर्णन है। अन्तरिक्ष में सूर्य रश्मियाँ ऊपर से नीचे की ओर गति से आती हैं। इसके उलट वायु की गति ऊपर से नीचे की स्थान पर कुछ होना बताया गया है। अन्तरिक्षस्थ मरुत् गण इसका मूल कारण हैं। मरुत गण अन्तरिक्ष और पृथिवी मण्डल के ऊपर महाचुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न करते हैं। परिणामतः ऊपर वायु एवं वैद्युत वायु की गति सीधे के

स्थान पर तिर्यक् तिरछी होती है। यह कथन शोध अनुसंधान का विषय है।

तस्माद् अयं वायुः अस्मिन् अन्तरिक्षे तिर्यङ्. पवते।।3.310।।

## वायु अन्तरिक्ष में दीप्तमान

श्रुतियों में अभूतपूर्व घोषणा की गई है कि अन्तरिक्ष में वायुदीप्त होता है, जगमगाता है, चमकता है। अन्तरिक्ष में वयांसि, मरीचि एवं पशु आदि अग्निजन्य हैं। उनके आग्नेय अंश को ही वायु की दीप्ति का कारण कहा गया है। शतपथ ब्राह्मण (10.6.2.11) में ब्रह्मिष्ठ याज्ञवल्क्य ने इसकी व्याख्या की। प्राण से अग्नि दीप्त होता है, अग्नि वायु से, वायु से आदित्य एवं आदित्य से चन्द्रमा। जैमिनीय ब्राह्मण(1.24) के अनुसार भी अन्तरिक्ष में वायु चमकता है। ताण्डय ब्राह्मण(1.7.3) वायु के तेज से साक्षात्कार करवाता है। याजुष मन्त्र में सिंहगर्जना की गई है कि वायु तीक्ष्ण तेज युक्त है।

प्राणेन वाऽग्निर्दीप्यते। अग्निमा वायुः। वायुना आदित्यः।

आदित्येन चन्द्रमाः।। शतपथ ब्राह्मण।।

वायुर् अन्तरिक्षे दीप्यते।। जैमिनीय ब्राह्मण।।

वायोष्ट्वा तेजसा। सूर्यस्वा त्वा वर्चसा।। ताण्डय ब्राह्मण।।

वायोर्भाभिः ।। ब्राह्मण्ड पुराण।।

## अग्निपुत्र मरीचि विस्फुलिंगा

श्रुति के अनुसार मरीचि अग्निपुत्र हैं। इनका जन्म वायु के साथ हुआ। फलस्वरूप मरीचि में आग्नेय अंश है। जैमिनीय ब्राह्मण(1.45) में मरीचियों को विस्फुलिंगा चिन्गारियों का रूप कहा है।

मरीचयो विस्फुलिंगा।। जैमिनीय ब्राह्मण।।

## दक्षिण में समुद्र : सप्तद्वीप

सृष्टिविद्या (वेद) में सीधे–सीधे कहा है कि पृथिवी पर दक्षिण में समुद्र मेखला है। ऋग्वेद से लेकर अथर्ववेद में सप्तद्वीपों और सप्त समुद्रों के पृथिवी पर होने की घोषणा की गई है। वैज्ञानिक भौगोलिक आधार पर भी वेदकाल उनतालिस–39 लाख वर्ष पूर्व का कथन सही उतरता है। शतपथ ब्राह्मण में लिखा है कि इस पृथिवी लोक को समुद्र सभी ओर से घेरता है। ... इस पृथिवी को (पूर्व से) ''दक्षिण की ओर बहने वाला समुद्र घेरता है। सूर्य की गति के अनुसार समुद्र की गति है। सूर्य पूर्व से उदित होकर अग्नि कोण को पारकर प्रलयंकर दक्षिण में जाता है।'' भूगोल के अनुसार भी अधिकांश समुद्र दक्षिण की ओर हैं। शतपथ ब्राह्मण में रहस्यमय रूप से लिखा है कि सौर जगत् के सभी लोकों को चारों ओर से समुद्र घेरता है। यहाँ वैदिक समुद्र, सलिल, आपः का अर्थ इतर है। वैदिक आरण्यक में पुरुष ही समुद्र है। देवता मरीची के समान है। आपः अव्यक्त व्यापक सूक्ष्म प्रकृति तत्त्व है।

इमं लोकँ सर्वतः समुद्रः पर्येति।

.....इमं लोकं दक्षिणावृत्समुद्र पर्येति।।शतपथ ब्राह्मण 7.1.1.13।।

तस्मादिमांल्लोकान्त्सर्वतः समुद्रः पर्येति।।शतपथ ब्राह्मण 9.1.2.3।।

## पृथिवी पर जल के प्रकार

वेद विज्ञान में भूलोक पर विद्यमान और अन्तरिक्षस्थ जल के विभागों की आश्चर्यचकित करनेवाली सूक्ष्मतम जानकारी मिलती है। इसका विस्तृत विवरण ''वरुणविद्या रहस्यम्'' में है। वेदकालीन ऋषियों वर्षा के जल; हिमजल; नदी के जल (गति अनुसार अलग–अलग भेद); खनिज जल–कुए–बावड़ी; सरोवर के जल; झरने के जल; पोखर के जल, समुद्र के जल के गुणधर्म का वर्णन अचम्भे में डालता है। सृष्टिविद्या में तेज प्रवाह और धीमे प्रवाह वाले नदी जल के गुणधर्म बदलने का ब्योरा चौंकाता है (वेद ओषधि कल्पतरु)। गंगा और कैलास महापर्वत के मानस सरोवर के पवित्र जल के कभी नहीं सड़ने की

रहस्यपूर्ण रससिद्धि है (कैलास महारहस्यम्)। वेद में जल की चार अवस्थाएँ–अम्भ, मरीची, भर् और आपः वर्णित हैं।

## पृथिव्योपचार :

## पृथिवी पर दीर्घकालिक अल्पकालिक व्याधि

ऋग्वेद से अथर्ववेद तक पृथिवी के प्राणियों–मनुष्य एवं पशु पक्षी की दीर्घकालिक अल्पकालिक व्याधि (रोग आदि) और उनके उपचार का चित्रलिखित वर्णन दिया गया है। वेद ओषधि कल्पतरु में वेद वर्णित कालापेक्षी दीर्घकालिक व्याधियों–अल्पकालिक व्याधियों के लक्षण एवं निदान संकलित हैं। यद्यपि लम्बे काल खण्ड में वैदिक संस्कृत के रोगों एवं ओषधियों के वर्तमान प्रचलित नाम भिन्न हो सकते हैं। इनके अध्ययन में श्री श्रीपाद दामोदार सातवलेकर का ऋग्वेद–अथर्ववेद का भाष्य; आचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री का ऋग्वेद भाष्य; आचार्य भगवद्दत कृत–सविता देवता–रुद्र देवता–बृह्मणस्पति देवता; वैद्यराज चन्द्रराज भण्डारी का वेदोषधि चन्द्रोदय; ऋक् वैजयन्ती; श्री गिरधर शर्मा चतुर्वेदी कृत वैदिक विज्ञान और भारतीय संस्कृति; महर्षि अरविन्द की हिम्स ऑफ मिस्टिक फायर; डॉ. सम्पूर्णानन्द कृत आर्यों का आदि देश; डॉ. रामविलास शर्मा की पश्चिमी एशिया और ऋग्वेद; भारतीय प्रतीक विद्या; डॉ. वाशुदेवशरण अग्रवाल की उरू ज्योति; आचार्य गुरुदत्त की वेद पर श्रृंखला; गुप्त ब्रह्मज्ञान संहिता की ज्य़ान–ध्यान के श्लोक; महासिद्ध भास्करराय कृत तृच भास्कर; स्वामी शिवानन्द की मानसिक शक्ति; श्री मन्मथ नाथ दत्त शास्त्री कृत गरूड पुराण (धनवन्तरी संहिता इसका एक भाग है।); वेद ओषधि कल्पतरु आदि–आदि ग्रन्थ सहायक सिद्ध हो सकते हैं। ब्रह्मविद्या वेद पृथिवी पर "नाद (स्वर) की दिव्य शक्ति से परिचय करवाता है। अक्षर और नाद ब्रह्म की दिव्य शक्ति का रहस्योद्घाटन एकाक्षरनामकोषसंग्रह, शिवदृष्टि (स्वामी सोमानन्द), आकाश भैरव कल्पोक्तम्, स्फोटवाद, शब्दविद्या, स्वरविद्या आदि करते हैं।

ऋग्वेद से अथर्ववेद में पृथिवी मिट्टी से, जल से एवं सूर्य किरणों से रोगोपचार का सूक्ष्मतम वर्ण रहस्य रोमांच उपजाता है। पृथिवी की मिट्टी को सर्वोषधि एवं अद्भुत दवा कहा गया है।

# पृथिवीमण्डल

यह पुनः लिख रहे हैं कि पृथिवीमण्डल को वैदिक विज्ञान ''भूः'' कहता है। यह पृथिवीमण्डल पूर्ण रूप से सूर्यमण्डल से सम्बद्ध है। यह सूर्यमण्डल के आकर्षण में रहता है एवं चलता है। इन दोनों के मध्य अवकाश को ''भुवः'' अथवा अन्तरिक्ष कहते है। सूर्यमण्डल ''स्वः'' या स्वर्ग कहा जाता है। ये भूः, भुवः, स्वः तीनों मिलकर त्रिलोकी कहलाते हैं। उधर सूर्यमण्डल परमेष्ठीमण्डल से सम्बद्ध है। इस परमेष्ठीमण्डल का नाम ''जनः'' और मध्य के अन्तरिक्ष नाम ''महः'' है। इस प्रकार दूसरी त्रिलोकी में स्वः, महः, जनः हैं। पृथिवी और सूर्य के मध्य अन्तरिक्ष में सोममण्डल एवं चन्द्रमण्डल हैं। उनसे पृथिवी का घनिष्ठ सम्बन्ध है। इन दोनों के कारण पृथिवी पर ऋतु परिवर्तन होता है। परमेष्ठीमण्डल में भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः आते है।

सूर्यमण्डल, स्वयम्भूमण्डल, पृथिवी मण्डल, चन्द्रमण्डल आदि पाँच मण्डलों का एक ब्रह्माण्ड है। ''पृथिवी पिण्ड में अग्नि का नाम अक्षरपुरुष अन्नादि का क्षरपुरुष और वाक् नाम का शुक्रप्रधान बनता है।''

'' ब्राह्मण ग्रन्थों में श्रुतियों में आठ अथवा नौ अवस्थाओं के संघात को ही पृथिवी कहा गया है। जल से उत्पन्न होने के कारण पृथिवी पुष्करपर्ण कही गई है।'' ''ये आठों—नौ तत्त्व वायु में अथवा सलिल, आपः में विद्यमान रहते हैं।'' परमेष्ठी की इच्छा से चारों दिशाओं में वेग रखनेवाली विशेष वायु बहती है। परिणामतः सभी तत्त्व एकत्र हो जाते हैं। वायु के प्रचण्ड दबाव में तत्त्व घनीभूत होकर विशीर्ण नहीं होते हैं। श्रुतियों में उस ''वायु को वराह'' कहा गया है। वराह शब्द वृ और अह दो धातुओं से बना है। वह चारों तरफ की वराह वायु पृथिवी पीठ को आवृत्त करती है। वह संघात रूप बना देती है।

इयत्यग्र आसीद्द्वितीयतो वो इयमग्रे पृथिव्यास प्रादेशमात्री।

तामेमूष इति वराह उज्जघान इत्यादि।। शतपथ ब्राह्मण14.12.11।।

# पृथिवी पर संवत्सराग्नि

सृष्टिविद्या में संवत्सराग्नि का उल्लेख आता है। वैसे वेद विज्ञान में संवत्सर कालवाचक शब्द भी है। पृथिवी पर सूर्यमण्डल से निरन्तर आनेवाली अग्नि को ''संवत्सराग्नि'' का नाम दिया गया है। इसे ही वैश्वानर भी कहा गया है। सूर्यमण्डल से एक वर्ष में पृथिवी पर आनेवाली सौर अग्नि की मात्रा संवत्सराग्नि है। उसी सौर अग्नि का अंश हमारे भौतिक शरीर में वैश्वानराग्नि के रूप में काम करता है। वैदिक विज्ञान की मान्यता है कि शरीरस्थ वैश्वानराग्नि को यज्ञ द्वारा संस्कृत कर सूर्यमण्डल की पृथिवी–व्याप्त संवत्सराग्नि को मिलया जाता है। यज्ञ का उद्देश्य वैश्वानराग्नि को संस्कारित (शरीर की) कर सूर्यमण्डल की पृथिवी व्याप्त संवत्सराग्नि से योग कराना है। इससे यह अग्नि के मूल उद्भव–स्थान सूर्यमण्डल पुनः नहीं जा सके। वैदिक परिभाषा, लोक व्यावहार में संवत्सर का छोटा विभाग ''अहोरात्र'' कहलाता है। पृथिवी पर समूचे एक संवत्सर में 360 अहोरात्र होते हैं। प्रत्येक अहोरात्र के दो–दो अंश होते हैं : पहला अहः, दूसरा रात्रि। एक दिन में सूर्य द्वारा प्रदान प्रकाश एक अहः का शुक्ल–चक्र है। उसके बाद तम आता है, अन्धकार आता है, प्रकाश नहीं आता है, वह कृष्ण वर्ण का रात्रि कहलाता है। सारंसक्षेप में संवत्सर में 360 शुक्ल चक्र, 360 कृष्णचक्र (योग 720) होते हैं। सूर्यमण्डल से पृथिवी पर आई प्राण–रूप अग्नि शुक्लचक्रों में व्याप्त है। रात्रि में प्रकाश के छायांश में भी उसका विरोधी पार्थिव प्राण–पितृप्राण–असुरप्राण रहता है। मूलरूप से अहोरात्र की निर्मिति पृथिवी के परिभ्रमण का परिणाम है, न कि सूर्य के प्रभाव का। आकाश के, जिस विभाग में वर्तुलाकार–गोलाकार पृथिवी स्थित है, वहाँ सुनिश्चित रूप से पृथिवी का सूर्य की ओर उन्मुख आधा भाग शुक्ल (प्रकाशवान) और पीछे का हिस्सा कृष्ण अथवा अन्धकार मय रहेगा। संवत्सर के पांच भाग–अहोरात्र, शुक्ल एवं कृष्ण पक्ष, ऋतुक्रम, सूर्य–पृथिवी की अयन (उत्तरायण–दक्षिणायन) स्थित, पूर्ण हैं। सूर्य–संवत्सर के अनुसार वैदिक विज्ञान में यज्ञ अनुष्ठानों से शरीरस्थ वैश्वानराग्नि को संस्कारयुक्त करने की समृद्ध परम्परा रही। वैदिक

विधान के अनुसार शरीर के मृत होने पर यह वैश्वानर सूर्य संवत्सर में लीन हो जाती है।

## पृथिवी पर लौटने का मार्ग

छान्दोग्योपनिषद् के अनुसार सूक्ष्म शरीर पृथिवी पर चन्द्रमण्डल अथवा चन्द्रलोक में अपने कर्मों का फल भोगकर आकाश में, आकाश से वायु में, वायु से विरल वाष्परूप में और वाष्पघनरूप में मेघमण्डल में आता है। मेघ के जल के साथ भूमि पर गिरकर अन्न, फल, वनस्पति आदि के रूप में प्रविष्ट हो जाता है। अपने कर्मानुसार योनि में जन्म लेता है। जिस व्यक्ति के यहाँ जन्म लेना है, वह व्यक्ति उस अन्न, वनस्पति को खायेगा। अन्न में प्रविष्ट होकर सूक्ष्म शरीर मनुष्यरूपी पिता के स्थूल शरीर में होकर शुक्र में जाता है।

ऐतरेय उपनिषद् में रहस्यमय घोषणा की है कि पहले पुरुष गर्भ धारण करता है : ''पुरुषे ह वा अमादितो गर्भो भवति।।(5.1)।।'' वेद विज्ञान में स्पष्ट किया है कि अन्न (ओषधि) से रस, रस से रूधिर, रूधिर से माँस, माँस से मेदा, मेदा से अस्थि, अस्थि से तांत और तांत से शुक्र की उत्पत्ति होती है। उपनिषद् ग्रन्थों के अनुसार पहली अग्नि चन्द्रमा है, दूसरी अग्नि मेघमण्डल है, तीसरी अग्नि पृथिवी है, चौथी अग्नि पुरुष का शरीर और पाँचवी अग्नि माता का गर्भाशय है। वहाँ मनुष्य रूपाकार बन जाता है।

## पृथिवी पद्म

ब्रह्मपुराण में पृथिवी–पद्म के चार दल बताये गये हैं। अर्थात् समूची पृथिवी को चार भागों में विभाजित किया है। ये चारों परिमाण समान हैं। ये भूगोल के 90–90 अंशों में विभाजित हैं। ''सूर्यसिद्धान्त'' में भारतवर्ष की मध्यरेखा सुमेर, लंका को स्पर्श करती प्रदर्शित है। भारतवर्ष में उज्जयिनी 23/9 उत्तर अक्षांश पर होने से भारतीय मध्य रेखा स्वीकारी गई है। पश्चिमी विद्वान ग्रीनविच मध्य रेखा से देशान्तर की गणना करते हैं। भारतवर्ष में उज्जयिनी से कालगणना के कारण महाकाल की स्थली बनी।

## पृथिवी रस सर्पण

सृष्टि विद्या में उल्लेख आता है कि पृथिवी के रस को सूर्य रश्मियाँ ऊपर खींचती हैं। पृथिवी के रस से वृक्ष, लता वनस्पति ग्रहण करती हैं। अग्नि ओषधि, वनस्पति, भूतों, जल के गर्भ में है। अतः पृथिवी के साथ अग्नि सर्पण करती है। ऋग्वेद के मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने इस मूल तत्त्व को उपमाओं के साथ लिखा है।

प्रमातुः प्रतरं गुह्यमिच्छन् कुमारो न वीरूधः सर्पदुर्वीः।

ससं न पक्वमविदच्छुचन्त रिरिव्हां सं रिप उपस्थे अन्तः।।

।।ऋग्वेद 10.79.3।।

## पृथिवी यज्ञ

पृथिवी देवता का यज्ञ विधान अद्भुत है। पृथिवी भी सूर्य, अन्तरिक्ष आदि से बहुत कुछ लेती है। सूर्य अन्तरिक्ष आदि को इसके उपलक्ष्य में उपहार देती है। यही पृथिवी यज्ञ है। पृथिवी यज्ञ का मुख्य आधार अग्नि है। अग्नि के माध्यम से पृथिवी एवं पृथिवीवासी दूसरे लोकों से विभिन्न पदार्थ आदि प्राप्त करते हैं और अग्नि के द्वारा ही दूसरे लोकों में पहुँच सकते हैं, योगदान कर सकते हैं। वैदिक विज्ञान ने उद्घोषणा की किः "यज्ञस्य देवम्।" अग्नि का विशेषण यज्ञ का अधिष्ठाता है। यहाँ यज्ञ शब्द के मूल में जाना आवश्यक है। ऐतरेय महर्षि ने कहा हैः "वाचश्चित्तस्योत्तरोत्तरक्रमो यज्ञः।" मन का प्राण में आकर वाक् बनना और वाक् का पुनः मन में परिवर्तित होने का क्रम यज्ञ है। प्राण–रूप यज्ञ के साथ चलने वाले मन एवं वाक् हैं। सोम अमृत में दूसरे सोम के आघात–प्रत्याघात क्रिया को यज्ञ शब्द कहा जाता है। सोम अग्नि के रूप में एवं अग्नि के सोम–रूप परिवर्तन प्रक्रिया यज्ञ स्वीकारी गई है। सर्वादी प्रजापति का विस्तृत होना यज्ञ है। यज्ञ भी त्रिधातु है। यज्ञ के द्वारा सत्य का विस्तार होता है। आर्ष ग्रन्थों में आत्म समर्पण, सुकृत्य आदि को भी यज्ञ की श्रेणी में रखा है। यह पुनः लिख रहे हैं कि पृथिवी रूपी यज्ञ वेदी पर सूर्य रश्मियों से निरन्तर

यज्ञ चल रहा है। पंच महायज्ञ माने गये हैं : भूतयज्ञ, पितृयज्ञ, मनुष्ययज्ञ, देवयज्ञ एवं ब्रह्मयज्ञ। ।।ऊँ।।

# योग वासिष्ठ
# असीम चेतना में अनेक ब्रह्माण्ड उत्पन्न एवं विलीन

योग वासिष्ठ में वेदकालीन महामुनि वसिष्ठ ने ब्रह्माण्डों की उत्पत्ति और संहार विलय का गूढ़ ज्ञान विस्तार से समझाया है। वैदिक महामुनि वसिष्ठ ने 32000 श्लोकों में अध्यात्म एवं दर्शन का सर्वोच्च ज्ञान दिया है। वसिष्ठ मुनिश्रेष्ठ का दर्शन परमव्योम महाअन्तरिक्ष के होने की उद्घोषणा करता है (ऋग्वेद का सप्तम मण्डल)।

स जायमानः परमे व्योमन् वायुर्न पाथः परि पासि सद्यः।
त्वं भुवना जनयन्निभि क्रन्नपत्याय जातवेदो दशस्यन्
(ऋग्वेदः मैत्रावरूर्णिवसिष्ठः 7.5.7)

महा अन्तरिक्ष में, द्युलोक में अग्नि सूर्यरूप में प्रकाशित होकर तडित (वज्र–विद्युत रूप में) गर्जना करता है। इस वैश्वानर अग्नि का वाणी से सम्बन्ध विद्युत रूपी अग्नि की मेघगर्जना से स्पष्ट अनुभव में आता है। अग्नि से वाक् का प्रादुर्भाव हुआ और विद्युत अग्नि की गर्जना हुई। महाअन्तरिक्ष में अग्नि आपः (जल–धूम्र रूपी–अथवा वायुवत जल में दहनशील दो धूम्र वायुरूपा वायु हाइड्रोजन एवं ऑक्सीजन है) से उत्पन्न होने का अनुभव होता है। यानी वैदिक ऋषियों को जल की संरचना की वैज्ञानिकता ज्ञात रही। मेघों में विद्युत चमकती है और बाद में वृष्टि (वर्षा) होती है। इसी अग्नि से जल उत्पन्न होता है।

ऋग्वेद में महर्षि वसिष्ठ देव काव्य के द्रष्टा हैं। योग साधन अनुष्ठान से चैतन्य प्राप्त मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठ के दर्शन में आकाश का गुणशब्द है। आकाश ईश्वर का देह है, उसका निज स्वभाव शब्द है। अतः यह शब्द सनातन और शाश्वत है। शाश्वत शब्द ही वेद है। द्रष्टा

मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठ आकाश के उन प्रकंपनों को प्राप्त कर सकते हैं अर्थात वह वेद मन्त्रों को देख सकते हैं। साथ ही देखकर उच्चारण कर सकते हैं। मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठ आकाश के स्थायी प्रकंपनों को स्वीकारने में सिद्धहस्त रहे। वैसे वेद अनुसार आकाश के सात विभाग हैं। उन महासृष्टि से सम्बन्ध निर्माण से (आकाशी) शब्दों का स्फुरण अन्तःकरण में होता है। मुनिवर वसिष्ठ के मन्त्र अध्यात्मिक रहस्य उपजाते हैं। इसी क्रम में मुनिश्रेष्ठ के मन्त्रों में कहा गया : प्रभु परम श्रेष्ठ ज्ञान को जानता है (त्वं परमस्य वित्से) एवं हे प्रभो ! आपकी महिमा के पार को कोई न जन्म लेनेवाला और न कोई जन्मा हुआ जान सकता है (ते महिम्नः परं अन्तं न जायमानः न जातः आप) (दोनों ऋग्वेद 7.99)।

मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठ का तत्त्वविज्ञान पहेलियाँ बुझाता हैः ''सत् और असत् भाषण परस्पर स्पर्धा करते हुए मनुष्य के पास आते हैं। उनमें एक सत्य और दूसरा असत्य होता है। सत्य में भी एक सत्य है और दूसरा ऋत् ऋजु है। इस सत्य और ऋत् का ईश्वर संरक्षण करता है और असत्य एवं कुटिलता का नाश करता है। अर्थात ईश्वर सत्य एवं ऋत का (ऋजीयः, ऋजु) का संरक्षक है। वह असत्य एवं कटुता का संहारक है।''

सत् च असत् च वचसी पस्पृधाते, तयोः यत् सत्यं,
यतरद् ऋजीयः, तत् इत् सोमो अवति, हन्ति असत्।।
(ऋग्वेद )

ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति और लय की व्याख्या महामुनि वसिष्ठ ने बहुत ही सुन्दर की। ''हे राम! वह वास्तव में विशुद्ध चेतना का मनोरम एवं अनन्त सागर है, जिसमें अनेक ब्रह्माण्ड लहरों की तरह उत्पन्न होते हैं और विलीन होते हैं।'' जो शून्य है, उसमें शून्यता है, ब्रह्म ही ब्रह्म में व्याप्त है, सत्य में ही सत्य प्रकाशित होता है और पूर्णता पूर्णता को भरती है।

महातरंग गंभीर भासुरात्म चिदर्णवः।
रामाभिधोर्मिस्तमितः समः सौम्योसि व्योमवत्।। (योगवासिष्ठ)

शिखिध्वज कथा में कुंभ ने स्पष्ट किया कि ''वर्तमान सृष्टि चक्र असीम चेतना'' है अथवा असीम चेतना ही ब्रह्माण्ड रूप में व्याप्त है। ''इस असीम चेतना के धरातल या आयाम में जो आकृति दिखाई देती

है, वह विशुद्ध चेतना का अपने में परावर्तन है। अतः न मन ही है और न संसार है। मात्र अज्ञानवश यह संसार दिखाई देता है।''

यत्किंचित्पराकाश ईषत्कचकचायते।

चिदादर्शेन जातत्वान्न चित्तम् नो जगत्क्रिया (योगवासिष्ठ)

कुंभ ने स्पष्ट किया कि जिसे सत्त्व कहा गया है उसे भी सत्य के द्वारा छोड़ना चाहिए। उन्होंने राजर्षि को स्मरण कराया कि एक ही असीम दिव्य चेतना है। ब्रह्म ही विशुद्ध चेतना है, वही सत्त्व भी है। अज्ञानी उसे संसार समझता है।

ब्रह्मचिन्मात्रममलं सत्त्वममित्यादि नामकम्।

यद्गीतं तदिदं मूढाः पश्यन्त्यंग जगत्तया (योगवासिष्ठ)

शिलारूपी देवी एवं मुनिवर के संवाद में भिन्न–भिन्न ब्रह्माण्डों का उल्लेख मिलता है। शिला के कर्ता (पति) ने कहा ''मैं ब्रह्माण्डीय चेतना का मात्र एक स्पंदन हूँ। मैं उत्पन्न नहीं किया गया। मैं कुछ और देखता भी नहीं। यहाँ आप और मैं जो देखते हैं वे मात्र स्पंदन या धारणाएँ हैं।'' ''यह चेतना सृष्टि कर्ता ब्रह्मा बनती है। यही हरि या विष्णु बनती है, रुद्र बनती है और कृमि भी बनती है।''

एवं संपाद्यते ब्रह्मा तथा संपाद्यते हरिः

एवं संपाद्यते रुद्र एवं संपाद्यते कृमिः (योगवासिष्ठ)

गुरूवर वसिष्ठ के अनुसार चारों दिशाओं में सूर्य उगते हुए दिखाई दिए। दस सूर्य रहे। ग्यारहवाँ सूर्य पृथ्वी (पृथिवी) के भीतर भाग से निकलता हुआ दिखाई दिया। वे तीन ओर रुद्र के तीन नेत्रों के समान लग रहे थे। इन तीनों को मिलाकर बारह सूर्य हुए। रुद्र के नेत्रों की महाप्रचण्ड ज्वाला के फलस्वरूप ब्रह्माण्ड राख में परिवर्तित हो गया। दो पदार्थ ही अप्रभावित रहे। एक सर्वव्यापी आकाश और विशुद्ध स्वर्ण ही शेष रहा। सृष्टि विनाश के बाद वहाँ आकाश नहीं था। दिशाएँ भी नहीं थी। न वहाँ तत्त्व थे न ही सृष्टि ही। हे राम! मैंने तेज से चमकते ब्रह्माण्ड विनाशक मूर्ति को देखा। यह रुद्र है, विचार कर प्रणाम किया। ''यह अहं है। इसका काम ही संतुलन को नष्ट करना है। इसका रूप विशुद्ध शून्य (शुद्ध आकाश) है।''

हे राम! दृश्य संसार के रूप में सम्पूर्ण सृष्टि ब्रह्म या असीम चेतना की सर्वव्यापी चिद्शक्ति की इच्छा की ही अभिव्यक्ति है।

ब्रह्म चिद् ब्रह्म मनो ब्रह्म विज्ञानवसतु च
ब्रह्मार्थो ब्रह्म शब्दश्च ब्रह्म चिद् ब्रह्म धातवः (योगवासिष्ठ)

इस ब्रह्माण्ड के जितने भी पदार्थ हैं, वे उसी प्रकार ''परम ब्रह्म'' में ही उत्पन्न होते हैं जिस प्रकार समुद्र में लहरें उत्पन्न होती हैं। ब्रह्म के मन के इस अनुत्पन्न (अन् + उत्पन्न) ब्रह्माण्ड में सृष्टिकर्ता अपने को अहंभाव के रूप में देखता है। वह फिर ब्रह्माण्डीय मन रूपी ब्रह्मा ब्रह्मांड का सृष्टिकर्ता रूपी ब्रह्मा बन जाता है। ब्रह्मांडीय मन की शक्ति ही ब्रह्माण्ड में विभिन्न रूपों में दिखाई देती है। वास्तव में ज्योतिर्मय ब्रह्मांडीय पुरुष सृष्टिकर्ता होता है।

योगवासिष्ठ में महातपस्वी आसुरी कर्कटी के कन्दरा देवी परिवर्तन कथा में ब्रह्माजी ने ''प्रथमबार ब्रह्माण्ड के सृजन'' का रहस्य समझाया। ब्रह्माजी ने कहाः पिछले कल्प के अन्त में ब्रह्मांडीय रात्रि रही। रात के गुजरने पर जैसे मैं उठा, मैंने सुबह की प्रार्थना की और चारों ओर देखा। ब्रह्मांड सृजन की इच्छा हुई। मुझे अनन्त शून्य दिखाई दे रहा था। ''यह अनन्त सूर्य न प्रकाशहीन ही था और न ही प्रकाशमय ही था।'' मैंने हृदय में सूक्ष्म स्वप्न चित्र देखे। मैंने अपने मन से अपने में अनेक ब्रह्मांड देखे। मैंने उन सभी ब्रह्मांडों में अनेक कर्ता रूप देखे। उन ब्रह्मांडों में मुझे सभी तरह के प्राणी दिखाई दिए। मैं यह सब देखकर घबरा गया। मेरी समझ में नही आया कि कैसे अपने मन में मैं महाशून्य में यह सब देख रहा हूँ। अनेक सौर मंडलों में से एक के सूर्य से प्रश्न किया। सूर्य ने उत्तर दियाः हे प्रभु! आप इस सृष्टि के सर्वशक्तिमान कर्ता हो, आप हमारे स्वामी हो। यह एकमात्र मन ही है, जिसकी प्रतीति इस अनवरत एवं अंतहीन सभी सर्जनात्मक क्रियाकलापों में होती है।

महताम् एव संपर्कात् पुनर् दुःखं न बाधते
को हि दीपशिखा हस्तस् तमसा परिभूयते । योगवासिष्ठ)

कर्कटी प्रसंग में भी मंत्री का उत्तर रहस्यात्मक है : ''आत्मा अवास्तविक भी है। क्योंकि वह शून्य या शून्यता नहीं है। क्योंकि वह सभी आत्माओं की आत्मा है। वह हर उसकी आत्मा है जो कहता है कि मैं हूँ या मैं नही हूँ।''

सर्वात्मकत्वान् नैवासौ शून्यो भवति कर्हिचित्
यद् अस्ति न तद् अस्थीति वक्ता मन्ता इति स्मृतः।।योगवासिष्ठ।।

श्रीराम ने मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठ से प्रश्न पूछाः हे महर्षि ! प्रलय के समय दिखाई देनेवाला संसार (सृष्टि) कहाँ चला जाता है। महर्षि वसिष्ठ का उत्तर रहस्यमय अध्यात्मिक है : "मीरीचिका में से जल अस्तित्व ग्रहण नहीं करता और न ही कहीं जाता है। उसी प्रकार यह संसार भी उस ब्रह्म से न ही निकलता और न ही कहीं जाता है। "संसार की सृष्टि का कोई कारण नहीं है, इसलिए यह अनादि है। और इस समय भी इसका अस्तित्व नहीं, इसलिए इसका विनाश कैसा।" गुरूवर वसिष्ठ ने कहा : हे राम ! अब सुनो सृष्टि उस एक अखंड ब्रह्मांडीय सत्ता से कैसे उत्पन्न हुई ? वस्तुतः यह ब्रह्मांड उस शाश्वत और असीम प्रकाशवान (दिव्य) चेतना का रूप है। वह अपने में उस जानने योग्य परमपुरुष ब्रह्म को उत्पन्न करती है। जिसे उसके वास्तविक रूप में जाना जा सकता है। उसके आकार–प्रकार अर्थात आकाश के बारे में सोच भी उत्पन्न करती है। साथ ही अपने को जानने की जिज्ञासा उत्पन्न करती है। उस परमपुरुष ब्रह्म में सर्जन की चेतना बलवती हो उठी। हिरण्यगर्भ सजीव ब्रह्मांडीय आत्मभावी जीव के रूप में उसी में उद्भूत हुई। फिर परमपुरुष ब्रह्म ने अपनी परमावस्था का त्याग किया। परमपुरुष ब्रह्म ने स्वयं को जीव में सीमित किया। तो भी वह ब्रह्म असीम और शाश्वत बना रहा।

इस "सृष्टि के चौदह तल" हैं। सभी में अपने–अपने प्रकार के लोक वासी है। "ये पाँच तत्त्व वे हैं जिनसे वृक्षरूपी संसार का सृजन हुआ। उन तत्त्वों का बीज शाश्वत चेतना है। इसलिए यह सृष्टि संसार कुछ और नहीं परमसत्ता ब्रह्म ही है।"

जगतः पंचकम् बीजं पंचकस्य चिद् अण्यया
यद् बीजं तत् फलं विद्धि तस्माद् ब्रह्ममय जगत् । (योगवासिष्ठ)

महर्षि वसिष्ठ ने चिदाकाश में अनन्त कोटि ब्रह्माण्डों का चकित करनेवाला वर्णन किया है। उन्होंने कहा कि लीला ने पृथिवी, वायु, जल, आकाश के उत्तरोत्तर दस गुने आवरण को एक क्षण में लांघकर अविद्याबलित चिदाकाश को देखा। लीला ने समस्त ब्रह्माण्डों में करोड़ों सृष्टियाँ देखी। वे सभी स्वप्रकाश अधिष्ठान में चैतन्य से भाषित रही। अविद्यारूप जल से परिपूर्ण महाकाशरूपी महासागर में महाचैतन्य के

स्फुरणरूप द्रवीभाव से उत्पन्न असंख्य ब्रह्माण्डरूपी बुदबुदों की लीला ने देखा।

श्रीराम ने मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठ से सृष्टि–जगत् उत्पत्ति का प्रश्न पूछा। यहाँ ऋषिवर ने उत्तर में कहा कि विश्व का मूल मन है। मन का मूल परमात्मा है। परमेष्ठी ही मन एवं समस्त सृष्टि का मूल तत्त्व है (उत्पत्ति प्रकरण)। योगवासिष्ठ का जगदुत्पत्तिवर्णनम् भी अभूतपूर्व है। चित्त संवित् है, इससे सर्व भूत जात उत्पन्न हुआ है। अतः सबका जीव चित् संवित् है, जीव संवित् ने जब चेत्य को चेता, तब सबसे पहले शून्य हुआ। उस शून्य में शब्द गुण हुआ। उस आदिशब्द तन्मात्र से पदवाक्य प्रमाण सहित वेद उत्पन्न हुए। इस जगत् में जितने शब्द है, उसकी वही तन्मात्रा हुई। उससे सूर्य, अग्नि आदि का प्रकाश हुआ। तदन्तर रस तन्मात्रा हुई। जिसमें जल व्याप्त हुआ। वही सब जलों का बीज है। प्रकारान्तर में गन्ध तन्मात्रा हुई, जिससे पूर्ण पृथ्वी (पृथिवी) होती है। समस्त पृथ्वी (पृथिवी) का बीज वही है। इस प्रकार पंच महाभूत उत्पन्न हुए। ये पृथ्वी (पृथिवी), जल, तेज, वायु एवं आकाश हैं। ये भूत पंचीकृत भी हैं और अपंचीकृत हैं। चिदणु में अनन्त सृष्टियाँ भासती हैं।

त्रेतायुग में वेदकालीन महामुनि वसिष्ठ ने ऋग्वेद के सूक्तों के अनुरूप परमव्योम के महाशून्य से अनन्त ब्रह्माण्डों–महासृष्टियों की उत्पत्ति की सरल व्याख्या की। ऋषिवर ने परम दिव्य चेतना की महाकाश में करोड़ों ब्रह्माण्डों की उत्पत्ति, पालन एवं संहार (लय, विलय) का आश्चर्यचकहित करनेवाला वर्णन किया। योगवासिष्ठ का अध्यात्मिक दर्शन अत्यन्त उच्च कोटि का है। ।।ऊँ।।

## सृष्टि परमाणु एवं ऊर्जा रहस्य

### ऋग्वेद 5.62.1–9

श्रुतविदात्रेयः। देवता–मित्रावरुणौः। छन्द–त्रिष्टुप्

ऋतेन ऋतमपिहितं ध्रुव वां सूयेस्य यत्र विमुचन्त्यश्वान्।

दश सता सह तस्थुस्तदेकं देवानां श्रेष्ठं वपुषामपश्यम्।।1।।
तत सु वा मित्रावरुणा महित्वमीमो तस्थुषीरह मिर्दुदुह्ने।
विश्वाः पिवन्थः स्वसरम्य धेना अनु वाभेकः पविर्रा ववते।।2।।
अधारयतं पृथिवीमुत द्यां मित्रराजाना वरुणा महोभिः।
वर्धयतमोषधीः पिन्वतं गा अव वृष्टिं सृजतं जीरदान्।।3।।
वा वामश्वासः सुयुजो वहन्तु यतरश्यम उप यन्त्ववाक्।
घतृस्य निर्णिगनु वर्तते वामुप सिन्धवः प्रतिदिवि क्षरन्ति।।4।।
अनु श्रुताममतिं वर्धदुवीं बर्हिरिव यजुषा रक्षमाणा।
नमस्वन्ता धृतदक्षधि गर्ते मित्रासाथे वरुणेळास्वन्तः।।5।।
अक्रविहस्ता सुकृते परस्पा यं त्रासाथे वरुणेकास्वन्तः।
राजाना क्षत्रमह्णीयमाना सहस्रस्थूणं बिभृथः सह द्वौ।।6।।
हिरण्यनिर्णिगयो अस्य स्थूणा वि भ्रांजते दिव्य 1 श्वाजनीव।
भद्रे क्षेत्रे निमिता तिल्विले वा सनेम मध्वो अधिगर्त्यस्य ।।7।।
हिरण्यरूपमुपसो व्युष्टावयः थूणमुदिता सूर्यस्य।
आ रोहथो वरुणमित्र गर्तमश्चक्षाथे अदितिं दितिं च।।8।।
यद्वंहिष्ठं नातिविधे सुदानू अच्छिद्रं शर्म भुवनस्य गोपा।
तेन नो मित्रावरुणावविष्टं सिषासन्तो जिगीवांसः स्याम।।9।।

(ऋग्वेद के पांचवे मण्डल का बासठवाँ सूक्त परमाणु एवं ऊर्जा रचना के गूढ़ज्ञान से सम्बन्धित है। सृष्टिकल्पकाल को उषा काल नाम से सम्बोधित किया गया है। यह स्पष्ट करता है कि सूर्यदेव की उत्पत्ति एवं परमाणु संरचना एक ही समय होती है। परमाणु के अन्तस् में अखण्ड मूल तत्त्व–यौगिक सभी विद्यमान है। परमाणु में इलेक्ट्रान, प्रोटोन दोनों मित्र एवं वरुण कहे गए। सूर्य से प्रसारित प्रकाश ऊर्जाका एक भाग मित्र एवं वरुण लेते हैं। यह प्रेरक द्रव्यों की सत्ता, इन प्रेरक द्रव्यों में से एक द्वारा मूलभूत क्रिया रूपचक्रकी परिधि को चक्रित करना है। इसके परिणामतः सूर्य किरणों के विकिरण धनात्मक आवेशित कणों का संघात है एवं विद्युत चुम्बकीय आवेशवाला है। वह सूर्य के ऊर्जा जनन में सहभागी है। वैदिक विज्ञानविद चन्द्रमण्डल को धनात्मक अथवा घनात्मक एवं सूर्यमण्डल को ऋणात्मक आवेशित ऊर्जा के दो केन्द्र कहते हैं।)।

ऋग्वेद 5.62.1–9 का सरल भावार्थ : सूर्यमण्डल हमेशा से जलसे भरे समुद्र में अवस्थित है। द्युलोक भी एक महासमुद्र है। द्युलोक भी सदैव जल से पूर्ण रहता है। उस समुद के जल में चलता हुआ सूर्य अपनी असंख्य किरणरूपी घोड़ों को मुक्त करता है। यहाँ द्रव्य अथवा जल से भरे समुद्र का अर्थ क्या है ? वह सूर्य सभी देवों में सबसे सुन्दर एवं तेजस्वी शरीरवाला है। मित्र और वरुण ये दोनों क्रमशः सूर्य एवं जल हैं। इन दोनों का महत्व प्राणियों के लिए विशेष है। सूर्य हमेशा गतिमान होकर हरदिन वृक्ष वनस्पतियों में रस स्थापित करता है। सूर्य एवं जल दोनों ही देवता अपनी बहिन पृथिवी को सशक्त (पुष्ट एवं उपजाऊ) करते हैं। सूर्यका चक्र सदैव घूमता है। सूर्य देवता एवं जल देवता दोनों पृथिवी और द्युलोक को धारण करते हैं। सूर्य अपनी किरणों से जल को द्युलोक में पहुँचाता है। वरुण वर्षा के रूप में जल की वर्षा करता है (यही सिद्धान्त भौतिक विज्ञान का है। इस वर्षाजल से पृथ्वी पर सभी वनस्पतियाँ ओषध बढ़ते हैं। इनको खाकर प्राणी पुष्ट होते हैं।)।

यजुष के मंत्रों से यज्ञ की रक्षा होती है। दोनों रथ में आरूढ़ होकर यज्ञों में सम्मिलित होते हैं। इसी तरह ये देव पृथ्वी की रक्षा करते हैं। परिणामतः उनके यश में वृद्धि होती है। ये दोनों निष्कपट हाथोंवाले, दूरसे भी रक्षा करनेवाले, किसी की भी हिंसा नहीं करनेवाले, तेजस्वी मित्रवरुण जिस मनुष्य की रक्षा करते हैं, वह उत्तम कर्म करनेवाला, उत्तम धन एवं गृह आदि ऐश्वर्य (अध्यात्मिक भी) प्राप्त करता है। इस सूर्य का रथ सुनहरा–स्वर्णमय है। रथ के खंभे भी किरणरूपी सुनहरे हैं। यही कारण है कि द्युलोक में सूर्य विद्युतमय प्रकाश की भांति चमकता है। इन देवों का सुनहरा रथ यज्ञ में उपस्थित होता है। यह यज्ञ वेदी उपजाऊ भूमि पर निर्मित की जाती है। यह यज्ञ कल्याणकारी होता है। यह हर प्रकार के मधुररस का प्रदाता है। उषःकाल में सूर्य के उदय होने पर मित्र एवं वरुण अपने स्वर्णाभावान रथ पर सवार होते हैं। वे पृथ्वी पर की समस्त प्रजाओं की देखते चलते हैं। सूर्य किरणरूपी, अनन्त नेत्रों से समस्त जगत को देखता है। हे उत्तम दान देनेवाले एवं भुवनों की रक्षा करनेवाले मित्र और वरुण! आप हमारी वृद्धि करो, शत्रुओं

से अपराजेय रहो। दोषरहित धन–घर प्रदानकर रक्षा करो। हम अपनी सामर्थ्यानुसार आन्तरिक बाहरी शत्रुओं पर विजयश्री प्राप्त करें।

ऋग्वेद के इन सूक्तों में परमव्योम् में सर्वप्रथम अन्धकार की स्थिति का वर्णन किया है। यह प्रलयावस्था रही। यही महाकाश महाब्रह्माण्डों, महासृष्टि और सूर्यों का जनक रहा। मंत्र द्रष्टा ऋषि ऋषिका परमाणु में निहित ऊर्जा, शक्ति आदि से भलीभांति परिचित रहे। वेद में घनात्मक या धनात्मक एवं ऋणात्मक शक्ति को वैदिक नामों से सम्बोधित किया गया। वेद में संकेतों–प्रतीकों में स्पष्ट किया गया कि महाव्योम में अन्धकार में नाद से अनेक ब्रह्माण्डों की उत्पत्ति हुई। हमारे सौरमण्डल में सूर्य में नाद से सृष्टि ने जन्म लिया। भौतिकविद् महाविस्फोट महाधमाके का सिद्धान्त मानते हैं। ।।ऊँ।।

## नादः ब्रह्माण्ड रहस्य

ब्रह्माण्ड दर्शनम् (आचार्य ब्रह्मानन्द उनियाल शास्त्री, अंजनीसैन, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड) में लिखा है कि ब्रह्माण्ड परिधि से बाहर दिशाओं में अनन्त महाशून्य फैला था। ब्रह्माण्डकी परिधि के भीतर के परमाणु, अणु और अणुनिर्मित पृथिव्यादि पिण्डों को अन्धकारयुक्त अचेतन, जड़ एवं नाशवान की संज्ञादी है। यद्यपि शास्त्रों में वर्णित ''ब्रह्माण्ड सार'' अनुपलब्ध है।

सत्यात्सनातनात्शान्तात्निर्गुणात्तेजसः पुरा।
प्रादुर्वभूवसगुणः स आद्यक्षरवान् ध्वनिः।।
अद्यावधिस्ततः कालाज्जड़ब्रह्माण्ड हेतुकः।
अण्डोदरे ऽस्तयविरलो ध्वनिः कम्पनमूलकः।।
क्रमात्कम्पनसात्यैमहाकाशो विकारवान्।
ततो वायुः पुनस्तस्मात् रजांसि क्रमशोऽणवः।।

ब्रह्माण्ड से बाहर उस परमसत्य सनातन प्रकाशवान चेतन निर्गुण महाकाशीय ब्रह्म निराकार शरीर से सगुण ब्रह्माक्षर (अ) ध्वनि सर्वप्रथम ब्रह्माण्ड निर्माण के लिए उत्पन्न हुई। इस पवित्र सत्य ध्वनि से महाकाश

में कम्पन (स्पन्दन) (स्फोत्) उत्पन्न हुआ। इसी कम्पन सातत्य एवं ध्वनि सातत्य से, जो आज तक निरन्तर गतिसे चल रहें हैं, से पंच तत्त्वों के परमाणु एवं फिर इन परमाणुओं को प्रत्यावर्तन गति (दक्षिण से वाम) से संश्लिष्ट अणु तथा इन अणुओं से अन्तमें सुगठित पृथिवी आदि पिण्डों का प्रकृतिके निर्माणानुसार निर्माण हुआ। इन पिण्डों के मूल कारण रूप परमाणु प्रकृति से ही जड़ (अचेतन) होने के कारण पूर्ण पिण्ड रूप ब्रह्माण्ड भी अचेतन ही निर्मित हुआ।

ब्रह्माण्डोत्पत्ति क्रम में (ब्रह्माण्ड दर्शनम्) स्पष्ट किया है कि इस महाभूत ब्रह्माण्ड रूपी प्रपंच का निर्माण आकाश तत्त्व के नाभिमण्डल से उद्‌भुत व्यायु एवं (अ) अक्षर की ध्वनि से हुआ। ध्वनि से आकाशीय कम्पन हलचल से धूम्रान्धता एवं अग्नि पैदा हुई। यह ब्रह्माण्ड का सर्वाधिक ऋणावेशित भाग है। पुनः कश्चित कालान्तर ब्रह्माण्ड के नाभिक भाग की ओर जल तत्त्व का सृजन हुआ। इन तत्त्व घटकों की गति इसके नाभिक भाग की ओर नियत की गई। इन तत्त्व के नाभिक घटक–ध्वनियुक्त महाशून्य महाकाश, नाभिकाशीय कम्पन हलचल–स्पन्दन, अग्नि स्पन्दनका वहि्नः प्रलय और उसके अलावा नाभिककी ओर आश्लेषण बल जल है। इस जल के परिपाक से पृथ्वी रूपी पिण्ड की रचना हुई।

महद्‌भूत प्रपंचो ऽयंमहाशून्याद् समुद्रभवः।
आदित्यागर्भः सगुणो ब्रह्माक्षर ध्वनेर्वलात्।
ब्रह्माण्ड घटकानान्तु कृष्ण धूम्रान्धरूपता।
ऋते धरित्री चान्यानां महद्‌कठिनाड्.कता।।

जीव धारियों के शरीरावयवों की भांति ब्रह्माण्ड भी एक शरीर का प्रारूप है। इसका सिर अश्विनी नक्षत्रमण्डल हैः ब्रह्माण्ड शीर्षविन्दो स्यादाश्विन्न क्षत्रमण्डल भूमिमायाति विषुवत्ततः सामुतवर्षिणी।। ब्रह्माण्ड दर्शनम् में ब्रह्माण्ड निर्माण विधि के बारे में लिखा हैः

## ब्रह्माण्ड निमार्ण विधि

पिण्डैकस्य पुरा कालान्न विस्फोटमहावलात्।
ब्रह्माण्डयरचनेयन्तु क्रमात्स्पन्दनमूलका।।
ब्रह्माण्डोदर पिण्डानां वहिरन्तर्गुणक्रियाः।
एकैकपिण्डक्रमशो ऽनुभूयन्ते पृथग्‌विद्याः।।

पिण्डैकस्यांशभूताश्चेद् विस्फोटाद ग्रहतारकाः।
स्युस्तद्सर्वगुणोपेताः भेवेयुस्ते ऽपि भूरवि।
ब्रह्माण्ड हेतुभूतानां स्पन्दनानां गतिक्रमः।
दक्षिणं वामतो नित्यं वामं दक्षिणतो ऽणवः।।

ब्रह्माण्ड दर्शन में लिखा है कि ब्रह्माण्ड के सभी पिण्डों की उत्पत्ति स्वतन्त्र हुई। ''ब्रह्माण्ड निर्माण में सर्वप्रथम सूर्य की उत्पत्ति हुई।'' वह सूर्य केवल ''अ'' अक्षर की ध्वनि प्रदान करता था। ध्वनि से ब्रह्माण्डीय क्षेत्र गुँजायमान हुआ। इस ध्वनि के समय सूर्य किसी भी प्रकार के प्रकाश को प्रदान नहीं कर रहा था। ब्रह्माण्ड दो समान भागों में विभाजित है। पृथ्वी से शुक्र ग्रह तक के वृत्त पर्यन्त का भीतरी भाग है। इस भाग में पृथ्वी, चन्द्रमा, बुध और शुक्र ग्रह आते हैं। यह ब्रह्माण्ड का घनावेशित (धनावेशित) भाग है। सूर्यसे आगे और शनीग्रह के वृत्त पर्यन्त दूसरा भाग है। इस ऋणावेशित भागमें सूर्य, राहु, केतु, शनि आदि हैं। यह भी कहा गया कि ब्रह्माण्डोदर में शून्याकाश की स्पन्दन चक्रगति वाम से दक्षिण की ओर है।

महर्षि कुलवैभवम् (श्री मधुसूदन ओझाकृत, व्याख्याकार पंडित गिरधरशर्मा चतुर्वेदी) में सृष्टि का क्रम संक्षेप में वर्णित है। सृष्टि पूर्व में अव्याकृत (भेद रहित—एक रूपमें रहनेवाला) वह ब्रह्म, सृष्टि के आरम्भ में तीन रूपों में व्याकृत (विभक्त) होता है, अर्थात फैलता है। ये तीन रूप हैं—मनोमय, वाङ्.मय एवं प्राणमय। ''माया'' बल से परिच्छिन्न होकर पुरुषरूप हो जाने पर वह परिच्छन्न ब्रह्म जहाँ तक व्यापक है, वाक् भी उतने ही प्रदेश में व्यापक है। वाक्, प्राण एवं मन (मनोमय आत्मा—श्वोवसीयस् मन) के विना नहीं रहती है, इसलिए प्राण एवं मन भी उतने ही व्यापक हैं।

सृष्टि विषयक श्रुतियों में प्रायः सब जगह आता है कि ''प्रजापति रकामयत''—प्रजापति ने सृष्टि की रचना की इच्छा की। ''स तपोऽप्सत''—प्रजापति ने तप किया और श्रम (सोऽश्राम्यत्) किया। प्रजापति सत्य हैं, त्रिरूप हैं। यह त्रिरूप आत्मस्वरूप मनरूप में इच्छा करता है और प्राणरूप में तप करता है। वाक्रूप से श्रम करता है।

''सृष्टिः प्राक् सृष्टिस्थितिकाले चेत्थं
ब्रह्मणस्त्रैविध्यलक्षणमात्मत्वमाख्यातम्।।''

''तस्मादेवासदभिधानाद् ऋषिप्राणखण्डात् तदन्तः सृष्टयो जायन्ते। तत्र प्राणा वा ऋषयन्तन्वस्तपाजाः—इति श्रुत्या ऋणि प्राणानां सृष्टिजनकत्वमवगम्यते।''

''इस असत् नामक ऋषि कहनेवाले मुख्य प्राणखण्डसे इसीके अन्तर्गत अनन्त सृष्टि उत्पन्न होती है।'' ऐतरेय श्रुति में प्राणरूप ऋषिको तनू—तपोजा कहा गया है। इस तपोजा शब्द में तपके द्वारा सृष्टिजनकता ज्ञात होती है। अर्थात वे असत् रूपसे प्राणरूप ऋषि, स्वतः सर्वथा रहते हुए, तप द्वारा सम्पूर्ण जगत् की रचना में समर्थ होते हैं। महर्षि कुलवैभवम् में लिखा है कि तीन पुरुषों में अक्षर पुरुष ही मुख्यरूप से सृष्टिकर्ता है। अव्यय पुरुष कभी विकृत नहीं होता है, तथापि जगत् के निमित्तकारण रूप अक्षर पुरुष का आधार अवश्य बनता है। इसलिए साक्षिरूपता से वही मुख्य कारण कहा जाता है (अक्षर पुरुष ''स्वयम्भू'' कहा जाता है। आपोमय अर्थात क्षर की ''आप'' ''कला'' को साथ लेकर उसमें व्याप्त अक्षर पुरुष ''परमेष्ठी'' है।)। जगत्का उपादान कारण क्षर पुरुष बनता है। वही प्रकृतिरूप में परिणति होता है। प्रकृति को ''ब्रह्म'' कहते हैं। प्रकृति ब्रह्म पांच रूपों—स्वयम्भू, परमेष्ठी, सूर्य, चन्द्र और पृथ्वी में परिणत होता है। चिरपरिचित भूः, भुवः, स्वः, महः, जन, तपः, एवं सत्यम् सप्तलोकों में यह अक्षर पुरुष व्याप्त है (ये ही सप्त व्याहृति एवं सप्त ऋषि हैं।)। आग्नेयमण्डल में पृथ्वी, सूर्य एवं स्वयम्भू तीन अग्निप्रधान हैं। परमेष्ठी में सोमप्रधान होने से सौम्यमण्डल कहाते हैं। ''पृथिव्यन्तरिक्षदिवो मर्त्या लोकाः पिण्डरूपा मूर्तय द्वितीया विभूतिः।'' पृथिवीलोक, अन्तरिक्षलोक और द्युलोक पिण्डरूप ''मर्त्य'' है। अर्थात ये एक महान् पिण्ड के रूप में हैं और विनाशी हैं।

''तमिन्द्रमाकाशं ब्रुवते। आवपनमाकाशम्।'' इस इन्द्रको आकाश कहते हैं। आवपन अर्थात वस्तुओं का संग्रहस्थान आकाश है। आकाश से ही आगे की सृष्टि उत्पन्न उत्पन्न होती है और उसी में रहती है। ''इन्द्रब्रह्मतो वेदसृष्टिः। वेद सृष्टिस्तावत् इन्द्रामृतमर्त्यविग्रहोऽयमीश्वरो नामाद्यः प्रजापतिरकामयत—भूयान् स्यां प्रजायेयेति। सोऽश्राम्यत्।'' वेद की सृष्टि इस प्रकार हुई है कि इन्द्र, अमृत एवं मर्त्य भागों से संबद्ध इस ईश्वर नामके प्रथम प्रजापति ने इच्छा की कि मैं बहुत रूप से हो जाऊँ। यह विचारकर उसने श्रम और तप किया। इस प्रकार प्रजापति ने

सर्वप्रथम ब्रह्मकी सृष्टि की। उस ब्रह्मको ही त्रयीविद्या–तीन वेद कहते हैं। इस प्रजापति के अनुसारही अन्य सभी प्रजापति इच्छा, तप और श्रम के द्वारा तीन वेदस्वरूप ब्रह्मको अपने–अपने शरीर में अलग–अलग उत्पन्न करते हैं। क्योंकि कारणके धर्म कार्य में भी आते हैं। इस सर्वत्र प्रसिद्ध न्यायसे भी आद्यप्रजापति के अनुसार अन्य प्रजापतियों का चलना सिद्ध है। प्रत्येक आत्मा की यह त्रयीविद्या (वेद) की सृष्टि पहली सृष्टि हुआ करती है और अपनी वेदसृष्टि आत्माकी प्रतिष्ठा (आधार) होती है।

''महाविशालं जगद्ब्रह्माण्डरूपमीश्वरः''–महाविशाल संपूर्ण ब्रह्माण्डरूप ईश्वरका शरीर है। ''सृष्टिः प्रजानामग्निहोत्रम्।'' यह अग्निहोत्र प्रजाओं की सृष्टि है। शतपथ ब्राह्मण में जल से पृथ्वी उत्पत्ति रचना की आठ अवस्थाएँ बताई हैं –'' जल, फेन, मृत्स्ना (पाक), सिकता (कोमल मृत्तिका), शर्करा (मोटी कंकरीली मिट्टी), अश्मा (पत्थर), अयः (लोहा) और हिरण्य (शृतत्वमग्निसंयोगः। वाजिश्रुतावपि तपः स्वरूप फेनदृष्टान्तेन श्रूयते– ''एतद्वै फेनस्तप्यते, यदप्स्वावेष्टमानः प्लवते। स यदोपहन्यते, मृदेव भवति।''शतपथ ब्राह्मण 6.1.3.4)।

सृष्टिप्रकरण निष्कर्षः अध्याय (महर्षि कुलवैभवम्) में लिखा है कि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड जिसे सुवर्ण का अण्डा शास्त्रों में कहा गया है, वह एक शरीर के समान है। ब्रह्माण्ड में आत्मा स्वरूप परदेवता नाम का एक स्वतन्त्र पुरुष है, जो तेजोघन–तेजोमय मूर्तिवाला है। वही संवत्सर अग्नि के नाम से प्रसिद्ध है, वही वैश्वानर है, वही हिरण्यगर्भ है, वही सर्वज्ञ है। महर्षि कुलवैभवम् में ऋग्वेद के पुरुषसूक्त की व्याख्याकर परमव्योम् से महासृष्टि–परमेष्ठी से महाकाश पर मोहर लगाई है। मनुस्मृति का भी सृष्टिप्रकरण निष्कर्ष में लिया गया।

असीदिदं तमोभूतप्रज्ञातमलक्षणम्।
अप्रतर्क्यमनिर्देश्यं प्रसुप्तमिव सर्वतः।
ततः स्वयम्भूर्भगवानव्यक्तो व्यंजयन्निदम्।।मनुस्मृति(1.5)
महाभूतादिवृत्तौजा प्राहुरासीत्तमानुदः।
सोऽभिध्याय शरीरात्स्वात् सिसृक्षुर्विविधाःप्रजाः।(मनुस्मृति1.6)
अप एवं ससर्जादौ तासुबीजमवासृजत।
तदण्डमभवद्धैमं सहस्रांशुसमप्रभम्।( मनुस्मृति 1.8)
तस्मिन जज्ञे स्वयं ब्रह्मा सर्वलोकपितामहः।( मनुस्मृति 1.9)

यत्तत्कारणमव्यक्तं नित्यं सदसदात्मकम्।

तद्विसृष्टः स पुरुष लोके ब्रह्मेति गीयते। ( मनुस्मृति 1.11)

मनु महाराज कहते हैं कि सृष्टि उत्पादनकी इच्छा से मैंने कठिन तपस्या की, और प्रजाओं के दस स्वामी ऋषियों को उत्पन्न किया। वे ऋषि प्रजापति कहलाते हैं। ''ये दिव्य ऋषि–मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, प्रचेता, वसिष्ठ, भृगु और नारद हैं।'' हिरण्यगर्भ सूत्रके समान अन्तःस्यूत रहने से ''सूत्रात्मा'' कहाता है। वह वायुदेवतारूप होनेसे वाय्वात्मा भी है। इसके बाद विराट् के अवयवभूत से दस प्राण–मरीचि, भृगु, अंगिरा, अत्रि, वसिष्ठ, अगस्त्य, पुलस्त्य, पुलह, यज्ञ, प्रचेता, कौशिक एवं नारद हुए। श्रुतिपुराणादि के अनुसार अगस्त्य एवं कौशिक का नाम प्रकारान्तर में सम्मिलित किया गया है। ब्राह्मणः के अनुसार संख्या दश ही कही गई है।

''द्विविद्यो हि स विराट् पुरुष इष्यते–व्याकृतश्चाव्याकृतश्च।'' महर्षि कुलवैभवम् के अन्त में लिखा है कि विराट् पुरुष दो प्रकार का होता है–एक व्याकृत और दूसरा अव्याकृत। आचार्यों का मत है कि हिरण्यगर्भ ही विराट् है। उसी हिरण्यगर्भ से दश प्राणों की उत्पत्ति हुई। वे दशों प्राण नाभि अर्थात केन्द्रमें स्थित जिस मुख्य प्राण से निकलते हैं, वह नभ्य प्राण सब प्राणों का आधार मनु नामका प्राण है। प्राजापत्यं कुरूक्षेत्रम् प्रकरण में सम्पूर्ण सृष्टि–रूप कार्य प्रजापति प्राण का विस्तार कहा है। महामहोपाध्याय श्री मधुसूदन ओझा ने ऋषियों को सृष्टिका प्रवर्त्तक कहा है।

महर्षि याज्ञवल्क्य ने गार्गी से कहा कि यह समस्त (सृष्टि या ब्रह्माण्ड) आकाश में ओत–प्रोत है। वह आकाश किसमें ओत–प्रोत है। हे गार्गि! उस तत्त्व को ब्रह्मवेत्ता अक्षर कहते हैं, जो न स्थूल है, न सूक्ष्म है, न लघु है, न बृहद है, न लाल है, न पीला है (बृहदारण्यक् उपनिषद 3.8.8)। महर्षि याज्ञवल्क्य ने परमब्रह्म को अक्षर नाम से स्थापित किया है। उनके मतमें प्रकृति ही जगत का कारण है।

''ब्रह्मसूत्र में आचार्य आश्मरथ्य (प्रत्ययान्त गोत्र) ने ब्रह्मको सगुण निर्गुण दोनों रूप में स्वीकार करके भी विकारयुक्त नहीं माना है।'' आचार्य आश्मरथ्य के अनुसार ''जिस प्रकार स्वभावतः गाय के थन से दूध निकल जाता है, उसी प्रकार स्वभाव से ही ब्रह्म से सृष्टि रूप में

परिणाम होता है।'' आचार्य आश्मरथ्य की दृष्टि में ब्रह्मका जगतकारणत्व है। छान्दोग्योपनिषद् (1.9.1) ने आकाश को ब्रह्मपरक बताते हुए स्थिर किया है कि निश्चय ही ये सब (सृष्टि) आकाश से उत्पन्न होते हैंः ''सर्वाणि ह वा इमानि भूतान्याकाशादेव समुत्पद्यन्ते।'' आर्षग्रन्थों में लिखा है : ''आदित्यो यूपः यजमानः प्रस्तर'' (सूर्य यूप यज्ञ स्तम्भ है और यजमान प्रस्तर है। ये दोनों उपमा रहस्यात्मक हैं।)।

श्वेताश्वेतरोपनिषद में वर्णन आता हैः ''जो परमेश्वर निश्चय ही सृष्टिकाल में सर्वप्रथम ब्रह्मा को उत्पन्न करता है और समस्त वेदोंका उपदेश देता है, उस आत्मज्ञानविषयक बुद्धिको प्रगट करनेवाले प्रसिद्ध परमेष्ठी की मुमुक्षाभाव से शरण ग्रहण करता हूँ (6.18)।''

यो ब्रह्मणं विद्धाति पूर्व
यो वे वेदाँश्च प्रतिणोति तस्मै।
तँ् ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशं
मुमुक्षर्वे शरणमहं प्रपद्ये।।

मनुस्मृति में लिखा हैः ''उस सृष्टिकर्ता परमात्माने सबसे पहले सृष्टिके प्रारम्भ में सबके नाम और पृथक–पृथक कर्म तथा उन सबकी अलग अलग व्यवस्थाएँ भी वेदानुसार बनाई।''

सर्वेषां तु नामानि कर्माणि पृथक् प्रथक्।
वेदशब्देभ्य एवादौ पृथक् संस्था च निर्ममे ।। मनुस्मृति 1.21।।

देवताओं में से जिसने ब्रह्म को जान लिया, वही वह ब्रह्म हो गया। यही मन्त्र द्रष्टा दिव्य ऋषिगण का रहा।

तद्यो देवानां प्रत्यदुव्यत स एवं तदभवत्।
तथर्षीणां तथा मनुष्याणाम्। (बृहदारण्यक उपनिषद् 1.4.10)

तत्त्वज्ञानी ''आचार्य औडुलोमि'' की मान्यता रही कि ब्रह्मका जगत्कारणत्व और जीव के साथ ऐक्यभाव है। ''आचार्य काशकृत्स्नके'' अनुसार प्रलयकाल में सम्पूर्ण सृष्टिजगत् की स्थिति उसी परमेष्ठी में होती है। यह जगत (सृष्टि) ही अविद्यारूप में कल्पित जीव प्रतिपाद्य है जो वस्तुतः ब्रह्मसे भिन्न है और जीवरूप से अवस्थित हैः ''अवस्थितेरिति काशकृत्स्नः।'' ''आचार्य जैमिनि'' ने सूर्य को देवताओं का मधु बताया है। ''आचार्य बादरिका'' कहना है कि महाप्रलय होने पर हिरण्यगर्भ के अन्त

में समष्टि लिंग शरीर का अवसान होनेसे ब्रह्मलोकवासी शुद्ध बुद्धिवाले सभी मुच्यमान ब्रह्म के साथ लीन हो जाते हैं। ।।ऊँ।।

# परमव्योम् : महासृष्टि रहस्य

सृष्टिविज्ञान वेद में परमव्योम्–महाकाश में महाब्रह्माण्ड तत्त्व की उत्पत्ति का वर्णन गूढ़ सूक्तों में है। परमव्योम् में महासृष्टि सृजन का ब्रह्मकार्य सम्पन्न होता है। अर्थात महाब्रह्माण्डों का प्रादुर्भाव होता है। महाब्रह्माण्डों से ब्रह्माण्ड एवं सृष्टि का सृजन हुआ। वेद (ऋग्वेद) के विश्वकर्मासूक्त, हिरण्यगर्भ सूक्त, प्रजापतिसूक्त, पुरुषसूक्त, नासदीयसूक्त, सृष्टिरहस्यसूक्त, मार्तण्ड उत्पत्ति सूक्त आदि परमव्योम से महाब्रह्माण्ड और व्योम् से सृष्टि की रहस्यमय विद्या को उद्घाटित करते हैं। सूर्यविज्ञान महासृष्टि के सन्धान से वांछित सृजन की विद्या प्रतिपादित करता है।

## पंचमहाभूतों की रचना

ऋग्वेद के सृष्टि विषयक सूक्तों की श्रृंखला में सुविख्यात एवं महत्वपूर्ण सूक्त–नासदीय सूक्त आदि हैं। नासदीय सूक्त का विषय बहुत जटिल है। सूक्त के ऋषि प्रजापति परमेष्ठी हैं। उससमय पंच महाभूत अस्तित्व में ही नहीं रहे। सूक्त में सृष्टि उत्पत्ति के क्रम में तीन कड़ियों का निर्देश है। सूक्त की अन्तिम ऋचा में द्रष्टा ने स्पष्ट किया कि देवों के लिए सृष्टि का निमार्ण कब और किससे हुआ का रहस्य अगम्य है। अतः मानव इसकी थाह कैसे पाते ? क्रान्तदर्शी कवियों ने अपने मेधा–बुद्धि के माध्यम से इस रहस्य का भेद समझाने का जतन किया।

पहली दो ऋचायें सृष्टि रहस्य की प्रथम कड़ी है। उस समय पंच महाभूत नहीं रहे। किसी भी तरह की द्वन्द्वात्मकता विद्यमान नहीं रही। केवल एक ही तत्त्व ''अत्र तत्र सर्वत्र'' व्याप्त रहा। प्रलयावस्था में पंचभूतादि सत् (सत् और असत्) पदार्थ नहीं थे, साथ ही अभावरूप

असत् आकाश एवं लोक नहीं थे। उस प्रलयावस्था में किसने किसे ढका ? कैसे ढका ? यह अनिश्चित अनुत्तरित रहा। अमृत, मृत्यु भी नहीं रहा। सूर्य, चन्द्रमा नहीं होने से दिन–रात्रि का भेद मालूम ही नहीं था। ऐसी दशा में एक ब्रह्म ही विद्यमान रहा। यानी परमव्योम में एकमात्र ब्रह्म ही उपस्थित रहे। इसकी दूसरी कड़ी उस समय प्रारम्भ हुई जब ''अम्भु तत्त्व'' निर्मित होने पर उतारू हुआ। इसे चारों और दिव्य जल ने घेर लिया। परिणामतः आपाततः दब गया। उसके उपरान्त वह अपने तप की सामर्थ्य से प्रकट हो सका। इसी समय एकमेव आभु में सृष्टि का निर्माण का कार्य उत्पन्न हुआ। इससे मानसिक सृष्टि का निमार्ण होने वाला रहा। मन्त्र द्रष्टा कवियों ने इसे ''मन का रेत'' कहा। तीसरी, चौथी ऋचा में मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने अपने हृदय में अवेन्षण करके यह पहचाना कि सत् अर्थात् व्याकृत नामरूप विश्व का सम्बन्ध असत्–अव्याकृत नामरूप ''एकम् आभु'' के रूप में ऊपर निर्दिष्ट मायाविच्छन्न परमात्मा से है। एकमात्र आभु में सृष्टि निर्माण की अभिलाषा का उदय सृष्टि के उत्पत्तिक्रम की दूसरी कड़ी है। इसी का निर्देश उपनिषदों में है। इसका तीसरा चरण, इस एक तत्त्व का द्वैधीभाव (दो भागों) में विभाजित होने का निर्देश है। इसका वर्णन आगामी ऋचाओं में है। इसका एक अंश ''रेतोधा''–पुमान् रूपी बना और दूसरा ''महिमा''–रेत के ग्रहण एवं संवर्धन के लिए आवश्यक नारी रूपी महिमा कहलाया। इन दोनों में पारस्परिक ''महिमारूपी'' अंश को ही ''स्वधा''–बीज धारण करने वाली शक्ति और ''रतोधा'' रूपी अंश को ही ''प्रयतिः'' (अर्पण करनेवाली शक्ति) की महती संज्ञाएँ समर्पित की।

उसके बाद सृष्टि स्वाभाविक है। ''बृहदारण्यक उपनिषद्'' में इसका सविस्तार वर्णन है। सूक्त की अन्तिम दो ऋचाओं में मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने परमव्योम का रहस्योद्घाटन किया (नीहारिकाएँ, दुग्धमेखला, आकाशगंगा, नक्षत्रमण्डल)। यह भी प्रतिपादन किया कि सृष्टि का यह गूढ़–किससे एवं कैसे अर्थात अनिच्छा या इच्छा के अनुसार पैदा हुई, सृष्टि के उपरान्त ही उत्पन्न होनेवाले देवों को भी अगम्य है। सबको नियन्त्रण करनेवाले परमात्मा को ही यह सम्भवतः ज्ञात होगा अथवा यह

भी सम्भव है कि ज्ञात होने के बावजूद उसका भान नहीं हो या वे इसका आभास नहीं करवाना चाहते।

## ऋग्वेद 10.72. : जगत्सृष्टि मीमांसा

ऋग्वेद के जगत्सृष्टि मीमांसा सम्बन्धित इस दशम मण्डल के बहत्तरवें सूक्त में ब्रह्मणस्पति द्वारा जगत् को गढ़ा कहा गया है (आचार्य भगवद्दत कृत ब्रह्मणस्पति देवता पोथी देखें।)। इस सूक्त में प्रमुख रूप से अदिति के पुत्रों अर्थात अदित्यों के, उनमें विशेषकर सूर्य के जन्म की कथा का वर्णन मन्त्र व द्रष्टा कवि का उद्देश्य मालूम होता है। अदिति के आठ पुत्रों में से सातों का पूर्ण विकास हुआ। अतएव वे जन्म लेते ही अपनी माता के साथ देवलोक चले गए। अदिति के आठवें पुत्र सूर्य (मार्तण्ड) का गर्भ में पूर्ण विकास नहीं हो सका। फलस्वरूप वह देवलोक नहीं जा पाया। माता उसे भूलोक ले आई। माता अदिति ने उसे उदय एवं अस्त की अनुभूति के लिए यहाँ छोड़ दिया। कवि ने रूपक में आदित्यों को पक्षी की संज्ञा दी है। जिनमें से सात पूर्ण विकसित होकर अण्डों से सजीव बाहर निकले। किन्तु जिस अण्डे में सूर्य रहा वह सम्पूर्ण विकसित नहीं हुआ। जिससे अपक्व दशा–संज्ञाहीन अवस्था में उसका जन्म हुआ। अतः कवि ने ''मार्तण्ड'' की संज्ञा दी है।

कवि ने सूक्त में सृष्टि उत्पत्ति का सुन्दर वर्णन किया है। सृष्टि की उत्पत्ति–देवों की पहली पीढ़ी की उत्पत्ति के समय– ''असत्–अव्याकृत प्रकृति से सत्–व्याकृत नामरूपात्मिका प्रकृति का अविर्भाव हुआ।'' इन दोनों के लिए कवि ने क्रमशः ''उत्तानपद्–प्रसवोन्मुख'' और ''भू–प्रकट होनेवाली'' संज्ञाएं प्रयुक्त की हैं। भू से आगे चलकर ''आशाएं–दिशाएँ;'' लक्षणा की सहायता से पूरा विश्व पैदा हुआ। यहाँ आदित्यों की उत्पत्ति की कहानी मुख्य वर्ण्य विषय रहा। उसकी पूर्ति के लिए उनकी माता की, अदिति की उत्पत्ति और उसके जन्म के पूर्व के सृष्टिक्रम का उल्लेख गौण रूप में आवश्यक था। इसलिए उस सम्बन्ध में सुसंगत वृत्तान्त उपस्थित करने का प्रयत्न ही नहीं किया। सूक्त में एक स्थान पर उल्लेख है कि ''दक्ष के जन्म के समय अदिति उपस्थित रही। दूसरी ओर अदिति को दक्ष की दुहिता कहा गया है।'' प्रोफेसर

हरि दामोदर का मानना है कि अदिति को दाक्षायणी की संज्ञा दी गई है। महर्षि यास्क ने निरूक्त में लिखा है कि ''दक्ष एवं अदिति के परस्पर सम्बन्ध जनकत्व का वर्णन पुरुष एवं विराज की तरह का है।'' वहीं वैदिक देवशास्त्र में श्री ए.ए. मैकडौनेल का कथन है कि असत् से सत् के बाद क्रमानुसार पृथिवी, दिशाएँ और दक्ष सहित अदिति की उत्पत्ति हुई। अदिति के बाद देवों का जन्म हुआ। इन देवों ने सूर्य को उत्पन्न किया। अदिति के आठ पुत्र हुये। अदिति ने उनमें से ''मार्तण्ड'' नामक आठवें पुत्र का परित्याग कर दिया था। इसप्रकार अदिति ने मार्तण्ड को जन्म (उदय) और मृत्यु (अस्त) भी प्रदान किया। सूक्त में जगत् उत्पत्ति, देवों की उत्पत्ति एवं अन्ततः सूर्योत्पत्ति की मन्त्रमुग्ध करनेवाली गाथा है।

## ऋग्वेद 10.90 : पुरुष सूक्त

पुरुष सूक्त ऋग्वेद का सर्वाधिक प्रसिद्ध सूत्र है। इसके ऋषि नारायण हैं। इस सूक्त से स्पष्ट है कि आर्यों के आदिदेश जम्बूद्वीप भारतवर्ष में यज्ञकर्म जीवन में केन्द्रीय स्थान प्राप्त रहा। आर्यों के आदिदेश में द्वषद्वती एवं सरस्वती के किनारों पर 39 लाख वर्ष पूर्व वेद का रचना काल रहा। यह स्वयं में उपहास का विषय है कि आर्य उत्तरी ध्रुव से आये योजनाबद्ध रूप से सुप्रचारित किया गया ? आर्य शब्द के अनेक अर्थों में से एक श्रेष्ठ व्यक्ति है। उस समय समूचे विश्व की उत्पत्ति को भी एक तरह का यज्ञ कर्म मानने की धारणा प्रचलित रही। परमेष्ठी इष्टदेवता के चरणों में अपनी सर्वश्रेष्ठ सर्वोत्तम समर्पित करने का मार्ग याग का प्रधानरूप रहा। याग के भौतिक अर्थ के स्थान पर आधिभौतिक, अध्यात्मिक अर्थ लें। इसका निरन्तर विस्तार हुआ। अन्य जीवों के प्रति सद्भावना के साथ ईप्सित वस्तु अर्पित करने में इसका परिपाक होता रहा। इस भावना का चमोत्कर्ष, सर्वकल्याण, लोकपरमार्थ, सार्वजनिनता, लोकसंग्रह, सार्वलौकिक, सार्वदेशिक चिन्तन रहा। सम्राट सम्पूर्ण सत्ता के लिए रहते हुए अपनी सम्पूर्ण शक्ति, संसाधन सम्पत्ति को बुद्धि के साथ प्रजा के लिए उपयोग करे। साथ ही अपने लिए संयम से काम लें। इस विचार की अभिव्यक्ति कवि ने अपनी सर्वोच्च रचना–धर्मिता से की है।

पुरुष सूक्त का विषय ''सर्वोत्तम सर्वश्रेष्ठ पुरुष'' द्वारा स्वयं निर्मित सृष्टि के लिए बहुत आनन्द एवं स्नेह के साथ सर्वस्व का न्योछावर करना है। इस सर्वस्वसमर्पण को, इस आत्मयज्ञ को आत्मक्लेश अथवा आत्मनाश समझना भयानक भूल है। ''सर्वात्मक, सर्वव्यापी पुरुषोत्तम ने अपनी आत्मा से विराज् नाम के नारी तत्त्व की रचना की। इसमें नारी तत्त्व से पुरुष तत्त्व का निमार्ण किया। इस पुरुष तत्त्व को यज्ञिय हव्यों की तरह पूर्णरूप से समर्पित करके उसने विविध रूप धारण करनेवाली सृष्टि को जन्म दिया।'' कवि ने सृष्टि निमार्ण के लिए यज्ञकर्म किया। अतः यज्ञ का कर्तृव्य साक्षात् पुरुषोत्तम के स्थान पर उसके द्वारा प्रथम निर्मित देवों पर आरोपित किया गया है। प्रारम्भिक ऋचाओं में वर्णित पुरुष पाँचवी ऋचा के विराज से उत्पन्न पुरुष तत्त्व से भिन्न है। प्रथम पुरुष यदि स्वयंभू एवं सर्वव्यापी है तो दूसरा प्रारम्भ में ''विराज्'' से उत्पन्न एवं केवल पृथिवी से बहुत बृहद् है। स्वर्ग स्थित देवत्ता पुरुषोत्तम के अंश रहे। उन्होंने दूसरे पुरुष का यज्ञिय द्रव्य के रूप में उपयोग किया। यज्ञ में हव्य के रूप में समर्पित होने के बाद दूसरा पुरुष सृष्टि में परिवर्तित होने लगा। यह परिर्वतन पुरुषोत्तम की इच्छानुसार ही हो रहा था।

पुरुष सूक्त में सभी वर्णों को शरीर का एक अंग घोषित किया है। यहाँ वर्ण का अर्थ कार्य का वरण करना है। परमात्मा के ब्रह्माण्ड रूप विराट् शरीर के चार भाग हैं। प्रत्येक शरीर में प्रकृति द्वारा चार भाग–शिर, वक्षस्थल, उदर एवं पाद हैं। प्रथम भाग शिर या सिर में ज्ञानशक्ति है। ज्ञान की इन्द्रियाँ–आँख, नाक, कान आदि शिर में हैं। शिर में ज्ञान–तन्तु के अभिज्ज्वन से ही ज्ञान पैदा होता है। द्वितीय भाग वक्षःस्थल में बल की शक्ति है। उदर भाग में संग्रह एवं पालन की शक्ति है। अन्न–पानादि बाहर से उदर में पहुँचाये जाते हैं। वही विभक्त होकर समस्त अंगों का पोषण करते हैं। चौथे पाद में सेवा शक्ति है। अतः व्यष्टि शरीर की तरह परमात्मा का शरीर सम्पूर्ण प्रपंच है। इसमें भी समष्टि रूप से चारों शक्तियाँ भिन्न–भिन्न अवयवों में होते हुए परस्पर सहयोग–समन्वय से काम करती हैं। यहाँ प्रधान रूप से ज्ञान शक्ति है। वे प्रपंच–रूप परमात्मा के शिरः स्थानीय ब्राह्मण (ब्रह्म का

ज्ञाता) है। वक्षःस्थल बल शक्ति होने से क्षात्र धर्म का कार्य करता है। संग्रह शक्तिवाले उरू वैश्य एवं सेवाशक्तिवाले पाद सूत हैं। यजुर्वेद में स्पष्ट किया है कि ब्राह्मण कहलाने का अधिकारी कौन है (7.46)। वैदिक ग्रन्थों में किसी भी वर्ण का व्यक्ति ज्ञान से ब्राह्मण एवं ऋषि के सर्वोच्च पद पर पहुँचने का उल्लेख है (सत्यकाम जाबाल प्रसंग)। वैदिक संस्कृति में सभी कार्य का वरण करने को स्वतन्त्र रहे।

क्षरपुरुष विराट् की सृष्टि की पुरुष सूक्त में अद्भुत व्याख्या मिलती है। विराट् से अश्व, दोनों तरफ दाँतवाले मनुष्यादि, गो, अज एवं अवि उत्पन्न हुए। वेद में प्राणों के विस्तार के प्रसंग में पाँच नाम (मनु प्राण पाँच प्रकार के होते हैं।) लिये हैं। ऋग्वेद (1.64.7; 1.138.2; 8.6.49) यजुर्वेद (19.10) की ऋचाओं में महिष, मृग, हस्ती, उष्ट्र, व्याघ्र, वृक, सिंह आदि के नाम आये हैं। पुरुष सूक्त की ऋचाओं (मन्त्रों) में यज्ञ का वर्णन चौंकाता है। वसन्त ही वहाँ घृत आज्य रहा, ग्रीष्म ईन्धन रहा और शरद हवि रहा। इस प्रकार ऋतुओं में यह क्रम चला। यज्ञ से ऋग्यजुः साम–प्रकाश फैलाने, मूर्ति बनाने की उत्पत्ति हुई। यज्ञ की प्रक्रिया से शुक्र की उत्पत्ति हुई। पुरुष सूक्त में सहस्र शिर आदि के माध्यम से निराकार, निर्गुण को प्रस्तुत किया गया है। छान्दोग्य उपनिषद्, शतपथ ब्राह्मण में ''पुरुष को ही प्रजापति'' घोषित किया गया है। सूक्त के अनुसार उसके मन से चन्द्रमा, चक्षु से सूर्य, मुख से इन्द्र एवं अग्नि और प्राण से वायु उत्पन्न हुए। उसके शिर से आकाश, नाभि से अन्तरिक्ष एवं पैर से पृथिवी उत्पन्न हुई। पुरुष सृष्टि के प्रतीक होने से तीनों खण्ड उसके तीन पग हैं (प्रकारान्तर में वामन अवतार कथा)।

## ऋग्वेद 10.81 : विश्वकर्मा सूक्त

सृष्टि की उत्पत्ति के विषय में विश्वकर्मा सूक्त नवदृष्टि प्रदान करता है। यद्यपि विश्वकर्मा सूक्त नासदीय सूक्त, पुरुष सूक्त की तरह अधिक प्रचलित नहीं है। ''विश्वकर्मन् देवता का नाम ऋग्वेद में पांच स्थानों पर आया है। दशम मण्डल मे दो सूक्त विश्वकर्मा को समर्पित हैं। विश्वकर्मा नाम इन्द्र की और सर्वस्रष्टा के रूप मे सूर्य की उपाधि के रूप में प्रयोग हुआ है।'' वाजसनेयि संहिता (12.61) में विश्वकर्मन्

प्रजापति का एक गुण लिखा है। ऋग्वेद का विश्वकर्मा सर्वद्रष्टा एवं इसके शरीर में सभी नेत्र, मुख, भुजा एवं चरण हैं। यह पँखों से युक्त है। विश्वकर्मा द्रष्टा, पुरोहित, सभी के पिता हैं। वह ''वाचस् पति'', विचार के समान वेगवान, उदार और समस्त समृद्धियों के स्रोत हैं। यह सृष्टि के सभी स्थानों प्राणियों के ज्ञाता हैं और सभी देवों को उनकी जानकारी देते हैं अथवा विश्वकर्मा देवता सृष्टि के प्राणियों की सूचना देते हैं। वह धातृ एवं विधातृ, परमा संदृक्, बुद्धिमान और स्फूर्तिमान है। ''विश्वकर्मा ने पृथिवी को उत्पन्न किया और आकाश का अनवारण किया।'' प्रारम्भ में सौसे देव की उपाधि से सम्बोधित विश्वकर्मा प्रकारान्तर में एक देव का स्वरूप बने। उनका विश्वकर्मा नाम सृजनात्मक गुणों से युक्त होने से रखा गया। शतपथ ब्राह्मण, ऐतरेय ब्राह्मण में विश्वकर्मा को, विधाता प्रजापति के साथ समीकृत किया गया है।

दशम मण्डल में विश्वकर्मा की वन्दना में कहा गया है कि विश्वकर्मा ने होता बनकर विश्व के भुवनों का आवाहन किया। विश्वकर्मा स्वयम्भू थे। उन्होंने ही स्वस्तिवाचन के साथ सर्वप्रथम अग्नि को उत्पन्न किया। विश्वकर्मा ने यह रहस्य रहस्य ही रखा कि पृथिवी एवं आकाश की सृष्टि किस आधार पर हुई एवं किस वस्तु से हुई ? विश्वकर्मा ने पृथिवी भूमि की किस वस्तु से रचना की एवं आकाश को कैसे विस्तृत किया? विश्वकर्मा एकमात्र विश्वचक्षु, विश्वमुख एवं विश्वबाहु सर्वज्ञ सर्वेश्वर देव हैं। वे अपनी बाहुओं से आकाश की गति को नियमित करते हैं और अपने गमनशील पाँवों से पृथिवी को नियमबद्ध करते हैं।

सूक्त में कहा है कि आकाश एवं पृथिवी रूपी प्रासाद के निमार्ण किस वन, किस वृक्ष की लकड़ी से हुआ है? हे जिज्ञासु मनीषियों! ब्रह्म ही वन में रूपानन्तरित हुआ और ब्रह्म ही वृक्ष है। उसी से सृष्टि का निर्माण हुआ। हे विश्वकर्मा! आपके ये तीनों उत्तम, मध्यम एवं अधम धाम हैं। हमें सत्पथ की शिक्षा दो। स्वयं अपने यज्ञ से इन लोकों की वृद्धि करो। आप हवि द्वारा वर्द्धमान हो। आपके कारण ही द्यावापृथिवी पूजनीय है। आप विश्वशम्भू–विश्व के लिए कल्याणकारी एवं साधुकर्मा–अच्छे कर्म करनेवाले हो। विश्वकर्मा इन्द्रियों के पिता हैं।

विश्वकर्मा के मात्र मनन करते ही घृत–जल की उत्पत्ति हुई। पृथिवी एवं आकाश जल से ही उत्पन्न हुए। ''विश्वकर्मा ही विविध कर्म करनेवाले, सर्वव्यापी, महान्, धाता विधाता, सर्वद्रष्टा, सप्तर्षियों आदि से परे हैं।'' वे हमारे रचियता एवं पालनहार हैं। वे ही विधाता देवताओं के निवासस्थान के ज्ञाता हैं। ''विश्वकर्मा भिन्न–भिन्न नाम धारण करके भिन्न–भिन्न देवताओं का कार्य करते हैं।'' समस्त सृष्टि प्रश्न देव, कःदेव, अज्ञात देव में विलीन होती है। परमव्योम में नक्षत्र, तारे, ऋषि, ऋक्ष विश्वकर्मा से चमकते हैं। चल एवं अचल जगत् में विश्वकर्मा की विभूति छाई है। ''विश्वकर्मा का ईश्वर तत्त्व आकाश से परे, पृथिवी से परे, देवों से परे एवं असुरों से भी परे है।'' विश्वकर्मा ने सर्वप्रथम जल गर्भ में समस्त सृष्टि को धारण किया। इस मूलतत्त्व में भिन्न–भिन्न देवताओं का पृथक् व्यक्तित्व छिपा था। विश्वकर्मा के जल में ही ब्रह्म का निवास रहा। कवि ने लिखा है कि द्यावापृथिवी में ब्रह्म का अस्तित्व स्पष्ट दिखाई नहीं देता है। वास्तव में विश्वकर्मा ही एकमात्र परमेश्वर है। विश्वकर्मा सूक्त में उन्हें रचियता, पालनहार एवं संहारक कहा है। लेकिन सूक्त में स्पष्ट रूप से विश्वकर्मा में सभी देवता समाहित कहा गया है, अर्थात् ब्रह्म एक है दूसरा नहीं है।

## ''कः'' प्रजापति सूक्त : ऋग्वेद 10.121.1–10

ऋग्वेद के दशम मण्डल के एक सौ इक्कीसवें सूक्त का विषय ''कः प्रजापति'' है। प्रस्तुत सूक्त में कवि ने सर्वेश्वर परमेष्ठी परमात्मा के सम्बन्ध में विचार पक्ष रखा है। ''वह सर्वेश्वर तत्त्व समूची सृष्टि की संरचना के पहले विद्यमान रहा।'' अर्थात प्रलय के दौरान परमेष्ठी तत्त्व अव्यक्त रहा। सृष्टि रचना से पूर्व भी ऋषि रहे। उसी ने वास्तविकता में रचना की। उसीमें सभी देवताओं की शक्तियाँ समाहित हैं। देवों का देवता कौन है यह प्रश्न पूछा गया। मन्त्र द्रष्टा कवि ने इसके उत्तर में प्रजापति कहा। यह माना जाता है कि पदपाठ के प्रणेता शाकल्य के पाठ अनुसार सूक्त के अन्त में प्रचलित ऋचा नहीं है। कवि के दृढ़ विश्वास की अभिव्यक्ति प्रत्येक ऋचा देवों के अधिष्ठाता देवता के अस्तित्व से की है। अतएव ''कस्मै देवाय हविषा विधेम'' को केवल देवता के नाम के सम्बन्ध में सन्देह का परिचायक माना जा सकता है; उसके

अस्तित्व के विषय में आशंका बोधक नहीं। वैसे अन्तिम ऋचा में ''क'' नाम के देव को प्रजापति मानने का चलन हुआ। आचार्य सायणाचार्य ने कहाः ''अतः कारणात् क इति प्रजापतिराख्यायते।'' इस कथा की पुनरावृति ऐतरेय ब्राह्मण में भी है।

इस सूक्त के प्रथम मन्त्र में सर्वोच्च देवता को सभी प्राणियों का अधिपति, हिरण्यगर्भ के रूप में व्यक्त किया है। ऋग्वेद में यह नाम अनेक ऋचाओं में एवं अथर्ववेद, ब्राह्मण ग्रन्थों में भी आया है। तैत्तिरीय संहिता (5.5.1.2) में हिरण्यगर्भ को स्पष्ट रूप से प्रजापति के साथ समीकृत किया गया है। बाद के साहित्य में प्रजापति प्रमुखतः ब्रह्मा की उपाधि है। इस सूक्त को ऋग्वेद का अत्यन्त उदात्त एवं अपेक्षाकृत अमूर्त कहा गया है। इसमें कहा गया है कि आरम्भ में सर्वत्र शून्य रहा और किसी का भी अस्तित्व नहीं था। अविभेद्य जल को अन्धकार एवं महाशून्य ने आवृत्त कर रखा था। उसी समय ''तप'' द्वारा एक ''आद्य तत्त्व एकम्'' की उत्पत्ति हुई। उसके पश्चात मनस् का सर्वप्रथम बीज ''काम'' उत्पन्न हुआ। यही असत् एवं सत् के बीच की श्रृंखला बना। इसके उद्भव के कारण देवगण की उत्पत्ति हुई।

इसकी व्याख्या यह भी है कि हिरण्यगर्भ से सभी भूतों के युगल उत्पन्न हुए। उन्होंने पृथिवी एवं आकाश को धारण कर स्थिर किया। मन्त्र द्रष्टा कवि ने प्रश्न की तरह कहा कि हम किस देवता अथवा कः नामधारी अवर्चनीय प्रजापति के लिए हवि प्रदान करें।

सूक्त के अनुसार जो अपनी महिमा से निर्जिव एवं जीव जगत् के एकमात्र स्वामी हैं वे ही द्विपद एवं चतुष्पद दोनों के ही स्वामी हैं। हम उन्हीं ''कः देवता'' के लिए हवि प्रदान करें। यह हिमवान पर्वत उनकी महिमा के अधीन है। उसीका जल पूर्ण समुद्र है। उनकी बाहु चारों दिशाएँ एवं चारों प्रदिशाएँ हैं। अर्थात् समूचा ब्रह्माण्ड उनकी बाहुओं में है। उनके द्वारा उग्र आकाश एवं पृथिवी अपने–अपने स्थानों पर दृढ़ हैं। वह ही स्वर्लोक एवं सूर्य का आधार है। वह अन्तरिक्ष से बृहद् है। अर्थात् सभी ब्रह्माण्ड उनके भय से सभी (आकाश, पृथिवी आदि) मन ही मन काँपते हैं। उनके ऊपर सूर्य का प्रकाश पड़ने पर सभी की उनके विराट् स्वरूप से क्रन्दसी की स्थिति पैदा होती है। जब बृहती जलराशि

के गर्भ से अग्नि उत्पन्न हुई, तब वही देवताओं का प्राण है। एकमात्र उनमें ही रचना सृजन की सामर्थ्य है। वे ही सृष्टि को उत्पन्न करनेवाले हैं। उन्होंने अपनी महिमा से अपार जलराशि को देखा। तत्क्षण दक्ष, अदिति आदि की उत्पत्ति हुई। वह ''कः''  देवों के अधिदेव है। उसी सत्यधर्मा ने आकाश, चन्द्र, पृथिवी एवं आपः को उत्पन्न किया। वह सृष्टि रचियता (पृथिवी) हमारी रक्षा करे, हिंसा नहीं करे। हे ''कः'' (प्रजापति)! आप समूची सृष्टि के ज्ञाता हैं। हे करूणामय! हमारी प्रार्थना से प्रसन्न हों।

ऋग्वेद की सृष्टिनियममीमांसात्मक व्याख्याओं में सूर्य को सभी स्थावर जंगम की आत्मा (1.115.2) कहा गया है। ऋग्वेद 10.121.3 में हिरण्य गर्भ नाम से सूर्य की ब्रह्माण्ड की सर्वोच्च शक्ति रूप में प्रख्याति वर्णन है। सूक्त के अनुसार सूर्य ही अन्तरिक्ष में शून्य स्थान को मापते हैं। साथ ही उस स्थान पर प्रकाशित होते हैं जहाँ सूर्योदय होता है। सूक्त की अन्तिम ऋचा में ''सूर्य को सृजित प्राणियों का अधिपति–प्रजापति सम्बोधित किया गया है।'' ब्राह्मण ग्रन्थों ने इसका अनुकरण किया। ऋग्वेद के चौथे मण्डल की दूसरी ऋचा में ''सौरदेव सवितृ की उपाधि प्रजापति'' है। साथ ही सवितृ स्थावर, जंगम के अधिपति है। आचार्य भगवद्दत्त ने ''सविता देवता'' पोथी में सवितृ एवं सूर्य की वैदिक ऋचाओं की अद्भुत व्याख्या की है।

## नासदीय सूक्त ऋग्वेद 10.129 : सृष्टि रचना विद्या

ऋग्वेद के सृष्टिविषय सूक्तों में नासदीय सूक्त के नाम से अत्यन्त अतीव सुविदित एवं महत्वपूर्ण है। इसका विषय एवं भाषा अत्यन्त जटिल है। इसकी अन्तिम ऋचा में ''परम व्योम'' का रहस्योद्घाटन किया गया है। सूक्त के अन्त में द्रष्टा ने सूचित किया है कि सृष्टि का निर्माण कब हुआ एवं किससे हुआ यह एक बड़ा रहस्य है। यह रहस्य देवों के लिए भी अगम्य है। इसकी थाह बेचारे मानव कैसे पाते? फिर भी कवियों (अन्तर्चेतनावान, प्रज्ञावान, क्रान्तदर्शी, तत्त्ववेत्ता, बोधवान) ने अपनी बुद्धि के सहारे इसे हृदय में पाने का यदि प्रयत्न किया तो वे इस रहस्य का भेद करने में अवश्य सफल हो सकेंगे ?

सृष्टि उत्पत्ति क्रम में तीन प्रमुख कड़ियाँ सूक्त में वर्णित हैं। पहली दो ऋचायें अबूझ पहेली सरीखी हैं। (सृष्टि उत्पत्ति से पूर्व) किसी भी तरह की द्वन्दात्मकता विद्यमान नहीं थी; केवल एक ही तत्त्व ''अत्र तत्र सर्वत्र'' व्याप्त रहा। दूसरी कड़ी ''एक तत्त्व ''आभु'' है (निर्मित होने पर उतारू होने से उत्पन्न हुई।)। इसे चारों ओर से सलिल–जल ने घेर लिया। इसका अर्थ यह है कि वह आपाततः दब गया। फिर भी वह अपने ''तप के सामर्थ्य'' से प्रकट हो सका। उसी समय एकमेव ''आभु में सृष्टि निर्माण का कार्य प्रारम्भ'' हुआ। इसीसे ''मानसिक सृष्टि का निमार्ण'' होनेवाला था इसलिए कवियों ने इसे ''मन का रेत'' कहा। मन्त्र द्रष्टा कवियों ने अपने आन्तरिक ब्रह्माण्ड–हृदय में अवेन्षण करके यह स्पष्ट रूप से पहचान लिया कि सत् अर्थात् व्याकृत नामरूप विश्व का सम्बन्ध अव्याकृत नामरूप ''एकम् आभु'' के रूप में मायवच्छिन्न परमात्मा से है। एकमेव आभु में सृष्टि उत्पत्ति की अभिलाषा का उदय सृष्टि की उत्पत्ति क्रम की दूसरी कड़ी है। उपनिषदों के ''तदैक्षत, सोऽकामयत'' आदि भी इसी का निर्देश करते हैं। इसका तीसरा चरण इस एक तत्त्व का द्वैधीभाग (दो भागों में विभाजन) रहा। इसका एक अंश ''रेतोधा'' पुमान् रूपी बना और दूसरा ''महिमा–रेत ग्रहण एवं संर्वधन के लिए नारी रूप बना''। इन दोनों में पारस्परिक आकर्षण–कामरूपी रश्मि बना। आगे महिमा रूपी अंश को ''बीज धारण करनेवाली शक्ति स्वधा'' और ''अर्पण करनेवाली शक्ति प्रयतिः'' (रेतोधा रूपी अंश) संज्ञाएँ समर्पित की गई। बृहदारण्यक उपनिषद् में मायावच्छिन्न परमात्मा के द्वैधीभाव को अधिक स्पष्ट किया है। सूक्त में कहा है कि सर्वनियन्ता परमात्मा को सम्भवतः सृष्टि का रहस्य ज्ञात हो?

ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में सृष्टि उत्पत्ति का कारण सर्वतः प्रथम मन और उसकी इच्छावृत्ति का उद्भव बताया गया है। मन में रस और बल तत्त्व है। इनमें सृष्टि का अत्यन्त लय–रूप मुक्ति होता है। बाँधनेवाले बल में मन, वाक् एवं प्राण कलाएँ निर्मित होती हैं। मन को दोनों ओर लिया गया है। मन ही बन्ध एवं मोक्ष दोनों का कारण है: ''मन एवं मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।''

नासदीय सूक्त में प्रश्न किया हैः न अन्तरिक्ष था, न उसके परे आकाश था। किसने सभी को ढका था? और कहाँ ? किसके द्वारा आश्रित था? कैसे अथाह सलिल था? उस समय मृत्यु नहीं थी, अमरत्व भी नहीं था? रात एवं दिन का भेद भी नहीं था। वह ''एकाकी स्वावलम्बी शक्ति से श्वसित'' रहा। सृष्टि उत्पत्ति का मूल स्रोत, वही जानता है, जो उच्चतम द्यौलोक–परमव्योम से शासन करता है। वह सर्वदर्शी महास्वामी है। इस सूक्त की यह भी व्याख्या है कि अविभेद्य सलिल (दिव्य जल) को महाशून्य एवं महाअन्धकार ने आवृत्त कर रखा था। सूक्त में मनस् का प्रथम बीज (प्रजापति उस ''काम'' का मानवत्वारोपित प्रतिनिधि है।) कहा गया है। वैदिक ग्रन्थों का कथन उलटबांसी है : ''देवगण प्रजापति की सृष्टि करते हैं।'' इसी क्रम में ऋग्वेद की ऋचाओं में उल्लेख आया कि अदिति से दक्ष की उत्पत्ति हुई और दक्ष से अदिति उत्पन्न हुई। ऋग्वेद के सूक्तों में ''वरुण देवता को देव सम्राट'' घोषित किया गया है। ब्रह्माण्डों के दिव्य जल के अधिपति सम्राट वरुण को सृष्टि का रचनाकार घोषित किया गया है। ऋग्वेद में सम्राट वरुण के सूक्त संख्या में कम होते हुए भी परमव्योम (उच्चतम द्यौलोक), ब्रह्माण्डों और सृष्टि उत्पत्ति के रहस्यों का उद्‌वाचन करने में सक्षम हैं।

## सूर्या विवाह सूक्त : सृष्टि रहस्य

### विवाह संस्थाकरण : ऋग्वेद 10.85.1–47

ऋग्वेद का सूर्या विवाह सूक्त सृष्टि उत्पत्ति, द्युलोक, अन्तरिक्ष एवं पृथिवी सम्बन्धित वैदिक ज्ञान का कोश है। इस सूक्त में 47 ऋचाएँ हैं। वैदिक परम्परा में सूक्त को ''विवाह सूक्त'' माना गया। प्रकारान्तर में इन्होंने निर्धारित नियमों का रूप धारण किया और उन्हें विवाह संस्कार के अवसर पर प्रयुक्त किया जाने लगा। सूर्या के विवाह की कथा का ऋग्वेदीय ब्योरा बहुत ही अद्‌भुत है। ब्राह्मण ग्रन्थों में ऋग्वेदीय सूक्त का उल्लेख मिलता है। उन्हें धार्मिक कृत्यों के सांचे में ढाला गया। यही वैदिक सूक्त वेद पश्चात की सभ्यता–संस्कृति–धर्मों का आदर्श बना। सबसे महत्वपूर्ण है कि सभी दल सर्वानुमति से ''स्वयंवर'' का निर्णय

हुआ। सूक्त में सूर्या ने पति के रूप में अश्विनौ का वरण किया। साथ ही पूषा को पुत्रत्व के रूप में स्वीकारा। सविता देवता वधू का औपचारिक दाता माना गया। सूक्त के प्रारम्भ में कहा गया है कि सत्य ने पृथिवी को ऊपर उठाए रखा है (पृथिवी का आधार सत्य है। इसी का विस्तार सत्यभामा की कथा है।)। सूर्य ने स्वर्ग को सहारा दिया है। ऋत के बल पर आदित्य है। सोम को स्वर्ग में आश्रय मिला है। इसमें सोम की महिमा वर्णित है। वह स्वर्ग में सर्वोपरि है। वही पृथिवी, स्वर्ग और उनके मध्य आदित्यों को बल प्राप्त कराता है; पृथिवी सोम के कारण महान् है। प्रकारान्तर में नक्षत्रों की गोद में सोम की स्थापना की गई। यह भी कहा गया है कि सोम के कारण चन्द्र की कलाएँ घटती एवं बढ़ती रहती हैं। देवकथाओं पर इसी आधार पर चन्द्र देवता को शाप और सोमनाथ में महारुद्र सर्वेश्वर महादेव की आराधना की मीठी कथा मिलती है।

## ऋग्वेद के देवों का विशेषण ''असुर''

ऋग्वेद के देवताओं का ''असुर'' सम्बोधन अभूतपूर्व अप्रत्याशित है। यद्यपि पुराकथाओं में इसका अर्थ विपरीत है। वैदिक शब्दों के व्याख्याकार आचार्य यास्क ने निरूक्त में असुर शब्द की चकित करनेवाली व्याख्या की। निरूक्त में असुर शब्द का अर्थ महान असु, महाप्राणवान, अमरणशील, महाप्रज्ञावान, महासामर्थ्यवान आदि की है। वैदिक मन्त्र द्रष्टा कवियों की दृष्टि में असुर का अर्थ ''गुह्य शक्तिवान, माया शक्ति सम्पन्न'' आदि निश्चित रूप से रहा। ऋग्वेद में लगभग सभी महा देवताओं को असुर कहा गया है।

वैदिक देवाताओं में गभीखेया असुरः, सुनीथः, (सविता) हिरण्यस्तो असुरः, बृहच्छवा असुर बर्हणा कृतः (इन्द्र), द्योरसुरा (द्यौस्), त्वमग्ने रुद्रो असुरो महि दिव, (अग्नि), पिता यज्ञानामसुरा विपश्चिताम् (अग्नि), घृतप्रसत्ता असुरः सुसेवा (अग्नि), गावा चेतिष्ठो असुरो मघोनः (अग्नि), अतूर्त्तपन्था असुरो मयोभुः (रुद्रः), पूषा असुरो दधातु नः (पूषन्), असुरः पिता नः (पर्जन्य), असुरो न होता (इन्द्र), जानानां यो असुरो विधर्त्ता (मरुद्गण), असुरो विश्वदेदा (वरुण), श्रीन्त्समूर्ध्नो असुरश्चक्र आरभे

(पवमान सोम), सोमो असुरो वेद भूमनः (पवमान सोम), असुरो वेपते मती (अग्नि), असुर प्रचेता (वरुण) महो असुर (इन्द्र), इकावां एषो असुर प्रजावन (अग्नि), त्वा नूनमसुर (इन्द्र) का उल्लेख है।

ऋग्वेद की ऋचा में लिखा है: ''आसावन्यो असुर सूयतद्यौ (10. 34.4)।'' ''अग्निर्भरत उच्चावच। असुर इव निर्णिजम् (8.19.23)।'' ''महद् देवानामसुरत्वमेकम् (3.55.1)।'' ऋग्वेदकि ऋचाओं में असुर व्यापक देवत्व के अर्थ में व्यवहृत हुआ है। ऋग्वेद में असुर के वीर, रुद्र के असुर, असुर के गो, असुर का साम्राज्य, असुर की योनि, असुर वंदना, असुर का प्रयाण, असुर के जठर, असुर की माया, असुर के भक्षण आदि वर्णन व्यवहार में आये हैं। वैसे असुः का अर्थ प्राण है।

## विश्वकर्मा : सृष्टि निर्माता

विश्वकर्मा सूक्त सृष्टि निमार्ण प्रक्रिया के गुप्तज्ञान से परिचय करवाता है। इस सूक्त का विषय ''विश्वकर्मा'' और मन्त्र द्रष्टा ऋषि भुवन पुत्र विश्वकर्मा है। ऋग्वेद के दशम मण्डल के 81वां सूक्त सृष्टि कर्म की अदृश्य रहस्यमय कुंजी है। इन सूक्तों की भाषा अध्यात्मिक रहस्यपूर्ण है। सूक्त में विश्वकर्मा को विश्व भुवन के होता के रूप में सम्बोधित किया है। सूक्तानुसार ''विश्वकर्मा होता'' समस्त लोकों–भुवनों का हवन करके स्वयं भी अग्नि हवन में विराजमान होते हैं। वह हम सभी के पिता हैं। वह स्तोत्रादि के आशीर्वाद मन्त्रों से स्वर्ग रूप द्रविणं इच्छा करते हुए सर्वप्रथम समूचे जगत् को व्यापता है। साथ ही समीप के लोकों के साथ स्वयं भी अग्नि में प्रविष्ट हुआ।

### विश्वकर्मासूक्त

ऋग्वेद 10.82.1–7

विश्वकर्मा भौवनः। त्रिष्टुप्।।

चक्षुषः पिता मनसा हि धीरो घृतमेने अजनम्नमाने।
यदेदन्ता अददृहन्त पूर्व आदिद्द्यावापृथिवी अप्रथेताम्।।1।।
विश्वकर्मा विमना आद्विहाया धोता विधाता परमोत संदृक्।
तेषामिष्टानि समिषा मदन्ति यत्रा सप्तऋषीन् पर एकमाहुः।।2।।
यो नः पिता जनति यो विधाता धामानि वेद भुवनानि विश्वा।

यो देवानां  नामधा एक एव तं संप्रश्नं भुवना यन्त्यन्या ।।3।।
त आयजन्त द्रविणं समस्मा ऋषयः पूर्वे जारितारो न भूना।
असूर्ते सूर्ते रजसि निषते ये भूतानि समकृण्वन्निमानि।।4।।
परो दिवा पर एना पृथिव्या परो देवेभिरसुरैर्यदस्ति।
कं स्विद्गर्भं प्रथमं दध्र आपो यत्र देवाः समपश्यन्त विश्वे।।5।।
तमिद्गर्भं प्रथमं दध्र आपो देवाः समगच्छन्त विश्वे
अजस्य नाभावध्येकमर्पितं यस्मिन् विश्वानि भुवनानि तस्थुः।।6।।
न तं विदाथ य इमा जनानाऽन्यद्युष्माकमन्तरं वभूव।
नीहारेण प्रावृता जल्प्या चाऽसुतृप उक्थशासश्चरन्ति।।7।।

(विश्वकर्मा सूक्त सरलार्थः इन्द्रियादि युक्त शरीर के उत्पादक और मनसे निश्चयही प्रबल विश्वकर्माने सर्वप्रथम जल को उत्पन्न किया। अनन्तर जल में इधर–उधर चलने वाले द्यावापृथिवा का सृजन किया। जब पर्यन्तभाग, बाहर से सीमाके द्यावापृथिवी के प्राचीन भाग दृढ़ हो गए, तब द्यावापृथिवी विस्तृत होते गए, प्रसिद्ध हुए। विश्वकर्मा सर्वज्ञानी, महान, समस्त विश्वको धारण करनेवाला, जगतका निर्माता, परमज्ञानवान और सभी कार्यों का द्रष्टा है। विद्वान उसके विषय में सप्तर्षियों से भी परे कहते हैं। उसकी अभिलाषाएँ अन्न के द्वारा पूर्ण होती है। ऐसा कहते हैं कि वह एकमात्र अद्वितीय है।

जो हमारा पालक, उत्पन्न करनेवाला, विशेषरूप से जगत् को धारण एवं पोषण करने वाला है; जो विश्व के सभी धामों, लोकों एवं उत्पन्न होनेवाले पदार्थों को जानता है। जो समस्त देवों के नाम रखकर, उनको उनके स्थानपर रखने वाला अकेला, अद्वितीय है। उसे अन्य समूचे उत्पन्न प्राणि ''कौन परमेश्वर है यह प्रश्न पूछते–पूछते प्राप्त करते हैं।'' वे प्राचीन सभी ऋषि स्तुति करनेवाले स्तोताओं के समान इसी विश्वकर्माके लिए ही चरू पुराडाशादि धनसे सब रीति से यजन करते हैं। जिन महर्षियों ने स्थावर और जंगम लोकमें नियतरूप से व्यापक इन सभी लोकों और प्राणियों को धनादि प्रदान करके बनाया है।

वह द्युलोक से भी परे है, इस पृथिवी से भी परे है; जो देव और असुरों से भी परे हैं, श्रेष्ठ है। जल में किस सर्वश्रेष्ठ सर्वसंग्राहक ने गर्भको धारण किया है ? जिसमें सब इन्द्रादि देव रहकर परस्पर एकत्र

देखते हैं। ''उस विश्वकर्मा के गर्भ को सर्वप्रथम जलतत्त्वने धारण किया।'' उसमें इन्द्रादि सब देव एकत्र होते हैं। उस ''अजन्माकी नाभि में यह समस्त विश्व एक सम्यक् रूप से आश्रित है। अर्थात उसमें यह ब्रह्माण्ड है।'' जिसमें सब भूत प्राणि रहते हैं। हे मानुषो ! आप उसको नहीं जानते, जिसने इन समस्त लोकों और प्राणियों को उत्पन्न किया। उसके अन्तर्गत ईश्वरतत्त्व निश्चितरूप से पृथक् विद्यमान है। कोहरेसे घिरे हुए, अज्ञान–अन्धकार से ढके हुए केवल उदर भरण करके तृप्त होनेवाले और स्तुतिपाठक होकर, केवल मंत्रों का उच्चारण करके पृथिवी पर विचरते हैं। उनको ईश्वरतत्त्व का साक्षात्कार नहीं होता है।(ऋग्वेद 10.82.1–7)

## नासदीय सूक्त

ऋग्वेद 10.129.1–7 ।।प्रजापतिः परमेष्ठी । भाववृत्तम्। त्रिष्टुप

नासदीसीन्नो सदासीत तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्।
किमावर्रावः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीद्गहनं गभीरम्।।1।।
न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः।
आनीद्वात स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न परः किं चनास ।।2।।
तम आसीत तमसा गूळ्हमग्रे ऽप्रकेत सलिलं सर्वम्म इदम्।
तुच्छयेनाभ्वपिहितं यदासीत तपसस्तन्महिनाजायतैकम्।।3।।
कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनोसा रेतः प्रथमं यदासीत्।
सतो बन्धुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा।।4।।
तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषामधः स्विदासी 3 दुपरि स्विदासी 3 त्।।
रेतोधा आसन् महिमान आसन् त्स्वधा अवस्तात् प्रयतिः परस्तात्।।5।।
को अद्धा वेद क इह प्र वोचत् कुत आजाता कुत इये विसृष्टिः।
अर्वाग्देवा अस्य विसर्मनेनाऽथा को वेद यत आबभूव।।6।।
इयं विसृष्टिर्यत आबभूव यदि वा दधे यदि वा न ।
यो अस्याध्यक्षः ''परमे व्योमन्'' त्सो अङ्.ग वेद यदि वा न वेद।।7।।

नासदीय सूक्त बहुत ही रहस्यमय ढंग से ''परमव्योम का रहस्योद्घाटन'' करता है। नासदीय सूक्त के प्रारम्भ में कहा : प्रलयावस्थासे पहले न सत् था और न असत् था। उस समय लोक नहीं था। आकाश के पार भी कुछ नहीं था। उस समय सबको ढकने वाला क्या था ? अगाध और गम्भीर जल क्या था ? प्रलयावस्था में पंचभूतादि

सत् पदार्थ नहीं थे, न कुछ अभावरूप असत् ही था, ना आकाश था, ना लोक ही था ? उस समय न ही मृत्यु थी, न ही अमृत था।

सूर्य, चन्द्र के अभाव से रात्री और दिन का ज्ञान भी नहीं था। महामहाशून्य, महामहाअन्धकार रहा अथवा नहीं रहा। वायु से रहित दशा ने एक अकेला वह ही ''ब्रह्म अपनी शक्ति'' के साथ प्राण ले रहा था।'' उससे भिन्न कुछ नहीं रहा। ''सृष्टि से पूर्व प्रलय दशा में अन्धकार रहा या नहीं रहा। सभी अन्धकार से आच्छादित था। अज्ञात दिशामें और यह सब कुछ जल ही जल था।'' वह चारों और होने वाले सदसद्विलक्षण भाव से आच्छादित रहा एवं एक ब्रह्म तप के प्रभाव से हुआ। सर्वप्रथम परमेष्ठी–परमेश्वर के मन के अन्दर सृष्टि उत्पन्न करने की इच्छा उत्पन्न हुई। जिससे मन बीज अथवा कारण उत्पन्न हुआ। समूची सृष्टि का उपादान कारण भूत बीज हुआ। यह ब्रह्मरूपी सत् पदार्थ ब्रह्मरूपी असत् से पैदा हुआ।

ब्रह्म की बीज शक्ति से भोग्य और भोक्ता का एक युग्ल पैदा हुआ। इन्हीं भोग्य एवं भोक्ता से ही समस्त सृष्टि हुई। इनमें भोग्य निकृष्ट होने के कारण वह भोक्ता के अधीन हुई। यह सृष्टि कैसे और कहाँ उत्पन्न हुई, कोई नहीं जानता, क्योंकि इस रहस्य को जानने वाले विद्वानों का जन्म बाद में हुआ। यह सृष्टि जिससे पैदा हुई वह इसे धारण करता भी है अथवा नहीं, इसको हे विद्वन्, वही जानता है, जो ''परमव्योम–परमाकाश में रहता है, वही महासृष्टि एवं सृष्टि का अध्यक्ष है।'' अर्थात ''परमव्योम में रहनेवाला परब्रह्म परमेश्वर परमेष्ठी सृष्टि का कारण है। वह ही सृष्टि को पूर्णतया जानता है।''(ऋग्वेद 10.129.1–7)

## हिरण्यगर्भसूक्त

ऋग्वेद : 10.121.1–11 हिरण्यगर्भः प्रजापत्य । कः। त्रिष्टुप् ।

हिरण्यगर्भ समवर्तताग्रे भूतस्य जातः परि रेक आसीत्।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम ।।1।।
य आत्मदा बलदा यस्य विश्व उपासते प्राशिषं यस्य देवाः।
यस्य छायामतं यस्य मृत्युः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।2।।
यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक इन्द्राजा जगतो बभूव।
य ईशे अस्य द्विपदश्चुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।3।।

यस्येमे हिमवन्तो महित्वा यस्य समुदं रसया सहाहुः।
यस्येमाः प्रदिशो यस्य बाह कस्मै देवाय हविषा विधेम।।4।।
येन द्योरूग्रा पृथिवी च दृळहा येन स्वय स्तभितं येन नाकः।
यो अन्तरिक्षे रजसो विमानः कस्मै देवाय हविषा विधेम।।5।।
यं क्रन्दसी अवसा तस्तभाने अभ्यैक्षेतां मनसा रेजमाने।
यत्राधि सूर अदितो विभाति कस्मै देवाय हविषा विधेम।।6।।
आपो ह यद्बृहतीर्विश्वमायन गर्भं दधाना जनयन्तीरग्निम्।
ततो देवानां समवर्ततासुरेकः कस्मै देवनय हविषा विधेम।।7।।
यश्चिदापो महिना पर्यपश्यद् दक्षं दधाना जनयन्तीर्यज्ञम्।
यो देवेष्वधि देव एक आसीत कस्मै देवाय हविषा विधेम।।8।।
मा नो हिंसीज्जनिता यः पृथिव्या यो वा दिवं सत्यधर्मा जजान।
यश्चापश्चान्ता बृहतीर्जजान कस्मै देवाय हविषा विधेम।।9।।
प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परि ता बभूव।
यत् कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं पतयो रणीणाम्।।10।।

(हिरण्यगर्भसूक्त सरलार्थः "इस सृष्टि के सृजन से पहले हिरण्यगर्भ परमात्मा परब्रह्म विद्यमान था।" वह उत्पन्न समस्त जगत्का एकमात्र अद्वितीय स्वामी है। वही पृथिवी एवं अंतरिक्ष को धारण करता है। उस सुखदायी परमेश्वर की हम हवि के साथ उपासना पूजा करते हैं। हे अग्नि! आप प्रसन्न होकर मेरे स्तोत्र की भी इच्छा कर। हे उत्तम करनेवाले! आप समस्त लोकों को जाननेवाले हो। हे तेजस्वी अग्नि! आप यज्ञकर्ता यजमानके लिए यज्ञमें पधारें, आपका अनुकरण करके देव भी यज्ञ में आते हैं, यज्ञमान को यज्ञ फल देते हैं।

हे अग्नि! आप पृथिवी आदि सात स्थानों को व्यापनेवाला और मरणधर्म रहित अमर हैं। आपको यजमान पुरोडाश आदि हवि अपर्ण करता है, उस दानशील, उत्तमकर्मकर्ता दाता को अभिलषित समस्त प्रकार का भौतिक ऐश्वर्य प्रदान करें। हे अग्नि! जो आपको समिधा अर्पण करके संवर्द्धना करता है, उसको उत्तमवीर संतति एवं वर्धिष्णु सम्पत्ति दें। शेष मन्त्रों में भी अग्निसे विभिन्न कामनाएँ की गई हैं। हिरण्यगर्भ सूक्त का सबसे "अहम् मंत्र सृष्टिरचना से पूर्व परमेश्वर की उपस्थिति" का उल्लेख है।)

# पुरुषसूक्त

।। ऋग्वेद : 10.90.1–16 । अनुष्टुप, 16 नारायणः ।।

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात।
स भूमिं विश्वतो वृत्वा ऽत्यतिष्ठद्दशांगुलम्।।1।।
पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं भव्यम्।
उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिहति।।2।।
एतावानस्य महिमा ऽतो ज्यायाँश्च पूरूषः।
पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि।।3।।
त्रिपादूर्ध्व उदैत पुरुषः पादोऽस्येहाभवत् पुनः।
ततः विष्वङ्. व्यक्रामत् साशनानशने अभि।।4।।
तस्मद्विळजायत विराजो अधि पूरूषः।
स जातो आत्यरिच्यत पश्चाद्भूमिमथो पुरः।।5।।
यत पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत।
वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविः।।6।।
तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन पुरुषं जातमग्रतः।
तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये।।7।।
तस्माद्यज्ञात् सर्वहुतः संभृतं पृषदाज्यम्।
पशून ताँश्चक्रे वायव्यानारण्यान ग्राम्याश्च ये।।8।।
तस्माद्यज्ञात् सर्वहुत ऋच सामानि जज्ञिरे।
छन्दासि जज्ञिरे तस्माद्युजुस्तस्मदजायत।।9।।
तस्मादश्वा अजायन्त ये के चोभयादतः।
गावो ह जज्ञिरे तस्मात तस्माज्जाता अजावयः।।10।।
यत पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन्।
मुखं किमस्य कौ बाहू का ऊरू पादा उच्येते।।11।।
ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्वाहू राजान्यःकृतः।
ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भयां शूद्रो अजावत।।12।।
चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत।
मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च प्राणाद्वारयुरजात।।13।।
नाभ्या आसीदन्तरिक्षं शीर्ष्णो द्योः समवर्तत।
पद्भयां भूमिर्दिशः श्रोत्रात् तथा लोकाँ अकल्पयन्।।14।।

सप्तास्यासन् परिधयस्त्रिः सप्त समिधः कृताः।
देवा यद्यज्ञं तन्वाना अबध्नू पुरुषं पशुम्।।15।।
यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्।
से ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवा।।16।।

(श्री पुरुष सूक्त में सहस्रसिर, सहस्रनेत्र, सहस्रपाद के माध्यम से अव्यक्त, निराकार, निर्गुण, निष्कल, निष्काम आदि परब्रह्म परमेश्वर को सम्बोधित किया है। वैदिक द्रष्टा ऋषि ने बहुत सहज रूप से निराकार अव्यक्त को अनन्त सिरवाला कहा है। आर्षग्रन्थों के अध्येता इसका सम्बन्ध परमव्योम की महासृष्टि से जोड़कर देखते हैं। यह स्पष्ट है कि वेदकाल उनतालीस वर्ष पहले परमव्योम महाकाश में अनेक ब्रह्माण्ड और परमेष्ठी का सिद्धान्त प्रतिपादित किया गया। पुरुषसूक्त विराट् पुरुष की व्याख्या की कुंजी है। परमपुरुष परमेश्वर के हजारों मस्तक, हजारों आँखे, हजारों पाँव आदि हैं। यह विराट् स्वरूप कल्पनातीत है। वह भूमि के चारों ओर घेरकर रहा है। वह दश अंगुल रूप इस अल्प सृष्टि को व्यापकर बाहर भी है। जो भूतकाल में हुआ और जो वर्तमानकला में है, तथा जो भविष्यकाल में होने वाला है, वह सभी यह विराट् पुरुष ही है। वह विराट् पुरुष अमरत्व मोक्षका स्वामी है। वह अन्न से बढ़ता है। इस पुरुष की इतनी विशाल महिमा है। यह अन्न अध्यात्मिक है।

इससे एक बड़ा और एक श्रेष्ठ पुरुष है। इस विश्वके सभी भूतमात्र में जो है वह सभी इसके चरणवत् है। इसके तीनचरण दिव्यलोक में अमृतरूप हैं। त्रिपाद पुरुष ऊपर द्युलोक में रहा है। इस पुरुष का एक भाग विश्व के रूप में पुनः–पुनः उत्पन्न पैदा होता रहता है। पश्चात्, उसने अन्न खानेवाले और अन्न नहीं खानेवाले विश्वको चारों तरफ से व्याप लिया।

''उस परमेश्वरसे विराट् पुरुष उत्पन्न हुआ। विराट् के ऊपर एक अधिष्ठाता पुरुष हुआ। वह उत्पन्न होकर विभक्त होने लगा।'' प्रथम भूमि आदि गोल हुए अनन्तर उसपर के शरीर हुए। जब देवों ने विराट्पुरुषरूपी हवि ने यज्ञ करना शुरू किया तब वसंत ऋतु इस यज्ञ में घी का कार्य करता था; ग्रीष्म ऋतु ईंधन एवं शरद ऋतु हवि हुआ था। जब उत्पन्न हुए यजनीय विराट् पुरुष को यज्ञ में प्रोक्षण करके जो देव साध्य और ऋषि थे, उन्होंने इस विराट् पुरुष से यज्ञ चलाया था।

उस सर्वहुत यज्ञ से दही के साथ मिला घी प्राप्त हुआ। वायु में उड़नेवाले पक्षी एवं वायु देवताके जंगल में रहनेवाले उन पशुओं को ग्राम्य पशु बनाये।

उस सर्वहुत यज्ञसे ऋग्वेदके मंत्र तथा सामगान बने। छन्द अर्थात अथर्ववेद के मंत्र एवं यजुर्वेद के मंत्र भी उसीसे उत्पन्न हुए। सर्वहुत यज्ञ से घोड़े पैदा हुए। वे दोनों ओर दांतवाले रहे। ''यहाँ अश्व का अध्यात्मिक, अधिदैविक, ब्रह्मस्वरूप अर्थ है।'' उसीसे गोमाता, बकरियाँ, भेड़ आदि उत्पन्न हुए। यहाँ जिस पुरुष का वर्णन है, उसकी कितने प्रकार की परिकल्पना है ? उसका मुख क्या है ? उसकी आँखें कौनसी हैं ? उसके पैर क्या हैं ? यह प्रश्न उठ खड़ा हुआ।

इस विराट् पुरुष का मुख ब्रह्म जाननेवाले ज्ञानी का है। इसकी बाहु शूर पुरुष की हैं। उसकी जंघा वाणिज्य करनेवालों की है। अंत में इसके पांव सेवा करनेवाले सूत हैं। परमात्मा के मनसे चन्द्रमा का प्रादुर्भाव हुआ। परमेश्वर के चक्षुसे सूर्य हुआ। उनके मुँह से इन्द्र, अग्नि हुए और प्राणसे वायु उत्पन्न हुआ। नाभिसे अन्तरिक्ष हुआ है। द्युलोक सिर से हुआ है। पैरों से पृथिवी भूमि हुई, कर्णों से दिशाएँ हुई। यह विराट् पुरुष की परिकल्पना है। ''इस यज्ञ की सात परिधियाँ थी और तीन गुना यानी इक्कीस समिधायें थी।'' देव इस यज्ञ को फैला रहे थे। इसमें पुरुषरूपी पुरुषको बांधते थे। यह वाक्य रहस्य गहराता है। देवों ने यज्ञपुरुष के साधन से यज्ञ प्रारम्भ किया। वे प्रारम्भ के धर्मश्रेष्ठ थे। ये धर्माचरण करनेवाले–यज्ञधर्म का आचरण करनेवाले पूर्व समय के साधनसम्पन्न यज्ञ करनेवालों के साथ रहते थे। वे ही धर्मात्मा महात्मा निश्चयसे उसी सुखपूर्ण स्थान में जाकर रहने लगे।)।

## मार्तण्ड सूर्य जन्म वर्णन

## ऋग्वेद 10.72.1–9

लौक्यो बृहस्पतिः, बृहस्पतिरांगिरसो या दाक्षायणी अदितिर्वा। देवः। अनुष्टुप् छन्द्

देवानां नु वयं जाना प्र वोचाम विपन्यया।
उक्थेसु शस्यमानेसु यः पश्यादुत्तरे युगे।।1।।
ब्रह्मणस्परिरेता सं कर्मार इवाधमत्।

देवानां पूर्व्ये युगे ऽसतः सदजायत।।2।।
देवानां युगे प्रथमे ऽसतः सदजायत।
तदाशा अन्वजायन्त तदुत्तानपदस्परि।।3।।
मूर्जज्ञ उत्तानपदो भुव आशा अजायन्त।
अदितेर्दक्षो अजायत दक्षाद्वदितिः परि।।4।।
अदितिर्ह्यजनिष्ट दक्ष या दुहिता तव।
तां देवा अन्वजायन्त भद्रा अमृतबन्धवः।।5।।
यद्देवा अदः सलिले सुसंरब्धा अतिष्ठत।
अत्रा वो नृत्यताभिव तीव्रो रेणुरपायत।।6।।
यद्देवा यतयो यथा भुवनान्यपिबन्त।
अत्रा समुद्र आ गूळहमा सूर्यजभर्तन।।7।।
अष्टौ पुत्रसो अदितिर्ये जातास्तन्व 1 स्परि।
देवाँ उप प्रैत् सप्तभिः परा मार्तण्डमास्यत्।।8।।
सप्तभिः पुत्रैरदितिरूप प्रैत् पूर्व्यं युगम्।
प्रजायै मृत्यवे त्वत् पुनर्मार्ताण्डमाभरत्।।9।।

(मण्डल 10 के इस बहत्तरवें सूक्त में मार्तण्ड सूर्य जन्म कथा और अदिति मूलतत्त्व दहन का रहस्योद्घाटन चकित करता है। सूक्तानुसार ब्रह्माण्डके नियंताने देवों के दो वर्गों को सृजित करनेवाले मूलभूत तत्त्वों का दहन किया। परिणामतः देवों की रचना हुई। उन्हें दो भागों में विभाजित किया। अदिति के आठ पुत्रों में से मार्तण्ड को हमारे ब्रह्माण्ड में स्थापित किया गया। इसी सूक्त में नक्षत्रों की उत्पत्ति की प्रक्रिया का वर्णन है। सूक्तानुसार सूर्य से ही सौरमण्डल में नक्षत्रों पृथ्वी की उत्पत्ति हुई। सूक्तका सरलार्थ : हम देवों आदित्यों के जन्मों का स्पष्टरूप से वर्णन करते हैं।'' जो देवों का संघ पहले से वेद मंत्रों के स्तोत्रों से यज्ञानुष्ठान स्थापित होता है, वह आनेवाले काल में स्तोता का साक्षात दर्शन करेगा। बृह्मणस्पति या अदिति ने कुशल रचियता के समान इन देवों को उत्पन्न किया। देवों के पूर्व युग में ''आदिसृष्टि में असत् से सत् पैदा हुआ। देवों के पूर्व युग में असत् से ही सत् उत्पन्न हुआ था।'' इसके पश्चात दिशाएँ और वृक्ष उत्पन्न हुए। इसका अगला मंत्र भौचक्का करता है। पृथिवी से दिशाएँ पैदा हुई। अदिति से दक्ष का जन्म हुआ और दक्ष से अदिति जन्मी। यह मन्त्र उलटबांसी है।

हे दक्ष! आपकी पुत्री अथवा जननी अदितिने देवों को जन्म दिया। पहले अदिति को दक्ष की माता कहा है। उससे पूजनीय एवं अमरदेव पैदा हुए। जिस समय, हे देवों, तुम जलमें उत्तमरीति से स्थित हुए, तब नृत्य करते हुए, मोद करते हुए आपका दुःसह अंशभूत एक आदित्य ऊपर आया। हे देवो, जैसे मेघ वृष्टि से भूमि को पूरित करते हैं; उसीप्रकार आपने अपने तेजों से समस्त जगत् को व्याप्त किया। ''उस समय जल में, आकाश में, सुप्त सूर्य को, प्रातःकाल में उदित होने के लिए आवाहित किया।'' अदिति के आठ पुत्र–मित्र, वरुण, धाता, अर्यमा, अंश, विवस्वान, आदित्य आदि उत्पन्न हुए। अदिति सात पुत्रों के साथ देवों के पास गई और आठवां पुत्र मार्तण्ड सूर्यको आकाश में छोड़ दिया। मार्तण्ड का एक अर्थ मृत अण्ड भी है। यानी देवी अदिति सात पुत्रों को लेकर परमाव्योम पूर्वकाल में चली गई। सूर्यों की महासृष्टि का संकेत करती है। अर्थात महाब्रह्माण्ड में अनेक सूर्य हैं। हमारी सृष्टि अथवा ब्रह्माण्ड में एक सूर्य हैं। सृष्टि प्राणियों के जन्म–मरण के लिए ही फिर सूर्य को आकाश में धारण करती है।) ।।ऊँ।।

## सृष्टि रचना : अघमर्षण सूक्त

ऋतं च सत्यं चाभीद्धात् तपसोऽध्यजायत।

ततो रात्र्यजायत ततः समुद्रो अर्णवः।।1।।

समुद्रादर्णवादधि संवत्सरो अजायत।

अहोरात्राणि विदद्विश्वस्य भिषतो वशी।।2।।

सूर्यचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वकल्पयत्।

दिवं च पृथिवीं चाऽन्तरिक्षमयो स्वः ।।3।।

ऋग्वेद दशम मण्डल; सूक्त 190; माधुच्छन्दसोऽघमर्षण;भाववृत्तम्

ऋग्वेद के दशम मण्डल के 190 वें सूक्त के ऋषि अघमर्षण हैं। वे महर्षि मधुच्छन्दा के पुत्र हैं। अघमर्षण सूक्त के देवता सृष्टि है। अर्थात सूक्त का विषय सृष्टि रचना है। तीन ऋचाओं में सृष्टि रचना के गूढ़तम रहस्य को संजोया गया है। सूक्तानुसार परमेष्ठी के महान दीप्तिमान् तप से ऋत और समय उत्पन्न हुए। दूसरे शब्दों में यज्ञ एवं सत्य पैदा हुए। इसके बाद प्रलय रूपी रात्री हुई। उस समय तेज पुँज से परिपूर्ण आपः पैदा हुआ। यहाँ तेज पुँज को अर्णव और आपः की संज्ञा दी गई। वैसे केतु को भी अर्णव कहा गया है। यह स्मरण रहे कि आपः ज्योति है, रस है, अमृत है, ब्रह्म है, भू भूर्वः स्वः है, ओम् है। आपो ज्योती रसोऽमृत ब्रह्म भुभुर्वः स्वरोम्। अघमर्षण ऋषि अहोरात्र का वर्णन कर रहे हैं। परमेष्ठी के महान तप, प्रलयंकर अहोरात्र, समुद्र और अर्णव अध्यात्मिक तात्त्विक अर्थ की व्याख्या आवश्यक है।

परमव्योम के दिव्य आपः के ब्रह्माण्डीय महासागर सलिल में संवत्सर की उत्पत्ति हुई। संवत्सर अर्थात वर्ष में पूरा होनेवाला मार्ग है। प्रकारान्तर में परब्रह्म ने निमेषोन्मेष करनेवाले (क्षण में पलकों को झपकानेवाले) जगत् को वश में करने के लिए दिन और रात्रि की रचना की। सभी को धारण करने वाले धाता परमेष्ठी ने सूर्य, चन्द्रमा, द्युलोक एवं पृथिवीलोक, अन्तरिक्ष और सुखलोक (परमधाम) की पहले के समान रचना की। यह स्वयं स्पष्ट है कि पूर्व काल में भी परब्रह्म ने इसी प्रकार सृष्टि की रचना की।।।ऊँ।।

# मर्त्यलोक पृथिवी : मृत्यु अन्त्येष्टि

## मृत्युसूक्त

ऋग्वेद के मृत्युसूक्त के तीन भाग (ऋचा 1–7; 8–9; 10–14) किये जा सकते हैं। ऋचा एक से सात तक के पहले विभाग का स्थल

ही में मृत व्यक्ति के घर के बाहर का आँगन ही प्रतीत होता है। मृत व्यक्ति के शव को घर के बाहर निकालकर अन्त्येष्टि भूमि की ओर ले जाने से पहले पहली ऋचा में मृत को लेने के लिए घर में प्रविष्ट मृत्यु से प्रार्थना की गई है कि वह अन्य किसी भी व्यक्ति को ठेस पहुँचाए बिना आए हुए मार्ग से सीधे लौट जाने की कृपा करे। दूसरी ऋचा में मृत के अन्तिम संस्कार सम्पन्न करनेवाला ऋत्विज उस घर के पुरुषों–स्त्रियों को आदेश देता है कि मृत्यु के पदचिन्हों को नष्ट करके पुनीत होकर अपनी अवशिष्ट, दीर्घ आयु के उपयोग के लिए वे अपने यर्ज्ञकर्म पूर्ववत् चालू रखें। तीसरी ऋचा में वे शब्द उद्धृत किए गए हैं जिनका यज्ञकर्मों में उच्चारण करना यज्ञकर्ताओं के लिए आवश्यक होता है।

चौथी ऋचा में अन्त्येष्टि संस्कार करनेवाला ऋत्विज लौटी हुई ''मृत्यु के मार्ग पर प्रतिबन्धक के रूप में पत्थर रख देता है ताकि मृत्यु फिर से वापस नहीं आ पाए। इस रूप में मृत्यु का निवाले बने व्यक्ति के साथ उसके जीवित सम्बन्धियों के सम्पर्क सूत्र को नष्ट कर देता है।'' इसके उपरान्त आगामी दो ऋचाओं में धाता एवं त्वष्टा से प्रार्थना करता है कि मृत्यु अनिवार्य होते हुए भी वह अन्य बान्धवों को उनकी आयु क्रम के अनुसार ही अपने वश में कर ले।

इस तरह पुरुष–मण्डली को शुद्ध करके उसे अपने–अपने नित्य कर्मों में प्रवृत्त करने के उपरान्त ऋत्विज घर की सुहागिनों को आदेश देता है कि वे मृतक के लिए शोक को संयत करके अपने नियत कार्य पूर्ववत् चाले रखें।

दूसरे विभाग की दो ऋचाएँ मृतक की धर्मपत्नी से उत्तराधिकार के सम्बन्ध में स्वयं मृत व्यक्ति से कही गई हैं। इन दोनों ऋचाओं के लिए संकल्पित स्थल श्माशान ही होगा(अतः श्मशान में मृतक की पत्नी और दूसरी नारियाँ उपस्थित रही थी।)। मृत देह की अन्त्येष्टि के समय शववाहकों एवं ऋत्विज के साथ पत्नी आदि वहाँ पहुँची। ऋत्विज एवं उसके साथ आए हुए व्यक्ति मृतक की पत्नी को यह कहकर लौटाते हैं, ''जब तक यह व्यक्ति जीवित रहा तब तक आपने अपने पत्नी–व्रत उचित ढंग से निर्वहन किया है। अतः इसके मृत होने के बाद आपको

इसके साथ जाने की आवश्यकता नहीं है। इसलिए इस शव स्थल से दूर होकर जगत् में अपनी शेष आयु बिताओ।''

इससे स्पष्ट सिद्ध होता है कि वेदकाल में पति की मृत्यु के बाद पत्नी पति के साथ आत्मोसर्ग (सती) नहीं होती थी, बल्कि शेष जीवन आमतरह व्यतीत करती थी। अन्त्येष्टि स्थल पर ही मृतक के प्रति शोक को संयत कर दैनिक कार्य यथावत जारी रखने का आदेश है। अन्त्येष्टि के समय मृत व्यक्ति को पुत्र अथवा निकट सम्बन्धी द्वारा उसके बल, धर्य आदि गुणों को आत्मसात् किए जाने के प्रतीक के रूप में मृतक के हाथ में धनुष्य रखकर उसे वश में किया जाता रहा।

मृत्यु सूक्त का तीसरा विभाग मृतक की अस्थियों (शरीर) को भूमि को समर्पित करने का है। अन्तिम ऋचा में और्ध्वदेहिक करनेवाला ऋत्विज वाणी के द्वारा मृत व्यक्ति से और उसके माध्यम से मृत्यु से अब तक बने अपने सम्बन्धों को तोड़कर उससे मुक्त होता है। वैदिककाल में अशौचनिवृत्ति घर के बाहर प्रेत निकालने के उपरान्त होती थी। वेदकाल में मृतक को पृथिवी में समाधि प्रदान करने का प्रचलन रहा। यद्यपि शवदाह भी सम्पन्न होता रहा।

## ऋग्वेद : मृत्यु–अन्त्येष्टि सूक्त

परं मृत्यो अनु परेहि पन्थां यस्ते स्व इतरो देवयानात।

चक्षुष्मते शृण्वते ते ब्रवीभि मा नः प्रजां रीरिषो मोत वीरान्।।1।।

मृत्योः पदं योपयन्तो यदैत द्राधीय आयुः प्रतरं दधानाः।

आप्यायामानाः प्रजया धनेन शुद्धाः पूता भवत यज्ञियासः।।2।।

इमे जीवा वि मृतैराववृत्रन्नभूद्भद्रा देवहूतिर्नो अद्य।

प्रांचो अगाम नृतये हसाय द्राघीय आयुः प्रतरं दधानाः।।3।।

इवं जीवेभ्यः परिधिं दधामि मैषां नु मादपरो अर्थमेतम्।

शतं जीवन्तु शरदः पुरूचीरन्तर्मृत्यं दधतां पर्वतेन।।4।।

यथाहान्यनुपूर्वं भवन्ति यथ ऋतव ऋतुभिर्यन्ति साधु।

यथा न पूर्वमपरो जहात्येवा धातरायूंषि कल्पयैपाम्।।5।।

आ रोहतायुर्जरसं वृणाना अनुपूर्वं यतमाना यति ष्ठ।

इह त्वष्टा सुजनिमा सजोषा दीर्घमायुः करति जीवसे वः।।6।।

इमा नारीरविधवाः सुपत्नीरांजनेन सर्पिषा सं विशन्तु।

अनश्रवोऽनमीवाः सुरत्ना आ रोहन्तु जनयो योनिमग्रे।।7।।

उदीर्ष्व नार्यभि जीवलोकं गतासुमेतमुप शेष एहि।

हस्तग्राभस्यं दिधिषोस्तवेदं पत्युर्जनित्वमभि सं बभूथ।।8।।

धनुर्हस्तादाददानो मृतस्याऽस्मे क्षत्राय वर्चसे बलाय।

अत्रेव त्वमिह वयं सुविरा विश्वाः स्पृधो अभिमातीर्जयेम।।9।।

उप सर्व मातरं भूमिमेतामुरूव्यचसं पृथिवीं सुशेवाम्।

ऊर्णम्रदा युवतिर्दक्षिणावत एषा त्वा पातु निऋतेरूपस्थात्।।10।।

उच्छ्वंचस्व(उत्श्वंचस्व) पृथिवी मा नि बाधथाः सूपायनास्मै भव सूपवंचन।

माता पुत्रं यथा सिचा ऽभ्येनं भूम ऊर्णहि।।11।।

उच्छ्वंचमाना पृथिवी सु तिष्ठतु सहस्रं मित उप हि श्रयन्ताम्।

ते गृहासो घृतश्चुतो भवन्तु विश्वाहास्मै शरणाः सन्त्वत्र।।12।।

उत् ते स्तभ्नाभि पृथिवीं त्वत् परीमं लोगं निदधन्मो अहं रिषम्।

एतां स्थूणां पितरो धारयन्तु तेऽत्रा यमः सादनाते मिनोतु।।13।।

प्रतीचीने मामहनीष्वाः पर्णमिवा दधुः।

प्रतीचीं जगभ्रा वाचमश्वं रशनया यथा।।14।।

(ऋग्वेदः मण्डल–10; सूक्त–18; ऋषि–संकुसुको यामायनः; देवता–मृत्युः, धाता, त्वष्टा, पितृमेधः, प्रजापतिर्वा; छन्दः–त्रिष्टुप, प्रस्तारपङ्क्तिः, जगती, अनुष्टुप)

ऋग्वेद के दशम मण्डल का अट्ठारवाँ सूक्त ''अन्त्येष्टि'' नाम से सुविख्यात है। इसके विषयों में ''मृत्यु एवं पितृमेध'' सम्मिलित हैं। इसकी चौदह ऋचाओं में से चार का विषय मृत्यु एवं आठ का विषय पितृमेध है। सूक्त के ऋषि का संकुसुको यामायन नाम भी रहस्यपूर्ण है (विद्वानों के अनुसार याम पहर, दिन का आठवाँ भाग है और अयनम् का अर्थ जाना, पथ, घर आदि है।)।

हे मृत्यु! आप सबसे भिन्न मार्ग से जाऐं। कृपया दूसरे मार्ग का अनुसरण करें। आप देवयान से इतर पथ से गमन करें। हे सभी कुछ सुननेवाले एवं चक्षुवान! आपसे विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि हमारे पुत्र–पुत्री–पौत्र आदि को और वीरों को भी नहीं मारना। मृत्यु के कारण मार्ग को छोड़कर चलनेवालो दीर्घ एवं उत्तम आयुष्य धारण करनेवाले होते हैं। हे यज्ञशीलों! आप प्रजा एवं धन से युक्त होकर शुद्ध और पवित्र बन कर रहो।

ये जीवित मनुष्य मृत बन्धुजनों से घिरकर नहीं रहें। आज हमारा पितृमेध यज्ञ कल्याणकर हो। अनन्तर हम उत्तम दीर्घायुष्य धारण करनेवाले होकर नृत्य एवं हास्य–आनन्द के लिए पूर्व दिशा की ओर मुख करके आगे के मार्ग पर अग्रसित हों। इस पाषाण की स्थापना जीवनधारी मानवों की रक्षा के लिए करता हूँ। ये मानव शत–शत वर्षों तक जीवित रहें। इसलिए पाषाण से मृत्यु को दूर करता हूँ।

वर्ष के दिन और ऋतुएँ क्रम से होते हैं। पूर्व विद्यमान पितरों आदि को आधुनिक सन्तान नहीं त्यागती है। इसी तरह धारणकर्ता परमेष्ठी! इनका दीर्घ आयुष्य कर।

हे संतानादि! आप वृद्ध होते हुए आयु में अधिष्ठित रहो। आप क्रम से प्रयत्नशील रहो। इस लोक में कुलीन त्वष्टा आप सभी को दीर्घ आयु प्रदान करें। ये सधवा एवं श्रेष्ठ नारियाँ घृतांजन से सुशोभित होकर गृहप्रवेश करें। वे अश्रुरहित, नीरोग एवं आभूषणों से सुसज्जित करके ससम्मान पहले गृह में आवें।

''हे नारी! आप जीवितों का विचारकर यहाँ से उठो। आपका पति मृत है। आप इसके पास व्यर्थ में ही शयन कर रही हो। इधर

आवो, पाणिग्रहण करनेवाले एवं पोषण करनेवाले आपके पालक पति को छोड़कर। आप इस सन्तान को लक्ष्य करके उससे मिलकर रहें।''

हम मृत व्यक्ति के हाथ से धनु–आयुध लेकर कहते हैं कि लोक रक्षण के लिए आवश्यक तेज एवं शक्ति प्राप्त हो। हम विश्व में उत्तम सन्तानवाले हों और अपने आन्तरिक एवं बाह्य शत्रुओं को विजित करें।

मृत व्यक्ति इस मातृस्वरूपिणी, विस्तार्ण, सर्वव्यापिनी, सर्पराज्ञी एवं सुखदायी भूमाता की शरण में जाओ। यह उनके समान मृदु एवं दान देनेवाले की चिरयुवाँ स्त्री सरीखी सर्वस्वामिनी है। यह पृथिवी आपकी पाप आचरण से रक्षा करे। हे पृथिवी! इसे उच्च स्थान पर ले जा। इसे कष्ट नहीं देना। आप मृतक का अच्छी रीति से सुस्वागत करनेवाली और सुख से समीप रहनेवाली होओ। हे भूमि! जैसे माता सन्तान को अंचल से ढकती है, वैसे ही इसे सभी ओर से आच्छादित कर (ऋग्वेद काल में पंचतत्त्वों की काया को पंचतत्त्व–पृथिवी में विलीन करने, समाधि दिलवाने की समृद्ध परम्परा रही। वैदिक संस्कृति का ही विस्तार वेद परवर्त्ती धर्म संस्कृतियों–माया, इंका, आहड़, गवल, जैन, बौद्ध, ताओ–लाओत्से, शिन्तो, ग्रीक, असीरियायी, सुमेरियायी, मिस्री, हित्ति, पारस, रोम, यहूदी, क्रिस्तान, इस्लाम, बहाई में शव को पृथिवी माता की गोद में शरण देना प्रचलन में आया। भारतीय सन्त परम्परा में गुरू को समाधिस्थ करने का चलन है।)।

मृत देह को आच्छादित करनेवाली पृथिवी भली भांति अवस्थित हो और सहस्रों धूलियाँ इसके ऊपर आश्रय लें। वे घृतपूर्ण के गृह के समान हो एवं इसके लिये यहाँ सुखदायक आश्रय हो।

आपके ऊपर भूमि को उत्तम रीति से योजित करता हूँ। आपके ऊपर हम लोढ़ा–पत्थर शिला रखते हैं। हम आपको इससे कष्ट नहीं देते हैं। आपके इस टेक को पितर धारण करें। यहाँ यम (मृत्यु देव) आपके लिये निवासस्थान कर दें (मृतक को पितरों में सम्मिलित करने की प्रक्रिया का आह्वान करने का संकेत है। मृत के समाधि स्थल की पहचान के लिए पाषाणखण्ड रखने का विवरण है। वैदिक सूक्त के

अनुरूप प्राचीन माया, इंका, पारस आदि एवं पिरामिड में समाधि मिलती हैं।)।।ऊँ।।

## ऋग्वैदिक द्यावापृथिवी सूक्त : द्यावापृथिवी देव रक्षित द्यावापृथिवी की जीवनशक्ति सूर्य

प्र द्यावा यज्ञैः पृथिवी ऋतावृधा मही स्तुषे विदथेष प्रचेतसा।

देवेभिर्ये देवपुत्रे सुदंससेत्था धिया वार्याणि प्रभूषतः।।1।।

उत मन्ये पितुरद्रुहो मनो मातुर्महि स्वतवस्तद्धवीमभिः।

सुरेतसा पितरा भूम चक्रतुरूरू प्रजाया अमृतं वरीमभिः।।2।।

ते सूनवः स्वपसः सुदंससो मही जज्ञुर्मातरा पूर्वचित्तये।

स्थातुश्च सत्यं जगतश्च धर्माणि पुत्रस्य पाथः पदमद्वयाविनः।।3।।

ते मायिनो ममिरे सुप्रचेतसो जामी सयोनी मिथुना समोकसा।

नव्यंनव्यं तन्तुमा तन्वते दिवि समुद्रे अन्तः कवयः सुदीतयः।।4।।

तद् राधो अद्य सवितुर्वरेण्यं वयं देवस्य प्रसवे मनामहे।

अस्मभ्यं द्यावापृथिवी सुचेतुना रयिं धत्तं वसुमन्तं शतग्विनम्।।5।।

(ऋग्वेद : प्रथम मण्डल; सूक्त–159; ऋषि–दीर्घतमा औचथ्य; देवता–द्यावापृथिवी; छन्द–जगती)

ते हि द्यावापृथिवी विश्वशंभुव ऋतावरी रजसो धारयत्कवी।

सुजन्मनी धिषणे अन्तरीयते देवो देवी धर्मणाः सूर्यः शुचिः।।1।।

उरूण्यचसा महिनी असश्चता पिता माता च भुवनानि रक्षतः।

सुधृष्टमे वपुष्ये 3 न रोदसी पिता यत् सीमभि रूपैरवासयत्।।2।।

स वह्निः पुत्रः पित्रोः पवित्रवान् पुनाति धीरो भुवनानि मायया।
धेनुं च पृश्निं वृषभं सुरेतसं विश्वाहा शुक्रं पयो अस्य दुक्षत।।3।।
अयं देवानामपसामपस्तमो यो जजान रोदसी विश्वशंभुवा।
वि यो ममे रजसी सुक्रतूयया ऽजरेभिः स्कम्भनेभिः समानृचे।।4।।
ते नो गृहाने महिनी महि श्रवः क्षत्रं द्यावापृथिवी घासथो बृहत्।
येनाभि कृष्टीस्ततनाम विश्वहा पनाय्यमोजो अस्मे समिन्वतम्।।5।।

(ऋग्वेद : मण्डल–प्रथम; सूक्त–160; ऋषि–दीर्घतमा औचथ्य; देवता–द्यावापृथिवी; सूक्त–जगती)

ऋषि उचथ्य एवं ऋषिका ममता के ब्रह्मज्ञानी सुपुत्र इन दोनों सूक्तों के मन्त्र द्रष्टा हैं। इन दोनों ही सूक्तों में द्युलोक और पृथिवीलोक के गूढ़ रहस्य को उजागर किया है। प्रथम सूक्त के अनुसार द्युलोक एवं पृथिवीलोक देवों द्वारा रक्षित हैं, अर्थात् उनकी संतान के समान हैं। ये दोनों अपने कर्मों और बुद्धियों से सभी को उत्तमोत्तम ऐश्वर्यों से भूषित करते हैं। संतान का कर्तव्य है कि वह अपने माता पिता के मन को अपने उत्तम आचरणों से हमेशा प्रसन्न रखे। साथ ही माता पिता को चाहिए कि वे अपनी संतान से द्रोह नहीं करे। अपनी रक्षण शक्तियों द्वारा प्रजा की उन्नति करनी चाहिए और उनका यह सर्वश्रेष्ठ काम बहुत विस्तृत है।

ये द्युलोक एवं पृथिवीलोक स्थावर एवं जंगमरूप अपनी सभी संतानों का हर तरह से पालन पोषण और रक्षण करते हैं। उधर उत्तम कर्म करनेवाली गुणवान् संतान अपने संरक्षकों को हर प्रकार से प्रसन्न रखने का प्रयत्न करती हैं। मन्त्र द्रष्टा ऋषि ने द्युलोक में स्थित सूर्य देवता की तुलना सर्वश्रेष्ठ जुलाहे से की है। सूर्य देवता अपनी रश्मियाँ रूपी ताने बाने से प्रकाशरूपी वस्त्र बुनता रहता है। वह प्रकाशरूपी वस्त्र से द्युलोक एवं पृथिवी लोक को ढक लेता है (ब्रह्माण्ड को प्रकाशित करता है।)। ये द्युलोक एवं पृथिवीलोक पृथक्–पृथक् होते हुए भी एक

स्थान सगी संतान (बहिनों) की तरह रहते हैं। इसी का अनुसरण मानवों को करना चाहिए, वे मिलजुलकर रहें (ऋग्वेद 1.159.1–5)।

ये द्यावापृथिवी संसार को सुख देनेवाले, जल वर्षा करनेवाले, ज्ञानियों को धारण करनेवाले हैं। इनके मध्य सूर्यदेवता परिभ्रमण करता है।

सूर्यदेवता पृथिवीलोक की जीवनशक्ति है। उससे जीवनशक्ति लेकर प्राणी जीवित रहते हैं। यदि सूर्य नहीं हो तो समस्त संसार का विनाश होना सुनिश्चित है। सूर्य अपनी किरणों से सभी लोकों को पवित्र करता हुआ चलता है। दूसरे शब्दों में वह आकाश से जल वर्षा करवाकर प्राणीमात्र, वनस्पति को पुष्ट करता है।

इस सूर्य देवता ने द्यावापृथिवी को उत्पन्न किया और सुदृढ़ किया। इसीलिए उत्तम कर्म करनेवाले देवों में सूर्य अग्रगण्य है और सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम, सर्वश्रेष्ठ कर्म करनेवाला है। ये द्यावापृथिवी हमारी स्तुति से प्रसन्न होकर शक्ति प्रदान करे। हम प्रजा विस्तार के कार्यों में समर्थ हों, अर्थात् हम मनुष्यों को उन्नत करने के कार्य में समर्थ हों। इस उत्तम कार्य हेतु हमें प्रतिदिन सद् प्रेरणा मिलती रहे (ऋग्वेद 1.160. 1–5)।

## द्यावापृथिवी उत्पत्ति रहस्य!

कतरा पूर्वा कतरापरायोः कथा जाते कवयः को वि वेद।

विश्वं त्मना बिभृतो यद्ध नाम वि वर्तेते अहनी चक्रियेव।।1।।

भूरिं द्वे अचरन्ती चरन्तं पद्वन्तं गर्भमपदी दधाते।

नित्यं न सूनुं पित्रोरूपस्थे द्यावा रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।2।।

अनेहो दात्रमदितेरनर्व हुवे स्वर्वदवधं नमस्वत्।

तद् रोदसी जनयतं जरित्रे द्यावा रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।3।।

अतप्यमाने अवसावन्ती अनु ष्याम रोदसी देवपुत्रे।

उभे देवानामुभयेभिरह्नां द्यावा रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।4।।

संगच्छमाने युवती समन्ते स्वसारा जामी पित्रोरूपस्थे।

अभिजिघ्रन्ती भुवनम्य नाभिं द्यावा रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।5।।

उर्वी सद्मनी बृहती ऋतेन हुवे देवनामवसा जनित्री।

दधाते ये अमृतं सुप्रतीके द्यावा रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।6।।

उर्वी पृथ्वी बहुले दूरेअन्ते उंप ब्रुवे नमसा यज्ञे अस्मिन्।

दधाते ये सुभगे सुप्रतूर्ती द्यावा रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।7।।

देवान वा यच्चकृमा कच्चिदागः सखायं वा सदमिज्जास्पतिं वा।

इयं धीर्भूया अवयानमेषां द्यावा रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।8।।

उभा शंसा नर्या मामविष्टामुभे मामूती अवसा सचेताम्।

भूरि चिदर्यः सुदास्तरायेषा मदन्त इषयेम देवाः।।9।।

ऋतं दिवे तदवोचं पृथिव्या अभिश्रावाय प्रथमं सुमेधा।

पातामवद्यवाद् दुरितादभीके पिता माता च रक्षतामवोभिः।।10।।

इदं द्यावापृथिवी सत्यमस्तु पितर्मातर्यदिहोपब्रुवे वाम्।

भूतं देवानामवमे अवोभिर्विद्यामेषं वृजनं जीरदानुम्।।11।।

(ऋग्वेद : मण्डल– प्रथम; सूक्त– 185; ऋषि– अगस्तयो मैत्रावरूणि; देवता–द्यावापृथिवी; छन्द–त्रिष्टुप)

ये द्युलोक और पृथिवीलोक कहाँ से और किस प्रकार पैदा हुए और इन दोनों में से कौन पहले उत्पन्न हुआ एवं कौन बाद में उत्पन्न हुआ ? हे ज्ञानीजन! इसका रहस्य कौन जानता है ? यह अध्यात्मिक गूढ रहस्य है। इतना अवश्य ज्ञात है कि ये दोनों अपनी शक्ति से समस्त को धारण कर रहे है। इन्हीं के कारण दिन एवं रात की उत्पत्ति होती है। ये दोनों चक्र के समान चक्रित हैं।

द्युलोक एवं पृथिवीलोक पैर रहित होने कारण चलने में असमर्थ हैं, किन्तु बहुत तेज चलने वाले और पैरोंवाले प्राणियों को धारण करते

हैं। ये दोनों माता–पिता की तरह प्राणियों की रक्षा करते हैं। द्यु एवं पृथिवी हमारे हर तरह के संकटों में रक्षा करे। हम अखण्डनीय अदिति (पृथिवी) से पाप से रहित, क्षीण नहीं होनेवाला, तेजस्वी, अहिंसनीय और नम्रता प्रदाता धन देने की प्रार्थना करते हैं। उत्तम मार्ग से धन कमाना चाहिए। छल कपट से अर्जित धन पाप का होता है। सद्मार्ग से कमाया धन नम्रता प्रदाता होता है। धन से मानव दंभी, अहंकारी, घमंडी एवं उद्धत नहीं हो, अपितु विनम्र रहे। द्युलोक एवं पृथिवी हमारी पाप से रक्षा करे।

ये द्यावापृथिवी देवों को उत्पन्न करनेवाले हैं। ये अपने रक्षण साधनों से प्राणियों की रक्षा करते हैं। ब्रह्माण्ड के सभी देव द्यु एवं पृथिवी के मध्य में हैं। इसलिए इन्हें देवों की माता कहा है। ये उनके अनुकूल आचरण करनेवालो की हर प्रकार से रक्षा करते हैं।

उत्तम रूपवान द्यावापृथिवी अमृत को धारण करते हैं। उन विस्तीर्ण निवास के आधार भूत सबको उत्पन्न करनेवाली द्यावापृथिवी को देवों के संरक्षण के लिए सत्यवाणी से आमन्त्रित करते हैं। यज्ञ में बुलाते हैं। वे पधारकर हमें पापों से सुरक्षित रखें।

द्यावापृथिवी सुन्दर रूपवाले एवं उत्तमदान देनेवाले हैं। वह सभी को धारण करते हैं। अनन्त द्यावापृथिवी की हम यज्ञ में स्तोत्र से स्तुति करते हैं। वे अधर्म से रक्षा करें। यदि हमने प्रमादवश देव, विद्वानों, मित्रों एवं सृष्टि के रचियता परमेष्ठी के प्रति कोई पाप किया हो, तो उस पाप को हम सद्बुद्धि से विनष्ट करने में सक्षम हों। द्यावापृथिवी भी हमें क्षमा कर सभी पापों से सुरक्षित रखे। द्यावापृथिवी दोनों संरक्षण के अनेक प्रकार के साधनों से युक्त है, अतः वे हमारी हर प्रकार से रक्षा करे। द्यावापृथिवी हमें एवं देव हमें उत्तम दान के लिए विपुल मात्रा में धन प्रदान करे।

हम उत्तम बुद्धि से द्युलोक एवं पृथिवीलोक को अपनी सर्वश्रेष्ठ ऋचा सुनाते हैं। वे हमारी स्तुति से प्रसन्न होकर हमारे निन्दनीय पापों से रक्षा करें। हम यज्ञ में द्यावापृथिवी की स्तुति करते हैं। हे द्यावापृथिवी! यह स्तुति स्वीकार कर क्षमा करें। हम विद्वानों के पास आप संरक्षण

साधनों से युक्त होकर रहो। हम अन्न, बल और दीर्घजीवन प्राप्त करें (ऋग्वेद 1.185.1–11)।

## द्यावापृथिवी स्तुति

महीं द्यावापृथिवी इह ज्येष्ठे रूचा भवतां शुचयद्भिरर्कैः।

यत सीं वरिष्ठे बृहती विमिन्वन् रूवद्धोक्षा पप्रथानेभिरेवैः।।1।।

देवी देवभिर्यजे यजत्रेरमिनती तस्थतुरूक्षमाणे।

ऋतावरी अद्रुहा दैवपुत्रे यज्ञस्य नेत्री शुचयद्भिरर्कैः।।2।।

स इत् स्वपा भुवनेष्वास य इमे द्यावापृथिवी जजान।

उर्वी गभीरे रजसी सुमेके अवंशे धीरः शच्या समैरत्।।3।।

नू रोदसी बृहद्भिर्नो वरूथैः पत्नीवद्भिरिषयन्ती सजोषाः।

उरूची विश्वे यजते नि पातं धिया स्याम रथ्यः सदासा।।4।।

प्र वां मही द्यवी अभ्युपस्तुतिं भरामहे।

शुची उप प्रशस्तये।।5।।

पुनाने तन्वा मिथः स्वेन दक्षेण राजथः।

ऊह्याथे सनादृतम्।।6।।

मही मित्रस्य साधथस्तरन्ती पिप्रती ऋतम्।

परि यज्ञं नि षेदथुः।।7।।

(ऋग्वेद् मण्डल –4; सूक्त –56; ऋषि –वामदेवो गौतमः; देवता– द्यावापृथिवी; छन्द–त्रिष्टुप्, गायत्री)

जब हवाओं से प्रेरित होनेवाले मेघ इस द्यावापृथिवी को चारों ओर से घेर लेते हैं, तब तेज से युक्त इन दोनों लोकों की स्तुति समस्त प्राणी करते हैं। ये तेजस्वी देवियाँ पूज्य, किसी की हिंसा नहीं करनेवाली, देवों को उत्पन्न करनेवाली, यज्ञ को पूर्ण करनेवाली हैं, ये उत्तम स्तोत्रों से युक्त हों। जिससे इन अगाध, अपार, विशाल, उत्तम स्तोत्रों से युक्त

हों। जिसने इन अगाध, अपार, विशाल, उत्तम रूपवाले एवं बिना किसी आधारवाले किन्तु स्थिर रहनेवाले द्यावापृथिवी दोनों लोकों की रचना की, वहीं परमेष्ठी—उत्तम कर्म करनेवाला परमात्मा इन लोकों में व्याप्त है।

हे द्यावापृथिवी! आप हमारी धनों एवं उत्तम पत्नियों से युक्त होकर रक्षा करो। हम भी अपनी उत्तम बुद्धि एवं सुकार्यों से ऐश्वर्य प्राप्त करें। हे द्यावापृथिवी! हम तेज से युक्त आप दोनों की वन्दना करते हैं। आप कृपाकर स्तुति सुनने हमारे यहाँ पधारें। आप सभी को पवित्र करनेवाली, अद्भुत रूपवान, सर्वशक्तिवान हो। आप सभी दुःखों से पार लगानेवाली हो और विशाल यज्ञ को पूर्ण करते हो। आप कृपाकर भक्त की अभिलाषाओं को पूरा करें।

क्षेत्रपति देव मित्र के समान हितैषी है। उनकी सहायता प्राप्त हो (ऋग्वेद 4.56.1—7)।

## द्यावापृथिवी : वरुण के नियमबद्ध

घृतवती भुवनानामभिश्रियोर्वी पृथ्वी मधुदुघे सुपेशका।

द्यावापृथिवी वरुणस्य धर्मणा विष्कभिते अजरे भूरिरेतसा।।1।।

असश्चन्ती भूरिधारे पयस्वती घृतं दुहाते सुकृते शुचिव्रते।

राजन्ती अस्य भुवनस्य रोदसी अस्मे रेतः सिंचतं यन्मनुर्हितम्।।2।।

यो वामृजवे क्रमणाय रोदसी मर्तो ददाश धिषणे से साधति।

प्र प्रजाभिर्जायते घर्मणस्परि युवोः सिक्ता विषुरूपाणि सव्रता।।3।।

घृतेन द्यावापृथिवी अभीवृते घृतश्रिया घृतपृचा घृतावृधा।

उर्वी पृथ्वी होतृवूर्ये पुरोहितं ते इदू विप्रा ईळते सुम्नमिष्टये।।4।।

मधु नो द्यावापृथिवी मिमिक्षता मधुश्चुता मधुदुघे मधुव्रते।

दधाने यज्ञं द्रविणं च देवता महि श्रवो वाजमस्मे सुवीर्यम्।।5।।

ऊर्जं नौ द्यौश्च पृथिवी च पिवन्तां पिता माता विश्वविदा सुदंससा।

संरराणे रोदसी विश्वशम्भुवा सनि वाजं रयिमस्मे समिन्वताम्।।6।।

(ऋग्वेद : मण्डल–6; सूक्त–70; ऋषि–बार्हस्पत्योः भरद्वाजः; देवता–द्यावापृथिवी; छन्द–जगती)

"द्युलोक और पृथिवीलोक दोनों वरुण के नियमों से चलते हैं।" ये दोनों लोक जल से युक्त, सभी भुवनों को आश्रय देनेवाले, बहुत विस्तीर्ण, मधुर रस प्रदाता, अविनाशी एवं अनन्त शक्ति युक्त हैं। ये परस्पर पृथक् रहनेवाले, अनेक जल प्रवाहों से सम्पन्न, उत्तम एवं पवित्र कर्म करनेवाले और तेज प्रदाता हैं। वे दोनों इन भुवनों को प्रकाशित करते हैं। हे द्यावापृथिवी! हमारे लिए मानवों के लिए, हितकारी जल प्रवाहित करें। वह "सफल होता है जो सरल जीवन के लिए दान करता है।" धर्म पर रहनेवाला संतान युक्त होता है। "हे द्यावापृथिवी! आपके नियम अनेक प्रकार के हैं एवं विविध प्रकार के हैं।" ये दोनों लोक जल से सम्पन्न हैं। यहाँ "जल का अर्थ मात्र पानी नहीं चेतना है।" ये दोनों ही जल का संवर्धन करनेवाले हैं। आप होता के वरण करने के समय आगे रहे हो। ये दोनों ही विशाल एवं अमर्यादित हैं। ज्ञानीजन सुखप्राप्ति के लिए इनकी स्तुति करते हैं।

हे द्यावापृथिवी ! हमें माधुर्य प्रदान कराओ। हम मधुर व्रत धारण करनेवाले, मधुर व्यवहार करनेवाले एवं मधुरता का स्राव करनेवाले हों। मानवीय व्रत मधुरता की वृद्धि करो। हमें सर्वोत्कृष्ट वीर बल एवं अनन्त यश मिले। मानव अपना आचरण मधुर रखें और शक्ति, वीर्य आदि में वृद्धि कर यशस्वी हो। हे द्यावापृथिवी! आप हमारी ऊर्जा में बढोत्तरी करें। हमें पुत्रपौत्रयुक्त यश, शक्ति, अन्न, बल एवं शक्ति दें। द्यावापृथिवी महातेजस्वी एवं सर्वकल्याण करनेवाले हैं। ये हमारे संरक्षक एवं सर्वोत्तम कर्म कर्ता हैं। संरक्षक सर्वश्रेष्ठ ज्ञानी एवं सत्कर्म करनेवाले हों (ऋग्वेद 6.70.1–6)।

## द्यावापृथिवी : कल्याणकारी पालक

प्र द्यावा यज्ञैः पृथिवी नमोभिः सबाध ईळे बृहती यजत्रे।

ते चिद्धि पूर्वे कवयो गृणन्तः पुरो मही दधिरे देवपुत्रे।।1।।

प्र पूर्वजे पितरा नव्यसीभिर्गीर्भिः कृणुध्वं सदने ऋतस्य।

आ नो द्यावापृथिवी दैव्येन जनेन यातं महि वा वरूथम्।।2।।

उतो हि वां रत्नधेयानि सन्ति पुरूणि द्यावापृथिवी सुदासे।

अस्मे धत्तं यदसदस्कृधोतु यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः।।3।।

(ऋग्वेद : मण्डल–7; सूक्त–53; ऋषि–मैत्रावरूणिर्वसिष्ठः; देवता–द्यावापृथिवी ; छन्द–त्रिष्टुप्)

महाकार द्यावापृथिवी बहुत ही पूजनीय है। हम यज्ञों एवं अन्नों के द्वारा कष्ट दूर करने के लिए इनकी प्रार्थना करते हैं। द्यावापृथिवी की सन्तान देव हैं। ये देव विशाल हैं। उनको प्राचीन ज्ञानी स्तोता आगे रखते हुए स्तुति गाते रहे। नवीन स्तोत्रों से यज्ञ के स्थान में पूर्व जन्म में पितर द्यावापृथिवी को सुमूजित करो (आप ही हमारे माता पिता हैं।) आप दोनों हमारे पास दिव्यजनों के साथ आओ। आप अत्यन्त ऐश्वर्यज्ञान हैं। हे द्यावापृथिवी! आप ओढरदानी हो, भक्त पर अनुग्रह कर उन धनों (भौतिक, अधिभौतिक, दैविक, आधिदैविक, अध्यात्मिक) को हमें प्रदान करो (ऋग्वेद 7.53.1–3)।।ऊँ।।

## पृथिवी : इन्द्र की अप्रहित एवं सर्वतोगामी शक्ति

नहि मे रोदसी उभे अन्यं पक्षं चन प्रति।

कुवित सोमस्यापामिति।।7।।

अभि द्यां महिमा भुवमभी 3 मां पृथिवीं महीम्।

कुवित सोमस्यापामिति।।8।।

हन्ताहं पृथिवीमिमां नि दधानीह वेह वा।

कुवित सोमस्यापामिति।।9।।

ओषमित् पृथिवीमहं जङ्.घनानीह वेह वा।

कुवित सोमस्यापामिति।।10।।

(ऋग्वेद : मण्डल–10; सूक्त–119.7–10; ऋषि–लब ऐन्द्र; देवत्ता–आत्म; छन्द–गायत्री)

इस सूक्त में याजक ने इन्द्र देवता को यथेष्ट सोमपान करवाया। इससे सन्तुष्ट एवं प्रसन्न होकर इन्द्र सोचने लगा– ''क्या दूँ एवं कितना दे डालूँ।'' इन्द्र ने मन की इस दशा में अपनी अप्रतिहित एवं सर्वतोगामी शक्ति का वर्णन किया है। वैदिक विज्ञान की दृष्टि से इन्द्र ने पृथिवी सृजन प्रक्रिया के रहस्यमय गूढ़ ज्ञान को व्यक्त किया। यह स्मरण रहे कि जलमय पृथिवीलोक में सर्वप्रथम फेन अथवा झाग की उत्पत्ति हुई। इन्द्र द्वारा पृथिवी को इधर–उधर रखने का उपक्रम प्रचण्ड वायु से फेन का सुदृढ होना है। फेन के उपरान्त मृद्, ऊष, सिकता, शर्करा, अश्मा, हिरण्य–अयः, सोम आदि उत्पन्न हुए।

इस सूक्त का विषय आत्मा है। आत्मा शब्द (अत्+मनिण्) के अनेक अर्थ हैं। उनमें एक अर्थ नैसर्गिक प्रकृति, सूर्य, अग्नि, वायु आदि है। सूक्त की सात से दशम् ऋचाओं में इन्द्र कहता है कि मैंने सोमपान किया है। इतना ही नहीं इस स्वर्ग एवं पृथिवी दोनों की तुलना मेरे एक पक्ष–वाम या दक्षिण से नहीं की जा सकती है। मैंने अपनी महानता से स्वर्ग एवं विशाल पृथिवी को परास्त किया है। ''इसकी इष्टसिद्धि के लिए मैं समूची पृथिवी इधर की उधर करके कहीं भी रख सकूँगा।'' इसका आशय यह है : यदि आवश्यकता हो तो मैं सम्पूर्ण पृथिवी को उठाकर इधर से उधर रख सकूँगा। एक क्षण में ही इस पृथिवी को (उसके कार्य के लिए आवश्यक हो तो) शीघ्रता के साथ इधर या उधर कहीं भी पटक दूँगा (ऋग्वेद 10.119.7–10)। यह पृथिवी संरचना का गोपन सूत्र है।।।ऊँ।।

# पृथिवी : अरण्यानी, अरण्यकी अधिष्ठात्री देवी

भूलोक पर सर्वप्रथम अरण्यों का साम्राज्य रहा। वर्तमान में भी पृथिवीलोक पर विशालतम अरण्य–वन हैं। इस सूक्त में अरण्यानी, अरण्य की अधिष्ठात्री देवी का बहुत ही सुन्दर वर्णन किया गया है। अरण्यानी महादेवी अत्यन्त निर्भय है और अरण्य के सभी श्वापद अपनी अपनी ध्वनियों से उसीका स्तवन करते हैं। यदि राह भूला पथिक अरण्यानी के शासन में रहने की बाध्य हो तो उसकी आँखों के सामने विविध रहस्य रोमांचक दृश्य घूमते रहते हैं। उन दृश्यों में पथिक को अपने अंचल जीवन की छाया दिखाई देती है। सबसे अभूतपूर्व यह है कि अरण्यानी साधारण रूप से भूले–भटके पथिक का कोई अपकार नहीं करती है। इसके विपरीत कल्याणकारी, महादानी, महाकरूणामय अरण्यानी की कृपा से पथिक को सुन्दर फल खाकर भूख मिटाने एवं आराम करने की सुविधा प्रदान करती है। अरण्यानी देवी पृथिवी सुन्दर फल खाकर भूख मिटाने एवं आराम करने की सुविधा प्रदान करती है। अरण्यानी देवी पृथिवी के वन्य जीवों की माता है और अपनी वन्य सन्तानों को स्वाभाविक रूप से उत्पन्न और अच्छा अन्न भरसक मात्रा में प्रदान करने में सावधानी बरतती है। सूक्त में वैदिक काल उनतालीस लाख वर्ष पहले के मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने पृथिवी पर आच्छादित वनों की अहम् भूमिका को रेखांकित किया और वनों को दैविक प्रसाद मानकर देवतुल्य माना एवं संरक्षण की प्रक्रिया प्रारम्भ की। वर्तमान में वन संरक्षण वैश्विक संकट बना है।

## आरण्यानी सूक्त

अरण्यान्यरण्यान्यसौ या प्रेव नश्यसि।

कथा ग्रामं न पृच्छसि न त्वा भीखि विन्दतीँ 3।।1।।

वृषारवाय वदते यदुपावति चिच्चिकः।

आघाटिभिरव धावयन्नरण्यानिर्महीयते।।2।।

उत गावइवादन्त्युत वेश्मेव दृश्यते।

उतो अरण्यानिः सायं शकटीरिव सर्जति।।3।।

गामंगैष आ व्हयति दार्वंगैषो अपावर्धात्।

वसन्नरण्यान्यां सामयक्रुक्षदिति मन्यते।।4।।

न वा अरण्यानिर्हन्त्यन्यश्चेन्ना भिगच्छति।

स्वादोः फलस्य जग्ध्वायं यथाकामं नि पद्यते।।5।।

आंजनगन्धि सुरभिं बव्हन्नामकृषीवलाम्।

प्राहं मृगाणां मातरमरण्यानिमशंसिषम्।।6।।

(ऋग्वेद : मण्डल –10; सूक्त –146; ऋषि –देवमुनिरैरम्मदः; देवता– अरण्यानी; छन्द–अनुष्टुप्)

हे अरण्य (वनों) की अधिष्ठात्री देवी–देव अरण्यानी! आप देखते–देखते लुप्त हो जाती हो, देखते–देखते एकाएक अदृश्य हो जाती हो, आप गाँव के मार्ग की पूछताछ क्यों नहीं करती हो? आपको भय तो मानो स्पर्श भी नहीं कर सकता। जिस समय महान् शब्द करनेवाले वृषख का, मानों किंकिणियों के ताल पर दौड़ाकर चिच्चिक पक्षी साथ देता है, उस समय अरण्य की देवी–देव की महनता स्पष्टतया प्रतीत होती है। वृषख एवं चिच्चिक दोनों कीट हैं। चिच्चिक लगातार क्रम से चिक्–चिक् ध्वनि करता रहता है। उस पर दूसरा मानों तालिया बजाकर अथवा ताल देकर साथ देता है। अरण्याणी के सम्मान में चिच्चिक एवं वृषख जैसे वादवृन्द बजा रहे हों।

ऐसा लगता है कि मानो गायें दूरी पर चर रही हों, दूर कोई एकाध गृह दृष्टिपथ में आता है। वहीं सांझ के समय अरण्यानी छोटी–छोटी गाड़ियों को भरकर गाँव के समीप छोड़ रही हो। यह सूर्यास्त के समय का अरण्य का सजीव दृश्य है।

यह देखो कोई अपनी गाय को लौट आने के लिए आवाज दे रहा है। दूसरे किसी ने वास्तव में वृक्ष की सूखी शाखा ईन्धन के लिए गिरायी है। इस तरह की अनुभूतियाँ सूर्यास्त के समय होती है। सांझ के समय अरण्य के सघन क्षेत्र में विवशता में फंसा हुआ व्यक्ति, अन्यों से सहायता के लिए आक्रन्दन कर रहा लगता है।

''वास्तव में अरण्यानी किसी को मार नहीं डालती और साथ–साथ अन्य कोई उस पर आक्रमण नहीं करता।'' अर्थात वनदेवी न स्वयं मार डालती है और न किसी से मरवाती है। पुराकथाओं में महारुद्राणी ने अपनी मानसपुत्री को अरण्य देवी बनाने की पीठी कथा है। सूर्यास्त के साथ रात्रि होने पर अरण्य का स्यामल सौन्दर्य सम्मोहन करता हुआ मोहिनी अस्त्र छोड़ता है। यह अनुभूति होती है कि अरण्य आमन्त्रण दे रहा है। उसका चुम्बकीय सम्मोहन अद्‌भुत होता है। अरण्य का संगीत मन्त्रमुग्ध करता है। ऋचा में घोषणा की है कि सांझ ढलने पर व्याघ्रादिक हिंस्र वन्य जीव अरण्यानी में वास करनेवाले पर आक्रमण नहीं करेगा। अरण्यानी स्वयं उसको सुरक्षित रखती है। इतना ही नहीं वन में उपलब्ध मधुर फल भी प्रदान करती है। मनुष्य अपनी इच्छा से उन फलों का अस्वाद लेने को एवं आराम से निवास को स्वतन्त्र है।

अरण्य चारों ओर से सुगन्ध, विविध मनमोहक रंगों से परिपूर्ण है। अरण्यानी वन्य पशुओं की माता है। वह बिना किसान की सहायता से वन में विपुल धान्य उत्पन्न करने का चमत्कार रखती है। जिससे वन जीवों का पालन करती है। मन्त्र द्रष्टा ऋषि ने वनों की मातृ स्वरूप अरण्यानी की प्रशंसा की है (ऋग्वेद 10.146.1–6)।।ऊँ।।

## पृथिवी : रात्रि का महत्व

ऋग्वेद के दशम् मण्डल में छोटा रात्रि सूक्त है। यह सूक्त पृथिवी के प्राणियों के लिए रात्रि के महत्व को स्पष्ट करता है। इसमें रात्रि के स्वरूप को मानव का हितकारक, उपकारक कहा गया है। रात्रि

देवी उषा को दूर कर तारका रूपी नेत्रों से विश्व का अवलोक करती हुई आती है। वह अपने तेज से अन्धकार का निवारण करती हुई प्रकट होती है। रात्रि का कर्तव्य अन्धकार को पूर्णतया व्याप्त करना है। उसके कारण ही रात्रि शयन से प्राणीमात्र को नव चैतन्य प्राप्त होता है। अतः उसका यह अदृश्य कार्य मानवों के प्रति ऋण है। सूक्त की अन्तिम ऋचा में रात्रि देवी की बहन उषा से प्रार्थना की गई है कि वह प्रातः स्वयं अन्धकार का निवारण करके अपनी बहन का ऋण चुका दे।

रात्रि व्यख्यदायती पुरूत्रा देव्य 1 क्षभिः।

विश्वा अधि श्रियोऽधित।।1।।

ओर्वप्रा अमर्त्या निवतो देव्यु 1 द्वतः।

ज्योतिषा बाधते तमः।।2।।

निरू स्वासारमस्कृतोषसं देव्यायती।

अपेदु हासते तमः।।3।।

सा नो अद्य यस्या वयं नि ते यामन्नविक्ष्महि।

वृक्षे न वसति वयः।।4।।

नि ग्रामसो अविक्षत नि पद्वन्तो नि पक्षिणः।

नि श्येनासश्चिदर्थिनः।।5।।

यावया वृक्यं 1 वृकं यवय स्तेनमूर्म्ये।

अथा नः सुतरा भव।।6।।

उप मा पेपिशत्तमः कृष्णं व्यक्तमस्थित।

उष ऋणेव यातय।।7।।

उप ते गाइवाकरं वृणीष्व दुहितर्दिवः।

रात्रि स्तोमं न जिग्येषु।।8।।

(ऋग्वेद : मण्डल– 10; सूक्त– 127; ऋचा–1– 8; ऋषि– कुशिकः सौभरः, रात्रिर्वा भारद्वाजी; देवता–रात्रि; छन्द–गायत्री)

रात्रि देवी आ रही है। वह अपने नक्षत्र रूपी नेत्रों से भूलोक के सभी स्थानों का ध्यान से निरीक्षण करती है। इस समय रात्रि ने अपना समस्त वैभव धारण किया हुआ है। रात्रि का मोहिनी सौन्दर्य अनूठा होता है। इस अमर्त्य देवी ने अनन्त अन्तरिक्ष और पृथिवी के सभी उन्नत एवं निम्न क्षेत्रों को अपने विस्तार से पूर्णतया भर दिया है। वह आकाश के नक्षत्र आदि के प्रकाश से अन्धकार को भगा रही है। इस समय अन्तरिक्ष में उषा देवी नहीं है। दिवस का श्रीगणेश उषा के आगमन से होता है। रात्रि में अन्धेरा चाँद–तारों से भाग जाता है।

रात्रि देवी के आगमन से पक्षी विश्राम के लिए वृक्षों के घोंसलों में लौट आते हैं। मानव भी अपने आवासों विश्राम स्थलों में प्रवेश कर चुके हैं। आप आज हमें सुख से रात्रि पार होने दो। रात्रि जीवन चक्र में नव ऊर्जा का संचार करती है। उसके लिए रात्रि को गाढ़ निद्रा आवश्यक है। रात्रि में सभी स्त्रीपुरुष, पशु पक्षी और श्येन भी विश्राम पा चुके हैं।

यह अत्यन्त कृष्णवर्ग स्याह काले रंग का गहरा, सुस्पष्ट प्रतीत होनेवाला अन्धेरा हमारे निकट पहुँचा है। यह बहुत विचित्र अथवा रहस्यपूर्ण है कि रात्रि देवी का कार्य तम (अन्धकार) दूर करना था, लेकिन वह उसे नहीं कर सकी। वर्तमान में उसकी बहन उषा देवी उसे सम्पन्न कर अपनी बहन रात्रि को मानव के ऋण से उऋण करे।

हे रात्रि देवी! जिस प्रकार विजयी वीर की उपहार में प्रशंसा की जाती है, उसी प्रकार यह स्तोत्र हम आपको समर्पित करते हैं। हे द्युदेव की कन्ये, इसे आत्मीयता से स्वीकार करो। सूक्त की अन्तिम ऋचा में रात्रि को द्युदेव की कन्या अथवा देवी के नाम से सम्बोधित किया है (ऋग्वेद 10.127.1–8)।।ऊँ।।

# ऋग्वेद : पृथिवी आदि शान्तिपाठ

शं न इन्द्राग्नी भवतामवोभिः शं न इन्द्रावरुणा रातहव्या।
शमिन्द्रासोमा सुविताय शं योः शं न इन्द्रा पूषणा वाजसातौ।।1।।
शं नो भगः शमु नः शंसो अस्तु शं नः पुरंधिः शमु सन्तु राय।
शं नः सत्यस्य सुयमस्य शंसः शं नो अर्यमा पुरूजातो अस्तु।।2।।
शं नो धाता शमु धर्ता नो अस्तु शं न उरूची भवतु स्वधाभिः।
शं रोदसी बृहती शं नो अद्रिः शं नो देवानां सुहवानि सन्तु।।3।।
शं नो अग्निज्योतिरनीको अस्तु शं नो मित्रावरुणावश्विना शम्।
शं नः सुकृतां सुकृतानि सन्तु शं न इषिरो अभि वातु वातः।।4।।
शं नो द्यावापृथिवी पूर्वहूतौ शमन्तरिक्षं दृशये नो अस्तु।
शं न ओषधीर्ववनो भवन्तु शं नो रजसस्पतिरस्तु जिष्णुः।।5।।
शं नो इन्द्रो वसुभिर्देवो अस्तु शमादित्येभिर्वरूणः सुशंसः।
शं नो रुद्रो रुद्रेभिर्जलाषः शं नस्त्वष्ठा ग्नाभिरिह शृणोतु।।6।।
शं न सोमो भवतु ब्रह्म शं नः शं नो ग्रावाणः शमु सन्तु यज्ञाः।
शं नः स्वरूणां भितयो भवन्तु शं नः प्रस्व 1ः शम्वस्तु वेदिः।।7।।
शं नः सूर्य उरूचक्षा उदेतु शं नश्चतस्रः प्रदिशो भवन्तु।
शं नः पर्वता ध्रुवयो भवतु शं नः सिन्धवः शमु सन्त्वापः।।8।।
शं नो अदितिभर्वतु व्रतेभिः शं नो भवन्तु मरुतः स्वर्काः।
शं नो विष्णुः शमु पूषा नो अस्तु शं नो भवित्रं शमवस्तु वायुः।।9।।

शं नो देवः सविता त्रायमाणः शं नो भवन्तूषसो विभातीः।

शं नः पर्जन्यो भवतु प्रजाभ्यः शं नः क्षेत्रस्य पतिरस्तु शंभुः।।10।।

शं नो देवा विश्वदेवा भवन्तु शं सरस्वती सह धीभिरस्तु।

शमभिषाचः शभु रातिषाचः शं नो दिव्याः पार्थिवाः शं नो अप्याः।।11।।

शं नः सत्यस्यः पतयो भवन्तु शं नो अर्वन्तः शमु सन्तु गावः।

शं नः ऋभवः सुकृतः सहस्ताः शं नो भवन्तु पितरो हवेषु।।12।।

शं नो अज एकपाद् देवो अस्तु शं नोऽहिर्बुध्न्य 1ः शं समुद्रः।

शं नो अपां नपात् पेरूरस्तु शं नः पृश्निर्भवतु देवगोपा।।13।।

आदित्या रुद्रा वसवो जुवन्तेदं ब्रह्म क्रियमाणं नवीयः।

शृण्वन्तु नो दिव्याः पार्थिवासो गोजाता उत ये यज्ञियासः।।14।।

ये देवानां यज्ञिया यज्ञियानां मनोर्यजत्रा अमृता ऋतज्ञाः।

ते नो रासन्तामुरूगायमद्य यूयं पात स्वस्तिभिः सदा नः।।15।।

(ऋग्वेद मण्डल 7; ऋषि–मैत्रावरूणिर्वसिष्ठ; देवता–विश्वेदेवाः; छन्द–त्रिष्टुप्; सूक्त–35; ऋचा–1–15)

ऋग्वेद का स्वस्ति पाठ एवं शान्ति पाठ विश्व की अमूल्यतम निधि है। पिछले हजारों–हजारों वर्षों में इस के समतुल्य कोई स्तुति नहीं मिलती है। यह अभूतपूर्व है कि पावन सरस्वती एवं द्वषद्वती नदियों के किनारे उनतालीस (39) लाख पूर्व के मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने वैश्विक शान्ति की अवधारणा को घोषित किया। इस अद्भुत सूक्त में वेदकाल के देव सम्राट वरुण, प्रसवकर्ता सविता, त्वष्टा देवता, देव शास्ता रुद्र, द्वादश आदित्य, सेनानी इन्द्र, भग, अर्यमा, अध्यात्मिक अग्नि, सृष्टि रचियता परमेष्ठी, न्यायाधिपति, धाता सर्वव्याप्त दिव्य तेज, अपां नपात्, मूलाधार देव, ऋतुज्ञाता, अमरदेव, कल्याणाधिपति, शम्भु, प्रकाशमान देव, अष्ट वसु, अश्विनौ, सोम, पूषा, वायु, जल, मरुत्, उषा, अदिति, पर्जन्य, सरस्वती, विद्युत्, यज्ञ, द्युलोक, अन्तरिक्ष, ऋभु, पृथिवी, सूर्य, मेघ, यूप,

गो, अश्व, दिशाएँ, वनस्पति, ओषधि, वृक्ष, पर्वत, समुद्र, दान करनेवालों, यज्ञ करनेवालों आदि से शान्ति की प्रार्थना की गई है। सभी के कल्याण की कामना की गई है। यह स्मरण रहे कि वेदकाल 39 लाख वर्ष पूर्व कोई पर्यावरण संकट पृथिवी पर नहीं रहा और सूर्य की महातेजोविकिरण महापराबैंगनी संहारक किरणों का महासंकट भी नहीं रहा। वेदकाल में ही मन्त्र द्रष्टाओं ने लाखों वर्ष पश्चात के महाभयानक संकट को ध्यान में रखकर शान्ति पाठ सम्मिलित हुआ। वेद अर्थात् सृष्टिविद्या में वैश्विक कल्याण का सूक्त चकित करता है। यह अवश्य है कि वैदिक शान्ति सूक्त अधिक प्रचलन में नहीं है। इस सूक्त के प्रत्येक शब्द के अनेक अर्थ हैं।

विद्युत स्वरूप अग्नि, उष्णता देनेवाली अग्नि, चित तत्त्व अग्नि, ब्रह्माण्डीय दिव्य महासागर के देवता एवं देव सम्राट वरुण, इन्द्र, दिव्य सोम, पूषा हमारे लिए शान्ति एवं कल्याणप्रद हों। जीवन के महासंग्राम में कल्याण करें।

ऐश्वर्य (भौतिक, आधिभौतिक, दैविक, अध्यात्मिक) सत्यभाषण, अनन्त बुद्धि, धन, श्रेष्ठता का निर्णय करनेवाले न्यायाधिपति ''भग'' हमें शान्ति एवं ये विशेषतायें प्रदान करें। ''अर्यमा'' बहुत प्रशंसित है, वह हमें शान्ति देनेवाला हो। सभी को आधार प्रदाता धाता हमें शान्ति देने वाला हो। सृष्टि की रचनाकर्ता धाता है, यह देव पृथिवी, आकाश, पर्वत, अन्तरिक्ष, देवों की उपासना में हमें शान्ति देनेवाला हो। हमें देवों की स्तुतियाँ शान्ति प्रदान करे। अग्नि की सेना तेज है, पंच महाभूतों में से एक तेज है, ऐसा ''तेज'' हमारे लिए शान्तिप्रद हो। ''सूर्य देवता, चन्द्र देवता, मित्र देवता एवं वरुण देवता हमारे लिए शान्ति देनेवाले हों।'' सत्कर्म करनेवालों के सत्कर्म हमारी शान्ति में वृद्धि करें। ''अश्विनौ'' देव चिकित्सक हमें शान्ति देनेवाले हों, अर्थात् हम आरोग्य रहें। गतिशील ''वायु' देवता हमारे लिए कल्याण करनेवाला होकर निरन्तर बहता रहे, यानी निर्बाध प्राणवायु प्राप्त हो।

हम सर्वप्रथम प्रार्थना करते हैं कि ''द्युलोक एवं पृथिवीलोक'' हमें शान्ति प्रदान करें। ''अन्तरिक्ष'' हमारे दर्शन के लिए शान्तिवाला हो। वन में उत्पन्न होनेवाले ''वृक्ष एवं वनोषधियाँ'' हमें शान्ति दें। ''विजयशाली

लोकपति'' हमारे लिए शान्तिदायक हो। ''अष्ट वसु'' एवं इन्द्र हमें शान्ति दें। वरुण देव ''बारह आदित्यों'' से युक्त होकर हमें शान्ति दे। ''एकादश रुद्र'' हमें जल के साथ शान्ति दें। ''त्वष्टा'' देव पत्नियों के साथ हमारे स्तोत्र शान्ति से सुनें। ''संजीवनी सरीखा सोम'' हमें शान्ति दें। ''ब्रह्म''हमें शान्ति प्रदान करें। हमें ''पत्थर–पाषाण'' शान्ति दें। ''यज्ञ'' हमें शान्ति दें। हमें ''यूपों के प्रमाण'' शान्ति दें। यूप का एक अर्थ बलि स्थल भी है। ''ओषधियां'' हमें शान्ति दें। यह स्मरण रहे कि खाद्यान्न भी ओषधि है। विशालतम तेजवाला ''सूर्य'' हमारी शान्ति के लिए उदित हो। यहाँ आशय यह है कि सूर्यदेव पृथिवी पर वांछित तेज ही प्रकट करें। सूर्यदेव के प्रलयंकर रूप से सृष्टि का नष्ट होना निश्चित है। जलवायु में आवश्यकता से अधिक तापमान नहीं हो। हमें ''सभी दिशाएँ'' शान्ति दे। हमें स्थिर पर्वत शान्ति दें। ''समुद्र'' शान्ति दे। हमें जल शान्ति दे (इसका अर्थ यह है कि पर्वतों पर ज्वालामुखी नहीं फटे, भूकम्प नहीं आये, समुद्र सुनामी मुक्त रहे एवं शुद्ध जल शान्ति दे।)।

अनन्त अक्षय ऊजा स्रोत ''अदिति'' अपने व्रतों से हमें शान्ति दे। हमें उत्तम तेजस्वी ''मरुत्'' वीर शान्ति दें। सर्वव्याप्त शक्ति एवं ''पूषा'' हमें शान्ति दे। हमें ''भुवन'' शान्ति दे। वायु हमें शान्ति दे। ''सृष्टि अथवा सभी को प्रसव देनेवाले सविता देवता'' हमें शान्ति दे। तेजस्वी ''उषाएं एवं पर्जन्य'' हमें शान्ति दें। देश अथवा भूलोक का कल्याण करनेवाला ''अधिपति'' हमारी प्रजा के लिए शान्ति दे। सभी ''प्रकाशमान देव'' हमें शान्ति दें। ''सरस्वती'' सद्ज्ञान सद्बुद्धि के साथ शान्तिदाता हो। सूक्त में सरस्वती शब्द ज्ञानवान, ज्ञानप्रदाता के लिए प्रयोग में आया है। ''यज्ञ'' की सेवा करनेवाले, ''दान'' देनेवाले हमें शान्ति दें। यह यज्ञ एवं दान शान्ति का संदेश है। ''द्युलोक, पृथिवी एवं जल में उत्पन्न होनेवाले हमें शान्ति दें।'' ''शम्भु'' शब्द कल्याणार्थ प्रयोग किया गया है।

''सत्य'' का पालन शान्तिप्रद है। अतः सत्य का पालन करनेवाले शान्ति देनेवाले हों। गो एवं अश्व हमें शान्ति दें। ''ऋभु'' कुशलता से कर्म करनेवाले हैं। ऋभु हमें शान्ति दे। यज्ञ में ''पितर'' (अदृश्य सहायक शक्ति) हमें शान्ति देनेवाले हों। ''एक पाद् अज देव'' हमें कल्याण देनेवाले हों।

''अहिर्बुध्न्य'' (तीनों लोकों तक फैला महासर्प, महारुद्र, शिव) हमें शान्ति दे। समुद्र (समुद्र का अर्थ आकाश भी है।) हमें शान्ति दे। ''अपां नपात्'' आपत्तियों से पार लगानेवाला हमें शान्ति दे। देवों द्वारा सुरक्षित ''गो'' (ज्ञान, प्रकाश की किरण) हमें शान्ति दे। ''पृश्नि गो का अर्थ पृथिवी'' भी है। उदय के समय सूर्य का अंश जो ऊपर जाता है, वह ''एकपात्'' कहाता है। एकपात् सूर्य हमारा कल्याण करे। सभी को आधार देनेवाला ''मूलाधार देव'' हमें शान्ति दे। ''मेघस्थ विद्युद्रुप अग्नि'' हमें आपत्तियों से पार कराये।

सूक्त में रहस्योद्घाटन किया गया हैः ''यह स्तोत्र नवीन किया जानेवाला है।'' इस स्तोत्र को वैदिक देवों के शास्ता रुद्र, देव सम्राट वरुण, सर्वप्रसविता सविता, आदित्य, बसु आदि ब्रह्म स्वीकार करें। हमारी शान्ति एवं कल्याण की प्रार्थना द्युलोक में उत्पन्न, पृथिवी पर उत्पन्न एवं आकाश–अन्तरिक्ष–स्वर्ग में उत्पन्न और यज्ञ में सत्कार के योग्य आदि सुनकर स्वीकारें। हमें पूजनीय देवों के लिये भी पूजनीय, मननीय विद्वानों के पूज्य, ऋत अथवा नैतिक नियमों के अनुसार आचरण करनेवाले देव विस्तृत यश प्रदान करें और हमेशा कल्याणकारी साधनों से रक्षा करें (वेद में कहा है कि यज्ञस्थान में ज्ञान सूक्तों की उत्पत्ति होती है)।।।ऊँ।।

# अद्भुत् पृथिवी सूक्त

बळित्था पर्वतानां खिद्रं बिभर्षि पृथिवि।

प्र या भूमिं प्रवत्वति मह्ना जिनोषि महिनि।।1।।

स्तोमसस्त्वा विचारिणि प्रति ष्टोभन्त्यक्तुभिः।

प्र या वाजं हेषन्तं पेरूमस्यर्जुनि।।2।।

दृळहा चिद् या वनस्पतीन् क्ष्मया दर्धर्ष्योजसा।

यत् ते अभ्रस्य विद्युतो दिवो वर्षन्ति वृष्टयः।।3।।

(ऋग्वेद : मण्डल–5; सूक्त–84; ऋचा–1–3; ऋषि भौमोऽत्रि; देवता– पृथिवी ; छन्द–अनुष्टुप्)

समूचे ऋग्वेद के दश मण्डलों में ''पृथिवी'' विषयक एकमात्र सूक्त है। इस सूक्त में मात्र तीन ऋचाएँ हैं। सूक्त के मन्त्र द्रष्टा ऋषि का नाम ''भौमोऽत्रि'' होना स्वयं में चकित करता है। भौम शब्द का अर्थ पार्थिव, पृथिवी पर होनोवाला, मिट्टी से निर्मित, मंगल से सम्बद्ध, मंगलग्रह आदि है (भौमो मुनेः स्थानपरिग्रहोऽयम्–रघुवंश 13.36; 15. 39)(भौम–भूमि+अण्)। अतः भौमोऽत्रि ऋषि नाम का अपना अर्थ है। ऋग्वेद के सूक्तों का विषय देवता नाम से वर्णित मिलता है।

''यह प्रकृष्ट गुणोंवाली एवं महिमा से सम्पन्न पृथिवी प्राणियों वनस्पतियों को अपनी महिमा से तृप्त करती है। यह पृथिवी पर्वत समूहों को अपने ऊपर धारण करती है। हे अनेक तरह से विचरण करनेवाली तेजोयुक्त भूमे! आप भयानक गड़गड़ाते मेघों की वर्षा से जल संग्रह करती हैं। इस कारण भूमि उपजाऊ बनती है सभी स्तोतागण स्तोत्रों से आपकी स्तुति करते हैं।

हे भूमे! आपके ऊपर द्युलोक में स्थित मेघ विद्युत से प्रेरित जल वर्षा होती है। मेघ में सूर्यकिरण एवं विद्युत की शक्ति अन्तर्निहित दिव्य शक्ति है। इस अन्तरिक्षस्थ दिव्य जल से चैतन्यवान पृथिवी का सामर्थ्य एवं बल में अत्यधिक वृद्धि होती है। इससे पृथिवी वृक्ष वनस्पतियों से श्रृंगार करती है।''

पृथिवी सूक्त में उसे महिमावान, दिव्य तेजयुक्त, अत्यन्त सामर्थ्यवान, अन्तरिस्थ दिव्य जल को ग्रहण करनेवाली, सृजकर्ता, प्राणियों को प्राणवान बनानेवाली, पर्वत–वृक्ष वनस्पतियों–सिन्धुओं का अद्‌भुत श्रंगार करनेवाली आदि घोषित किया गया है। देवकथाओं में वैदिक देवों के शास्ता महारुद्र शम्भु अपने अंगों पर विभूति धारण करते हैं। यह विभूति मानवीय देह के शवदाह की भस्म है। यह स्मरण रहे कि

पंच तत्त्वों से निर्मित देह में पृथिवी तत्त्व की प्रधानता है। उसमें देह में अन्नमय कोष का आधिक्य है। विभूति चेतन तत्त्व है। पृथिवी में चैतन्यता, दिव्योतेज, महिमा, प्रज्ञा, सामर्थ्य आदि का होना स्वाभाविक है। मन्त्र द्रष्टा ऋषि ने अन्तरिक्षस्थ मेघ में विद्युत होने का रहस्योद्घाटन किया है। जिससे वर्षा जल में तरंग दैर्ध्य, तेजोविकिरण, विद्युत चुम्बकीय प्रभाव, अवरक्तता आदि आती है। मेघ को सूर्य किरण एवं विद्युत रस सिद्धि प्रदान करते हैं। पृथिवी की मिट्टी भी इसी चेतना, दिव्यता, तेज, प्रज्ञा, सामर्थ्य आदि से युक्त है। इसमें दिव्य अग्नि और संजीवनी के समान सोम भी है (ऋग्वेद 5.84.1—3)। स्वर्गलोक से पृथिवी पर इधर उधर अवतरण करती हुई ओषधियों ने प्रतिज्ञा की कि जिस नर नारी (प्राणी) को उसके जीवन की अवधि में हम स्वीकार करेंगी वह कभी विनष्ट नहीं होगा (ऋग्वेद के दशम् मण्डल के 97 वें सूक्त की सत्रहवीं ऋचा में ओषधि को देवों के स्वर्गलोक से नीचे उतरती हुई कहा गया है। इनमें सोम राजा है। पृथिवी की ओषधियों में बृहस्पति की आज्ञा हो जाने पर वीर्य स्थापित हुआ।)।।ॐ।।

## ऐतरेय ब्राह्मण : पृथिवी राजा जनुषाम

ऐतरेय ब्राह्मण के चतुर्थोऽध्याय के पंचम खण्ड में सृष्टि रचना से पूर्व की स्थिति का बहुत ही संकेतपूर्ण वर्णन मिलता है। ऋग्वेद के अनुसार परमव्योम में सभी कुछ एकीकृत अर्थात् नहीं रहा। ऐतरेय ब्राह्मण में लिखा है कि ये दोनों लोक (पृथिवी लोक, स्वर्गलोक) पहले अत्यन्त प्रीति से एक साथ अवस्थित थे। कभी वे दोनों किसी कारण अलग हो गये। द्युलोकवर्ती पर्जन्य नहीं बरसा और सूर्य ने आतरूप प्रकाश नहीं किया। उस समय वे देव, मनुष्य आदि पंचजन अन्धकारग्रस्त हो परस्पर एक दूसरे को नहीं जान सके। उन दोनों को देवों ने परस्पर मिला दिया। इन दोनों ने देवविवाह कर लिया। वहाँ यह भूमि (पृथिवी) रथन्तर

साम से इस द्यौ को प्रसन्न करती है एवं यह (द्यौ) इस भूमि की बृहत्साम से प्रसन्न करता है। यह नौधस साम से इस द्यौ को एवं यह (द्यौ) इस पृथिवी को श्यैत साम से आनन्दित करती है। यह भूमि धूम से इस द्यौ को उपकृत करती है और यह द्यौ पृथिवी को वृष्टि से उपकृत करता है। इस पृथिवी ने स्वर्ग में देवों के यज्ञ के योग्य स्थान बनाया, और इस द्यौ ने पशुओं को इस भूमि पर बनाया।

इमौ वै लोको सहाऽऽस्ताम्; तौ व्यैताम्,

नावर्षन्न समतपत्, ते पंचजना न समजानत्,

तौ देवाः समनयंस्तौ संयन्तावेतं देवविवाह

व्यवहेतां, रथंतरेणैवेयममूं जिन्वति, बृहताऽसाविमाम्।।इति।।

नौधसेनैवेयममूं, श्यैतेनासाविमां; घूमेनैवेयममू; धूमेनैवेयममूं जिन्वति,

वृष्टयाऽसाविमां; देवयजनमेवेयममुष्यामदधात्,

पशुनसावस्याम्।।इति।।

इस पृथिवी ने स्वर्ग में देवजयन योग्य भूमि बनाई यह शशमृरूप चन्द्रमा का काला दाग है।

एतद्वा इयममुष्यां देवयजनमदधाद् यदेतच्चन्द्रमसि कृष्णमिव ।।इति।।

प्रजापति ने कामना की कि मैं प्रजोत्पदान के द्वारा अतिप्रभूत होऊँ। उन्होंने तप किया। उन्होंने तप करके इस द्वादशाह कर्म को अपने ही हस्त पादादि अंगों में और प्राणवायु में देखा। उसे अंगों से प्राणों से निकालकर बारह भागों में करके निर्मित किया। उसे प्राप्त करने के पश्चात उससे यजन किया। तब वह प्रजापति हुआ। इस प्रकार अपने ही रूप से सर्वाधिक होकर प्रजाओं एवं पशुओं के द्वारा उत्पन्न हुए।

प्रजापतिरकामयत प्रजायेय भूयान् स्यामिति;

स तपोऽतप्यत; स तपस्तप्त्वेमं द्वादशाहमपश्यदात्मन

एवांगेषु च प्राणेषु च, तमात्मान एवांगेभ्यश्च

प्राणेभ्यश्च द्वादशधा निरमिमीत; तमाहरत्; तेनायजत;

ततो वै सोऽभवदात्मना प्र प्रजया पशुभिरजायत।।इति।।

द्वितीयपंचिकायां पंचमाऽध्याये प्रथमः खण्डः में इसे ही पुनः उद्घाटित किया है। ''सृष्टि की उत्पत्ति के प्रारम्भिक काल में एकमात्र प्रजापति ही रहे। उन्होंने कामना की कि मैं प्रजा उत्पन्न करूँ एवं एक से अनेक हो जाऊँ। ऐसा विचारकर उन्होंने तपस्या की। उस तप में सर्वप्रथम वाणी का संयमन किया। ऐसा करके एक वर्ष बाद बारह बार वाणी का उच्चारण किया। यह उच्चारित वाणी बारह पदों से युक्त निविद् हुआ। प्रजापति ने इस निविद् को उच्चारित किया। उसी निविद् की सामर्थ्य से सभी भूतों की उत्पत्ति हुई।

प्रजापतिर्वा इदमेक एवाग्र आस, सोऽकामयत

प्रजायेय भूयान् स्यामिति, स तपोऽतप्यत,

स वाचमयच्छत्, स संवत्सरस्य परस्ताद्

व्याहरद् द्वादशकृत्वो द्वादश पदा वा एषा

निविदेतां वाव तां निविदं व्याहरत् तां सर्वाणि

भूतान्यन्वसृज्यन्त।।इति।।

द्वितीयपंचिकायां पंचमाऽध्याये अष्टमः खण्डः में लिखा हैः जिस अग्नि के वश में द्यावापृथिवी है, इस ऋचा का शंसन करता है (ऋतावा यस्य रोदसी इति शंसति,)। तृतीयपंचिकायां तृतीयाऽध्याये सप्तमः खण्डः में लिखा है कि अदिति (अदीना अथवा अखण्डनीया पृथिवी ही) द्यौ है, अदिति अन्तरिक्ष है। अर्थात् पृथिवी ही अदिति है, यह अदिति ही द्यौ एवं अन्तरिक्ष है। अदिति ही माता है, पुत्र है, पिता है, यानी यह भूमि ही माता है, यह पिता है एवं यह पुत्र है। अदिति ही विश्वदेव है, पंचजन है। पूर्व में जो पैदा हुआ है, यह पृथिवी ही है और जो बाद में पैदा होनेवाला है, वह भी पृथिवी है। अदिति मूलरूप से अक्षय अखण्ड महाअनन्त ऊर्जा है। उसी अक्षय अनन्त अखण्ड ऊर्जा दैवी

शक्ति–ब्रह्मशक्ति ही द्युलोक, पृथिवीलोक एवं अन्तरिक्ष में रूपान्तरित हुई। परमव्योम में सृष्टि–ब्रह्माण्ड की उत्पत्ति और प्रलय का सिलसिला निरन्तर जारी है।

अदितिर्द्यौरदितिरन्तरिक्षम् इत्युत्तमया परिदधाति।

इयं वा अदितिरियं द्यौरियमन्तरिक्षम्।।इति।।

अदितिर्माता स पिता स पुत्रः इति।

इयं वै मातैयं पितेयं पुत्रः ।।इति।।

विश्वे देवा अदितिः पंच जना इत्यस्यां वै विश्वे देवा

अस्यां पंचजनाः ।।इति।।

अदितिर्जातमदितिर्जनित्वम् इति।

इयं वै जातमियं जनित्वम।।इति।।

हे इन्द्र, हम उत्पन्न ऋत्विजों के राजा होकर अभीष्ट करो। यहाँ पृथिवी ही ''राजा जनुषाम'' है। जनुस् (जन्+उसि) का अर्थ सृष्टि, उत्पादन, जीवन, अस्तित्व आदि है। जनु का अर्थ उत्पत्ति है। अतः पृथिवी को जीवन, उत्पादन का राजा कहा गया है।

त्वं राजा जनुषां धेह्यस्मे इति इयं वै राजा जनुषाम्।।इति।।

दो नामों के अनन्तर जो इस अग्नि को भूमि से लेकर द्युलोक पर्यन्त उर्ध्वावस्थित तथा प्रकाशमान होने से ज्योतिर्भूत की देवों ने स्तुति की। इसीलिए उसका नाम ज्योतिष्तोम–ज्योतिः पुँज हुआ। ज्योतिष्तोम होते हुए उसको परोक्ष रूप से वर्णान्तर करके ज्योतिष्टोम नाम से पुकारते है; क्योंकि देव तो परोक्ष ही प्रिय होते हैं।

अथ यदेनमूर्ध्वं सन्तं ज्योतिर्भूतमस्तुवंस्तस्माज्जयोति–

स्तोमस्तं ज्योतिस्तोमं सन्तं ज्योतिष्टोम इत्याचक्षते

परोक्षेण, परोक्षप्रिया इव हि देवा।।इति।।

चतुर्थपंचिकायां द्वितीयाऽध्याये चतुर्थः खण्ड में स्पष्ट रूप से कहा है कि इस सम्पूर्ण जगत् के स्वामी स्वर्गलोक में दिखाई देनेवाले सूर्य की स्तुति करते हैं। आदित्य ही ''स्वर्दृक'' कहा गया है। ''ईशानमस्य जगत स्वर्दृशभित्यसौ वाद स्वर्दृक तेन सूर्यं नातिशंसति।'' इसी खण्ड में आगे लिखा है कि ''मही द्यौः'' एवं ''ते हि द्यावापृथिवी'' आदि दो द्यावापृथिवी देवताक ऋचाओं का शंसन करता है। ''द्यावापृथिवी सभी प्राणियों का आधार है।'' यहाँ मानव आदि प्राणियों का आश्रय है एवं जन्मान्तर में वहाँ यह द्युलोक आश्रय है। अतः जो द्यावापृथिवी देवताक ऋचा का शंसन करता है; उससे दोनों ही प्रतिष्ठा रूप लोकों को वह इस में स्थापित करता है।

मही द्यौः पृथिवी च नः ते हि द्यावापृथिवी विश्वशंभुवेति

द्यावापृथिवीये शंसति द्यावापृथिवी वै प्रतिष्ठे

इयमेवेह प्रतिष्ठाऽसावमुत्र तद् यद् द्यावापृथिवीये

शंसति प्रतिष्ठयोरेवैनं तत्प्रतिष्ठापयति।।इति।।

यह (पृथिवी) लोक ज्योतिः है, अन्तरिक्ष गो है और वह लोक वायु है। ''ज्योतिर्गौरायुरिति स्तोमेभिर्यन्त्ययं वै लोको ज्योतिरन्तरिक्षं गौरसौ लोक आयुः।'' ऐतरेय ब्राह्मण में भूः, भुवः, स्वः आदि लोकों का वर्णन बहुत रोचक है। देवतागण आदित्य के स्वर्गलोक से गिरने की आशंका से भयभीत हुए। उन्होंने भूः, भुवः, स्वः आदि तीन स्वर्गलोकों के द्वारा मण्डल के अधोभाग में आधार कर दिया। तीन स्वर्गलोक स्तोम ही हैं। उसके पश्चात वे सूर्य के मण्डल के उर्ध्वभाग के पतन से डर गए। उन्होंने तीन स्वर्गलोकों के द्वारा मण्डल के ऊपर से रोक लगा दी।

तस्य वै देवा आदित्यस्य स्वर्गाल्लोकादवपातादबिभयुस्तं

त्रिभिः स्वर्गैर्लोकैरवस्तात् प्रत्युत्तभ्नुवन्स्तोमा वै

त्रयः स्वर्गा लोकास्तय पराचोऽतिपातादबिभयुस्तं

त्रिभिः स्वर्गैर्लोकैः परस्तात् प्रत्यस्तभ्नुवन् स्तोमा

वै त्रयः...।

यह सोम राजा द्यु एवं पृथिवी का गर्भ हैः ''द्यावापृथिव्योर्वा एष गर्भो यत्सामो राजा।'' ऐतरेय ब्राह्मण में रहस्य खोला कि असुरों ने तीनों लोकों को प्राकारपरिवेष्टित नगर रूप में बनाया, जैसे लोक में शक्तिशाली राजा सैन्यबल से सम्पन्न दुर्ग का निमार्ण करता है। ''इस पृथिवी को लोहे के प्राकार से युक्त किया। अन्तरिक्ष लोक को चाँदी के प्रकार से युक्त पुरी बनाया। द्युलोक को सुवर्ण (सोने, स्वर्ण) प्राकार से युक्त निर्मित किया। देवों ने उसके प्रतिकूल निर्माण किया। पृथिवी से सदस् नामक मण्डप का निमार्ण किया गया। अन्तरिक्ष से आग्नीध्र नामक अग्नि कुण्ड एवं द्यु से सोमरूप हवि रखने के पात्र हविर्धान निर्मित किया।

असुरा इमानेव लोकान् पुरोऽकुर्वत यथौजीयांसौ

बलीयांस ते वा अयस्मयीमेवेमामकुर्वत रजतामन्तरिक्षं

हरिणीं दिवं ते तथेमाँल्लोकान् पुरोऽकुर्वत ते देवा

अब्रुवन पुरो वा इमेऽसुरा इमाँल्लोकानक्रत पुर

इमाँल्लोका न् प्रातकरवामहा इति तथेति ते सद

एवास्याः प्रत्यकुर्वताऽऽग्नीध्रमन्तरिक्षाद्धविर्घाने

दिवस्ते तथेमाँल्लोकान् पुरः प्रत्यकुर्वत।।इति।।

ऐतरेय ब्राह्मण में देव कथा के माध्यम से सम्राट के द्वारा शरीर रक्षण (तानूनप्त्रत्व) की घोषणा की गई हैः ''ते यद्वरूणस्य राज्ञो गृहे तनूः संन्यदधत तत्तानूनप्त्रमभवत् तत्तानूनप्त्रस्य तानूनप्त्रत्वम् ।।इति।।

देवों ने पृथिवी में प्रविष्ट मेघ को पाने के लिए अनुगमन किया : ''तमस्यामन्वगच्छन्।'' ।।ऊँ।।

## ज्यान के श्लोक या ध्यान के श्लोक

## पृथिवी तत्त्व : स्व–संवेदना–अहं चेतनावान देव

सर्वोत्कृष्ट पवित्रतम कैलास महापर्वत कैलास के समीप तिब्बत क्षेत्र में विलुप्त सेंजर लिपि में ध्यान (ज़्यान) के श्लोक सौरमण्डल की उत्पत्ति पर नवप्रकाश डालते हैं। ब्रह्मविद्या समाज की अध्यात्मचेता सुश्री हेलना पी. ब्लैवेत्सकी ने उन्नीसवी शती के अन्त में गुप्त ज्ञान संहिता (सीक्रेट डॉक्ट्रिन) को रूपाकार दिया। ब्रह्मचेता आचार्य टी. सुब्बाराव ने गुप्त ज्ञान संहिता पाण्डुलिपि अवलोकन के बाद प्रकाशन की अनुमति नहीं दी। आचार्य सुब्बा राव की दृढ़ मान्यता रही कि अनेकों गुप्तब्रह्मविद्याओं की जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती है। इस प्रकार गुप्त ज्ञान संहिता का प्रकाशन उनके स्वर्गलोक गमन के ही पश्चात हुआ।

अध्यात्मविद ब्लैवेत्सकी की गुप्त ज्ञान संहिता (सन 1888, एक सौ तैतीस वर्ष प्राचीन) में सबसे महत्वपूर्ण ''ध्यान (ज्ञान) के श्लोक'' खण्ड है (राय बहादुर पंड्या बैजनाथ ने अध्यात्मिक साहित्य सर्व सुलभ कराने के उद्देश्य से ध्यान के श्लोक सहित अनेक ब्रह्मविद्या पुस्तकों का हिन्दी भावानुवाद किया। साथ ही उन पुस्तकों को निजी व्यय से प्रकाशित भी करवाया।) (यहाँ स्मरण रहे कि ध्यान शब्द हिमालय में तिब्बत और चीन, मंगोलिया पार करता जापान पहुँचा और यह ज़्यान या झेन कहलाया।)। ब्रह्मविद्याविद् ब्लैवेत्सकी ने हिमालय के पवित्र क्षेत्र कैलास के समीपी तिब्बत में ज़्यान या ध्यान के श्लोक के बारे में चौंकानेवाली जानकारी सार्वजनिक की। महापवित्र तिब्बत में पाँच हजार वर्ष पूर्व ऋषियों के वंशज तोल्लेक समुदाय द्वारा तत्कालीन सेंजर भाषा में इसकी संरचना की।

इसकी पुरातन पाण्डुलिपि ताड़पत्रों पर लिपिबद्ध रही। ताड़पत्रों में जल, अग्नि वायु, पृथिवी, सृष्टि उत्पत्ति, स्वस्तिक आदि का चित्रण

अभूतपूर्व रहा। इसमें सौर जगत की रचना, पृथिवी उत्पत्ति और मानवीय जन्म एवं विकास अर्थात् सृष्टिविद्या–ब्रह्मविद्या–आत्मविद्या का रहस्य उद्घाटित किया गया है। यह पाण्डुलिपि ब्रह्मचेताओं के ज्ञान के लिए सुरक्षित थी। डेढ़ शती पूर्व तिब्बत के शिगेत्जी ग्राम के त्स्ेयू लामा के अधीन सुरक्षित रही। पाण्डुलिपि के प्रथम ताड़पत्र पर स्याह काली पृष्ठभूमि पर श्वेत वर्तुल है। दूसरे ताड़पत्र पर वर्तुल एवं स्याह पृष्ठभूमि है, परन्तु केन्द्र में एक बिन्दु है। इसका तीसरा पत्र चौंकाता है। वह बिन्दु महाकार लेकर वर्तुल को आच्छादित करता है। प्रकारान्तर के ताड़पत्रों में खड़ी रेखा, आड़ी रेखा और स्वस्तिक उत्पन्न होते हैं। इस गोपनीय से गोपनीय ब्रह्मज्ञान की व्याख्या परमहंस (अथवा कैलास (शम्भाला) के गुह्य सिद्धाश्रमों में दीक्षितों) के सहयोग से उद्घाटित हो सका।

प्रथम ताड़पत्र चित्रण का अर्थ रहा कि सृष्टि अपनी अव्यक्त अवस्था में है एवं शक्ति अपनी निन्द्रा की स्थिति में है। दूसरे में श्वेत वर्तुल के मध्य बिन्दु का तात्पर्य साम्यावस्था में भेद की उत्पत्ति से है। सृष्टि अण्ड के भीतर का बिन्दु–विन्दु (अंकुर) सृष्टि का रूप लेगा। यह बिन्दु समय–समय पर सुषुप्त और समय–समय पर क्रियावान (जागृत) होता है। प्रलय काल में इसी सुषुप्त आत्मतत्त्व में, भविष्य सृष्टि रचना एवं देवरचना का विचार सन्निहित होता है। निगुर्ण, निष्काम, निराकार, निश्चल ब्रह्म ही एक मात्र जीवन सत्ता, अज, सनातन, अव्यक्त, सर्वव्यापी, अनादि–मध्यान्त है। वह कल्पकाल में व्यक्त होता रहता है। दो कल्पों के मध्य में अव्यक्त, असत्, अचेतन, निरपेक्ष, चेतनायुक्त, अगम्य गति है, जिसे ब्रह्मविद्या (गुप्त ज्ञान) में ''दीर्घश्वास'' कहते हैं। कल्प के आरम्भ में वह सनातन, अक्षर भीतर से बाहर की ओर पसरता है। फलस्वरूप अन्त में अव्यक्त से व्यक्त, दृश्य जगत् होता है। कल्प के अन्त एवं प्रलय के प्रारम्भ में, ईश्वरीय तत्त्व संकोच होकर व्यक्त जगत् का धीरे–धीरे अन्त कर मात्र अन्धकार रह जाता है।

तृतीय पत्र का अर्थ है कि सर्वव्याप्त अनन्त के भीतर दैवी मूलप्रकृति कार्यवती है। बिन्दुयुक्त वर्तुल–तत् के अन्दर मूलप्रकृति का उदय होना रहा। रेखाओं का अर्थ मनुष्य सृष्टि विभक्ति है। स्वस्तिक का

अर्थ मूलजाति का प्रारम्भ है। एक सर्वशक्तिमान् अनन्त सनातन, अक्षर, अचिन्त्य एवं अवर्णीय सत् है। उसका मूलरहित मूल सत् असत् रूप है। सत् के दो रूप निरपेक्ष अमूर्त अवकाश, निरपेक्ष अमूर्त गति–अप्रतिबद्ध चेतना दो रूप हैं। इसमें प्रथम अव्यक्त (अमूर्त अवकाश, अमूर्त गति, अनपेक्ष काल), सत्ता अचिन्त्य, देशकाल से परे एक निरपेक्ष शून्य सरीखी स्थिति है। इसे शिव तत्त्व कहा जाता है। ''पश्चिम में'' अव्यक्त को लोगस्'' कहते हैं। द्वितीय, सर्वव्यापक तत्त्व में मूल प्रकृति, महत्, जीवन एवं दैवी शक्ति है। तृतीय, ब्रह्मा अथवा प्रजापति ब्रह्म के कार्य में व्यक्त प्रकृति, जीवनशक्ति, मन, व्यक्त जगत् एवं उसके संचालक दैवी शक्तियाँ, देवगण, प्रकृति एवं जीवन जोड़नेवाली शक्ति है। चेतना (पुरुष), प्रकृति स्वतन्त्र सताएँ हैं। ये निरपेक्ष ब्रह्म के दो रूप हैं। ''पश्चिम में दैवी शक्ति को 'फोहत्' (अग्निमय बवंडर) कहा जाता है।''

सृष्टि की जागृति के पद्म खण्ड तीन में कहा है कि सातवें अनन्त कलप (ब्रह्मा की रात्रि) का अन्तिम स्फुरण (क) अनन्त अवकाश में कंपित होता है। वेद में भी ''क'' ब्रह्म एवं ''ख'' आकाश है। एकाक्षरनामकोष संग्रह में पृथिवी का बीजाक्षर ''लं'' एवं ''ऊ'' है। माता (सृष्टि योनि) पद्मकलिका के समान भीतर से फूलकर बाहर निकलती है। फूलने का अर्थ अनन्त अवस्तु का अनन्तवस्तु होना है। ब्रह्मा का एक दिन 4,32,00,00,000 (432 करोड़) मानव वर्ष होते हैं। यह स्फुरण अपनी तीव्र गति से फैलता हुआ अपने पंखों से एक साथ ही सकल सृष्टि को और अन्धकार (ईश्वर) में गर्भबिन्दु को छूता है। यह अन्धकार (नारायण–नार (जल, पानी), अयण (चलना)) जीवन के सोते जल पर श्वास डालता है। अन्धकार से प्रकाश झरता है। एक किरण पानी में माता रूपी गहराई में गिरती है। अर्थात् मूलप्रकृति (ब्रह्माण्ड) में स्फुरण होता है। जिससे व्यक्त काल का (अनित्य) गर्भ बिन्दु गिराता है। वह जमकर सृष्टि अण्ड का रूप लेता है। त्रिकोण चतुष्कोण में गिरते हैं। प्रकाशमय दिव्य रस (आपः) भीतर बाहर से सात–सात प्रकार का होता है। प्रकाशमान अण्ड ही हिरण्य गर्भ है। हिरण्यगर्भ रचनात्मक सत्ता की तीन अवस्थारूप है। दधिरूपवत् माता (परमव्योम) की गहराइयों में दूध समान श्वेत दधिरूप में बिछ जाता है। यह जीवन सागर की गहराई में

उगनेवाली जड़ है। यहाँ आकाश गंगा, दुग्धमेखला को दधिरूपवत् मातृ कहा गया है।

सत्य, नियम, सत्त्व, बुद्धि मूल बना रहता है। उसी के साथ दिव्य संकल्प भी रहता है। सृष्टि रचना को आतुर प्रकृति अणु परमाणु विद्यमान रहता है। ''देवों के माता–पिता को ओ–ई–ओ–हु'' कहा है (यही प्रणव है।)। अमृतसागर की प्रत्येक बूँद में जीवन का मूल रहा और प्रकाशमय तेज (अग्नि, ताप, गति) भी रही। अन्धकार समाप्त हुआ और वह नहीं रहा। वह अपने ही सत्त्व में अग्नि एवं जल के, माता–पिता के शरीर में लुप्त हो गया। इसके सातवें श्लोक में लिखा है कि हे शिष्य! उन दोनों का तेजमय बालक, अद्वितीय प्रकाशमय दिव्यता, स्याम अवकाश का प्रकाशमय अवकाश (क) महान् अन्धकारमय जलों की गहराई में निकलता है। वह लघु प्रणव (ओ–ई–ओ–हु) सूर्यमण्डल का ईश्वर है। वह सूर्य के समान चमकता है। वह ज्ञान का देदीप्यमान (ज्वलन्त दिव्य महासर्प–वैदिक अहिर्बुध्न्य, ईश्वर) है। वर्तमान में ''ख'' एक से चार है। चार तीन से विवाह करते हैं और सप्त उत्पन्न होते हैं (वेद में सप्त ऋषि हैं।)। ये सात तीस उत्पन्न करनेवाले ध्यानी अथवा ज्ञानी समूह का रूप लेते हैं। (शिष्य) उसे परदा उठाते एवं पूर्व से पश्चिम तक परदा खोलते देखा। वह अरूपसृष्टि को ढाँक लेता है एवं रूपसृष्टि को माया रूप में दिखने को छोड़ देता है। वह ग्रह, नक्षत्र, तारों के लिए स्थान नियत करता है। वह (परम) व्योम को अनन्त अग्निमय सागर का स्वरूप प्रदान कर (ग) व्यक्त प्रकृति को महाजल (आकाश) में परिवर्तित करता है।

आठवें श्लोक में मौलिक प्रश्नों का रहस्य छिपा है। गर्भ बिन्दु रहस्य कहाँ था? अन्धकार कहाँ था? शिष्य, आपके द्वीप में प्रकाश देनेवाली ज्योती का आत्मा कहाँ था? वह बिन्दु ''तत्'' है। यही तत् तेज है। यह देदीप्यमान श्वेतपुत्र गुप्त कालहंस (ब्रह्म का) है। यह तेज शीत ज्योति है (वेद में सविता दिव्य प्रकाश शीतल है।)। ज्योति ही अग्नि है। अग्नि उष्णता मूलक है। इससे पानी बनता है। व्योम अवकाश–महामाता में जीवन का जल है। माता–पिता महाजाल बुनते हैं। उसका ऊपरी छोर अन्धकार से निकले तेज से एवं नीचला छोर अन्धकार के काले

छोर (पुरुष, प्रकृति) से बँधा है। यह जाल उन दोनों तत्त्वों से बना स्वाभावत जगत् है। फिर मूलप्रकृति (स्वाभावत) अणुओं को स्थूल बनाने के लिए, शक्ति भरने के लिए आदिशक्ति दैवी प्रकृति को आज्ञा करता है। स्वयं भू के प्रतिबिम्ब के अपने में दर्पण के समान प्रतिबिम्बित कर, प्रत्येक अणु समय पाकर एक विश्व बन जाता है।

सर्वत्र व्याप्त पर सूर्य मण्डल की स्थापना होती है। सूर्य मण्डल के बाहर वह अव्यक्त शक्ति शुद्ध अवस्था में सभी विश्वों के मध्य में विद्यमान रहती है। वह हमारी की प्रकृति से भिन्न है। हम उसमे देख सकते हैं, इसलिए अज्ञानवश अवकाश कहते हैं। हमारे जगत् के भीतर एवं बाहर प्रकृति की सात अवस्थाएँ हैं। इनके सात अर्न्तखण्ड घनता क्रमानुसार हैं। ''हमें दिखाई देनेवाला सूर्य सातवीं अवस्था की प्रथम अवस्था को प्रकट करता है'' (वेद में अनेक सूर्यों का उल्लेख है। बारह आदित्य हैं।)। यह मूल सातवीं अवस्था विश्वव्याप्त उपस्थिति की अत्यन्त ऊँची, प्रवित्रतम सनातन अव्यक्त सत्ता की प्रथम व्यक्त श्वास है। समस्त केन्द्रस्थ स्थूल सूर्यों की प्रकृति इस श्वास के प्रथम तत्त्व की सबसे नीची स्थिति है।

''ये सभी स्थूलमूर्त सूर्य वास्तव में मूल सूर्यों के आभासमात्र हैं। अध्यात्मिक देवों के अलावा इन्हें कोई नहीं देख सकता।'' वेद में यह भी रहस्योद्‌घाटन किया गया है कि हम सूर्यकिरण नहीं उसकी छटा देखते हैं। इन देवों के शरीर मूलप्रकृति के सप्तम खण्ड के पंचम अन्तर्खण्ड से सृजित हैं। इसलिए वे सूर्यों की प्रतिबिम्बित प्रकृति से चार अन्तर्खण्ड ऊँचे हैं। ''गुप्त सूर्य की वास्तविक प्रकृति मूलप्रकृति का संचय है'' (यह पुनः स्मरण रहे कि वैदिक ग्रन्थों में अनन्त सूर्य होने की उद्‌घोषणा की गई है।)।

पद्म खण्ड दो में पृथिवी संरचना की आन्तरिक रसज्ञता का वर्णन है। इसके प्रथम श्लोक में सीधे–सीधे कहा गया है कि तीस करोड़ वर्ष चक्र घूमता रहा। उसने रूप निर्मित किये। नरम पाषाण कड़े हो गए (इसे ब्राह्मण ग्रन्थों–अरण्यकों में पहले ही सविस्तार लिखा गया है।)। पृथिवी पर भयानक आकृतिवाले जीव की रचना हुई। वेद का अनुसरण करते हुए पद्म खण्ड पाँच में लिखा है कि प्रथम उत्पन्न योग

के पुत्र थे। उनके पिता सूर्य एवं माता चन्द्र रहा। वैदिक देवताओं की तरह निर्लिंगी (लिंग रहित) देव रहे।

आचार्य टी. सुब्बा राव ने सन 1881 में कहा कि (सृष्टि) रचना का, और आरम्भ का अभी तक इस जगत् इतिहास सात अध्यायों में है। परन्तु सातवाँ अध्याय अभी तक लिखा नहीं गया है। यह भी सत्य है कि गुप्त ज्ञान की सत्यता की जाँच श्वेतसंघ परम्परा (सूर्यविद्या के परमहंस) के ऋषि स्वयं अपनी दिव्यदृष्टि द्वारा करते चले आ रहे हैं (नाईन अननोन–श्री टालबोट मुण्डी)। इसका प्रधान सिद्धान्त एक समभाव दैवी वस्तु तत्त्व एक मूल कारण है। ''समूची सृष्टि का अनुशासन, नियन्त्रण, नेतृत्व, प्रायः अनन्त प्रकार के देवगण की परम्पराओं द्वारा होता रहता है।''

ध्यान के श्लोक के रहस्यमय इन्द्रजाल में ''पृथिवी तत्त्व को स्व–संवेदना, अहं चेतनावान देव परिभाषित किया है।'' वैसे पद्म खण्डों में घोषणा की है कि अनन्त सृष्टियों–विश्वों की व्यवस्था को ऊँचे से ऊँचे देव भी नहीं जान सके हैं और इनसे परे महासूर्य–परमसूर्य के राज्य में प्रवेश नहीं कर सके हैं। पंचम पद्म खण्ड में अग्निरूप बवन्डर से निहारिका उत्पत्ति एवं एक सूर्यमण्डल रचना का उल्लेख है। दैवी विद्या– ब्रह्मविद्या के अनुसार महासृष्टि में एक परमेष्ठी या परमेश्वर है। वेद के नासदीय सूक्त का अनुसरण करते हुए पद्म खण्ड एक में लिखा है कि एक अकेला सत्, अनन्त, निष्कारण, सर्वत्र स्वप्न रहित निन्द्रा में फैला हुआ था। उस अनन्त अवकाश में जीवन अचेतन भाव से धड़क रहा था। जिस सर्वव्यापक सत् को जीवनमुक्त–दंगमा की व्यापक अध्यात्मिक दृष्टि देख सकती है। परन्तु जब विश्व का आलय–प्रकृति–प्रधान, परमार्थ, अव्यक्त–चेतना–सत–चैतन्य में था और महाचक्र विश्व उत्पादक रहित, अजन्मा था, तब जीवनमुक्त–दंगमा कहाँ था ? ब्रह्मविद्या आत्मविद्या में सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड, सृष्टि चैतन्य सत्ता का स्वरूप कहा गया है। ''यह परमेष्ठी तत्त्व ही परम ईश्वर, लोगस, फ़ोहत, रॉ, अहुर मज़्दा, परमपिता, अल्लाह आदि नामों से जाने जाते हैं।''

अध्यात्मविद राय बहादुर पण्ड्या बैजनाथ लिखते हैं कि तिब्बत के तत्कालीन मठों में त्शेयू लामा के पास संरक्षित संग्रहों में से एक का

नाम कियूती है। इसमें–सप्त गुप्त पोथी, चौदह टीका पोथियाँ (दीक्षितों के लिए, प्राचीनतम सेंजर भाषा में ) और आम जन के लिए पैंतीस पोथियाँ मठों में पायी जाती हैं। अध्यात्मविदों एवं ब्रह्मज्ञानियों के अनुसार चौदह पोथियाँ प्राचीनतम हैं। ध्यान के श्लोक पोथी में त्रेता युग के अन्त एवं योगेश्वर श्री कृष्ण वासुदेव की मृत्यु एवं कलियुग के प्रारम्भ का वर्णन अभूतपूर्व है। ध्यान के श्लोक के सूत्र वेद की प्रतिकृति के रूप रहस्यात्म, गूढ़, कूट, प्रतीक, अभिव्यंजना बहुअर्थ आदि से ओत–प्रोत हैं। पद्म खण्ड एक का सातवाँ श्लोक है : ''प्राणधारण अस्तित्व के कारणों जीवनतृष्णा का नाश हो चुका था। दृश्यमान जो था और अदृश्य जो है, वह सनातन असत् में लीन हो चुका था, अर्थात् एक सत् में लीन चुका था।'' टीकाकार ने इसकी व्याख्या की कि सूर्य से अणु तक में जीवनतृष्णा है। यह परमेश्वर की सृष्टि रचने की इच्छा से उत्पन्न नियम की छाया–प्रतिबिम्ब है। इस इच्छा का आदि कारण सदैव अन्तनिर्हित रहता है। यह भी लिखा है कि ''परमानन्द–मोक्ष–निवार्ण प्राप्ति के सप्त मार्ग नहीं रहे। दुःख के महाकारण–निदान–माया नहीं थे। क्योंकि उन्हें उत्पन्न करने और मोहयुक्त होने के लिए कोई नहीं था।'' बौद्ध धर्म में दुःख के महाकारण बारह निदान माने गये हैं (उनमें अज्ञान, चेतना, नामरूप, राग, जन्म, मरण, वृद्धावस्था आदि हैं।)। सप्त मार्ग–श्रोतापत्ति, सुकृदागामी, अनागामी, एवं अर्हत् पद से परे तीन और ऊँचे पद हैं। मनुष्य में स्थित विशुद्धात्मा, अन्तरात्मा एवं देहात्मा के अर्थ की व्याख्या है। तिब्बत की ध्यान के श्लोक पोथी में ऋग्वेद के सृष्टि उत्पत्ति सूक्तों को ही सारसंक्षेप में प्रस्तुत किया गया है।।।ऊँ।।

## विश्व की प्राचीन संस्कृतियों में पृथिवी देवी

वेदोन्तर काल में विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों–माया, इंका गवल, मिश्री, सुमेरियायी, असीरीयायी, ग्रीक, यूनानी, रोम, आहड़, हित्ति, मितन्नी, शिन्तो, ताओ, बौद्ध, जैन आदि में वैदिक पृथिवी देव नये

नये–नामों, रूपों में अवतरित हुए। उनके मनमोहिनी रूपाकार आश्चर्यचकित करनेवाले रहस्यलोक की महायात्रा करवाते हैं। यह उल्लेखनीय है कि वेद में देवता ही सम्बोधन मिलता है।

वेद के बाद विश्व की प्राचीतम सभ्यता संस्कृतियों में ''इंका'' का नाम उल्लेखनीय है। इंका के देवशास्त्र में ''विरोचन'' केन्द्रीय चरित्र है। वैदिक सनातन परम्परा की पुराकथाओं में असुरराज हिरण्यकश्यप के पुत्र भक्तराज प्रह्लाद रहे। प्रह्लाद की रक्षा के लिए नृसिंह अवतार अवतरित हुए। प्रकारान्तर में नृसिंह के पथभ्रष्ट होने पर महारुद्र सदाशिव के अवतार श्रीवीरशरभसालुव आकाशभैरव प्रकट हुए एवं नृसिंह अवतार का वध किया (लिंग पुराण, शिव पुराण)। प्रह्लाद के पुत्र असुरराज विरोचन हुए उनके पुत्र महादानी एवं सप्त चिरंजीवियों में से एक असुरराज बलिराजा रहे। महादानी बलिराजा के पिता विरोचन की पुराकथा का सुदूर दक्षिणी अमेरिका के पेरू आदि में होना अभूतपूर्व है। इंका विरोचन पौराणिक कथा में ''मानको कापक विराचन'' का पुत्र रहा।

इंका देवशास्त्र ''सूर्य देवता इन्ती'' के पुत्र मानको कापक एवं पचा कामक थे। सूर्य देवता इन्ती ने मानको कापक को पृथ्वी पर भेजा एवं सूर्य देवालय स्थापना का निर्देश दिया। मानको कापक सूर्य एवं अग्नि के उपासक रहे। मानको कापक के भाई एवं बहिन कुश्को में रहते थे। पौराणिक आख्यान के अनुसार उनके दिव्य पिता ने उन्हें स्वर्णकर्मी प्रदान किये। विरोचन पुराकथा में परमेश्वर की वाणी को केन्द्र में रखा गया है। पुराकथा में कुश्को को पृथिवी का केन्द्र घोषित किया गया। इंका देवशास्त्र में ''मामा पचा माता प्रकृति'' है। इसके अलावा ''काविल्लास– कुमारी देवी'', ''कोनिराया–चन्द्र देवता'', ''कोपाकाटी–सरोवर देवी'', ''मामा अल्लपा–बहुस्तनवाली उर्वरा देवी'', ''मामा कूचा–समुद्रदेव'', ''चास्का– शुक्र'', ''इकेको– धन एवं स्वास्थ्य देव'', ''मामा किल्ला– चन्द्रमाता– स्वर्णमयी माता'', ''पचा कमाक– सृष्टि निर्माता देवता,'' ''पारयाकाका–वरुण देव'', ''सुपाय–यमराज मृत्यु देवता'', ''मामा सारा–अन्न देवी'', ''पराकिया–जल प्रलय देव'', ''विरोचन –सर्वेश्वर'' आदि प्रमुख हैं। वैसे इंकावासी ''प्रकृतिमाता को पचमामा'' भी कहते हैं। प्राचीन इंका में निवासी ''मामा पचा अथवा पचमामा'' सहित

किसी भी देव की उपासना को स्वतन्त्र रहे। प्राचीन इंका में सूर्य देव के मन्दिरों में तिलोत्तमा सुन्दरियाँ पुजारिन रही। साम्राज्य के भद्रलोक की कुमारियों में से चयनितों को चार वर्ष परमेष्ठी सूर्य नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाता था। बाद में वे क्षत्रपों से विवाह को स्वतन्त्र थी। पौराणिक कथाओं के अनुसार टिम्बकटू से मूल इंका के आठ युग्ल प्रकट हुए। यह स्थल कूजको से 33 किमी पर है।

''इंका की स्वर्ण नगरी'' का भी अपना रहस्य है। स्पेन द्वारा पेरू को उपनिवेश बनाने के समय इंका के धर्म संस्कृति की पाण्डुलिपियों की पोथियों को जलाकर राख किया गया। स्पेनी साम्राज्य ने इंका के देव शास्त्र और पौराणिक आख्यानों को कपोल कल्पित घोषित किया। पर रहस्यमयी स्वर्णनगरी की खोज सदियों से जारी है। यद्यपि वर्तमान में भी इंका के सिद्ध ओझा बर्फीले पर्वतों के मध्य घाटियों के मध्य गुप्त रूप से रहते हैं और गरूडनुमा पक्षियों की सवारी कर ब्रह्माण्ड की सैर करते हैं (पूरब प्रणाम : श्री विमल दे।)

माया संस्कृति साढे सात हजार वर्ष प्राचीन है और माया पिरामिड विश्व के लिए पहेली बने हैं। माया का पुरातत्व माया के देवता और धर्म के बारे में नव प्रकाश डालते हैं।

लगभग सवा नौ हजार वर्ष प्राचीन कही जानेवाली हित्ति सभ्यता–संस्कृति–धर्म– अध्यात्म में वैदिक एवं पौराणिक देव नये मोहिनी रूप में प्रकट होते हैं। हित्ति चरमोत्कर्ष समय पर हित्ति का दायरा इस्ताम्बुल–इडीर्ने से मेसोपोटामिया, उत्तरी सीरिया से तिगरिस एवं यूफ्रात्स् घाटी और अन्तालया से तोपराक्काले के बड़े भूभाग में फैला रहा। इस काल में समूचे लघु एशिया में हित्ति परचम लहरा रहा था। प्राचीन हेलि महानदि किजिल इर्माक से गुजरती थी। लगभग 4300 से 4100 वर्ष प्राचीन के मध्य के हित्ति पुरातात्विक साक्ष्य सम्मोहित करते हैं।

प्राचीन भारत का विदेश व्यापार अजानिया, हेप्त (दारेस्सलाम), अबीसिनिया, रासाहाफून, अवलाइटिस, मेरो बेगोरारिथ, सिकन्दरिया (यवनपुर), रोम, पेरिस, फिलिप्योपोलिस, बाइजेरिया, तनेस, अन्तिओख

(अन्ताखी ), अरिस्नो (स्वेज), होयोसपोलिस, रास अबू सोमर, अपोलोगस, ओम्माना (ओमान), वारक्सस्पासिनी, अलक्जैन्ड्रियापौलिस, मारांकड, पामीर, हामी, यारकन्द, लोयंग, जावा, सुमात्रा, मलाया, स्वर्णभूमि, कम्बदेश, चम्पादेश, चीन, जापान, मंगोल आदि तक रहा। यानी जम्बूद्वीप समूचा एशिया (मध्य एशिया, दक्षिण एशिया, पूर्वी एशिया, लघु एशिया), यूरोप, यूरेशिया के भाग, चीन, मंगोलिया, कम्ब देश, चम्पा देश, स्वर्ण देश आदि में फैला था। अतः इनमें 39 लाख प्राचीन वेद कालीन धारा की सुनामी बहना स्वाभाविक परिणाम रहा। हित्ति में ''सूर्य सर्वोच्च देवता'' के रूप में स्थापित हुए। अलाकाहोयुक के सूर्य चक्र के चारों ओर किरणें निकली प्रदर्शित की गई हैं। हित्ति देव शास्त्र में ''ऋतु देवता'' दूसरे सर्वशक्तिमान देव हैं। ऋतु देवता का नाम ''जिप्पालन्डा'' रहा। हित्ति सभ्यता में ''पृथिवी देवी लिलवानी'' के रूप में पूजी जाती रही। हित्ति का ''फिनिक्स'' भी अभूतपूर्व है। हित्ति की प्राचीन प्रतिमाओं में दो पंख एवं सिंह और मानवीय मुख वाले देव भारतीय पुराणों से मेल खाते हैं। भारतीय पुराणों के श्री शरभावतार के सिंह पशु शरीर एवं पक्षियों की तरह दो पंख हैं। श्री नृसिंह अवतार के सिंह का शिर एवं मानवीय शरीर है। हित्ति के प्राचीन देवालयों में बहुदेववाद का झिलमिलाता संसार रहा। देवालयों में नरपुजारी एवं नारी पुजारिन होती थी। प्राचीन हित्ति में साम्राज्य के राजा पुनर्जन्म में विश्वास रखते रहे।

गुप्तब्रह्मविद्या समाज के अनुसार गुह्यब्रह्मविद्या सभा के सदस्य 15,500 वर्ष पूर्व प्राचीन मिस्र गए। कालान्तर में उनमें से एक का विवाह साम्राज्य की युवराज्ञी से हुआ और वह सम्राट बना। यहाँ उल्लेखनीय है कि वेद में सभी को प्रसव देनेवाले सविता देवता एवं सूर्य देव हैं। सूर्य देवता का बीजाक्षर ''रँ'' है। उधर हिस्ट्रोरिकल हिस्ट्री ऑफ द वर्ल्ड (भाग एक) के अनुसार मिस्र निवासी पणियों (वेद वर्णित) की एक शाखा है। मानव शास्त्रवेत्ताओं ने मिस्र के पुरातात्विक स्थलों के उत्खनन में प्राप्त खोपड़ियों से सिद्ध किया कि मिस्रवासी भारतीय आर्य रहे। मिस्र में अनेक स्थानों के नाम ''शिव'', ''मेरू'' आदि हैं। विश्व धर्म दर्शन (श्री पोकाक) में लिखा है कि मिस्रवासी ''सूर्यवंशी '' कहते रहे, एवं सूर्य की

तान्त्रिक पूजा करते हैं। साथ ही ''मनु'' को अपना ''मूल पुरुष'' कहते रहे।

प्राचीन काल से मिस्र में ''गेब को पृथिवी देवता'' माना जाता है। गेब की साथी ''नुत्'' है। नुत् एवं तफ्नुत पति पत्नी हैं। मिस्र : बुक ऑफ डैड मिस्र के प्राचीन देवशास्त्र के रहस्य को उजागर करती है। मिस्र की पुराकथाओं के अनुसार पृथिवी देवता गेब की हँसी से पृथिवी पर भूचाल आते हैं। गेब को सर्प, वनस्पति, उर्वरता, भूकम्प आदि का भी अधिष्ठाता कहा गया है। वहीं सूर्य देवता को ''रॉ'' (अतुम) कहा जाता है। मिस्र में रॉ एवं प्ताह को रचियता देव स्वीकारा गया है। पृथिवी देव गेब के माता पिता ''शू (आकाश, शून्यता) एवं तेफ्नुत (आद्रता, मेघ) हैं। आकाश के देव नुत् एवं पृथिवी देवता गेब के संयोग ने मिस्र में नववंशावली ने अस्तित्व लिया। देव वंशावली में ''ओसिरिस, इसिस, सेत्, नेफ्थीस, होरस, हेरूर'' प्रमुख हैं। गेब दैवी सर्प ''नेहेबकाउ'' के भी पिता रहे। मिस्र में दिव्य सम्राट गेब को कहा गया। पुराकथाओं में गेब को अन्न की देवी ''रेनेनूतेत्'' का पति भी घोषित किया गया। गेब के पवित्र चिन्हों में श्वेतहंस है। मिस्र में पिरामिड के समीप देवालयों में तान्त्रिक विधि विधान से सूर्य देवता– ''रॉ'' सहित अन्यों की गुप्त पूजा अर्चना का क्रम जारी रहा। गुह्यब्रह्मविद्या सभा देवालयों में अधिष्ठाता देवता को रिझाने के लिए अक्षत कौमार्यवान तिलोत्तमा सुन्दरियों का नृत्य करवाते रहे। यूनान–ग्रीक–रोम में पृथिवी देवता गेब का पयार्य ''क्रोनुस'' हैं। उनके देव वंशज ''जउस, हद्स एवं पोसीडियन'' हैं। लोक परम्परा में पृथिवी देवता गेब को ''मकर'' के रूप में स्वीकारा गया। वैसे समाधि प्रस्तर पर गेब की उत्कीर्ण कृति में शिर पर पक्षी आरूढ़, लम्बी पतली दाढ़ी, हाथ में दण्ड, हाथ–पैरों में आभूषण धारण किए आदि प्रदर्शित किया गया है। इस सन्दर्भ में श्रीयुत ई.ए. वालिस बज की गॉडस ऑफ इजीप्सियन्स : स्टेडीज इन इजीप्सियन माइथोलॉजी (सन 1904) विस्तार से प्रकाश डालती है। मिस्र के प्राचीन धर्म और वेद की ऋचाओं में साम्यता है। वेद में द्युलोक एवं पृथिवी युग्ल द्यावापृथिवी हैं।

जापान के शिन्तो धर्म के बहुदेववाद में सूर्य देवता, चन्द्रमा देवता, वृष्टि देवता आदि अस्सी लाख देवसमूह का उल्लेख है। जापान

में वैदिक देवता जापानी नामों में यथावत मिलते हैं (वैदिक गॉडस ऑफ जापान : श्री सिद्धार्थ काक)। ''इनमें ताइशाकू–इन्द्र, का (से)–अग्नि, इम्मा–यम, रासात्सू–निर्ऋति, सुई–वरुण, फू–वायु, बिशामोन–वैश्रवण कुबेर, ईशान्–ईशान, नित्–सूर्य, गत–चन्द्रमा एवं जी तेन–पृथिवी'' प्रमुख हैं। ''जी तेन'' पृथिवी देवता का चित्र भी विस्मित करता है। तिब्बत के सर्वोत्कृष्ट कैलास के घेरे के देवालयों बौद्ध विहारों में पृथिवी का बीजाक्षर मन्त्र ''लँ'' लिखकर देव साधना का उल्लेख मिलता है। शिन्तो धर्म के अस्सी लाख देव समूह में केन्द्रीय स्थान अनातेरा सुआमी–कामो–सूर्यदेवी का है। शिन्तो धर्म के अध्यात्मिक सिद्धान्त अद्वैत–तिओबू के अनुसार सर्वव्यापी आत्मा सर्वशक्तिमान अमेनोमीन कानुसी है। शेष प्रमुख देव–चन्द्रमा (रसुकियोमीनी मिकतो), वृष्टि देव इन्द्र (सुरतानो आनो मिकतो) आदि हैं। शिन्तो देवता–कामो की पूजा उपासना में मन्त्रोचारण–हराई, अभिषेक–मिसौबी एवं ध्यान–इमी की विधि प्रयोग में आती है। बुद्ध को उन–उन मूल रूपों का अवतार बताया गया है। चौंके नहीं! जापान में एक लाख चौदह हजार शिन्तो समाधियाँ हैं।

प्राचीनग्रीक यूनान में ''गइया'' पृथिवी देवी है। उसके माता पिता–हेमेरा (हिगीनस) एवं ऐथर–हेसीओड–अव्यक्त हैं। मिसिनियन में ''माता गइया को मा–का'' नामकरण मिला। ग्रीक देवोत्पत्ति में ''श्वेत वक्षःस्थल अन्तःकरण गइया अमर है।'' हेसीओड का कहना रहा कि गइया ने उसे यूरानस (स्वर्ग, आकाश) के समतुल्य किया। उसने समुद्र, पर्वतों आदि से चारों ओर से घेरा। गइया की पूजा ''अनेसिड़ोरा की समाधि'' के नीचे की जाती है। प्राचीन ग्रीक में गइया की उपासना डीमीटर सम्प्रदाय में प्रचलन में रही। देव प्रसन्नता के लिए काले रंग के पशुओं की बलि देने का विधान रहा।

गइया के भव्य मन्दिरों का अपना संसार रहा। मन्दिर में गइया का पवित्र स्थान निर्धारित था। मन्दिर ने भविष्य वक्त्री (वक्ता) पर्वतीय सुन्दरी अप्सरायें नियुक्त होती रही। गइया ने अपनी दिव्यवाणी स्वयं प्रदर्शित की। ग्रीस में गइया के तीन पुण्य पवित्र स्थल हैं। गी यूरोस्टरनोस (कार्थिस) में गइया की प्राचीनतम प्रतिमा है। इसे ''पृथिवी देवी गे'' का मन्दिर कहा जाता है। इतिहासकारों ने लिखा है कि स्पर्टा

एवं एथेन्स में भी पृथिवी देवी के देवालय हैं। ओलम्पिया में पृथिवी का यज्ञकुण्ड रहा। एथेन्स के जउस् ओल्मपीओस मन्दिर में पृथिवी देवी गे की आसन पर बैठी प्रतिमा है और पास में पृथिवी पुत्री की खड़ी प्रतिमा है। गइया–यूरानस परिवार की लम्बी वंशावली मिलती है।

रोम की देवकथाओं–पुराकथाओं में ''तेरा मातर–तेलस मातर'' पृथिवी देव हैं। वह पृथिवी भूमि में निवास करते हैं। तेरा मातर के नर साथी बृहस्पति देवता स्वरूप ''कीलस'' हैं। ''रोम के पवित्र क्षेत्र में तेरा मातर के प्राचीनतम अर्चनागृह रहे।'' राज्य के पुरोहित उनकी उपासना करते रहे। यह बात अलग है कि ''लेटिन में भूमि, क्षेत्र, मैदान, धरती के लिए तेरा शब्द प्रयोग में लिया'' जाता था। वैदिक संस्कृत की दृष्टि से भूमि के धरातल के लिए ''तलम्'' शब्द है। यह शोध का विषय है कि संस्कृत के तलम् का तेरा से क्या सम्बन्ध है ? संस्कृत का मातृ एवं मातर का अनुशीलन आवश्यक है। ''लैटिन भाषा में तत्त्वों के लिएः– एक्वा–जल, वेन्तस–वायु, इग्निस–अग्नि, तेरा–पृथिवी (वैदिक सनातन परम्परा में पंच भूत–अग्नि–तेज, वायु, आकाश, पृथिवी एवं जल हैं।) शब्द मिलते हैं।'' कारिनइ का तेरा मन्दिर मील का पत्थर रहा। ईसा पूर्व 268 में इसका भूकम्प के कारण टूटने से पुनर्निमाण करवाया गया। इस मन्दिर का स्थापना दिवस 13 दिसम्बर को आयोजित होता रहा।

तेरा मातर एवं केरेस का उत्सव जनवरी में होता है। ईसा पूर्व 17 में अगस्तस् ने तेरा मातर का सम्मान किया। सम्राट सिप्तिमीनस सेवेरस ने रुदानिक (चांदी खदान क्षेत्र) में तेरा मातर के मन्दिर का जीर्णोद्धार करवाया। तेरा मातर के नर साथी ''तेलूरस–तेलूमो'' का नाम विरले ही लिया जाता है। हिप्पो के अगस्टाइन को तेलूमो कहा गया। हजारों वर्ष बाद भी रोम की आधुनिक भाषाओं में ''पृथिवी ग्रह का नाम तेरा'' बताया गया है।

दक्षिणी अमेरिका–लेटिन अमेरिका के ग्वाटेमाला, मैक्सिकों के सघन वनों के बीच माया धर्म–सभ्यता–संस्कृति की अतुल्य धरोहर के पिरामिडों की शृंखला का वशीकरण करता वैभव फैला हुआ है। ये पिरामिड मिस्र के पिरामिडों से भिन्न हैं। माया के पिरामिड ऊपर से कोनेदार नहीं हैं। इन बहुमंजिता पिरामिडों में शीर्षतल तक जल आपूर्ति

एवं प्रकाश की व्यवस्था चकित करती है। पुरातत्व विदों ने इन पिरामिडों को 7500 वर्ष प्राचीन स्वीकारा है। माया की देवी प्रतिमा के हाथों में साँप एवं डमरूनुमा वाद्य (यह महारुद्र सदाशिव के अर्धनारीश्वर स्वरूप के कुछ साम्यता में है।)। माया की अति उन्नत सभ्यता ने हजारों–हजारों वर्षों का कालचक्र संवत्सर (18 मास एवं मास में 20 दिन) (कलेण्डर) कुछ धिर्रियों से निर्मित किया। माया सभ्यता संस्कृति के ग्रन्थों की पाण्डुलिपियाँ उपनिवेश के दौरान काल का क्रूर निवाला बनी।

माया धर्म संस्कृति के बारे में मूल स्रोत विस्मृति के गर्भ में होने से आधी अधूरी प्रायोजित जानकारी लकाडोन नृजाति विज्ञान, चिलम बालम, द लांडा, मैड्रिड पाण्डुलिपि, पोपल वूह, सिक्सटीन–सेवनटीज सेन्चूरी रिपोर्ट ऑन दा चोल मायाज् (श्रीयुत जे. एरिक एस. थोमसन, अक्टूबर दिसम्बर, 1938) आदि से मिलती है। नेशनल ज्योग्राफी ने बीसवीं शती में माया पर विशेषांक में हतप्रभ करनेवाले चित्र प्रकाशित किए। वर्तमान में माया देवशास्त्र में ''अलोम–आकाश देव'', ''अविलिक्स–चन्द्र देवी'', ''काकोच–सृष्टि देव'', ''कोपाया–इन्द्र देव'', ''गी–अग्नि देव'', ''हूनाहपू गूटच–मानव जननकर्ता तेरह देवों में एक'', ''माम–पृथिवी तत्त्व'', ''नोहोचाकीयम–संहार देव'', तेपउ–द्युदेव'' आदि हैं। यह शोध गवेषणा शेष है कि साढे सात हजार वर्ष पूर्व पंच महाभूतों के माया संस्कृति में वास्तविक नाम क्या रहे ?


उत्तरी अमेरिका (वर्तमान अमेरिका, कनाडा) में श्री वास्को डी गामा के साथ गवल संस्कृति, गो एवं मूल निवासियों के पतन की रक्तरंजित अदृश्य महागाथा लिखी गई। थूह–कुकुद वाला सर्वोत्तम गोवंश और उनके देवी देवताओं के धर्मसूत्र, धर्मशास्त्र, देवशास्त्र की पाण्डुलिपियों से लेकर पुरातात्विक अवशेष कालपत्रों में नदारद हो गए। गवल संस्कृति की भूमिदेवी को विस्मृति के गर्भ से निकालना आकाश कुसुम तोड़ने के समान है। असीरिया–सुमेरिया–बैबीलोन–मितन्नी धर्म सभ्यता संस्कृति में पृथिवी देवी नये–नये नामों से नवअवतार लेती है। यूनान–ग्रीक–रोम–हित्ति–मिस्री आदि की पृथिवी देवी से इनकी साम्यता है।

स्वर्ण भूमि–इण्डोनेशिया में ''पृथिवी देवी इबु पेर्तिवी'' रूप में दैवीय परिधान में सामने आती है। इण्डोनेशिया की पृथिवी देवी (पेर्तिवी) प्रतिमा शीर्ष पर राजमुकुट धारण किए हाथों–पैरों में आभूषण पहने, कटि पर वरुण मेखला से सुसज्जित और अभय मुद्रा में दिखाई देती है। दक्षिण एशिया के दूसरे देशों में दिव्य आभूषणों से अलंकृत फेरा मा थोरानी माता पृथिवी की प्रतिमाओं की श्रृखंला मिलती है। प्रारम्भिक बौद्धधर्म के धर्मसूत्रों में मारा (पृथिवी रूपा) गौतम बुद्ध के बौद्धत्व प्राप्ति की साक्षी है एवं आमतौर पर बुद्ध को भूमि स्पर्श की मुद्रा में प्रदर्शित किया गया है। बौद्धधर्म में पृथिवी धातु है। यह मूल तत्त्व है। मलेशिया, थाईलैण्ड, कम्बोडिया (कम्बदेश), वियतनाम (चम्पादेश) आदि में भारतीय वैदिक सनातन धारा का महाप्रवाह स्पष्ट रूप से बहता रहा। ''पेर्तिवी (पृथिवी) देवी, फेरा मा थेरानी (भूमि देवी) की देवकथाएँ'' बहुत ही चित्रलिखित शैली में हैं। गुह्यज्ञान सभा दोनों की तान्त्रिक साधना भी करते रहे। यह अवश्य है कि बौद्ध आख्यानों में पृथिवी देवी गौतम बुद्ध की रक्षक एवं उनके चैतन्य प्राप्ति–शक्तिपात के समय उपस्थित कही गई है।

यहूदी धर्म के पुरातन सुसमाचार (ओल्ड टेस्टामेन्ट) के पूर्वभाग में सृष्टि की उत्पत्ति का वर्णन है। यहूदी धर्म न्याय दिवस में गहरी आस्था रखते हैं। न्याय के दिन प्रत्येक मनुष्य की जाँच होगी और पुनरूत्थान के बाद मनुष्य को नरक के पुल से गुजरना पड़ेगा। यहूदियों में गुप्त एवं मौखिक रहस्यवाद का प्रचार गुरूशिष्य परम्परा में चला आता है।। इस रहस्यवाद का नाम ''केबाला (काबाला)'' है। केबाला का सम्बन्ध गुप्त योगविद्या से समझा जाता है।

पारस–पर्थिया (फारस) में पारसी धर्म (जरथुस्त्र धर्म, जुर्वान पंथ) का उदय 3920 वर्ष पूर्व हुआ। हिब्रू लोगों के अनुसार पूर्व पुरुष अब्राहम एवं जरथुस्त्र एक ही समय विद्यमान रहे। उस समय सर्वशक्तिमान देव अहुर मज़्दा स्वाकारे गये। महान देव अहुर मज़्दा को ''वरुण देवता'' के रूप में स्थापित किया गया। पारसी धर्म में वैदिक सनातन संस्कृति की यज्ञोपवीत की परम्परा की ही तरह की कुस्ती धारण करते हैं (यज्ञोपवीत में नौ धागे होते हैं।)। कुस्ती में भेड़ की ऊन के बहत्तर धागे होते हैं

(कुल योग नौ)। इसकी कमर में तीन भाँवरे–हुमता (उत्तम विचार), हुकता (उत्तम वचन), हुवर्त्तता (उत्तम कर्म) के लिए कमर में बाँधते हैं। पारसी पवित्र अग्नि की वेदी में मन्त्रोचारण के साथ वनोषधि रस, दुग्ध, घी, चन्दन, पवित्र, जल, अन्न आदि की आहुति देते हैं। परमाचार्य जरथुस्त्र ने अग्नि को (आतश्) परमेश्वर के भौतिक रूप की संज्ञा दी। लगभग एक हजार पूर्व पार्थिया–पारस में विधर्मियों के आधिपत्य से पारसी समुदाय भारतवर्ष के पश्चिमी तट पर आकर बस गया। पारसी धर्म में यद्यपि एकेश्वरवाद का उपदेश है, किन्तु बहुदेववाद भी रहा। बाद में बहुदेववाद को निषेध किया गया। यह शोध का विषय है कि पारसी धर्म के पृथिवी देवता का स्वरूप क्या रहा ?।।ऊँ।।



# पुराण खण्ड



पुराणम्

# पृथिवी उपाख्यान :
# प्रारम्भ में पृथिवी जल से ढकी रही

आर्ष ग्रन्थों के अनुसार वेद का तत्त्व ज्ञान पुराणों इतिहास आदि के माध्यम से समझा जा सकता है। पुराणम् का अर्थ अतीत का वृत्तान्त–उपाख्यान है। इन अट्ठारह पुराणों में अट्ठारह हजार श्लोकोंवाली ब्रह्मवैवर्त्तपुराणम है। ब्रह्मवैवर्त्तपुराणम् सूर्य स्वरूप कृष्ण की महिमा से पूर्ण है। श्रीकृष्णयामलतन्त्रम् के अनुसार श्रीकृष्ण सर्वप्रसविता सूर्य देवता–सविता देवता है एवं सूर्य की किरणें गोपियाँ हैं।

ब्रह्मवैवर्त्तपुराणम् के अष्टामोध्याय में देवर्षि नारद एवं जल में रहनेवाले ब्रह्म नारायण के बीच संवाद रूप में पृथिवी का उपाख्यान है। देवर्षि नारद ने भगवान् नारायण से पूछा–परमेश्वर ब्रह्म के पलक भाँजने–निवेष मात्र से ब्रह्मा का अन्त होता है और उनका अन्त प्राकृतिक प्रलय कहा जाता है। उस प्राकृत प्रलय में वसुन्धरा पृथिवी जल में अदृश्य हो जाती है। परिणामतः जगत् जलमग्न रहता है। इस प्रकार सब कुछ सूर्य स्वरूप श्रीकृष्ण में विलीन हो जाता है। उस समय जलमग्न पृथिवी कहाँ अदृश्य होती है ? सृष्टि के आरम्भ में पृथिवी कैसे प्रकट होती है? धन्या, मान्या, सबकी आश्रयरूपा एवं विजयशालिनी होने का सौभाग्य उसे (पृथिवी) कैसे प्राप्त होता है? आप कृपया पृथिवी के मंगलमय चरित्र को विस्तर से बताने की कृपा करें। इस प्रश्न में देवर्षि नारद ने ब्रह्माण्ड में अनेक बार प्रलय और पुनः जल से पृथिवीकी उत्पत्ति का संकेत दिया है। दूसरे, यह घोषित किया कि जल से सृष्टि की उत्पत्ति होती है। वेद में दिव्य आपः (जल) से सृष्टि के जन्म होने का वर्णन है। वेद में अनेक सूर्य होने का उल्लेख है। अर्थात् अनेक

ब्रह्माण्डों के अनेक सूर्य हैं। तीसरे, सूर्य या रुद्र स्वरूप वराह से पृथिवी को जल से बाहर लाते हैं। सूर्य में नाद से पृथिवी का जन्म हुआ।

श्री नारायण ने उत्तर दिया : समूची सृष्टि के प्रारम्भ में भगवान श्रीकृष्ण–सूर्य स्वरूप से समस्त उत्पत्ति होती है एवं सभी प्रलयों के अवसरों पर प्राणी उन्हीं में चले जाते हैं, ऐसा श्रुति कहती है। वर्तमान में पृथिवी का प्रसंग सुनो। वह समस्त मंगलों का मंगल, विघ्ननाशक, उत्तम, पापनाशक एवं पुण्यवर्द्धक है। कुछ का कहना है कि यह पृथिवी मधु–कटैभ नामक दैत्य के भेद से उत्पन्न हुई, जो पूर्वोक्त मत से विरूद्ध है। इसका आख्यान सुनो।

प्राचीन काल में उन दोनों मधु कैटभ दैत्यों ने युद्धस्थल में भगवान् विष्णु–सर्वव्याप्त दैवी शक्ति ने तेज–पराक्रम से प्रसन्न होकर कहा–जहाँ पृथिवी जल से ढकी नहीं हो, वहाँ हम दोनों को मारो। दूसरे शब्दों में ''मधु–कैटभ के काल में जलमग्न पृथिवी स्पष्ट दिखलायी नहीं पड़ती थी।'' मधु–कैटभ दैत्यों के मरने पर उनके शरीर से ''मेद'' निकला। उसी से पृथिवी का निमार्ण हुआ। इसलिए पृथिवी को ''मेदिनी'' कहते हैं। इस मत का स्पष्टीकरण सुनो। पहले, सर्वत्र जल–ही–जल दृष्टिगोचर हो रहा था। पृथिवी जलमग्न थी। मेद से केवल उसका स्पर्श हुआ। अतः उसे ''मेदिनी'' कहने लगे। अब मैं उसका सार्थक एवं सर्वसम्मत जन्म सुना रहा हूँ। जिसे प्राचीनकाल में पुष्कर क्षेत्र में धर्म के मुख से मैंने सुना था। वह वेदानुसार भी है। जल में निवास करनेवाले महाविराट् के शरीर में बहुत दिनों में सर्वांगव्यापी मल जम गया था। वह चिरकाल से स्पष्ट हो रहा था। मुने! वह उनके सभी लोमविवरों में प्रविष्ट हो गया था। वह समय पाकर पृथिवी रूप में प्रकट हुआ। इस प्रकार एक–एक लोम कूप में एक–एक पृथिवी अवस्थित है। यह सृष्टि के समय प्रकट होती है। प्रलयकाल में तिरोहित हो जाती है। वह बार–बार चलायमान होती है। पृथिवी का नियम सृष्टि के समय अवतरित होकर जल के ऊपर स्थिर रहना एवं प्रलयकाल में उसी जल के भीतर तिरोहित होना है। प्रत्येक काल में यह पृथिवी पर्वत, वन, वनस्पति, सातों सागरों एवं सप्त द्वीपों से युक्त होती है। उसी भाँति हिमालय, मेरू, ग्रह, चन्द्र एवं सूर्य संयुक्त होकर त्रिमूर्ति आदि देवों एवं

समस्त लोकों से परिपूर्ण रहती है। पाताल आदि सात लोक उसके नीचे एवं ब्रह्म लोक आदि सात लोक और ध्रुव लोक इसके ऊपर स्थित है। इसप्रकार इस पृथिवी पर अखिल विश्व का निर्माण हुआ है। विश्व से परे गोलोक एवं वैकुण्ठ (वैकुण्ठ का अर्थ कुण्ठा मुक्त करना भी है। यह पंचमहाभूतों को कुण्ठा रहित करता है।) है। ब्रह्मन्! इस प्रकार ब्रह्मा के अन्त होने पर, जो प्राकृत प्रलय कहा जाता है, जितने कृत्रिम–अकृत्रिम विश्व हैं, सबका नाश हो जाता है। सृष्टि के आदि काल में सूर्य स्वरूप श्रीकृष्ण स्वयं ''महाविराट्'' की सृष्टि करते हैं। वह प्रलय में नित्य, दिशा, आकाश, महान देवों के साथ स्थित रहता है। वराहवतार के समय पृथिवी की अधिष्ठात्री देवी देवों आदि से पूजित हुई। पृथिवी श्रुतिसम्मत वराह की पत्नी है। उन्हीं के पुत्र मंगल हैं (श्रीब्रह्मवैवर्त्तपुराणम्)।

मार्कण्डेय महापुराणम् के प्राकृतवैकृतसर्गवर्णनम् में महर्षि मार्कण्डेय ने जगत्कारण अव्यय ब्रह्मस्वरूपी नारायण के सन्दर्भ में कहाः ''आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः। तासु शेतेस यस्माच्च तेन नारायण स्मृतः।'' ''जल शब्द का नाम नार–तनु है। उसमें वह अयन करते हैं। इस कारण वह नारायण नाम से कीर्तित होते हैं।'' वेद में परमव्योमन् के दिव्य जल में देव सम्राट वरुण का निवास है। वेद में दिव्य जल को आपः कहा गया है। आपः मूलतः अव्यक्त व्यापक सूक्ष्म प्रकृति तत्त्व है। वरुण देवता सत्य के पालक हैं। वैदिक दृष्टि से नारायण एवं सत्यनारायण वरुण हैं। वेद में सर्वव्याप्त दैवी शक्ति को विष्णु कहा गया। विष्णु वेद के देवता नहीं हैं। इसके विपरीत वैष्णव पुराणों में विष्णु को सर्वोच्च देवता घोषित कर उन्हें ही नारायण मान लिया गया।

महर्षि मार्कण्डेय ने भूतसृष्टि पुरुष से अधिष्ठित और इस कारण नित्य होकर भी अनित्य के समान अवस्थित रहने का वर्णन किया है। वह अव्यक्तनाम से कही जाती है, महर्षिगण जिसको सदसदात्मिका नित्य सूक्ष्मा प्रकृति कहते हैं। जो नित्य, अक्षय, अजर और अपरिमेय है, जो किसी का आश्रय ग्रहण करके अवस्थित नहीं है, जो गंधविहीन, रूपविहीन, रसहीन एवं शब्दस्पर्शरहित है। जो अनादि एवं अनन्त हैं, जो जगत् के उत्पत्ति स्थान हैं। जिनसे तीनों गुण उत्पन्न हुए, जो अविनाशी

हैं, जो हमेशा विद्यमान एवं अविज्ञेय हैं और सबके कारण हैं। वह प्रधानस्वरूप ब्रह्म सबके आगे विराजित रहकर प्रलय के पीछे अखिल जगत् को सम्यक् रूप से व्याप्त करके विराजमान रहते हैं। तीनों गुण परस्पर अनुकूल और अव्याहत रूप से उनमें ही अधिष्ठित रहते हैं (द्वाचवारिंशोऽध्याय)।

''सृष्टिकाल में क्षेत्र के अधिष्ठान के कारण उनके गुण की सहायता से, सृष्टिकार्य में उद्यत होने पर प्रथम तो प्रधानतत्त्व आविर्भूत होकर महतत्त्व को आच्छन्न कर देता है। बीज जिस प्रकार त्वचा द्वारा ढका रहता है, उसी प्रकार प्रधान भी महतत्त्व को आवृत्त करता है। यह महतत्त्व त्रिविध–सात्त्विक, राजस एवं तामस है। फिर महतत्त्व से अहंकार की उत्पत्ति होती है। इस अहंकार के तीन प्रकार–वैकारिक तैजस एवं तामस हैं। यह अहंकार ही भूतादि के नाम से कहा गया है। यह अहंकार महतत्त्व से ढका रहता है। उसी के प्रभाव से विकार को प्राप्त होकर शब्दतन्मात्र को सृजन कर देता है। शब्दतन्मात्र से शब्दलक्षण आकाश उत्पन्न होता है। तब तामस अहंकार द्वारा शब्दमात्र आकाश आच्छादित होता है। इससे निःसन्देह स्पर्श तन्मात्र की उत्पत्ति होती है। परिणामतः महाबली स्पर्शगुण युक्त वायु उत्पन्न होता है। वायु से रूपगुणयुक्त ज्योति का आर्विभाव हुआ। स्पर्शमात्र वायु के द्वारा रूपमात्र आवृत्त होता है। प्रकारान्तर में ज्योति विकृत होकर रसमात्र को उत्पन्न करती है। इसी से रसात्मक जल उत्पन्न होता है। वहीं रसात्मक जल रूपमात्र से आवृत्त होता है। रसात्मक जल विकृत होकर गंधमात्र को उत्पन्न करता है। उसी से गन्धुक्त पृथिवी की उत्पत्ति होती है।'' महर्षि मार्कण्डेय ने गन्ध तन्मात्रावाली पृथिवी की उत्पत्ति के रहस्य को बहुत तार्किक रूप से प्रस्तुत किया। उनके अनुसार उन–उन पदार्थों में जो तन्मात्रा है, उनके द्वारा ही तन्मात्रा की गिनती होती है। इसके लिए कोई विशेष वाचक नहीं होंने से यह भी अविशेष है। ''आपश्चापि विकुर्वत्यो गन्धमात्रं ससर्जिरे। संघातो जायते तस्मात्तस्य गन्धो गुणो मतः।।45।।''

महर्षि मार्कण्डेय से मुनि क्रौष्टुकि ने मन्वन्तरों के सन्दर्भ में प्रश्न पूछा (पचासवाँ अध्याय)। महर्षि ने स्पष्ट किया : ''मन्वन्तर की कुल संख्या इकहत्तर चौयुगी है। तीस करोड़ सड़सठ लाख, बीस हजार वर्ष

(मानवीय) एक मन्वन्तर में बीतते हैं। देवताओं के आठ लाख बावन हजार वर्ष एक मन्वन्तर में गुजरते हैं। पहला मनु स्वायम्भुव, दूसरा स्वारोचिष, तीसरा औत्तम, चौथा तामस, पाचवाँ रैवत एवं छठा चाक्षुस गुजर चुके हैं। वर्तमान में सातवाँ वैवस्वत मनु है। आगामी मनु–पंचसावर्णि रौच्य एवं औत्य हैं।'' आर्षग्रन्थों के अनुसार महारुद्र सदाशिव के परमपवित्र कैलास के समीप ''कलाप क्षेत्र में वैवस्वत मनु एवं आगामी मनु विद्यमान हैं। उन्हीं के समीप हिमनदों में अदृश्य सिद्धाश्रम हैं (महामहोपध्याय गोपीराज कविराज एवं श्री सुदर्शन सिंह चक्र के ग्रन्थ)।'' महर्षि मार्कण्डेय ने पृथिवी का विस्तार पचास करोड़ योजन और सप्तद्वीपों–जम्बूद्वीप, प्लक्षद्वीप, शाल्मलिद्वीप, कुशद्वीप, क्रौंचद्वीप, शाकद्वीप एवं पुष्करद्वीप का वृत्तान्त भी सुनाया। विश्व के धर्मशास्त्रों में वेद एवं पुराणों में सर्वप्रथम पृथिवी पर सप्त द्वीपों, सप्त समुद्रों का निश्चयपूर्वक वर्णन किया गया। विश्व के दूसरे धर्मों में मनु की नाव महागाथा के समानान्तर नूह की नाव की महाकथा मिलती है।

वराहपुराणम् में श्री वराह द्वारा जलमग्न पृथिवी–धरणी के उद्धार का आख्यान है। महर्षि कृष्णद्वैपायनव्यास कृत वराहपुराणम् में श्री वराह ने धरणी को उसकी उत्पत्ति का गुह्यज्ञान दिया। श्री वराह कहते हैं कि मैंने सर्वप्रथम महाकाश के स्वरूप को धारण किया। उसके बाद अणु रूपम मन और सत्व, रज, तम आदि त्रित्व स्वरूपा एक ही सूक्ष्म बुद्धि के भिन्न–भिन्न तत्त्व स्वरूप को धारण किया। इस प्रकार मैं त्रिधात्मक बुद्धितत्त्व में तमोगुण के साथ महा तत्त्वात्मक स्वरूप में स्थित होता हूँ, सदैव सर्वज्ञ में प्रधान स्वरूप स्थित हुआ। उसके पश्चात पूर्वोक्त प्रधान से भी बढ़कर ऊर्जास्वी क्षेत्रज्ञ जीव के रूप में स्थित हुआ। इसी क्रम में अहंकार स्वरूप में बुद्धि तत्त्व का प्रादुर्भाव हुआ।

फिर उस अहंकारस्वरूपात्मक बुद्धितत्त्व से श्रवण आदि इन्द्रियों के कारणरूप शब्दादि तन्मात्रात्मक तत्त्व प्रादुर्भूत हुए। पूर्वोक्त सत्त्वादि गुण त्रय से श्रवण आदि इन्द्रियों के कारण शब्दादि तन्मात्राएँ एवं उन तन्मात्राओं से इन्द्रियों के समूह प्रकट हुए। उसके बाद हे भद्रे! आकाशादि पंचमहाभूतों से मैंने स्वयं ही पिण्डरूप देह की रचना की। प्रारम्भ में ''आकाश तत्त्व शून्य स्वरूप'' में ही रहा। उसके बाद ''आकाश

तत्त्व से वायु, वायु से तेज, तैजस तत्त्व से जल तत्त्व प्रकट हुआ।'' हे देवि! उसके बाद मैंने सभी जीवों का पोषण करनेवाला आपका (पृथिवी) का सृजन किया। जल से पृथिवी का योग होने पर क्रम में बुदबुद, कलल एवं अण्ड उत्पन्न हुआ। मैंने स्वयं ही उस अण्ड से प्रथक एक अन्य जल तत्त्व का निर्माण किया। इस प्रकार मैंने उपरोक्त प्रकार से उत्पन्न नार अर्थात् जल तत्त्व में स्वयं को स्थित किया। जिससे मेरा नाम नारायण हुआ। मैं सभी कल्पों में उसी जलतत्त्व में स्वयं निवास करता हूँ। जलतत्त्व में मेरे शयन करते समय मेरी नाभि कमल से आदि पुरुष ब्रह्मा प्रादूर्भूत हुआ करते हैं। हे देवि! मेरे नाभिकमल पर स्थित ब्रह्मा से मैंने कहा– हे महामते! प्रजा की सृष्टि करो। यह कहकर मैं तिरोहित हो गया। वराहपुराणम् में श्रीब्रह्मवैवर्त्तपुराणत् की ही तरह तन्मात्राओं से पृथिवी उत्पत्ति गाथा है। वराहपुराणम् में भी पृथिवी के जल से प्रकट होना बताया गया है : ''तस्मादापस्तत एवानु देवि मया सृष्टि भवती भूतधात्री।। योगे पृथिव्या जलवत् ततोऽपि सबुदबुदं कललं त्वण्डमेव।'' श्री नारायण ने धरणि देवी को श्री वराह के ब्रह्मस्वरूप बारे में कहा : ''नमस्तस्मै वराहाय लीलायोद्धरते महीम्।''

मत्स्यपुराण में मत्स्यभगवान् से राजा मनु ने पृथिवी पर प्रलय की स्थिति के बारे में पूछा। मत्स्य भगवान ने कहा कि ''जब पृथिवी पर सौ–सौ वर्षों तक वर्षा नहीं होगी एवं चारों और महादुर्भिक्ष छा जायगा। उस महासंकट में सूर्य की किरणें संतप्त अंगारों की तरह अशेष पदार्थों को भस्म करनेवाली हो जायेगी। युग के अन्त में वड़वानल अग्नि भी प्रचण्ड रूप धारण करेगी। महारुद्र सदाशिव के मुख से निकला विष पाताल से उठेगा। ठीक उसी समय महारुद्र का तीसरा नेत्र कुपित होकर महाभयंकर अग्नि वर्षा करेगा। वह अकेला ही त्रिलोकी भस्म कर देगा। इस प्रक्रिया में पृथिवी दग्ध होकर भस्म के समान हो जायगी। यह आकाश भी भाप से महा संतप्त हो जायगा एवं देवता और नक्षत्र, सृष्टि नष्ट हो जायगी।'' आधुनिक भौतिक विज्ञान ने भी सूर्य के महाप्रचण्ड होने पर पृथिवी के समाप्त होने की भविष्यवाणी की है। अर्थात् पुराण की अवधारणा विज्ञान की कसौटी पर खरी उतरती है।

शैव पुराणों में कूर्मपुराणम् शामिल है। कूर्मपुराणम् में 18,000 श्लोक रहे। इसकी चार संहिताएँ–ब्राह्म, भागवती, सौरी एवं वैष्णवी रही। वर्तमान में कूर्मपुराणम् का 6,000 श्लोकवाला ब्राह्मी संहिता भाग ही उपलब्ध है, शेष दो तिहाई भाग उपलब्ध नहीं है। लोमहर्षण ने ऋषियों को बताया कि सुर एवं असुरों द्वारा अमृत प्राप्ति के लिए क्षीरसागर के मन्थन के समय मन्दर पर्वत रूपी महामथनी को आधार देने के लिए कूर्म (कच्छप) अवतार प्रकट हुए। ऋषियों की स्तुति से प्रसन्न होकर कूर्म भगवान ने उपदेश दिये। कूर्मपुराणम् का कहना है कि एकसमय ब्रह्माजी ने सृष्टि के लिए तप किया। उस समय महारुद्र सदाशिव ने अर्द्धनारीश्वर रूप का दर्शन दिया। महारुद्र सदाशिव के अर्द्धनारीश्वर रूप से मैथुनी सृष्टि का प्रारम्भ हुआ।

कूर्मपुराणम् के अनुसार ''महेश्वर की प्रथम मूर्ति बीज रूप है और सप्तलोकात्मक ब्रह्माण्ड में प्रादुर्भूत हिरण्यगर्भ उनकी द्वितीय मूर्ति है। रजोगुण रूप ब्रह्मा तीसरी मूर्ति है। वही मूर्ति सृष्टि के समय चतुर्मुख ब्रह्मा के रूप में व्यक्त होती है। यह पालन के समय सत्त्वगुण विशिष्ट विष्णु का रूप और संहार के समय महारुद्र रूप हो जाती है। ये ही महेश्वर के चार व्यूह हो जाते हैं।'' कूर्मपुराणम् में स्पष्ट किया है कि महर्षि उपमन्यु ने श्रीकृष्ण को शिवमन्त्र की दीक्षा दी।

परमव्योम में अनन्त ब्रह्माण्ड होने के वैदिक रहस्य को कूर्मपुराणम् में पुनः उद्घाटित किया गया है।

ब्रह्माण्डाशेषविस्तारः संक्षेपेण मयोदितः।

अण्डानामीदृशानां मु कोट्या क्षेयाः सहस्रशः।।

मैंने ब्रह्माण्ड का अशेष विस्तार संक्षेप में बता दिया। ऐसे ब्रह्माण्डों की संख्या करोड़ों में है। वर्तमान में वैज्ञानिकों ने माना है कि महाब्रह्माण्ड में अनेक सूर्य हैं। अर्थात् पुराण ने वेद एवं श्रुतियों के कथन की पुष्टि की है। कूर्मपुराणम् के प्रलय उपाख्यान अध्याय में पृथिवी के जल में विलीन होना लिखा है। ''पृथिवी के समूचे गुण जल में समा जाते हैं। जल अपने गुणों के साथ अग्नि में, अग्नि अपने गुणों के साथ वायु में, विश्वभर्त्ता वायु अपने गुणों के साथ आकाश में और आकाश

अपने गुणों के साथ भूतादि में विलीन हो जाता है। पंचभूत विलीन हो जाते हैं।'' इसका विलोम सृष्टि रचना क्रम है।

गुणैरशेषैः पृथिवी विलयं याति वारिषु।।

स वारि तत्वं सगुणं असमे हव्यवाहनः।

तेजः स्वगुणसंयुक्तं वायौ संयाति संक्षयम्।।

आकाशे सगुणो वायुः प्रलयं याति विश्वभृत्।

भूतादौ च तथाकाशे लीयते गुणसंयुतः।।

(कूर्मपुराणम्: छियालीसवाँ अध्याय)

कूर्म भगवान के अनुसार यही अनादिनिधना (आदि अन्तरहित) ब्राह्मी शक्ति है, कर्म एवं ज्ञान से धर्म की प्राप्ति होती है। अतएव ज्ञान सहित कर्म का आश्रय लेना चाहिए। ''वैदिक कर्म–प्रवृत्तिमूलक एवं निवृत्तिमूलक होता है। ज्ञानपूर्वक कर्म निवृत्ति कहलाता है। उसके विपरीत अज्ञानपूर्वक कर्म प्रवृत्ति कहाता है। निवृत्ति कर्म करनेवाला परम पद को प्राप्त होता है।''

प्रवृत्तंच निवृत्तंच द्विविध कर्म वैदिकम्।।

ज्ञानपूर्वं निवृत्तं स्यात्प्रवृत्तं यतोऽन्यथा।

निवृत्तं सेवमानस्तु याति तत्परमं पद्म।।

आग्नेय पुराण के सत्रहवें अध्याय में अग्नि देवता ने सृष्टि रचना का गुह्यज्ञान दिया। ऋग्वेद के सूक्तों का (नासदीय, हिरण्यगर्भ, विश्वकर्मा, प्रजापति, पुरुष, मार्तण्ड उत्पत्ति, अहोरात्र, पृथिवी आदि) अनुसरण करते हुए अग्नि देव ने कहा कि सर्वप्रथम सत्स्वरूप ब्रह्म ही थे। उस समय आकाश नहीं था, रात्रि नहीं थी, दिन भी नहीं था। सृष्टि उत्पत्ति के बारे में आगे कहा कि जल से ही सुनहरा हिरण्यवर्ण का अण्डा उत्पन्न हुआ। उससे साक्षात् ब्रह्म की उत्पत्ति हुई। वे स्वयम्भू के नाम से विख्यात हैं। भगवान् हिरण्यगर्भ एक वर्ष तक अण्डे में अवस्थित रहे। उसके बाद उस हिरण्यगर्भ को दो भागों में विभक्तकर स्वर्ग और

भूलोक की सृष्टि की। फिर परमेश्वर ने उन दोनों खण्डों के मध्य में आकाश या अन्तरिक्ष  की सृष्टि की। यहाँ उल्लेखनीय है कि ऋग्वेद में लिखा है कि प्रारम्भ में पृथिवी और द्युलोक एक साथ मिले हुए थे। अग्नि देवता ने भी ऋग्वेद के कथन को दोहराया कि हिरण्यगर्भ में पृथिवी एवं स्वर्ग एकाकार रहे। हिरण्यगर्भ को दो हिस्सों में बांटने से दोनों अलग–अलग अस्तित्व में आये।

वह्निपुराणम् के दो सौ तेरहवें अध्याय में ''पृथिवीदान'' का वर्णन है। इसके अनुसार सभी प्रकार के अन्न से युक्त भूमि (उपजाऊ भूमि) का दान देने से सभी मनोरथ पूरे होते हैं। ''भूमिं दत्वा सर्वभाक्स्यात्सर्वसस्यप्ररोहिणीम्।।'' अग्नि देवता ने (बीसवें अध्याय : जगत् सर्ग वर्णन) स्पष्ट किया कि ब्रह्मा ने नौ प्रकार की सृष्टि की रचना की। साथ ही यह बताया कि क्रतु ने सन्नति से महान् ओजस्वी ''बालखिल्य ऋषियों'' को उत्पन्न किया। बालखिल्यों की संख्या साठ हजार थी और वे अँगूठे के एक पोर के बराबर रहे।

अग्नि देवता ने चार प्रकार की प्रलय–नित्यलय, नैमित्तिक लय, प्राकृत लय एवं आत्यन्तिक लय का उल्लेख किया है। वहीं अग्नि देवता ने नरक निरूपणम् में पृथिवी के नीचे अट्ठाइस करोड़ नरक और उनकी यातनाओं का बहुत ही हृदय को झकझोरनेवाला वर्णन किया है। साथ ही ''सांसारिक संतापों से मुक्ति प्राप्त करने के लिए ब्रह्म को प्रकाशित करनेवाले ज्ञान–अष्टांग योग का उपदेश दिया। योग कहते हैं चित्त की एकाग्रता को। चित्तवृत्ति का निरोध ही योग है। यह जीवत्मा एवं ब्रह्मात्मा से परे रहा करता है।'' इस प्रकार वर्तमान का शारीरिक व्यायाम आग्नेय–अग्नि पुराण का योग नहीं है। अग्निदेव ने (ब्रह्मज्ञान अध्याय) में स्पष्ट किया कि ज्ञान के दो प्रकार–शास्त्रोक्त एवं विवेकजन्य हैं। शास्त्रोक्त ज्ञान शब्द ब्रह्म एवं विवेकजन्य ज्ञान परब्रह्म है। ब्रह्म को दो प्रकार जानना चाहिए– शब्दब्रह्म एवं परब्रह्म। वेदादि विद्यायें शब्दब्रह्म कहलाती हैं, वही भगवान् की वाणी है, जो उपचार एवं अर्चन से भिन्न है। भगवत् शब्द के दो अर्थ–पोषण करने वाला एवं सबका आधार है और गकार का अर्थ–कर्मफल की प्राप्ति करवानेवाला, प्रेरक–गमयिता, ऐश्वर्य (भौतिक,अध्यात्मिक), वीर्य, यश, श्री, ज्ञान एवं वैराग्य इन छह की

भग संज्ञा है। अग्निदेवता द्वारा शब्द ब्रह्म और भगवत् शब्दों की व्याख्या अध्यात्मिक रूप से वैदिक है। अन्त में अग्नि देवता ने ''यम गीता'' (नचिकेता को यम दिया ज्ञान) की व्याख्या की। ''अग्निपुराणम् को ब्रह्मस्वरूप'' घोषित किया गया।

श्री पराशर महर्षि ने श्रीविष्णुमहापुराणम् में सात समुद्रों में क्रमशः लवण(क्षार) समुद्र, इक्षुरस समुद्र, सुरा समुद्र, सर्पि घृत समुद्र, दधि समुद्र, दुग्ध क्षीर समुद्र एवं शुद्ध जल समुद्र का वर्णन है। श्रीविष्णुमहापुराणम् के पाँचवे अध्याय में सात पातालों–अतल, वितल, नितल, गभस्तिमान, महातल, सुतल एवं पाताल हैं। ये सभी पाताल एक दूसरे से दश–दश हजार योजन की दूरी पर हैं। महापुराणम् के अनुसार एक समय अत्यधिक भार से पीड़ित पृथिवी सुमेरू पर्वत पर देवताओं के समाज में गई। पृथिवी की पीड़ा रही कि ये समुद्र के तरंग के समान रात–दिन परस्पर में एक दूसरे के बाध्य–बाधक होते रहते हैं। अतएव कालनेमि आदि दैत्य मर्त्यलोक पर अधिकार प्राप्त करके प्रजाओं को रात–दिन दुःख देते रहे। सामर्थ्य सम्पन्न भगवान विष्णु ने जिस कालनेमि को मार दिया था, वह इस समय अग्रसेन के पुत्र कंस के रूप में उत्पन्न हुआ है। अरिष्ट, धेनुक, केशी, प्रलम्ब, नरक और असुर सुन्द, बलि का भयंकर पुत्र बाण, और राजाओं के घरों में दूसरे महाबलवान् असंख्य दुष्ट पैदा हुए हैं। मेरे ऊपर महाबलवान् एवं दृप्त दैत्येन्द्रों की अनेक अक्षोहिणियाँ विद्यमान हैं। हे देवेश्वरों! उन सबों के अध्यधिक भार से पीड़ित मैं अपने को धारण करने में असमर्थ हूँ यह मैं आपको विज्ञापित करती हूँ। हे महाभागों! आप सभी मेरे भार को दूर करें, जिससे व्याकुल होकर मैं रसातल में नहीं चली जाऊँ। यही श्रीहरि विष्णु के पृथिवी पर अवतार लेने का मूलभूत कारण रहा। श्रीविष्णुमहापुराणम् में श्री वराह द्वारा उद्धार की कथा पुनः कही गई है। श्रीविष्णुमहापुराणम् में श्री सूतजी (सूत की व्याख्या के लिए सूतसंहिता देखें। श्री सौभाग्यपंचकम् के पाँच ग्रन्थों में से एक सूत संहिता है।) ने कहा कि हे ब्रह्मन! यह जगत् किमात्मक है। क्योंकि जो वस्तु उत्पन्न होती है, वह तदात्मक होती है। मिट्टी से उत्पन्न होनेवाला घट मृद्द्रव्यात्मक ही होता है, वह इसलिए कि घट का उपादान कारण ही मिट्टी है। सूतजी का प्रश्न रहा–यह चराचर जगत्

किससे उत्पन्न हुआ? महर्षि पराशर ने स्पष्ट किया कि भगवान् विष्णु जगत् की सृष्टि, स्थिति एवं विनाश करनेवाले हैं। वही जगत् के अभिन्न निमित्तोपादान कारण स्वरूप हैं।

पृथिवी को एकसमय यह अभिमान हो गया कि सबका आधार मैं हूँ। ब्रह्मवैवर्त्तपुराणम् में भगवान् नारायण ने अट्ठावनवें अध्याय में पृथिवी, सावित्री, गंगा, मनसा एवं राधा के दर्प हरण का वृत्तान्त सुनाया। महाराजा पृथु ने पृथिवी के अभिमान को चूर–चूर कर दिया।

श्रीब्रह्माण्ड पुराणम् के ब्रह्माण्डावर्तनाम् में ऋषियों ने कहा कि प्रलयकाल में समस्त सत्त्वगुण, रजोगुण एवं तमोगुण समान हो जाते हैं, संसार अंधकारमय हो जाता है। सूतजी ने बताया कि यह प्रकृति परोक्ष होने के कारण अव्यक्त के समान, इसे किसी भी इन्द्रिय से जाना नहीं जा सकता है। इसे किसी भी प्रकार प्राप्त नहीं किया जा सकता है। ''प्रकृति में महतत्त्व, अहंकार, ग्यारह इन्द्रियाँ, पंचतन्मात्राएँ एवं पंचमहाभूत तेइस विकार हैं। प्रकृति के गुण ही विकारों में वर्तमान रहते हैं।'' प्रकृति एवं उसके विकारों में साम्यता रहती है। कल्पमन्वन्तराख्यान वर्णनम् में ''महर्षि'' शब्द की व्याख्या मिलती है। गत्यर्थक ''ऋष्'' धातु से ''इन''+''कित्'' प्रत्यय में बने शब्द के अर्थानुसार उनका नाम ''महर्षि'' हुआ। अर्थात् ''उन्होंने विशेष रूप वाले वर्तमान ब्रह्म को देखने के कारण महत् तत्त्व से युक्त परा गति को प्राप्त किया। उपर्युक्त तत्त्व को अपनी महत् बुद्धि से जाना (देखा) था। इसलिये उनका नाम ''महर्षि'' हुआ (वैसे ऋष् धातु गमन अर्थवाली है एवं गम् का अर्थ जाना, पाना दोनों है। ''ऋषि'' का अर्थ ''अनुसन्धाता'' है।)।

हिरण्यगर्भोत्पत्ति वर्णनम् (श्री ब्रह्माण्ड पुराणम्) में स्पष्ट किया कि ''प्रकृति संसार की महायोनि है। प्रकृति से समस्त संसार की उत्पत्ति हुई है। प्रकृति महाभूत है। प्रकृति–पृथिवी, जल, वायु, तेज एवं आकाश (पंचभूत) की उत्पत्तिकर्त्री है।'' प्रकृति परंब्रह्म एवं बहुत प्राचीन है। वह अव्यक्त दिखायी नहीं देने वाली होकर भी निश्चित रूप से सभी पंचभूतों का शरीर है।

यह ब्रह्माण्ड तमोमयं व्याप्त है। इन "तीनों प्रधान गुणों की समानता होने पर तमोमय ब्रह्माण्ड प्रकाशित नहीं होता है। प्रकृति में तीनों गुणों सत्त्व, रज, तम के समान होने पर सृष्टि नहीं है। वह प्रलय काल होता है। प्रकृति आधार है एवं महतत्त्व आधेय है। सप्त प्रकृतियाँ–पंच सूक्ष्मतत्त्व, अहंकार एवं महतत्त्व हैं।" श्रीब्रह्माण्डपुराणम् में लिखा है कि दृषद्वती के गर्भ से प्रभु पराशर की उत्पत्ति हुई। संस्कृत अध्येता डॉ. सम्पूर्णानन्द एवं सुविख्यात विद्वान डॉ. रामविलास शर्मा ने ऋग्वेद के शोध एवं अनुसन्धान से सिद्ध किया कि उनतालीस लाख वर्ष पहले पवित्र द्वषद्वती एवं सरस्वती नदियों के मुहानों पर वेद की रचना हुई। यह गहन शोध का विषय है कि द्वषद्वती नदी और पराशर की माता द्वषद्वती में क्या अन्तर सम्बन्ध है?

महाराजा जनमेजय के पौत्र राजा अधिसामकृष्ण महाभारत समापन के दो सो वर्ष बाद शासक रहे। वायुपुराण में शांशपायनजी ने उसका उल्लेख निन्यानवें अध्याय में किया है। अतः वायु पुराण प्राचीनतमों में से एक है। इसके सृष्टिप्रकरण कथनं नामक चतुर्थ अध्याय में लिखा है कि "जलीय रसमात्रा की विकृति से गन्धमात्रा का उद्भव हुआ। इसी से संघात–पृथिवी होता है, पृथिवी का गुण गन्ध है। शब्दमात्र आकाश ने स्पर्शमात्र में प्रवेश किया। अतएव वायु शब्द एवं स्पर्श दो गुणोंवाला हुआ। अग्नि में तीन गुण–शब्द, स्पर्श एवं रूप शामिल हुए।"

चार गुण शब्द, स्पर्श, रूप, रसमात्र में प्रविष्ट हुए एवं उनसे चारों गुणवाला रसमय जल हुआ। इन गुणों से गन्ध समन्वित हुआ और उससे यह पृथिवी उत्पन्न हुई। इसीलिए "स्थूल भूतों में पृथिवी पाँच गुणोंवाली दीखती है। इसी कारण स्थूलभूत, शान्त, घोर, मूढ़ एवं विशेष कहे गये हैं। ये एक–दूसरे में प्रविष्ट होने के कारण एक–दूसरे को धारण करते हैं।" यह केवल लोकालोक में सम्पूर्णतया आच्छन्न भूमि के भीतर हैं। किसी को शुद्ध वायु में अपने दोष के कारण गन्ध गुण मिलता है। वह गन्ध पृथिवी का समझना चाहिए, क्योंकि वहाँ वायु में पृथिवी तत्त्व मिला है। ब्रह्माण्ड में चन्द्रमा, सूर्य, नक्षत्र, ग्रह एवं वायु जो लोक या आलोक सभी समर्पित हैं। "प्रजा सृष्टि की ब्रह्मा ने सर्वप्रथम

बुद्धिपूर्वक रचना की। इससे ईश्वर का प्रधान कर्तव्य एवं प्रेरणा लक्षित होता है।''

वायुपुराणम् में बासठवाँ अध्याय ''पृथिवीदोहनम्'' है।

समां च कुरू सर्वत्र मां त्वं धर्मभृतां वर।

यथा विष्यन्दमानं च क्षीरं सर्वत्र भावयेत।।170।।

तत उत्सारयामास शिलाजालानि सर्वशः।

धनुष्कोट्या ततो वैन्यस्तेन शैला विवर्धिताः।।171।।

मन्वन्तरेष्वतीतेषु विषमाऽऽसीद्वसुंधरा।

स्वभावेनाभवंस्तस्याः समानि विषमाणि च।।172।।

न हि पूर्वविसर्गे वै विषमे पृथिवीतले।

प्रविभागः पुराणां वा ग्रामाणां वाऽपि विद्यते।।173।।

न सस्यानि न गोरक्षा न कृर्षिन वणिक्पथः।

चाक्षुषस्यान्तरे पूर्वमेतदासीत्पुरा किल।

वैवस्वतेऽन्तरे तस्मिन्सर्वस्यैतस्य संभवः।।174।।

समत्वं यत्र यत्राऽऽसीद्भूपस्तस्मिंस्तदेव हि।

तत्र तत्र प्रजास्ता वै प्रजास्ता वै निवसन्ति स्म सर्वदा।।175।।

आहारफलमूलं तु प्रजानामभवत्किल।

कृच्छ्रेणैव तदा तासामित्येवमनुशुश्रुम।

वैन्यात्प्रभृति लोकेऽस्मिन्सर्वस्यैतस्य संभवः।।176।।

कृच्छ्रेण महता साऽपि प्रनष्टास्वोष धीषु वै।

स कल्पयित्वा वत्सं तु चाक्षुसं मनुमीश्वरः।

पृथुर्दुदोह सस्यानि स्वतले पृथिवी ततः।।177।।

सर्वकामदुघा दोग्घ्री पृथिवी भूतभाविनी।।194।।

सैषा धात्री विधात्री च बारणी च वसुंधरा।।195।।

(श्रीवायुपुराणम्: पृथिवीदोहन बासठवाँ अध्याय)

पृथिवी दोहन अध्याय वास्तव में धरती पर सभ्यता संस्कृति के विस्मृत पन्नों को कथानक में प्रस्तुत करता है। इसमें पृथिवी मानवीयकरण एवं दैवी शक्ति किया गया। पृथिवी ने कहा कि मुझे चारों ओर से बराबर करो। जिससे मेरा बहता हुआ क्षीर (दुग्ध रूपी जल) सभी तरफ समरूप में प्रवाहित हो। वेद में शक्तिशाली इन्द्र ने वज्र से काटकर जल को प्रवाहित किया। यह आश्चर्य है कि पुराणों में वेद का शक्तिशाली देवता द्यौस्, इन्द्र, वायु, वरुण, सविता, उषा, पृथिवी, अश्विनौ, पूषा, सूर्य, प्रजापति, ब्रह्मणस्पति, अग्नि आदि को गौण क्यों कर दिया गया? वेद के प्रधान देवताओं में श्रीविष्णु का कोई ओर छोर नहीं मिलता है। सर्वव्याप्त दैवी शक्ति को विष्णु कहा गया, कहीं—कहीं वे उपेन्द्र हैं। यह पुराणों का चमत्कार है कि इन्द्र के अधीन उपेन्द्र विष्णु अप्रत्याशित रूप से इन्द्र से भी प्रमुख एवं सर्वोच्च देव हो गये। इसी क्रम में पृथिवी देवता को वेनपुत्र से कहते लिखा गया। इस अध्याय में ''पृथिवी को सती साध्वी'' कहा गया है। धनुष के छोर से पृथिवी पर फैले हुए पर्वतों को झुण्ड को हटाकर भिन्न—भिन्न स्थानों में रखा गया। वैदिक काल में यह कार्य सेनानी इन्द्र ने किया। आर्षग्रन्थों के अनुसार पर्वतों के पंख रहे। इन्द्र ने पर्वतों के पंख काटे। क्षीरसागर मंथन के समय महारुद्र सदाशिव के आवास श्री कैलास पर्वत को मथानी बनाया गया। उस समय श्री कैलास पर्वत ने इन्द्र से शिकायत की कि उसने उनके पंख काटे, अन्यथा वे स्वयं क्षीरसागर जा पहुँचते। इसका वैज्ञानिक अर्थ यह है कि पृथिवी पर पर्वत संरचना का काल का वर्णन है। यह उल्लेखनीय है कि रेगिस्तान में रेत के विशाल पर्वतनुमा टीले रातों रात चलकर स्थान बदलते रहते हैं। प्रचण्ड हवाओं के साथ टीले उड़कर चलते हैं। परिणामतः उन—उन स्थानों पर पर्वतों की ऊँचाई अधिक हो गयी।

बीते हुए मन्वन्तरों में पृथिवी अत्यन्त दुर्गम एवं स्वाभाविक ढंग पर कही समान, कहीं विषम रही। विषम पृथिवी तल पर अन्न उत्पादन, पशुपालन, व्यावसाय, अध्ययन आदि विकट रहा। चाक्षुष मन्वन्तर में भी पृथिवी की दशा यही रही। वैवस्वत मन्वन्तर में इन सभी कार्यों को नव सुव्यवस्था मिली। जहाँ–जहाँ भूमितल समान हुआ वहाँ–वहाँ गणों में निवास बने। पृथिवी पर कृषि ने रफ्तार ली। पृथिवी तल में लुप्त होनेवाली ओषधियों को पुनः पैदा किया गया। श्रीवायुपुराणम् के रचयिता यह भूल गये कि ऋग्वेद में नदियों–सरोवरों–कूपों आदि के मीठे जल से अनाज पैदा किया जा रहा था। ऋग्वेद से लेकर अथर्ववेद में दीर्घकालीन रोग और अल्पकालीन रोग एवं उनके उपचार की ओषधियों का महाकोश मिलता है। वेद के वास्तोष्पति सूक्त से स्पष्ट पता चलता है कि वेदकाल 39 लाख वर्ष पूर्व समतल भूमि पर आवास रहे। ''गो ज्ञान कोश से पता चलता है कि वेदकाल में पशुपालन चरम पर रहा।'' वेदकाल में दुधारू पशु–गो, महिषी–भैंस, बकरी, भेड़ आदि रहे। वेद में महिषी का वर्णन स्वयं में अनोखा है। यह धारणा भ्रमपूर्वक प्रचारित की गई कि भैंस अफ्रीका से आयी। इस दृष्टि से रोमांचित करनेवाले रोचकतम पौराणिक कथानक में मूल तथ्य ही नदारद हो गया। पृथिवीदोहनम् में अन्त में लिखा है कि ''यशस्विनी वसुन्धरा सभी मनोरथों को पूर्ण करनेवाली, जीवसमूहों को उत्पन्न करेनवाली–भूतभाविनी, पालन करनेवाली, सभी प्रकार का विधान करनेवाली आदि है। पृथिवी का दोहन लोककल्याण के लिए किया गया। पृथिवी सभी चराचर जीवों की आश्रयभूत एवं उत्पन्न करनेवाली है।'' मूलतः पृथिवी द्वारा प्रार्थना प्रकरण पृथिवी गीता के लिए विलोम है।

भेषजं भगवत्प्राप्तिरेका चाऽऽत्यन्तिकी मता।

तस्मात्तत्प्राप्तये यत्नः कर्तव्यः पण्डितैर्नरैः।।57।।

तत्प्राप्तिहेतुर्ज्ञानं च कर्म चोक्तं द्विजोत्तमाः।

आगमोत्थं विवेकाच्च द्विधा ज्ञानं तथोच्यते।।58।।

शब्दब्रह्माऽऽगममयं परं ब्रह्म विवेकजम्।

अन्धं तम इवाज्ञानं दीपवच्चेन्द्रियोद्भवम्।।59।।

यथा सूर्यस्तथा ज्ञानं यद्वै विप्रा विवकजम्।

मनुरप्याह वेदार्थं स्मृत्वा यन्मुनिसत्तमाः।।60।।

तदेतच्छ्रू यतामत्र संबन्धे गदतो मम।

द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये शब्दब्रह्म परं च यत्।।61।।

शब्दब्रह्मणि निष्णातः परं ब्रह्माधिगच्छति।

द्वे विद्ये वै वेदितव्ये इति चाऽऽथर्वर्णी श्रुतिः।।62।।

परया हयक्षरप्राप्तिर्ऋग्वेदादिमयाऽऽपरा।63।

वेत्ति विधामविद्यां च स वाच्यो भगवानिति।

ज्ञानशक्तिबलैश्वर्यवीर्यतेजांस्यशेषतः।।67।।

(ब्रह्मपुराणम् : दो सौ चौंतीसवाँ अध्याय)

ब्रह्मपुराणम् के आत्यन्तिक लय निरूपण अध्याय में दोहराया गया है कि आनन्दरूप भगवत्प्राप्ति ही एक ओषध है। इसलिये ज्ञानी मानव भगवत्प्राप्ति के लिये यत्न करे। भगवत्प्राप्ति का कारण ज्ञान एवं कर्म माना गया है। ज्ञान दो प्रकार का है। एक शास्त्रोक्त एवं दूसरा विवेकपूर्ण। शास्त्रजन्य ज्ञान शब्दब्रह्म का है एवं विवेकजन्य ज्ञान परब्रह्म का है। ''अज्ञान अन्धकार के समान है और ज्ञान दीपक के समान है। विवेकजन्य ज्ञान सूर्य के समान है।'' दो ब्रह्म जानने योग्य हैं–एक परब्रह्म एवं दूसरा शब्दब्रह्म। ''शब्दब्रह्म में निष्णात व्यक्ति परब्रह्म को प्राप्त करता है।'' अथर्ववेद का भी मत है कि दो विद्याओं को जानना चाहिये। ''परा विद्या से ब्रह्म की प्राप्ति होती है और अपरा विद्या ऋग्वेदादि स्वरूप है।'' ''वह विद्या एवं अविद्या को भी जानता है। उसी का नाम भगवान है। त्याज्य गुण आदि को छोड़कर जितने ज्ञान, शक्ति, बल, ऐश्वर्य, वीर्य एवं तेज हैं, उन सबको भगवद् रूप समझना चाहिए''। ब्रह्मपुराणम् के दो सौ चालीसवें अध्याय में विद्या एवं अविद्या के स्वरूप का वर्णन है। वहीं दो सौ तीसवें अध्याय में व्यासजी एवं मुनियों के

संवाद में महाप्रलय का और दो सौ दशवें अध्याय में ''पृथिवी के भार उतारने का वृत्तान्त'' है।

ब्रह्माजी ने (वायुपुराणम्) एक सौ बारहवें अध्याय में ''मातृतीर्थ'' का वर्णन सुनाया है। एक समय देव राक्षसों से त्रस्त होकर महारुद्र सदाशिव की शरण में गये। त्रिनेत्र सदाशिव की महाभयानक संहारकारिणी मूर्ति को देखकर दानव मेरू पृष्ण को छोड़कर पृथिवी पर चले गये। महारुद्र के ललाट पर पसीना छलका। सदाशिव दानवों के पीछे दौड़े। जहाँ—जहाँ सदाशिव के पसीने की बूँदे गिरी वहाँ—वहाँ सदाशिव के आकार की मातृकाएँ—माताएँ उत्पन्न हुई। माताओं ने सदाशिव से कहा कि वे असुरों को खायेंगी। फलस्वरूप असुर प्राणरक्षा के लिए रसातल भागे। माताएँ पृथिवी को भेदकर रसातल गई और समापन कर लौट गयी। उस दौरान देवगण गौतमी के तट पर खड़े रहे। जहाँ—जहाँ माताओं की उत्पत्ति हुई और रसातल जाने के स्थल मातृतीर्थ कहलाये। ब्रह्मपुराणम् के तेइसवें अध्याय में महर्षि लोमहर्षण ने भूर्, भुवर्, स्वर् आदि लोकों का वर्णन किया है। इसमें पृथिवी का परिमाण और सूर्य, चन्द्रमा आदि से दूरी का ब्यौरा है। वायुपुराणम् में पृथिवी की उत्पत्ति और सप्तद्वीपों का वर्णन अन्य पुराणों सरीखा ही है।


भविष्यपुराणम् के सृष्टिवर्णनम् (द्वितीयोध्याय) में रुद्र विभु को परम एवं महान कारण बताया है। विभु स्वयं अपना चिन्तन करके सर्वप्रथम मन की सृष्टि करते हैं। उसके बाद अहंकार द्वारा पाँच महाभूतों, आठों प्रकृतियाँ, एवं सोलहों विकार उत्पन्न होते हैं। भविष्यपुराणम् के सृष्टि के वर्णन अध्याय (ब्राह्मपर्व) में नासदीय सूक्त जैसा ही वर्णन मिलता है। इसमें लिखा है कि सृष्टि करने का विचार निश्चित कर भगवान् ने उस सुवर्ण अण्ड में समस्त तत्त्वों का विनिश्चय करके और पूर्व रचित सृष्टि के क्रम का ध्यान कर उसको दो भागों में विभक्त किया। अण्ड के उन दोनों भागों से आकाश एवं पृथिवी का निर्माण किया।

श्रीशिवमहापुराणम् में सनत्कुमारजी ने कहा कि जहाँ तक सूर्य एवं चन्द्रमा की किरणें प्रकाशित होती हैं वहाँ तक पृथिवी है और वह भूलोक कहा जाता है। भूमि से लक्ष योजन की दूरी पर सूर्यमण्डल

सहस्र योजन के घेरे में स्थित है (उन्नीसवाँ अध्याय)। सनत्कुमारजी ने पन्द्रहवें अध्याय में स्पष्ट किया कि ब्रह्माजी चौदह भुवनवाले ब्रह्माण्ड को रचते हैं। ब्रह्माण्ड के आधार में शेषजी हैं। वायु देव ने श्रीशिवमहापुराणम् में ऋषिगण से कहा कि सृष्टि ईश्वर प्रेरित है। जगत् का कर्ता महादेव महेश्वर है, सबका पालक, सबका हर्ता एवं पृथक है। महेश्वर प्रकृति पुरुष हैं।

सृष्टिक्रम में चतुर्मुख, संहार में रुद्र और पालन में वह पुरुष सहस्रशिव कहा जाता है; इस प्रकार तीनों अवस्था में स्वयम्भू रहते हैं। ब्रह्मत्व में सत्त्वगुण एवं रजोगुण कालत्व में तम और रज है, विष्णुत्व में केवल सत्त्व रहता है। ब्रह्मत्व में लोकों की रचना होती है और कालत्व में संहार होता है। पुरुषत्व में केवल दर्शनमात्र से ही पालनकार्य की सिद्धी हो जाती है। इस प्रकार विभु के तीन प्रकार के क्रम होते हैं। तीन प्रकार होने से ब्रह्म त्रिगुण कहलाता है। सप्तमीवायवीय संहिता पूर्वखण्ड के बारहवें अध्याय में वायु कहते हैं कि आदि में सृष्टि रचना की इच्छा से ध्यान के समय ब्रह्मा को तमोमय मोह की उत्पत्ति हुई। अतः सर्वप्रकार के अन्धकार से व्याप्त जगत् प्रादूर्भूत हुआ। इस कथा के अन्त में महारुद्र सदाशिव के आशीर्वाद से ब्रह्मा प्रजा की रचना करने लगे। ब्रह्मा ने सृष्टि के पहले धर्म एवं संकल्प की रचना की और मन से मरीचि, भृगु, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु, दक्ष, अत्रि, वसिष्ठ आदि ऋषि की उत्पत्ति मन से की। इन बारह को ब्रह्मा का पुत्र कहा गया है। श्रीशिवमहापुराणम् में ऋग्वेद के पुरुष सूक्त के सिद्धान्त को ही नये कलेवर में प्रस्तुत किया गया है : ''स्वर्ग उसका शिर, आकाश नाभि, चन्द्रमा–सूर्य नेत्र हैं, दिशाएँ कर्ण (कान) हैं और पृथिवी चरण हैं। वह अचिन्त्यात्मा समस्त प्राणियों का निर्माण करनेवाला है। उसके शरीर से सभी वर्ण उत्पन्न हुए हैं।'' यहाँ वर्ण–वरण् का अर्थ कार्य का वरण लें।।।ऊँ।।

# पृथिवी महारक्षणम् खण्ड



महर्षि अगस्त्य : समुद्रपान

मार्कण्डेय पुराणम्

## महामारी नाशन महायज्ञ, महामन्त्र!

यह अभूतपूर्व है कि सृष्टिविद्या–ब्रह्मविद्या–आत्मविद्या ऋग्वेद, यजुर्वेद एवं अथर्ववेद में समूचे विश्व में महामारी आदि महासंकटों की चेतावनी है। साथ ही वैश्विक महामारी आदि से निपटने के लिए रक्षोहण अनुवाक हैं। ऋग्वेद में वैश्विक संकट में महारक्षक के रूप में देव सम्राट वरुण, वैदिक देवों के शास्ता रुद्र, बृहस्पति देवता, मित्र देवता, अर्यमा आदि अवतरित होते हैं। यजुर्वेद एवं अथर्ववेद में इस परम्परा का विस्तार मिलता है। ऋग्वेदीय चिकित्सक अर्थात् रुद्र को भविष्य में आनेवाली महामारी का पूर्वानुमान एवं उसके निवारण के लिए ओषधि तैयार रखने का निर्देश है। यह स्मरण रहे कि वैदिक परम्परा में ''विद्यादान एवं ओषधिदान'' की समृद्ध धारा रही। चिकित्सक–वैद्य रुद्र को निःशुल्क उपचार का कड़ा निर्देश रहा।

इसी महाप्रवाह में एक सशक्त कड़ी आग्नेय पुराणम् (वह्नि पुराणम्) का ''महामारी'' प्रकरण है। अध्यात्मिक महापोथी योग वसिष्ठ में राक्षसी कर्कटी द्वारा तपस्या से महामारी का स्वरूप लेने का वरदान अध्याय चौंकाता है। योग वसिष्ठ के सृष्टि प्रकरण में वैश्विक महामारी से मुक्ति के लिए बारह अक्षर का मन्त्र मिलता है। इसी क्रम का अगला पडाव श्री मार्कण्डेय महापुराणम् है। श्रीमार्कण्डेय महापुराणम् का ''रहस्यत्रयम्'' –प्राधानिकरहस्यम्, वैकृतिरहस्यम्, मूर्ति रहस्यम् में ''महामारी उन्मूलन'' का सन्देश है। सप्तशतीसर्वस्वम्, दुर्गार्चनपद्धति, दुर्गासप्तशती, दुर्गा प्रदीप, विलोम सप्तशती, प्रतिविलोमसप्तशती, गुप्तवती, दंशोद्धारः, नागेशी, दुर्गासप्तशती–गुप्तवत्यादिसप्तटीका, त्रिपुरा रहस्य चर्या खण्ड, दुर्गा तन्त्रम्, श्री देवी सहस्रनामसंग्रह, श्रीदुर्गायागविधि, अरिनाशक दुर्गाशतकम्, देवीसहस्रनामसंग्रह (श्री पीताम्बरा पीठ), शतचण्डी–सहस्रचण्डी विधानम्, धन्वन्तरीतन्त्र शिक्षा, मन्त्रात्मक सप्तशती, नारायणीस्तोत्रम् आदि का गहन अध्ययन ''वैश्विक महामारी निवारण

अचूक अस्त्र'' से साक्षात्कार करवाता है। ''धन्वन्तरी संहिता'' (मूल गरूड पुराणम् का भाग, आचार्य मन्मथनाथ दत्त शास्त्री, कोलकाता, सन 1908) वैश्विक महामारी हल करने में उपयोगी है।

मन्त्रात्मक सप्तशती (शाक्त साधना पीठ, श्री चण्डी धाम, प्रयागराज, सन 1924 में लिपिबद्ध) में महामारी शान्ति, अप मृत्यु निवारण के लिए ''ऊँ ऐं म्लीं नमः तदा तदाऽवतीर्याऽहं, करिष्याम्यरि संक्षयम् नमो म्लीं ऐं ऊँ।।'' मन्त्र का जप एवं यज्ञ का विधान है (श्रीमार्कण्डेय पुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवी माहात्म्ये देव कृत नारायणी स्तुतिर्नामैएकादशोऽध्याय।।11।। श्लोकः 50, अर्द्ध श्लोक1, उवाच 4, एवमादितो 630)। इसके अलावा महामारी महासंकट में ''ऊँ ऐं प्रां नमः उपसर्गानशेषांस्तु, महामारी समुर्द्भवान्। तथा त्रिविधमुत्पातं, माहात्म्यं शमयेन्मम् नमो प्रां ऐं ऊँ।।''; ''ऊँ ऐं चें नमः व्याप्तं तयैतत् सकलं, ब्रह्माण्डं मनुजेश्वर! महा–काल्या महा–काले, महा–मारी–स्वरूपया नमो चें ऐं ऊँ।।''; ''ऊँ ह्रूं नमः सैव काले महा–मारी, सैव सृष्टिर्भवत्यजा। स्थितिं करोति भूतानां, सैव काली सनातनी मनो ह्रं ऐं ऊँ।।''; ''ऊँ ऐं दीं नमः देव्या यया ततमिदं जगदात्मा–शक्त्या, निश्शेष देव गण शक्ति समूह मूर्त्या। तामम्बिकामखिल देव महर्षि पूज्याम्, भक्तया नताः स्म विदधातु शुभानि सा नः नमो दीं ऐं ऊँ।।'' और ''ऊँ प्रें नमः यस्याः प्रभावमतुलं भगवाननन्तो, ब्रह्मा हरश्च न हि वक्तुमलं बलं च। सा चण्डिकाऽखिल जगत् परिपालनाय, नाशाय चाशुभ भवस्य मतिं करोतु नमो प्रें ऐं ऊँ।।'' मन्त्र भी विश्व रक्षक की भूमिका निर्वहन में हैं।

सप्तशतीसर्वस्वे में मरीचिकल्पे पुनश्चरणस्वरूपम् सर्वबाधा प्रशमन, महामारी शान्ति, वैरीनाशन, रोगनाशन आदि के लिए ''गुग्गुलहोमस्तर्पणादि'' का विधान है। साथ ही एक लाख जप और दशांश आहुति वर्णित है। मार्कण्डेयमहापुराणम् के भगवति नारायणी स्तोत्र में लिखा हैः ''व्याप्तं तयैतत्सकलं ब्रह्माण्डं मनुजेश्वर। महाकाल्या महाकाले महामारीस्वरूपया।। सैव काले महामारी सैव सृष्टिर्भवत्यजा। स्थितिं करोति भूतानां सैव काल सनातनी।।'' (यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड उनसे ही व्याप्त हो रहा है और प्रलयकाल में ''महामारीरूपा महाकाली'' से व्याप्त होता है। और वही, जब काल आता है तो महामारी रूप हो जाती

है। संसारोत्पत्ति के समय वही सृष्टि रूप हो जाती है और रक्षाकाल में वही सनातनी देवी प्राणियों की रक्षा करती है।)। विलोम सप्तशती में लिखा है : ''महामाया महाकाली महामारी क्षुधा तृषा। निद्रा तृष्णा चैकवीरा कालरात्रिर्दुरत्यया।।'' दुर्गातन्त्रे में समस्त आपत्ति उद्धारक बटुक भैरव मन्त्रः ''ऊँ ह्रीं बटुकाय आपदुद्धारणाय कुरू कुरू बटुकाय ह्रीम्।।'' है।

श्रीनारायणी स्तोत्रम् के ''महामारी नाशक महामन्त्र के एक लाख जप और दशांश यज्ञ की सामग्री में गुग्गुल, अजवायन, गिलोय, कालीमिर्च, लौंग, भीमसेनी कपूर, लोबान, घृत आदि की आहुति देना प्रचलन में है।'' यहाँ उल्लेखनीय है कि पवित्रम् कैलास महापर्वत की परिक्रमा लगानेवाले तीर्थयात्रियों को सांस लेने में समस्या होने पर भीमसेनी कपूर सूंघने का निर्देश होता है। चरक संहिता, वनोषधि चन्द्रोदय, वेद ओषधि कल्पतरु, आदि के अनुसार गुग्गुल, लोबान, लौंग, जायफल, जावित्री, अपामार्ग, नागरमोथा, अगर, तगर, काली मिर्च, अजवायन, गिलोय, भीमसेनी कपूर आदि यज्ञ में समर्पित सामग्री प्राणवायु प्रदाता एवं विषाक्त रोग जीवाणुनाशक है। यज्ञ की समिधा में काम में आने वाली काष्ठ—पीपल, वट, आम, शमी, पारस पीपल, गूलर, नीम, पलाश, सीता अशोक, कल्पवृक्ष आदि प्राणवायु प्रदाता हैं। नीम की काष्ठ एवं नीम की पत्तियाँ रोगनाशक हैं। जगद्गुरू शंकराचार्यपीठपण्डित आचार्य रविशंकर शास्त्री के अनुसार मार्कण्डेयपुराणम् के महादेवी नारायणी स्तोत्रम् के महामारी नाशक महामन्त्र का जप एवं यज्ञ बहुत ही कारगर है। इसका इक्कीसवीं शती की विश्वव्यापी महामारी उन्मूलन के लिए प्रयोग करना चाहिए। उनके अनुसार यज्ञ में काम में आनेवाले आठ प्रमुख वृक्ष प्राणवायु (आक्सीजन) देनेवाले हैं। यज्ञ धूम वायु में व्याप्त भयानक रोगों के अदृश्य जीवाणुओं को नष्ट करता है। अतः वैश्विक महासंकट में प्रत्येक वैदिक सनातन धर्म को मानने वालों को नियमित होम करना चाहिए। भगवद् आरती में जैविक उत्पाद भीमसेनी कपूर ही काम में लें।

श्रीमार्कण्डेयपुराणम् की परम्परा में ही मध्य काल में महाभक्त सूरदास ने सम्वत दो हजार के बाद महामारी से सावधान किया।

सम्वत् दो हजार के ऊपर ऐसौ योग परै।

पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण, चहुँ दिशि काल परै।

अकाल मृत्यु जग माहीं व्यापै, प्रजा बहुत मरै।।1।।

सहस बरस लगि सतयुग व्यापै, सुख की दशा फिरै।

स्वर्ण फूल बन पृथ्वी फूलै, धर्म की बेलि बढै।।2।।

काल ब्याल से वही बचेगा, जो हंस का ध्यान धरै।

सुरदास हरि की यह लीला, टारे नाहिं टरै।।3।।

भक्तशिरोमणि सूरदास ने अपने भजन में स्पष्ट किया कि जगत् का संकट परमेश्वर के ध्यान से ही दूर होगा।।।ऊँ।।

आग्नेयमहापुराणम्

## महामारी विद्या वर्णन : याग, मन्त्र

वह्नि पुराण–आग्नेय पुराणम्–अग्नि पुराणम् प्राचीनतम शैव पुराण है। बारहवीं शती के संयुक्त बंगाल, असम, उत्तर पूर्व भाग, मिथिला एवं ओडिशा के महाराजा वल्लालसेन देव के अनुसार मूल वह्नि पुराण और प्रचलित अग्निपुराणम् में बहुत अन्तर है (अर्थात नौ सौ वर्ष पहले महाराजा वल्लाल सेन देव ने अग्नि पुराण के मूल स्वरूप के उपलब्ध नहीं होने का राज खोला)। अर्वाचीन अग्निपुराणम् एवं प्राचीन अग्निपुराणम् अलग–अलग हैं। एसियाटिक सोसायटी, कोलकाता में वह्निपुराण की हस्तलिखित पाण्डुलिपि उपलब्ध है। इस पुराण में तान्त्रिक प्रभाव अणुमात्र भी नहीं है। इसमें अग्निमाहात्म्य है, लेकिन ईशानकल्प नहीं है।

पद्मपुराण में आग्नेयपुराणम् को ''तामस'' माना गया है। तामस पुराण में सदाशिव और अग्नि की महिमा का प्रधानतः प्रतिपादन आवश्यक है। प्रचलित (वर्तमान) अग्निपुराणम् में अग्निदेवता आदि के माहात्म्य के विषय में कुछ भी नहीं कहा गया। इससे प्रमाणित होता है कि प्रचलित अग्निपुराणम् से भिन्न कोई प्राचीनतर आग्नेयपुराण रहा, जिसमें रुद्र–अग्नि–महिमा को विशेष रूप से प्रतिपादित किया गया था (इस सन्दर्भ में डॉ.आर.सी.हाजरा का प्रमाणिक आग्नेयपुराणम् बनाम वह्नि पुराण का अध्ययन शोध आलेख देखें।)। अग्निपुराणम् में महेश्वर (महारुद्र सदाशिव) एवं महादेवी के मध्य संवाद में ''महामारीविद्या'' का वर्णन मिलता है। महारुद्र महेश्वर ने महादेवी से कहा–अब मैं शत्रु (आन्तरिक अथवा बाह्य) को कुचलनेवाली ''महामारी विद्या मन्त्र'' का वर्णन करूँगा।

श्री महेश्वर ने महामारीविद्या के लिए शव (भौतिक अर्थ नहीं) आदि का तीन हाथ लम्बा और चौकार बनाकर वस्त्र लेने का निर्देश दिया। इस वस्त्र पर तीन मुख, चार भुजाएँ एवं स्याम वर्ण की देवी का चित्र बनाना चाहिए। देवी का चित्रण विभिन्न रंगों से धनुष, शूल, कर्तृका आदि दिव्यास्त्र एवं अस्थिपंजर लिए करना चाहिए। त्रिमुखी देवी का एक काला स्याह मुख पूर्व दिशा की ओर झुका हुआ होना चाहिए। उसके सामने मानव को निवाला बनाने का भाव अंकित हो। दूसरा मुख दक्षिण दिशा की ओर झुका लाल रक्तिमा से परिपूर्ण, लपलपाती जिव्हा से युक्त एवं भयानक उत्कट दंष्ट्राओं वाला हो। उसके मुख का भाव घौड़े को देखते–देखते आहार बनाने का हो। देवी का तीसरा मुख हाथी आदि का नष्ट करने वाले भाववाला हो। साधक पश्चिमाभिमुख होकर मन्त्र जप करे। त्रिमुखी देवी की सुगन्ध, पुष्प, मधु, घी आदि से पूर्जा अर्चना करें। देवी का नीम की समिधाओं से हवन का विधान है। नीम पत्तियों से 10 हजार आहुतियाँ देनी चाहिए। देवी महापट के ऊपर त्रैलोक्य विजया, माया, दुर्गा भैरवी, कुंजिका, रुद्र एवं नृसिंह आदि नाम का लेखन भी करना चाहिए। वैज्ञानिक रूप से नीम सर्वोषधि है।

## महामारीविद्याकथनम्

ईश्वर उवाच

ऊँ ह्रीं महामारि रक्ताक्षि कृष्णवर्णे यमस्याऽऽज्ञाक (का) रिणिः सर्वभूतसंहारकारिणी

अमुकं हन हन,

ऊँ दह दह,

ऊँ पच पच,

ऊँ छिन्द च्छिन्द, ऊँ मारय मारय,

ओमुत्सादयोत्सादय, ऊँ सर्वसत्त्वशंकरि

सर्वकायिके हुं फट् स्वाहेति।।1।।

ऊँ मारि ह्रदयाय नमः ऊँ महामारी शिरसे स्वाहा।

ऊँ कालरात्रि शिखायै वौषट्।

ऊँ कृष्णवर्णे खः कवचाय हुम्।

ऊँ तारकाक्षि विद्युज्जिव्हे सर्वसत्त्वभयंकरि

रक्ष रक्ष सर्वकार्येषु हं त्रिनेत्राय वषट्।

ऊँ महामारि सर्वभूतदमनि महाकालि,

अस्त्राय हुं फट्।।2।।''

इन मन्त्रों को पढ़कर विभिन्न अंगों का स्पर्श करना चाहिए। (श्रीअग्निमहापुराणम् का एक सौ सैंतीसवाँ अध्याय)।।ऊँ।।

# पृथिवी पर महासंकटों की चेतावनी लक्षण

## पंच तत्त्वों के असन्तुलन की महामाया

वेदकाल उनतालीस लाख वर्ष पूर्व के बाद की संहिताओं, पुराणों, आगम आदि में वैश्विक महासंकटों– महामारी– प्राकृतिक महाविपदाओं आदि की भविष्यवाणी और उसके लक्षणों का वर्णन अभूतपूर्व है। आर्षग्रन्थों में वैश्विक महाविपदा से पहले पंच तत्त्वों–जल, वायु, अग्नि, पृथिवी एवं आकाश में उत्पन्न विकारों की सूक्ष्मतम व्याख्या मिलती है। साथ ही प्रकृति–समुद्र, नदी, जलस्रोत, वृक्ष, पर्वत, खनन, मिट्टी, अग्नि का विचित्र व्यवहार आनेवाले वर्षों में वैश्विक महाकालों की सटीक उद्घोषणा करते हैं। यह निष्कर्ष मन्त्र द्रष्टा ऋषियों ने पंच महाभूतों, प्रकृति में आश्चर्यजनक परिवर्तनों के निरन्तर गहन अध्ययन के बाद निकाला।

### अथाशुभसूचकवातलक्षणं : मत्स्यपुराण

वायुः सशर्करो रूक्षः सर्वविघ्नसमन्वितः।

प्रतिलोमस्तथाऽतीव विज्ञेयो भयकृद्द्विज्।।

### वायव्यमण्डलम्

प्राकारट्टालचैत्याः पृथुगृहतरवो गोपुरा भूधराश्च

मूलाद्वै शीर्यमाणाः पवनरयवशद्यान्ति भूतागमाँश्च।

नारीगोगर्भघातस्तदतु च नियतं स्वल्पशस्या धरित्री

दुर्भिक्षं चातिकष्टं प्रभवति च महाव्याधिपीडा जनानाम्।

## वृक्षों की चेतावनी

### वराहसंहितायाम्।।

शाखाभंगेऽकस्माद्वृक्षाणां निर्दिशेद्रणोद्योगम्।
हसने राष्ट्रभंशं रूदिते च व्याधिबाहुल्यम्।।

पराशश्च।।

वृक्षाणां रोदने व्याधिर्हसने देशविद्रवम्।
शाखाप्रपतनेऽकस्मात् संग्रामे योधघातनम्।।
स्थानात् स्थानान्तरगमे देशभंगभयं भवेत।

### वृर्द्धगर्गसंहितामत्स्यपुराणविष्णुधर्मोत्तरेषु।।

रोदने व्याधि व्याधिर्हसने देशविद्रवम्।
शाखाप्रपनेऽक्स्मात् संग्रामे योधघातनम्।
जल्पत्स्वपि च वृक्षेषु रोदत्सु च धनक्षयम्।

### वराहसंहितायाम्।।

वृक्षात् क्षीरस्रावे सर्वद्रव्यक्षयो भवति।
मद्ये वाहननाशः संग्रामः शोणति मधुनि रोगः।।
स्नेहे दुर्भिक्षभयं महद्भयं निःसृते सलिले।

### चन्द्रवर्णनम्–वृद्धगर्गस्तु।।

संगताभ्यां समाभ्यां च तीक्ष्णग्राभ्यां यदा शशी।
दृश्यते संकटस्थानं रोगशस्त्रक्षुधाकरम्।।
उद्युक्तदण्डा राजानो विनिघ्नन्ति समन्ततः।
पौरं जनपदं चात्र ज्वरदाहश्च जायते।।

पौर्णमास्यां यदा पौष्यामुपरज्येत चन्द्रमाः।

कुरवश्च विदेहाश्च फलमश्नन्ति दारूणम्।।

मन्दा वृष्टिर्भवत्यत्र श्रेष्ठो वर्णो विनश्यति।

अनयान्मन्त्रिणश्चैव पोडयन्त्रे नात्र संशयः।।

पित्तज्वरोऽपि भवति श्रेष्ठ पंचत्वमृच्छति।

महाबला महाविद्याः पीडयन्ते पशुवाहनाः।।

कुक्षिरोगोऽतिसारश्च ज्वरोगश्च वर्धते।

समोभयश्रृंगः समस्थान इन्दुर्महाभयकृत्।।पराशरे।।

अथोत्पातविवेकः। तत्र पराशरः।

प्रकृतेभूर्तविकृतप्रादुर्भावाँश्चोत्पातमाचक्षसे।

तेषां द्यौरन्तरिक्षं भूरेताश्चाश्रयः पंचमहाभूतानि योनिः।

अथोत्पातोत्पत्तिकारणम्।। मत्स्यपुराणविष्णुधर्मोत्तरयोः।।

पुरुषापचारान्नियतमपरज्यन्ति देवताः।

ततोऽपरागद्देवानामुपसर्गः प्रवर्त्तते।।

सूर्य विविध रूप प्रभाव : पराशरः

रविर्विवर्णो भूरिवर्णोऽन्नाभावाय।

श्यावो जनमरणाय।

धूमाभो वृष्टिनिग्रहाय।

ताम्रो रूधिरोभो वा शस्त्रकोपं करोति।

कृष्णवर्णो जगतः क्षयाय।

व्याधिश्रवणो यावन्त स दृश्यते तावत् परस्परविनाशाय।

कृष्णरूधिरवर्णो जगत्क्षयकरः।

वैडूर्यकृष्णबभ्रुवर्णः पांशुव (वर्षणोत्पातकरः) णर्णोत्सादकरः।

## वराहसंहितायाम्

दण्डे नरेन्द्रमृत्युर्व्याधिभयं स्यात् कबन्धसंस्थाने।

ध्वांक्षे च तस्करभयं दुर्भिक्षं कीलकेऽर्कस्थे।।

तथा

कीलकदण्डबन्धध्वांक्षायुधपीठसन्निभाः सूर्ये।

दुर्भिक्षनृपभव्याधिचौरयुद्धान्यराज्याय।।

## इन्द्रधनुरवर्णनम् : बार्हस्पत्ये

निरभ्रे वा तथा रात्रौ श्वेतमिन्द्रायुधं यदि।

पूर्वपश्चादुत्तरासु भवेद्दुर्भिक्षतो भयम्।।

## महाभारते : अकालमृत्यु

न मन्त्रो  न तपो दानं न मित्राणि न बान्धवाः।

शुक्वन्ति परित्रातुं नरं कालेन पीडितम्।।

तथा

रसायनं तथा द्रव्ययोगयुक्तैर्महात्मभिः।

कालमृत्युरपि प्राज्ञैर्जीयते नालसैर्नरैः।।

सुश्रुतश्च

ध्रुवं त्वरिष्टमरणं ब्राह्मणैस्तत् किलामलम्।

रसायनतपोजप्यतत्परैर्वा निवार्यत्।।

## अशुभसूचक शनिलक्षमाह वृद्धगर्गः।।

वपुष्मन्नश्मिमाली च चन्द्रसूर्यसमीपगः।

नातीव च विनिर्भाति नित्यं च परिवेषवान्।।

भवत्यथ सधूमश्च यदा स्यात् तु शनैश्चरः।

राजानश्च विनश्यन्ति तदा देशाश्च मानुषाः।।

कृष्णः कषायवर्णो वा पीतको लोहितोऽपि वा।

श्यामो वा धूम्रवर्णो वा वैश्वानरपथे स्थितः।।

त्रीणि वर्षाणि नक्षत्रं पीडयन्नुपगच्छति।

तदा देशो निराधारः शून्यो भवति नित्यशः।।

## प्राकृतिक उत्पात : संग्रहशिरोमणि

अपचारेण नराणामुपसर्गः पापसंचयाद्भवति।

संसूचयन्ति दिव्यान्तरिक्षभौमास्तदुत्पाताः।।975।।

गुरूसितशनैश्चरोत्थं पुरोधसां विष्णुजं च लोकानाम्।

स्कन्दविशाखसमुत्थं माण्डलिकानां नरेन्द्राणाम्।।984।।

वेदव्यासे मन्त्रिणि विनायके वैकृतं चमूनाथे।

धातरि स विश्वकर्माणि लोकाभावाय निदि्र्दष्टम्।।985।।

सर्पत्सु तरूषु जल्पत्सु वापि जनसंक्षयो विनिर्दिष्टः।

वृक्षाणां वैकृत्ये दशभिर्मासैः फलविपाकः।।1003।।

## ऋतु विकृति : रोगभय

शीतोष्णविपर्यासेन सम्यगृतुसम्प्रवृत्तेषु।

षण्मासाद्राष्ट्रभयं रोगभयं दैवजनितं च ।।1012।।

यद्यमलेऽर्के छाया न दृश्यते प्रतीपा वा।

देशस्य तदा सुमहद्भयमायातं विनिद्र्देश्यम्।।1017।।

## जलविकृति : महाभयसूचक

ज्वालाधूमक्वाथा रूदितोत्क्रुष्टानि चैव कूपानाम्।

गीताप्रजल्पितानि च जनमरकाय प्रदिष्टानि।।1022।।

सलिलोत्पत्तिरखाते गन्धरसविपर्यये च तोयानाम्।

सलिलाशविकृतौ वा महद्भयं तत्र शान्तिरिमाम्।।1023।।

## तीन प्रकार के उत्पात।।

उत्पातास्त्रिविधाः प्रोक्ता दिव्यभौमान्तरिक्षजाः।

दिव्यादिविभवा भौमा भूमिजाश्चान्तरिक्षजाः।।759।।

## वृक्षोत्पातविहित।।

धवाश्वत्थकदम्बानां पुष्पितं यदि दृश्यते।

तदास्वामिविनाशः स्यान्नैव तत्र तु चान्यथा।।गार्गीये।।

नारदः।

वंशश्च पुष्पितो यत्र माणकश्च धवस्तथा।

इक्षुश्च पुष्पितो यत्र श्रृंगवेरोऽथ वा यदि।।

गृहं तत्र विनश्येत षंडिर्मासैर्न संशयः।

वंशनिर्मूलनं कुर्यान्माणकादीँ श्च यत्नतः।।

तस्मिन् स्थाने तु कर्तव्यं सर्वथा शान्तिकं तथा।

धेनु च दक्षिणां दद्यात् ततः सम्पद्यते शुभम्।।

मयूरचित्रे।

वंशो वा श्रृंगवेरो वा फुल्लितश्चेत् ततो भवेत्।

स्वामिपत्न्योर्वधो राज्ञः शस्यस्य च परिक्षयः।

पित्तज्वरसमुत्थाश्च रोगाः स्युर्देहिनापि।
आग्नेयी शान्तिरत्रैव याऽनग्निज्वलनोदिता।।
इक्षुश्चैवार्द्रकं चापि फलितश्चेत् कथं चन।
दुर्भिक्षं राजनाश्च राजोपद्रव एव च।।

कायरिष्ट : ज्योतिःपराशरविष्णुधर्मोत्तरयोस्तु।।

प्रकृतेर्विकृतिर्नृणां बुद्धिन्द्रियशरीरजा।
अकस्माद्दृश्यते येषां तेषां मरणमादिशेत्।।

पूज्यनीयों की निन्दा परिणाम्।।

मार्कण्डेयपुराणम्।

येषां विनीतः सततं येऽस्य पूज्यतमाः स्मृताः।
तानेव चावजानाति तानेव च विनिन्दति।।
देवानार्चयते विद्वान् गुरूविप्रॉंश्च निन्दति।
मातापित्रोरसत्कारं जामातृणां करोति च।।
योगिनां चैव विदुषामन्येषां चैव निन्दति।
प्राप्ते काले मु पुरुषस्तद्विजेयं विचक्षणैः।।

महाभारते।।

अष्टौ पूर्वनिमित्तानि नरस्य विनशिष्यतः।

लिंगपुराणे दक्षपराभवनिमित्तम्।।महाविनाश लक्षणम्।।

पर्वताश्च व्यशीर्यन्त चकम्पे च वसुन्धरा।
मरुतश्चा प्यघूर्णन्त चक्षुभे मकरालयः।।
अग्नयो नैव दीप्ताश्च नैव दीप्यति भास्करः।

ग्रहाश्च न प्रकाशन्ते देवान् वाधन्ति दानावाः।।

## महासंकट समापन : सुन्दरकाण्डे रावणवधनिमित्तम्।।

वायसाः संघशः क्रूरा व्याहरन्ति इतस्ततः।

समवेताश्च दृश्यन्ते विमानाशेषु संप्रति।।

## विष्णुधर्मोत्तरपुराणम्।।

दुर्भिक्षमरकौ रोगान् करोति पवनं तथा।

शनैश्चराब्दश्चौराँश्च विग्रहानिव भूभृताम्।।

पीडिते चाभिषेकर्क्षे राष्ट्रभ्रंशं विनिर्दिशेत्।

देशर्क्षे पीडिते पीडां देशस्य च पुरस्य च।।

पीडिते जातिनक्षत्रे राज्ञां व्याधिं विनिर्दिशेत्।

## पराशरस्तु।।

सोमसूर्ययोः सकलाहोरात्रपरिवेषणं क्षुद्वयाधिभयैः

प्रजानाशाय। इति

## मयूरचित्रे।।

विक्षिप्तमण्डले रूक्षे परिवेषेऽर्कचन्द्रयोः।

वृष्टिं तत्र विजानीयाद्विपर्यासे विपर्ययः।।

रक्ताभे परिवेषे च रवेः स्याद्भूपतेः क्षयः।

चन्द्रस्य तु चमूनां तु सम्प्रभस्याप्रभस्य च।।

## ब्रार्हस्पत्ये।।

विदिक्ष्वेकं विवर्णं च पीडा ज्ञेया विवर्णिनाम्।

आशाधिकारिणां चैव पीडा ज्ञेया यथाविधि।

मत्स्यपुराणे।।

विरजस्के रवौ व्यभ्रे यदा छाया न दृश्यते।

दृश्यते तु प्रतीपा वा तदा देशभयं भवेत्।

अथर्वण।।

यदा वाऽनभ्रविमले सूर्ये छाया न दृश्यते।

दृश्यते सा प्रतीपा वा तदा देशभयं भवेत्।।

## अशुभ संकेत (संग्रहशिरोमणि)

करंकशूलीचितिश्रृंगयूपाः खरः सैरिमसूकरोष्ट्राः।

क्ल्मीकशुष्कोत्पटितद्रुमाश्च नोच्चषु देशेषु भवन्ति शस्ताः।।

अंगारभस्मोपलवल्कपंक गर्ता गुहा केशतुषास्थिविष्टाः।

घृणाकराः खर्परकोटराद्या न नीचदेशाः शुभदा भवन्ति।।

इसी कड़ी में आर्षग्रन्थों में अनन्त श्लोक मिलते हैं। जिनमें मानवीय प्रकृति और जड़ या जगत् (पंच महाभूत) में समन्वय सन्तुलन बिगड़ने पर जगत् (वैश्विक) महासंकट, प्राकृतिक महा–आपदा, महामारी आदि की चेतावनी मिलती है। चरम भौतिकवाद की सुनामी में प्रकृति के अंधाधुंध दोहन के परिणामस्वरूप समूचा विश्व महासंकटों के अन्धकारमय स्याम वलय (ब्लैक होल) में दाखिल हो चुका है। ऋग्वेद की ऋषिका ने इस महाविकट परिस्थितियों में विद्वानों–मननकर्ताओं–मुनियों ऋषियों से कार्रवाई को कहा है। श्रीकृष्ण का वैकुण्ठ पंचमहाभूतों को कुण्ठा से मुक्त करना है। जिससे महाभूत योग से प्रलयंकर महाकाल रूप नहीं लें। इसे इस तरह समझें की मानवीय शरीर में पंचमहाभूतों का सन्तुलन गड़बड़ाते ही बीमारी धर दबोचती है। वैश्विक स्तर पर भी यही सन्तुलन असन्तुलन में बदलने से महामारी मृत्युंकर बन जाती है।।।ऊँ।।

# वैश्विक महामारी नरसंहार :

# जनपदोद्ध्वंसनीयं विमानं

## पच्चीस सौ वर्ष पूर्व वैश्विक महासंकट की सटीक चेतावनी

यह अभूतपूर्व है कि ढाई हजार वर्ष पूर्व ''अग्निवेशतन्त्र'' के ''जनपदोद्ध्वंसनीयं विमानं प्रकरण में वैश्विक महामारी से सावधान रहने की चेतावनी दी गई है।'' अग्निवेशतन्त्र में इसका मूलकारण ''प्रज्ञापराध'' चिन्हित किया गया है। यह स्मरण रहे कि वेदकाल उनतालीस (39) लाख वर्ष पूर्व ऋग्वेद में वैश्विक महामारी संकट और उसके निवारण के लिए ''रक्षोहण'' अनुवाक उपलब्ध है।

यह दुर्भाग्यजनक है कि महर्षि पुनर्वसु आत्रेय (कृष्णात्रेय) द्वारा अपने उद्भट शिष्यों अग्निवेश, भैल आदि को भैषजविद्या के रहस्यों को उद्घाटित करनेवाली अग्निवेश तन्त्र की मूल पाण्डुलिपि विस्मृति के गर्भ में है। महामुनि चरक ने अग्निवेशतन्त्र का प्रतिसंस्कार किया। पहला दूसरी शती के बौद्ध– ग्रन्थों– संयुक्तरत्नपिटक सूत्र, श्रीधर्मपिटक– संप्रदायनिदान में महावैद्य चरक का उल्लेख मिलता है। यद्यपि बौद्ध ग्रन्थ चरक को सम्राट कनिष्क का राजवैद्य बताते हैं। यह उल्लेखनीय वैदिक परम्परा में भैषज्यवेद के अष्टांग–काय, शल्य, शालाक्य, बाल, ग्रह, विष, रसायन एवं वाजीकरण वर्णित हैं। सर्वप्रथम प्रजापति ब्रह्मा ने एक लाख श्लोकवाली ''भैषज्य संहिता'' की रचना की। इसका नाम बाद में ''ब्रह्मसंहिता'' हुआ। वेद के देव चिकित्सक अश्विनौ ने ''अश्विनी संहिता'', ''चिकित्सासारतन्त्र'' एवं इन्द्र देवता ने ''ऐन्द्रिय रसायन, सर्वतोभद्र, हरितक्यवलेह, दशमूलादि तत्त्व'' आदि की रचना की। महामुनि भरद्वाज ने ''भरद्वाजीय प्रकरणतन्त्र एवं भरद्वाज भेषजकल्पतन्त्र'' में भैषज्यविद्या के अनेक ग्रन्थों की सूची दी है, परन्तु शताब्दियों से उनके दर्शन दुलर्भ हैं। तेइस सौ वर्ष पहले यवन विजेता एलेक्जेण्डर

(सिकन्दर) के हमले के समय विश्वविख्यात तक्षशिला विश्वविद्यालय के पोथीखाने के ग्रन्थ (आक्रामकों द्वारा) छह माह जलाये गये। इसलिये अग्निवेश तन्त्र आदि दुर्लभ ग्रन्थ विलुप्त होना स्वाभाविक ही है। चरक संहिता का ''जनपदोद्ध्वंसनीयं विमानं व्याख्यास्याम'' महर्षि पुनर्वसु जात्रेय से संवाद के रूप में है।

भगवान आत्रेय ने कहा कि अब जनपदोद्ध्वंसनीयं विमान की व्याख्या करेंगे (विमान का अर्थ विशेषमान है।)। अर्थात् भिन्न–भिन्न प्रकृति के व्यक्तियों को युगपत् रोग होकर किस प्रकार जनपद उजड़ जाते हैं। पांचाल क्षेत्र के जनपदमण्डल की काम्पिल्य राजधानी में शिष्यों से घिरे भगवान् पुनर्वसु आत्रेय ने गंगा के किनारे वनों में घूमते हुए शिष्य अग्निवेश से कहा : हे सौम्य! प्रकृतिभूत स्वाभाविक अवस्था में स्थित नक्षत्र (अश्विनी भरणी आदि), ग्रह, चन्द्र, सूर्य, वायु, अग्नि एवं दिशाओं के ऋतु विकार को करनेवाले भाव निश्चिय से देखे जा सकते हैं। इस समय शीघ्र ही ''पृथिवी भी ओषधियों के रस वीर्य विपाक एवं प्रभाव को उत्पन्न नहीं करेगी। ओषधि में रस वीर्य आदि के यथावत् नहीं होने से प्रायशः रोग होना अवश्यम्भावी है। अतः जनपदविनास से पूर्व और भूमि के रस रहित होने से पूर्व ओषधियों को उखाड़कर संग्रह करो।'' यहाँ भगवान् आत्रेय ने ऋग्वेद का अनुसरण करते हुए रुद्र–चिकित्सक–वैद्य को जनपद विनाशक महामारी का (भविष्यदर्शी की तरह) दूरदर्शी होकर आंकलन करने और ओषधि संग्रह का निर्देश दिया है। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के 114 वे सूक्त की ऋचा में स्पष्ट लिखा है कि चिकित्सक–भैषज्यविद अर्थात् रुद्र बाहर से आनेवाले संक्रामक रोग के जीवाणु से उत्पन्न महामारी के खतरों से सावधान रहें एवं रोकने को क्षमतावान हो। ''ऋग्वेद में वैदिक देवों के शास्ता महारुद्र की तरह की चेतावनी विश्व के किसी भी धर्मशास्त्र में नहीं मिलती है।'' यह स्मरण रहे कि वैदिक सनातन मान्यता में ''विद्यादान–ओषधिदान'' की समृद्ध परम्परा रही है (वेद ओषधि कल्पतरु)।

अग्निवेश ने प्रश्न पूछाः ''भिन्न–भिन्न प्रकृति आहार देह बल सात्म्य मन एवं उम्रवाले मनुष्यों के होते हुए एक ही रोग से युगपत् एक साथ ही जनपदों का नाश क्योंकर होता है।'' प्रश्न का अभिप्राय यह है

कि प्रकृति आदि के भिन्न–भिन्न होने से युगपत् एक ही रोग सभी को नहीं होना चाहिए। वर्तमान में ऐसे समझें कि विश्वभर में एकसाथ एक ही महामारी का एक ही समय फैलना।

भगवान् आत्रेय ने उत्तर दिया–''हे अग्निवेश! मनुष्यों के प्रकृति आदि भावों के विसदृश होते हुए भी जो अन्य भाव समान होते हैं। उनके विकृत गुणवाला हो जाने से एक ही समय एक ही लक्षणवाले रोग उत्पन्न होकर–जनपद का नाश कर देते हैं। वे समानभाव जनपदों में ये होते हैं–1 वायु, 2 जल, 3 देश, 4 काल। ये चारभाव मनुष्यों के लिए एक से होते हैं। यदि इनमें विगुणता हो जाय तो प्रकृति आदि के भिन्न रहते भी मनुष्यों को एक ही काल में एक ही रोग हो जाता है।''

इन चारों में इस प्रकार के ''वायु को रोग का कारण जाने, जैसे ऋतु विपरीत, अत्यन्त निश्चल, अति वेग से बहनेवाला (प्रचण्ड हवायें), अत्यन्त कर्कश, अत्यन्त शीतलता (अचानक बेमौसम अथवा अति हिमपात), अत्यन्त गरम (शीत देशों में गर्मी का प्रकोप), अत्यन्त रूखा, अत्यन्त अभिष्यन्दि (क्लेद को उत्पन्न करनेवाला या अत्यधिक तर, अतिवृष्टि ), अति भीषण शब्द करनेवाला, विपरीत दिशाओं में बहुत हुए आपस में अत्यन्त टकरानेवाला, अत्यन्त कुण्डली (महाबवण्डर) एवं असात्म्य–दुखकर गन्ध वाष्प रेत धूल एवं धुएँ से युक्त। अत्यन्त विकृत गन्ध वर्ण रस एवं स्पर्शवाला, जिसमें क्लिन्नता–सड़ांद बहुत हो। जिसे छोड़कर जलचर पक्षी चले गये हों, जिन जलाशयों का जल अचानक सूखकर थोड़ा रहा गया हो, पानी पीने में प्रिय नहीं हो, जिसके गुण नष्ट हो गये हो; उसे रोगकर समझें।''

महामुनि आत्रेय ने आगे स्पष्ट कियाः ''ऋतु के लक्षणों से विपरीत लक्षणयुक्त या जिसमें अत्यधिक या कम लक्षण निश्चित हों उसे निश्चय से अहितकार जाने। अर्थात् ग्रीष्म ऋतु में सर्दी होना अथवा सर्द क्षेत्र में इतनी अधिक गर्मी होना कि मनुष्य जल जाय अथवा गर्मी नहीं के समान हो तो वह अहितकर होगी।'' काल का आयोग, अतियोग अथवा मिथ्यायोग रोगों का कारण होता है।

कुशल भैषज्यविद (चिकित्सक, वैद्य) इस प्रकार के दोषों से युक्त चारों भावों–वायु, जल, देश, काल को जनपदनाशक कहते हैं। ''तत्ववेत्ता भैषज्यविद को वायु से जल, जल से देश एवं देश के काल को, स्वभावतः ही दुष्परिहार्य होने से छोड़े न जा सकने के मुख्य कारण जानने चाहिए।'' भगवान् आत्रेय ने चेताया कि महामारी जनपदनाशक रोग होने पर देशान्तर में जाने से उस विकृत देश के प्रभाव से बच सकते हैं, परन्तु काल से नहीं बच सकते हैं। उन्होंने कहा :''कालपर्यंत चारों भावों के दुष्ट होने पर भेषज द्वारा उपचार से रोगी ठीक नहीं होते।'' जनपदोद्ध्वंस से पूर्व संग्रहीत की हुई ओषधि से देह का परिपालन करना चाहिए।

अग्निवेश ने पुनः भगवान आत्रेय से पूछा– हे भगवान! किस कारण वायु, जल, देश, काल की विकृति हो जाती है, जिसके विकृत हुए जनपदों को उजाड़ देते हैं। भगवान आत्रेय ने उत्तर दिया :– हे अग्निवेश! वायु आदि सभी की विगुणता की जड़ अधर्म है। अथवा अधर्म के कारण जो पूर्वकृत बुरे कर्म हैं, उन्हें वायु आदि की विगुणता का कारण कह सकते हैं। ''पूर्वकृत बुरे कर्म एवं अधर्म दोनों का उत्पत्तिकारण प्रज्ञापराध है।'' जैसे जब देश नगर या जनपदों के शासक–मुखिया धर्म की परवाह नहीं करते हुए अधर्म से आमजन के साथ व्यवहार करते हैं तब उनके आश्रित एवं उपाश्रित, व्यवहारोपजीवी–कारोबारी प्रवृतिवान उस अधर्म को बढ़ाते हैं। असत्य का बोलबाला हो जाता है। धर्म के लुप्त होने पर देवता भी उनका त्याग कर देते हैं। उन लुप्तधर्मा अधर्मप्रधान देवताओं से त्यक्त देश की (जनपद भी) ऋतुएँ विकृत हो जाती हैं। पृथिवी विकृत हो जाती है। ओषधियाँ स्वभाव छोड़कर विकृत हो जाती हैं। ऐसे में उनके स्पर्श एवं आहार दोष से जनपद उजड़ जाते हैं। शस्त्रों (जैविक भी) से उत्पन्न जनपदोद्ध्वंस का भी अधर्म ही कारण होता है। भगवान् आत्रेय ने विस्तृत रूप में अधर्म की परत–दर–परत व्याख्या की है।

भगवान आत्रेय के अनुसार ''आयु के निर्माण में दैव एवं पौरूष दोनों कर्म कारण हैं। जब इनमें से एक हीन होता है तो आयु अनियत हो जाती है।'' आयु का बलाबल दैव (पूर्वकृत कर्म) एवं ऐहिक

कर्म–पौरूष पर निर्भर है। उन्होंने पुराकाल अर्थात् सतयुग से वर्तमान कलयुग तक मनुष्यों की आयु में निरन्तर कमी के रहस्य को उजागर किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि धर्म के चार पादों के साथ ''पंचमहाभूतों के गुणों के पाद भी धीरे–धीरे नष्ट हो रहे हैं।'' पंचभूतों–पृथिवी, जल, तेज, वायु एवं आकाश के गुणों क्षीण होने ने भूमि पर महासंकटों को आमन्त्रित किया।

इस स्थिति में महर्षियों का रसायनाधिकार में आयु को बढ़ानेवाले कर्म, उपदेश, प्रयोग एवं ज्ञान विफल होंगे। ''हितसेवन जीवन का कारण एवं उसका विपरीत मृत्यु का कारण है।'' यहाँ अग्निवेश ने प्रश्न किया : ''जिनकी आयु काल नियत है उनकी तो कालमृत्यु होगी, परन्तु जिनकी आयु का काल निश्चित नहीं उनकी मृत्यु किस प्रकार होगी'' ?

भगवान आत्रेय का उत्तर बहुत सारगर्भित है। उन्होंने कहाः ''यान का अक्ष स्वभाव के अक्ष के गुणों से युक्त हो, और सम्पूर्ण गुणों से युक्त हो। वह प्रयुक्त होते होते अपने समय पर अपने प्रमाण के क्षीण होने से नष्ट हो जाता है। वैसे ही शरीर से सम्बन्ध स्वभाव से ही बलवान आयु यथावत् परिपालन होता हुआ अपने प्रमाण की क्षीणता से नष्ट हो जाता है। वह काल में मृत्यु कहलाती है।''

''जैसे ही धुरा अत्यधिक भार उठाने से, ऊँचे नीचे मार्ग पर चलने से, मार्ग छोड़कर पथरीले रास्ते पर चलने से, धुरे के चक्र के टूट जाने से, वाह्य (वाहन सवार) एवं वाहक के दोष से, कील के निकलने से नष्ट हो जाता है। वैसे ही आयु भी साहस से, अग्नि अनुसार भोजन नहीं करने, विषम भोजन से, शरीर में विषमता से, अत्यन्त मैथुन से, दुष्ट संग से, प्रवृत्तवेग को रोकने से, जिन वेगों को धारण नहीं करने से, भूत विष वायु अग्नि के सन्ताप से, चोट से, आहार नहीं करने से, समय पर चिकित्सा नहीं करने या बीच में छोड़ने, ज्वर आदि रोगों की सही चिकित्सा नहीं होने आदि से अकाल मृत्यु होती है।'' वैदिक परम्परा में तामसी प्रवृत्तियाँ अकाल मृत्यु का मूल कारण मानी गई हैं। जम्बूद्वीप भारतवर्ष में त्रेतायुग में ''चरम भौतिकवादी चार्वाक के मत को अस्वीकार किया गया।'' साथ ही सादा जीवन के आचार्य बृहस्पति के विचारों को जीवनशैली में ढाला गया। संगणक एवं इलक्ट्रोनिक (कम्प्यूटर) के

औद्योगिक क्रान्ति के दानवाकार चक्र में जीवनशैली में आमूलचूल परिर्वतन हुआ। यहाँ यह स्मरण करवाना चाहेंगे कि 39 लाख वर्ष पूर्व अथर्ववेद में कृत्रिम प्रकाशवाले कक्षों (वर्तमान शीतल कक्षों एवं कृत्रिम प्रकाशवान स्थलों) में काम करनेवालों को होनेवाले गम्भीर रोगों से सावधान किया गया (उसके निवारण करनेवाली वनोषधि का भी विवरण दिया गया।) (वेद ओषधि कल्पतरु)। दिव्य द्रष्टा भगवान पुनर्वसु आत्रेय ने ढाई हजार वर्ष पूर्व ही वर्तमान की स्थिति का वर्णन किया। जनपदोद्ध्वंसनीयं विमान व्याख्यान मूलभूत रूप से ऋग्वेद के सूक्तों की नवप्रस्तुति है। ऋग्वेद से यजुर्वेद एवं अथर्ववेद में वैश्विक महामारी से जनसंहार और उससे बचने के उपाय लिखे हैं। अग्निवेशतन्त्र में भैषज्यविद्या की दृष्टि से जनपद उजड़ने के कारणों का प्रभावशाली वर्णन किया है।।।ऊँ।।



# पृथिवी तन्त्रम् एवं
# पृथिवी गीता खण्ड



सीता का अपनी माता भूमा देवी में प्रवेश

# पृथिवी के दुर्लभ सिद्ध मन्त्र :
# पृथिवी गीता

पृथिवी देवता के सिद्ध मन्त्र, स्तोत्र, गीता आदि विरले ही उपलब्ध हैं। वैदिक एवं पौराणिक देव नारायण से देवर्षि नारद ने पृथिवी देवता का ध्यान, मूल मन्त्र एवं स्तुति आदि का गुह्यतम रहस्य बताने का निवेदन किया। ब्रह्मवैवर्त्तपुराण के अनुसार नारायण ने कहा कि पूर्वकाल में सर्वप्रथम वराह रूप ने पृथिवी की पूजा की (प्रकारान्तर में कहा गया कि भगवान विष्णु ने पृथिवी की अर्चना की।)। उनके बाद प्रजापति ब्रह्मा और प्रकारान्तर में राजा पृथु ने पृथिवी देवी की अर्चना की। पृथिवी देवी का ध्यान बहुत ही अद्भुत है।

ध्यानम्

श्वेतचम्पकवर्णाभां शतचन्द्रसमप्रभाम्।

चन्दनोक्षितसर्वांगी सर्वभूषणभूषिताम्।।

रत्नाधारां रत्नगर्भां रत्नाकरसमन्विताम्।

वह्निशुद्धांशुकाधानां सस्मितां वन्दिता भजे।।

ध्यानेनानेन सा देवी सर्वैर्वे पूजिता भवेत्।

(अष्टमोध्याय, ब्रह्मवैवर्त्तपुराण)

पृथिवी देवी के शरीर का वर्ण श्वेत चम्पा के समान है, सैकड़ों चन्द्रमा के समान कान्ति है, सम्पूर्ण अंगों में चन्दन लेपित है। वे समस्त प्रकार के आभूषणों से विभूषित हैं। वे समस्त रत्नों की आधारभूता एवं रत्नगर्भा हैं। इनको रत्नों की खानें गौरवान्वित किये हुए हैं। वे अग्निशुद्ध रेशमी वस्त्र धारण किये हुए हैं। इनके मुख पर मुस्कान छायी रहती है।

सभी इनकी वन्दना करते हैं। मैं ऐसी दिव्य स्वरूपा पृथिवी की वन्दना करता हूँ। हे विप्रेन्द्र! इसी ध्यान द्वारा यह पृथिवी सबसे पूजित होती है।

''पृथिवी देवी का काण्वशाखोक्त स्तुति–स्तोत्र'' भी चमत्कारी स्वीकारा गया है।

पृथिवी स्तुति : काण्वशाखोक्त

यज्ञसूकरजाया त्वं जयं देवी जयावहे।

जयेऽजये जयाधारे जयशील जयप्रदे।।1।।

सर्वाधारे सर्वबीजं सर्वशक्तिसमन्विते।

सर्वकामप्रदे देवि सर्वेष्टं देहि मे स्थिरे।।2।।

सर्वसस्यालये सर्वसस्याढ्ये सर्वसस्यदे।

सर्वसस्यहरे काले सर्वसस्यात्मिके क्षिते।।3।।

मंगले मंगलाधारे मांगल्य मंगलप्रदे।

मंगलार्थे मंगलांशे मंगलं देहि मे परम्।।4।।

पुख्यस्वरूपे पुण्यानां बीजरूपे सनातनि।

पुण्याश्रये पुण्यवतामालये पुण्यदे भवे।।5।।

स्त्रीरत्नरूपे रत्नौघे रत्नसारवरप्रदे।।6।।

भूमे भूमिपर्सस्वे भूमिपालपरायणे।

भूमिपाहंकाररूपे भूमिं देहि वसुंधरे।।7।।

इदं स्तोत्रं महापुण्यं तां संपूज्य च यः पठेत्।

कोटयन्तरे जन्मनि स संभूवेद्भूमिपेश्वरः।।8।।

भूमिदानकृतं पुण्यं लभते पठनाज्जन्।

दत्तापहारजातपापान्मुच्येत ते नात्रे संशय।।9।।

अम्बुवीचीभूखननात्पापान्मुच्येत स ध्रुवम्।

अन्यकूपे कुपवजात्पापान्मुच्येत स ध्रुवम्।।10।।

परभूश्राद्धजात्पापान्मुच्यते नात्र संशयः।

भूमो वीर्यत्यागपापाद्दीपादिस्थापनात्तथा।।11।।

पापेन मुच्यते प्राज्ञः स्तोत्रस्य पठनान्मुने।

अश्वमेधशतं पुण्यं लभते नात्र संशय।।12।।

(श्री विष्णुकृत पृथिवीस्तोत्र)

हे जय देनेवाली (देवी पृथिवी)! हमें विजय प्रदान करो। आप यज्ञवराह भगवान की पत्नी हो। आपकी कभी पराजय नहीं होती है (अपराजिता हो।)। आप विजय का आधार, विजयशील एवं विजयदायिनी हो। आप ही सबकी आधारभूमि हो। सर्वबीजस्वरूपिणी एवं समस्त शक्तियों से सम्पन्न हो। हे समस्त कामनाओं को पूर्ण करनेवाली महादेवी! आप हमें सम्पूर्ण अभीष्ट प्रदान करो। हे स्थिर स्वभाववाली महामाये! आप सभी धान्यों का आलय, समस्त धान्यों से भूषित, सभी प्रकार के अन्न देनेवाली (अन्नपूर्णा), विशेष समय पर समस्त धान्यों का अपहरण करनेवाली, समस्त धान्यरूपा, सहनशीला हो। आप मंगल मूर्ति, मंगल का आधार, मंगलमय, मंगल प्रदाता, मंगलस्वरूपा, मंगल अंशों से परिपूर्ण हो। आप हमें परममंगल प्रदान करो। आप पुण्यस्वरूपा, पुण्यों की बीजस्वरूपा, सनातनी, पुण्यों का आधार, पुण्यवालों का मन्दिर, पुण्यदायिनी, भवस्वरूपा, स्त्रीरत्न, रत्नसमूहों से युक्त एवं रत्नराशि देनेवाली हो। हे भूमे देवी! आप भूमिपालकों का सर्वस्व, भूमिपाल परायण एवं भूमिपालों का अहंकार का मूर्त रूप हो। हे वसुन्धरे देव! हमें भूमि प्रदान करो। (श्रीब्रह्मवैवर्त्तमहापुराण के प्रकृति खण्ड में वर्णित श्रीविष्णुकृत पृथिवीस्तोत्र)।

## वैदिक पृथिवी संरक्षण : भूमा देवी सम्बन्धि पाप एवं निवारण

देवर्षि नारद ने नारायण से पूछा कि ''भूमिदान से प्राप्त होनेवाले पुण्य एवं उसके अपहरण से लगनेवाले पाप, दूसरे की भूमि में श्राद्ध

करने, पृथिवी का दुर–उपयोग करने, भूमि पर वीर्यपात करने, दीपादि रखने के पाप, पृथिवी जन्य पाप आदि एवं उनके प्रतिकार का उपाय बताने का आग्रह किया।'' श्रीब्रह्मवैवर्त्त पुराण में पृथिवी माता देवी को क्षति पहुँचाने, आहत करने, अनावश्यक अत्यधिक दोहन आदि के गम्भीर विषय को बहुत ही सुन्दरता के साथ विस्तार से रेखांकित किया। जल में निवास करनेवाले नारायण ने माता पृथिवी देवी के प्रति अपराधों को सिलसिलेवार बताया। पहला दान दी गई भूमि का अपहरण करना। दूसरा, ''गोचर भूमि'' जोतकर खेती करना (सार्वजनिक चारागाह पर अतिक्रमण)। तीसरा, तालाब तोड़कर एवं दुधारू पशुओं के रहने के स्थान को अतिक्रमण कर खेती करना और रास्ता बनाना। चौथा, पाँच मुट्ठी भर मिट्टी निकाले बिना कूप एवं तालाब में स्नान करना (लोक स्वामित्व के कूप एवं तालाब निमार्ण में अनिवार्य सहभागिता)। पाँचवाँ, अम्बुवीची योग भूमि खोदना। छठवाँ, दूसरे की भूमि पर श्राद्ध करना। सातवाँ, भूमि को जलाना। आठवाँ, मोती, माणिक्य, हीरा, मणि, स्वर्ण आदि को भूमि में रखना (अनुपयोगी कोष, धन की तीन गति–भोग, दान, नष्ट हैं।)। नौवाँ, शिवलिंग एवं पूजनीय शिला को पृथिवी पर रखना। दशवाँ, वैदिक सूक्त, मन्त्र, शिलाजल, पुष्प, तुलसीदल पृथिवी पर रखना। ग्याहरवाँ, ग्रहण एवं भूकम्प के समय खनन एवं अत्यधिक खनन करना। बारहवाँ, यज्ञ के अनन्तर यज्ञ भूमि को क्षीर से सिंचित नहीं करना। तेरहवाँ, पुस्तक एवं यज्ञोपवीत, चन्दन, रुद्राक्ष, कुश आदि भूमि पर रखना। चौदहवाँ, पूजा, अर्चना, उपासना की पवित्र वस्तुएँ भूमि पर रखना। इसके अलावा पृथिवी के प्रति दूसरे पापों से घोर नरक के कष्ट मिलने का वर्णन है (श्रीब्रह्मवैवर्त्त पुराण, प्रकृति खण्ड, पृथिवी उपाख्यान, नवम् अध्याय्)। सारसंक्षेप में पृथिवी संरक्षण को धर्म से सम्बद्ध कर पुराणकाल से इतिहास (रामायण, जय संहिता) से वर्तमान तक वैदिक सनातन परम्परा निरन्तर जारी है। इसमें पृथिवी को ''भूमि, वसुधा, वसुन्धरा, उर्वी, धरा, धरित्री, धरणी, इज्या, क्षोणी, क्षिति, काश्यपी, अचला, विश्वम्भरा, अनन्ता, एवं मही(पन्द्रह) नामों से सम्बोधित किया गया है।''

## नारायण उवाच

वितस्तिमानां भूमिं च यो ददाति च भारते।

संध्यापूताय विप्राय स यायाद्विष्णुमन्दिरम्।।1।।
भूमिं च सर्वसस्याढ्यां ब्राह्मणाय ददाति यः।
भूमिरेणुप्रमाणे च वर्षे विष्णुपदे वसेत्।।2।।
ग्रामं भूमिं च धान्यं च यो ददात्याददाति यः।
सर्वपापाद्विनिर्मुक्तौ चोभौ वैकुण्ठवासिनौ।।3।।
भूमिं ददाति यः काले यः साधुश्चानुमोदते।
स प्रयाति च वैकुण्ठं मित्रगोत्रसमन्वितः।।4।।
स्वदत्तां परदत्तां वा ब्रह्मवृत्तिं हरेत्तु यः।
कालसूत्रे तिष्ठति स यावच्चन्द्रदिवाकरौ।।5।।
तत्पुत्रपौत्रप्रभृतिर्भूमिहीनः श्रिया हतः।
सुखहीनो दरिद्रः स्यादन्ते याति च रौरवम्।।6।।
गवां मार्गं विनिष्कृष्य यश्च सस्यं ददाति सः।
दिव्यं वर्षशतं चैव कुम्भीपाके च तिष्ठति।।7।।
गोष्ठं तडागं निष्कृष्य मार्गं सत्यं ददाति यः।
स च तिष्ठत्यसीपत्रे यावदिन्द्राश्चतुर्दश।।8।।
न पंचपिण्डमुद्धत्य स्नाति कूपे परस्य यः।
प्राप्नोति नरकं चैव न स्नानफलमेव च।।9।।
कामी भूमौ च रहसि बीजत्यागं करोति यः।
स्निग्धरेणुप्रमाणं च वर्षं तिष्ठति रौरवे।।10।।
अम्बुवीच्यां भूखखनं यः करोति च मानवः।
स याति कृमिदंशं च स्थितिस्तत्र चतुर्युगम्।।11।।
परकीये लुप्तकूपे कूपं मूढः करोति यः।

पुष्करिण्यां च लुप्तायां तां ददाति च यो नरः।।12।।

सर्वं फलं परस्यैव तप्सर्मि व्रजेतु सः।

तत्र तिष्ठति संतप्तो यावदिन्द्राश्चतुर्दश।।13।।

परकीयतडागे च पंकमुद्धृ त्य चोत्सृजेत्।

रेणुप्रमाणवर्षं च ब्रह्मलोके वसेन्नर।।14।।

पिण्डं पित्रे भूमिभर्तुर्न प्रदाय च मानवः।

श्राद्धं करोति यो मूढो नरकं याति निश्चितम्।।15।।

भूमौ दीपं योऽर्पयति सोऽन्धः सप्तसु जन्मसु।

भूमौ शंखं च संस्थाप्य कुष्ठं जन्मान्तरे लभेत्।।16।।

मुक्तामाणिक्यहीरं च सुवर्णं च मणिं तथा।

यश्च संस्थापयेद्भूमौ दरिन्द्रः सप्तजन्मसु।।17।।

शिवलिंगं शिलामर्च्यां यश्चार्पयति भूतले।

शतमन्वन्तरं यावत्कृमिभक्षे स तिष्ठति।।18।।

सूक्तं मन्त्रं शिलातोयं पुष्पं च तुलसीदलम्।

यश्चार्पयति भूमौ च स तिष्ठेन्नरके युगम।।19।।

जपमालां पुष्पमालां कर्पूरं रोचनां तथा।

यो मूढश्चार्पयेद्भूमौ स याति नरकं ध्रुवम्।।20।।

मुने चन्दनकाष्ठं च रुद्राक्षं कुशमूलकम्।

संस्थाप्य भूमौ नरके वसेन्मन्वन्तरावधि।।21।।

पुस्तकं यज्ञसूत्रं च भूमौ संस्थापयेतु च।

न भवेद्विप्रयोनौ च तस्य जन्मान्तरे जनि।।22।।

ब्रह्महत्यासमं पापमिह वै लभते ध्रुवम्।

ग्रन्थियुक्तं यज्ञसूत्रं पूज्यं स्याज्सर्ववर्णकै।।23।।

यज्ञं कृत्वा तु यो भूमिं क्षीरेण नहि सिंचति।

स याति तप्तसूर्मिं च संलप्तः सर्वजन्मसु।।24।।

भूकम्पे ग्रहणे यो हि करोति खननं भुवः।

जन्मान्तरे महापापी सोऽंगहीनो भवेद्ध्रुवम्।।25।।

भवनं यत्र सर्वेषां भूमिस्तेन परिकीर्तिता।

वसु रत्नं या दधाति वसुधा च वसुंधरा।।26।।

हरेरूरौ च या जाता सा चोर्वी परिकीर्तिता।

धरा धरित्री धरणी सर्वेषां धरणात्तु या।।27।।

इज्या च यागभरणात्क्षोणी क्षीणालये च या।

महालये क्षयं याति क्षितिस्तेन प्रकीर्तिता।।28।।

काश्यपी कश्यपस्येयमचला स्थितिरूपतः।

विश्वंभरा तद्भरणाच्चान्ताऽनन्तरूपतः।।29।।

(पृथ्वीयं पृथुकन्यात्वाद्वि स्तृतत्वान्मही मुने।।)

(इति श्रीब्रह्मवैवर्त्तमहापुराणे प्रकृति खण्ड नारदनारायण

पृथिव्युपाख्यानं नाम नवमोध्यायः।)

## पृथिवी स्तुति

श्रीविष्णुधर्मोत्तर पुराण (ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, वडोदरा, सन 1994) में भूमिरूपनिर्माणम् (पृथिवी प्रतिमा लक्षणम् ) की स्तुति बहुत ही मधुर है। इसमें पृथिवी भूमि देवी को शुकवर्णा, दिव्य आभूषणों से विभूषित, चतुर्भुजा, चन्द्रमा के समान कान्तिमान, हस्त में कमल एवं ओषधिपात्र धारण किये, धर्म रूपी वस्त्र धारण किये, रूपं त्वरूपस्य, दिङ्.नागानां आदि कहा है। यह स्मरण रहे कि श्रुतियों में पृथिवी को रूपज्योति से सम्बोधित किया है।

शुकवर्णा मही कार्या दिव्याभरणं भूषिता।

चतुर्भुजा सौम्यवपुश्चन्द्रांशुसदृशाम्बरा।।1।।

रत्नपात्रं सस्यपात्रं पात्रमोषधिसंयुतम्।

पद्मं करे कर्तव्यं मुखो यादवनंदन।।2।।

दिङ्.नागानां चतुर्णां सा कार्या पृष्ठगता तथा।

सर्वौधियुता देवी शुकवर्णा (शुक्लवर्णा) ततः स्मृति।।3।।

धर्मं वस्त्रं सित तस्याः पद्ममर्थं तथा करे।।4।।

हेतुश्च शेषो विदितो बुधानामतो

मया ते कथितोऽद्य राजन्।

रूपं त्वरूपस्य (तु रूपस्य) तु वच्म्यतोऽहं

प्रकल्पितं (प्रकर्षितं) यद् गगनस्य सिद्धैः।।5।।

(इति श्रीविष्णुधर्मोत्तरे मार्कण्डेयवज्रसंवादे

भूमिरूपनिमार्णं नाम।।)

चतुर्वर्गचिन्तामणिः (श्री हेमाद्रिविरचितः) के तृतीय खण्ड श्राद्धकल्प में ''पृथिवीस्तुत्यादिकृत्यं '' नवप्रकाश डालता है। पृथिवी स्तुति कर्तव्य लिखा है।

''स्तोतव्या चेह पृथिवी निवापाश्च्योतधारिणी।

वैष्णवी काश्यपी चेति तथैवेह क्षयेति च।।''

वराह पुराण में ''पृथिवी स्तुति'' मन्त्र मिलाता है।

## पौराणिक पृथिवी स्तुति

''प्रणम्य शिरसा भूमिं निवापस्य च धारिणीं।

वैष्णवी काश्यपी क्षेति अक्षयेति च नामतः।।''

पृथिवीं प्रति वराहवाक्यमपि तचैव।

''प्रणम्य शिरसा देवि निवापस्थानमागतः।

स्तुवीतानेन मन्त्रेण त्वांच भत्तया व्यवस्थितः।।

मेदिनी लोकमाता च क्षितिरूर्व्वो धरा मही।

भूमिः शैलशिला च त्वं स्थिरा तुभ्यं नमो नमः।।

धारिणी काश्यपी क्षौणी रमा विश्वम्भरा च भूः।

जगत्प्रतिष्ठा (जनात्प्रसूतेति) वसुधा त्वं हि मातर्नमोऽस्तु ते।

वैष्णवी भूतदेवी च पृथिवी त्वं नमोऽस्तु ते।।''

ऋग्वेदिक पृथिवी स्तुति की ऋचाएँ बहुत अद्भुत हैं।

## पृथिवी : वैदिक स्तुति

''स्योना पृथिवी भवानृक्षरा निवेशनी।

यच्छा नः शर्म सप्रथः।।ऋग्वेद 1.22.15।।''

''मा नो रक्षो अभि नट्यातुभावतमपोच्छत मिथुना या किमीदिना।

पृथिवी न पार्थिवात् पात्वहंसो ऽन्तरिक्षं दिव्यात् पात्वस्मान।।''

।।ऋग्वेद 7.104.23।।

''पुनर्नो असु पृथिवी ददातु पुनर्द्यौदेवी पुनरन्तरिक्षम्।

पुनर्नः सोमरुतन्वं ददातु पुनः पूषा पथ्यां 3 या स्वस्तिः।।''

।।ऋग्वेद 10.59.7।।

हे पृथिवी! आप सुखदायिनी, कण्टकरहित और हमारा निवास करनेवाली बनें एव हमें विस्तृत सुख प्रदान करें (ऋग्वेद 1.22.15)। हे पृथिवी देवता! आप हमें पार्थिव पापों से बचायें। अन्तरिक्ष एवं आकाश में होनेवाले पापों से रक्षा करें। हमसे यातना देनेवाले प्राणी दूर रहें एवं हमें राक्षस विनिष्ट नहीं करें। अर्थात् पृथिवी देवता दिव्य शक्ति, तेज प्रदान

करे (ऋग्वेद 7.104.23)। पृथिवी देवता पुनः जीवन प्रदान करे। अन्तरिक्ष देवत्ता एवं द्युलोक भी पुनः प्राण प्रदान करें। सोम हमें शरीर दे और सर्वपोषक पूषा हितकर वाणी प्रदान करे (ऋग्वेद 10.59.7)।

अस्य मे द्यावापृथिवी ऋतायतो भूतमवित्री वर्चसः सिषासतः।

ययोरायुः प्रतरं ते इदं पुर उपस्तुते वसूयुर्वां महोदधे।।

।।ऋग्वेद 2.32.1।।

पृथिवी और द्यु बहुत ही श्रेष्ठ हैं। वे सत्यधर्मानुसार चलनेवाले हमारी वाणी की रक्षा करें। उनका बल सर्वोत्तम है। उनसे प्रार्थना है कि वे हमें अध्यात्मिक एवं भौतिक धन प्रदान करने की कृपा करें (ऋग्वेद 2. 32.1)।

नमः इद्रुग्रं नम आ विवासे नमो दाधार पृथिवीमुत द्याम्।

नमो देवेभ्यो नम ईश एषां कृत चिदेनो नमसा विवासे।।

।।ऋग्वेद 6.51.8।।

उत द्यावापृथिवी क्षत्रमुरू बृहद् रोदसी शरणं सुषुम्ने।

महस्करथो वरिवो यथा नो ऽस्मे क्षयाय धिषणे अनेह।।

।।ऋग्वेद 6.50.3।।

वैदिक काल से वन्दना एवं नमन को सर्वोत्तम रीति घोषित किया गया है। इसी क्रम में कहा गया है कि हम सभी का नमन करते हैं। नमन ही पृथिवी एवं द्युलोक को धारण करता है। इसी नमस्कार से सभी देव भक्त के वश में आते हैं। नमस्कार ही देवों का अभीष्ट है। हम दिव्य शक्तिवान देवों की भक्ति, उपासना, नमन से अपने सभी पापों का नाश करते हैं। आर्षग्रन्थों के अनुसार नमन से अहंकार, दर्प का नाश होता है (ऋग्वेद 6.51.8)। द्युलोक एवं पृथिवी क्षात्रबल सम्पन्न करते हैं। हमें निष्पाप आवास प्रदान करने की कृपा करें (ऋग्वेद 6.50.3)। अथर्ववेद एवं आर्षग्रन्थों में भी पृथिवी का नमन मन्त्र है।

यस्ते गन्धः पृथिवी संबभूव वं बिभ्रत्योषधयो यमापः।

यं गन्धर्वा अप्सरश्च भेजिरे तेन मा सुरभिं कृणु मा नो द्विक्षत कश्न।। ।।अथर्ववेद 12.1.23।।

## पौराणिक मन्त्र

''समुद्रवसने देवि! पर्वतस्तनमण्डले।

विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्श क्षमस्व में।।''

## पृथिवी मन्त्र

सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञः धारयन्ति।

सा नो भूतस्य भव्यस्य पत्न्युरूं लोक पृथिवी न कृणोतु ।।

।।अथर्ववेद 12.1.1।।

शिला भूमिरश्मा पांसुः सा भूमिः सधृता घृता।

तस्यै हिरण्यवक्षसें पृथिव्या अकरं नमः।।अथर्ववेद 12.1.26।।

## पृथिवी द्यावापृथिवी मन्त्र

''द्यावाभूमि अदिति त्रासीथां नो ये वां जज्ञुः सुजनिमान ऋष्वे।

मा हेळे भूम वरुणस्य वायोर्मा मित्रस्य प्रियतमस्य नृणाम्।।''

।।ऋग्वेद 7.62.4।।

हे भूलोक एवं द्युलोक! दोनों हमारी रक्षा करो। हम उत्तम योनि में जन्में हैं। इसलिए हम पर कभी वरुण, वायु आदि क्रोध नहीं करे। हम पर सभी की अनुकम्पा रहे। हमें कभी क्रोध नहीं करना पड़े (ऋग्वेद 7. 62.4)।

## पृथिवी से पाप क्षमा मन्त्र

कथा ह तद् वरुणाय त्वमग्नेदिवे गर्हसे कन्न आगः।

कथा मित्राय मीळहुषे पृथिव्ये ब्रवः कदर्यम्णे कद भगाय।

।।ऋग्वेद 4.3.5।।

## ऋग्वेदिक पृथिवी सूक्त 5.84.1–3

बळित्था पर्वतानां खिद्रं बिभर्षि पृथिवी।
प्र या भूमिं प्रवस्वति मह्ना जिनोषि महिनि।।1।।
स्तोमसस्त्वा विचारिणी प्रति ष्टोभन्त्यक्तुभिः।
प्र या वाजं न हेषन्तं पेरूमस्यस्यर्जुनि।।2।।
दुळहा चिद् या वनस्पतीन् क्ष्मया दुर्घर्ष्योजसा।
यत् ते अभ्रस्य विद्युतो दिवो वर्षन्ति वृष्टयः।।3।।
(ऋषि–भौमोऽत्रि; देवता–पृथिवी; छन्द–अनुष्टुप)

## मत्स्य पुराण : भूमिदान प्रकरण : पृथिवी स्तुति

नमस्तेसर्वदेवानां त्वमेवभवनंयतः।।11।।
धात्रीचसर्वभूतानामतः पाहिवसुन्धरे।
वसुधारयसेयस्माद्वसुचातीवनिर्मलम्।।12।।
वसुन्धराततोजाता तस्मात्पाहिभयादलम्।
चतुर्मुखोऽपिनोगच्छेद्यस्मादन्ततंतवाचले!।।13।।
अनन्तायैनमस्तास्मात्पाहिसंसारकर्दमात्।
तमेवलक्ष्मीर्गोविन्दे शिवेगौरीतिचा स्थिता।।14।।
गायत्रीब्रह्मणः पार्श्वे ज्योत्स्नाचन्द्रेरवौप्रभा।
बुद्धिर्बृहस्पतौख्याता मेधा मुनिषुसंस्थिता।।15।।
विश्वंव्याप्तस्थितायस्मात्ततोविश्वम्भरास्मृता।
धृतिः स्थितिः क्षमाक्षोणी पृथ्वीवसुमतीरसा।।16।।
एताभिर्मूर्तिभिः पाहि देवि! संसारसागरात्।

हे पृथिवी देवी! आप समस्त देवताओं का स्थान हो आपको नमस्कार है। हे वसुन्धरे! आप सभी भूतों को धारण करती हो, सभी वसु को धारण करती हो, इसी से आपको वसुन्धरा कहते हैं। आप हमारी रक्षा करो। हे अचले! चतुर्मुखी ब्रह्माजी भी आपके अन्त को नहीं जानते हैं। इस निमित्त आप अनन्त रूपवाली हो, आपको नमस्कार है। आप संसाररूपी सागर से हमारी रक्षा करो। आप ही महादेव सदाशिव के पास गौरी रूप में, प्रजापति ब्रह्मा की सावित्री रूपा एवं श्रीहरि विष्णु की लक्ष्मी रूपा हो। आप ही चन्द्रमा में ज्योत्स्ना चांदनी, सूर्य में प्रभा, बृहस्पति में बुद्धि एवं मुनियों में मेधा स्वरूप हो। आप समूचे विश्व में व्याप्त होकर स्थित हो रही हो। इसी कारण आपको विश्वम्भरा कहते हैं। हे देवि! आप धृति, स्थिति, क्षमा, क्षोणी, पृथिवी, वसुमति एवं रसा रूपा हो। आप संसार सागर में हमारी रक्षा करें (श्रीमत्स्य पुराण, भूमिदान प्रकरण)।

## पृथिवी, आकाश, देवलोक : महान् उत्पात शान्ति

मत्स्य पुराण, महाराज वल्लालसेन देव कृत अद्भुतसागर, महर्षि चरक कृत चरक संहिता का जनपदोद्ध्वंसनीयं विमानं व्याख्यास्याम आदि पृथिवी, आकाश, द्युलोक में महान् उत्पातों एवं उनकी शान्ति का उपाय उद्घाटित करते हैं। क्षमा करें! विश्व के किसी भी धर्मशास्त्र में इस तरह का वर्णन नहीं मिलता है। मत्स्य पुराण में मत्स्य भगवान् ने मनुजी (मननशील प्रज्ञावान) को इन उत्पातों से सावधान करते हुए शान्ति विधि का ज्ञान दिया। हजारों–हजारों वर्ष पहले योग वासिष्ठ में वैश्विक महामारी एवं निवारण का वर्णन चकित करता है। इसी क्रम में महर्षि चरक ने विमान स्थान खण्ड में जनपदोद्ध्वंसनीय विमान की रचना की। अर्थात् वैश्विक सार्वदेशिक महामारी और उससे रक्षा के उपायों का विस्तृत वर्णन किया है। जगद्गुरू शंकराचार्य के पीठपण्डित श्री आचार्य श्री रविशंकर शास्त्री इन वैश्विक एवं क्षेत्रीय महामारी को ''प्रज्ञा अपराध'' के कारण जनित कहते हैं। भगवान् पुनर्वसु आत्रेय (भगवानमात्रेयमग्निवेश) ने हजारों वर्ष पूर्व जनपद उजड़ने की चेतावनी देते हुए सावधान किया कि इस महासंकट के समय ओषधियों का रस चुक जायेगा, अथवा तत्कालीन ओषधि संचय अनुपयोगी सिद्ध होगा।

अतः महामारी के आगमन आशंका को भाँपते हुए वर्षों पहले ही ओषधि संग्रह करना चाहिए।

## मत्स्यपुराण : भूम्यर्थशान्ति

मनुरुवाच

दिव्यान्तरिक्षा भौमेषु याशान्तिरभिधीयते।

तामहंश्रोतुमिच्छामि म होत्पातेषुकेशव!।।1।।

मत्स्य उवाच

अथातः संप्रवक्ष्यामि त्रिविधामद्भुतादिषु।

वि शेषेणतुभौमेषु शान्तिः कार्य्यातथाभवेत्।।2।।

अभयाचान्तरिक्षेषु सौम्यादिव्येषुपार्थिव!।

विजिगीषुः परंराजन्! भूतिकामस्तुयोभवेत्।।3।।

विजिगीषुपरावेवमभियुक्तस्तथापरैः।

तथाभिचारशंकायां शत्रूणामभिनाशने।।4।।

भयेमहतिसंप्राप्ते अभयाशान्ति रिष्यते।

राजयक्ष्माभिभूतस्य क्षतक्षीणस्यचाप्यथ।।5।।

सौम्याप्रशस्यतेशान्तिर्यज्ञकामस्यचाप्यथ।

भूकम्पेचसमुत्पन्ने प्राप्तेचान्नक्षयेतथा।।6।।

अतिवृष्टयामनावृष्टयां शलभानांभयेषुच।

प्रमत्तेषुचचोरेषु वैष्णवीशान्तिरिष्यते।।7।।

प शुंनामारणेप्राप्ते नराणामदिदारूणे।

भूतेषुदृश्यमानेषु रौद्रीशांतिस्तथेष्यते।।8।।

वेदनाशेसमुत्पन्ने जनेजातेचनास्तिके।

अपूज्यपूजने जाते ब्राह्मीशान्तिस्तथेष्यते।।9।।

भविष्यत्यभिषेकेच परचक्रभयेऽपिच।

स्वराष्ट्रभेदेऽरिबधे रौद्रीशान्तिः प्रशस्यते।।10।।

त्र्यहातिरिक्तेपवने भक्ष्येसर्वविगर्हिते।

वैकृतेवातजेव्याधौ वायवीशान्तिरिष्यते।।11।।

अनावृष्टि भयेजाते प्राप्तेविकृतिवर्षणे।

जलाशयविकारेषु वारूणीशान्तिरिष्यते।।12।।

अभिशापभयेप्राप्ते भागर्वीचतथैवच।

जातेप्रसववैकृत्ये प्राजापत्यामहाभुज!।।13।।

उपस्कराणांवैकृत्ये त्वाष्ट्रीपार्थिवनन्दनं!।

बालानांशातिकामस्य कौमारीचतथानृप!।।14।।

कुर्य्याच्छान्तिमथाग्नेयीं सम्प्राप्तेवहि्न वैकृते।

आज्ञाभंगेतुसंजाते तथाभृत्यादिसंक्षये।।15।।

अश्वानांशान्तिकामस्य तद्विकारेसमत्थिते।

अश्वानांकामयानस्य गान्धर्व्वीशान्तिरिष्यते।।16।।

गजानांशान्तिकामस्य तद्विकारेसमुत्थिते।

गजानांकामयानस्य शान्तिरांगिरसीभवेत्।।17।।

पिशाचादिभयेजाते शान्तिर्वैनैर्ऋतीस्मृता।

अपमृत्युभयेजाते दुःस्वप्नेचतथास्थिते।।18।।

याम्यान्तुकारयेच्छान्तिं प्राप्तेतुनरकेतथा।

धननाशेसमुत्पन्ने कौवेरीशान्तिरिष्यते।।19।।

वृक्षाणांचतथार्थानां वैकृतेसमुपस्थिते।

भूतिकामस्तथाशान्तिं पार्थिवींप्रतियोजयेत्।।20।।

महातेजस्वी अत्रि मुनि ने सरस्वती नदी के स्रोत पर विराजमान महामुनि गर्ग से पूछा–हे मुने! आप नष्ट होने वाले मनुष्यों के एवं नगरों के समस्त पूर्व शासकों एवं तत्कालीन उत्पातों का वर्णन करने की कृपा करें। महामुनि गर्ग ने कहाः ''मनुष्यों के दुष्ट आचरण करने से देवता कुपित होते हैं। परिणामतः उपद्रव होते हैं। ये तीन प्रकार के होते हैं–दिव्य, अन्तरिक्ष एवं भौम। ग्रह नक्षत्रादिकों की विकृति होने को दिव्य उपद्रव कहते हैं। उल्कापात–दिग्दाह–सूर्यमण्डल गन्धर्व नगर एवं वर्षा के विकार आदि को आकाश अन्तरिक्ष विकार कहते हैं। चरस्थिर भूतों के उपद्रव भौम अर्थात् पृथिवी उपद्रव कहाते हैं।''

अत्रिरूवाच

नश्यतांपूर्वरूपाणि जनानांकथयस्वमे।

नगराणांतथाराज्ञा त्वंहिसंर्ववदस्वमाम्

गर्ग उवाच

पुरुषापचारन्नियतमपरज्यन्तिदेवताः।

ततोऽपरागाद्देवानामुपसर्गःप्रवर्तते।।

दिव्यान्तरिक्षंभौमंच त्रिविधंसंप्रकीर्तितम्।

ग्रहर्क्षवैकृतंदिव्यमान्तरिक्षंनिबोधमे।।

उल्कापातोदिशान्दाहः परिवेषस्तथैव च।

गन्धर्वनगरंचैव वृष्टिश्चविकृतातुया।।7।।

एवमादिनिलोकेऽस्मिन्नान्तरिक्षंविनिर्दिशेत्।

चरस्थिर भवभौमे भूकम्पश्चापि भूमिजः।।8।।

जलाशयनांवैकृत्यं भौमतदपिकीर्तितम्।

भौमेत्वपफलंज्ञेयं चिरेणचविपच्यते।।9।।(मत्स्य पुराण)

मत्स्य पुराण में महामुनि गर्ग ने भौम– पृथिवी पर उपद्रव– महामारी को पापाचरण का परिणाम कहा है। यह बौद्धिक–प्रज्ञा अपराध है। यह उल्लेखनीय है कि विकृत विद्वत्ता से लंकेश्वर दशानन रावण की उत्पत्ति होती है। योग वासिष्ठ का कर्कटी राक्षसी प्रकरण इसका गवाह है। सैकड़ों –हजारों वर्षों की कठोरतम तपस्या महादानवी कर्कटी ने की। उसके बाद उसे सूई की नोक सूचिका की तरह शरीर में प्रवेशकर प्राण हरने का दैवीय वरदान मिला। राक्षसी कर्कटी का जीवाणु रूपकार महामारी के रूप में फैला। योग वासिष्ठ में विश्व में विषाक्त जीवाणु से महामारी को रेखांकित किया गया है। पृथिवी के वैश्विक संकटहर्ता के रूप में देव सम्राट वरुण, वैदिक देवों के शास्ता रुद्र, बृहस्पति, मित्र, अर्यमा आदि हैं (ऋग्वेदानुसार)। ऋग्वेद के पृथिवी–वैश्विक रक्षोहण अनुवाक की परम्परा में यजुर्वेद (5.28) और अथर्ववेद में (8.3.1–26) रक्षोहण अनुवाक मिलते हैं। वैश्विक महामारी निवारण वैदिक रक्षोहण अनुवाक मूलतः प्रयोगधर्मी हैं (वेद ओषधि कल्पतरु)। वैदिक सूक्तों से स्पष्ट है कि वेदकाल उनतालीस (39) लाख वर्ष पूर्व मन्त्र द्रष्टा दूरदर्शी ऋषियों ने वैश्विक संकटों के खतरों को आंकते हुए रक्षोहण के सूक्त केन्द्र में रखे।

## पृथिवी गीता

मुनिश्रेष्ठ वसिष्ठ के पौत्र पराशर महामुनि श्रीविष्णु पुराण के प्रवक्ता हैं। श्रीविष्णु पुराण की रचना का सम्बन्ध महामुनि पराशर द्वारा मत्स्य में ''राक्षस नाशक यज्ञ'' से है। मत्स्य में महामुनि पराशर की राक्षस नाशक यज्ञस्थली में लगभग सौ फीट के वर्तुल में पुराकथाओं में वर्णित वट वृक्ष की जटाओं से वृक्ष उगे हैं। महामुनि पराशर एवं उनके शिष्य महर्षि मैत्रेय के बीच संवाद स्वरूप में मूल पुराण 24,000 श्लोकों की रही (नारदीय पुराण)।

इसका उत्तरार्द्ध ''श्रीविष्णुधर्मोत्तर पुराण 18,000 श्लोक'' का रहा। यह बात अलग है कि मात्र 6030 श्लोकवाली श्रीविष्णु पुराण ही उपलब्ध है। इस प्रकार श्रीविष्णु पुराण का एक चौथाई भाग प्रचलन में है। उधर श्रीविष्णु धर्मोत्तर पुराण का भी कुछ भाग बड़ोदा ओरियन्टल

इन्स्टीट्यूट ने प्रकाशित किया। यह शोध अनुसंधान का विषय है कि श्रीविष्णु पुराण एवं श्रीविष्णुधर्मोत्तर पुराण के 42000 श्लोकोंवाली पाण्डुलिपि कहाँ है? महामुनि पराशर ने सर्वत्रव्याप्त दैवी शक्ति श्री विष्णु को परमात्मा कहा है (यद्यपि वैदिक देवताओं में विष्णु सम्मिलित नहीं हैं। वेद में सम्राट वरुण, वैदिक देवों के शास्ता रुद्र, दिव्य प्रसवकर्ता सविता एवं सूर्य को परमेष्ठी कहा है।)। त्रेतायुग के महामुनि पराशर को सूर्यसिद्धान्त के मूलभूत ग्रन्थों की रचना का श्रेय जाता है।

महामुनि पराशर कृत श्रीविष्णु पुराण में मात्र नौ श्लोकों की ''पृथिवी गीता (धरणी गीता)'' बहुत ही सारगर्भित है। श्री विष्णु पुराण के अनुसार पृथिवी उन्हें जीतने में लगे राजाओं, सम्राटों के स्वप्नों पर कठोरतम टिप्पणी की है। पृथिवी राजाओं द्वारा विजित करने के अथक प्रयासों पर शरत् कालीन पुष्पों के माध्यम से हँसा करती है। महामुनि पराशर ने कहाः हे मैत्रेय! पृथिवी द्वारा गाये ''कुछ श्लोकों'' को सुनो। इन्हें असत मुनि ने धर्मध्वजी जनक को सुनाया (यहाँ यह शोध अनुसंधान का विषय है कि मूल पृथिवी गीता में कुल कितने श्लोक रहे और श्रीविष्णु पुराण की मूल पाण्डुलिपि में पृथिवी द्वारा गाये गीतों की संख्या क्या थी ? पृथिवी गीता की मूल पाण्डुलिपि कहाँ है ? इसका अनुसंधान हजारों वर्षों में क्यों नहीं किया गया ? यह उल्लेखनीय है कि मूल जय संहिता (महाभारत का मूल स्वरूप) में मात्र 8800 श्लोक रहे और श्रीकृष्ण की गीता में 100 श्लोक थे। इसके ठीक विपरीत 1,00,000 श्लोकवाली महाभारत की गीता में 700 श्लोक हैं।

पृथिवी गीता–धरणी गीता में पृथिवी देवी ने कहाः ''इन बुद्धिमान राजाओं (शासकों) को इस प्रकार का मोह कैसे होता है? जबकि वे पानी के बुलबुले के समान अस्थिर हैं परन्तु (यह आश्चर्य है कि) वे अपनी स्थिरता में विश्वास रखते हैं। सर्वप्रथम अपनों को विजित कर, मन्त्रियों को जीतना चाहते हैं, फिर वे अपने भृत्यों, नागरिकों एवं शत्रुओं को जीतना चाहते हैं। मैं सागर तक पृथिवी को जीत लूँगा, इस तरह से मोहित बुद्धिवाले वे अपने सन्निकट विद्यमान मृत्यु को नहीं देख पाते हैं। यदि समुद्रों से घिरी हुयी यह पृथिवी अपने वश में हो जाय और मन वश में नहीं हो तो उस सम्पूर्ण पृथिवी विजय से कौन सा लाभ है ?

(मानवीय सर्वोच्च विजय मन एषणाओं पर विजय है। उनके सामने भौतिक विजय कोई मायने नहीं रखती है। यह सम्पूर्ण पृथिवी तो परमेष्ठी की है।) क्योंकि मुक्ति तो मन पर विजय पाने से ही मिलती है। जिस पृथिवी को छोड़कर पूर्वज चले गये, पिता भी साथ लेकर नहीं गये, उसे मुझको ये अत्यन्त अज्ञानी शासक विजित करना चाहते हैं। जिनका अन्तःकरण ममत्व की भावना से भरा है, वे मेरे लिए पृथिवी के लिए अपने पिता, पुत्र एवं भाइयों से कलह करते हैं। जो जो शासक (राजा) यहाँ हो चुके हैं, उनकी ऐसी कुबुद्धि है कि वे सोचते हैं कि पृथिवी मेरी है। यह निरन्तर मेरे वश में बनी रहेगी। इस तरह मुझमें ममता रखनेवाले मृत्यु को वरण करते हैं। उनके उत्तराधिकारी उन्हें मरता देखते हैं फिर भी मेरे लिए मन में ममता रखते हैं। वे अपने दूतों से दूसरे शासकों को कहलवाते हैं कि ये पृथिवी उनकी है, उनके शत्रु इसे छोड़कर शीघ्र चले जायें। यह सुनकर उन मूर्खों पर मुझे दया एवं हँसी भी आती है।'' महामुनि पराशर ने कहा : हे मैत्रेयी! यह पृथिवी गीता जिन्होंने सुना उनकी ममता विनष्ट हो गई, जैसे सूर्य के ताप से हिम पिघल जाती है।

।।पृथिव्युवाच।।

कथमेष नरेन्द्राणां मोहो बुद्धिमतापमि।

येनसधर्माणोऽप्यतिविश्वस्तचेतस।।1।।

पूर्वमात्मजयं कृत्वा जतुमिच्छन्ति मन्त्रिणः।

ततो भृत्यांश्च पौरांश्च जीगीषन्ते तथा रिपून्।।2।।

क्रमेणानेन जेष्यमो वयं पृथ्वीं ससागराम्।

इत्यासक्तधियो मृत्युं न पश्यन्त्यविदूरगम्।।3।।

समुद्रावरणं याति भूमण्डलमथो वशम्।

कियदात्मजयस्यैतन्मुक्तिरात्मजये फलम्।।4।।

उत्सृज्य पूर्वजा याता यां नादाय गतः पिता।

तां मामती वमूढत्वाज्जेतुभिच्छन्ति पार्थिवाः।।5।।

मत्कृते पितृपुत्राणां भ्रातृणां चापि विग्रहः।

जायतेऽत्यन्तमोहेन ममत्वादृतचेतसाम्।।6।।

पृथ्वी ममेयं ममैषा मदन्वयस्यापि च शाश्वतीयम्।

या वो मृतो ह्यत्र बभूव राजा कुबुद्धिरासीदिति तस्य तस्य।।7।।

दृष्ट्वा ममत्वादृतचित्तमेकं विहाय मां मृत्युवशं व्रजन्तम्।

तस्यानु यस्तस्य कथं ममत्वं हृद्यास्पदं मत्प्रभवं करोति।।8।।

पृथ्वी ममैषाशु परित्यजैनां वदन्ति ये दूतमुखैस्स्वशत्रून्।

नराधिपास्तेषु ममातिहासः पुरश्च मुढेषु दयाभ्युपैति।।9।।

।।श्रीपराशर उवाच।।

इत्येते धरणीगीताश्श्लोका मैत्रेय यैश्श्रुताः।

ममत्वं विलयं याति तपत्यर्के यथा हिमम्।।।।ऊँ।।

## वेद में भूमि का आधार सत्य : सत्यभामा पुराकथा

पुराकथाओं में पृथिवी भूमि के अवतार के रूप में श्रीकृष्ण की रानी सत्यभामा का वृत्तान्त बहुत ही प्रसिद्ध है। जिसमें भूदेवीरूपा सत्यभामा अपने ही पुत्र भौमदेव–नरकासुर का संहार करती है। विष्णु पुराण, ब्रह्म पुराण, कालिका पुराण, महाभारत आदि में नरकासुर को पृथिवी देवी का पुत्र बताया गया है।

यह आख्यान ऋग्वेद की ऋचाओं से सम्बद्ध है। ऋग्वेद में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भूमि का आधार सत्य है। ऋग्वेद के तीसरे मण्डल के 54 वें एवं 56 वें सूक्तों की ऋचाओं में सिंहगर्जना की गई कि द्यावापृथिवी के नियम सत्य होते हैंः ''युवोर्ऋतं रोदसी सत्यमस्तु

महे षु णः सुविताय प्र भूतम्। (ऋग्वेद 3.54.3)।'' ''न ता मिनन्ति मायिनो न धीरा व्रता देवानां प्रथमा ध्रुवाणि।'' (ऋग्वेद 3.56.1)। ब्रह्माण्ड के नियम ध्रुव हैं। इसी पृष्ठभूमि में महाराजा सत्राजित और उनकी भूदेवी पुत्री सत्यभामा के आख्यान का शोध एवं अनुसंधान आवश्यक है। पुराकथाओं के अनुसार सभी को प्रसव देनेवाले सूर्य देवता ने महाराजा सत्राजित को ''दुर्लभ स्यमंतक मणि'' प्रदान की। सूर्य देवता की मणि प्रकरण में ही सत्यभामा का विवाह श्रीकृष्ण से हुआ (श्रीकृष्णयामलतन्त्र के अनुसार श्रीकृष्ण सूर्य हैं और गोपियाँ उनकी किरणें हैं।)।

हरिवंश पुराण, महाभारत, असमः शंकरदेव का पारिजात हरण नाट्य (श्री विलियम स्मिथ), एपिको–पुराणिक मिथ्स एंड एलाइड लिजेण्डस (श्री डी. सी. सरकार), पौराणिक इनसाइक्लोपीडिया, (श्री वेत्तम मणि), अर्ली स्टेट फारमेशन इन दा ब्रह्मपुत्र वैली ऑफ असम (श्रीयुत निरोद बरूआ), श्रीकृष्ण चरित (श्री बंकिम चन्द चट्टोपाध्याय), कामरूप अनुसंधान समिति (जर्नल ऑफ असम रिसर्च सोसायटी, सन 2007), सत्यभामाः दा फायरी वूमन व्हू किल्ड नरकासुर (सुश्री कविता काणे), भागवत पुराण आदि भूमिदेवी के पुत्र और उसके वध आख्यान के अध्ययन में सहायक हैं। वराह पुराण के अनुसार जलमग्न पृथिवी का उद्धार श्री वराह देव ने किया। वैदिक देवों के शास्ता सूर्य स्वरूप दिवोवराह हैं। अर्थात रुद्र का पर्याय दिवोवराह है। जलमग्न पृथिवी पर सूर्य के प्रचण्ड ताप से जल भाप बनकर उड़ा और भूमि ऊपर आई। पुराकथा के अनुसार श्री वराह देव के पृथिवी देवी (भूमि देवी) के स्पर्श से महाप्रज्ञावान, महाशक्तिवान भौमासुर का जन्म हुआ (इससे पूर्व सूर्य देव की पत्नी से महाशक्तिशाली काक भुशुण्डि का जन्म हुआ। काक भुशुण्डि ने त्रिलोक विजित किया। इस भीषण परिस्थिति में ब्रह्म स्वयं काक भुशुण्डि के सामने प्रकट हुए और त्रेतायुग में श्री विष्णु के अवतार के रूप में श्री राम के जन्म और उनकी कथा सुनायी। इसमें अयोध्यापति महाराजा के राजकुमार श्री राम की लीलाओं का प्रेममय वर्णन है। इस कथा से त्रिलोकपति काक भुशुण्डि भावविभोर हुए और इसका वाचन प्रारम्भ किया। भुशुण्डि रामायण में श्रीराम की प्रेम से परिपूर्ण लीलायें चमत्कृत करती हैं। इसमें लंकेश्वर दशानन रावण और

श्रीराम के मध्य महासमर का संक्षिप्ततम वर्णन है। जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती के अनुसार अयोध्या में वर्तमान में भी श्रीराम की प्रेममय लीलाओं के आधार पर सम्प्रदाय है। इस सम्प्रदाय के अनुयायी नारी वेश में रहते हैं। कुछ स्वयं को सीता मैय्या की मैना कहते हैं।

पुराकथा अनुसार महाशक्तिवान भौमासुर ने इन्द्र को हराकर ब्रह्मपुत्र घाटी के प्रागज्योतिषपुर को अपनी राजधानी बनाया। भौमासुर ने भौम वंश की आधारशिला रखी। त्रिलोक विजय से भौमासुर निरंकुश हो गया। प्रकारान्तर में पुण्यात्मा पृथिवी का पुत्र महा अत्याचारी परिवर्तित हो गया और भौमासुर नरकासुर कहलाने लगा। उच्छृंखल भौमासुर ने देवमाता अदिति के कुण्डल, देव राजा वरुण का छत्र आदि भी छीन लिये। उसने देवों, ऋषियों आदि की 16000 कुमारियों का अपहरण किया। वह अक्षत कौमार्यवान कुमारियों की बलि देकर अमर होने की योजना को अमलीजामा पहनाने में लगा था। उधर भौमासुर (भौमदेव) को केवल माता भूमिदेवी के द्वारा ही मृत्यु का वरदान प्राप्त रहा। अतः वह माता की ओर से निश्चिंत था।

लोकगाथाओं के अनुसार एक समय नरकासुर के हृदय में कामख्या देवी से विवाह की कामना जाग्रत हुई (प्रजापति दक्षराज अपनी सुपुत्री दाक्षायणी सती द्वारा कैलासवासी महारुद्र सदाशिव से विवाह से क्रुद्ध थे। उन्होंने अपने महायज्ञ में अपने जमाता महारुद्र सदाशिव एवं सुपुत्री दाक्षायणी सती को आमन्त्रित नहीं किया। दाक्षायणी सती ने यज्ञ में जाकर इसका कारण पूछा। उसके उत्तर में उसका घोर अपमान हुआ। फलस्वरूप दाक्षायणी ने धधकते यज्ञकुण्ड में कूदकर प्राण त्यागे। इस घटनाक्रम में महारुद्र स्वयं यज्ञस्थल आये। श्रीविष्णु एवं देवताओं ने महारुद्र से संग्राम किया। महारुद्र ने श्रीविष्णु एवं देवताओं को पाषाण में परिवर्तित किया एवं श्वसुर का सिर काटकर यज्ञकुण्ड में जलाया। महारुद्र ने अपनी पत्नी का मृत दग्ध शरीर कांधे पर रखकर रौद्र ताण्डव प्रारम्भ किया। जिससे पृथिवी पर प्रलय आयी। प्रकारान्तर में दाक्षायणी सती के शव के अंग जहाँ—जहाँ गिरे वहीं शक्तिपीठ बन गये। कामख्या में दाक्षायणी सती का गुप्तांग गिरा। अतः कामाख्या देवी की आगमशास्त्र

में इसकी विशेष मान्यता है। देवी कामख्या ने बहुत ही चातुर्य से भौमासुर से विवाह करने के लिए नीलांचल पर्वत से मन्दिर तक सीढ़ियाँ एक रात्रि में निर्मित करने की शर्त रखी। यदि एक रात में सीढ़ियों का निर्णाण हुआ तो निश्चित रूप से विवाह करेंगी। त्रिलोक विजेता भौमासुर समस्त साधनों से सीढ़ी निमार्ण में लग गया। देवी कामख्या जादुई रूप से सीढ़ी निर्माण गति देखकर चिन्तित हुई। कामख्या देवी ने चमत्कार से सूर्योदय से पहले ही मुर्गे द्वारा बाग दिलवा दी। भौमासुर नरकासुर को लगा कि उसका नीलांचल से देवालय तक सीढ़ी निमार्ण का सपना अधूरा रहा। उसने निमार्ण कार्य अधबीच में छोड़ दिया। बाद में उसे मुर्गे की करतूत मालूम हुई। उसने मुर्गे को ढूंढकर ''कुकुराकाटा'' में मौत के घाट उतारा। ये अधूरी सीढ़ीयाँ ''मेखलाउजा पथ'' कहलाती हैं।

सभी लोकों में नरकासुर की ग्यारह अक्षोहिनी सेना से भय व्याप्त था। दूसरी ओर केवल माता पृथिवी द्वारा मृत्यु के वरदान से भौमासुर—नरकासुर स्वयं को अजेय समझ बैठा था। नरकासुर के वध को लेकर दो कथाएँ पुराणों में मिलती हैं। एक के अनुसार अक्षय अखण्ड दिव्य ऊर्जावान अदिति के आशीर्वाद से भूमादेवी रूपा सत्यभामा को चिरयौवन वरदान प्राप्त था। चिरयौवना सत्यभामा का क्रोध उनके ही पुत्र द्वारा देवमाता अदिति के कुण्डल छीनने, देव सम्राट वरुण का छत्र बलात् लेने एवं पृथिवी एवं देवलोक की 16000 अनिद्य सौन्दर्यवान कुमारियों को कैद कर बलि देने के प्रयोजन से सातवें आसमान पर पहुँचा। सत्यभामा को मातृशक्ति का अपमान एवं उन पर अत्याचार कदापि सहन नहीं था।

महारानी सत्यभामा ने श्री कृष्ण से भौमासुर—नरकासुर के वध करने में सहयोग मांगा। महारानी सत्यभामा रणचण्डी के रूप में श्री कृष्ण के साथ दिव्य गरूड पर आरूढ़ होकर प्रागज्योतिषपुर पर चढाई के लिए निकली। भूमादेवी सत्यभामा का भौमासुर वध के लिए महातेजोग्र रूप रोमांचित करनेवाला रहा। प्रागज्योतिषपुर में माता से निशचिन्तावान भौमासुर अपने असुर मित्र मुर एवं उसके छह पुत्रों— ताम्र, अन्तरिक्ष, श्रवण, विभावसु, नभश्वान एवं अरूण के साथ रहता था। अतः भौमसुर को मौत के घाट उतारने से पहले असुरराज मुर और उसके

पुत्रों के अभेद्य घेरे को नष्ट करना आवश्यक था। सत्यभामा ने सभी का समापन किया। मुरू की मृत्यु के समाचार से भौमासुर–नरकासुर आग बबूला हुआ। वह तत्काल सेनापतियों और समूची दानवी सेना के साथ महारानी सत्यभामा से महासमर के लिए रणभूमि में उपस्थित हुआ। भौमासुर ने यही सोचा कि द्वारका की महारानी सत्यभामा को वह चुटकियों में हरा देगा। वह क्रोध में भूल गया कि उसकी मृत्यु उसकी माता भूमादेवी के हाथों लिखी है। उसने भूमादेवी स्वरूपा सत्यभामा के वास्तविक रूप को पहचानने में विभ्रम से गलती की। वीरांगना भूमादेवी सत्यभामा ने अपनी अत्याचारी पुत्र नरकासुर भौमासुर का वध किया। भूमादेवी ने देवमाता अदिति के कुण्डल श्री विष्णु को पहुँचाने के लिए दिए। नरकासुर वध के बाद 16,000 कन्यायें श्री कृष्ण के शरण में प्रस्तुत हुई। कालान्तर में श्री कृष्ण ने उन्हें मुक्त किया।

मृत्यु से पूर्व भौमासुर नरकासुर को अपने घोर अपराध का भान हुआ बताते हैं। वीरांगना भूमादेवी सत्यभामा ने अपने पुत्र की सद्गति के लिए (नरक) चतुर्दशी को दीपक जलानेवाले को पुण्य प्राप्ति का वरदान दिया। इस प्रकार महारानी सत्यभामा भूमादेवी एवं श्री कृष्ण ने कार्तिक मास के कृष्ण चतुर्दशी को भौमासुर नरकासुर के आतंक से मुक्ति दिलवायी। इस उपलक्ष में दीपावली से पूर्व चतुर्दशी को नरक चतुर्दशी के रूप में मनाया जाता है। इस कथा में "भूमा देवी (पृथिवी)(सत्यभामा) ने सत्य को स्थापित करने के लिए अपने पुत्र का वध किया और यह प्रमाणित किया कि भूमि–पृथिवी का आधार सत्य है।" महाभारत में इसी क्षेत्र में उलुपी (नाग राजकुमारी) के पुत्र बभ्रूवाहन ने गाण्डीवधारी अर्जुन को न केवल हराया बल्कि समाप्त कर सत्य की स्थापना की।।।ऊँ।।

# पृथिवीतन्त्रम्

दुर्गातन्त्रम् में पृथिवी गायत्री, आकाश गायत्री एवं वायु गायत्री दी गई है।

।।पृथिवी गायत्री।।

ऊँ पृथ्वीदेव्यै च विद्महे सहस्रमूर्त्यै च धीमहि,

तन्नो मही प्रचोदयात्।।

।।वायु गायत्री।।

ऊँ पवनपुरुषाय विद्महे सहस्रमूर्त्यै च धीमहि,

तन्नो वायुः प्रचोदयात्।।

।।आकाश गायत्री।।

ऊँ आकाशाय विद्महे नभोदेवाय धीमहि,

तन्नो गगनः प्रचोदयात्।।

।।पृथिवी मन्त्र।।

ऊँ नमो भगवत्ये धरण्यै धरणिधरे स्वाहा।।

पृथिवी महामन्त्र का एक लाख जप करने और घृत आदि के साथ दशांश आहुति का विधान है। यज्ञ कुंड के मध्य ''लं'' अथवा ''ऊ'' लिखना अच्छा रहता है। पृथिवी मन्त्र की सिद्धी से सभी भौतिक, अध्यात्मिक ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है।

मेरूतन्त्रम् में ''पृथिवीयन्त्रकथनम्'' मिलता है।

## ।।पृथिवीयंत्रकथनम्।।

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि पृथिवीयन्त्रमद्भुतम्

अष्टकोणं चाष्टदलं कर्णिकायां समालिखेत्।।

ससाध्यं प्रणवं तस्य मध्यकोणाष्टके च ह्रम्।।

अंह्रींग्लौं पूर्वपत्रे च नमो भेति हुताशने।।

गवत्यौ दक्षिणदले धारिण्यै दक्षपश्चिमे।।

धरणीं पश्चिमे चैव धरे देहि समीरणे।।

स्वाहा वायुदले लेख्या ग्लौंह्रीमोमीशपत्रके।।

वृत्तत्रयन्तु तद्वाहो तत्र वीथीद्वयं भवेत्।।

तत्राद्यवीथ्यां प्रणवं नमो भगवते वरा।।

हरूपाय भूर्भुवः सुवः पतये च भूपति।।

त्वं मे देहि दापय स्वाहेति देवमितार्थवान्।।

परवीथ्यां मातृकार्णास्ततो भूपुरमालिखेत्।।

गृहान्त स्थापितं हेतधान्यादेर्वृद्धिकारकम्।।

बाहौ धृते जगतद्वश्यं पूर्णायुः सुखमेधते।।

।।पृथिवीमानदिविषयकः।।

श्रीदेवी उवाच–

इदानीं पृथिवीमानं वद में परमेश्वर।।

सप्तस्वर्गस्थितो यो यो या या शक्तिः स्थिति सदा।

तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि यदि स्नेहोऽस्ति मां प्रति।।

श्रीशिव उवाच–

मूलाधारे महीचक्रे संस्थिता मानवादयः।।

तेषां मानेन देवेशि चार्धं चैव द्विसप्ततिः।।

द्विगुणः परमेशानि तद्बाह्ये लवणाम्बुधिः।

एवं क्रमेण देवेशि द्विगुणं परिकीर्तितम्।।

डाकिनीसहितो ब्रह्मा मूलाधारे तु सुन्दरि।

राकिणीसहितो विष्णुः स्वाधिष्ठाने व्यवस्थितः।।

लाकिनीसहितो रुद्रो मणिपुरे सुरेश्वरि।

अनाहते महापद्मे काकिनीसहितो हरः।

विशुद्धाख्या वसेन्नित्या साकिनी च सदशिवः।

हाकिनी परमशिवो देवाश्चाज्ञाचक्रे सुरेश्वरि।।

महाकुण्डलिनी तत्र स्थिता नित्या सुरेश्वरि।।

सहस्रारे महापद्म विश्वरूपः पर शिवः।

(तोडलतन्त्रे सर्वतन्त्रोत्तमोत्तमे हरगौरी संवाद : तन्त्रसंग्रहः सम्पादन म.म. गोपनीय कविराज)

## ।।पंचभूतानां पंचविंशतिगुणाः।।

उमा पृच्छति हे देव पिण्डब्रह्माण्डलक्षणम्।

पंचभूतं कथं देव गुणाः के पंचविंशतिः।।

ईश्वर उवाच–

अस्थि मांसं नखं चैव त्वङ्.लोमानि च पंचकम्।

पृथिवी पंचगुणा प्रोक्ता ब्रह्मज्ञानेन भासते।।

शुक्रशोणितमज्जा च मलं मूत्रं च पंच मम्।

अपां पंचगुणाः प्रोक्ता ब्रह्मज्ञानेन भासते।।

निद्रा क्षुधा तृषा चैव क्लान्तिरालस्यपंचमम्।

तेजः पंचगुणाः प्रोक्ता ब्रह्मज्ञानेन भासते।।

धारणं चालनं क्षेपं संकोचं प्रसरं तथा।

वायोः पंचगुणाः प्रोक्ता ब्रह्मज्ञानेन भासते।।

कामं क्रोधं तथा मोहं लोभंच पंचमम्।

नभः पंचगुणाः प्रोक्ता ब्रह्मज्ञानेन भासते।।

आकाशाज्जायते वायुर्वायोरूत्पद्यते रविः।

रवेरूत्पद्यते तोयं तोयादुत्पद्यते  मही।।

मही विलीयते तोय तोयं विलीयते रवौ।।

रविर्विलीयते वायौ वायुर्विलयते तु रवै।

पंचतत्त्वाद् भवेत् सृष्टिस्तत्त्वात् तत्त्वं विलीयते।

पंचतत्त्वात् परं तत्त्वं तत्त्वातीतं निरंजनम्।।

स्पर्शनं रसनं चैव घ्राणं चक्षुश्च श्रोत्रकम्।

पंचेन्द्रियमिदं तत्त्वं मन साधकामिन्द्रियम्।।

ब्रह्माण्डलक्षणं सर्वं देहमध्ये व्यवस्थितम्।

साकारश्च विनश्यन्ति निराकारो न नश्यति।।

निराकारं मनो यस्य निराकारसमो भवेत्।

तस्मात् सर्वप्रयत्नेन साकारं तु परित्यजेत्।।

(ज्ञानसंकलिनीतन्त्रं, तन्त्रसङ्.ग्रहः )

## ।।त्रिशिरोमतम्।।

(लुप्तागमसङ्.ग्रहः सम्पादन–म.म. गोपीनाथ कविराज)

सर्वदेवमयः कायस्तं चेदानी श्रृणु प्रिये।

पृथिवी कठिनत्वेन द्रवत्वेम्भः प्रकीर्तितम्।।

त्रिशिरोभैरवः साक्षाद् व्याप्य विश्वं प्रतिष्ठितः।।

।।पृथिवीतत्त्वमाख्यातं।।

।।पृथिव्यादिव्योमतत्त्वान्तपंचक।।

(महास्वच्छन्दसङ्.ग्रहः लुप्तागमसङ्.ग्रहसे)

शब्दः शान्तत्वघोरत्वविशेषापन्नरूपकः

शब्दस्तु शब्दतन्मात्रं मृदूष्णकठिनश्चलः।।

विशिष्टस्पर्शरूपश्च स्पर्शतन्मात्रसंज्ञितः।

नीलपीतत्वशुक्लवविशिष्टं रूपमेव च।।

रूपतन्मात्रमित्युक्तं मधुरत्वादिसंयुतम्।

रसतन्मात्रसंज्ञं तु सौरभ्यादिविशेषितः।।

गन्धः स्याद् गन्धतन्मात्रं तेभ्यो वै भूतपंचकम्।

आकाशः शब्दतन्मात्रं नित्यं शब्दगुणं महत्।।

व्यापकं निर्मलं तत्त्वमवकाशप्रदानकम्।

स्पर्शतन्मात्रतो वायुश्चलद्रूपोऽनिलोऽभवत्।।

जगत्प्राणोऽनिलो व्यूहप्रेरणं च लघुर्भवेत्।

शब्दस्पर्शगुणः प्रोक्तो गमनागमनकर्मकृत्।।

शब्दस्पर्शरूपगुणं तेजस्वत्त्वं प्रभास्वरम्।

रूपतन्मात्रकार्यं च पाककर्मकरं शिवे।।

रसतन्मात्रतो जातं वारितत्त्वं द्रवात्मकम्।

शब्दस्पर्शरसगुणसङ्.ग्रहकर्मकृत्।।

शब्दस्पर्शरूपरसगन्धपंचगुणान्वितम्।

पृथिवीतत्त्वमाख्यातं कठिनं सर्वधारणम्।।

पृथिव्यादिव्योमतत्त्वान्तपंचकं पूर्वपर्वूक्रम्।

कार्य सृष्टया समावृत्त्य वर्तते पंचकं क्रमात्।।

।।चन्द्रज्ञाविद्याः चरणसूत्रम् (लुप्तागमसङ्.ग्रह)।।

पृथिव्या गन्धवत् पुष्पमुपचाराय पाद (ये?योः)।।

।।परास्तोत्रम् (लुप्तागमसङ्.ग्रह)।।

पृथिवी पूर्वमितो वनं तरूरतस्तत्रापि शाखा ततः

पत्रं तत्र पुष्पमत्र च फलं माधुर्यमस्मादिति।

एकस्मादपि तारतम्यपदवीमुत्कर्षणीं पश्यतो

विश्वास्मादपि कापि सिध्यति परे त्वामेह तां ब्रूमहे।।

।।पृथिवी पर महाशान्ति सर्वोपद्रवनाशनम्।।

मेरू तन्त्र के प्रकाश 17 में सर्वोपद्रवनाशनायोपयुक्ता महाशान्ति के मन्त्र का विधान लिखा है। दुर्गातन्त्रम् में सर्वारिष्ट शान्ति के निमित्त इक्यावन हजार जप एवं उसका दशांश हवन का उल्लेख है : ''ऊँ नमो भगवते तस्मै कृष्णायाकुण्ठमेधसे। सर्वव्याधिनाशाय प्रभो माममृतं कृधि।।''

पृथिवी तत्त्व : अथ भूतोपसंहार विधिः

पादादि जानु पर्यन्तं चतुष्कोणं स वज्रकम।

ल बीजाढर्य स्वर्ण वर्णं स्मरेदवनि मण्डलम्।।

पादादि जानु पर्यन्तं पृथिवी स्थानं चतुरस्रं चतुर्दिक्षु

चतुर्दिक्षु लाक्षितं तन्मध्ये पीतवर्ण लं बीज युक्तं ध्यायेत्।

अथ पृथिवी तत्त्व ध्यानम्

ओं ध्यायेन्मपि शुक्लवर्णां दिल्याभरण भूषिताम्।

चतुर्भूजां सौम्यतनुं चण्डांशु सह शाम्बराम्।।3

अधश्र्चोर्ध्वं रत्न पात्रं कराभ्यां सरसीरुहम्।

ओषधी पूरितं पात्रंदधानी सुमुखाम्बुजाम्।।
दिङ्.नगानां चतुर्णां चं पृष्ठरूढां चतुर्भुजाम्।
सर्वसस्यालयाँ शुभ्राँभूदेवी शरणं भजे।
ओं स्यानापृथिवींभवा नृक्षरा निवेशती।
यच्छानः शर्म सप्रथः।। लंभूम्यै नमः।।1।।
जान्वो रानाभिच्छन्द्रार्द्धनिभंपद्म द्वयाकृतिम्।
वं बीज षुक्तं श्वेताभं इमं सोम मण्डलं स्मरेत्।
जान्वादि नाभिपर्यतं अपास्थानं धनुराकारमुभयोः
कटयोः श्वेत पद्मलांक्षितं तन्मध्ये श्वेत वर्णं वं
बीज युक्त ध्यायेत्।। (श्री विद्या षोडसी तन्त्रम् सिद्धि)

## पृथिवी कठिनत्वेन (लुप्तागमसंग्रह)

सर्वदेवमयः कायस्तंः चेदानीं श्रुणु प्रिये।
पृथिवी कठिनत्वेन द्रवत्वेऽम्भ प्रकीर्तितम्।।1।।
भूमिकास्थो हि चक्रस्थो विन्दते परमार्थतः।।2।।

## तन्त्र समुच्चय : पृथ्व्या पादुकमंशतो

पृथ्व्या पादुकमंशतो जगतिकां वेदैगुणैः कैरवं
तत्पट्टीगलकम्बु निद्रवमपि क्ष्मापङ्.क्तिभूमीन्दुभिः।
कुर्वीत ज्वलनैः कपोतमिलयाग्रे पट्टिाकां पंकजं
नेत्राभ्यामपि सप्तविंशतिविभक्ते पीठिकाभ्युच्छ्रये।।2.83।।
भूमिं विशोध्य विनिधाय हिरण्मयाद्यं
पात्रं पवित्रमभिघार्य विभोः पुरस्तत्।
सम्पादयेद् रुचिरमत्र निवेद्यजातं

प्राज्याज्यकादलगुदिपरिष्कृतं च।।7.104।।

पृथ्व्यादिप्रतिसर्गविग्रहविशुद्ध्युत्पत्तिमन्त्रोदय –

न्यासार्चेशकराभिमर्श विधिभिः संशुद्धिबुद्धात्मनि।

तत्राराधितमण्डलाधिगतदेवेक्षात्तपुण्योच्चये–

ऽन्वारब्धेऽथ करोतु तत्त्वहवनं तत्संस्क्रियार्हं सुधीः।।12.58।।

## श्री श्रीविद्या वृहत् कर्पूर स्तोत्रम् : पृथिवी

पृथ्वी–पालोत्तमांगासृत–मणि–मुकुट–ज्वालिनी, राजितांघ्रिर्वाचालः

काव्य–कर्त्ताऽमर–पुर–गणिका–चित्त–चौराश्चरायुः।।

## श्रीललिता त्रिपुर सुन्दरी कवच : ''ल''

ल कारो जानुती पातु, ह्रीं कारो जंघ युग्मके।

शक्ति–बींज सदा पातु, मूल विद्या सदाऽतु।।5।।

## श्रीललिता शतनाम स्तोत्र : ''ल–पृथिवी''

लोकमाता लोकपूज्या, लोकजननी लोलुपा।

लोहिता लोहिताक्षी च, लिंगाख्या चैव लिंगेशी।।5।।

## श्री त्रिपुर सुन्दरी वेदसार स्तव : सृष्टि

ईक्षित्री सृष्टि काले त्रिभुवनमथ या तत्क्षणेऽनु प्रविश्य,

स्थेमानं प्रापयन्ती निज गुण विभवैः सर्वथा व्योप्य विश्वम्।।3।।

## श्रीत्रिपुरोपनिषत् (पृथिवी)

एक सा आसीत् प्रथमा सा। नवासीदासोन विंशदासोन त्रिंशत्।

चत्वारिंशदथ तिस्रः समिधा। उशतीरिव मातरो माऽऽविशन्तु।।3।।

## श्रीविद्या मानस पूजन : पृथिवी

ऊँ लं पृथिव्यात्मकं गन्ध पर ब्रह्म स्वरूपिणी।

श्री षोडशी देवी प्रीतये समर्पयामि नमः।।

## श्रीषोडशी सहस्रनामावली : पृथिवी

ऊँ श्रीधरिण्यै नमः।।607।।

ऊँ श्रीधारिणी पृथ्वयै नमः।।608।।

ऊँ श्रीवसुन्धरायै नमः।।609।।

## श्रीविद्या मानसिक हवन

कस्मिंश्चिदद्भूत मरीचि विकास भूमौ।

विश्वं जुहोमि वसुधा दिशि वावसानम्।।

श्री महा त्रिपुर सुन्दरी देव्यै स्वाहा।

## श्रीसुभगोदय स्तुति (श्री गौदपादाचार्य विरचित)

पृथिव्यादौ तत्त्वे पृथगुदित वद्भिः परिवृतं,

भवेन् मूलाधारात् प्रभृति तव षट्–चक्र–सदनम्।

## श्रीमकरन्द स्तवराज : पृथिवी

लं पृथिवीव्यात्मकं गन्धं श्री महा त्रिपुर सुन्दरी

पादुकाभ्यांनमः अनुकल्पयामि।

## आगमरहस्यम् : पृथिवी

पृथ्वीमुखं कालतत्त्वं तथा नियतितत्त्वकम्।

वरणाद्यं तत् पुरुषतत्त्वं वायुमुखं तथा।।1178।।

लकारं बिंदुसहितं हंसवर्णो च पार्श्वयोः।

विभाव्य तत्र चावाह्य यजेदानंदभैरवम्।।1798।।

अहं हि जगतां धात्री जननी जन्मकारणम्।

मद्भावप्रतिपन्नायामहमेव सुनिश्चितम्।।2735।।

तिलपुष्पं चन्द्रबिंबं खंजरीटं च पर्वतम्।

पृथ्वीं विकसितां योनिं दशस्थानानि पार्वति।।2935।।

## तान्त्रिक तन्त्र : पृथिवी

ज्वलदग्नेर्यथा देवी स्फुरन्ति विस्फुलिंगकाः।

तस्याश्च्युतं परं ब्रह्म यदा भूमौ पतत्यपि।

## गन्धर्वतन्त्र : पृथिवी

पृथिवीमृतुमतीं वीक्ष्य सहस्रं यदि नित्यशः।

तदा वादी स्वसिद्धान्तहतः क्षितितलं विशेत्।।

## भावचूडामणि : उपासनास्थल

एकाकी निर्जने देशे श्मशाने निर्जने वने।

शून्यागारे नदीतीरे निःशंको विहरेत् सदा।।

महाचीनद्रुमे देवीं ध्यात्वा तत्र प्रपूजयते।

## तन्त्र संग्रह : पृथिवी

पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशकालदिगात्ममनांसि नवैव इति।।

## श्रीप्रत्यभिज्ञाऽऽमोदः :पृथिवी

पृथ्व्यादिकमिदं सर्वं कार्यं कर्ता महेश्वरः।

नैतत्साक्षान्महेशोऽयं कुलालो मृत्तिका यथा।।

पृथिव्याद्यात्मपर्यन्तः प्रपंचो ह्यष्टधा स्थितः।

तनुरीशस्य चात्मायं सर्वतत्त्वनियामकः।।

शरीरभूतादेतस्मात् प्रपंचात् परमेष्ठिनः।

आत्मभूतस्य देवस्य नाभेदो न पृथक्स्थितिः।।

## कल्पलतासंग्रह : पृथिवी

पृथ्वी सगन्धा सरसास्तथाऽऽपः स्पर्शी च वायुर्ज्वलितं च तेजः।

नभस्सशब्दं महता सहैव कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

## भूसूक्तम् (तैत्तिरीय संहिता) (पृथिवी उपासना)

ऊँ। भूमिर्भूम्ना द्यौर्वरिणाऽन्तरिक्षं महित्वा। उपस्थे त देव्यदितेऽ–ग्निमन्नाद–मन्नाद्यायादधे। आऽयंगौः पृश्निरक्रमी दसनन्मातरं पुनः। पितरं च प्रयन्त्सुवः। त्रिग्ंशद्धाम विराजति वाक्पतंगाय शिश्रिये। प्रत्यस्य वह द्युभिः। अस्य प्राणादपानत्यन्तश्चरति रोचना। व्यख्यन् महिषः सुवः। यत्त्वा क्रुद्धः परोवपमन्युना यदवर्त्या। सुकल्पग्ने। तत्तव पुनस्त्वोद्दीपयामसि। यत्ते मन्युपरोप्तस्य पृथिवीमनुदध्वसे। आदित्या विश्वे तद्देवा वसवश्च समाभरन्।

मेदिनी देवी वसुन्धरा स्याद्वसुधा देवी वासवी। ब्रह्मवर्चसः पितृणाग् श्रोत्रं चक्षुर्मनः। देवी हिरण्यगर्भिणी देवी प्रसूवरी। सदने सत्यायने सीद। समुद्रवती सावित्रीह नो देवी मह्यंगी। महीधरणी महोव्यथिष्ठाश्शृंगे शृंगे यज्ञे यज्ञे विभीषणी। इन्द्रपत्नी व्यापिनी सुरसरिदिह। वायुमति जलशयनी श्रियंधाराजा सत्यन्धोपरिमेदिनी। श्वोपरिधत्तं परिगाय। विष्णुपत्नीं महीं देवीं माधवीं माधवप्रियाम्। लक्ष्मी प्रियसखीं देवी नमाम्यच्युतवल्लभाम्। ऊँ धनुर्धराय विद्महे सर्वसिद्धयै च धीमहि। तन्नो धरा प्रचोदयात्। महीं देवीं विष्णुपत्नी मजूर्याम्। प्रतीची मेनांग् हविषा यजामः। त्रेधा विष्णुरुरुगायो विचक्रमे। महीं दिवं पृथिवीमन्तरिक्षम्। तच्छ्रोणैतिश्रव इच्छमाना। पुण्यग्ग् श्लोकं यजमानाय कृण्वती।। ऊँ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

## पृथिवीस्तुतिः

स्वर्गैकोभिरदोनिवासी पुरुषारब्धाति शुद्धाध्वर–

स्वाहाकार वषट्क्रियोत्थममृतं स्वादीय आदीयते।

आम्नाय प्रवणैरलड्.कृतजुषेऽमुष्मै मनुष्यै शुभै–

र्दिव्यक्षेत्र सरितपवित्रवपुषे देव्यै पृथिव्यै नमः।।1।।

समुद्रवसने देवि! पर्वतस्तनमण्डले।

विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे।।2।।

## ऋषिस्तुतिः (पृथिवी उल्लेख)

पृथ्वी सगन्धा सरसास्तथापः स्पर्शी च वायुर्ज्वलितं च तेजः।

नभं सशब्दं महता सहैव कुर्तन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।4।।

## पृथिवी पर सप्तपुरी स्मरणम्!

अयोध्या मथुरा माया काशी कांची ह्यवन्तिका।

पुरी द्वारावती चैव सप्तैता मोक्षदायिकाः।।

(सप्तपुरियों का अध्यात्मिक अर्थ लें।)

## पृथ्वीमन्त्रप्रयोग

''ऊँ नमो भगवत्यै धरण्यै धरणिधरे स्वाहा।''

मन्त्रमहार्णव अनुसार यह 19 अक्षरों का मन्त्र शारदातिलक में है।

विनियोग : अस्य मन्त्रस्य वराहऋषिर्निवृच्छन्दः वसुधा देवता सर्वेष्टसिद्धये जपे विनियोगः।

ऋष्यादिन्यास : ऊँ वराहऋषये नमः शिरसि। निवृच्छन्दसे नमो मुखे। वसुधादेवतायै नमो हृदि। विनियोगाय नमः सर्वांगे। इति ऋष्यादिन्यासः।

करन्यास : ऊँ नमो अंगुष्ठाभ्यां नमः। भगवत्यै तर्जनीभ्यां नमः। धरण्यै मध्यमाभ्यां नमः। धरणिधरे अनाभिकाभ्यां नमः। धरे कनिष्ठिकाभ्यां नमः। स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः। इति करन्यासः।

हृदयादिषडंगन्यास : ऊँ नमो हृदयाय नमः। भगवत्यै शिरसे स्वाहा। धरण्यै शिखायै वषट्। धरणिधरे कवचाय हुम्। धरे नेत्रत्रयाय वौषट्। स्वाहा अस्त्राय फट्।

अथ ध्यानम्।

''श्यामां विचित्रांशुकरत्नभूषणां पद्मासना तुंगपयोधरानताम्।

इन्दीवरे द्वे  नवशालिमंजरी शुकं दधानां वसुधां भजामहे।।1।।

एवं ध्यात्वा सर्वतोभद्रमण्डले मं मण्डूकादिपरतत्त्वान्त–

पीठदेवताभ्यो नमः। इति पीठदेवताः सम्पूज्य पीठशक्तिं पूजयेत्।''

नवपीठशक्तियों की पूजा करें एवं ''ऊँ नमो भगवत्यै धरण्यै सर्वात्म संयोग पद्मपीठायै नमः।'' मन्त्रोचारण करें। मूल मूर्ति का ध्यानकर आवरण पूजा करें। इसके बाद अष्टदलों में अष्ट देवताओं की पूजा करें।

''पूर्वे ऊँ आकाशाय नमः। दक्षिणे ऊँ अग्नये नमः। पश्चिमे ऊँ जलाय नमः। उत्तरे वायवे नमः। अग्निकोणे ऊँ आकाशकलाये नमः। निर्ऋतिकोणे ऊँ अग्निकलाय नमः। पश्चिमे ऊँ जलाय नमः। उत्तरे ऊँ वायुकलायै नमः।'' भूपुर में : ''पूर्वादिक्रमेण ऊँ लं इन्द्राय नमः। ऊँ रं अग्नये नमः। ऊँ मं यमाय नमः। ऊँ क्ष निर्ऋतये नमः। ऊँ वं वरुणाय नमः। ऊँ य वायवे नमः। ऊँ कुं कुबेराय नमः। ऊँ हं ईशाणाय नमः।'' मन्त्र उच्चारण से पूजा करें।

उसके बाहर : '' ऊँ वं वज्राय नमः। ऊँ शं शक्तये नमः। दं दण्डाय नमः। ऊँ खं खंगाय नमः। ऊँ पं पाशाय नमः। ऊँ अं अंकुशाय नमः। ऊँ गं गदाय नमः। ऊँ त्रिं त्रिशूलाय नमः। ऊँ गं गदाय नमः। ऊँ त्रिं त्रिशूलाय नमः। ऊँ पं पद्माय नमः। ऊँ चं चक्राय नमः।'' से पूजा करें।

''पृथिवी देवता का मन्त्र 19 अक्षरों का होने से मूल मन्त्र का 19 लाख जप का विधान है और दशांश अर्थात् 1.9 लाख होम करना चाहिये। इसका पुरश्चरण एक लाख जप है।'' साधक भूमिह्रदय का आदर से मन्त्र जप करें। इसके यज्ञ में घीयुक्त खीर से हवन करें। यज्ञ में लाल एवं नीले कमल, प्रियंगु फल, शालि की मंजरियाँ, मधु, घी, शर्करा, दुग्ध, एक सौ आठ से अधिक वनोषधियों आदि का प्रयोग करना चाहिए। पृथिवी यज्ञ की यज्ञवेदी वर्त्ताकार (गोल) (सवा सत्ताइस ईंच व्यास) होती है। यज्ञवेदी के केन्द्र में पृथिवी का बीजाक्षर ''लं'' लिखा जाता है। यज्ञ की समिधा (काष्ठ) में–कल्पवृक्ष, पलाश–देववृक्ष, देवदार, पारस पीपल, पीपल, शमी–खेजड़ी, आम्र, खदिर आदि का प्रयोग होता है। सरोहा श्रीवृक्ष–विल्व अथवा अनार की काष्ठ का सर्वोत्तम रहता है। यह यज्ञ एक से छह माह तक चलता है। पृथिवी मन्त्र प्रयोग से पृथिवी देवता प्रसन्न होकर अध्यामिक, दैविक एवं भौतिक ऐश्वर्य निश्चित रूप से प्रदान करते हैं। भूमि मन्त्र पाठ से साधक को पृथिवी की दिव्य शक्तियाँ मिलती हैं।

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि पृथिवीयन्त्रमद्भुतम्

अष्टकोणं चाष्टदलं कर्णिकायां समालिखेत।

ससाध्यं प्रणवं तस्य मध्यकोष्टके च ह्मम।

अंह्रींग्लौं पूर्वपत्रे च नमो भेति हुताशने।

गवत्यै दक्षिणदले धारिण्ये दक्षपश्चिमे।

धरणीं पश्चिमे चैव धरे देहि समीरणे।

स्वाहा वायुदले लेख्या ग्लौंह्रीमोमीशपत्रके।

वृत्तत्रयन्तु तब्दाह्ये तत्र वीथीद्वयं भवेत्।

तत्राद्यवीथ्यां प्रणवं नमो भगवते वरा।

हरूपाय भूर्भुवःसुवःपतये च भूपति।

त्वं मे देहि दापय स्वाहेत देवमितार्णवान्।

परवीथ्यां मातृकार्णांस्ततो भूपुरमालिखेत्।

गृहान्तः स्थापितं हेमधान्यादेर्वद्धिकारकम्।

बाहौ धृते जगद्वश्यं पूर्णायुः सुखमेधते।।

(मेरूतन्त्रम् : प्रकाश 33 : पृथिवीयंत्र)

## ज्ञानार्णवतन्त्रम् : पृथिवी–ल बीज

लकारश्चतुरस्रं स्यात्पृथ्वीबीजतया प्रिये।

अर्धमात्रा तु कोदण्डं स्रवत्पीयूषवर्षिणी।। अथैकादशः पटलः।।

आकाशं पवनोऽग्निश्च जलं पृथ्वी वरानने।

पंचकस्यास्य देवेशि प्रथमं चित्तमुच्यते।।एकविंशः पटल।।

लकारः पृथिवीबीजं तेन भूबिम्बमुच्यते।

सकारश्चन्द्रमा भद्रे कलाषोडशकात्मकः।।दशमः पटलः।।

पृथ्वीबीजान्तवह्न्याढयं तार्तीयं शृणु वल्लभे।

शक्तिबीजे महेशानि शिवं वह्निं च योजयेत्।।षष्ठः पटलः।।

## श्रीपौषकर संहिता (सन 1934, मेलकोट)

पृथ्व्वप्तेजोऽनिलाकाशपंचानां समुदायि यत्।। त्रिंशोध्यायः।।

सप्तद्वीपवतीं तत्र समुद्रासमन्विताम्। सप्तपातालसंहिता

भूतैर्युक्तं चरादिकैः।। (द्विचत्वारिंशोऽध्यायः)

क्ष्मामण्डलोपसंहारकालं क्षेत्रवरैस्सह।। षट्त्रिंशोऽध्यायः।।

## भूमन्त्र : पराशरसंहिता, अष्टादशोऽध्याय

भूमन्त्रं च क्रमाद्वक्ष्ये श्रुणुष्व कमलासन।

वान्तं वन्हिसमायुक्तं महामायासबिन्दुकम्।।1।।

भूमन्त्रमिदवेवस्यात् सर्वसिद्धिप्रदायकम्।

लक्ष्मीबीजवदेतस्य सर्वेषां फलदायकम्।।2।।

ऋषिर्ब्रह्मास्य मन्त्रस्य गायत्री छन्द उच्यते।

देवता विष्णुपत्नी वै शं बींज शक्तिरीं ततः।।3।।

ह्रीं कीलकं ऐं कवचं लक्ष्मी मन्त्र इति क्रमात्।

श्यामो वर्ण इति प्रोक्तः करन्यास षडंगकम्।।4।।

ज्ञानाद्यैषट्पदैःकुर्यात् श्रीबीजेनैव सादरम्।

व्याप्तं तत् व्यापकं चैव तन्मन्त्रेणैव कारयेत्।।5।।

विष्णुपत्नीं महीं देवीं माधवीं माधवप्रियाम्।

लक्ष्मीप्रियसखीं देवीं नमाम्यच्युतवल्लभाम्।।6।।

एवं ध्यात्वा जपेन्मन्त्रं लक्षमेकं समाहितः।

पौरश्चरणहोमादि पुंसूक्तोक्तवदाचरेत्।।7।।

अन्यद्यन्त्रादिकं सर्वं लक्ष्मीमन्त्रवदाचरेत्।।

(पुराकथाओं एवं तन्त्र में श्री पृथिवी को श्री विष्णु पत्नी कहा गया है।)।।ऊँ।।

महामारी : आर्ष ग्रन्थ रहस्यम्

## सर्वरोग जीवाणुनाशक नवसंजीवनी यज्ञ धूप सूत्र

वर्तमान वैश्विक महासंकट में उनतालीस लाख प्राचीन ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेदके रक्षोहण अनुवाक् एक मात्र सटीक उपचार हैं। इनमें यज्ञादि का विधान मिलता है। साथ ही वनोषधियों की रोग संहारक शक्ति का विवरण लिखा हुआ है। इन ओषधियों का वायुवत द्रव–धूम (धूम्र) (गैस) सर्वोषधि है। जगद्गुरू शंकराचार्यपीठपण्डित आचार्य

रविशंकर शास्त्री के अनुसार शतोषधि, सर्वोषधि और अन्य वनोषधियों को गाय के कण्डे पर दहन अथवा यज्ञ से महामारी से निश्चित रूप से रक्षा होती है।

सर्वोषधिः 1. मुरा, 2. जटामांसी, 3. वच, 4. कूट, 5. शिलाजीत, 6. आमीहलदी–दारूहलदी, 7. सटी (कचूर), 8. चम्पा, 9. नागरमोथा आदि।

## शतोषधिः

1. अश्मरी, सहदेवी, अपराजिता
2. मुण्डा
3. उशीर
4. वाला
5. अधःपुष्पी
6. शंखपुष्पी
7. मधुयष्टिका
8. कोरक
9. चक्रांकिता
10. विष्णुकांता
11. शिवकान्ता
12. मयूरशिखा
13. काकजंघा
14. भृंगराज
15. धृतकुमारी गवारपाठा
16. कुमारी
17. कर्णिकार
18. अपामार्ग–उंघा
19. श्रीफल विल्व
20. षण्मूला
21. अम्बुज
22. उत्तरा
23. पुत्रजीवा
24. दूर्वा
25. काश
26. कुश
27. साल
28. ताल
29. चक्रमर्द
30. सिंही
31. व्याघ्री
32. अर्क
33. प्लक्ष
34. पलाश
35. पिप्पल–पिपल
36. वट
37. उदुम्बर–गूलर
38. तुलसी
39. उत्पल
40. शतपत्र
41. अतसी
42. सारिबा
43. कदम्ब
44. वकुल
45. शमी
46. राहिक

47. निर्गुण्डी
48. मुण्डी
49. दण्डी
50. ब्राह्मी
51. सीता अशोक
52. सूर्यभक्ता
53. रुद्रजटा
54. कदली
55. बीजपूरक
56. दमनक
57. मुसली
58. पुनर्नवा
59. आम्र
60. पाटल
61. श्रीपर्णी
62. करवीर–कनेर
63. चम्पक
64. गुडूची
65. देवदारू
66. अगर
67. चन्दन
68. कुटज
69. हरिद्रा
70. जटामांसी
71. शिगरू
72. वच
73. कूट
74. तेजपात
75. दारूहलदी
76. बन्धुजीव
77. सिन्धुवार
78. सटी
79. अश्वगन्धा
80. मुस्ता
81. कुरण्टक
82. पनस
83. जीवक
84. जाति
85. मालती
86. मधुक
87. खदिर
88. सप्तच्छद
89. शिरीष
90. काकमाची
91. शतावारी
92. केतकी
93. जम्बू
94. शाखा
95. आमलक
96. वेतस
97. सरल
98. गिरिकर्णी।

## अन्य वनोषधिः

1. कपूर (भीमसेनी जैविक)
2. नागरकेसर
3. जायफल
4. जावित्री
5. छाड़छड़ीला
6. तगर

7. गुग्गुल
8. लोबान
9. कमलगट्टा
10. नारियल गिरी
11. गुड
12. लवंग–लौंग
13. काली मिर्च
14. मन्दार
15. कल्पवृक्ष
16. अजवायन
17. राई
18. पीली सरसों
19. अष्टगंध (लालचन्दन, पीला चन्दन, केसर, कस्तूरी, गोराचन आदि)
20. छुवारा
21. भूर्जपत्र–भोजपत्र
22. हरताल
23. आँवला
24. सोमलता
25. भटकटैया
26. खश
27. कांक्षीवरिका
28. गोखरू
29. लक्ष्मणा
30. अर्जुन
31. वरियरा
32. वैष्णवी
33. कौवाठोठी
34. सौंठ
35. यव–इन्द्र जौ
36. सुखारीका वीया
37. मेंहदी
38. तुलसी
39. इलायची
40. पाकर
41. जीरा
42. मेथी
43. केवड़ा केतकी
44. नीमपत्र
45. जीवन्ती–गिलोय
46. शुद्रा–प्रियंगुलता
47. पृश्निपर्णी–पीठवन
48. जया–जुही
49. सुपर्ण–अमलतास
50. चित्रक–अग्नि
51. ज्योतिष्मती–मालकांगनी
52. दशवृक्ष (विल्व, गँभारी, पाटला, श्योनक, दोनों कटोरी, शालपर्णी, गोखरी, पृश्निपर्णी)
53. सुर्वचल–हुलहुल
54. अर्क–आक–आकड़ा
55. जीवला–सिंहपिप्पली
56. अव्यथा–हरड़
57. कृष्णा–पिपरामूल
58. गन्धर्व–सफेद एरण्ड
59. भूतघ्न–विडंग
60. रोहिणी–कटुकी
61. अरिष्टा–नागबला–रीठा
62. गदापुन्ना–पुनर्नवा

63. अमौघा– सफेद फूल की कटोरी
64. वरुणवृक्षपुष्प–कल्पवृक्ष पुष्प
65. अहर्मणि–श्वेतार्क
66. घृताची–बड़ी इलायची
67. त्रिककुद्–निशोध
68. यातुधानी–पीली सरसों
69. तस्तुव (कड़वी तुम्बी)
70. चक्रमद्द–चकौंडा
71. कुह–जंगिड–इन्द्रदु–वीरद्रु–कौहा–अर्जुन
72. नादेय–काँस
73. अतिबला–कंघी–ककई
74. विष्वक्सेन कान्ता–बारहीकन्द
75. इन्द्रावारूणी–छोटी इन्दोरन
76. कमलपुष्प आदि।

## अन्यसामग्रीः

1. काले तिल,
2. इन्द्र जौ
3. जौ
4. चावल
5. गुडिया शक्कर
6. नारियल गिरी चूर्ण
7. छुवारा चूर्ण
8. दाख
9. देवदारू चूर्ण
10. विल्वचूर्ण
11. गोघृत।

## नवग्रह काष्ठः

1. मन्दार, पलाश खदिर
2. अपामार्ग–उंघा
3. पीपल–अश्वत्थ, शचिद्रुम
4. उदुम्बर–गूलर
5. शमी–खेजड़ी
6. दुर्वा
7. कुश

## समिधाः

आम्र, पलाश, पीपल, कल्पवृक्ष, पारस पीपल, विशेष यज्ञ में नीम, वट (विशेष यज्ञ में), चन्दन (रक्त, मलयगिरि), पाकर, बांस–वरुण यज्ञ में, टींट–वरुण यज्ञ में, खदिर

गाय के गोबर के कण्डे आदि। (यह स्मरण रहे कि भीमसेनी कपूर, अश्वत्थ पीपल आदि प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदाता हैं। इनका प्रतिदिन प्रयोग सर्वरोग हर्ता है।) ।।ऊँ।।

# पृथिव्योपचार खण्ड



# पृथिवी पर संजीवनी मिट्टी महोषधि !

प्रथम वेद–ऋग्वेद प्रथम मण्डल में ही द्यावापृथिवी को विश्व को सुखदेनेवाली, ऋत की स्वामिनी और अन्तरिक्ष में कवि स्वरूप सूर्य को आधार देनेवाली घोषित किया है। वेद में पृथिवी को सभी ओषधियों (यहाँ तक मृत को पुनः जीवित करनेवाली संजीवनी) का अनन्त भण्डार कहा गया है। वैदिक सनातन धर्म में समूचे विश्व एवं मानवीय देह की उत्पत्ति पाँच महाभूत तत्त्व–पृथ्वी, जल, तेज–अग्नि, वायु एवं आकाश से हुई। इन पंच महाभूतों में पृथ्वी अर्थात मिट्टी, मृत्तिका, सिक्ता, मृदा, क्षेत्रजा, गारा, माटी, बालू, अर्थक्ले, हाइड्रेसिस सिलिकेट ऑफ एल्यूमिनियम तत्त्व का प्रधान अंग होता है।

वेद काल उनतालीस लाख वर्ष से पार्थिव तत्त्व पृथ्वी–मिट्टी से चिकित्सा का क्रम निरन्तर जारी है। भैषज्यविद् मिट्टी से घाव, दाह, रूधिर विकार, प्रदर, कफ, पित्त, क्षत, मूत्रकृच्छ्र, सूजन, रक्तपित्त, कुष्ठ, वात, फोड़ा–फुन्शी, चेचक, सिरदर्द, पेट खराबी, बिच्छू काटने, दाद खाज खुजली, अंग गलने, चर्मरोग, सर्पदंश, नेत्ररोग, ज्वर, स्नायु दौर्बल्य, मोतीझरा, लालबुखार, मियादीबुखार, कफज्वर, दंतशूल, अण्डवृद्धि, मरोडी दस्त, गर्भपात, प्रमेह, गठिया, श्वासरोग, दमा, तीव्र नसदर्द साईटिका, जुकाम आदि में उपचार करते रहे हैं और कर रहे हैं। मिट्टी की सोंधी सोंधी महक हृद्‌यरोग और नक्सीर में भी हितकारी है। मिट्टी के छोटे गोले, पुल्टिस अथवा पुलटिस, रोटी, लेप और मिट्टी की फांकी के अपने ओषधीय गुण धर्म हैं। यह भी परम्परा रही कि घायल शरीर को गर्दन से नीचे मिट्टी के गड्ढे में दबाकर उपचार किया जाता। मिट्टी के बर्तनों में खाना पकाने के पीछे प्राकृतिक तत्त्व (खनिज भी) एक निश्चित मात्रा में शरीर में जा रहे थे। इसके अलावा पृथ्वी अनेक प्रकार से प्राणीमात्र–वनस्पति का पालन पोषण माता की तरह बहुत ही ममता, प्रेम के साथ करती है। वेद में पृथ्वी को स्नेहमयी माता कहा है।

## पृथ्वी तत्त्व

उप सर्प मातरं भूमिमेतामुरूव्यचमं पृथिवीं सुशेवाम्।
ऊर्णम्रदा युवतिर्दक्षिणावत एषा त्वा पातु निर्ऋतेरूपस्थात्।।10।।
उच्छ्वंचस्व पृथिवि मा नि बाधथाः सूपायनास्मै भव सूपवंचना।
मात्रा पुत्रं यथा सिचा ऽभ्येनं भूम ऊर्णुहि।।11।।
उच्छ्वंचमाना पृथिवी सु तिष्ठतु सहस्रं मित उप हि श्रयन्ताम्।
ते गृहासो घुतश्चुतो भक्तु विश्वाहास्मै शरणाः सन्त्वत्र।।12।।
(ऋग्वेद दशम मण्डल सूक्त 18; ऋषिः–संकुसुको यामायनः; देवता–मृत्युः, धाता, त्वष्टा, पितृमेध 1–14)

पृथ्वी एक उदारशील माता है। पृथ्वी प्रत्येक प्राणी को जन्म देती है, उसका ममता से पालन करती है और अन्त में उसे अपने कोमल अंक में समेट लेती है (ग्रीक पुराकथाओं में ग्या–पृथ्वी को तारकित ऊरानॅस्–आकाश की पत्नी प्रदर्शित किया है।)। पृथिवी! इस उच्च स्थान पर ले जा; इसे पीड़ा नहीं देना। इसका अच्छी रीति से स्वागत करनेवाली और सुख से समीप रहनेवाली होओ। हे भूमि! जैसे माता पुत्र को अंचल से ढकती है, वैसे ही इसे सभी ओर से आच्छादित कर। पृथिवी आच्छादित हो कर भली–भांति अवस्थित हो; और सहस्रों धूलियाँ इसके ऊपर आश्रय लें। वे घृतपूर्ण गृह के समान हों एवं इसके लिए यहाँ वे सुखदायक आश्रय हों (ऋग्वेद 10.18.10–12)।

## पृथ्वी तेज ओज प्रदाता

ते हि द्यावापृथिवी विश्वशंभुव ऋतावरी रजसो धारयत्कवी।
सुजन्मनी धिषणे अन्तरीयते देवो देवी धर्मणा सूर्यः शुचिः।।1।।
उरूव्यचसा महिनी असश्चता पिता माता भुवनानि रक्षतः।
सुधृष्टमे वपुष्ये 3 न रोदसी पिता यत्सीमभि रूपैरवासयत्।।2।।
सवह्निः पुत्रः पित्रोः पवित्रमान् पुनाति धीरो भुवनानि मायया।
धेनुं च पृश्निं वृषभं सुरेतसं विश्वाहा शुक्रं पयो अस्य दुक्षत।।3।।
अयं देवानामपसामपस्तमो यो जजान रोदसी विश्वशंभुवा।
वि यो ममे रजसी सुक्रतूययाजरेभिः स्कम्भनेभिः समानृचे।।4।।
ते नो गृणाने महिनी महि श्रवः द्यावापृथिवी धासथो बृहत्।
येनाभि कृष्टीस्ततनाम् विश्वहा पनाय्यमोजो अस्मे समिन्वतम्।।5।।

(ऋग्वेद ''प्रथममण्डल'', सूक्त 160; ऋषिः दीर्घतमा औचथ्यः; देवता—पृथिवीद्यावा)

ये द्यावापृथिवी समस्त विश्व को सुख प्रदानकर्ता, ऋत की स्वामिनी एवं अन्तरिक्ष में सूर्य को आधार देनेवाली है। इन दो मंगल जन्म देनेवाली आश्रयभूत देवियों के मध्य में तेजस्वी सूर्य देव नियम से संचार करते हैं (कहीं स्त्रीपुरुषात्मक एक ही तत्त्व माना गया है।)। विशाल निवास स्थान देनेवाली, महापराक्रमी, सर्वदा अक्षय माता—पिताओं की यह जोड़ी सभी भुवनों की रक्षा करती है। पृथ्वी माता सुदर्शन सुगठित युवति की तरह रोदसी प्रगल्भ है। इसके सृजक ने इसे पृथ्वी को मनमोहक रूप में सजाया है (दूसरे पाद में पिता द्युदेव और चौथे पाद में त्वष्टा है।)

इन माता पितरों का प्रतिभाशाली एवं पावन करने की सामग्री से युक्त यह होनहार पुत्र अपनी अद्भुत सामर्थ्य से सभी प्राणियों को पावन करता है। यह धेनु और विपुल वीर्यवान ऋषभ इन दोनों से सर्वदा शुभ्र दूध (वृष्टि जल) प्राप्त कर लेता है। ऋचा का अभिप्राय तृतीय लोक के सूर्य रूप अग्नि से है। चौथी ऋचा में विश्व के एक ही कर्ता के रूप में त्वष्टा के द्वारा देवाधिदेव का अर्थात मूल तत्त्व का उल्लेख है। इससे पूर्व कभी जीर्ण नहीं होनेवाले स्तम्भ का अभिप्राय सूर्यरूप अग्नि से है। हे महान द्यावापृथिवी देवो! इस प्रकार संस्तुत होकर आप हमें अनन्त कीर्ति और विस्तीर्ण प्रभुत्व प्रदान करो। हमें स्तवन के लिए ओज और शत्रुहीन निष्प्रतिद्वन्द्वि होने की शक्ति प्रदान करो। पृथिवी देव सभी प्रकार का तेज, ओज, शक्ति, अक्षय ऊर्जा आदि प्रदाता है। (ऋग्वेद 1. 160.1—5)

## पृथिवीः ज्ञान प्रसार

द्यावा नः पृथिवी इमं सिध्रमद्य दिविस्पृशम्।
यज्ञं देवेषु यच्छताम् ।।ऋग्वेद 2.41.20।।
साम द्विर्बहा महि तिग्मभृष्टिः सहस्ररेता वृषभस्तुविष्मान्।
पदं न गोरपगूळहं विविद्वानग्निर्मह्यं प्रेदु वोचन्मनीषम् ।।
।।ऋग्वेद 4.5.3।।
यस्य व्रते पृथिवी नंन भीति। यस्य व्रते शफवज्जर्भुरीति।
यस्य व्रत ओषधीर्विश्वरूपाः स नः पर्जन्य महि शर्म यच्छ ।।

।।ऋग्वेद 5.83.5।।

कल्याणकारी पृथिवी और द्यु! पूजनीय देव सोमपान के लिए पधारें (ऋग्वेद 2.41.20)। पृथिवी और द्यु इन दोनों लोकों में अपनी ज्वालाओं को फैलानेवाला, महातेजवान, असंख्य बलों से सम्पन्न अग्नि ज्ञानियों के ज्ञान को सर्वत्र फैलाये। यह ज्ञान वाणी के पदों के समान छिपा रहता है। यहाँ (ब्रह्म) ज्ञानियों के महान ज्ञान को समस्त पृथिवी पर फैलाने का निर्देश है (ऋग्वेद 4.5.3)। पृथिवी पर वन–ओषधि, वनस्पति और खाद्यान्न मेघ की कृपा से वृद्धि पाते हैं। पृथिवी उपजाऊ बनकर हरित श्रृंगार करती है (ऋग्वेद 5.83.5)।

## पृथिवी रक्षाकर्ता

द्यावाभूमि अदिति त्रासीथां नो ये वां जज्ञुः सुजनिमान ऋष्वे।
मा हेळे भूम वरुणस्य वायोर्मा मित्रस्य प्रियतमस्य नृणाम्।

(ऋग्वेद 7.62.4)

हे भूलोक एवं द्युलोक! दोनों हमारी रक्षा करो। हम उत्तम योनि (कुल) में जन्में हैं। इसलिए हम पर कभी वरुण, वायु आदि क्रोध नहीं करें। सभी की हम पर अनुकम्पा रहे। हमें कभी क्रोध नहीं करना पड़े। इस ऋचा में पृथिवी देव से रक्षा और वरुण, वायु, प्राणी मात्र से सहयोग की प्रार्थना की गई है (ऋग्वेद 7.62.4)।

## अग्निः पृथिवी द्युलोक विस्तारक

आ हि द्यावापृथिवी अग्न उभे
सदा पुत्रो न मातरा ततन्था। (ऋग्वेद 10.1.7)

हे अग्ने! आप पृथिवी और द्युलोक को विस्तृत करते हैं। पुत्र जैसे अपने माता–पिता की सेवा सहायता करता है वैसे ही अग्नि हर प्रकार की सहायता करता है। इससे मानव सुखी रहते हैं (इससे पूर्व की ऋचा में पृथिवी की नाभि यज्ञस्थान कहा हैः पृथिव्याः नाभा।) (ऋग्वेद 10.1.7)।

## पृथिवी : दिव्य गुण धर्म

सूर्यं चक्षुर्गच्छतु वातमात्मा द्यां च गच्छ पृथिवीं च धर्मणा।

(ऋग्वेद 10.16.3)

द्यौश्च नः पृथिवी च प्रचेतस ऋतावरी रक्षतामंहसो रिषः।

मा दुर्विदत्रा निर्ऋतिर्न ईशत तद्देवानामवो अद्या वृणीमहे।।

(ऋग्वेद 10.36.2)

अस्ताव्यग्निर्नरां सुशेवो वैश्वानर ऋषिभिः सोमगोपाः।
अद्वेषे द्यावापृथिवी हुवेम देवा धत्त रयिमस्मे सुवीरम्।।

(ऋग्वेद 10.45.12)

नावा न क्षोदः प्रदिशः पृथिव्याः स्वस्तिभिरति दुर्गाणि विश्वा।
स्वां प्रजां बृहदुक्थो महित्वा ऽऽपरेष्वदधादा परेषु।।

(ऋग्वेद 10.56.7)

ते हि द्यावापृथिवी मातरा मही देवी देवांजन्मना यज्ञिये इतः।।

(ऋग्वेद 10.64.14)

अदितिर्द्यावापृथिवी ऋत महदिन्द्राविष्णू मरुतः स्वर्बृहत।
देवाँ आदित्याँ अवसे हवामहे वसून रुद्रान् त्सवितारं सुदंससम्।

(ऋग्वेद 10.66.4)

हे मृत मनुष्य! आपका नेत्र सूर्य के पास जाय और प्राण वायु में; और आप अपने पुण्य फल से पृथिवी अथवा सूर्य पर जायें (ऋग्वेद 10. 16.3)। पृथिवी और द्यावा सत्य के अधिष्ठाता एवं महाज्ञानी हैं। वे हमारी हिंसक पाप से रक्षा करें। हमारे ऊपर मृत्युदेवता प्रहार नहीं करे। इससे महाशक्तिमान पृथिवी एवं द्यौ रक्षा कर सकते हैं (ऋ.10.36.2)। हम द्यावापृथिवी की स्तुति कर आमन्त्रित करते हैं। दोनों द्वेषरहित हैं। हमें उत्तम वीर पुत्रों से युक्त करें। ऋषियों द्वारा सोम रक्षक अग्नि की स्तुति करते हैं (ऋग्वेद 10.45.12)। विश्व में कल्याणप्रद उपायों से पृथिवी की सर्वदिशाओं का एवं समस्त विपत्तियों से उद्धार होता है। बुहदुक्थ ऋषि ने महान सामर्थ्य से अपनी प्रजा में अग्नि सूर्य का ज्ञान दिया (ऋग्वेद 10.56.7)। सृष्टि के रचनाकार—यज्ञाहं महान एवं पूज्य हैं। उन्होंने द्यावापृथिवी के जन्म के साथ ही इन्द्र आदि देवों को साथ किया। द्यावापृथिवी दोनों पोषक तत्त्वों से प्राणीमात्र का भली भांति लालन—पोषण करते हैं। देवों की कृपा से ही विपुल जल राशि वर्षा से आती है (ऋग्वेद 10.64.14)। ऋग्वेद के दशम् मण्डल के 66 वें सूक्त के नवम् मन्त्र में कहा है कि द्यावापृथिवी में देवों ने अपने दिव्य कर्मों से उदक, अनेक ओषधियाँ, यज्ञाहं पलाश आदि वृक्षों से भरे वनों को उत्पन्न किया: ''द्यावापृथिवी जनयन्नभि व्रता ऽऽप ओषधीर्वनिनानि यक्षिया।'' द्यावापृथिवी,

अदिति, सत्यस्वरूप अग्नि, इन्द्र, मरुत्, आदित्य आदि सभी देव एवं वसु, रुद्र और दिव्य कर्मा सविता को हम हमारी रक्षा के लिए आवाह्न करते हैं (10.66.4 ऋग्वेद)।

## द्यावा पृथिवी उत्पत्ति

कतरा पूर्वा कतरापरायोः कथा जाते कवयः को वि वेद।
विश्वं त्मना बिभृतो यद्व नाम वि वर्तेते अहनी चक्रियेव।।1।।
भूरि द्वे अचरन्ती चरन्तं पद्वन्तं गर्भम पदी दधाते।
नित्यं न सूनुं पित्रोरूपस्थे द्यावा रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।2।।
अनेहो दात्रमदितेरनर्वं हुवे स्वर्वदवधं नमस्वत्।
तद् रोदसी जनयतं जरित्रे द्यावा रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।3।।
अतप्यमाने अवसावन्ती अनु ष्याम रोदसी देवपुत्रे।
उभे देवानामुभयेभिरह्नां द्यावा रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।4।।
संगच्छमाने युवती समन्ते स्वसारा जामा पित्रोरूपस्थे।
अभिजिघ्रन्ती भुवनभ्य नाभिं द्यावां रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।5।।
उर्वि सद्मनी बृहती ऋतेन हवे देवानामसा जनित्री।
दधाते ये अमृतं सुप्रतीके द्यावा रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।6।।
उर्वि पृथ्वी बहुले दूरेअन्ते उप ब्रुवे नमसा यज्ञे अस्मिन्।
दधाते ये सुभगे सुप्रतूर्ती द्यावा रक्षतं पृथिवीनो अभ्वात्।।7।।
देवान वा यच्चकृमा कच्चिदागः सरवायं वा सदमिज्जास्पति वा।
इयं धीभूर्या अवयानमेषं द्यावा रक्षतं पृथिवी नो अभ्वात्।।8।।
उभा शंसा नर्या मामविष्टामुभे मामूती अवसा सचेताम्।
भूरि चिदर्यः सुदास्तरायेषा मदन्त इषयेम देवाः।।9।।
ऋतं दिवे तदवोचं पृथिव्या अभिश्रावाय प्रथमं सुमेधाः।
पातामवद्याद् दुरितादभीके पिता माता च रक्षतामवोभिः।।10।।
इदं द्यावापृथिवी सत्यमस्तु पितर्मातर्यदिहोपब्रुवे वाम्।
भूतं देवानामवमे अवोभिर्विद्यामेषं वृजनं जीरदानुम्।।11।।
(ऋग्वेद; प्रथम मण्डल, सूक्त 185; ऋषि—अगस्तयो मैत्रावरूणिः; देवता—द्यावापृथिवी)

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में द्युलोक और पृथ्वीलोक की उत्पत्ति के कारण पर प्रकाश डाला गया है। सूक्तकार ने इसे अध्यात्मिक रहस्य की संज्ञा दी है। यह प्रश्न है कि द्युलोक—पृथिवी लोक में से कौन पहले

आया और कहाँ से आया भी रहस्यमय गुप्तब्रह्मविद्या है। यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि ये दोनों लोक समस्त विश्व को धारण करते हैं। इन्हीं के कारण दिन और रात उत्पन्न होते हैं और चक्र के समान घूमते हैं। दूसरा मन्त्र पहेलीनुमा है। ये पैरों से रहित होने के कारण चलने में असमर्थ है। फिर भी पैरों से युक्त होने के कारण चलने फिरने में समर्थ प्राणियों को धारण करती है। ये दोनों प्राणियों की रक्षा के संरक्षक (माता–पिता) हैं।

हम अखण्डनीय पृथ्वी से तेजस्विता, पुण्यकर्म एवं नम्रता प्रदान करनेवाला सद्‌गुण धन मांगते हैं। धन उत्तम मार्ग से कमाया जाए, छल कपट से अर्जित धन पाप का होता है। उत्तम रीति से कमाया गया धन प्रदाता होता है। धन पाकर मनुष्य अहंकारी, दंभी, घमण्डी और उद्धत नहीं हो, अपितु नम्र हो। ये ''द्यावापृथिवी देवों को उत्पन्न करनेवाली है।'' इसलिए इन्हें कोई कष्ट नहीं दे सकता। ''द्युलोक और पृथ्वी के मध्य ब्रह्माण्ड के सभी देव हैं। इसी कारण इन्हें देवों की माता कहा है।'' ये इन दोनों के अनुकूल आचरण करता है, उसकी ये हर तरह से रक्षा करते हैं। द्यावापृथ्वी हमेशा एक साथ रहते हैं। ये एक दूसरे की सहायता करते हैं। समूचे संसार का पोषण करते हैं। द्यावापृथ्वी का रूप सर्वोत्कृष्ट है। ये जल को धारण करते हैं (पृथ्वी पर वर्षा होती है।)। मैं यज्ञ में मन्त्रमुग्ध रूपवाले द्यावापृथ्वी को आमन्त्रित करता हूँ (पृथ्वी पर ही यज्ञ सम्पन्न होता है।)। द्यावापृथ्वी हमारे द्वारा प्रमादवश, प्रगल्भवश, अहंकार–दंभवश ज्ञानियों–स्वजनों–परिजनों के प्रति पाप किया हो तो उस पाप के लिए क्षमा करे। पापबुद्धि नष्ट करे। द्यावापृथ्वी अनेक तरह से संरक्षण करे। उनके पास संरक्षण की अनन्त शक्ति हैं। वे हमें हर तरह से सुरक्षित रखे। उनकी कृपा से हम श्रेष्ठ बनकर खाद्यान्न से आनन्दित हों। हम दान देने की प्रवृत्ति पर चलें और दान के लिए धनधान्य हो।

पृथ्वीलोक–द्युलोक को सर्वश्रेष्ठ ऋचा सुनाते हैं। दोनों निन्दनीय पापों से हमारी रक्षा करें। द्यावापृथिवी को सशक्त करने के लिए यज्ञ करते हैं। उसका श्रेष्ठफल मिले। द्यावापृथिवी के आशीर्वाद से सुरक्षित रहें और तेज, शक्ति, ऊर्जा, बल, खाद्यान्न आदि प्राप्त हों (ऋग्वेद 1.185. 1–11) ।

ऋग्वेद के प्रथम मण्डल का 164 वां सूक्त भी सृष्टि–पृथ्वी के रहस्यों के बारे में जिज्ञासाओं की प्रस्तुति है।

## सृष्टि पृथिवी रहस्य

पृच्छामि त्वा परमन्तं पृथिव्याः पृच्छामि यत्र भुवनस्य नाभिः।
पृच्छामि त्वा वृष्णो अश्वस्य रेतः पृच्छामि वाचः परमं व्योम ।।34।।
इयं वेदिः परो अन्तः पृथिव्या अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः।
अयं सोमो वृष्णो अश्वस्य रेतो ब्रह्माय वाचः परमं व्योम।।35।।
सप्तार्धगर्भ भुवनस्य रेतो विष्णोस्तिष्ठन्ति प्रदिशा विधर्माणि।
ते धीतिभिर्मनसा ते विपश्चितः परि भुवः परि भवन्ति विश्वतः।।36।।
(ऋग्वेद प्रथम मण्डल, सूक्त 164; ऋषिः–दीर्घतमा औचथ्यः; देवता–विश्वे देवाः; मन्त्र 34–36)

इस पृथ्वी का अन्तिम भाग कौन सा है ? सम्पूर्ण जगत् का केन्द्र कौन सा है ? महाशक्तिमान अश्व (सूर्य, बह्म) का वीर्य–रेत कौन सा है ? वाणी का परम उत्पत्ति स्थान कौन सा है (नाद ही ब्रह्म है।)? ये चार यक्षप्रश्न हैं। पैंतीसवीं ऋचा में इनका उत्तर है। ''पृथ्वी माता का प्रतीक है। यह वेदी प्रसव स्थान ही मातृत्व की पराकाष्ठा है। मातृत्व से बढ़कर और कोई तत्त्व नहीं है। माता सर्वोच्च होती है। इसलिए मातृत्व अन्तिम पराकाष्ठा है। विश्व का स्त्री पुरुष का संयोग रूपी यज्ञ केन्द्र है। यदि स्त्री पुरुष संयोग रूपी यज्ञ नहीं हो तो संसार का उच्छेद हो जायेगा। सोम अर्थात सन्तान ही बलवान् और शक्तिशाली विराट् पुरुष का तेज (रेत)है। जब तक सृष्टि नहीं, तब तक तेज की सार्थकता नहीं होती है। क्योंकि तेज से प्रतिकृति–सृष्टि को जन्म दिया जा सकता है। आत्मा वाणी (नाद) की उत्पत्ति का स्थान है (आत्मा परमात्मा परमेष्ठी का अंश है।)। आत्मा इन्द्रियों से संयुक्त होकर वाणी उत्पन्न करता है (वैदिक देवों का कोई लिंग नहीं है। वे अर्धनारीश्वर एवं निराकार हैं।)''।

''परमेष्ठी के दो भाग हैं, एक परार्ध एवं दूसरा अवरार्ध। परार्ध प्रजापति है। अवरार्ध प्रकृति है। इस अवरार्ध प्रकृति के सात पुत्र (मन, प्राण, पंच महाभूत कुल सात) हैं। इससे समस्त विश्व की रचना होती है। ये सभी तत्त्व व्यापक प्रजापति की आज्ञा से संचालित होते हैं। ये समस्त विश्व को घेरे हैं। सृष्टि के सभी पदार्थो में पंचभूत, मन और प्राण हैं (ऋग्वेद 1.164.34, 35, 36)।'' इस सूक्त को ऋचामें ''परमव्योम का

उल्लेख है।'' परमव्योम ही सृष्टि की रचना स्थली है। परमव्योम में दिव्य प्रकाश सविता में नाद से रचनाक्रम का सूत्रपात हुआ। सूर्यों की उत्पत्ति हुई। हमारे सौरमण्डल की रचना सूर्यदेव में नाद से हुई। इससे पृथ्वी उत्पन्न हुई। यह ब्रह्माण्ड रचना बहुत गूढ़ज्ञान है। इसमें परमेष्ठी केन्द्र में हैं (यहाँ यह स्मरण रहे कि दिव्यशक्तिवान –देवता, ईश्वर एवं परमेष्ठी–परमेश्वर– परब्रह्म तीन सौंपान हैं। इनमें सर्वेश्वर परमेष्ठी हैं। परमेष्ठी अर्धनारीश्वर हैं।)। इस सूक्त में द्यावापृथिवी की उत्पत्ति का गोपनीयतम ब्रह्मज्ञान अध्यात्मिक शैली में है।

''यह सबसे दुःख और पीड़ा पहुँचानेवाला है कि वैदिक देवताओं के उद्भव और विकास के कुछ अध्येताओं ने यहाँ तक लिखा है कि ऋग्वेद तक में पृथ्वी का मानवीकरण अत्यधिक अपूर्ण है।'' यह अच्छा रहता कि ये स्वनामधन्य व्याख्याकार ऋग्वेद के प्रथम मण्डल से अन्तिम मण्डल तक द्यावापृथ्वी की ऋचाओं के तात्पर्य का गहन अध्ययन करते। क्षमा करें! वेद एक अथवा तीन ही माने गए हैं। अथर्ववेद उन तीनों में सम्मलित नहीं है। यह शास्त्रार्थ प्रमाण एवं साक्ष्यों के आधार पर निर्धारण किया जा सकता (अलग से) है कि अथर्ववेद को एक वेद या त्रीय में क्यों सम्मिलित नहीं किया गया ? विषयान्तर के कारण इस चर्चा को यहीं समाप्त कर रहे हैं।

अथर्ववेद के द्वादश काण्ड का प्रथम सूक्त ''पृथिवी'' से सम्बन्धित है। अथर्वा ऋषि के सूक्त का विषय ''भूमि'' है। इसके प्रथम मन्त्र में पृथिवी से सद्गुणों को धारण करना कहा गया है। ये सात सद्गुण–सत्यव्रत, सरलता, दक्षता, ज्ञान (ब्रह्म), यज्ञ (आत्मसमर्पण), तप (साधना, ध्यान, उपासना, द्वंद्वसहनशीलता) एवं उग्रता हैं। पृथ्वी उद्योगशीलता, कार्य प्रारम्भ से सम्पन्न होने का उत्साह, धर्य, साहस, इन्द्रिय निग्रह, परोपकारिता, परात्परतराय, शान्त स्वभाव, तेजस्विता, यथार्थ ज्ञान, धर्मनिष्ठा आदि की प्रेरणा देती है। पृथ्वी विना अपेक्षा उपकार करती है (सम्भवतः यही कारण रहा कि पृथ्वी की मिट्टी परमार्थ के लिए संजीवनी सर्वोषधि बनी) (अथर्ववेद 12.1.1)।

## पृथिवी

सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञः पृथिवीं धारयन्ति।
सा नो भूतस्य भव्यस्य पत्न्युंरू लोकं पृथिवी नः कृणोतु।।1।।

(अथर्ववेद 12.1.1)

माता पृथिवी अथवा पृथ्वी की सुगन्ध उत्तम है। यही सुगन्ध ओषधि एवं वनस्पति में प्रकट होती है। बारहवें काण्ड के 23 वें मन्त्र में रहस्योद्‌घाटन किया हैः "सूर्य अपनी किरणों से पृथिवी की सुगन्ध का उद्दीपन करते हैं।" इसका तात्पर्य यह हैः "सूर्य की किरणों का प्रचण्डपुंज पृथ्वी की सुगन्ध–ओषधीय शक्ति को प्रज्ज्वलित करता है। पृथिवी की ओषधशक्ति का परोक्ष एवं अदृश्य सम्बन्ध जगत् की आत्मा सूर्यदेवता से है।" मन्त्र में आगे कहा है कि हे पृथिवी! हमें उस उत्तम सुगन्धि से भूषित करो और हमारे बीच समभाव एवं मैत्री भाव रहे (अथर्ववेद 2.1.23)। इसके बाद पृथिवी के सरंक्षण (पृथिवी की परिस्थिकी यथावत रखने) के लिए नमन किया गया है। हमारी माता पृथिवी की सतह और अन्दर शिला, पत्थर और मिट्टी धूल है। अन्दर गर्भ में बहुमूल्य स्वर्ण, रजत, रत्न आदि और अनेक अमूल्य पदार्थ हैं। हम इसे नमस्कार करते हैं। "हमारी माता के संरक्षण के साथ ही ज्ञान, शौर्य आदि गुण हैं। इसलिए हमको इस प्रकार आचरण करना चाहिये कि सदैव पृथिवी की रक्षा होती रहे ताकि हममें सर्वदा सद्‌गुण बने रहें (अथर्ववेद 12.1. 26)।" यही पृथिवी के पारिस्थिकी विज्ञान, पर्यावास, भूविज्ञान आदि की आधारशिला है। हमें पृथिवी को नमन के लिए नंगे पैर चलना चाहिए।

## पृथिवी नमन मन्त्र : नंगे पांव

यस्ते गन्धः पृथिवि संबभूव वं बिभ्रत्योषधयो यमापः।
यं गन्धर्वा अप्सरश्च भेजिरे तेन मा सुरभिं कृणु मा नो द्विक्षत कश्चन।
(अथर्ववेद 12.1.23)

शिला भूमिरश्मा पांसुः सा भूमिः संधृता घृता।
तस्यै हिरण्यवक्षसें पृथिव्या अकरं नमः।।अथर्ववेद 12.1.26।।

## नक्षत्र कल्याणप्रद्

नक्षत्रों के पृथिवी और प्राणीमात्र–वनस्पतियों पर प्रभाव के बारे में अथर्ववेद के 19 वें काण्ड का सातवाँ सूक्त प्रकाश डालता है। अथर्ववेद में मन से चन्द्रमा, नेत्र से सूर्य, मुख से इन्द्र एवं अग्नि, नाभी से अन्तरिक्ष, सिर से द्युलोक, पांवों से भूमि, कान से दिशाएँ आदि का

सम्बन्ध बताया गया है। द्युलोक में प्रकाशित होनेवाले अट्ठाइस नक्षत्रों से प्रार्थना के रूप में सूक्त है।

## नक्षत्र प्रार्थना

चित्राणि साकं दिवि रोचनानि सरीसृपाणि भुवने जवानि।
तुर्मिशं सुमतिमिच्छमानो अहानि गीर्भिः सपर्यामि नाकम्।।1।।
सुहवमग्ने कृत्तिका रोहिणी चास्तु भद्रं मृगशिरः शमार्द्रा।
पुनर्वसू सूनृता चारू पुष्यो भानुराश्लेषा अयनं मघा मे।।2।।
पुण्यं पूर्वा फल्गुन्यौ चात्र हस्तश्चित्रा शिवा स्वाति सुखो मे अस्तु।
राधे विशाखे सुहवानुराधा ज्येष्ठा सुनक्षमरिष्ट मूलम्।।3।।
अन्नं पूर्वा रासतां मे अषाढा ऊर्जं देव्युत्तरा आ वहन्तु।
अभिजिन्मे रासतां पुण्यमेव श्रवणः श्रविष्ठाः कुर्वतां सुपुष्टिम्।।4।।
आ मे महच्छत भिषग्वरीय आ मे द्वया प्रोष्ठपदा सुशर्म।
आ रेवती चाश्वयुजौ भगं म आ मे रयिं भरण्य आ वहन्तु।।5।।
(अथर्ववेद काण्ड 19, सूत्र 7; ऋषिः–गार्ग्यः; देवता–नक्षत्राणि)

द्युलोक में प्रकाशित होनेवाले कभी नष्ट नहीं होनेवाले चित्रविचित्र, सदागतिशील, भुवन में वेगवान, अनिष्टनाशक और दिव्य शक्तिमान नक्षत्रगण की स्तुति की गई है। नक्षत्र सुखपूर्ण स्वर्गलोक में अवस्थित हैं। इसका पृथ्वी और पृथ्वी के जीवन (ओषध भी) पर अत्यन्त प्रभाव होता है।

हे अग्ने! कृत्तिका एवं रोहिणी नक्षत्र सुख से प्रार्थना करने योग्य हों। मृगशिरा नक्षत्र कल्याण करनेवाला हो (वेद में वैदिक देवों के शास्ता रुद्र देवता ने प्रजापति द्वारा दुहिता पर कामकुचेष्टा से सिरविच्छेद किया। वही मृगशिरा नक्षत्र है।), आर्द्रा नक्षत्र (उग्र नक्षत्र) शान्ति देनेवाला हो। पुनर्वसु उत्तम वाक्शक्ति प्रदान करे। पुष्य नक्षत्र उत्तमता दे। अश्लेषा नक्षत्र प्रकाश देवे, मघा नक्षत्र प्रगतिदायक हो। पूर्वा फाल्गुनी के दो नक्षत्र पुण्यकारक हों एवं हस्त और चित्रा नक्षत्र कल्याणकारी हों। स्वाती नक्षत्र सुखप्रद हो। राधे एवं विशाखा नक्षत्र उत्तम प्रार्थना के योग्य हो। मूल, ज्येष्ठा एवं अनुराधा नक्षत्र विनाशक नहीं हो (मूल में जन्म पर मूल शान्ति की जाती है।)।

पूर्वा अषाढा नक्षत्र अन्न प्रदान करे। उत्तरा अषाढा बल शक्ति देवे। अभिजित नक्षत्र पुण्य देवे (प्रतिदिन सवा ग्यारह से पौने एक बजे

मध्यान्ह अभिजित नक्षत्र रहता है। अभिजित नक्षत्र में सभी शुभ रहता है। अतः इस अभिजित नक्षत्र में बिना मूहर्त कार्य करने की परम्परा है।)। श्रवण एवं धनिष्ठा नक्षत्र धन दाता हों। भरणी, रेवती नक्षत्र (भौतिक) ऐश्वर्य प्रदान करें। वेद के 28 नक्षत्रों के नाम सूर्य शास्त्र (वर्तमान ज्योतिष से भिन्न हैं और उनके पवित्र वृक्ष एवं देवता भी भिन्न हैं। सिद्धजीवनतन्त्रम् में यह लिखा है कि रोगी को रोगानुसार सम्बन्धित नक्षत्र में ही ओषधि देना चमत्कार करता है। सूर्य सिद्धान्त (ज्योतिष) में ओषधि देने के नक्षत्रों का विवरण है (अथर्ववेद 19.7.1–5)। अट्ठाइस नक्षत्र अपने गुण धर्मों के अनुरूप ओषधियों के अनन्त भण्डार पृथिवी को प्रभावित करते हैं। नवग्रह भी भूभौगोलिक, आधिदैविक, आधिभौतिक एवं अध्यात्मिक प्रभाव करते हैं।

## तीन लोकों की व्याख्या

ऋग्वेद में तीन त्रिलोकी (पृथ्वी मण्डल–भूः, सूर्य–मण्डल–स्वः और अन्तरिक्ष भुवः अर्थात भूः, स्वः, भुवः एक त्रिलोकी) का वर्णन है। उनमें तीन पृथिवियाँ, तीन द्युलोक हैं।

## त्रिलोकी वर्णन

तिस्रो मातृस्त्रीन् पितृन् विभ्रदेक उर्ध्वस्तस्थौ नेममबग्लापयन्ति।
मन्त्रयन्ते दिवो अमुष्य पृष्ठे विश्वविदं वाचमविश्वमिन्वाम्।।।

(ऋग्वेद 1.164.10)

तिस्रो भूमि धारयान् त्रीरूतद्य न् त्रीणिव्रता विद्थे अन्तरेषाम्।
ऋतेनादित्या महि वो महित्वं तदर्यमन् वरुण मित्र चारू।।।

(ऋग्वेद 2.27.8)

ऋग्वेद में यह भी घोषणा की गई है कि सूर्य किरणों के द्वारा भिन्न प्रकार के रसों का उद्‌भव होता है। "सूर्य का तत्त्व (सूर्य किरणें) पृथ्वी में समस्त प्रकार के रसों की उत्पत्ति करता है।" श्रुतियों में पृथिवी को अग्निगर्भा (पृथिवी के गर्भ में अग्नि नामक प्राण है। यह अग्नि अक्षर पुरुष की कला रूप अग्नि है।) कहा गया है। यह पृथिवी चन्द्रमा के सोमरूप अन्न का भक्षण करती है। छान्दोग्योपनिषद में तीन त्रिलोकियों के रहस्य का अनावृत किया गया। छान्दोग्योपनिषद् में सत् से तेज, अप् और अन्न की सृष्टि बतलाई गई हैं। तीनों के तीन भेद हैं। "सात

व्याहृति के सात लोक–भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः, सत्यम् हैं। उनमें भूः पृथ्वी है। वेद में पृथ्वी को कृष्णा भी कहा है। पृथ्वी की काली किरणों का समूह अन्धकार है। वैदिक सिद्धान्त में पृथ्वी, चन्द्रमा और सूर्य तीनों मण्डल निरूक्त कृष्ण हैं (श्रीकृष्णयामलमहातन्त्रम् में सूर्य कृष्ण हैं और गोपियाँ किरणें कही गई हैं।)। प्रकाश और अन्धकार अनुस्यूत हैं। अग्निगर्भा पृथिवी में सूर्य तत्त्व नवरसों (ओषध) का जनक है।''

## पृथिवीः ओषधि तत्त्व एवं मिट्टी से उपचार

गर्भो अस्योषधीनां गर्भो वनस्पतीनाम्।
गर्भो विश्वस्य भूतस्याग्ने गर्भो अपामसि।।
(यजुर्वेद, 12.37)

गर्भो यो अपां गर्भो वनानां गर्भस्च स्थातां गर्भश्चरथाम्।
अद्रौ चिदस्मा अन्तर्दुरोणे विशां न विश्वां अमृतः स्वाधीः।।
(ऋग्वेद, 1.70.2)

हे अग्ने! आप ओषधियों के गर्भ में हो। आप ही वनस्पतियों के गर्भ में हो, आप ही सभी भूतों के गर्भ में हो और जल के भी गर्भ में हो। यह स्मरण रहे कि पृथिवी अग्निगर्भा होने से ओषधियों का अनन्त खजाना है (यजुर्वेद 12.37)। ऋग्वेद की ऋचा में इसे अधिक विस्तार से कहा है। सूर्य किरण पृथिवी के रस को ऊपर की ओर सरकाती है। परिणाम–स्वरूप मिट्टी संजीवनी ओषध के रूप में प्रकट होती है (पृथिवी का अग्नि ओषध तत्त्व वृक्ष–लता–पौधों आदि में प्रवेश करता है।)। ऋग्वेद अग्निगर्भा प्रकृति पृथिवी एवं शेष पंच महाभूतों के समीप रहने का सूत्र देता है। इन पंच मूलतत्त्वों के नियत परिमाण में रहने से स्वस्थ एवं निरोग रहते हैं। वैदिक सिद्वान्त में पृथिवी तत्त्व मिट्टी से सर्वरोग उपचार सम्भव है। वैदिक विद्वान अग्निगर्भा पृथिवी की मिट्टी के ओषध तत्त्व के प्रकाण्ड विद्वान रहे। भैषज्यवेद में मिट्टी से चिकित्सा का वर्णन पहेलीनुमा है।

बीसवीं शती में महापण्डित राहुल सांकृत्यायन ने भगवान गोतम बुद्ध के त्रिपटक की सिंहली पाण्डुलिपियों के लिपियान्तर के लिए भदन्त आनन्द कौसल्यायन को श्रीलंका भेजा। भदन्त आनन्द कौसल्यायन का

जातककथा संग्रह हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग ने प्रकाशित किया। भदन्त आनन्द कौसल्यायन सन् 1926 में स्वामी सत्यदेव के साथ कोलकाता गये। उस समय उनकी पिंडली पर गहरा घाव था, उसमें से पीब (मवाद) बहती थी और भयानक वेदना होती थी। इसकारण वे लंगड़ा कर चल रहे थे। कोलकाता प्रवास स्थल में सद्गृहस्थ ने भदन्त कौसल्यायन से लंगड़ाने का कारण पूछा। उन्होंने कारण जानकर भदन्त का घाव देखा और ''अद्भुत दवा'' लगाने का सुझाव दिया। अद्भुत दवा को लेकर उनके मन में कुतूहल (उत्सुकता, जिज्ञासा) रहा। वे अद्भुत दवा लेने के लिए जीने से लोहे की टंकी पर चढ़े। टंकी में ढेर सारी मिट्टी भरी थी। सद्गृहस्थ ने कहा कि मिट्टी को इच्छानुसार घाव पर पोत लो। भदन्त आनन्द कौसल्यायन ने कुतूहलवश, मिट्टी घाव पर पोत ली। मिट्टी ने अपना असर दिखाना शुरू किया। घाव की मवाद मिट्टी ने निकालना शुरू किया। वे मिट्टी के सूखते ही मिट्टी का दूसरा घोल घाव पर लगाते। मात्र तीन चार दिन में घाव छूमन्तर हुआ।

सन् 1933 में बौद्ध भिक्षु भदन्त आनन्द कौसल्यायन जर्मनी गये। वहाँ वे प्रसिद्ध दार्शनिक डॉक्टर ठाल्के के घर ठहरे। डॉक्टर ठाल्के के चौदह वर्ष के लड़के के हाथों की सभी उंगुलियाँ पक रही थी। एक दिन बौद्ध भिक्षु ने उसकी उंगुलियाँ देखी और उन्हें कोलकाता की अद्भुत दवा का स्मरण आया। उन्होंने घर में मिट्टी से भरा डिब्बा खोज निकाला। उसमें से कुछ मिट्टी निकालकर पानी डालकर घोल बनाकर किशोर की उंगुलियों पर लगा दिया। प्रथम दिन ही मिट्टी ने अपनी दिव्यता का चमत्कार दिखाया। कुछ दिनों में किशोर की उंगुलियाँ रोगमुक्त हुई। इसीतरह बौद्ध भिक्षु कौसल्यायन ने अपने मित्र के उल्टी, दस्त आदि का उपचार के लिए पेडू पर गीली मिट्टी की आधी ईंच मोटी रोटी रखी और यह क्रम दो बार चला। इस बीच गरम पानी में नींबू निचोड़ कर पिलाया। सुबह तक रोग नदारद हुआ। महात्मा मोहनदास करमचन्द गांधी बापू आश्रम में मिट्टी से इलाज में विश्वास रखते थे। उनका विश्वास रहा कि मिट्टी शरीर की समूची खराबियों को बाहर खींच लेती है। इसके गुण अद्भुत हैं। इसमें ईश्वरीय चमत्कार छिपा बैठा है।

महारुद्र शिव के निवास पावन कैलास पर्वत में साष्टांग परिक्रमा (उल्टी) देनेवाले धर्मालु तिब्बतवासी मानस सरोवर की पंचरंगी रेत को

सर्वोषधि मानकर फांकी लेते हैं। जर्मन चिकित्सक डॉक्टर लुइकने ने कोष्ठबद्धता से पीड़ित महिला को ओषधि के रूप में एक चुटकी भर समुद्री बालू दिन में दो–तीन बार दवा के रूप में दी। कुछ दिन में महिला स्वस्थ हुई। इसी क्रम में विज्ञान प्रौद्योगिकी के शिखर पर अमेरिका में एक व्यक्ति अंधा हो गया। आयुर्विज्ञान ने एक आंख की ज्योति खोनेवाले को लाइलाज घोषित किया। अन्त में उसे मिट्टी की पट्टी लगाकर अजमाने की सलाह दी गई। उसने मिट्टी का लेप आँखों पर किया। वैसे भी नेत्र ज्योति के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं था। यह अभूतपूर्व रहा कि कुछ सप्ताहों में धीरे–धीरे आँखों की रोशनी लौट आयी।

भदन्त कौसल्यायन ने लिखा है कि एक रात एक तरूण के मूत्र नहीं उतर रहा था, जिससे वह बहुत परेशान था। वे अपने अखाड़े से कुछ मिट्टी कमण्डलु (भिक्षापात्र) में लाये और गूंदकर रोटी बनाकर उसके पेडू पर रख दी। कुछ समय में उसका मूत्र उतर गया और रातभर में आराम आया।

उधर यूरोप के जर्मनी के राँकेला, केझरटा गांव में युवती को सर्पदंश हुआ। अस्पताल के चिकित्सकों ने घोषित किया कि इसका जीवित रहना सम्भव नहीं है। गांव के बुजुर्गों ने धरती में गड्ढा खोदकर उसमें युवति को नग्न कर गरदन तक मिट्टी में दबाने का प्रयोग करने का परामर्श दिया। गड्ढे में युवति का शरीर मुँह खुला रखकर दबा दिया। पूरे चौबीस घण्टे उसे मिट्टी में दबाये रखा, और जब बाहर निकाला तो दैविक चमत्कार के रूप में पूरीतरह स्वस्थ थी।

भारतीय आदिवासी कबीले शरीर में भयानक चोट लगने, वन्य जीव से मुटभेड़ में लहुलुहान होने पर घायल को गड्ढा खोदकर उसमें घायल को निर्वस्त्र खड़ा करते हैं। घायल का सिर छोड़कर शेष बदन को मिट्टी में दबा देते है। एक दिन में घाव भरना शुरू हो जाता है। इसके ठीक विपरीत आधुनिक आयुर्विज्ञान महिनों में भी घायल को ठीक नहीं कर पाते हैं। घावों पर टांके लगाना और गहरे जख्म भरना अस्पताल में दुस्साध्य होता है। वर्तमान चिकित्सा विज्ञान आश्चर्य में है कि मिट्टी के गड्ढे में बहुत घायल कैसे स्वस्थ हुआ ?

गीली मिट्टी का प्रयोग कारवकल, अग्नि दग्ध वृण, श्वेत कुष्ठ, गलित कुष्ठ, विद्रधि, फोड़े–फुन्सी, खाज–खुजली आदि चर्म रोग को ठीक करता है। ये रोग शरीर (की मिट्टी) सड़ने से ही पैदा होते हैं। उस सड़ी मिट्टी से शरीर के रक्त के अन्दर विषाक्त तत्त्व संचित हो जाते हैं। फलस्वरूप शरीर में अनेक प्रकार के चर्म रोग हो जाते हैं। मिट्टी के लेप में भीतर भाग में संचित दोषों को खींचकर बाहर निकालने की अद्‌भुत ओषधिय शक्ति है। मिट्टी में जिस प्रकार दुर्गन्धनाशक, कृमिनाशक एवं विषनाशक गुण रहते हैं, उसीप्रकार अनेक प्रकार की व्याधियों को उत्पन्न करनेवाले विजातीय द्रव्यों के संचय से पैदा हुई गर्मी को खींच लेने का ग्राही गुण भी रहता है।

मिट्टी की गादी के लिए जमीन चार पांच फीट गहरा खोदते हैं। उसमें से मिट्टी निकालते हैं। उसे छानकर साफ करते हैं (कंकड़ आदि बाहर निकालते हैं।)। मिट्टी में थोड़ा जल मिलाकर गादी (रोटी) बनाई जाती है। यह मिट्टी की गादी सिर, हाथ, पैर, गला, पेट, पेडू आदि (दर्दग्रस्त भाग) पर रखते हैं। उसके ऊपर एक सन अथवा सूती झीना छनछना कपड़ा रखा जाता है। ताकि मिट्टी की गादी वेदना पर रखी रहे। यह अच्छा रहे कि मिट्टी की पट्टी या गादी को रात में रखा जाये। यह गादी न्यूनतम दो घण्टे रखी जाती है। यदि वेदना–दर्द तीव्र हो तो मिट्टी की गादी बार–बार बदलनी चाहिए। दर्द धीमा पड़ने पर गादी का प्रयोग कम करते जाना चाहिये। वैसे मिट्टी की गादी की ही तरह मिट्टी की पतली परतवाली पुलटिस होती है। मिट्टी को गीलाकर सूती (झीना, छनछना) में लगाते हैं। यह मिट्टी की पुलटिस गहरे घावों को आसानी से अच्छा करने का दिव्य गुण धर्म रखती है। यह संदेह नहीं करना चाहिए कि मिट्टी विषाक्त हो सकती है और उससे हानि होगी। यह ध्रुव सत्य है कि जमीन से खोदकर निकाली मिट्टी विशुद्ध होती है। घाव से मिट्टी की पुलटिस हटाते ही जहरीली मवाद अपने आप खींचकर बाहर निकलती है। मिट्टी घाव के चारों तरफ के दूषित पदार्थ से मुक्त रखती है। कुछ गोबर मिली मिट्टी के दुष्प्रभाव का संदेह रखते हैं। यह स्मरण रहे कि प्राचीन काल से आज तक लोक में घाव पर सीधे गोबर रखने का चलन है। गोबर से घाव बिना विषाक्त हुए ठीक होते रहे हैं। अतः मिट्टी की

पुलटिस एवं गादी की रचनावाली मिट्टी में कोई गोबर हो तो चिन्ता नहीं करें।

वैदिक काल से वर्तमान काल में वन्यजीव एवं पशु आदि घायल होने पर मिट्टी  में ही लोटते हैं। उनके गहरे घावों पर मिट्टी की मलहम लगती है। यह पशुबुद्धि आन्तरिक चेतना से प्रेरित होकर पृथिवी माता की मिट्टी की शरण में जाते हैं और मिट्टी में घुलाने, चूसने की शक्ति उनके घावों को भरती है। मिट्टी विजातीय द्रव्य को घुलाकर चूस (सोख) लेती है।

मेरुदण्ड–रीढ़ की हड्डी के रोग में मिट्टी की छोटी गादियाँ बनाकर प्रभावित क्षेत्र पर रखी जाती हैं। अर्थात समूचे मेरुदण्ड पर छोटी छोटी मिट्टी की रोटी रखकर सूती वस्त्र को गीलाकर ढंक दें। ये गादी मेरुदण्ड पर दो घण्टे रखी रहे। इसमें न्यूनतम एक माह में प्रभाव दिखाई देना शुरू होता है। अतः धैर्य के साथ मिट्टी में पानी मिलाकर छोटी चपातीनुमा गादी रचना करें और प्रतिदिन नई मिट्टी काम में लेने का विधान है। सर्दियों में सूती वस्त्र के स्थान पर ऊनी वस्त्र अधिक लाभप्रद रहता है। मिट्टी की गादी रचना में चिकनी मिट्टी को सर्वोत्तम स्वीकारा गया है।

विभिन्न ज्वरों में पेडू पर मिट्टी की पुलटिस अथवा गादी अधिक उपयोगी है। मिट्टी का प्रयोग मोतीझरा, मियादीज्वर, लालबुखार, कफज्वर आदि में लाभ पहुँचाता है। मिट्टी शरीर के अन्दर गरमी को खींचती है। रोगी के सीने में पीड़ा हो तो मिट्टी की पट्टी सीने पर ही रखना सर्वोत्तम है।

भैषज्यविद मानते हैं कि समूचे शरीर को सूर्यकिरण स्नान से पूर्व सर्वांग पर मिट्टी अथवा मुलतानी मिट्टी पोतना गुणकारी रहता है। बीसवीं शती के अन्त तक सर्वांग पर मुलतानी मिट्टी लगाकर सूर्यस्नान करने का चलन आम रहा। सौन्दर्य विशेषज्ञ मुलतानी मिट्टी का मुखौटा चेहरे को निखारने में प्रयोग करते हैं। संत सन्यासी मिट्टी लपेटकर (पोतकर) घण्टों–घण्टों सूर्य साधना करते हैं। सन्यासी केवल मात्र गोबर के कण्डे जलाकर भस्म निर्माण करते हैं। भस्म भी सभी प्रकार के घावों को भरनेवाली मानी जाती है।

''वेद के पृथिवी सूक्त का अदृश्य (छिपा हुआ) निर्देश है कि पृथिवी की दिव्य शक्तियों (ओषधीय शक्ति) को नमन के लिए (प्राप्त करने) नंगे पैर चलें। मिट्टी युक्त स्वच्छ जमीन (बालू, रेत भी) पर प्रातः और सांझ चलने से पृथिवी की जीवनी ऊर्जा प्राप्त होती है। पृथिवी माता की दिव्य शक्ति प्रबल कीटाणुनाशक और विश्व की सर्वोषधि है।''

मिट्टी का बिस्तर पलंग–शैय्या पर आठ से बारह इंच तक काली मिट्टी–समुद्री बालू–रेत बिछाकर बनाते हैं। मिट्टी के बिस्तर नहीं होने पर सीधे मिट्टी पर सो सकते हैं।'' मिट्टी की शैय्या पर सीधे लेटकर सोने से शरीर का गुरूत्वाकर्षण लगभग शून्य हो जाता है। इससे शरीर में नवऊर्जा–नवशक्ति का संचार निश्चित रूप से होता है। इस पद्धति से स्नायुविक दुर्बलता, मनोवसाद, तनाव, अहंकार, त्वरा आदि दूर हो जाते हैं।'' मिट्टी शैय्या पर शयन प्रारम्भ में असहज लग सकता है।'' केशवृद्धि के लिए दही के साथ मुलतानी मिट्टी से बाल धोना आम है। ''दन्तशूल'' में मिट्टी की पट्टी उसके समीपी गाल पर रखें। गाल पर दो तीन बार प्रयोग से दन्तशूल हमेशा के लिए भाग जाता है।

''खसरा एवं खुजली'' में मुलतानी मिट्टी में घोड़े का खुर, हीरादखन, सूखे आंवले का चूर्ण, काली मिर्च को मिलाकर खरल में पीस लें। इसको सात दिन गोमूत्र में रखकर खरल में पुट दें (भाव)। इसका लेप बहुत चमत्कारी रहता है।

''अतिसार'' मे सफेद चाक मिट्टी, शक्कर, इलायची, लौंग, केशर, जायफल और तज लेकर चूर्ण बना लें। इस चूर्ण को दिन में तीन समय तीन से पांच रत्ती लें। उससे अतिसार बन्द होता है।

''गर्भपात रोकने के लिए'' कुम्हार के चाक की मिट्टी, सोना गेरू, चन्दन एवं माजूफल का चूर्ण जल से लेने का विधान रहा।

''प्रदर और प्रमेह'' के उपचार में चार सौ–पांच सौ वर्ष की पुरानी ईंट लेकर कोयले में जलाकर गोमूत्र डालकर बुझाना चाहिए। सौ बार यह क्रम करने से उसका चूरा हो जाता है। इसका कपड़ छन करें। यह चूर्ण तीन से छह रत्ती पाषाणभेद एवं शक्कर में मिलाकर लें और उस पर आधा सेर दूध का सेवन करना चाहिये। इसमें खटाई, हींग, मिर्च और गरम वस्तुओं से परहेज करें।

"अंडवृद्धि या वायु निवारण" में खडिया मिट्टी, गधे की लीद को पीसकर अरण्डी के पत्तों के रस में खदबदा कर लें और सुहाता गर्म लेप अंडकोष पर कर लंगोट धारण करना चाहिये।

"सिर की मिट्टी पट्टी" रचना में 20 सेंटीमीटर से 25 सें.मी. लम्बी और 10 से 15 से.मी. चौड़ी पट्टी पर एक सवा सें.मी. गीली मिट्टी की परत लगायें। पट्टी सूती वस्त्र की हो। "आँख की मिट्टी पट्टी" 25 सें.मी. लम्बी, 10 सें.मी. चौडी और सवा सें.मी. मोटी हो। इसे आँखों पर रखे।

"रीढ़ की हड्डी मिट्टी पट्टी" में सूती वस्त्र की 45 से 50 सें.मी. लम्बी एवं 8 सें.मी. चौड़ी पट्टी लें। उस पर डेढ सें.मी. से दो सें.मी. मोटी गीली मिट्टी जमानी चाहिये। मेरुदण्ड व्याधिग्रस्त को मुँह के बल लिटाकर रीढ़ की हड्डी की मिट्टी पट्टी रखें। यह पट्टी ग्रीवा–कशेरूका से कटिकशेरूका तक अवश्य फैले। यानी पट्टी गरदन से समूचे मेरुदण्ड पर रहे।

"पेट की मिट्टी की पट्टी" तीस सें.मी. लम्बी, 20 से 15 सें.मी. चौड़ी और सवा सें.मी. मोटी बनाकर मध्य उदर से नाभि से नीचे तक रखनी चाहिये। "रीढ़ की हड्डी, सिर और पेट तीनों पर एक साथ मिट्टी की पट्टी" रखने से शिरःशूल, उच्च रक्तचाप, तीव्रज्वर, मूर्च्छा, मस्तिष्क ज्वर, स्नायु दौर्बल्य, मूत्र रोग आदि में लाभ मिलता है।

"गरम मिट्टी की पट्टी" गले की सूजन, गले के शूल, स्वरयन्त्र की सूजन आदि में कारगर है।

"पेट के रोग, आमाशय, यकृत, प्लीहा, जननांग, गुदाद्वार, अग्न्याशय" आदि रोगों में मिट्टी की पट्टी से लाभ मिलता है।

"मिट्टी की गादी–पट्टी निर्माण की प्रक्रिया :" मिट्टी को छानकर दो दिन सूर्यप्रकाश में सुखानी चाहिये। उसे खरल में पीसकर न्यूनतम बारह घंटे पानी में भिगो दें। बारह घंटे के बाद कुम्हार की तरह भीगी हुई मिट्टी को लगातार गूँदना चाहिए। इस प्रक्रिया में यह मिट्टी मक्खन की तरह मुलायम होनी चाहिये। मिट्टी में चिकनी मिट्टी, काली मिट्टी, पीली मिट्टी, भुरभरी मिट्टी, बालू, रेत आदि प्रयोग में लेना आवश्यक है। "सर्वांग मिट्टी लेप" के बाद सूर्यस्नान से रक्तसंचार तीव्र होता है। गीली मिट्टी सूखने पर त्वचा में खिंचाव पैदा करती है। यह त्वचा का व्यायाम नवशक्ति नव ऊर्जा प्रदान करता है।

जेठ, बैशाख की भयंकर 'लू' से बचने के लिए सिर पर गीली मिट्टी की पट्टी महारक्षक है। महात्मा गांधी भयानक आग उगलनेवाली गर्मी में इसका प्रयोग करते थे।

''हैजा होने पर'' एक तोला काली मिट्टी को पानी में उबालकर अतर बना लिया जाता है और एक तोला पानी में घोलकर दो–दो घण्टे के अन्तर से पिलाने से हैजे के दस्त, उल्टी तत्काल बद हो जाते हैं (जंगलनी जड़ी–बूटी)।

सुप्रसिद्ध विद्वान बेनी डिक्ट लिस्ट ने ''जीवनसखा'' में मिट्टी के उपचार पर लेख लिखा। उनके अनुसार ''घाव और हर प्रकार के चर्म रोग में गीली मिट्टी वास्तविक प्राकृतिक मलहम है।'' मिट्टी के बने शरीर की पूर्ति मिट्टी से ही हो सकती है।

''गले के रोग–कंठशूल'' में गले के चारों तरफ गीली मिट्टी की पट्टी बांधना हितकर रहता है। ''मूत्र रोग एवं तिल्ली'' की बीमारी में पेट पर गीली मिट्टी की पट्टी चढ़ाते हैं। ''बिच्छू दंश'' में भी मिट्टी की पट्टी कारगर रहती है। यह सावधानी बरतें कि मिट्टी गरम या सूखी नहीं हो।

''पागल कुत्ते के काटने'' पर भी मिट्टी की पट्टी चढ़ाते हैं। अग्निगर्भा पृथिवी की मिट्टी विषाक्तता को खींचकर बाहर निकालती है।

''कीचड़ की गीली मिट्टी (कीचड़)'' रूधिर विकार, रक्त पित्त, दाह, सूजन आदि खींच कर निकाल फैंकती है। कीचड़ शीतल, रूखा, विषनाशक, दर्द (वेदना) नाशक, दाह को शान्त करनेवाला, वृणशोधक एवं वृणरोपक है।

''सिक्ता–बालू रेत'' मधुर, शीतल, तापनाशक और अग्नि से जले हुए घाव, वृण, उरक्षत, श्रम एवं कुष्ठ का नाश करती है। इसका सेक वातनाशक है। ''काली मिट्टी'' घाव, दाह, रक्त विकार, प्रदर, कफ, पित्त, दात एवं मूत्र क्रच्छ को दूर करती है। इसके लेप से सूजन कम होती है।

''कुष्ठ एवं उँगुलियां–सड़ना (एक्जिमा)'' से ग्रस्त को मिट्टी को गीलाकर लेप करना चाहिए। सूखने पर नई मिट्टी का घोल प्रयोग में ले। उंगलियाँ सड़ना बन्द हो जाता है। ''श्वेत कुष्ठ'' छह माह में भाग जाता है।

''परिणामशूल, सूर्यावर्त, वातगुल्म, गर्भाशय अवरोध'' आदि में गीली मिट्टी की पट्टी एवं गाद के निरन्तर प्रयोग लाभकर सिद्ध होते हैं। डॉ. बसन्तबल्लभ भट्ट के अनुसार देवभूमि कुमाऊँ–पोढ़ी गढ़वाल में गांवों में पेट दर्द, अजीर्ण आदि में ''चूल्हे की मामूली गर्म राख'' नाभि के चारों ओर मलते हैं। इस राख मर्दन से आँतों में जमा मल, अपानवायु आदि निःसारण हो जाता है। उत्तराखण्ड में कुशलक्षेम के साथ ''धिनालि कतुक् छ'' पूछने की परम्परा रही (दूध देनेवाली गाय कितनी हैं।)। देवभूमि में मालतीवसन्त, अभ्रक, रससिन्दूर, वंशलोचन, अतीस, कटकी, गन्धायण, शिलाजीत, मौ (शहद), सिंसुण, दालचीनी, तिमूर, अडूसा–वासा, गाय का घी, हल्दी, अजवायन, गुड़ और मिट्टी को रोगोपचार में प्रयोग का चलन रहा है।

पंचभूत चिकित्सा में मिट्टी पृथिवी तत्त्व की नाभकीय भूमिका है। महर्षि चरक की संहिता में लिखा हैः ''सर्वं द्रव्यं पंचभौतिकम्''। ''महाभूतानि एवं वायुरग्निरापः क्षितिस्तथा।'' चरक संहिता में ''घ्राण'' ''पार्थिव'', ''रसना'' जलीय, ''त्वक'' वायव्य एवं ''श्रोत्र'' आकाशीय ग्राहक शब्द हैं। चरक संहिता के अनुसार ''पृथ्वी तमः प्रधान, आकाश एवं तेज सत्त्व प्रधान और जल एवं वायु रजः प्रधान हैं। पृथिवी के योग से कफ, वायु के योग से वायु और तेज के योग से पित्त सिद्धि सम्भव है।

विकारः प्रकृतिश्चैव द्वयं सर्वं समासतः।
तद्धेतुवशगं हेतोरभावान्नानुवर्तते।।च.स.नि.8.41।।

''मिट्टी का इत्र'' सूंघना हृद्य रोग में लाभप्रद रहता है। यदि मिट्टी का इत्र उपलब्ध नहीं हो तो मिट्टी के ढेलों पर जल छिड़कर सूंघ सकते हैं। मिट्टी की महक शरीर में लाभप्रद समझी गई है। हृद्य रोगी को मिट्टी पर सैर करनी चाहिए। लेकिन नंगे पैर ही चलें। यदि मिट्टीवाली जमीन नहीं हो तो हरी घास पर नंगे पैर चलें। मिट्टी पर नंगे पैर चलने से हृद्य रोग के अलावा रक्त की कमी, रक्तचाप, मधुमेह आदि में भी लाभ होता है। ''उद्यानों में सीमेन्ट अथवा ईंट की पगडण्डी पर चलना लाभप्रद नहीं है। इन पगडण्डियों पर अग्निगर्भा पृथिवी माता से सम्पर्क नहीं होता है। इस स्थिति में पंच महाभूतों में प्रमुख तत्त्व पृथिवी की दिव्योषधिशक्ति का रसपान नहीं कर पाते हैं।''

''नक्सीर–नाक से रक्त आने पर'' मिट्टीके ढेले पर जल छिड़क कर सुंघाने से तत्काल लाभ मिलता है।

''पंच महाभूतों में भस्म'' का अहम् स्थान है। लोक में जख्म होने पर असली रेशम का वस्त्र जलाकर भस्म भरने का प्रचलन रहा है। भस्म से शरीर पर तेज गर्मी और शून्य से नीचे के तापमान का कोई असर नहीं होता। इस रहस्य के कारण साधु, सन्यासी, संत शरीर पर भस्म मलते हैं। यह पूर्व में स्पष्ट कर चुके हैं कि गाय के गोबर के कण्डे ऊपलों को मन्त्रपाठ के बीच जलाते हैं। उनके जलने के बाद बची राख को कपड़े से छानते हैं। यह भस्म भी महाओषध है।

''नग्न भूमि पर सूर्य प्रणाम'' आरोग्य वृद्धिकारक है। सूर्य की उपासना में जल अर्पण मिट्टीवाली भूमि पर नंगे पैर करना चाहिये। उससे एक पंथ तीन काज सधते हैं–मिट्टी वाली भूमि, जल और सूर्य तीनों की आरोग्य वर्धक शक्ति ऊर्जा मिलती है। यदि संयोगवश सूर्य का आवश्यकता से अधिक तेज शरीर में आ भी जाये तो वह पृथिवी में समा जाता है। इसकी पहली अनिवार्यता नंगे पांव होना और दूसरी अनिवार्यता मिट्टीवाली जमीन हो। सीमेन्ट की फर्श इस प्रक्रिया में बाधक है। सीमेन्ट से माता पृथिवी से सीधा सम्पर्क नहीं होता है।

वैदिक काल से बीसवीं शती तक भारत में उपासक नदी–सरोवर–तालाब आदि के जल में (नाभि तक) खड़े होकर नंगे बदन, नंगे पांव सूर्योपासना उषाकाल में करते रहे। उससे साधक को सूर्य की अवरक्त किरणों में अनन्त प्रचण्ड ऊर्जा शक्ति प्राप्त होती है। उपासक अवरक्त किरणों का मधुर रसपान करता है। उसका सर्वांग सूर्यस्नान पर ऊर्जा शक्ति ग्रहण करता। कटि तक जल स्वयं में ही महाओषधि है। नीचे गीली मिट्टी की रसविद्या है। शेष वायु एवं आकाश तत्त्व सहज प्राप्त होता है। इसप्रकार शरीर के पंच महाभूतों का सन्तुलन समन्वय स्वतः बना रहता रहा। उसमें व्याधियों–रोगों के लिए कोई स्थान नहीं रहता है। आधुनिक विकास के दैत्याकार चक्र में इसे दकियानूसी–रूढ़िवादी–पौगापंथी–प्रपंच कहकर नेपथ्य में धकेला गया। परमेष्ठी ! आप उन्हें क्षमा करें, अज्ञान अविद्या के वशीभूत होकर ही ये सुनियोजित महाषड्यन्त्र चला होगा।

''पृथिवी प्रणाम'' की लाखों वर्ष पुरानी परम्परा रही है। भूमि पर पाँव रखने स्पर्श से पहले श्लोक से नमन (स्तुति) करते रहे। श्लोक में समुद्र जल से उत्पन्न पृथ्वी धरती माता को सर्वत्र व्याप्त ईश्वर की पत्नी के रूप में सम्बोधित किया गया है और पादस्पर्श के लिये उनसे क्षमा प्रार्थना की गई है।

## भूमि पृथिवी प्रणाम मन्त्र

समुद्रवसने देवि पर्वतस्तनमण्डिते।
विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे।।

## पौराणिक मन्त्रः

ऊँ पृथिवी त्वया धृतालोका देवि त्वं विष्णुना धृता।
त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरूचासनम्।।
(कहीं पृथ्वी शब्द है।)

## वैदिक मन्त्र

स्योना पृथिविनो भवानृक्षरा निषेशनी
यच्छा नः शर्म सप्रथाः।।

सारसंक्षेप में ऋग्वेद से अथर्ववेद तक आकाश के पितृत्व और पृथिवी के माता के रूप की पुष्टि मिलती है। वेद में मातृरूपा पृथिवी की भौतिक, आधिभौतिक, आधिदैविक और अध्यात्मिक शक्ति का विवेचन मिलता है। अग्निगर्भा पृथिवी के पार्थिव तत्त्व की गहन जानकारी वेद में उपलब्ध है। वेद–सृष्टिविज्ञान में पृथिवी तत्त्व को सर्वोषधि घोषित किया है। वेदकाल से ऋषियुग एवं ऋषियुग से चतुर्युगों में अन्तिम कलयुग तक ''माता भूमिः पुत्रों अहं पृथिव्याः। सा नो भूमिर्विसजतां मात्रा पुत्राय में पथः।'' की भावना के अनुरूप मिट्टी से चिकित्सा की समृद्ध परम्परा चल रही है। भरोपीय काल में पृथिवी की पूजा वेदों के सर्वशक्तिमान वरुण देवता आदि की भांति विशेष महत्व रखती रही। गुप्तब्रह्मविद्यासभा के पंख 15,500 वर्ष पूर्व मिस्त्र में छाये। इस प्रकार माता पृथिवी के पार्थिव तत्त्व मिट्टी से कालापेक्षी और अल्पकालिक रोगों का उपचार समूचे एशिया, अफ्रीका, एशिया, यूरोप और गवल (वर्तमान अमेरिकी महाद्वीप तक फैला)। पृथिवी को लेटिन में हूमॅस, अवेस्तन (प्राचीनतम पारस की भाषा) में ज़्मा, फारसी में ज़मीं (यह प्रकारान्तर में ज़मीन्

कहलाया।)। प्राचीन स्लेव भाषा में जेम्ल्ज़ा, लिथुअनियन भाषा में ज़ेमे आदि कहा गया। माता पृथ्वी की मिट्टीसे चिकित्सा का नाम अंग्रेजी में प्राकृतिक चिकित्सा की श्रेणी (नेचरोपैथी) में आया। मिट्टी से उपचार की प्राकृतिक चिकित्सा के ही अंग जलोपचार एवं सूर्योपचार हैं।।ऊँ।।



# सन्दर्भ ग्रन्थ


1. ऋग्वेदः चार भाग : श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, गुजरात, सन 1993 संस्करण
2. अथर्ववेद का सुबोध भाष्य, पाँच भाग : श्रीश्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1990 से 2008
3. यजुर्वेदीय काण्व संहिता : श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1999
4. मरूद्देवता : श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
5. श्रीरुद्र देवता : श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
6. वायु देवता : श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
7. उषा देवता : श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
8. दैवत्त संहिता : श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
9. दैवत्त संहिता : श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर,वनस्पति प्रकरण स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958

10. रुद्र देवता : श्री आचार्य भगवद्दत्त
11. सविता देवता : आचार्य भगवद्दत्त, सरस्वती सदन, नई दिल्ली 110029, सन 1980
12. बृहस्पति देवता : आचार्य भगवद्दत्त, सरस्वती सदन, नई दिल्ली 110029, सन 1980
13. ऋग्वेद का भाष्य : आचार्य टी.वी. कपाली शास्त्री, पुदुच्चेरी, सन 1946
14. ऋग्वेद : श्री गंगासहाय, संस्कृत साहित्य प्रकाशन, दिल्ली, सन 2006
15. अथर्ववेद : श्री गंगासहाय, संस्कृत साहित्य प्रकाशन, दिल्ली, सन 2006
16. ऋक् वैजयन्ती : प्रो. एच.डी. वेलनकर, वैदिक संशोधन मण्डल, पुणे, सन 1965
17. चारों वेद : श्री दयानन्द सरस्वती, दयानन्द संस्थान, दिल्ली
18. शुक्ल यजुर्वेद संहिता : डॉ. रामकृष्ण शास्त्री, चौखम्बा विद्या भवन, सन 1992
19. ऋग्वेद सायण भाष्य : वैदिक संशोधन मण्डल, पूणे, सन 1941
20. अश्विनौ देवता : श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1958
21. अथर्ववेदीय मण्डूकी शिक्षा : आचार्य भगवद्दत्त, मेहरचन्द लक्ष्मणदास, दिल्ली, सन 1985
22. ऋक् तन्त्रम् : डॉ. सूर्यकान्त, मेहरदास लक्ष्मणदास, दिल्ली, सन 1970
23. वैदिक देवशास्त्र : डॉ. सूर्यकान्त, मेहरदास लक्ष्मणदास, दिल्ली, सन 2006

| | | |
|---|---|---|
| 24. वैदिक मरुत | : | डॉ. उर्मिला रूस्तगी, नाग प्रकाशन, दिल्ली, सन 2000 |
| 25. शतपथ ब्राह्मण | : | श्री रा.ना. दीक्षित, चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, सन 1996 |
| 26. ताण्ड्य महाब्राह्मण | : | राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, सन 1986 से 2003 |
| 27. ऐतरेय ब्राह्मण | : | राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, सन 1986 से 2006 |
| 28. वाजसनेयि संहिता | : | वेबर संस्करण, लंदन, सन 1849 |
| 29. छान्दोग्य उपनिषद् | : | श्री लक्ष्मण शास्त्री संस्करण, मुम्बई, सन 1927 |
| 30. बृहदारण्यक उपनिषद् | : | श्री लक्ष्मण शास्त्री संस्करण, मुम्बई, सन 1927 |
| 31. अथर्वशिरस् उपनिषद् | : | श्री लक्ष्मण शास्त्री संस्करण, मुम्बई, सन 1927 |
| 32. श्वेताश्वतर उपनिषद् | : | श्री लक्ष्मण शास्त्री संस्करण, मुम्बई, सन 1927 |
| 33. निरूक्त–यास्क | : | श्री लक्ष्मणस्वरूप संस्करण, लंदन, सन 1927 |
| 34. वैदिक संहिताओं में नारी | : | डॉ. मालती शर्मा, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, सन 1990 |
| 35. निरूक्त | : | आचार्य भवगद्दत्त, अमृतसर, सन (सम्वत 2021) |
| 36. ऋग्वेद व्याख्या | : | श्रीमाधवकृत, सम्पादन श्री कुन्जन राज, अडयार, सन 1939 |
| 37. ऋग्वेद और पश्चिमी एशिया | : | डॉ. रामविलास शर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय, सन 1994 |
| 38. आर्यो का आदिदेश | : | डॉ. सम्पूर्णानन्द, सन 1944 |

| | | |
|---|---|---|
| 39. वेद परिचय | : | डॉ. कृष्ण लाल, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, सन 1993 |
| 40. अप्रकाशित उपनिषद् | : | श्री कुन्नन राज, अडयार, दो खण्ड सन 1938 |
| 41. वेदविद्या | : | डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल, वाराणसी |
| 42. सृष्टि विज्ञान | : | आचार्य गुरुदत्त, हिन्दी साहित्य सदन, दिल्ली, सन 2012 |
| 43. वेदमन्त्रों के देवता | : | आचार्य गुरुदत्त, हिन्दी साहित्य सदन, दिल्ली, सन 2015 |
| 44. महर्षि कुल वैभव | : | श्री मधुसूदन ओझा, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर, सन 1961 |
| 45. वैदिक विज्ञान एवं भारतीय संस्कृति | : | श्री गिरधर शर्मा चतुर्वेदी, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, सन 2001 |
| 46. वैदिक गॉड्स एण्ड बायोलोजिकल फिगर | : | श्री बी.जी. रेले, सन 1926 |
| 47. वैदिक देवों का अध्यात्मिक एव वैज्ञानिक स्वरूप | : | डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, विश्वभारती अनुसंधान परिषद, भदौही, सन 2007 |
| 48. भारतीय प्रतीक विद्या | : | डॉ. जनार्दन मिश्र, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, सन 1959 |
| 49. हिन्दू धार्मिक कथाओं के भौतिक अर्थ | : | श्री त्रिवेणी नारायण सिंह, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, सन 1970 |
| 50. कौशिकगृह्यसूत्रम् | : | श्री उदयनारायण सिंह, शास्त्र प्रकाश, भवन, मुजफ्फरनगर, बिहार, सन 1912 |

| | | |
|---|---|---|
| 51. श्रीमद्वाल्मीकीय रामायण | : | स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1946 |
| 52. टी.वी. कपाली शास्त्री समग्र (दस खण्ड) | : | दीप्ति प्रकाशन, अरविन्द आश्रम, पुदुच्चेरी, सन 1946–1980 |
| 53. तृच भास्कर | : | श्री भास्कर राय प्रणीत, ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बडौदा,सन 1982 |
| 54. शैव मत | : | डॉ. युदवंश, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, सन 1955 |
| 55. हिन्दू देव परिवार का विकास | : | डॉ. सम्पूर्णानन्द, मित्र प्रकाशन, इलाहाबाद, सन 1964 |
| 56. वैदिककोश | : | डॉ. सूर्यकान्त, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, बनारस, सन 1963 |
| 57. वैदिक देवता उद्भव एवं विकास | : | श्री गयाचरण त्रिपाठी, भारतीय विद्या प्रकाशन, दिल्ली, सन 1981 |
| 58. रहस्यमय सिद्धभूमि तथा सूर्यविज्ञान | : | श्री गोपीनाथ कविराज, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, सन 1994 |
| 59. ज्ञानगंज | : | श्रीगोपीनाथ कविराज, अनुराग प्रकाशन, काशी, सन 2011 |
| 60. आत्मोपनिषद् | : | डॉ. एम.एल. गुप्ता, भरतपुर, सन 2002 |
| 61. वेदविज्ञान मंजूषा | : | डॉ. एम.एल. गुप्ता, भरतपुर, सन 1988 |
| 62. दा लाईट ऑफ वेद | : | श्री टी.वी. कपाली शास्त्री, श्री अरविन्द कपाली शास्त्री वेद शोध संस्थान, बेंगलुरू, सन 2009 |
| 63. वेद और वैदिक काल | : | आचार्य गुरुदत्त, हिन्दी साहित्य सदन, दिल्ली, सन 2006 |

64. वेद व विज्ञान : स्वामी प्रत्यगात्मानन्द सरस्वती, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, सन 2012

65. पतंजलि योग सूत्र (चार भाग) : फ्यूजन बुक्स, दिल्ली, सन 2010–2012

66. योग वासिष्ठ (दो भाग) : श्री ठाकुर प्रसाद द्विवेदी, चौखम्बा प्रकाशन, दिल्ली, सन 2010

67. चरक संहिता : श्री जयदेव विद्यालंकार, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, सन 1975

68. श्रौतसंहिता : वैदिक संशोधन मण्डल, पुणे, सन 1958 से 2005

69. ब्रह्माण्ड पुराण : एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता, सन 1997

70. वायुपुराण : हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहबाद, सन 2005

71. ब्रह्मवैवर्त्तपुराण : हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहबाद, सन 2001–2002

72. गरूड पुराण (धन्वन्तरी संहिता सहित) : श्री मन्मथ दत्तशास्त्री, कोलकाता, सन 1908

73. भुशुण्डि रामायण (तीन खण्ड) : श्री भगवतीशरण सिंह, विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी, सन 1975 से 1980

74. भारतीय औषधियाँ : डॉ. संकटा प्रसाद, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ, सन 1983

75. आरोग्य अंक : गीता प्रेस, गोरखपुर, सन 2011

76. शब्द कल्पद्रुम : राजा राधाकान्त देव, चौखम्बा अमरभारती प्रकाशन, वाराणसी, सन 1967

77. अद्भुत सागर : राजा वल्लाल सेन देव, प्रभाकर प्रकाशन, वाराणसी, सन 1905

78. अथर्व संहिता विधान : आचार्य केशवदेव शास्त्री, लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विद्यापीठ, दिल्ली, सन 1988

79. अथर्ववेदीय तन्त्रविज्ञान : श्री देवदत्त शास्त्री, शुभम् प्रकाशन, इलाहबाद, सन 2013

80. वनौषधि चन्द्रोदय (दस खण्ड) : श्री चन्द्रराज भण्डारी विशारद, आयुर्वेद ग्रन्थमाला, इन्दौर,सन 1938

81. मानसिक शक्ति : स्वामी शिवानन्द, गढ़वाल, सन 1991

82. योगीराज विशुद्धानन्द प्रसंग : श्री गोपीनाथ कविराज, विश्वविद्यालय, प्रकाशन,वाराणसी, सन 2000

83. योगीराज श्यामाचरण लाहिडी : श्री अशोक चट्टोपाध्याय, योगीराज प्रकाशन, कोलकाता, सन 2016

84. लघु योग वासिष्ठ : मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, सन 1985

85. त्रिपुरा रहस्य (चर्याखण्ड) : व्याख्याकार आचार्य रविशंकर द्विवेदी शास्त्री, झोंतेश्वर, नरसिंहपुर, सन 2018

86. अंग्रेजी हिन्दी कोश : हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहबाद, सन 1998

87. निरूक्त : श्री मुकन्द झा बख्शी, निर्णय सागर प्रेस, मुम्बई, सन 1970

88. ऐतरेय ब्राह्मण : श्रीतिरूवांकुर विश्वविद्यालय, केरल, सन 1942

89. ऋग्वेद देवतानुक्रमणिका : श्री श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, स्वाध्याय मण्डल, पारडी, सन 1940

| | | |
|---|---|---|
| 90. मंत्रों से आनन्द प्राप्ति | : | श्री आर.एल. कश्यप, साक्षी, बेंगलुरू, सन 2004 |
| 91. मनुष्य निरोग (भाग 1 से 6) | : | स्वामी योगानन्द सरस्वती, रामजीलाल शर्मा प्रकाशन, अलवर, सन 2001 |
| 92. जप सूत्रम् (छह खण्ड) | : | स्वामी प्रत्यगात्मानन्द सरस्वती, भारतीय विद्या प्रकाशन, दिल्ली, सन 1992 से 2013 |
| 93. शिवगीता | : | पण्डित ज्वालाप्रसाद मिश्र, खेमराज श्रीकृष्णदास, मुम्बई, सन 2001 |
| 94. फ्री मैशेनरी एण्ड दा एन्शियेन्ट गॉडस | : | श्री ज.ए. काकबर्न, अडयार, सन 1921 |
| 95. हिडन लाइफ आफ फ्री मैशेनरी | : | फादर चार्ल्स सी. लीडबीटर, अडयार, सन 1926 |
| 96. एस्टोरिक राईटिंग्स | : | महापण्डित टी. सुब्बा राव, अडयार, सन 1980 |
| 97. सीक्रेट डॉक्ट्राइन | : | सुश्री एच.पी. ब्लोवत्स्की, अडयार, सन 1910 |
| 98. श्री हनुमद्चरित | : | श्री ए. चिदम्बर शास्त्री, तिरूपति, सन 1998 |
| 99. वेदविद्या निदर्शन | : | आचार्य भगवद्दत्त, प्रणव प्रकाशन, सन 1995 |
| 100. उपनिषद् समग्र | : | श्री सी. कुन्जन राज, अदयार, सन 1935 |
| 101. जीओलोजी इन दा एन्शियेन्ट वैदिक लिटरेचर | : | डॉ. वाई.एस., सहस्रबुद्धे, बोरी, पुणे, सन 2006 |
| 102. साइंस ऑफ रिचवल्स | : | श्री फ्लट स्वाल, बोरी, पुणे, सन 1992 |
| 103. भौतिकी का शतपथ फिजिक्स ऑफ लाओ | : | अनुवाद धर्मराज वाघेला, न्यूऐज प्रकाशन, दिल्ली, सन 2014 |
| 104. योग विज्ञान (दो खण्ड) | : | श्री पीताम्बरा पीठ, दतिया, सन 2011 |
| 105. देव्युपनिषद् | : | आचार्य मृत्युंजय त्रिपाठी, नवशक्ति प्रकाशन, वाराणसी, सन 2012 |

| | | |
|---|---|---|
| 106. वैदिक संस्कृति | : | डॉ. गोविन्द चन्द पाण्डे, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद, सन् 2001 |
| 107. ए हिस्ट्री ऑफ प्रिबुद्धिस्ट इण्डियन | : | श्री बरूआ, बेनीमाधव (शोध प्रबन्ध) |
| 108. फिलोसफी स्कन्द पुराण | : | श्री जी.वी. टागरे, सन 1950 |
| 109. ऋग्वेद विद कामन्टरीज | : | सम्पादन श्री विश्वबन्धु, विश्वेश्रानन्द वैदिक रिसर्च सेन्टर, होश्यिारपुर सन् 1963 |
| 110. असुर वरुण | : | श्री आर.एन; दाण्डेकर, शोध पत्र, सन 1939 |
| 111. ग्रेट वायु एण्ड ग्रेटर वरुण | : | श्रीयुत मेरी बोयसी, शोधपत्र, सन 1993 |
| 112. बौद्ध धर्म | : | आचार्य नरेन्द्र देव, मोतीलाल बनारसीदास, नई दिल्ली |
| 113. ट्वेल्व हैवनली डीटिज (देवाज) | : | नारा नेशनल म्यूजियम, जापान |
| 114. कर्मठ गुरू | : | श्री मुकन्दवल्लभ, मोतीलाल बनारसीदास, नई दिल्ली, सन् 1971 |
| 115. चतुर्वर्गचिन्तामणि | : | चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, सन 1985 |
| 116. यज्ञ मीमांसा | : | श्री वेणीराम शर्मा गौड, चौखम्भा विद्याभवन,वाराणसी, सम्वत 2006 |
| 117. यज्ञ महाविज्ञान | : | पंडित वीरसेन वेदविज्ञानाचार्य, इन्दौर, सन 1986 |
| 118. गुáसूत्रम् | : | लक्ष्मी वेंकटेश प्रेस, मुम्बई, सन 1959 |
| 119. मत्स्य पुराण | : | चौखम्बा विद्या भारती, काशी, सन् 2006 |
| 120. यजुर्वेदीय रुद्राष्टाध्यायी | : | पंडित सरयू प्रसाद शास्त्री, चौखम्बा अमर भारती, वाराणसी, सन 1982 |

121. ऐतरेय ब्राãण : श्री सुधाकर मालवीय, तारा बुक एजेन्सी, काशी,सन 2007

122. शतपथ ब्राह्मण : श्री हरिहर स्वामी, लक्ष्मी वेंकटेश प्रेस, मुम्बई, सन 1940

123. विष्णुधर्मोत्तर पुराण : ओरियन्टल इन्स्टीट्यूट, बडौदा, सन 1994

124. ए सुमेरियन रीडिंग बुक : श्रीयुत सी.जे. गुो, आक्सफोर्ड, सन 1924

125. वैदिक सिद्धान्त मीमांसा : श्री युधिष्ठिर मीमांसक, रतनलाल कपूर ट्रस्ट,नई दिल्ली, सोनीपत, सम्वत 2033

126. दा हिट्टाइट्स : श्री ओ. आर. गूर्ने, पेंग्विन, सन 1961

127. एन्सियन्ट इराक : श्रीयुत जी राउक्स, पेलिकन, सन 1962

128. नीलमत पुराण : डॉ. वेदकुमारी घई, जम्मू कश्मीर कला संस्कृति भाषा अकादमी, जम्मू, सन 1972

129. सार्थवाह : डॉ. मोतीचन्द्र, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, सन 1953

130. मन्त्रपुष्पम् : रामकृष्णमठ, मुम्बई, सन 2000

131. वृहत स्तोत्र रत्नाकर : श्री शिवदत्त मिश्र, वाराणसी, सन् 2006

132. श्रीविद्याषोडसी तन्त्र : श्री चर्चिता सती देवी, मथुरा, सन् 1991

133. तन्त्र समुच्य : राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, दिल्ली, सन 2005

134. कल्पलता : संस्कृत संस्कृति संस्थान, दिल्ली, सन 2001


135. आगम रहस्य : श्री सरयू प्रसाद द्विवेदी, राजस्थान, प्राच्यविद्या संस्थान, जोधपुर, सन 1969

136. मंत्रात्मक सप्तशती : शाक्त साधना पीठ, प्रयागराज, सन 2008

137. आगम संविद : डॉ कमलेश झा, इण्डिका, वाराणसी, सन 2008
138. श्री पौष्कर संहिता : मलेकोट, सन 1934
139. श्री ज्ञानार्णवतन्त्रम् : चौखम्बा कृष्णदास अकादमी, वाराणसी, सन 2006






Ravi Varma



**PRITHIVI TATTVA400**

